श्रीमद् भगवत् कुन्दकुन्दाचार्य प्रणीत

कुन्दकुन्द-भारती

संपादक

पं. पन्नालाल साहित्याचार्य, सागर

साहित्याध्यापक

श्री गणेश दि. जैन संस्कृत विद्यालय, सागर

प्रकाशक

चा. च. श्री १०८ आचार्य शांतिसागर महाराज दि. जैन जिनवाणी

जीर्णोद्धारक संस्था प्रणीत

श्रुत भंडार व ग्रंथ प्रकाशन समिति, फलटण

कुन्दकुन्द-भारती

*

प्रकाशक

चा. च. श्री १०८ आचार्य शांतिसागर महाराज दि. जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था प्रणीत

श्री श्रुतभंडार व ग्रंथ प्रकाशन समिति, फलटण

*

द्वितीयावृत्ति

वीरनिर्वाणाब्द २५३३

विक्रमाब्द २०६३

ईसवी सन २००७

*

प्रतियाँ ६००

*

अक्षरांकन

प्रा. महावीर कंडारकर, पुणे

दूरभाष : (०२०) २५२८ ३६४६

*

मुद्रक

अजित प्रिंटर्स, फलटण

दूरभाष : ०२१६६ - २२१७२७

*

मूल्य

रुपये दो सौ (डाकव्यय रु. ५०/- अलग)

*

संपर्कके लिए पता

१. श्री. शांतिलाल तलकचंद शहा

गोळीबार मैदान,

फलटण जि. सातारा पिन ४१५५२३

दूरभाष : २१६६ - २२३००६

२.डॉ. जवाहर प्रेमचंद गांधी

१३२, शुक्रवार पेठ,

फलटण जि. सातारा पिन ४१५५२३

दूरभाष : ०२१६६ - २२०८३२

३. बाहुबली चंदूलाल दोशी (गुणवरेकर)

६०, मारवाड पेठ,

फलटण जि. सातारा पिन ४१५५२३

दूरभाष : ०२१६६ - २२१७४६

बीसवीं शताब्दि के प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री १०८ शांतिसागरजी महाराज



जन्म - इ. स. १८७२ आचार्यपद - इ. स. १९२४
मुनि दिक्षा - इ. स. १९२० चारित्र चक्रवर्तीपद - इ. स. १९३५
समाधी कुंथलगिरी में इ. स. १९५५

प.पू. चा. च. श्री १०८ आचार्य शांतिसागर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धार संस्था, फलटण

कार्यवृत्तांत

प.पू. चा. च. श्री १०८ आचार्य शांतिसागर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धार संस्था की स्थापना विक्रम संवत् २०००-२००१ अर्थात् वीर निर्वाण संवत् २४७०-२४७१ में हुई। प्रस्तुत संस्था की स्थापना अपने आपमें एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना थी। इस पंचम कालके विगत ३००-४०० वर्षोंमें दिगंबर जैन साधुपरंपरा खंडित-सी हो गयी थी। उसे आगमानुसार पुनरुज्जीवित करनेका महान कार्य आचार्य श्री शातिसागर महाराजजी ने किया। जैन मुनि का जीवन यथार्थतः अंतर्मुख एवं आत्मस्वरूप पर केंद्रित होता है। बाह्य प्रापंचिक कार्योंमें उनकी कोई रुचि नहीं होती। आनुषंगिक रूपसे उनके द्वारा जो शुभभावरूप क्रियाँएँ होती हैं उनसे समाजकी सांस्कृतिक धारणा बनती है। समीचीन दिगंबरत्वका पुनरुज्जीवन, निर्ग्रंथ दिगंबर मुनियोंका विहार, जैन समाजका स्वतंत्र अस्तित्व, जैनोंके धार्मिक-सांस्कृतिक अधिकारोंकी रक्षा, सनातन दिगंबरत्व पर होनेवाले आक्रमणोंका प्रतीकार, जैन समाजमें व्याप्त मिथ्यात्वपूर्ण कुप्रथाओंका निर्मूलन, श्रुतप्रकाशन आदिसंबंधी जो ऐतिकासिक कार्य इस कालखंडमें हुआ उसके पीछे आचार्यश्रीकी सहज प्रेरणा थी। आचार्य श्री जैसे महात्माकी प्रेरणा से जो कार्य हुआ उसे जैन समाज कदापि भूल नहीं सकता। परमपवित्र सर्वतोभद्र जिनागमकी रक्षाके लिए स्वयं श्री १०८ आचार्य शांतिसागर महाराजश्री की प्रेरणा से १०८ आचार्य श्री शांतिसागर दिगंबर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्था की स्थापना वि. सं. २००१ अर्थात् वीर निर्वाण संवत् २४७० में हुई। आचार्यश्री के परममंगल आशीर्वादसे संस्था की स्थापना होनेसे इस संस्थाको समाज में एक महत्त्वपूर्ण वैशिष्ट्यपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है।

अंतिम तीर्थंकर महावीर भगवान् की ॐकार वाणीसे साक्षात् संबंधप्राप्त धवल, जयधवल, महाधवल ये ताडपत्रीय ग्रंथ मूडबिद्री में विराजमान हैं। प. पू. आचार्यश्री वर्षायोगके निमित्त कुंथलगिरी पर विराजमान थे, तब उन्हें पता चला कि इन ग्रंथोंका प्राय चार-पाँच हजार श्लोकप्रमाण अंश कीटकोंका भक्ष्य हो चुका है। यह बात सुनकर आचार्यश्री को आत्यंतिक पीड़ा हुई। उसी समय वहाँ १०५ भट्टारक जिनसेन स्वामी, नांदणी (कोल्हापुर), दानवीर संघपति श्रीमान गेंदामलजी, गुरुभक्त श्रीमान सेठ चंदूलालजी सराफ बारामती, श्रीमान रामचंद धनजी दावड़ा आदि धर्मानुरागी महानुभाव उपस्थित थे। इन सभी महानुभावोंके समक्ष आचार्यश्रीजीने आगमकी रक्षासंबंधी अपनी चिंता एवं मंतव्य व्यक्त किया। आचार्यश्री की इच्छाको आदेश मानकर उन सभी धर्मानुरागियोंने आगमरक्षासंबंधी वहीं एक योजना बनायी और उसे कार्यान्वित करनेकी दिशामें प्रयत्न आरंभ किया। इस पुण्यकार्यमें समस्त दिगंबर जैन समाज सहभागी हुआ। उसी

समय करीब एक लाख रुपयोंकी राशि इकट्ठा हुई। इस कार्यके लिए एक अस्थायी समितिका गठन किया गया और श्रीमान वालचंद देवचंद शहा मुंबई की सूचनानुसार धवला ग्रंथ रासायनिक प्रक्रियाद्वारा ताम्रपत्रों पर उत्कीर्ण करनेका निर्णय लिया गया। प.पू. १०८ श्री समंतभद्र महाराजजीकी सूचनानुसार प्रस्तुत समितिका मंत्रिपद का कार्यभार श्रीमान वालचंद देवचंद शहा पर सौंपा गया।

वीर निर्वाण संवत् २४७१ की फाल्गुन वदि २ को आचार्यश्रीके बारामतीके वास्तव्यमें मूर्धन्य पंडितों एवं धर्मानुरागी श्रावकोंकी उपस्थितिमें निम्न निर्णय लिये गये --

१. श्री धवल, जयधवल, श्री महाधवल आदि सिद्धांतग्रंथ संशोधनपूर्वक देवनागरी लिपिमें ताम्रपत्रपर अंकित कर उनकी सुरक्षा की स्थायी व्यवस्था की जाये।

२. अन्य आचार्योंके ग्रंथोंके जीर्णोद्धारके साथ ही स्वाध्यायके निमित्त उनका विनामूल्य अथवा अल्प मूल्य लेकर वितरण किया जाये ।

इन प्रमुख उद्देश्योंको लेकर श्री १०८ चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर दिगंबर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्थाकी स्थापना की गयी। इस कार्यमें रु. ११०१/- अथवा अधिक दानराशि देनेवाले महानुभावोंको इस संस्थाका सदस्यत्व प्रदान किया जाये ऐसा भी प्रावधान किया गया। सभी सदस्योंको मुद्रित ग्रंथ की एक-एक प्रति दी जाये, तथैव सभी तीर्थक्षेत्रोंपर एक-एक संच रक्खा जाये ऐसा भी निर्णय लिया गया।

सिद्धांत ग्रंथ अतिप्राचीन एवं महत्त्वपूर्ण होनेसे उसके ताम्रपत्र भी शुद्ध एवं स्वच्छ होना नितांत आवश्यक था। धवला ग्रंथ ७०००० श्लोकप्रमाण, जयधवल ८०००० श्लोकप्रमाण तथा महाधवल ४०००० श्लोकप्रमाण हैं। ताड़पत्र दिन-प्रतिदिन जीर्ण होते जा रहे थे, अतः ताड़पत्रकी फोटोप्रतियाँ बनानेका निर्णय किया गया। इस कार्यमें मूड़बिद्रीके विश्वस्तोंका तथा चारुकीर्तिजी भट्टारक, पं. लोकनाथ शास्त्री एवं प. वर्धमान शास्त्री, सोलापुर का सहयोग प्राप्त हुआ।

विक्रम संवत् २००१ में पं. खूबचंद शास्त्रीजीकी देखरेखमें धवला ग्रंथके मुद्रणका कार्य आरंभ हुआ। यह कार्य शीघ्र संपन्न हो इस हेतु संवत् २००२ में सोलापुरमें कल्याण प्रेसमें पं. पन्नालालजी सोनी की देखरेखमें कार्य आरंभ हुआ। यह कार्य साढ़े तीन वर्षोंमें संपन्न हुआ। २६०० पृष्ठोंके इस धवल ग्रंथोंके मुद्रणार्थ ३०००० रुपये खर्च हुआ। उसी समय मुंबईमें श्रीपाद प्रोसेस वर्क्स में ग्रंथ ताम्रपत्रोंपर ग्रंथ उत्कीर्ण करनेका कार्य आरंभ हो चुका था। इस कार्यमें २१००० रुपये व्यय हुए। इस तरह मुद्रणकार्य तथा उत्कीरण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और संवत् २००६ में संघपति श्रीमान सेठ गेंदामलजीके करकमलोंद्वारा प्रस्तुत ग्रंथ प. पू. आचार्यश्रीजी को सिद्धक्षेत्र गजपंथजी पर समर्पित किया गया।

श्रीमान पं. पन्नालालजी सोनी एवं प. माणिकचंदजी की देखरेखमें बाहुबली में २३०० पृष्ठोंका जयधवल ग्रंथ वीर निर्वाण संवत् २४७९ में पूर्णरूपेण मुद्रित हुआ। श्री महाधवल ग्रंथका मुद्रणकार्य पं.

सुमेरुचंद्रजी दिवाकरकी देखरेखमें सीवनीमें संवत् २०२० में पूर्ण हुआ। पं. दिवाकरजी को फलटणमें 'धर्मदिवाकर'की उपाधिसे सम्मानित किया गया। उक्त तीनों ग्रंथोंके ताम्रपट बनानेका कार्य आचार्यश्रीजीकी सल्लेखनासे पूर्वही संपन्न हुआ, यह देखकर आचार्यश्रीजी को परमसंतोष हुआ।

श्री धवल के ताम्रपत्र एवं तीनों मुद्रित ग्रंथ तथा संस्थाकी ओरसे मुद्रित-प्रकाशित अन्य सभी ग्रंथ फलटणमें चंद्रप्रभु मंदिरमें श्री आचार्य शांतिसागर श्रुतभंडार भवनमें सुरक्षित हैं। श्री धवल तथा महाधवलके ताम्रपत्र सेठ गेंदामलजीके कालबादेवी, मुंबई स्थित जिनमंदिरमें सुरक्षित हैं। जयधवलके ९२ ताम्रपत्र श्री १००८ दिगंबर जैन आदिनाथ मंदिर, सोलापुरमें सुरक्षित हैं।

गृहस्थोंके कल्याणहेतु आचार्यश्री जिनबिंबप्रतिष्ठा, चैत्यालयनिर्माण, पूजापाठ आदि शुभकार्योंका उपदेश निरंतर दिया करते थे। जैन समाज धर्मश्रद्धालु है, परंतु उसके दृढ़ीकरणके हेतु आगमग्रंथोंकी सहज उपलब्धता नितांत आवश्यक है। इस हेतु संवत् २०१० में श्रुतभंडार व ग्रंथप्रकाशन समिति का गठन कर इस तरह की योजना बनायी गयी थी कि आर्ष दिगंबर जैन ग्रंथोंका प्रामाणिक संशोधन, मुद्रण व प्रकाशन कर सभी मंदिरों एवं सार्वजनिक संस्थाओं में उनका निःशुल्क वितरण किया जाये।

श्री दिगंबर जैन महासभा द्वारा पू. आचार्यश्रीका हीरक जयंती महोत्सव महान उत्साहके साथ संपन्न कर उससे प्राप्त निधिद्वारा चंद्रप्रभु मंदिरमें श्रुतभंडार हॉलकी निर्मिति की गयी और वहाँ ताम्रपत्र तथा मुद्रित ग्रंथ रखे गये। उस समय प्राचीन ग्रंथोंके हिंदी अनुवाद कर तथा उन्हें प्रकाशित कर सभी गाँवोंके मंदिरोंमें स्वाध्यायार्थ उनके निःशुल्क वितरणका कार्यभार ग्रंथ प्रकाशन समितिपर सौंपा गया। प्रस्तुत समिति यह कार्य निरंतर करती आयी है। ग्रंथनिर्मितिके लिए अनेक उदारधी दातारोंसे दानराशि प्राप्त होती आयी है। समितिकी ओरसे अबतक निम्न ग्रंथ प्रकाशित हो चुके हैं (१) श्री रत्नकरंड श्रावकाचार , (२) श्री समयसार आत्मख्याति टीका, (३) श्री सर्वार्थसिद्धि, (४) श्री मूलाचार , (५) श्री उत्तरपुराण, (६) श्री अनगार धर्मामृत, (७) श्री सागार धर्मामृत, (८) श्री धवला, (९) श्री जयधवल, (१०) श्री कुंदकुंद भारती, (११) अष्टपाहुड, (१२) श्रावकाचार संग्रह भाग १ से ५, (१३) श्री आदिपुराण (जिनसेनाचार्य), (१४) महापुराण भाग १, (१५) भ. महावीर उपदेश परंपरा, (१६) अर्थप्रकाशिका, (१७) लघुतत्त्वस्फोट, (१८) समयसार भाग १, २, (१९) षट्खंडागम, (२०) स्मृतिगंध, (२१) प. पू. शांतिसागर चरित्र, (२२) श्री महाधवल।

संस्थाका कार्य १९७४ तक सुचारु रूपसे चल रहा था। १९७४ में संस्थाका रौप्यमहोत्सव तथा आचार्यश्रीजी का जन्मशताब्दी महोत्सव भी अत्यंत उत्साहके साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्यमें 'स्मृतिगंध'का प्रकाशन भी हुआ। किंतु इसके उपरांत एक-एक करके संस्थाके विश्वस्तोंका तथा कार्यकारिणीके सदस्योंका निधन होता गया। दुर्दैवसे उन रिक्त स्थानोंकी पूर्ति नहीं हो पायी। संस्थाके कोषाध्यक्ष श्रीमान सेठ माणिकलाल तुलजाराम शहा २००१ में रुग्ण हुए तथा १७ अप्रैल २००३ को उनका देहावसान हुआ। इन कारणोंसे

संस्थाका फलटण स्थित श्रुतभंडार तथा ताम्रपत्रोंकी सुरक्षा का उत्तरदायित्व जैन समाजके कंधोंपर आ गया। सोलापुर तथा कालबादेवी (मुंबई)स्थित ताम्रपत्र वहाँके मंदिरोंमें सुरक्षित हैं, परंतु उनकी देखभाल करनेका उत्तरदायित्व किसी जिम्मेदार व्यक्तिपर नहीं है। उसकी सुरक्षाकी दृष्टिसे भी विचारविमर्श होना आवश्यक है। इन सभी बातोंका विचार कर ग्रंथप्रकाशनका खंडित कार्य पुनः आरंभ हो इस दृष्टिसे फलटण स्थित स्वाध्यायप्रेमी महानुभावोंने पहल कर ११ जनोंकी एक अस्थायी समिति बनाकर श्रुतभंडार व ग्रंथप्रकाशन समितिका पुनर्गठन किया तथा संस्थाके पदसिद्ध अध्यक्ष पूजनीय श्री जिनसेन भट्टारक स्वामी, नांदणी (कोल्हापुर) से मिलकर समितिका कार्य पुनश्च आरंभ करनेके लिए उनसे अनुमति माँगी। संस्थाके संविधान का अवलोकन कर उन्होंने कार्य आरंभ करनेकी अनुमति प्रदान की। तदनुसार प्रकाश्य ग्रंथोंकी सूची बनाकर उनके प्रकाशनार्थ संस्थाके आजीवन सदस्य बनाये जाएँ तथा उन सदस्योंको उपलब्ध ग्रंथ निःशुल्क दिये जायें ऐसा निर्णय किया गया। सदस्यता शुल्क ११०१/- निर्धारित किया गया है। संस्थाके विश्वस्तोंके दायादोंसे मिलकर उनकी अनुमतिसे नया विश्वस्त मंडल १४ अगस्त २००६ को गठित किया गया है।

(१) श्री धवल, (२) श्री महाधवल, (३) श्री जयधवल ये ग्रंथ मंदिरोंके लिए निःशुल्क देनेका निर्णय किया गया है। स्वाध्यायप्रेमी जनोंके लिए मंदिरोंके विश्वस्त समितिसे संपर्क स्थापित कर उक्त ग्रंथ प्राप्त करें।

(१) श्रावकाचार संग्रह भाग १ से ५, (२) अष्टपाहुड ये ग्रंथ प्रत्येक ६५/- के अल्प मूल्यपर स्वाध्यायप्रेमी जनोंको देनेका भी निर्णय किया गया है। जो व्यक्ति ये ग्रंथ डाकद्वारा प्राप्त करना चाहते हैं वे प्रत्येक १०१/- के हिसाब से प्राप्त कर सकते हैं।

समस्त समाजसे प्रार्थना की जाती है कि अधिकाधिक व्यक्ति संस्थाके सदस्य बनें तथा संस्थाका पुनर्गठन करनेमें सक्रिय सहयोग दें जिससे जिनवाणीका संशोधन, प्रकाशन कार्य पूर्ववत् सुचारु रूपसे आरंभ हो सके। यदि कोई व्यक्ति प्राचीन आर्ष ग्रंथ शास्त्रदान के रूपमें वितरित करना चाहे तो संस्थाकी ओर से उसे संपादन व मुद्रणकार्यके लिए पूरा सहयोग दिया जायेगा। दाताओंके शुभ नाम आगे प्रकाशित होनेवाले ग्रंथोंमें प्रकाशित किये जायेंगे। आजीवन सदस्योंको अब उपलब्ध छह ग्रंथ विनामूल्य दिये जायेंगे।

डॉ. जे. पी. गांधी, उपाध्यक्ष,
श्रुतभांडार व ग्रंथप्रकाशन समिति,
१३२, शुक्रवार पेठ,
फलटण (जि. सातारा)४१५५२३
दूरभाष : (०२१६६) २२०८३२

स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य स्वामी,
नादणी (जि. कोल्हापूर)
पदसिद्ध अध्यक्ष,
प.पू. चा.च. श्री १०८ शांतिसागर दि. जैन जिनवाणी
जीर्णोद्धारक संस्था, फलटण.

श्रुतभंडार व ग्रंथप्रकाशन समिति

संस्थाके पदाधिकारी

१. श्री. शांतिलाल तलकचंद शहा	अध्यक्ष
२. डॉ. जवाहर प्रेमचंद गांधी	उपाध्यक्ष
३. श्री. बाहुबली चंदूलाल दोशी (गुणवरेकर)	सेक्रेटरी
४. श्री. हिम्मतलाल मोहनलाल गांधी (बीबीकर)	खजिनदार
५. श्री. शांतिलाल खुशालचंद गांधी	सदस्य
६. श्री. अरविंद रूपचंद शहा (वडूजकर)	सदस्य
७. श्री. ज्ञानचंद्र रूपचंद दोशी	सदस्य
८. श्री. उदय माणिकलाल शहा	सदस्य
९. श्री. दीपक मोतीलाल दोशी	सदस्य
१०. श्री. महावीर नेमचंद शहा	सदस्य
११. श्री. मंगेश भारतलाल दोशी (गुणवरेकर)	सदस्य

***

स्व. श्री. रायचंद भाईचंद फडे की पुण्यस्मृतिमें कुंदकुंद-भारती के प्रकाशनार्थ विशेष आर्थिक सहयोग

धर्मानुरागी श्रीमान रायचंद भाईचंद फडे, पंढरपुरनिवासी एक धर्मानुरागी पुरुष थे । उनका जन्म धर्मनगरी फलटण में १४ जून १९१५ को हुआ। आपके पिताश्री का नाम श्रीमान भाईचंद बापूचंद फडे तथा माताश्रीका नाम मथुराबाई था। श्रीमान रायचंदजीने लौकिक शिक्षा अकलूज तथा पंढरपुरमें प्राप्त की। उनपर धर्मके संस्कार तो बचपनसे घर पर ही होते रहे थे।आपने शांतिसागर महाराजश्रीसे स्वाध्याय, रात्रिभोजनत्याग तथा श्रावकके अन्य सभी व्रत ग्रहण किये थे। वे निरंतर २८ वर्षतक अनंतव्रत करते रहे तथा उसका विधिपूर्वक उद्यापन कर व्रतकी पूर्ति की। आचार्य शांतिसागरजी महाराज, धर्मसागरजी महाराज अध्यात्मयोगी वीरसागरजी महाराजजीसे उन्हें धर्मलाभ होता रहा। सतत मुनियोंके संपर्कमें रहनेके कारण उन्हें आहारदान का विपुल पुण्य प्राप्त होता रहा। भारतके प्रायः सभी तीर्थक्षेत्रोंकी वंदनाएँ उन्होंने अनेक वार कीं। पंढरपुरमें आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बनानेका उनका संकल्प था, जिसे उनके सुपुत्रोंने दृढ़तापूर्वक एवं आनंदपूर्वक पूर्ण किया।

स्व. श्रीमान रायचंदजी स्वाध्यायप्रेमी थे। अन्य व्यक्तियोंको भी वे स्वाध्यायके लिए प्रेरणा दिया करते थे। तभी तो उनके सुपुत्रोंने प. मोतीलालजी कोठारी द्वारा अनूदित 'अष्टपाहुड'की २०० प्रतियाँ सोलापुरमें स्थित 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' के द्वारा स्वाध्यायप्रेमियोंमें वितरित करनेकी व्यवस्था की थी।

श्रीमान रायचंदजीने अपने परिवारको भी धार्मिक संस्कारोंसे अलंकृत किया है। उन्होंने अपने पुत्रोंको दान तथा स्वाध्यायके संस्कारोंसे विभूषित किया है। तभी तो उनके दो सुपुत्र यू. एस्. ए. स्थित विजयकुमार तथा पंढरपुरनिवासी शरद्कुमारने अपने स्वर्गीय पिताश्री रायचंदजीकी स्मृतिमें प्रस्तुत 'कुंदकुंद-भारती'के प्रकाशनार्थ ३१०००/- रुपयोंकी राशि प्रदान कर अपना ग्रंथप्रेम व्यक्त किया है।

ग्रंथ प्रकाशन समितिकी ओर से उन्हें शत शत धन्यवाद!

***

रमादेवी तथा बिहारीलालके फाउंडेशनके लिए
डॉ. पुष्पा जैन U.S.A. की ओरसे
Jain World. Com के माध्यमसे
कुंदकुंद-भारती के प्रकाशनार्थ विशेष आर्थिक सहयोग

अमेरिका स्थित डॉ. पुष्पा जैनने रमादेवी तथा बिहारीलाल फाउंडेशन के लिए Jain World. Com के माध्यमसे 'कुंदकुंद-भारतीके प्रकाशन' के लिए १९९९०/- रुपयोंका उदार दानराशि प्रदान की है, इसके लिए संस्था उनके प्रति हार्दिक आभारी है।

अमेरिकामें स्थित कारंजानिवासी श्री. विनोद दर्यापूरकर तथा उनके अनेक मित्रोंद्वारा संपूर्ण विश्वमें जैन दर्शन तथा संस्कृतिके प्रसार-प्रचारार्थ जैन वर्ल्ड.कॉम् यह वेबसाइट चलायी जाती है। श्री. विनोद दर्यापूरकरकी दूरदृष्टिसे १९९६ में स्थापित जैन वर्ल्ड यह वेबसाइट अब काफी विस्तार पा चुकी है। केवल ११ वर्षोंमें इस संस्थाकी व्याप्ति इतनी अधिक बढ़ चुकी है कि यह १७५ GB की विशाल वेब साइट अब १५५००० वेब पेजेस में फैल चुकी है। इसमें ११००० इमेजेस हैं। ७०० घंटोंकी यह दृक्-श्राव्य वेबसाइट दुनिया की २४ भाषाओंमें कार्य करती है। इसमे विभिन्न भाषाओंमें जैन दर्शन-संस्कृतिविषयक २३६ पुस्तकें प्रसारित हो चुकी हैं। यह वेबसाइट विश्वके १४७ देशोंमें फैल चुकी है तथा रोज ८२६२५ + लोग इसे देखते रहते हैं। इस वेबसाइट में अब तक ७०५ मानववर्षोंका का काम हो चुका है।

इंटरनेटपर यह वेबसाइट www.jainworld.com इस पतेपर उपलब्ध है। इस वेबसाइटके लिए डॉ. पुष्पा जैन स्वयं काम करती हैं। उन्होंने 'कुंदकुंद-भारती' के प्रकाशनके लिए जो दानराशि प्रदान की उसके लिए ग्रंथ प्रकाशन समितिकी ओर से पुनश्च एकवार धन्यवाद!

***

कुंदकुंद-भारतीके प्रकाशनार्थ आर्थिक सहयोग देनेवाले उदारधी दातारोंकी श्रेयनामावली

१.	स्व. श्री. रायचंद भाईचंद फडे, पंढरपुर की स्मृतिमें		
	श्री. डॉ. विजयकुमार रायचंद फडे,	U.S.A.	
	श्री. शरदकुमार रायचंद फडे,	पंढरपुर	३१०००
१.	डॉ. पुष्पा जैन	U. S. A.	१९९९०/-
	कृते रमादेवी तथा बिहारीलाल फाउंडेशन		
३.	स्व. श्री. धनपाल वीरचंद दोशी की स्मृतिमें		
	श्रीमती सुलोचना धनपाल दोशी,		५००१/-
४.	स्व. धन्यकुमार रतनचंद गांधी की स्मृतिमें		
	श्रीमती मंजूषा धन्यकुमार गांधी	फलटण	५००१/-
५.	श्री. बाहुबली चंदूलाल दोशी गुणवरेकर	फलटण	१५०१/-
६.	श्री. प्रतापलाल गौतमचंद दोशी,	फलटण	११११/-
७.	श्री. रमणलाल सुंदरलाल दोशी,	फलटण	११०१/-
८.	श्री. राजेंद्र माणिकलाल दोशी,	फलटण	११०१/-
९.	सौ. अनुराधा अरविंद शहा (वडूजकर)	फलटण	११०१/-
१०.	श्री. जवाहर हिराचंद फडे	अकलूज	१०००/-
११.	स्व.प्रवीणचंद्र भाईचंद गांधी तथा स्व. पद्मा प्रवीणचंद्र गांधी की स्मृतिमें		
	श्री. महावीर प्रवीणचंद्र गांधी,	अकलूज	१०००/-
१२.	श्री. भारत तलकचंद गांधी	नातेपुते	१०००/-
१३.	श्रीमती कस्तुरबाई धन्यकुमार दोशी	फलटण	१०००/-
१४.	श्री. चंद्रशेखर पवनलाल दोशी	फलटण	१०००/-
१५.	श्री.मोतीलाल जीवराज गांधी (माळशिरसकर)	फलटण	१००१/-
१६.	श्री. मोहनलाल गुलाबचंद गांधी (बीबीकर)	फलटण	१००१/-
१७.	श्री. शांतिलाल खुशालचंद गांधी, सराफ	फलटण	१००१/-
१८.	श्री. फुलचंद खुशालचंद दोशी (वाखरीकर)	फलटण	१००१/-
१९.	सौ. शैला अरविंद गांधी	फलटण	१००१/-
२०.	श्री. सुजय विजय कोठारी	फलटण	५००/-
२१.	श्री. प्रकाश रामचंद घडिया	फलटण	५०१/-

२२.	श्री. संतोष चंदुलाल दोशी गुणवरेकर	फलटण	५००/-
२३.	श्रीमती शोभा शरदलाल शहा	फलटण	५००/-
२४.	श्री. अशोक शिवलाल दोशी (गुणवरेकर)	फलटण	५००/-
२५.	श्री. अंकुर शीतल गांधी		५०१/-
२६.	श्री. प्रदीप चंदूलाल शहा (गोखळीकर)	फलटण	५०१/-
२७.	श्री. राजेंद्र रत्नशेखर डुडु	नातेपुते	५०१/-
२८.	श्री. शांतिलाल दलूचंद दोशी	अकलूज	५००/-
२९.	श्री. फुलचंद वीरचंद गांधी	अकलूज	५००/-
३०.	श्री. नरेंद्र परमेष्ठी गांधी	नातेपुते	५००/-
३१.	श्री. श्रेयांस गौतमचंद गांधी	नातेपुते	५००/-
३२.	श्री. जीवंधर रामचंद दावडा	नातेपुते	५००/-
३३.	सौ. सविता मिलिंद दोशी	फलटण	५००/-
३४.	श्री. हेमंत रतनलाल मेहता	फलटण	५००/-
३५.	श्री. जीवंधर भीमचंद दोशी	सांगवी	५००/-
३६.	श्री. डॉ. सागर जवाहर गांधी	फलटण	५००/-
३७.	सौ. कल्पना सुभाष गांधी	फलटण	५०१/-
३८.	श्री. सुरेश चंदूलाल दोशी	फलटण	५०१/-
३९.	श्री. सुकुमार मगनलाल चंकेश्वरा	फलटण	५०१/-
४०.	श्री. सतीश रतनलाल दोशी	फलटण	५०१/-
४१.	श्री. राजकुमार मोहनलाल व्होरा	फलटण	५०१/-
४२.	श्री. दिलीप वीरचंद दोशी	फलटण	५०१/-
४३.	श्री. राजकुमार चंदूलाल दोशी	फलटण	५०१/-
४४.	श्री. विनोद रावजी शहा	फलटण	५०१/-
४५.	श्रीमती माणिकबाई बापूचंद गांधी (खुटेकर) हस्ते शरद बापूचंद गांधी	फलटण	५०१/-
४६.	श्री. रोहन सुनील दोशी (गुणवरेकर)	फलटण	५००/-
४७.	श्री. क्रांतिकुमार माणिकलाल शहा (वाडीकर)	पुणे	५००/-
४८.	सौ. प्रफुल्लता शरच्चंद्र गांधी	फलटण	५०१/-
४९.	श्री. विलास वालचंद शहा	फलटण	५०१/-

५०.	श्री. प्रकाश गौतमचंद दोशी	फलटण	५००/-
५१.	श्री. गौरव संजय मेथा (१० उपवासानिमित्त))	फलटण	५०१/-
५२.	श्रीमती लता कैलास दोशी	अकलूज	५०१/-
५३.	सौ. वसंतमाला आनंदलाल व्होरा	फलटण	५००/-
५४.	श्री. प्रकाश मोतीलाल गांधी	फलटण	५००/-
५५.	सौ.शोभा मदनकुमार दोशी	नातेपुते	५००/-
५६.	श्रीमती मथुराबाई मलुकचंद दोशी	फलटण	५०१/-
५७.	श्रीमती अरुणा कांतिलाल शहा (मोडनिंबकर)	फलटण	५००/-
५८.	श्री. श्रेणिक मगनलाल गांधी (लाटेकर)	फलटण	५००/-
५९.	डॉ. सौरभ सुनील शहा	फलटण	५००/-
६०.	श्री. संतोष अशोक गांधी	श्रीपुर	५०१/-
६१.	श्री. सुभाषचंद्र प्रतापचंद्र गांधी	पंढरपुर	५०१/-
६२.	श्री. नवीनचंद्र अशोककुमार गांधी	श्रीपुर	५०१/-
६३.	श्री. नवीनचंद्र धन्यकुमार दोशी	फलटण	५०१/-
६४.	श्री. विक्रम प्रताप शहा (करजगीकर)	जेऊर	५०१/-
६५.	श्री. प्रीतम अरिंजय शहा(वडूजकर)	फलटण	५००/-
६६.	श्री. निरंजन रमेश शहा	फलटण	५००/-
६७.	श्री. उत्तमलाल गणपतलाल वेळापुरे	फलटण	५०१/-
६८.	स्व. आनंदलाल जीवराज दोशी की स्मृतिमें श्रीमती रतनबाई आनंदलाल दोशी	फलटण	५०१/-
६९.	श्री. सुरेश रतनचंद दोशी (दहिगावकर)	फलटण	५०१
७०.	गुप्तदान		२०२/-

***

प्रस्तावना

कुंदकुंद-भारतीका यह संस्करण

एक समय था कि जब लोगोंकी धारणाशक्ति अधिक थी, जिसके कारण वे सूत्ररूप संक्षिप्त वचनको हृदयंगत कर उसके द्वारा संकेतित समस्त विषयसे परिचित हो जाते थे। उस समय जो शास्त्ररचना हुई वह सूत्ररूपमें हुई। भूतबलि और पुष्पदंत महाराजने जो षट्खंडागमकी रचना की वह प्राकृतके सूत्रोंमें ही थी। अधिक विस्तार हुआ तो प्राकृत गाथाओंकी रचना शुरू हुई। सूत्ररचनाका यह क्रम न केवल धर्मशास्त्र तक सीमित रहा किन्तु न्याय, व्याकरण, योगशास्त्र और कामशास्त्र तककी रचनाएँ सूत्ररूपमें हुईं। धीरे-धीरे जब लोगोंकी धारणाशक्ति कम होने लगी तब सूत्रोंके ऊपर वृत्तियों और गाथाओंके ऊपर चूर्णियोंकी रचना शुरू हुई। समयने रुख बदला जिससे वृत्तिग्रंथोंपर भाष्य रचनाएँ होने लगीं। न्याय, व्याकरण आदि समस्त विषयोंपर भाष्य लिखे गये। ये भाष्य टीकारूपमें रचे गये जिनमें उक्त, अनुक्त और दुरुक्त विषयोंकी विस्तृत चर्चाएँ सामने आयीं। उस समयकी जनता भी इस भाष्यरूप टीकाओंको पसंद करती थी जिससे उनका प्रसार बढ़ा। यह भाष्य रचनाओंका क्रम अधिकतर विक्रम संवत् १००० तक चलता रहा। उसके बाद लोगोंकी व्यस्तता बढ़ने लगी जिससे भाष्य रचनाओंकी ओरसे उनकी रुचि घटने लगी। वे मूल ग्रंथकर्ताके भावको संक्षेपमें ही समझनेकी रुचि रखने लगी। लोगोंकी इस रुचिमें उत्तरोत्तर वृद्धि होती गयी जिसके फलस्वरूप आज अध्ययनकर्ताओंका मन टीका और भाष्यग्रंथोंसे हटकर मूलकर्ताके भावके प्रति ही जिज्ञासु हो उठा है।

कुंदकुंद स्वामीकी अल्पकाय रचनाओंपर अमृतचंद्र सूरिने वैदुष्यपूर्ण टीकाएँ लिखीं। जयसेनाचार्य, पद्मप्रभ मलधारी देव और श्रुतसागर सूरिने भी इनपर काम किया है। परंतु आजका मानव अन्यान्य कार्योंमें इतना अधिक व्यस्त हो गया है कि वह इन सब विस्तृत टीकाओंमें अपना उपयोग नहीं लगाना चाहता, वह संक्षेपमें ही मूलकर्ताके भावको समझना चाहता है। जैन समाजमें कुंदकुंद स्वामीके प्रति महान आदरका भाव है, उनकी रचनाएँ अमृतका घूँट समझी जाती हैं। जनता उनका रसास्वादन तो करना चाहती है, पर उसके पास इतना समय नहीं है कि वह अधिक विस्तारमें पढ़ सके। फलतः यह भाव उत्पन्न हुआ कि कुंदकुंद स्वामीके समस्त ग्रंथोंका एक संकलन संक्षिप्त हिंदी अनुवादके साथ तैयार किया जाय और उसे 'कुंदकुंद-भारती' नाम दिया जाय। यह भावना तब और भी अधिक रूपमें प्रकट हुई जब कि स्वर्गीय पं. जुगलकिशोरजी मुख्त्यारने समन्तभद्र स्वामीकी 'स्तुतिविद्या' का काम मुझे सौंपते हुए यह लिखा कि मैं समन्तभद्र स्वामीके समस्त ग्रंथोंका एक संकलन 'समन्तभद्र भारती' के नामसे निकालना चाहता हूँ। मैंने श्री. मुख्त्यारजीकी आज्ञा शिरोधार्य कर स्तुतिविद्याका कार्य पूर्ण कर दिया। स्वयंभूस्तोत्र, युक्त्यनुशासन, देवागम तथा रत्नकरण्ड श्रावकाचारपर उन्होंने स्वयं काम किया और वे जीवनके अंत-अंत तक इस कार्यमें लगे रहे। समन्तभद्रके समस्त ग्रंथोंका संकलन 'समन्तभद्र भारती' के नामसे वे निकालना चाहते थे, पर साधनोंकी न्यूनतासे वे एक संकलन नहीं निकाल सके। उन्हें जब जितना साधन मिला उसीके अनुसार वे प्रकीर्णक रूप से समन्तभद्रकी रचनाओंको प्रकाशित करते रहे और यही कारण है कि वे प्रकीर्णकके रूपमें सब ग्रंथोंको प्रकाशित कर गये हैं।

मुख्त्यारजीकी 'समन्तभद्र भारती'के प्रकाशनकी भावनाको देखकर मेरे मनमें कुन्दकुन्द-भारतीके प्रकाशनकी भावना उत्पन्न हुई। 'कालिदास ग्रंथावली'के नामसे प्रकाशित कालिदासके समस्त ग्रंथोंका एक संकलन भी मेरी उक्त भावनाके उत्पन्न होनेमें कारण रहा है। उसी भावनाके फलस्वरूप मैंने कुंदकुंद स्वामीके समस्त ग्रंथोंका संक्षिप्त अनुवाद कर भी लिया था, परंतु उसके प्रकाशनकी काललब्धि नहीं आयी इसलिए वह अनुवाद रखा रहा। अब श्री. बालचंद देवचंदजी शहा, मंत्री, चा. च. आचार्य शांतिसागर दिगंबर जैन जिनवाणी जीर्णोद्धार संस्थाके सौजन्यसे इनके प्रकाशनका

सुअवसर आया है। इस संकलनमें मैंने पूज्य वर्णीजीसे प्राप्त विशिष्ट दृष्टिके आधारपर संकलनका क्रम इस प्रकार रखा है --

१. पंचास्तिकाय, २. समयसार, ३. प्रवचनसार, ४. नियमसार, ५. अष्टपाहुड, ६. बारसणुपेक्खा और ७. भक्तिसंग्रह।

इस संस्करणमें पंचास्तिकाय, समयसार और प्रवचनसारकी गाथाओंका चयन अमृतचंद्र सूरिकृत संस्कृत टीकाके आधारपर किया गया है। जयसेन सूरिकृत टीकामें व्याख्यात विशिष्ट गाथाओंका उल्लेख टिप्पणमें किया गया है। जो महानुभाव इन ग्रंथोंका विस्तारसे स्वाध्याय करना चाहते हैं वे अलगसे प्रकाशित संस्करणोंका स्वाध्याय कर अपनी जिज्ञासाको पूर्ण कर सकते हैं और जो कुंदकुंद स्वामीकी पवित्र भारतीका पाठ करते हुए संक्षेपमें उसका भाव जानना चाहते हैं वे इस संस्करणसे लाभ उठावें।

उक्त ग्रंथोंका परिचय देनेके पूर्व श्री कुंदकुंदाचार्यके जीवनवृत्तपर कुछ प्रकाश डालना उचित मालूम होता है।

आचार्यश्री कुंदकुंद

कुंदकुंदाचार्य और उनका प्रभाव

दिगंबर जैनाचार्योंमें कुंदकुंदका नाम सर्वोपरि है। मूर्तिलेखों, शिलालेखों, ग्रंथप्रशस्ति लेखों एवं पूर्वाचार्योंके संस्करणोंमें कुंदकुंद स्वामीका नाम बड़ी श्रद्धाके साथ लिया मिलता है।

मङ्गलं भगवान्वीरो मङ्गलं गौतमो गणी।
मङ्गलं कुन्दकुन्दार्यो जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलम्।।

इस मंगल पद्यके द्वारा भगवान महावीर और उनके प्रधान गणधर गौतमके बाद कुंदकुंद स्वामीको मंगल कहा गया है। इनकी प्रशस्तिमें कविवर वृंदावनका निम्नांकित सवैया अत्यंत प्रसिद्ध है; जिसमें बतलाया गया है कि मुनींद्र कुंदकुंद-सा आचार्य न हुआ है, न है और न होगा --

जासके मुखारविंदतैं प्रकाश भासवृंद
स्यादवाद जैन वैन इंद कुंदकुंद से।
तासके अभ्यासतैं विकास भेद ज्ञात होत
मूढ़ सो लखे नहीं कुबुद्धि कुंदकुंद से।
देत हैं अशीस शीस नाय इंद चंद जाहि
मोह मार खंड मारतंड कुंदकुंद से।
विशुद्धि बुद्धि वृद्धिदा प्रसिद्ध ऋद्धि सिद्धिदा
हुए हैं न होहिंगे मुनिंद कुंदकुंद से।।

श्री कुंदकुंद स्वामीके इस जयघोषका कारण है उनके द्वारा प्रतिपादित वस्तुतत्त्वका, विशेषतया आत्मतत्त्वका विशद वर्णन। समयसार आदि ग्रंथोंमें उन्होंने परसे भिन्न तथा स्वकीय गुण पर्यायोंसे अभिन्न आत्माका जो वर्णन किया है वह अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने इन ग्रंथोंमें अध्यात्मधारारूप जिस मंदाकिनीको प्रवाहित किया है उसके शीतल एवं पावन प्रवाहमें अवगाहन कर भवभ्रमण श्रांत पुरुष शाश्वत शांतिको प्राप्त करते हैं।

कुंदकुंदाचार्यका विदेह गमन

श्री कुंदकुंदाचार्यके विषयमें यह मान्यता प्रचलित है कि वे विदेह क्षेत्र गये थे और सीमंधर स्वामीकी दिव्य

ध्वनिसे उन्होंने आत्मतत्त्वका स्वरूप प्राप्त किया था। विदेह गमनका सर्वप्रथम उल्लेख करनेवाले आचार्य देवसेन (वि. सं. दसवीं शती) हैं। जैसा कि उनके दर्शनसारसे प्रकट है।

जइ पउमणंदिणाहो सीमंधरसामिदिव्वणाणेण।
ण विबोहइ तो समणा कह सुमग्गं पयाणंति।।४३।।

इसमें कहा गया है कि यदि पद्मनंदिनाथ सीमंधर स्वामीद्वारा प्राप्त दिव्यज्ञानसे बोध न देते तो श्रमण-मुनिजन सच्चे मार्गको कैसे जानते?

देवसेनके बाद ईसाकी बारहवीं शताब्दीके विद्वान् जयसेनाचार्यने भी पंचास्तिकायकी टीकाके आरंभमें निम्नलिखित अवतरण पुष्पिकामें कुंदकुंद स्वामीके विदेहगमनकी चर्चा की है --

'अथ श्रीकुमारनन्दिसिद्धान्तदेवशिष्यैः प्रसिद्धकथान्यायेन पूर्वविदेहं गत्वा वीतरागसर्वज्ञश्रीमन्दरस्वामितीर्थकरपरमदेवं दृष्ट्वा तन्मुखकमलविनिर्गतदिव्यवाणीश्रवणावधारितपदार्थाच्छुद्धात्मतत्त्वादिसारार्थं गृहीत्वा पुनरप्यागतैः श्रीमत्कुन्दकुन्दाचार्यदेवैः पद्मनन्दाद्यपराभिधैरन्तस्तत्त्वबहिस्तत्त्वगौणमुख्यप्रतिपत्त्यर्थं अथवा शिवकुमारमहाराजादिसंक्षेपरुचिशिष्यप्रतिबोधनार्थं विरचिते पञ्चास्तिकायप्राभृतशास्त्रे यथाक्रमेणाधिकारशुद्धिपूर्वकं तात्पर्यव्याख्यानं कथ्यते।'

जो कुमारनंदि सिद्धांतदेवके शिष्य थे, प्रसिद्ध कथाके अनुसार पूर्व विदेह क्षेत्र जाकर वीतराग सर्वज्ञ श्रीमंदरस्वामी तीर्थंकर परमदेवके दर्शन कर तथा उनके मुखकमलसे विनिर्गत दिव्यध्वनिके श्रवणसे अवधारित पदार्थोंसे शुद्ध आत्मतत्त्व आदि सारभूत अर्थको ग्रहण कर जो पुनः वापिस आये थे तथा पद्मनंदि आदि जिनके दूसरे नाम थे ऐसे कुंदकुंदाचार्य देवके द्वारा अंतस्तत्त्वकी मुख्य रूपसे और बहिस्तत्त्वकी गौणरूपसे प्रतिपत्ति करानेके लिए अथवा शिवकुमार महाराज आदि संक्षेप रुचिवाले शिष्योंको समझानेके लिए पंचास्तिकाय प्राभृत शास्त्र रचा गया।

षट्प्राभृतके संस्कृत टीकाकार श्री श्रुतसागर सूरिने अपनी टीकाके अंतमें भी कुंदकुंद स्वामीके विदेह गमनका उल्लेख किया है --

'श्रीमत्पद्मनन्दिकुन्दकुन्दाचार्यवक्रग्रीवाचार्यैलाचार्यगृद्धपिच्छाचार्यनामपञ्चकविराजितेन चतुरङ्गुलाकाशगमनर्द्धिना पूर्वविदेहपुण्डरीकिणीनगरवन्दितश्रीमन्धरापरनामस्वयंप्रभजिनेन तत्प्राप्तश्रुतज्ञानसम्बोधितभारवर्षभव्यजीवेन श्रीजिनचन्द्रसूरिभट्टारकपट्टाभरणभूतेन कलिकालसर्वज्ञेन विरचिते षट्प्राभृत ग्रन्थे--'

'पद्मनंदी, कुंदकुंदाचार्य, वक्रग्रीवाचार्य, एलाचार्य और गृद्धपिच्छाचार्य इन पाँच नामोंसे जो युक्त थे, चार अंगुल ऊपर आकाश गमनकी ऋद्धि जिन्हें प्राप्त थी, पूर्व विदेह क्षेत्रके पुंडरीकिणी नगरमें जाकर श्रीमंधर अपरनाम स्वयंप्रभ जिनेंद्रकी जिन्होंने वंदना की थी, उनसे प्राप्त श्रुतज्ञानके द्वारा जिन्होंने भरत क्षेत्रके भव्य जीवोंको संबोधित किया था जो जिनचंद्र सूरि भट्टारकके पट्टके आभूषण स्वरूप थे तथा कलिकालके सर्वज्ञ थे; ऐसे कुंदकुंदाचार्य द्वारा विरचित षट्प्राभृत ग्रंथमें ।'

उपर्युक्त उल्लेखोंसे साक्षात् सर्वज्ञदेवकी वाणी सुननेके कारण कुंदकुंद स्वामीकी अपूर्व महिमा प्रख्यापित की गयी है। किंतु कुंदकुंद स्वामीके स्वमुखसे कहीं विदेह गमनकी चर्चा उपलब्ध नहीं होती। उन्होंने समयप्राभृतके प्रारंभमें सिद्धोंकी वंदनापूर्वक निम्न प्रतिज्ञा की है --

वंदित्तु सव्वसिद्धे धुवमचलमणोवमं गइं पत्ते।
वोच्छामि समयपाहुडमिणमो सुयकेवलीभणियं।।१।।

इसमें कहा गया है कि मैं श्रुतकेवलीके द्वारा भणित समयप्राभृतको कहूँगा। यद्यपि 'सुयकेवलीभणियं' इस पदकी टीकामें श्री अमृतचंद्र स्वामीने कहा है -- 'अनादिनिधनश्रुतप्रकाशितत्त्वेन, निखिलार्थसाक्षात्कारिकेवलिप्रणीतत्वेन, श्रुतकेवलिभिः स्वयमनुभवद्भिरभिहितत्वेन च प्रमाणतामुपगतस्य।'

अर्थात् अनादिनिधन परमागम शब्द ब्रह्मद्वारा प्रकाशित होनेसे, तथा सब पदार्थोंके समूहका साक्षात् करनेवाले केवली भगवान् सर्वज्ञ देवके द्वारा प्रणीत होनेसे और स्वयं अनुभव करनेवाले श्रुतकेवलियोंके द्वारा कहे जानेसे जो प्रमाणताको प्राप्त है।

तो भी इस कथनसे स्पष्ट नहीं होता कि मैंने केवलीकी वाणी प्रत्यक्ष सुनी है अतः केवली इसके कर्ता हैं। यहाँ तो मूल कर्ताकी अपेक्षा केवलीका उल्लेख जान पड़ता है। जयसेनाचार्यने भी केवलीका साक्षात् कर्ताके रूपमें कोई उल्लेख नहीं किया है। उन्होंने 'सुयकेवलीभणियं' की टीका इस प्रकार की है -- **'श्रुते परमागमे केवलिभिः सर्वज्ञैर्भणितं श्रुतकेवलिभणितं। अथवा श्रुतकेवलिभणितं गणधरकथितमिति।'**

अर्थात् श्रुत- परमागममें केवली-सर्वज्ञ भगवान्के द्वारा कहा गया। अथवा श्रुतकेवली- गणधरके द्वारा कहा गया।

फिर भी देवसेन आदिके उल्लेख सर्वथा निराधार नहीं हो सकते। देवसेनने, आचार्यपरंपरासे जो चर्चाएँ चली आ रही थीं उन्हें दर्शनसारमें निबद्ध किया गया है। इससे सिद्ध होता है कि कुंदकुंदके विदेहगमनकी चर्चा दर्शनसारकी रचनाके पहले भी प्रचलित रही होगी।

कुंदकुंदाचार्यके नाम

पंचास्तिकायके टीकाकार जयसेनाचार्यने कुंदकुंद के पद्मनंदी आदि अपर नामोंका उल्लेख किया है। षट्प्राभृतके टीकाकार श्रुतसागरसूरिने पद्मनंदी, कुंदकुंदाचार्य, वक्रग्रीवाचार्य, एलाचार्य और गृद्धपिच्छाचार्य इन पाँच नामोंका निर्देश किया है। नंदिसंघसे संबद्ध विजयनगरके शिलालेखमें भी जो लगभग १३८६ ई. का है, उक्त पाँच नाम बतलाये गये हैं। नंदिसंघकी पट्टावलीमें भी उक्त पाँच नाम निर्दिष्ट हैं। परंतु अन्य शिलालेखोंमें पद्मनंदी और कुंदकुंद अथवा कोंडकुंद इन दो नामोंका उल्लेख मिलता है।

कुंदकुंदका जन्मस्थान

इंद्रनंदी आचार्यने पद्मनंदीको कुंडकुंदपुरका बतलाया है। इसीलिए श्रवणबेलगोलाके कितने ही शिलालेखोंमें उनका कोंडकुंद नाम लिखा है। श्री. पी. बी. देसाईने 'जैनिज्म इन साउथ इंडिया' में लिखा है कि गुंटकल रेल्वे स्टेशनसे लगभग ४ मीलपर कोनकुंडल नामका स्थान है जो अनंतपुर जिलेके गुटी तालुकेमें स्थित है। शिलालेखमें उसका प्राचीन नाम 'कोंडकुंदे' मिलता है। यहाँके निवासी आज भी इसे 'कोंडकुंदि' कहते हैं। बहुत कुछ संभव है कि कुंदकुंदाचार्यका जन्मस्थान यही हो।

कुंदकुंदके गुरु

संसारसे निःस्पृह वीतराग साधुओंके माता-पिताके नाम सुरक्षित रखने - लेखबद्ध करनेकी परंपरा प्रायः नहीं रही है। यही कारण है कि समस्त आचार्योंके माता-पिताविषयक इतिहासकी उपलब्धि प्रायः नहीं है। हाँ, उनके गुरुओंके नाम किसी न किसी रूपमें उपलब्ध होते हैं। पंचास्तिकायकी तात्पर्यवृत्तिमें जयसेनाचार्यने कुंदकुंदस्वामीके गुरुका नाम

कुमारनंदि सिद्धांतदेव लिखा है और नंदिसंघकी पट्टावलीमें उन्हें जिनचंद्रका शिष्य बतलाया है। परंतु कुंदकुंदाचार्यने बोधपाहुडके अंतमें अपने गुरुके रूपमें भद्रबाहुका स्मरण करते हुए अपने आपको भद्रबाहुका शिष्य बतलाया है। बोधपाहुड की गाथाएँ इस प्रकार हैं --

सद्दविआरो हूओ भासासुत्तेसु जं जिणे कहियं।
सो तह कहियं णाणं सीसेण य भद्दबाहुस्स।।६१।।
बारस अंगवियाणं चउदस पुव्वंग विउल वित्थरणं।
सुयणाणि भद्दबाहू गमयगुरू भयवओ जाओ।।६२।।

प्रथम गाथामें कहा गया है कि जिनेंद्र भगवान महावीरने अर्थरूपसे जो कथन किया है वह भाषासूत्रोंमें शब्दविकारको प्राप्त हुआ अर्थात् अनेक प्रकारके शब्दोंमें ग्रथित किया गया है। भद्रबाहुके शिष्यने उसे उसी रूपमें जाना और कथन किया है। द्वितीय गाथामें कहा गया है कि बारह अंगों और चौदह पूर्वोंके विपुल विस्तारके वेत्ता गमक गुरु भगवान् श्रुतकेवली भद्रबाहु जयवंत हों।

ये दोनों गाथाएँ परस्परमें संबद्ध हैं। पहली गाथामें अपने आपको जिन भद्रबाहुका शिष्य कहा है दूसरी गाथामें उन्हींका जयघोष किया है। यहाँ भद्रबाहुसे अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहु ही ग्राह्य जान पड़ते हैं, क्योंकि द्वादश अंग और चतुर्दश पूर्वका विपुल विस्तार उन्हींसे संभव था। इसका समर्थन समयप्राभृतके पूर्वोक्त प्रतिज्ञावाक्य 'वंदित्तु सव्वसिद्धे' से भी होता है। जिसमें उन्होंने कहा है कि मैं श्रुतकेवलीके द्वारा प्रतिपादित समयप्राभृतको कहूँगा। श्रवणबेलगोलाके अनेक शिलालेखोंमें यह उल्लेख मिलता है कि अपने शिष्य चंद्रगुप्तके साथ भद्रबाहु यहाँ पधारे और वहीं एक गुफामें उनका स्वर्गवास हुआ। इस घटनाको आज ऐतिहासिक तथ्यके रूपमें स्वीकृत किया गया है।

अब विचारणीय बात यह रहती है कि यदि कुंदकुंदको अंतिम श्रुतकेवली भद्रबाहुका साक्षात् शिष्य माना जाता है तो वे विक्रम शताब्दीसे ३०० वर्ष पूर्व ठहरते हैं और उस समय जबकि ग्यारह अंग और पूर्वोंके जानकार आचार्योंकी परंपरा विद्यमान थी तब उनके रहते हुए कुंदकुंद स्वामीकी इतनी प्रतिष्ठा कैसे संभव हो सकती है और कैसे उनका अन्वय चल सकता है? इस स्थितिमें कुंदकुंदको उनका परंपरा शिष्य ही माना जा सकता है, साक्षात् नहीं। श्रुतकेवली भद्रबाहुके द्वारा उपदिष्ट तत्त्व उन्हें गुरुपरंपरासे प्राप्त रहा होगा, उसीके आधारपर उन्होंने अपने आपको भद्रबाहुका शिष्य घोषित किया है। बोधपाहुडके संस्कृत टीकाकार श्रुतसागरसूरिने भी 'भद्दबाहुसीसेण' का अर्थ विशाखाचार्य कर कुंदकुंदको उनका परंपरा शिष्य ही स्वीकृत किया है। श्रुतसागर सूरि की पंक्तियाँ निम्न प्रकार हैं --

भद्रबाहुशिष्येण अर्हद्बलिगुप्तिगुप्तापरनामद्वयेन विशाखाचार्यनाम्नां दशपूर्वधारिणामेकादशाचार्याणां मध्ये प्रथमेन ज्ञातम्।

इन पंक्तियों द्वारा कहा गया है कि यहाँ भद्रबाहुके शिष्यसे विशाखाचार्यका ग्रहण है। इन विशाखाचार्यके अर्हद्बलि और गुप्तिगुप्त ये दो नाम और भी हैं तथा ये दश पूर्वके धारक ग्यारह आचार्योंके मध्य प्रथम आचार्य थे। भद्रबाहु अंतिम श्रुतकेवली थे जैसा कि श्रुतसागरसूरिने ६२ वीं गाथाकी टीकामें कहा है -- **'पञ्चानां श्रुतकेवलिनां मध्येऽन्त्यो भद्रबाहुः'**

अर्थात् भद्रबाहु पाँच श्रुतकेवलियोंमें अंतिम श्रुतकेवली थे। अतः उनके द्वारा उपदिष्ट तत्त्वको उनके शिष्य विशाखाचार्यने जाना। उसीकी परंपरा आगे चलती रही। गमकगुरुका अर्थ श्रुतसागर सूरिने उपाध्याय किया है सो विशाखाचार्यके लिए यह विशेषण उचित ही है।

कुंदकुंद स्वामीका समय

कुंदकुंद स्वामीके समयनिर्धारण पर 'प्रवचनसार' की प्रस्तावनामें डॉ. ए.एन्. उपाध्येने, 'समंतभद्र' की प्रस्तावनामें स्व. जुगलकिशोरजी मुख्त्यारने, 'पंचास्तिकाय' की प्रस्तावनामें डॉ. ए. चक्रवर्तीने तथा 'कुंदकुंद प्राभृत संग्रह' की प्रस्तावनामें श्री. पं. कैलाशचंद्रजी शास्त्रीने विस्तारसे चर्चा की है। लेखविस्तारके भयसे मैं उन सब चर्चाओंके अवतरण नहीं देना चाहता। जिज्ञासु पाठकोंको तत् तत् ग्रंथोंसे जाननेकी प्रेरणा करता हुआ कुंदकुंद स्वामीके समय निर्धारणके विषयमें प्रचलित मात्र दो मान्यताओंका उल्लेख कर रहा हूँ। एक मान्यता प्रो. हार्नले द्वारा संपादित नंदिसंघकी पट्टावलियोंके आधारपर यह है कि कुंदकुंद विक्रमकी पहली शताब्दीके विद्वान् थे। वि. स. ४९ में वे आचार्यपदपर प्रतिष्ठित हुए, ४४ वर्षकी अवस्थामें उन्हें आचार्य पद मिला, ५१ वर्ष १० महीने तक वे उस पदपर प्रतिष्ठित रहे और उनकी कुल आयु ९५ वर्ष १० माह १५ दिनकी थी। डॉ. ए. चक्रवर्तीने पंचास्तिकायकी प्रस्तावनामें अपना यही अभिप्राय प्रकट किया है। और दूसरी मान्यता यह है कि वे विक्रमकी दूसरी शताब्दीके उत्तरार्ध अथवा तीसरी शताब्दीके प्रारंभके विद्वान् थे। जिसका समर्थन श्री. नाथूरामजी प्रेमी तथा पं. जुगलकिशोरजी मुख्त्यार आदि विद्वान् करते आये हैं।

कुंदकुंदके ग्रंथ और उनकी महत्ता

दिगंबर जैन ग्रंथोंमें कुंदकुंदाचार्य द्वारा रचित ग्रंथ अपना अलग प्रभाव रखते हैं। उनकी वर्णन शैली ही इस प्रकारकी है कि पाठक उससे वस्तुरूपका अनुगम बड़ी सरलतासे कर लेता है। व्यर्थके विस्तारसे रहित, नपे-तुले शब्दोंमें किसी बातको कहना इन ग्रंथोंकी विशेषता है। कुंदकुंदकी वाणी सीधी हृदयपर असर करती है। निम्नांकित ग्रंथ कुंदकुंद स्वामीके द्वारा रचित निर्विवादरूपसे माने जाते हैं तथा जैन समाजमें उनका सर्वोपरि मान है। १. पंचास्तिकाय, २. समयसार, ३. प्रवचनसार, ४. नियमसार, ५. अष्टपाहुड (दंसणपाहुड, चरित्तपाहुड, सुत्तपाहुड, बोधपाहुड, भावपाहुड, मोक्खपाहुड, सीलपाहुड और लिंगपाहुड), ६. बारसणुपेक्खा और भत्तिसंगहो।

इनके सिवाय 'रयणसार' नामका ग्रंथ भी कुंदकुंद स्वामीके द्वारा रचित प्रसिद्ध है। परंतु उसके अनेक पाठभेद देखकर विद्वानोंका मत है कि यह कुंदकुंदके द्वारा रचित नहीं है अथवा इसके अंदर अन्य लोगोंकी गाथाएँ भी सम्मिलित हो गयी हैं। भांडारकर रिसर्च इन्स्टिट्यूट, पूनासे हमने १८२५ संवत्की हस्तलिखित प्रति बुलाकर उससे मुद्रित रयणसारकी गाथाओंका मिलान किया तो बहुत अंतर मालूम हुआ। मुद्रित प्रतिमें बहुतसी गाथाएँ छूटी हुई हैं तथा नवीन गाथाएँ मुद्रित हैं। उस प्रतिपर रचयिता का नाम नहीं है। उधर सूचीमें भी यह प्रति अज्ञात लेखकके नामसे दर्ज है। चर्चा आनेपर पं. परमानंद शास्त्रीने बतलाया कि हमने ७०-८० प्रतियाँ देखी हैं, सबका यही हाल है। मुद्रित प्रतिमें अपभ्रंशका एक दोहा भी शामिल हो गया है तथा कुछ इस अभिप्रायकी गाथाएँ हैं जिनका कुंदकुंदकी विचारधारासे मेल नहीं खाता। यही कारण है कि मैंने इस संग्रहमें उसका संकलन नहीं किया है। प्रसिद्धिको देखकर गाथाओंका अनुवाद शुरू किया था और आधेसे अधिक गाथाओंका अनुवाद हो भी चुका था, पर मुद्रित प्रतिके पाठोंपर संतोष न होनेसे पूनासे हस्तलिखित प्रति बुलायी। मिलान करनेपर जब भारी भेद देखा तब उसे सम्मिलित करनेका विचार छोड़ दिया। इंद्रनंदिके श्रुतावतारके अनुसार षट्खंडागमके आद्य भागपर कुंदकुंद स्वामीके द्वारा रचित परिकर्म ग्रंथका उल्लेख मिलता है। इस ग्रंथका उल्लेख षट्खंडागमके विशिष्ट पुरस्कर्ता आचार्य वीरसेनने अपनी टीकामें कई जगह किया है। इससे पता चलता है कि उनके समय तक तो वह उपलब्ध रहा। परंतु आजकल उसकी उपलब्धि नहीं है। शास्त्रभांडारों, खासकर दक्षिणके शास्त्रभांडारोंमें इसकी खोज की जानी चाहिए। मूलाचार भी कुंदकुंद स्वामीके द्वारा रचित माना जाने लगा है क्योंकि उसकी अंतिम पुष्पिकामें **'इति मूलाचार्य विवृतौ द्वादशोऽध्यायः। कुन्दकुन्दाचार्यप्रणीत मूलाचाराख्य विवृतिः। कृतिरियं वसुनन्दिनः**

श्रमणस्य' यह उल्लेख पाया जाता है। विशेष परिज्ञानके लिए पुरातन वाक्य सूचीकी प्रस्तावनामें स्व. पं. जुगलकिशोरजी मुख्त्यारका संदर्भ पठितव्य है।

कुंदकुंद साहित्यमें सुषमा

कुंदकुंदाचार्य ने अधिकांश गाथा छंदका, जो कि आर्या नामसे प्रसिद्ध है, प्रयोग किया है। कहीं अनुष्टुप् और उपजातिका भी प्रयोग किया है। एक ही छंदको पढ़ते-पढ़ते बीचमें यदि विभिन्न छंद आ जाता है तो उससे पाठकको एक विशेष प्रकारका हर्ष होता है। कुंदकुंद स्वामीके अनुष्टुप् छंदका नमूना देखिए --

ममत्तिं परिवज्जामि, निम्ममत्तिमुवट्ठिदो।
आलंबणं च मे आदा, अवसेसाइ वोसरे।।५७।। -- भावप्राभृत
एगो मे सस्सदो अप्पा, णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा, सव्वे संजोगलक्खणा।।५९।। -- भावप्राभृत
सुहेण भाविदं णाणं, दुहे जादे विणस्सदि।
तम्हा जहाबलं जोई, अप्पा दुक्खेहि भावए।।६२।। -- मोक्षप्राभृत
विरदी सव्वसावज्जे, त्रिगुत्ती पिहिदिंदिओ।
तस्स सामाइगं ठाइ, इदि केवलिसासणे।।१२५।।
जो समो सव्वभूदेसु, थावरेसु तसेसु वा।
तस्स सामाइगं ठाइ, इदि केवलिसासणे।।१२६।। -- नियमसार
चेया उ पयडी अट्ठं, उप्पज्जइ विणस्सइ।
पयडी वि चेययट्ठं, उप्पज्जइ विणस्सइ।।३१२।।
एवं बंधो उ दुण्हं वि, अण्णोण्णप्पच्चया हवे।
अप्पणो पयडीए य, संसारो तेण जायए।। -- समयप्राभृत

एक उपजातिका नमूना देखिए --

णिद्धस्स णिद्धेण दुराहिएण
लुक्खस्स लुक्खेण दुराहियेण।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेदि बंधो
जहण्णवज्जे विसमे समे वा।। -- प्रवचनसार

अलंकारोंकी पुट भी कुंदकुंद स्वामीने यथास्थान दी है। जैसे, अप्रस्तुत प्रशंसाका एक उदाहरण देखिए --

न मुयइ पयडि अभव्वो, सुट्ठु वि आयण्णिऊण जिणधम्मं।
गुडदुद्धं पि पिवंता ण पण्णया णिव्विसा होंति।।१३६।। -- भावप्राभृत

थोड़ेसे हेरफेर के साथ यह गाथा समयप्राभृतमें आयी है।

उपमालंकारकी छटा देखिए --

जह तारयाण चंदो, मयराओ मयउलाण सव्वाणं।
अहिओ तह सम्मत्तो, रिसिसावय दुविहधम्माणं।।१४२।।

जह फणिराओ रेहइ, फणिमणिमाणिक्ककिरणविप्फुरिओ।
तह विमलदंसणधरो, जिणभत्ती पवयणो जीवो।।१४३।।
जह तारायणसहियं, ससहरबिंबं खमंडले विमले।
भाविय तह वयविमलं, जिणलिंगं दंसणविसुद्धं।।१४४।।
जह सलिलेण ण लिप्पइ, कमलिणिपत्तं सहावपयडीए।
तह भावेण ण लिप्पइ, कसायविसए हि सुप्पुरिसो।।१५२।। -- भावप्राभृत

रूपकालंकारकी बहार देखिए --

जिणवरचरणांबुरुहं, णमंति जे परमभत्तिरायेण।
ते जम्मवेलिमूलं, खणंति वरभावसत्थेण।।१५१।।
ते धीरवीरपुरिसा, खमदमखग्गेण विप्फुरंतेण।
दुज्जयपवलबलुद्धरकसायमडणिज्जिया जेहिं।।१५४।।
मायावेल्लि असेसा, मोहमहातरुवरम्मि आरूढा।
विसयविसपुप्फफुल्लिय, लुणंति मुणि णाणसत्थेहिं।।१५६।। -- भावप्राभृत

कहींपर कूटक पद्धतिका भी अनुसरण किया है। यथा,

तिहि तिण्णि धरवि णिच्चं, तियरहिओ तह तिएण परियरिओ।
दो दोस विप्पमुक्को, परमप्पा झायए जोई।।४४।। -- मोक्षप्राभृत

अर्थात् तीनके द्वारा (तीन गुप्तियोंके द्वारा) तीनको (मन वचन कायको) धारण कर निरंतर तीनसे (शल्यत्रयसे) रहित, तीनसे (रत्नत्रयसे) सहित और दो दोषों (राग द्वेष) मुक्त रहनेवाला योगी परमात्माका ध्यान करता है।

कुंदकुंदका शिलालेखों तथा उत्तरवर्ती ग्रंथोंमें उल्लेख

कुंदकुंदस्वामी अत्यंत प्रसिद्ध और सर्वमान्य आचार्य थे। अतः इनका उल्लेख अनेक शिलालेखोंमें मिलता है तथा इनके उत्तरवर्ती ग्रंथकारोंने बड़ी श्रद्धाके साथ इनका संस्मरण किया है। 'जैन संदेश' के शोधांकोंके आधारपर कुछ उल्लेखोंका यहाँ संकलन किया जाता है।

श्रीमतो वर्धमानस्य वर्धमानस्य शासने।
श्री कोण्डकुन्दनामाभून्मूलसङ्घाग्रणीर्गणो।। -- श्र. बे. शि. ५५/६९/४९२
वन्द्यो विभुर्भुवि न कैरिह कोण्डकुन्दः
कुन्दप्रभाप्रणयिकीर्तिविभूषिताशः।
यश्चारुचारणकराम्बुजचञ्चरीक-
श्चक्रे श्रुतस्य भरते प्रयतः प्रतिष्ठाम्।। -- श्र. बे. शि. ५४/६७
तस्यान्वये भूविदिते बभूव यः पद्मनन्दिप्रथमाभिधानः।
श्रीकोण्डकुन्दादिमुनीश्वराख्यस्तत्संयमादुद्गतचारणर्द्धिः।।
-- श्र. बे. शि. ४०/६०
श्रीपद्मनन्दीत्यनवद्यनामा ह्याचार्यशब्दोत्तरकोण्डकुन्दः।
द्वितीयमासीदभिधानमुद्यच्चरित्रसञ्जातसुचारणर्द्धिः।
-- श्र. बे. शि. ४२, ४३, ४७, ५०

इत्याद्यनेकसूरिष्वथ सुपदमुपेतेषु दीव्यतपस्या-
शास्त्राधारेषु पुण्यादजनि स जगतां कोण्डकुन्दो यतीन्द्रः।
रजोभिरस्पृष्टमत्वमन्तर्बाह्योऽपि संव्यञ्जयितुं यतीशः।
रजःपदं भूमितलं विहाय चचार मध्ये चतुरङ्गुलं सः।। -- श्र. बे. शि. १०५
तदीयवंशाकरतः प्रसिद्धादभूतदोषा यतिरत्नमाला।
बभौ यदन्तर्मणिवन्मुनीन्द्रस्स कुण्डकुन्दोदितचण्डदण्डः।। -- श्र. बे. शि. १०८
श्रीमूलसङ्घेऽजनि कुन्दकुन्दः सूरिर्महात्माखिलतत्त्ववेदी।
सीमन्धरस्वामिपदप्रबन्दी पञ्चाह्वयो जैनमतप्रदीपः।। -- धर्मकीर्ति, हरिवंशपुराण
कवित्वनलिनीग्रामनिबोधनसुधाघृणिम्।
वन्द्यैर्वन्द्यमहं वन्दे कुन्दकुन्दाभिधं मुनिम्।। -- मु. विद्यानन्दि , सुदर्शनचरित
श्रीमूलसङ्घेऽजनि नन्दिसङ्घस्तस्मिन् बलात्कारगणोऽतिरम्यः।
तत्रापि सारस्वतनाम्नि गच्छे स्वच्छाशयोऽभूदिह पद्मनन्दी।।
आचार्यकुन्दकुन्दाख्यो वक्रग्रीवो महामतिः।
एलाचार्यो गृध्रपिच्छ इति तन्नाम पञ्चधा।। -- सा. इ. इन्स. नै. १५२
कुन्दकुन्दमुनिं वन्दे चतुरङ्गुलचारणम्।
कलिकाले कृतं येन वात्सल्यं सर्वजन्तुषु।। -- सोमसेन पुराण
सृष्टेः समयसारस्य कर्ता सूरिपदेश्वरः।
श्रीमच्छ्रीकुन्दकुन्दाख्यस्तनोतु मतिमेदुराम्।। -- अजितब्रह्म, अजितपुराण
सन्नन्दिसङ्घसुरवर्त्मदिवाकरोऽभूच्छ्रीकुन्दकुन्द इतिनाम मुनीश्वरोऽसौ।
जीयात् स वै विहितशास्त्रसुधारसेन मिथ्याभुजङ्गगरलं जगतः प्रणष्टम्।।
-- मेधावी, धर्मसंग्रह श्रावकाचार
आसाद्य द्युसदां सहायमसमं गत्वा विदेहं जवा-
दद्राक्षीत् किल केवलेक्षणमिनं द्योतक्षमध्यक्षतः।
स्वामी साम्यपदाधिरूढधिषणः श्रीनन्दिसंङ्घश्रियो
मान्यः सोऽस्तु शिवाय शान्तमनसां श्रीकुन्दकुन्दाभिधः।।
-- अमृतकीर्तिसूरि, जिनसहस्रनाम टीका
श्रीमूलसङ्घेऽजनि नन्दिसङ्घस्तस्मिन् बलात्कारगणेऽतिरम्ये।
तत्राभवत्पूर्वपदांशवेदी श्रीमाघनन्दी नरदेववन्द्यः।।
पदे तदीये मुनिमान्यवृत्तौ जिनादिचन्द्रः समभूदतन्द्रः।
ततोऽभवत्पञ्चसुनामधामा श्रीपद्मनन्दी मुनिचक्रवर्ती।। -- नन्दिसंघ पट्टावली

कुंदकुंदाचार्यकी नयव्यवस्था

वस्तुस्वरूपका अधिगम -- ज्ञान, प्रमाण और नयके द्वारा होता है। प्रमाण वह है जो पदार्थमें रहनेवाले परस्परविरोधी दो धर्मोंको एकसाथ ग्रहण करता है और नय वह है जो पदार्थमें रहनेवाले परस्परविरोधी दो धर्मोंमेंसे एकको प्रमुख और

दूसरेको गौण कर विवक्षानुसार क्रमसे ग्रहण करता है। नयोंका निरूपण करनेवाले आचार्योंने उनका शास्त्रीय और आध्यात्मिक दृष्टिसे विवेचन किया है। शास्त्रीय दृष्टिकी नय विवेचनामें नयके द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक तथा उनके नैगमादि सात भेद निरूपित किये गये हैं और आध्यात्मिक दृष्टिमें निश्चय तथा व्यवहार नयका निरूपण है। यहाँ द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक दोनों ही निश्चयमें समा जाते हैं और व्यवहारमें उपचारका कथन रह जाता है। शास्त्रीय दृष्टिमें वस्तुस्वरूपकी विवेचनाका लक्ष्य रहता है और आध्यात्मिक दृष्टिमें उस नयविवेचनाके द्वारा आत्माके शुद्ध स्वरूपको प्राप्त करनेका अभिप्राय रहता है। इन दोनों दृष्टियोंका अंतर बतलाते हुए 'कुंदकुंद प्राभृत संग्रह' की प्रस्तावनामें पृष्ठ ८२ पर श्रीमान् सिद्धांताचार्य पं. कैलाशचंद्रजीने निम्नांकित पंक्तियाँ बहुतही महत्त्वपूर्ण लिखी हैं --

"शास्त्रीय दृष्टि वस्तुका विश्लेषण करके उसकी तह तक पहुँचनेकी चेष्टा करती है। उसकी दृष्टिमें निमित्त कारणके व्यापारका उतना ही मूल्य है जितना उपादान कारणके व्यापारका। और परसंयोगजन्य अवस्था भी उतनी ही परमार्थ है जितनी स्वाभाविक अवस्था। जैसे उपादान कारणके बिना कार्य नहीं होता वैसे ही निमित्त कारणके बिना भी कार्य नहीं होता। अतः कार्यकी उत्पत्तिमें दोनोंका सम व्यापार है। जैसे मिट्टीके बिना घट उत्पन्न नहीं होता वैसे ही कुम्हार-चक्र आदिके बिना भी घट उत्पन्न नहीं होता। ऐसी स्थितिमें वास्तविक स्थितिका विश्लेषण करनेवाली शास्त्रीय दृष्टि किसी एक पक्षमें अपना फैसला कैसे दे सकती है? इसी तरह मोक्ष जितना यथार्थ है संसार भी उतना ही यथार्थ है और संसार जितना यथार्थ है उसके कारणकलाप भी उतने ही यथार्थ हैं। संसारदशा न केवल जीवकी अशुद्ध दशाका परिणाम है और न केवल पुद्गलकी अशुद्ध दशाका परिणाम है। किंतु जीव और पुद्गलके मेलसे उत्पन्न हुई अशुद्ध दशाका परिणाम है। अतः शास्त्रीय दृष्टिसे जितना सत्य जीवका अस्तित्व है और जितना सत्य पुद्गलका अस्तित्व है उतना ही सत्य उन दोनोंका मेल और संयोगज विकार भी है। वह सांख्यकी तरह पुरुषमें आरोपित नहीं है किंतु प्रकृति और पुरुषके संयोगजन्य बंधका परिणाम है, अतः शास्त्रीय दृष्टिसे जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा, पुण्य, पाप और मोक्ष सभी यथार्थ और सारभूत हैं। अतः सभीका यथार्थ श्रद्धान सम्यग्दर्शन है। और चूँकि उसकी दृष्टिमें कार्यकी उत्पत्तिमें निमित्तकारण भी उतनाही आवश्यक है जितना कि उपादान कारण, अतः आत्मप्रतीतिमें निमित्तभूत देव शास्त्र और गुरु वगैरहका श्रद्धान भी सम्यग्दर्शन है। उसमें गुणस्थान भी है, मार्गणास्थान भी है -- सभी है। शास्त्रीय दृष्टिकी किसी वस्तुविशेषके साथ कोई पक्षपात नहीं है। वह वस्तुस्वरूपका विश्लेषण किसी हित अहितको दृष्टिमें रखकर नहीं करती।"

आध्यात्मिक दृष्टिका विवेचन करते हुए पृष्ठ ८३ पर लिखा है --

"शास्त्रीय दृष्टिके सिवाय एक दृष्टि आध्यात्मिक भी है। उसके द्वारा आत्मतत्त्वको लक्ष्यमें रखकर वस्तु का विचार किया जाता है। जो आत्माके आश्रित हो उसे अध्यात्म कहते हैं। जैसे वेदांती ब्रह्मको केंद्रमें रखकर जगत्के स्वरूपका विचार करते हैं वैसे ही अध्यात्म दृष्टि आत्माको केंद्रमें रखकर विचार करती है। जैसे वेदांत में ब्रह्म ही परमार्थ सत् है और जगत् मिथ्या है, वैसे ही अध्यात्मविचारणामें एकमात्र शुद्ध बुद्ध आत्मा ही परमार्थ सत् है और उसकी अन्य सब दशाएँ व्यवहार सत्य हैं। इसीसे शास्त्रीय क्षेत्रमें जैसे वस्तुतत्त्वका विवेचन द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयोंके द्वारा किया जाता है वैसे ही अध्यात्ममें निश्चय और व्यवहार नयके द्वारा आत्मतत्त्वका विवेचन किया जाता है और निश्चय दृष्टिको परमार्थ और व्यवहार दृष्टिको अपरमार्थ कहा जाता है। क्योंकि निश्चय दृष्टि आत्माके यथार्थ शुद्ध स्वरूपको दिखलाती है और व्यवहार दृष्टि अशुद्ध अवस्थाको दिखलाती है। अध्यात्मी मुमुक्षु शुद्ध आत्मतत्त्वको प्राप्त करना चाहता है अतः उसकी प्राप्तिके लिए प्रथम उसे उस दृष्टिकी आवश्यकता है जो आत्माके शुद्ध स्वरूपका दर्शन करा सकनेमें समर्थ है। ऐसी दृष्टि निश्चय दृष्टि है अतः मुमुक्षुके लिए वही दृष्टि भूतार्थ है। जिससे आत्माके अशुद्ध स्वरूपका दर्शन होता है वह

व्यवहार दृष्टि उसके लिए कार्यकारी नहीं है, अतः वह अभूतार्थ कही जाती है। इसीसे आचार्य कुंदकुंदने समयप्राभृतके प्रारंभमें 'ववहारोऽभूदत्थो भूदत्थो देसिदो य सुद्धणयो' लिखकर व्यवहारको अभूतार्थ और शुद्धनय अर्थात् निश्चयको भूतार्थ कहा है।"

कुंदकुंद स्वामीने समयसार और नियमसारमें आध्यात्मिक दृष्टिसे आत्मस्वरूपका विवेचन किया है, अतः इनमें निश्चयनय और व्यवहारनय ये दो भेद ही दृष्टिगत होते हैं। वस्तुके एक -- अभिन्न और स्वाभाविक -- परनिरपेक्ष त्रैकालिक स्वभावको जाननेवाला नय निश्चयनय है और अनेक -- भेदरूप वस्तु तथा उसके पराश्रित -- परसापेक्ष परिणमनको जाननेवाला नय व्यवहारनय है। यद्यपि अन्य आचार्योंने निश्चयनयके शुद्ध निश्चयनय और अशुद्ध निश्चयनय इस प्रकार दो भेद किये हैं तथा व्यवहारनयके सद्भूत, असद्भूत, अनुपचरित और उपचरितके भेदसे अनेक भेद स्वीकृत किये हैं। परंतु कुंदकुंद स्वामीने इन भेदोंके चक्रमें न पड़कर मात्र दो भेद स्वीकृत किये हैं। अपने गुण-पर्यायोंसे अभिन्न आत्माके त्रैकालिक स्वभावको उन्होंने निश्चय नयका विषय माना है और कर्मके निमित्तसे होनेवाली आत्माकी परिणतिको व्यवहार नयका विषय कहा है। निश्चय नय आत्मामें काम, क्रोध, मान, माया, लोभ आदि विकारोंको स्वीकृत नहीं करता। चूँकि वे पुद्गलके निमित्तसे होते हैं अतः उन्हें पुद्गलके मानता है। इसी तरह गुणस्थान तथा मार्गणा आदि विकल्प जीवके स्वभाव नहीं हैं अतः निश्चय नय उन्हें स्वीकृत नहीं करता। इन सबको आत्माके कहना व्यवहार नयका विषय है। निश्चय नय स्वभावको विषय करता है, विभावको नहीं। जो स्वमें स्वके निमित्तसे सदा रहता है वह स्वभाव है, जैसे जीवके ज्ञानादि। और जो स्वमें परके निमित्तसे होते हैं वे विभाव हैं, जैसे जीवमें क्रोधादि। ये विभाव, चूँकि आत्मामें ही परके निमित्तसे होते हैं इसलिए इन्हें कथंचित् आत्माके कहनेके लिए जयसेन आदि आचार्योंने निश्चय नयमें शुद्ध और अशुद्धका विकल्प स्वीकृत किया है, परंतु कुंदकुंद महाराज विभावको आत्माका मानना स्वीकृत नहीं करते, वे उसे व्यवहारका ही विषय मानते हैं। अमृतचंद्र सूरिने भी इन्हींका अनुसरण किया है।

यद्यपि वर्तमानमें जीवकी बद्धस्पृष्ट दशा है और उसके कारण रागादि विकारी भाव उसके अस्तित्वमें प्रतीत हो रहे हैं तथापि निश्चय नय जीवकी अबद्धस्पृष्ट दशा और उसके फलस्वरूप रागादि रहित -- वीतराग परिणति की ही अनुभूति कराता है। स्वरूपकी अनुभूति कराना इस नयका उद्देश्य है अतः वह संयोगज दशा और संयोगज परिणामोंकी ओरसे मुमुक्षुका लक्ष्य हटा देना चाहता है। निश्चय नयका उद्घोष है कि हे मुमुक्षु प्राणी! यदि तू अपने स्वभावकी ओर लक्ष्य नहीं करेगा तो इस संयोगदशा और तज्जन्य विकारोंको दूर करनेका तेरा पुरुषार्थ कैसे जागृत होगा?

अध्यात्म दृष्टि आत्मामें गुणस्थान तथा मार्गणा आदिके भेदोंका अस्तित्व भी स्वीकृत नहीं करती। वह परनिरपेक्ष आत्मस्वभावको और उसके प्रतिपादक निश्चयनयको ही भूतार्थ तथा उपादेय मानती है और परसापेक्ष आत्माके विभाव और उसके प्रतिपादक व्यवहार नयको अभूतार्थ तथा हेय मानती है। इसकी दृष्टिमें एक निश्चय ही मोक्षमार्ग है, व्यवहार नहीं। यद्यपि व्यवहार मोक्षमार्ग निश्चय मोक्षमार्गका साधक है तथापि वह साध्य-साधकके विकल्पसे हटकर एक निश्चय मोक्षमार्गको ही अंगीकृत करती है। व्यवहार मोक्षमार्ग इसके साथ चलता है इसका निषेध यह नहीं करती।

पंचास्तिकाय और प्रवचनसारमें आचार्यने आध्यात्मिक दृष्टिके साथ शास्त्रीय दृष्टिको भी प्रश्रय दिया है, इसलिए इन ग्रंथोंमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक नयोंका भी वर्णन प्राप्त होता है। सम्यग्दर्शनके विषयभूत जीवादि पदार्थोंका वर्णन करनेके लिए शास्त्रीय दृष्टिको अंगीकृत किये बिना काम नहीं चल सकता। इसलिए द्रव्यार्थिक नयसे जहाँ जीवके नित्य -- अपरिणामी स्वभावका वर्णन किया जाता है वहाँ पर्यायार्थिक नयसे उसके अनित्य -- परिणामी स्वभावका भी वर्णन किया जाता है। द्रव्य, यद्यपि गुण और पर्यायोंका एक अभिन्न -- अखंड पिंड है तथापि उनका अस्तित्व बतलानेके

लिए उनका भेद भी स्वीकृत किया जाता है। इसीलिए द्रव्यमें गुण और पर्यायोंका भेदाभेद दृष्टिसे निरूपण मिलता है। इन ग्रंथोंमें व्यवहार और निश्चय मोक्षमार्गकी चर्चा की गयी है तथा उसमें साधक साम्यभावका उल्लेख किया गया है।

प्रवचनसारके अंतमें अमृतचंद्र स्वामीने द्रव्यनय, पर्यायनय, अस्तित्वनय, नास्तित्वनय, नामनय, स्थापनानय, नियतिनय, अनियतिनय, कालनय, अकालनय, पुरुषकारनय, दैवनय, निश्चयनय, व्यवहारनय, शुद्धनय तथा अशुद्धनय आदि ४७ नयोंके द्वारा आत्माका निरूपण किया है। इन नयोंको द्रव्यार्थिक, पर्यायार्थिक अथवा निश्चय और व्यवहारनयका विषय न बनाकर स्वतंत्ररूपसे प्रतिपादित किया गया है।

निश्चयनयकी भूतार्थता और व्यवहारनयकी अभूतार्थता

आध्यात्मिक दृष्टिमें भूतार्थग्राही होनेसे निश्चयनयको भूतार्थ और अभूतार्थग्राही होनेसे व्यवहारनयको अभूतार्थ कहा गया है। इसकी संगति अनेकान्तके आलोकमें ही संपन्न होती है, क्योंकि व्यवहारनयकी अभूतार्थता निश्चयनयकी अपेक्षा है। स्वरूप और स्वप्रयोजनकी अपेक्षा नहीं। उसे सर्वथा अभूतार्थ माननेमें बड़ी आपत्ति दिखती है। श्री अमृतचंद्र सूरिने समयसारकी ४६ वीं गाथाकी टीकामें लिखा है --

"व्यवहारो हि व्यवहारिणां म्लेच्छभाषैव म्लेच्छानां परमार्थप्रतिपादकत्वादपरमार्थोऽपि तीर्थप्रवृत्तिनिमित्तं दर्शयितुं न्याय्य एव। तमन्तरेण तु शरीराज्जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनात् त्रसस्थावराणां भस्मन इव निःशङ्कमुपमर्दनेन हिंसाऽभावाद् भवत्येव बन्धस्याभावः। तथा रक्तो द्विष्टो विमूढो जीवो बध्यमानो मोचनीय इति रागद्वेषमोहेभ्यो जीवस्य परमार्थतो भेददर्शनेन मोक्षोपायपरिग्रहणाभावाद् भवत्येव मोक्षस्याभावः।"

यही भाव तात्पर्यवृत्ति में जयसेनाचार्यने भी दिखलाया है --

"यद्यप्ययं व्यवहारनयो बहिर्द्रव्यालम्बनत्वेनाभूतार्थस्तथापि रागादिबहिर्द्रव्यालम्बनरहितविशुद्ध ज्ञानदर्शनस्वभावालम्बनसहितस्य परमार्थस्य प्रतिपादकत्वाद् दर्शयितुमुचितो भवति। यदा पुनर्व्यवहारनयो न भवति तदा शुद्धनिश्चयनयेन त्रसस्थावरनया न भवन्तीति मत्वा निःशङ्कोपमर्दनं कुर्वन्ति जनाः। ततश्च पुण्यरूपधर्माभाव इत्येकं दूषणं, तथैव शुद्धनयेन रागद्वेषमोहरहितः पूर्वमेव मुक्तो जीवस्तिष्ठतीति मत्वा मोक्षार्थमनुष्ठानं कोऽपि न करोति, ततश्च मोक्षाभाव इति द्वितीयं च दूषणम्। तस्माद् व्यवहारनयव्याख्यानमुचितं भवतीत्यभिप्रायः।"

इन अवतरणोंका भाव यह है --

यद्यपि व्यवहारनय अभूतार्थ है तो भी जिस प्रकार म्लेच्छोंको समझानेके लिए म्लेच्छ भाषाका अंगीकार करना उचित है उसी प्रकार व्यवहारी जीवोंको परमार्थका प्रतिपादक होनेसे तीर्थकी प्रवृत्तिके निमित्त, अपरमार्थ होनेपर भी व्यवहार नयका दिखलाना न्यायसंगत है। अन्यथा व्यवहारके बिना परमार्थनयसे जीव शरीरसे सर्वथा भिन्न दिखाया गया है, इस दशामें जिस प्रकार भस्मका उपमर्दन करनेसे हिंसा नहीं होती उसी प्रकार त्रय स्थावर जीवोंका निःशंक उपमर्दन करनेसे हिंसा नहीं होगी और हिंसाके न होनेसे बंधका अभाव हो जायेगा, बंधके अभावसे संसारका अभाव हो जायेगा। इसके अतिरिक्त 'रागी द्वेषी और मोही जीव बंधको प्राप्त होता है। अतः उसे ऐसा उपदेश देना चाहिए कि जिससे वह राग द्वेष और मोहसे छूट जावे' यह जो आचार्योंने मोक्षका उपाय बतलाया है वह व्यर्थ हो जायेगा। क्योंकि परमार्थसे जीव, राग द्वेष मोहसे भिन्न ही दिखाया जाता है। जब भिन्न है तब मोक्षके उपाय की स्वीकृति करना असंगत होगा, इस तरह मोक्षका भी अभाव हो जायेगा।

नय श्रुतज्ञानके विकल्प हैं और श्रुत स्वार्थ तथा परार्थकी अपेक्षा दो प्रकारका है। जिससे अपना अज्ञान दूर हो

वह स्वार्थ श्रुत है और जिससे दूसरेका अज्ञान दूर हो वह परार्थ श्रुत है। नयोंका प्रयोग पात्रभेदकी अपेक्षा रखता है। एक ही नयसे सब पात्रोंका कल्याण नहीं हो सकता। कुंदकुंद स्वामीने स्वयं भी समयसारकी १२ वीं गाथामें इसका विभाग किया है कि शुद्ध नय किसके लिए और अशुद्ध नय किसके लिए आवश्यक है। शुद्ध नयसे तात्पर्य निश्चय नयका और अशुद्ध नयसे तात्पर्य व्यवहार नयका लिया गया है।

गाथा इस प्रकार है --

सुद्धो सुद्धादेसो णायव्वो परमभावदरसीहिं।
ववहारदेसिदा पुण जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे।।१२।।

अर्थात्, जो परमभावको देखनेवाले हैं उनके द्वारा तो शुद्धनयका कथन करनेवाला शुद्धनय जाननेके योग्य है और जो अपरमभावमें स्थित हैं वे व्यवहारनयके द्वारा उपदेश देनेके योग्य है।

नयके विसंवादसे मुक्त होनेके लिए कहा गया है --

जइ जिणमअं पवज्जह तो मा ववहारणिच्छए मुयह।
एकेण विणा छिज्जइ तित्थं अण्णेण पुण तच्चं।।

अर्थात्, यदि जिनेंद्र भगवानके मतकी प्रवृत्ति चाहते हो तो व्यवहार और निश्चय दोनों नयोंको मत छोड़ो। क्योंकि यदि व्यवहारको छोड़ोगे तो तीर्थकी प्रवृत्तिका लोप हो जावेगा अर्थात् धर्मका उपदेश ही नहीं हो सकेगा, फलतः धर्मतीर्थका लोप हो जायेगा और यदि निश्चयको छोड़ोगे तो तत्त्वका ही लोप हो जायेगा, क्योंकि तत्त्वको कहनेवाला तो वही है।

यही भाव अमृतचंद्र सूरिने कलश काव्यमें दरशाया है --

उभयनयविरोधध्वंसिनि स्यात्पदाङ्के
जिनवचसि रमन्ते ये स्वयं वान्तमोहाः।
सपदि समयसारं ते परं ज्योतिरुच्चै-
रनवमनयपक्षाक्षुण्णमोक्षन्त एव।।१४।।

अर्थात्, जो जीव स्वयं मोहका वमन कर निश्चय और व्यवहारनयके विरोधको ध्वस्त करनेवाले एवं स्यात्पदसे चिह्नित जिनवचनमें रमण करते हैं वे शीघ्र ही उस समयसारका अवलोकन करते हैं जो कि परम ज्योतिस्वरूप है, नवीन नहीं है अर्थात् द्रव्यदृष्टिसे नित्य है और अनय पक्ष -- एकांत पक्षसे जिससा खंडन नहीं हो सकता।

इस संदर्भका सार यह है --

चूँकि वस्तु, सामान्य विशेषात्मक अथवा द्रव्य पर्यायात्मक है अतः उसके दोनों अंशोंकी ओर दृष्टि रहनेपर ही वस्तुका पूर्ण विवेचन होता है। सामान्य अथवा द्रव्यको ग्रहण करनेवाला नय द्रव्यार्थिक नय कहलाता है और विशेष अथवा पर्यायको ग्रहण करनेवाला नय पर्यायार्थिक नय कहलाता है। आध्यात्मिक ग्रंथोंमें द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक के स्थानपर निश्चय और व्यवहार नयका उल्लेख किया गया है। द्रव्यके त्रैकालिक स्वभावको ग्रहण करनेवाला निश्चयनय है और विभावको ग्रहण करनेवाला व्यवहारनय है। एक कालमें दोनों नयोंसे पदार्थको जाना तो जा सकता है, पर उसका कथन नहीं किया जा सकता। कथन क्रमसे ही किया जाता है। वक्ता अपनी विवक्षानुसार जिस समय जिस अंशको कहना चाहता है वह विवक्षित अथवा मुख्य अंश कहलाता है और वक्ता जिस अंशको नहीं कहना चाहता है वह अविवक्षित अथवा गौण कहलाता है। 'स्यात्' निपातका अर्थ कथंचित् -- किसी प्रकार होता है। वक्ता किस विवक्षासे जब पदार्थके

एक अंशका वर्णन करता है तब वह दूसरे अंशको गौण कर देता है पर सर्वथा छोड़ता नहीं है, क्योंकि सर्वथा छोड़ देनेपर एकांतवाद का प्रसंग आता है और उससे वस्तुतत्त्वका पूर्ण विवेचन नहीं हो पाता। इसी अभिप्रायसे आचार्योंने कहा है कि दोनों नयोंके विरोधको नष्ट करनेवाले स्यात् पद चिह्नित जिनवचनमें रमण करते हैं वे ही समयसाररूप परम ज्योतिको प्राप्त करते हैं।

सम्यग्दृष्टि जीववस्तुतत्त्वका परिज्ञान प्राप्त करनेके लिए दोनों नयोंका आलंबन लेता है परंतु श्रद्धामें वह अशुद्ध नयके आलंबनको हेय समझता है। यही कारण है कि वस्तु स्वरूपका यथार्थ परिज्ञान होनेपर अशुद्ध नयका आलंबन स्वयं छूट जाता है। कुंदकुंद स्वामीने उभय नयोंके आलंबनसे वस्तुस्वरूपका प्रतिपादन किया है इसलिए वह निर्विवाद रूपसे सर्वग्राह्य है।

आगे संकलित ग्रंथोंका परिचय दिया जाता है --

पंचास्तिकाय

इसमें श्री अमृतचंद्राचार्यकृत टीकाके अनुसार १७३ और जयसेनाचार्य कृत टीकाके अनुसार १८१ गाथाएँ हैं। जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश ये पाँच द्रव्य अस्तिकाय हैं क्योंकि ये अणु अर्थात् प्रदेशकी अपेक्षा महान हैं -- बहुप्रदेशी हैं।[१] लोकके अंदर समस्त द्रव्य परस्परमें प्रविष्ट होकर स्थित हैं फिर भी अपने अपने स्वभावको नहीं छोड़ते। सत्ताका स्वरूप बतलाकर द्रव्यका लक्षण करते हुए कहा है कि जो विभिन्न पर्यायोंको प्राप्त हो उसे द्रव्य कहते हैं। द्रव्य सत्तासे अभिन्न है एतावता सत् ही द्रव्यका लक्षण है। अथवा जो उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे सहित हो वह द्रव्य है। अथवा जो गुण और पर्यायोंका आश्रय हो वह द्रव्य है।

चूँकि अनेकान्त जिनागमका जीव -- प्राण है इसलिए उसमें विवक्षावश द्रव्यमें अस्ति, नास्ति, अस्तिनास्ति, अवक्तव्य, अस्तिअवक्तव्य, नास्तिअवक्तव्य और अस्तिनास्तिअवक्तव्य इन सात भंगोंका निरूपण किया है। इन प्रत्येक भंगोंके साथ विशिष्ट विवक्षाको दिखानेवाला, कथंचित् अर्थका द्योतक 'स्यात्' शब्द लगाया जाता है, जैसे स्यात् अस्ति, स्यात् नास्ति आदि। ये सात भंग विवक्षासे ही सिद्ध होते हैं। इसके लिए गाथा है --

सिय अत्थि णत्थि उहयं अवत्तव्वं पुणो य तत्तिदयं।
दव्वं खु सत्तभंगं आदेसवसेण संभवदि।।

अर्थात् द्रव्य स्वचतुष्टयकी अपेक्षा अस्तिरूप है, परचतुष्टयकी अपेक्षा नास्तिरूप है, क्रमशः स्वचतुष्टय और परचतुष्टयकी अपेक्षा उभय -- अस्तिनास्तिरूप है। एक साथ स्वचतुष्टयकी अपेक्षा अवक्तव्यरूप है। अस्ति और अवक्तव्यके संयोगकी अपेक्षा अस्ति अवक्तव्य है, नास्ति और अवक्तव्यके संयोगकी अपेक्षा नास्तिअवक्तव्य है और अस्तिनास्ति तथा अवक्तव्यके संयोगकी अपेक्षा अस्तिनास्ति अवक्तव्य है।

'असत्का जन्म और सत्का विनाश नहीं होता' इस सनातन सिद्धांत को स्वीकृत करते हुए कहा गया है कि भाव -- सत्रूप पदार्थका न नाश होता है और न उत्पाद। किंतु पर्यायोंमें ही ये होते हैं। अर्थात् पदार्थ द्रव्य दृष्टिसे नित्य है और पर्यायदृष्टिसे अनित्य है। यह एकान्त भी कुंदकुंद स्वामीको स्वीकार्य नहीं है कि सत्का विनाश नहीं होता और असत्की उत्पत्ति नहीं होती। वे कहते हैंकि मनुष्य मरकर देव हो गया, यहाँ सत्रूप मनुष्यका विनाश हो गया और असत्रूप देवपर्यायका उत्पाद हुआ। मनुष्य पर्यायमें मनुष्य सत्रूप ही है और देव पर्याय असत्रूप है, क्योंकि एक

१. जीवा पुग्गलकाया धम्माधम्मा तहेव आगासं।
अत्थित्तम्मि य णियदा अणण्णमइया अणु महंता।।४।।
'अणवोऽत्र प्रदेशा मूर्तामूर्ताश्च निर्विभागांशास्तैः महान्तोऽणुमहान्तः प्रदेशात्मका इति सिद्धं तेषां कायत्वम्।' सं. टीका

कालमें दो पर्यायोंका सद्भाव नहीं हो सकता। इस तरह जब पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा कथन होता है तब सत्का विनाश और असत्की उत्पत्ति होती है। 'सत्का विनाश और असत्की उत्पत्ति नहीं होती' यह द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा कथन है। संसारी जीवके साथ ज्ञानावरणादि कर्म अनादि कालसे बद्ध है, उनका अभाव करनेपर ही सिद्ध पर्याय प्रकट होती है। यहाँ संसारी पर्यायमें सिद्ध पर्यायका सद्भाव नहीं है, क्योंकि दोनोंमें सहानवस्थान नामका विरोध है, अतः संसारी पर्यायका नाश होनेपर ही असत्रूप सिद्ध पर्याय उत्पन्न होती है। इस तरह पर्याय दृष्टिसे सत्का विनाश और असत्का उत्पाद होता है, परंतु द्रव्यदृष्टिसे जो जीव संसारी पर्यायमें था वही सिद्ध पर्यायको प्राप्त करता है अतः क्या नष्ट हुआ और क्या उत्पन्न हुआ? कुछ भी नहीं।

तदनंतर जीवादि छह द्रव्योंके सामान्य लक्षण कहकर २६ गाथाओंमें पीठबंध समाप्त किया है। इसके बाद जीवादि द्रव्योंका विशेष व्याख्यान शुरू होता है। उसमें जीवके संसारी और सिद्ध इन दो भेदोंका वर्णन करते हुए सिद्ध जीवका लक्षण निम्न प्रकार कहा है --

कम्ममलविप्पमुक्को उड्ढं लोगस्स अंतमधिगंता।
सो सव्वणाणदरिसी लहदि सुहमणिंदियमणंतं।।२८।।

अर्थात् सिद्ध जीव कर्मरूपी मलसे विप्रमुक्त हैं -- सदाके लिए छूट चुके हैं, ऊर्ध्वगति स्वभावके कारण लोकके अंतको प्राप्त हैं, सबको जानने-देखनेवाले हैं और अनिंद्रिय अनंत सुखको प्राप्त हैं।

जीव द्रव्यका वर्णन करनेके लिए --

जीवोत्ति हवदि चेदा उवओग विसेसिदो पहू कत्ता।
भोत्ता य देहमत्तो ण हि मुत्तो कम्मसंजुत्तो।।२७।।

इस गाथा द्वारा जीव चेतयिता, उपयोग, प्रभु, कर्ता, भोक्ता, देहमात्र, मूर्त और कर्मसंयुक्त इन नौ अधिकारोंका निरूपण किया है। इन सब अधिकारोंमें नयविवक्षासे कथन किया है।

कम्मेण विणा उदयं जीवस्स ण विज्जदे उवसमं वा।
खइयं खओवमियं तम्हा भावं तु कम्मकदं।।५८।।

इस गाथा द्वारा स्पष्ट किया है कि कर्मोंके बिना औदयिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक भाव नहीं हो सकते, इसलिए ये भाव कर्मनिमित्तसे होते हैं। ७३ वीं गाथातक जीव द्रव्यका वर्णन करनेके बाद पुद्गल द्रव्यका वर्णन शुरू होता है।

प्रारंभमें पुद्गलके स्कंध, स्कंधदेश, स्कंधप्रदेश और परमाणु ये चार भेद हैं तथा चारोंके भिन्न प्रकार लक्षण हैं --

खंधं सयलसमत्थं तस्स दु अद्धं भणंति देसोत्ति।
अद्धद्धं च पदेसो परमाणू चेव अविभागी।।७५।।

अनंत परमाणुओंके पिंडको स्कंध, उसके आधेको देश, देशके आधेको प्रदेश और अविभागी अंशको परमाणु कहते हैं।

इस अधिकारमें पुद्गल द्रव्यके बादर बादर आदि छह भेदों तथा स्कंध और परमाणुरूप दो भेदोंका भी सुंदर वर्णन है। यह अधिकार ८२ वीं गाथा तक चलता है। उसके बाद धर्मास्तिकाय, अधर्मास्तिकाय और आकाश द्रव्यका वर्णन है तथा चूलिका नामक अवांतर अधिकारके द्वारा द्रव्योंकी विशेषताका वर्णन किया गया है। इसी अधिकारके अंतमें

काल द्रव्यका वर्णन कर चुकनेके बाद पंचास्तिकायोंके जाननेका फल बहुत ही हृदयग्राही शब्दोंमें व्यक्त किया है।

एवं पवयणसारं पंचत्थिसंगहं वियाणित्ता।
जो मुयदि रागदोसे सो गाहदि दुक्खपरिमोक्खं।।१०३।।

इस तरह आगमके सारभूत पंचास्तिकाय संग्रहको जानकर जो राग और द्वेषको छोड़ता है वह दुःखोंसे छुटकारा पाता है।

प्रथम स्कंध १०४ गाथाओंमें पूर्ण हुआ है। तदनंतर द्वितीय स्कंधमें सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको मोक्षमार्ग बतलाकर इन तीनोंका स्पष्ट स्वरूप बतलाया है। इस द्वितीय श्रुतस्कंधका नाम नवपदार्थाधिकार है। अर्थात् इसमें जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, बंध, निर्जरा और मोक्ष इन नौ पदार्थोंका वर्णन किया है। प्रत्येक पदार्थका वर्णन यद्यपि संक्षिप्त है तथापि इतना सारगर्भित है कि सारभूत समस्त प्रतिपाद्य विषयोंका उसमें पूर्ण समावेश पाया जाता है। निश्चय मोक्षमार्ग और व्यवहार मोक्षमार्गका वर्णन करते हुए निश्चयनय और व्यवहारनयका उत्तम सामंजस्य बैठाया है। अमृतचंद्र स्वामीने इस प्रकरणका समारोप करते हुए लिखा है -- **'अतएवोभयनयायत्ता पारमेश्वरी तीर्थप्रवर्तनेति'** अर्थात् जिनेंद्र भगवानकी तीर्थप्रवर्तना दोनों नयोंके अधीन है। यहाँ निश्चय मोक्षमार्गको साध्य तथा व्यवहार मोक्षमार्गको साधक बताया है। यही भाव आपने 'तत्त्वार्थसार' ग्रंथमें भी प्रकट किया है --

निश्चयव्यवहाराभ्यां मोक्षमार्गो द्विधा स्थितः।
तत्राद्यः साध्यरूपः स्याद् द्वितीयस्तस्य साधनम्।।२।।
श्रद्धानाधिगमोपेक्षाः शुद्धस्य स्वात्मनो हि याः।
सम्यक्त्वज्ञानवृत्तात्मा मोक्षमार्गः स निश्चयः।।३।।
श्रद्धानादिगमोपेक्षा याः पुनः स्युः परात्मनाम्।
सम्यक्त्वज्ञानवृत्तात्मा स मार्गो व्यवहारतः।।४।। -- नवमाधिकार

अर्थात् निश्चय और व्यवहारके भेदसे मोक्षमार्ग दो प्रकारका है। उसमें पहला -- निश्चय साध्यरूप है और दूसरा -- व्यवहार उसका साधन है। शुद्ध स्वात्म द्रव्यकी श्रद्धा ज्ञान और चारित्ररूप निश्चय मोक्षमार्ग है तथा परात्म द्रव्यकी श्रद्धा ज्ञान और चारित्र रूप व्यवहार मोक्षमार्ग है। नियमसारमें कुंदकुंद स्वामी ने भी निश्चय और व्यवहारके भेदसे नियम -- सम्यग्दर्शनादिका द्विविध निरूपण किया है। आध्यात्मिक दृष्टि निश्चय ही मोक्षमार्ग मानती है। वह मोक्षमार्गका निरूपण, निश्चय और व्यवहारके भेदसे दो प्रकारका मानती है, परंतु मोक्षमार्गको एक निश्चयरूप ही स्वीकार करती है। निश्चयको ही स्वीकृत करती है इसका फलितार्थ यह नहीं है कि वह व्यवहार मोक्षमार्गको छोड़ देती है। उसका अभिप्राय यह है कि निश्चयके साथ व्यवहार तो नियमसे होता ही है, पर व्यवहारके साथ निश्चय भी हो और न भी हो। निश्चय मोक्षमार्ग कार्यका साक्षात् जनक है इसलिए उसे मोक्षमार्ग स्वीकृत किया गया है, परंतु व्यवहार मोक्षमार्ग परंपरासे कार्यका जनक है इसलिए उसे मोक्षमार्ग स्वीकृत नहीं किया है। शास्त्रीय दृष्टि परंपरासे कार्यजनकको भी कारण स्वीकृत करती है अतः उसकी दृष्टिमें व्यवहारको भी मोक्षमार्ग स्वीकृत किया गया है।

स्वसमय और परसमयका सूक्ष्मतम वर्णन करते हुए कितना सुंदर कहा है --

जस्स हिदयेणुमत्तं वा परदव्वम्हि विज्जदे रागो।
सो ण वि जाणदि समयं सगस्स सव्वागमधरो वि।।१६७।।

अर्थात् जिसके हृदयमें अरहंत आदि विषयक राग अणुमात्र भी विद्यमान है वह समस्त आगमका धारी होकर भी स्वसमयको नहीं जानता है।

सूक्ष्म परसमयका वर्णन करते हुए कहा है कि यदि ज्ञानी -- सराग सम्यग्दृष्टि जीव भी अज्ञान -- शुद्धात्म परिणतिसे विलक्षण अज्ञानके कारण, शुद्ध संप्रयोग -- अरहंत आदिककी भक्तिसे दुःखमोक्ष -- सांसारिक दुःखोंसे छुटकारा होता है यदि ऐसा मानता है तो वह भी परसमयरत कहलाता है। गाथा इस प्रकार है --

अण्णाणादो णाणी जदि मण्णदि सुद्धसंपयोगादो।
हवदित्ति दुक्खमोक्खं परसमयरदो हवदि जीवो।।१६५।।

इस गाथाकी[1] संस्कृत टीकामें अमृतचंद्रसूरिने कहा है कि सिद्धिके साधनभूत अरहंत आदि भगवंतोंमें भक्तिभावसे अनुरंजित चित्तप्रवृत्ति यहाँ शुद्ध संप्रयोग है। अज्ञान अंशके आवेशसे यदि ज्ञानवान् भी, 'उस शुद्ध संप्रयोगसे मोक्ष होता है' ऐसे अभिप्रायके द्वारा खिन्न होता हुआ उसमें (शुद्ध संप्रयोगमें) प्रवर्ते तो वह भी रागांशके सद्भावके कारण परसमयरत कहलाता है, तो फिर निरंकुश रागरूप कालिमासे कलंकित अंतरंगवृत्तिवाला इतरजन क्या परसमयरत नहीं कहलायेगा? अवश्य कहलावेगा। तात्पर्य यह है कि जब सरागसम्यग्दृष्टि भी रागांशके विद्यमान होनेसे परसमयरत है तब जो स्पष्ट ही रागसे कलुषित है वह परसमय कैसे नहीं होगा?

श्री कुंदकुंद स्वामीने स्पष्ट कहा है --

अरहंत सिद्धचेदिय पवयणगणभत्तिसंपण्णो।
बंधदि पुण्णं बहुसो ण दु सो कम्मक्खयं कुणदि।।१६६।।

अर्थात् अरहंत सिद्ध परमेष्ठी, जिनप्रतिमा तथा साधुसमूहकी भक्तिसे संपन्न मनुष्य बहुत प्रकारका पुण्यबंध करता है, परंतु कर्मोंका क्षय नहीं करता। कर्मक्षयका प्रमुख कारण प्रशस्त और अप्रशस्त -- सभी प्रकारके रागका अभाव होना ही है। पूर्ण वीतराग दशा होनेपर अंतर्मुहूर्तके अंदर नियमसे घातिचतुष्कका क्षय होकर अरहंत अवस्था प्रकट हो जाती है। जिसकी अरहंत अवस्था प्रकट हो जाती है वह उसी भवसे निर्वाणको प्राप्त करता है।।

अरहंत सिद्ध चेदिय पवयणभत्तो परेण णियमेण।
जो कुणदि तवोकम्मं सो सुरलोगं समादियदि।।१७१।।

अर्थात् अरहंत, सिद्ध, जिनप्रतिमा तथा जिनागमकी भक्तिसे युक्त जो पुरुष उत्कृष्ट संयमके साथ तपस्या करता है वह स्वर्गलोकको प्राप्त होता है। कहनेका तात्पर्य यह है कि अरहंतादिककी भक्तिरूप शुभ राग देवायुके बंधका कारण है, मोक्षका कारण नहीं। इसे परंपरासेही मोक्षका कारण कहा जा सकता है।

मोक्षका साक्षात् कारण बतलाते हुए ग्रंथांतमें कहा है --

तम्हा णिव्वुदिकामो रागं सव्वत्थ कुणदि मा किंचि।
सो तेण वोदरागो भवियो भवसागरं तरदि।।१७२।।

इसलिए निर्वाणकी इच्छा रखनेवाला पुरुष सर्वत्र -- शुभ-अशुभ सभी अवस्थाओंमें कुछ भी राग मत करे। उसीसे यह भव्य जीव वीतराग होता हुआ भवसागर -- संसाररूपी समुद्रको तरता है। अर्थात् मोक्षका साक्षात् कारण परम

---

१. 'अर्हदादिषु भगवत्सु सिद्धिसाधनीभूतेषु भक्तिबलानुरञ्जिता चित्तवृत्तिरत्र शुद्धसम्प्रयोगः। अथ खल्वज्ञानलवावेशाद्यदि यावज्ज्ञानवानपि ततः शुद्धसम्प्रयोगानमोक्षो भवतीत्यभिप्रायेण खिद्यमानस्तत्र प्रवर्तते तदा तावत्सोऽपि रागलवसद्भावात्परसमयरत इत्युपगीयते। अथ किं न पुनर्निरङ्कुशरागकलिकलङ्कितान्तरङ्गवृत्तिरितरो जन इति।'

वीतराग भाव ही है।

इस वीतराग भावके विषयमें श्री अमृतचंद्रस्वामीने लिखा है --

तदिदं वीतरागत्वं व्यवहारनिश्चयाविरोधेनैवानुगम्यमानं भवति समीहितसिद्धये न पुनरन्यथा।

अर्थात् इस वीतरागताका अनुगमन यदि व्यवहार और निश्चयनयका विरोध न करते हुए किया जाता है तो वह समीहित -- चिरभिलषित मोक्षकी सिद्धिके लिए होता है, अन्य प्रकार नहीं।

१७२ वीं गाथाकी टीकामें विस्तारसे कहा गया है कि यह मुमुक्षु प्राणी व्यवहार और निश्चयनयके आलंबनसे किस प्रकार आत्महितको सिद्ध करता है। अमृतचंद्र सूरि कहते हैं कि जो केवल व्यवहारनयका अवलंब लेते हैं वे बाह्य क्रियाओंको करते हुए भी ज्ञान चेतनाका कुछ भी सन्मान नहीं करते इसलिए प्रभूत पुण्यभारसे मंथरित चित्तवृत्ति होते हुए सुरलोक आदिके क्लेशोंकी परंपरासे चिरकाल तक संसारसागरमें ही परिभ्रमण करते रहते हैं। ऐसे जीवोंके विषयमें कहा है --

चरणकरणप्पहाणा ससमयपरमत्थमुक्कवावारा।
चरणकरणस्स सारं णिच्छयसुद्धं ण जाणंति।।

अर्थात् जो बाह्य आचरणके कर्तृत्वको ही प्रधान मानते हैं तथा स्वसमयके परमार्थ -- वास्तविक स्वरूपमें मुक्त व्यापार हैं -- स्वसमय -- स्वकीय शुद्ध स्वरूपकी प्राप्तिमें कुछ भी उद्यम नहीं करते वे बाह्याचरण के सारभूत शुद्ध निश्चयको जानते ही नहीं हैं।

इसी प्रकार जो केवल निश्चयनयका आलंबन लेकर केवल बाह्याचरणसे विरक्तबुद्धि हो जाते हैं -- पराङ्मुख हो जाते हैं वे भिन्न साध्य-साधनरूप व्यवहारकी अपेक्षा कर देते हैं तथा अभिन्न साध्य-साधनरूप निश्चयको प्राप्त होते नहीं हैं इसलिए अधरमें लटकते हुए केवल पापका ही बंध करते हैं। ऐसे जीवोंके विषयमें कहा है --

णिच्छयमालंबंता णिच्छयदो णिच्छयं अयाणंता।
णासंति चरणकरणं बाहरिचरणालसा केई।।

अर्थात् जो निश्चयके वास्तविक स्वरूपको नहीं जानते हुए निश्चयाभासको ही निश्चय मानकर उसका आलंबन लेते हैं वे बाह्याचरणमें आलसी होते हुए प्रवृत्तिरूप चारित्रको नष्ट करते हैं।

यही भाव उन्होंने अपने पुरुषार्थसिद्ध्युपाय ग्रंथमें प्रकट किया है --

निश्चयमबुद्धमानो यो निश्चयतस्तमेव संश्रयते ।
नाशयति करणचरणं स बहिः करणालसो बालः।।५०।।

अर्थ स्पष्ट है।

इसी प्रकार जो निश्चय और व्यवहारके यथार्थ स्वरूपको न समझकर निश्चयाभास और व्यवहाराभास -- दोनोंका आलंबन लेते हैं वे भी समीहित सिद्धिसे वंचित रहते हैं। जाननेमें केवल निश्चय और केवल व्यवहारके आलंबनसे विमुख जो अत्यंत मध्यस्थ रहते हैं अर्थात् पदार्थके जाननेमें अपने-अपने पदके अनुसार दोनों नयोंका आलंबन लेकर अंतमें दोनों नयोंके विकल्पसे परे रहनेवाली निर्विकल्प भूमिका -- शुद्धात्म परिणतिको प्राप्त होते हैं वे शीघ्र ही संसारसमुद्रको तैरकर शब्दब्रह्म -- शास्त्रज्ञानके स्थायी फलके भोक्ता होते हैं -- मोक्षको प्राप्त होते हैं। यही भाव उन्होंने पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें भी दिखाया है --

व्यवहारनिश्चयौ यः प्रबुध्य तत्त्वेन भवति माध्यस्थः ।
प्राप्नोति देशनायाः स एव फलमविकलं शिष्यः।।८।।

अर्थात् जो यथार्थरूपसे व्यवहार और निश्चयको जानकर मध्यस्थ होता है -- किसी एकके पक्षको पकड़कर नहीं बैठता, वही शिष्य देशना -- गुरूपदेश के पूर्ण फलको प्राप्त होता है।

पंचास्तिकायमें सम्यग्दर्शनके विषयभूत पंचास्तिकायों और छह द्रव्योंका प्रमुख रूपसे वर्णन है ।

समयप्राभृत अथवा समयसार

'वोच्छामि समयपाहुडमिणमो सुयकेवलीभणियं' इस प्रतिज्ञावाक्यसे मालूम होता है कि इस ग्रंथका नाम कुंदकुंदस्वामीको समयपाहुड (समयप्राभृत) अभीष्ट था, परंतु पीछे चलकर 'प्रवचनसार' और 'नियमसार' इन सारांत नामोंके साथ 'समयसार' नामसे प्रचलित हो गया। **'समयते एकत्वेन युगपज्जानाति गच्छति च'** अर्थात् जो पदार्थोंको एक साथ जाने अथवा गुणपर्यायरूप परिणमन करे वह समय है इस निरुक्तिके अनुसार समय शब्दका अर्थ जीव होता है और 'प्रकर्षेण आसमन्तात् भृतं इति प्राभृतम्' जो उत्कृष्टताके साथ सब ओरसे भरा हो -- जिसमें पूर्वापर विरोधरहित सांगोपांग वर्णन हो उसे प्राभृत कहते हैं इस निरुक्तिके अनुसार प्राभृतका अर्थ शास्त्र होता है। 'समयस्य प्राभृतम्' इस समासके अनुसार समयप्राभृतका अर्थ जीव -- आत्माका शास्त्र होता है। ग्रंथका चालू नाम समयसार है अतः इसका अर्थ त्रैकालिक शुद्ध स्वभाव अथवा सिद्धपर्याय है।

समयप्राभृत ग्रंथ निम्न १० अधिकारोंमें विभाजित है -- १. पूर्वरंग, २. जीवाजीवाधिकार, ३. कर्तृकर्माधिकार, ४. पुण्यपापाधिकार, ५. आस्रवाधिकार, ६. संवराधिकार, ७. निर्जराधिकार, ८. बंधाधिकार, ९. मोक्षाधिकार और १०. सर्वविशुद्धज्ञानाधिकार। नयोंका सामंजस्य बैठानेके लिए अमृतचंद्र स्वामीने पीछेसे स्याद्वादाधिकार और उपायोपेयाभावाधिकार नामक दो स्वतंत्र परिशिष्ट और जोड़े हैं। अमृतचंद्रसूरिकृत टीकाके अनुसार समग्र ग्रंथ ४१५ गाथाओंमें समाप्त हुआ है और जयसेनाचार्यकृट टीकाके अनुसार ४४२ गाथाओंमें।

उपर्युक्त गाथाओंका प्रतिपाद्य विषय इस प्रकार है --

पूर्वरंगाधिकार

कुंदकुंदस्वामीने स्वयं पूर्वरंग नामका कोई अधिकार सूचित नहीं किया है परंतु संस्कृत टीकाकार अमृतचंद्रसूरिने ३८ वीं गाथाकी समाप्तिपर पूर्वरंग समाप्तिकी सूचना दी है। इन ३८ गाथाओंमें प्रारंभकी १२ गाथाएँ पीठिकास्वरूपमें हैं जिनमें ग्रंथकर्ताने मगलाचरण, ग्रंथप्रतिज्ञा, स्वसमय-परसमयका व्याख्यान तथा शुद्धनय और अशुद्धनयके स्वरूपका दिग्दर्शन कराया है। इन नयोंके ज्ञानके बिना समयप्राभृतको समझना अशक्य है। पीठिकाके बाद ३८ वीं गाथातक पूर्वरंग नामका अधिकार है जिसमें आत्माके शुद्ध स्वरूपका निदर्शन कराया गया है। शुद्धनय आत्मामें जहाँ परद्रव्यजनित विभावभावको स्वीकृत नहीं करता वहाँ वह अपने गुण और पर्यायोंके साथ भेद भी स्वीकृत नहीं करता। वह इस बातको भी स्वीकृत नहीं करता कि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र ये आत्माके गुण हैं, क्योंकि इनमें गुण और गुणीका भेद सिद्ध होता है। वह यह घोषित करता है कि आत्मा सम्यग्दर्शनादिरूप है। 'आत्मा प्रमत्त है और आत्मा अप्रमत्त है' इस कथनको भी शुद्धनय स्वीकृत नहीं करता, क्योंकि इस कथनमें आत्मा प्रमत्त और अप्रमत्त पर्यायोंमें विभक्त होता है। वह तो आत्माको एक ज्ञायक ही स्वीकृत करता है। जीवाधिकारमें जीवके निजस्वरूपका कथन कर उसे परपदार्थों और परपदार्थोंके निमित्तसे होनेवाले विभावोंसे पृथक् निरूपित किया है। नोकर्म मेरा नहीं है, द्रव्यकर्म मेरा नहीं है, और भावकर्म भी मेरा नहीं है, इस तरह इन पदार्थोंसे आत्मतत्त्वको पृथक् सिद्ध कर ज्ञेय-ज्ञायक भाव और भाव्य-भावक

भावकी अपेक्षा भी आत्माको ज्ञेय तथा भाव्यसे पृथक् सिद्ध किया है। जिस प्रकार दर्पण अपनेमें प्रतिबिंबित मयूरसे भिन्न है उसी प्रकार आत्मा अपने ज्ञानमें आये घटपटादि ज्ञेयोंसे भिन्न है और जिस प्रकार दर्पण ज्वालाओंके प्रतिबिंबसे संयुक्त होनेपर भी तज्जन्य तापसे उन्मुक्त रहता है इसी प्रकार आत्मा अपने अस्तित्वमें रहनेवाले सुख-दुःखरूप कर्मफलके अनुभवसे रहित है। इस तरह प्रत्येक परपदार्थोंसे भिन्न आत्माके अस्तित्वका श्रद्धान करना जीवतत्त्वके निरूपणका लक्ष्य है। इस प्रकरणके अंतमें कुंदकुंदस्वामीने उद्घोष किया है --

अहमिक्को खलु सुद्धो दंसणणाणमइयो सदा रूवी।
णवि अत्थि मज्झ किंचिवि अण्णं परमाणुमित्तं पि।।३८।।

अर्थात् निश्चयसे मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, दर्शन-ज्ञानसे तन्मय हूँ, अन्य परमाणु मात्र भी मेरा नहीं है।

इस सब कथनका तात्पर्य यह है कि यह जीव, पुद्गलके संयोगसे उत्पन्न हुई संयोगज पर्यायमें आत्मबुद्धि कर उनकी इष्ट-अनिष्ट परिणतिमें हर्ष-विषादका अनुभव करता हुआ व्यर्थ ही रागी-द्वेषी होता है और उनके निमित्तसे नवीन कर्मबंध कर अपने संसारकी वृद्धि करता है। जब यह जीव, परपदार्थोंसे भिन्न निज शुद्ध स्वरूपकी ओर लक्ष्य करने लगता है तब परपदार्थोंसे इसका ममत्वभाव स्वयमेव दूर होने लगता है।

जीवाजीवाधिकार

जीवके साथ अनादि कालसे कर्म-नोकर्मरूप पुद्गल द्रव्यका संबंध चला आ रहा है। मिथ्यात्व दशामें यह जीव शरीररूप नोकर्मकी परिणतिको आत्माकी परिणति मानकर उसमें अहंकार करता है -- इस रूप ही मैं हूँ ऐसा मानता है अतः सर्वप्रथम इसकी शरीरसे पृथक्ता सिद्ध की है। उसके बाद ज्ञानावरणादि द्रव्यकर्म और रागादिकभाव कर्मोंसे इसका पृथक्त्व दिखाया है। आचार्य महाराजने कहा है कि हे भाई! ये सब पुद्गल द्रव्यके परिणमनसे निष्पन्न हैं, अतः पुद्गलके हैं , तू इन्हें जीव क्यों मान रहा है? यथा --

एए सव्वे भावा पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा।
केवलिजिणेहि भणिया कह ते जीवोत्ति वुच्चंति।।४४।।

जो स्पष्ट ही अजीव हैं उनके अजीव कहनेमें तो कोई खास बात नहीं है, परंतु जो अजीवाश्रित परिणमन जीवके साथ घुलमिलकर अनित्य तन्मयीभावसे तादात्म्य जैसी अवस्थाको प्राप्त हो रहे हैं, उन्हें अजीव सिद्ध करना इस अधिकारकी विशेषता है। रागादिक भाव अजीव हैं, गुणस्थान, मार्गणा, जीवसमास आदि भाव अजीव हैं यह बात यहाँतक सिद्ध की गयी है। अजीव हैं -- इसका यह तात्पर्य नहीं है कि ये घटपटादिके समान अजीव हैं। यहाँ 'अजीव हैं' इसका इतना ही तात्पर्य है कि ये जीवकी स्वभावपरिणति नहीं हैं। यदि जीवकी स्वभाव परिणति होती तो त्रिकालमें इनका अभाव नहीं होता। परंतु जिस पौद्गलिक कर्मकी उदयावस्थामें ये भाव होते हैं उसका अभाव होनेपर ये स्वयं विलीन हो जाते हैं। अग्निके संसर्गके पानीमें उष्णता आती है परंतु वह उष्णता सदाके लिए नहीं आती है। अग्निका संबंध दूर होते ही दूर हो जाती है। इसी प्रकार क्रोधादि द्रव्यकर्मोंके उदयकालमें होनेवाले रागादिभाव आत्मामें अनुभूत होते हैं, परंतु वे संयोगज भाव होनेसे आत्माके विभाव भाव हैं, स्वभाव नहीं, इसीलिए इनका अभाव हो जाता है।

ये रागादिक भाव आत्माको छोड़कर अन्य पदार्थोंमें नहीं होते इसलिए उन्हें आत्माके कहनेके लिए आचार्योंने एक अशुद्ध नयकी कल्पना की है। वे, 'शुद्ध निश्चय नयसे आत्माके नहीं हैं, परंतु अशुद्ध निश्चय नयसे आत्माके हैं' ऐसा कथन करते हैं, परंतु कुंदकुंद स्वामी विभावको आत्मा माननेके लिए तैयार नहीं हैं। उन्हें आत्माके कहना, वे व्यवहार नयका विषय मानते हैं और उस व्यवहारका जिसे कि उन्होंने अभूतार्थ कहा है।

इसी प्रसंगमें जीवका स्वरूप बतलाते हुए कुंदकुंद स्वामीने कहा है --

अरसमरूवमगंधं अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं।
जाण अलिंगग्गहणं जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं।।४९।।

अर्थात् हे भव्य! तू आत्माको ऐसा जान कि वह रसरहित है, रूपरहित है, गंधरहित है, अव्यक्त अर्थात् स्पर्शरहित है, शब्दरहित है, अलिंगग्रहण है अर्थात् किसी खास लिंगसे उसका ग्रहण नहीं होता तथा जिसका कोई आकार निर्दिष्ट नहीं किया गया है ऐसा है, किंतु चेतनागुणवाला है।

यहाँ चेतनागुण जीवका स्वरूप है और रस, गंध आदि उसके स्वरूप नहीं हैं। परपदार्थसे उसका पृथक्त्व सिद्ध करनेके लिए ही यहाँ उनका उल्लेख किया गया है। वर्णादिक और रागादिक -- सभी जीवसे भिन्न है -- जीवेतर हैं। इस तरह इस जीवाजीवाधिकारमें आचार्यने मुमुक्षु प्राणीके लिए परपदार्थसे भिन्न जीवके शुद्ध स्वरूपका दर्शन कराया है। साथ ही उससे संबंध रखनेवाले पदार्थको अजीव दिखलाया है। यह जीवाजीवाधिकार ३९ वीं गाथासे लेकर ६८ वीं गाथातक चला है।

कर्तृकर्माधिकार

जीव और अजीव (पौद्गलिक कर्म) अनादि कालसे संबद्ध अवस्थाको प्राप्त हैं, इसलिए प्रश्न होना स्वाभाविक है कि इनके अनादि संबंधका कारण क्या है? जीवने कर्मको किया या कर्मने जीवको किया? यदि जीवने कर्मको किया तो जीवमें ऐसी कौनसी विशेषता थी कि जिससे उसने कर्मको किया? यदि बिना विशेषताके ही किया तो सिद्ध महाराज भी कर्मको करें, इसमें क्या आपत्ति है? और कर्मने जीवको किया तो कर्ममें ऐसी विशेषता कहाँसे आयी कि वे जीवको कर सकें -- उसमें रागादिक भाव उत्पन्न कर सकें। बिना विशेषताके ही यदि कर्म रागादिक करते हैं तो कर्मके अस्तित्वकालमें सदा रागादिक उत्पन्न होना चाहिए। इस प्रश्नावलीसे बचनेके लिए यह समाधान किया गया है कि जीवके रागादि परिणामोंसे पुद्गल द्रव्यमें कर्मरूप परिणमन होता है और पुद्गलके कर्मरूप परिणमन -- उनकी उदयावस्थाका निमित्त पाकर आत्मामें रागादिक भाव उत्पन्न होते हैं। इस समाधानमें जो अन्योन्याश्रय दोष आता है उसे अनादि संयोग मानकर दूर किया गया है। इस कर्तृकर्माधिकारमें कुंदकुंद स्वामीने इसी बातका बड़ी सूक्ष्मतासे वर्णन किया है।

अमृतचंद्र स्वामीने कर्ता, कर्म और क्रियाका लक्षण लिखते हुए कहा है --

यः परिणमति स कर्ता यः परिणामो भवेत्तु तत्कर्म ।
या परिणतिः क्रिया सा त्रयमपि भिन्नं न वस्तुतया।।५१।।

अर्थात् जो परिणमन करता है वह कर्ता कहलाता है, जो परिणाम होता है उसे कर्म कहते हैं और जो परिणति होती है वह क्रिया कहलाती है। वास्तवमें ये तीनों ही भिन्न नहीं हैं, एक द्रव्यकी ही परिणति है।

निश्चय नय, कर्तृ-कर्मभाव उसी द्रव्यमें मानता है जिसमें व्याप्य-व्यापक भाव अथवा उपादान-उपादेय भाव होता है। जो कार्यरूप परिणत होता है उसे व्यापक या उपादान कहते हैं और जो कार्य होता है उसे व्याप्य या उपादेय कहते हैं। 'मिट्टीसे घट बना' यहाँ मिट्टी व्यापक या उपादान है और घट व्याप्य या उपादेय है। यह व्याप्य-व्यापक भाव या उपादान-उपादेय भाव सदा एक द्रव्यमें ही होता है, दो द्रव्योंमें नहीं, क्योंकि एक द्रव्य दूसरे द्रव्यरूप परिणमन त्रिकालमें भी नहीं कर सकता। जो उपादानके कार्यरूप परिणमनमें सहायक होता है वह निमित्त कहलाता है, जैसे मिट्टी के घटाकार परिणमनमें कुंभकार तथा दंड, चक्र आदि। और उस निमित्तकी सहायतासे उपादानमें जो कार्य होता है वह नैमित्तिक कहलाता है, जैसे कुंभकार आदिकी सहायतासे मिट्टीमें हुआ घटाकार परिणमन। यह निमित्त-नैमित्तिक भाव दो विभिन्न द्रव्योंमें भी बन जाता

है, परंतु उपादान-उपादेय भाव या व्याप्य-व्यापक भाव एक द्रव्यमें ही बनता है। जीवके रागादि भावका निमित्त पाकर पुद्गलमें और पुद्गलकी उदयावस्थाका निमित्त पाकर जीवमें रागादि भाव उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार दोनोंमें निमित्त-नैमित्तिक भाव होनेपर भी निश्चयनय उनमें कर्तृ-कर्मभावको स्वीकृत नहीं करता। निमित्त-नैमित्तिक भावके होनेपर भी कर्तृ-कर्मभाव न माननेमें युक्ति यह दी है कि ऐसा माननेपर निमित्तमें द्विक्रियाकारित्वका दोष आता है अर्थात् निमित्त अपने परिणमनका भी कर्ता होगा और उपादानके परिणमनका भी कर्ता होगा, जो कि संभव नहीं है। कुंदकुंद स्वामीने कहा है --

जीवो ण करदि घडं, णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।
जोगुवजोगा उप्पादगा, य तेसिं हवदि कत्ता।।१००।।

जीव न तो घटको करता है न पटको करता है और न बाकीके अन्य द्रव्योंको कहता है, जीवके योग और उपयोग ही उनके कर्ता है।

इसकी टीकामें अमृतचंद्र स्वामीने लिखा है -- जो घटादिक और क्रोधादिक परद्रव्यात्मक कर्म हैं, यदि इन्हें आत्मा व्याप्य-व्यापक भावसे करता है तो तद्रूपताका प्रसंग आता है और निमित्त-नैमित्तिक भावसे करता है तो नित्यकर्तृत्वका प्रसंग आता है परंतु ऐसा है नहीं, क्योंकि आत्मा उनसे न तो तन्मय ही है और न नित्यकर्ता ही है। अतः न तो व्याप्य-व्यापक भावसे कर्ता है और न निमित्त-नैमित्तिक भावसे। किंतु अनित्य जो योग और उपयोग हैं वे ही घट-पटादि द्रव्योंके निमित्त कर्ता हैं। उपयोग और योग आत्माके विकल्प और व्यापार हैं अर्थात् जब आत्मा ऐसा विकल्प करता है कि मैं घटको बनाऊँ, तब काय योगके द्वारा आत्माके प्रदेशोंमें चंचलता आती है और चंचलताकी निमित्तता पाकर हस्तादिकके व्यापार द्वारा दंडनिमित्तक चक्रभ्रमि होती है तब घटादिककी निष्पत्ति होती है। यह विकल्प और योग अनित्य हैं, कदाचित् अज्ञानके द्वारा करनेसे आत्मा इनका कर्ता हो भी सकता है परंतु परद्रव्यात्मक कर्मोंका कर्ता कदापि नहीं हो सका। यहाँ निमित्त कारणको दो भागोंमें विभाजित किया गया है -- एक साक्षात् निमित्त और दूसरा परंपरा निमित्त। कुंभकार अपने योग और उपयोगका कर्ता है, यह साक्षात् निमित्तकी अपेक्षा कथन है, क्योंकि इनके साथ कुंभकारका साक्षात् संबंध है और कुंभकारके योग तथा उपयोगसे दंड तथा चक्रादिमें जो व्यापार होता है तथा उससे जो घटादिककी उत्पत्ति होती है वह परंपरा निमित्तकी अपेक्षा कथन है। जब परंपरा निमित्तसे होनेवाले निमित्त-नैमित्तिक भावको गौण कर कथन किया जाता है तब यह बात कही जाती है कि जीव घट-पटादिका कर्ता नहीं है परंतु जब परंपरा निमित्तसे होनेवाले निमित्त-नैमित्तिक भावको प्रमुखता देकर कथन किया जाता है तब जीव घट-पटादिका कर्ता होता है। तात्पर्यवृत्तिकी निम्न पंक्तियोंसे यही भाव प्रकट होता है --

'इति परम्परया निमित्तरूपेण घटादिविषये जीवस्य कर्तृत्वं स्यात्। यदि पुनः मुख्यवृत्त्या निमित्तकर्तृत्वं भवति तर्हि जीवस्य नित्यत्वात् सर्वदैव कर्मकर्तृत्वप्रसङ्गाद् मोक्षाभावः।' गाथा १००

इस प्रकार परंपरा निमित्त रूपसे जीव घटादिकका कर्ता होता है, यदि मुख्य वृत्तिसे जीवको निमित्त कर्ता माना जावे तो जीवके नित्य होनेसे सदा ही कर्मकर्तृत्वका प्रसंग आ जायेगा और उस प्रसंगसे मोक्षका अभाव हो जावेगा।

'घटका कर्ता कुम्हार नहीं है, पटका कर्ता कुविंद नहीं है और रथका कर्ता बढ़ई नहीं है', यह कथन लोकविरुद्ध अवश्य प्रतीत होता है पर यथार्थ में जब विचार किया जाता है तब कुम्हार, कुविंद और बढ़ई अपने-अपने उपयोग और योगके कर्ता होते हैं। लोकमें जो उनका कर्तृत्व प्रसिद्ध है वह परंपरा निमित्तकी अपेक्षा संगत होता है।

मूल प्रश्न यह था कि कर्मका कर्ता कौन है? तथा रागादिकका कर्ता कौन है? इस प्रश्नके उत्तरमें जब व्याप्य-

व्यापकभाव या उपादान-उपादेयभावकी अपेक्षा विचार होता है तब यह बात आती है कि चूँकि कर्मरूप परिणमन पुद्गलरूप उपादानमें हुआ है इसलिए उसका कर्ता पुद्गलही है, जीव नहीं है। परंतु जब परंपरा नैमित्तिक भावकी अपेक्षा विचार होता है तब जीवके रागादिक भावोंका निमित्त पाकर पुद्गलमें कर्मरूप परिणमन हुआ है इसलिए उनका कर्ता जीव है। उपादान-उपादेयभावकी अपेक्षा रागादिकका कर्ता जीव है और परंपरा निमित्त-नैमित्तिकभावकी अपेक्षा उदयावस्थाको प्राप्त रागादिक द्रव्य कर्म।

जीवादिक नौ पदार्थोंके विवेचनके बीचमें कर्तृकर्मभावकी चर्चा छेड़नेमें कुंदकुंद स्वामीका इतना ही अभिप्राय ध्वनित होता है कि यह जीव अपने आपको किसी पदार्थका कर्ता, धर्ता तथा हर्ता मानकर व्यर्थ ही रागद्वेषके प्रपंचमें पड़ता है। अपने आपको परका कर्ता माननेसे अहंकार उत्पन्न होता है और परकी इष्ट अनिष्ट परिणतिमें हर्ष-विषादका अनुभव होता है। जब तक परपदार्थों और तन्निमित्तक वैभाविक भावोंमें हर्ष-विषादका अनुभव होता रहता है तब तक यह जीव अपने ज्ञाता द्रष्टा स्वभावमें सुस्थिर नहीं होता। वह मोहकी धारामें बहकर स्वरूपसे च्युत रहता है। मोक्षाभिलाषी जीवको अपनी यह भूल सबसे पहले सुधार लेनी चाहिए। इसी उद्देश्यसे आस्रवादि तत्त्वोंकी चर्चा करनेके पूर्व कुंदकुंद महाराजने सचेत किया है कि 'हे मुमुक्षु प्राणी ! तू कर्तृत्वके अहंकारसे बच, अन्यथा राग-द्वेषकी दलदलमें फँस जावेगा।'

'आत्मा कर्मोंका कर्ता और भोक्ता नहीं है' निश्चय करके इस कथनका विपरीत फलितार्थ निकालकर जीवोंको स्वच्छंद नहीं होना चाहिए। क्योंकि अशुद्ध निश्चयनयके जीव रागादिक भावोंका और व्यवहार नयसे कर्मोंका कर्ता तथा भोक्ता स्वीकार किया गया है। परस्परविरोधी नयोंका सामंजस्य पात्रभेदके विचारसे ही संपन्न होता है।

इसी कर्तृकर्माधिकारमें अमृतचंद्र स्वामीने अनेक नयपक्षोंका उल्लेख कर तत्त्ववेदी पुरुषको उनके पक्षसे अतिक्रांत -- परे रहनेवाला बताया है। आखिर, नय वस्तुस्वरूपको समझनेके साधन हैं, साध्य नहीं। एक अवस्था ऐसी भी आती है जहाँ व्यवहार और निश्चय दोनों प्रकारके नयोंके विकल्पोंका अस्तित्व नहीं रहता, प्रमाण अस्त हो जाता है और निक्षेप चक्रका तो पता ही नहीं चलता कि वह कहाँ गया --

उदयति न नयश्रीरस्तमेति प्रमाणं
क्वचिदपि च न विद्मो याति निक्षेपचक्रम्।
किमपरमभिदध्मो धाम्नि सर्वङ्कषेऽस्मि-
न्ननुभवमुपयाते भाति न द्वैतमेव।।९।।

पुण्यपापाधिकार

संसारचक्रसे निकलकर मोक्ष प्राप्त करनेके अभिलाषी प्राणीको पुण्यका प्रलोभन अपने लक्ष्यसे भ्रष्ट करनेवाला है। इसलिए कुंदकुंदस्वामी आस्रवाधिकारका प्रारंभ करनेके पहले ही इसे सचेत करते हुए कहते हैं कि हे मुमुक्षु! तू मोक्षरूपी महानगरके लिए निकला है। देख, कहीं बीचमेंही पुण्यके प्रलोभनमें नहीं पड़ जाना। यदि उसके प्रलोभनमें पड़ा तो एक झटकेमें ऊपरसे नीचे आ जायेगा और सागरोंपर्यंतके लिए उसी पुण्यमहलमें नज़रकैद हो जायेगा।

अधिकारके प्रारंभमें कुंदकुंद महाराज कहते हैं कि लोग अशुभको कुशील और शुभको सुशील कहते हैं। परंतु वह सुशील शुभ कैसे हो सकता है जो इस जीवको संसारमें ही प्रविष्ट रखता है -- उससे बाहर नहीं निकलने देता। बंधनकी अपेक्षा सुवर्ण और लोह -- दोनोंकी बेड़ियाँ समान हैं। जो बंधनसे बचना चाहता है उसे सुवर्णकी बेड़ी भी तोड़नी होगी।

वास्तवमें यह जीव पुण्यका प्रलोभन तोड़नेमें असमर्थ-सा हो रहा है। यदि अपने आत्मस्वातंत्र्य तथा शुद्धस्वभावकी

ओर इसका लक्ष्य बन जावे तो कठिन नहीं है। दया, दान, व्रताचरण आदिके भावलोकमें पुण्य कहे जाते हैं और हिंसादि पापोंमें प्रवृत्तिरूप भाव पाप कहे जाते हैं। पुण्यके फलस्वरूप पुण्यप्रकृतियोंका बंध होता है और पापके फलस्वरूप पाप प्रकृतियोंका। जब उन पुण्य और पाप प्रकृतियोंका उदयकाल आता है तब इस जीवको सुख दुःखका अनुभव होता है। परमार्थसे विचार किया जावे तो पुण्य और पाप दोनों प्रकारकी प्रकृतियोंका बंध इस जीवको संसारमें ही रोकनेवाला है। इसलिए इनसे बचकर उस तृतीयावस्थाको प्राप्त करनेका प्रयास करना चाहिए जो पुण्य और पाप दोनोंके विकल्पसे परे है। उस तृतीयावस्थामें पहुँचनेपर ही जीव कर्मबंधसे बच सकता है और कर्मबंधसे बचनेपर ही जीवका वास्तविक कल्याण हो सकता है। उन्होंने कहा है --

परमट्ठबाहिरा जे अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।
संसारगमण हेदुं वि मोक्खहेउं अजाणंता।।१५४।।

जो परमार्थसे बाह्य हैं अर्थात् ज्ञानात्मक आत्माके अनुभवसे शून्य है वे अज्ञानसे संसारगमनका कारण होनेपर भी पुण्यकी इच्छा करते हैं तथा मोक्षके कारणको जानते भी नहीं हैं।

यहाँ आचार्य महाराजने कहा है कि जो मनुष्य परमार्थज्ञानसे रहित हैं वे अज्ञानवश मोक्षका साक्षात् कारण जो वीतराग परिणति है उसे तो जानते नहीं हैं और पुण्यको मोक्षका साक्षात् कारण समझकर उसकी उपासना करते हैं जब कि यह पुण्य संसारकी ही प्राप्तिका कारण है। यहाँ पुण्यरूप आचारण का निषेध नहीं है किंतु पुण्याचरणको मोक्षका साक्षात् मार्ग माननेका निषेध किया है। ज्ञानी जीव अपने पदके अनुरूप पुण्याचरण करता है और उसके फलस्वरूप प्राप्त हुए इंद्र, चक्रवर्ती आदिके वैभवका उपयोग भी करता है परंतु श्रद्धामें यही भाव रखता है कि हमारा यह पुण्याचरण मोक्षका साक्षात् कारण नहीं है तथा उसके फलस्वरूप जो वैभव प्राप्त होता है वह मेरा स्वपद नहीं है। यहाँ इतनी बात ध्यानमें रखनेके योग्य है कि जिस प्रकार पापाचरण बुद्धिपूर्वक छोड़ा जाता है उस प्रकार बुद्धिपूर्वक पुण्याचरण नहीं छोड़ा जाता, वह तो शुद्धोपयोगकी भूमिकामें प्रविष्ट होनेपर स्वयं छूट जाता है।

जिनागमका कथन नयसापेक्ष होता है अतः शुद्धोपयोगकी अपेक्षा शुभोपयोगरूप पुण्यको त्याज्य कहा गया है परंतु अशुभोपयोगरूप पापकी अपेक्षा उसे उपादेय बताया गया है। शुभोपयोगमें यथार्थ मार्ग जल्दी मिल सकता है, परंतु अशुभोपयोगमें उसकी संभावना ही नहीं है। जैसे प्रातःकालसंबंधी सूर्यलालिमाका फल सूर्योदय है और सायंकालसंबंधी सूर्यलालिमाका फल सूर्यास्त है। इसी आपेक्षिक कथनको अंगीकृत करते हुए श्री कुंदकुंद स्वामीने मोक्षपाहुड में कहा है --

वर वयतवेहि सग्गो मा दुक्खं होउ णिरय इयरेहिं।
छायातवट्ठियाणं पडिवालंताण गुरुभेयं।।२५।।

और इसी अभिप्रायसे पूज्यपाद स्वामीने भी इष्टोपदेश में शुभोपयोगरूप व्रताचरणसे होनेवाले दैवपदको कुछ अच्छा कहा है और अशुभोपयोगरूप पापाचरणसे होनेवाले नारकपदको बुरा कहा है --

वरं व्रतैः पदं दैवं नाव्रतैर्बत नारकम्।
छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान्।।२।।

अर्थात् व्रतोंसे देवपद पाना कुछ अच्छा है परंतु अव्रतोंसे नारकपद पाना अच्छा नहीं है। क्योंकि छाया और धूपमें बैठकर प्रतीक्षा करनेवालोंमें महान् अंतर है।

अशुभोपयोग सर्वथा त्याज्य ही है और शुद्धोपयोग उपादेय ही है। परंतु शुभोपयोग पात्रभेदकी अपेक्षा हेय और

उपादेय दोनों रूप है। किन्हीं-किन्हीं[१] आचार्योंने सम्यग्दृष्टिके पुण्यको मोक्षका कारण बताया है और मिथ्यादृष्टिके पुण्यको बंधका कारण। उनका यह कथन भी नयविवक्षासे संगत होता है। वस्तुतत्त्वका यथार्थ विश्लेषण करनेपर यह बात अनुभवमें आती है कि सम्यग्दृष्टि जीवकी, मोहका आंशिक अभाव हो जानेसे जो आंशिक निर्मोह अवस्था हुई है वही उसकी निर्जराका कारण है और जो शुभ रागरूप अवस्था है वह बंधका ही कारण है। बंधके कारणोंकी चर्चा करते हुए कुंदकुंद स्वामीने तो एक ही बात कही है --

रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि जीवो विरागसंपत्तो।
ऐसो जिणोवएसो तम्हा कम्मेसु मा रज्ज।।१५०।।

रागी जीव कर्मोंको बाँधता है और विरागको प्राप्त हुआ जीव कर्मोंको छोड़ता है। यह भी जिनेश्वर का उपदेश है, इससे कर्मोंमें राग मत करो।

यहाँ आचार्यने शुभ अशुभ दोनों प्रकारके रागको ही बंधका कारण कहा है। यह बात जुदी है कि शुभ रागसे शुभ कर्मका बंध होता है और अशुभ रागसे अशुभ कर्मका। शुभ रागके समय शुभ कर्मोंमें स्थिति अनुभाग बंध अधिक होता है और अशुभ रागमें अशुभ कर्मोंमें स्थिति अनुभाग बंध अधिक होता है। वैसे प्रकृति और प्रदेश बंध तो यथासंभव व्युच्छित्तिपर्यंत सभी कर्मोंका होता रहता है।

यह पुण्यपापाधिकार १४५ से १६३ गाथा तक चलता है।

आस्रवाधिकार

संक्षेपमें जीव द्रव्यकी दो अवस्थाएँ हैं -- एक संसारी और दूसरी मुक्त। इनमें संसारी अवस्था अशुद्ध होनेसे हेय है और मुक्त अवस्था शुद्ध होनेसे उपादेय है। संसार अवस्थाका कारण आस्रव और बंधतत्त्व है तथा मोक्ष अवस्थाका कारण संवर और निर्जरा तत्त्व है। आत्माके जिन भावोंसे कर्म आते हैं उन्हें आस्रव कहते हैं। ऐसे भाव चार हैं -- मिथ्यात्व, अविरमण, कषाय और योग। यद्यपि तत्त्वार्थसूत्रकारने इन चारके सिवाय प्रमादका भी वर्णन किया है, परंतु कुंदकुंद स्वामी प्रमादको कषायका ही एक रूप मानते हैं अतः उन्होंने चार आस्रवोंका ही वर्णन किया है। इन्हीं चारके निमित्तसे आस्रव होता है। मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें चारों ही आस्रव हैं, उसके बाद अविरत सम्यग्दृष्टि तक अविरमण, कषाय और योग ये तीन आस्रव हैं। पंचम गुणस्थानमें एकदेश अविरमणका अभाव हो जाता है। छठवें गुणस्थानसे दसवें गुणस्थान तक कषाय और योग ये दो आस्रव हैं और उसके बाद ११, १२ और १३ वें गुणस्थानमें मात्र योग आस्रव है। तथा चौदहवें गुणस्थानमें आस्रव बिलकुल ही नहीं है।

इस अधिकारकी खास चर्चा यह है कि ज्ञानी अर्थात् सम्यग्दृष्टि जीवके आस्रव और बंध नहीं होते। जब कि करणानुयोगकी पद्धतिसे अविरत सम्यग्दृष्टिको आदि लेकर तेरहवें गुणस्थान तक क्रमसे ७७, ६७, ६३, ५९, ५८, २२, १७, १, १, १ प्रकृतियोंका बंध बताया है। यहाँ कुंदकुंद स्वामीका यह अभिप्राय है कि जिस प्रकार मिथ्यात्व और अनंतानुबंधीके उदयकालमें इस जीवके तीव्र अर्थात् अनंत संसारका कारण बंध होता था उस प्रकारका बंध सम्यग्दृष्टि जीवके नहीं होता। सम्यग्दर्शनकी ऐसी अद्भुत महिमा है कि उसके होनेके पूर्व ही बध्यमान कर्मोंकी स्थिति घटकर अन्तःकोडाकोडी सागर प्रमाण हो जाती है और सत्तामें स्थित कर्मोंकी स्थिति इससे भी संख्यात सागर कम रह जाती है। वैसे भी अविरत सम्यग्दृष्टि जीवके ४१ प्रकृतियोंका आस्रव और बंध तो रुक ही जाता है। वास्तविक बात यह है कि

---

१. सम्मादिट्ठी पुण्णं ण होइ संसारकारणं णियमा।
मोक्खस्स होइ हेउं जइवि णिदाणं ण सो कुणई।।४०।। -- भावसंग्रहे देवसेनस्य

सम्यग्दृष्टि जीवके सम्यग्दर्शन रूप परिणामोंसे बंध नहीं होता। उसके जो बंध होता है उसका कारण अप्रत्याख्यानावरणादि कषायोंका उदय है। सम्यग्दर्शनादि भाव मोक्षके कारण है वे बंधके कारण नहीं हो सकते किंतु उनके सद्भावकालमें जो रागादिक भाव हैं वे ही बंधके कारण हैं। इसी भावको अमृतचंद्रसूरिने निम्नांकित कलशमें प्रकट किया है --

रागद्वेषविमोहानां ज्ञानिनो यदसम्भवः।
तत एव न बन्धोऽस्ति ते हि बन्धस्य कारणम्।।११९।।

चूँकि ज्ञानी जीवके राग द्वेष और विमोहका अभाव है इसलिए उसके बंध नहीं होता। वास्तवमें रागादिक ही बंधके कारण हैं जहाँ जघन्य रत्नत्रयको बंधका कारण बतलाया है वहाँ भी यही विवक्षा ग्राह्य है कि उसके कालमें जो रागादिक भाव हैं वे बंधके कारण हैं। रत्नत्रयको उपचारसे बंधका कारण कहा गया है।

यह आस्रवाधिकार १६४ से १८० गाथा तक चलता है।

संवराधिकार

आस्रवका विरोधी तत्त्व संवर है अतः आस्रवके बाद ही उसका वर्णन किया जा रहा है। '[१]आस्रवनिरोधः संवरः' आस्रवका रुक जाना संवर है। यद्यपि अन्य ग्रंथकारोंने गुप्ति, समिति, धर्म, अनुप्रेक्षा, परीषहजय और चारित्रको संवर[२] कहा है किंतु इस अधिकारमें कुंदकुंद स्वामीने भेदविज्ञानको ही संवरका मूल कारण बतलाया है। उनका कहना है कि उपयोग, उपयोगमें ही है, क्रोधादिकमें नहीं है और क्रोधादिक क्रोधादिकमें ही हैं, उपयोगमें नहीं हैं। कर्म और नोकर्म तो स्पष्ट ही आत्मासे भिन्न हैं अतः उनसे भेदज्ञान प्राप्त करनेमें महिमा नहीं है। महिमा तो उस उस रागादिक भाव कर्मोंसे अपने ज्ञानोपयोगको भिन्न करनेमें है जो तन्मयीभावको प्राप्त होकर एक दिख रहे हैं। अज्ञानी जीव इस ज्ञानधारा और रागादिधाराको भिन्न-भिन्न नहीं समझ पाता इसलिए वह किसी पदार्थका ज्ञान होनेपर उसमें तत्काल राग-द्वेष करने लगता है परंतु ज्ञानी जीव उन दोनों धाराओंके अंतरको समझता है इसलिए वह किसी पदार्थको देखकर उसका ज्ञाता-द्रष्टा तो रहता है परंतु रागी-द्वेषी नहीं होता। जहाँ यह जीव रागादिकको अपने ज्ञाता द्रष्टा स्वभावसे भिन्न अनुभव करने लगता है वहीं उनके संबंधसे होनेवाले रागद्वेषसे बच जाता है। राग द्वेषसे बच जाना ही सच्चा संवर है। किसी वृक्षको उखाड़ना हो तो उसके पत्ते नोंचनेसे काम नहीं चलेगा, उसकी जड़ पर प्रहार करना होगा। राग द्वेषकी जड़ है भेद विज्ञानका अभाव। अतः भेद विज्ञानके द्वारा उन्हें अपने स्वरूपसे पृथक् समझना यही उनके नष्ट करनेका वास्तविक उपाय है। इस भेदविज्ञानकी महिमा का गान करते हुए अमृतचंद्रसूरिने कहा है --

भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धा ये किल केचन।
अस्यैवाभावतो बद्धा बद्धा ये किल केचन।।१३१।।

आजतक जितने सिद्ध हुए हैं वे सब भेदविज्ञानसे ही सिद्ध हुए हैं और जितने संसारमें बद्ध हैं वे भेदविज्ञानके अभावसे ही बद्ध हैं।

इस भेदविज्ञानकी भावना तबतक करते रहना चाहिए जब तक कि ज्ञान, परसे च्युत होकर ज्ञानमे ही प्रतिष्ठित नहीं हो जाता। परपदार्थसे ज्ञानको भिन्न करनेका पुरुषार्थ चतुर्थ गुणस्थानसे शुरू होता है और दशम गुणस्थानके अन्तिम समयमें समाप्त होता है। वहाँ वह परमार्थसे अपनी ज्ञानधाराको रागादिककी धारासे पृथक् कर लेता है। इस दशामें इस

---

१. तत्त्वार्थसूत्र नवमाध्याय सूत्र १। २. 'स गुप्तिसमितिधर्मानुप्रेक्षापरीषहजयचारित्रैः' तत्त्वार्थसूत्र नवमाध्याय सूत्र २।

जीवका ज्ञान, सचमुच ही ज्ञानमें प्रतिष्ठित हो जाता है और इसीलिए जीवके रागादिकके निमित्तसे होनेवाले बंधका सर्वथा अभाव हो जाता है। मात्र योगके निमित्तसे सातावेदनीयका आस्रव और बंध होता है सो भी सांपरायिक आस्रव और स्थिति तथा अनुभाग बंध नहीं, मात्र ईर्यापथ आस्रव और प्रकृति-प्रदेश बंध होता है। अंतर्मुहूर्तके भीतर ऐसा जीव नियमसे केवलज्ञान प्राप्त करता है। अहो भव्य प्राणियो! संवरके इस साक्षात् मार्गपर अग्रसर होओ जिससे आस्रव और बंधसे छुटकारा मिले।

संवराधिकार १८१ से १९२ गाथा तक चलता है।

निर्जराधिकार

सिद्धोके अनंतवें भाग और अभव्यराशिसे अनंतगुणित कर्म परमाणुओंकी निर्जरा संसारके प्रत्येक प्राणीके प्रतिसमय हो रही है। पर ऐसी निर्जरासे किसीका कल्याण नहीं होता। क्योंकि जितने कर्म परमाणुओंकी निर्जरा होती है उतने ही कर्मपरमाणु आस्रवपूर्वक बंधको प्राप्त हो जाते हैं। कल्याण उस निर्जरासे होता है जिसके होनेपर नवीन कर्मपरमाणुओंका आस्रव और बंध नहीं होता। इसी उद्देश्यसे यहाँ कुंदकुंद महाराजने संवरके बाद ही निर्जरा पदार्थका निरूपण किया है। संवरके बिना निर्जराकी कोई सफलता नहीं है।

निर्जराधिकारके प्रारंभमें ही कहा गया है --

उवभोगमिंदियेहिं दव्वामचेदणाणमिदराणं।
जं कुणदि सम्मदिट्ठी तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं।।१९३।।

सम्यग्दृष्टि जीवके इंद्रियोंके द्वारा जो चेतन अचेतन पदार्थोंका उपभोग होता है वह निर्जराके निमित्त होता है। अहो! सम्यग्दृष्टि जीवकी कैसी उत्कृष्ट महिमा है कि उसके पूर्वबद्ध कर्म उदयमें आ रहे हैं उनके उदयकालमें होनेवाला उपभोग भी हो रहा है परंतु उससे नवीन बंध नहीं होता। किंतु पूर्वबद्ध कर्म अपना फल देकर खिर जाते हैं। सम्यग्दृष्टि जीव कर्म और कर्मके फलका भोक्ता अपने आपको नहीं मानता। उनका ज्ञायक तो होता है, परंतु भोक्ता नहीं। भोक्ता अपने ज्ञायक स्वभावका ही होता है। यही कारण है कि उसकी वह प्रवृत्ति निर्जराका कारण बनती है।

सम्यग्दृष्टि जीवके ज्ञान और वैराग्यकी अद्‌भुत सामर्थ्य है। ज्ञान सामर्थ्यकी महिमा बतलाते हुए कुंदकुंद स्वामीने कहा है कि जिस प्रकार विषका उपभोग करता हुआ वैद्य मरणको प्राप्त नहीं होता उसी प्रकार ज्ञानी पुरुष पुद्‌गल कर्मके उदयका उपभोग करता हुआ बंधको प्राप्त नहीं होता। वैराग्य सामर्थ्यकी महिमा बतलाते हुए कहा है कि जिस प्रकार अरति भावसे मदिराका पान करनेवाला मनुष्य मदको प्राप्त नहीं होता उसी प्रकार अरतिभावसे द्रव्यका उपभोग करनेवाला ज्ञानी पुरुष बंधको प्राप्त नहीं होता। कैसी अद्‌भुत महिमा ज्ञान और वैराग्यकी है कि उसके होनेपर सम्यग्दृष्टि जीव मात्र निर्जराको करता है, बंधको नहीं। अन्य ग्रंथोंमें इस अविद्याकी निर्जराका कारण तपश्चरण कहा गया है, परंतु कुंदकुंद स्वामीने तपश्चरणको यथार्थ तपश्चरण बनानेवाला जो जीव और वैराग्य है उसीका प्रथम वर्णन किया है। ज्ञान और वैराग्यके बिना तपश्चरण निर्जराका कारण न होकर शुभ बंधका कारण होता है। ज्ञान और वैराग्यसे शून्य तपश्चरणके प्रभावसे यह जीव अनंत वार मुनिव्रत धारण कर नौवें ग्रैवेयक तक उत्पन्न हो जाता है परंतु उतने मात्रसे संसारभ्रमणका अंत नहीं होता।

अब प्रश्न यह है कि सम्यग्दृष्टि जीवके क्या निर्जरा ही निर्जरा होती है? बंध बिल्कुल नहीं होता? इसका उत्तर करणानुयोगकी पद्धतिसे यह होता है कि सम्यग्दृष्टि जीवके निर्जराका होना प्रारंभ हो गया। मिथ्यादृष्टि जीवके ऐसी निर्जरा

आज तक नहीं हुई। किंतु सम्यग्दर्शनके होते ही वह ऐसी निर्जराका पात्र बन जाता है। 'सम्यग्दृष्टिविरतानन्तवियोजकददर्शनमोहक्षपकोपशमशान्तमोहक्षपकक्षीणमोहजिनाः क्रमशोऽसङ्ख्येयगुणनिर्जराः' -- आगममें गुणश्रेणि निर्जराके दस स्थान बतलाये हैं। इनमें निर्जरा उत्तरोत्तर बढ़ती जाती है। सम्यग्दृष्टि जीवके निर्जरा और बंध दोनों चलते हैं। निर्जरा के कारणोंसे निर्जरा होती है और बंधके कारणोंसे बंध होता है। जहाँ बंधका सर्वथा अभाव होकर मात्र निर्जरा ही निर्जरा होती है होती है ऐसा तो सिर्फ चौदहवाँ गुणस्थान है। उसके पूर्व चतुर्थ गुणस्थानसे लेकर तेरहवें गुणस्थान तक निर्जरा और बंध दोनों चलते हैं। यह ठीक है कि जैसे-जैसे यह जीव उपरितन गुणस्थानोंमें चढ़ता जाता है वैसे-वैसे निर्जरामें वृद्धि और बंधमें न्यूनता होती जाती है। सम्यग्दृष्टि जीवके ज्ञान और वैराग्यशक्तिकी प्रधानता हो जाती है इसलिए बंधके कारणोंकी गौणता कर ऐसा कथन किया जाता है कि सम्यग्दृष्टिके निर्जरा होती है, बंध नहीं। इसी निर्जराधिकारमें कुंदकुंदस्वामीने सम्यग्दर्शनके आठ अंगोंका विशद वर्णन किया है।

यह अधिकार १९३ से २३६ गाथा तक चलता है।

बंधाधिकार

आत्मा और पौद्गलिक कर्म -- दोनोंही स्वतंत्र द्रव्य हैं और दोनोंमें चेतन अचेतनकी अपेक्षा पूर्व-पश्चिम जैसा अंतर है। फिर भी इनका अनादिकालसे संयोग बन रहा। जिस प्रकार चुंबकमें लोहाको खींचनेकी और लोहामें खिंचनेकी योग्यता है उसी प्रकार आत्मामें कर्मरूप पुद्गलको खींचनेकी और कर्मरूप पुद्गलमें खिंचनेकी योग्यता है। अपनी अपनी योग्यताके कारण दोनोंका एकक्षेत्रावगाह हो रहा है। इसी क्षेत्रावगाहको बंध कहते हैं। इस बंध दशाके कारणोंका वर्णन करते हुए आचार्यने स्नेह अर्थात् रागभावको ही प्रमुख कारण बतलाया है। अधिकारके प्रारंभमें ही वे एक दृष्टांत देते हैं कि जिस प्रकार धूलिबहुल स्थानमें कोई मनुष्य शस्त्रोंसे व्यायाम करता है, ताड़ तथा केले आदिके वृक्षोंको छेदता भेदता है, इस क्रियासे उसका धूलिसे संबंध होता है सो इस संबंधके होनेमें कारण क्या है? उस व्यायामकर्ताके शरीरमें जो स्नेह -- तेल लग रहा है वही उसका कारण है। इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव, इंद्रियविषयोंमें व्यापार करता है, उस व्यापारके समय जो कर्मरूपी धूलिका संबंध उसकी आत्माके साथ होता है, उसका कारण क्या है? उसका कारण भी आत्मामें विद्यमान स्नेह अर्थात् रागभाव है। यह रागभाव जीवका स्वभाव नहीं किंतु विभाव है और वह भी द्रव्य कर्मोंकी उदयावस्थारूप कारणसे उत्पन्न हुआ है।

आस्रवाधिकारमें आस्रवके जो चार प्रत्यय -- मिथ्यादर्शन, अविरमण, कषाय और योग बतलाये हैं वे ही बंधके भी प्रत्यय -- कारण हैं। इन्हीं प्रत्ययोंका संक्षिप्त नाम रागद्वेष अथवा अध्यवसान भाव है। इन अध्यवसान भावोंका जिनके अभाव हो जाता है वे शुभ अशभ कर्मोंके साथ बंधको प्राप्त नहीं होते। जैसा कि कहा है --

एदाणि णत्थि जेसिं अज्झवसाणाणि एवमादीणि।
ते असुहेण सुहेण व कम्मेण मुणे ण लिंपंति।।२७०।।

मैं किसीकी हिंसा करता हूँ तथा कोई अन्य जीव मेरी हिंसा करते हैं। मैं किसीको जिलाता हूँ तथा कोई अन्य जीव मुझे जिलाते हैं। मैं किसीको सुखदुःख देता हूँ तथा कोई अन्य मुझे सुखदुःख देते हैं -- यह सब भाव अध्यवसान भाव कहलाते हैं। मिथ्यादृष्टि जीव इन अध्यवसानभावोंको कर कर्मबंध करता है और सम्यग्दृष्टि जीव उससे दूर रहता है।

सम्यग्दृष्टि जीव बंधके इस वास्तविक कारणको समझता है इसलिए वह उसे दूर कर निर्बंध अवस्थाको प्राप्त होता है परंतु मिथ्यादृष्टि जीव इस वास्तविक कारणको समझ नहीं पाता इसलिए करोडों वर्षकी तपस्याके द्वारा भी वह

निर्बंध अवस्था प्राप्त नहीं कर पाता। मिथ्यादृष्टि जीव धर्मका आचरण -- तपश्चरण आदि करता भी है परंतु 'धम्मं भोगणिमित्तं ण दु सो कम्मक्खयणिमित्तं' धर्मको भोगके निमित्त करता है, कर्मक्षयके निमित्त नहीं।।

अरे भाई! सच्चा कल्याण यदि करना चाहता है तो अध्यवसानभावोंको समझ और उन्हें दूर करनेका पुरुषार्थ कर।

कितने ही जीव निमित्तकी मान्यतासे बचनेके लिए ऐसा व्याख्यान करते हैं कि आत्मामें रागादिक अध्यवसान स्वतः होते हैं, उनमें द्रव्य कर्मकी उदयावस्था निमित्त नहीं है। ऐसे जीवोंको बंधाधिकारकी निम्न गाथाओंका मनन कर अपनी श्रद्धा ठीक करनी चाहिए --

जह फलिहमणी सुद्धो ण सयं परिणमइ रायमाईहिं।
रंगिज्जइ अण्णेहिं दु सो रत्तादीहिं दव्वेहिं।।२७८।।
एवं णाणी सुद्धो ण सयं परिणमइ रायमाईहिं।
राइज्जइ अण्णेहिं दु सो रागादीहिं दोसेहिं।।२७९।।

जेसे स्फटिकमणि आप शुद्ध है, वह स्वयं ललाई आदि रंगरूप परिणमन नहीं करता किंतु लाल आदि द्रव्योंसे ललाई आदि रगरूप परिणमन करता है। इसी प्रकार ज्ञानी जीव आप शुद्ध है, वह स्वयं राग आदि विभावरूप परिणमन नहीं करता, किंतु अन्य राग आदि दोषों -- द्रव्यकर्मोदयजनित विकारोंसे रागादि विभावरूप परिणमन करता है।

श्री अमृतचंद्र स्वामीने भी कलशोंके द्वारा उक्त भाव प्रकट किया है --

न जातु रागादिनिमित्तभावमात्मात्मनो याति यथार्ककान्तः।
तस्मिन्निमित्तं परसङ्ग एव वस्तुस्वभावोऽयमुदेति तावत्।।१७५।।

जिस प्रकार अर्ककांत -- स्फटिकमणि स्वयं ललाई आदिको प्राप्त नहीं होता उसी प्रकार आत्मा स्वयं रागादिके निमित्त भावको प्राप्त नहीं होता, उसमें निमित्त परसंग ही है -- आत्माके द्वारा किया हुआ परका संग ही है।

ज्ञानी जीव स्वभाव और विभावके अंतरको समझता है। वह स्वभावको अकारण मानता है और विभावको सकारण मानता है। ज्ञानी जीव स्वभावमें स्वत्व बुद्धि रखता है और विभावमें परत्व बुद्धि। इसीलिए वह बंधसे बचता है।

यह अधिकार २३७ से लेकर २८७ गाथा तक चलता है।

मोक्षाधिकार

आत्माकी सर्वकर्मसे रहित जो अवस्था है उसे मोक्ष कहते हैं। मोक्ष शब्द ही इसके पूर्व रहनेवाली बद्ध अवस्थाका प्रत्यय कराता है। मोक्षाधिकारमें मोक्षप्राप्तिके कारणोंका विचार किया गया है। प्रारंभमें ही कुंदकुंद स्वामी लिखते हैं -- जिस प्रकार चिरकालसे बंधनमें पड़ा हुआ पुरुष उस बंधनके तीव्र या मंद या मध्यमभावको जानता है तथा उसके कारणोंको भी समझता है परंतु उस बंधनका -- बेड़ीका छेदन नहीं करता है तो उस बंधनसे मुक्त नहीं हो सकता। इसी प्रकार जो जीव कर्मबंधके प्रकृति, प्रदेश, स्थिति और अनुभाग बंधको जानता है तथा उनकी स्थिति आदिको भी समझता है परंतु उस बंधको छेदनेका पुरुषार्थ नहीं करता तो वह उस कर्मबंधसे मुक्त नहीं हो सकता।

इस संदर्भमें कुंदकुंद स्वामीने बड़ी उत्कृष्ट बात कही है। मेरी समझसे वह उत्कृष्ट बात महाव्रताचरणरूप सम्यक् चारित्र है। हे जीव! तुझे श्रद्धान है कि मैं कर्मबंधनसे बद्ध हूँ और बद्ध होनेके कारणोंको भी जानता है, परंतु तेरा यह श्रद्धान और ज्ञान तुझे कर्मबंधसे मुक्त करनेवाला नहीं है। मुक्त करनेवाला तो यथार्थ श्रद्धान और ज्ञानके साथ

होनेवाला सम्यक् चारित्ररूप पुरुषार्थ ही है। जब तक तू इस पुरुषार्थको अंगीकृत नहीं करेगा तब तक बंधनसे मुक्त होना दुर्भर है। मात्र ज्ञान और दर्शनको लिए हुए तेरा सागरोंपर्यंतका दीर्घकाल योंही निकल जाता है पर तू बंधनसे मुक्त नहीं हो पाता। परंतु उस श्रद्धान ज्ञानके साथ जहाँ चारित्ररूपी पुरुषार्थको अंगीकृत करता है वहाँ तेरा कार्य बननेमें विलंब नहीं लगता।।

हे जीव! तू मोक्ष किसका करना चाहता है? आत्माका करना चाहता है। पर संयोगी पर्यायके अंदर तूने आत्माको समझा या नहीं? इस बातका तो विचार कर। कहीं इस संयोगी पर्यायको ही तूने आत्मा नहीं समझ रक्खा है? मोक्षप्राप्तिका पुरुषार्थ करनेके पहले आत्मा और बंधको समझना आवश्यक है। कुंदकुंद स्वामीने कहा है --

जीवो बंधो य तहा छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं।
बंधो छेएदव्वो सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो।।२९५।।

जीव और बंध अपने अपने लक्षणोंसे जाने जाते हैं सो जानकर बंध तो छेदनेके योग्य है और जीव -- आत्मा ग्रहण करनेके योग्य है।

शिष्य कहता है, भगवन्! वह उपाय तो बताओ जिसके द्वारा मैं आत्माका ग्रहण कर सकूँ। उत्तरमें कुंदकुंद महाराज कहते हैं --

कह सो घिप्पइ अप्पा पण्णाए सो उ घिप्पए अप्पा।
जह पण्णाइ विहत्तो तह पण्णा एव घित्तव्वो।।२९६।।

उस आत्माका ग्रहण कैसे किया जावे? प्रज्ञा -- भेदज्ञानके द्वारा आत्माका ग्रहण किया जावे। जिस तरह प्रज्ञासे उसे विभक्त किया था उसी तरह उसे प्रज्ञासे ग्रहण करना चाहिए।

पण्णाए घित्तव्वो जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो।
अवसेसा जे भावा ते मज्झ परेत्ति णायव्वा।।२९७।।

प्रज्ञाके द्वारा ग्रहण करनेयोग्य जो चेतयिता है वही मैं हूँ और अवशेष जो भाव हैं वे मुझसे पर हैं।

इस प्रकार स्वपरके भेदविज्ञानपूर्वक जो चारित्र धारण किया जाता है वही मोक्षप्राप्ति का वास्तविक पुरुषार्थ है। मोह और क्षोभसे रहित आत्माकी परिणतिको चारित्र कहते हैं। व्रत, समिति, गुप्ति आदि, इसी वास्तविक चारित्रकी प्राप्तिमें साधक होनेसे चारित्र कहे जाते हैं।

यह अधिकार २८८ से लेकर ३०७ गाथातक चलता है।

सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार

आत्माके अनंत गुणोंमें ज्ञान ही सबसे प्रमुख गुण है। उसमें किसी प्रकारका विकार शेष न रह जावे, इसलिए पिछले अधिकारोंमें उक्त अनुक्त बातोंका एक बार फिरसे विचार कर ज्ञानको सर्वथा निर्दोष बनानेका प्रयत्न इस सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकारमें किया गया है।

'आत्मा परद्रव्यके कर्तृत्वसे रहित है' इसके समर्थनमें कहा गया है कि प्रत्येक द्रव्य अपने ही गुण-पर्यायरूप परिणमन करता है, अन्य द्रव्यरूप नहीं, इसलिए वह परका कर्ता नहीं हो सकता, अपने ही गुण और पर्यायोंका कर्ता हो सकता है। यही कारण है कि आत्मा कर्मोंका कर्ता नहीं है। कर्मोंका कर्ता पुद्गल द्रव्य है क्योंकि ज्ञानावरणादि रूप परिणमन पुद्गल द्रव्यमें ही हो रहा है। इसी तरह रागादिकका कर्ता आत्मा ही है, परद्रव्य नहीं, क्योंकि रागादिरूप परिणमन आत्मा ही करता है। निमित्तप्रधान दृष्टिको लेकर पहले अधिकारमें पुद्गलजन्य होनेके कारण रागको पौद्गलिक

कहा है। यहाँ उपादानप्रधान दृष्टिको लेकर कहा गया है कि चूँकि रागादिरूप परिणमन आत्माका होता है , अतः आत्माके है। अमृतचंद्रसूरिने तो यहाँ तक कहा है कि जो जीव रागादिकी उत्पत्तिमें परद्रव्यको ही निमित्त मानते हैं वे 'शुद्धबोधविधुरांधबुद्धि' हैं तथा मोहरूपी नदीको नहीं तैर सकते --

रागजन्मनि निमित्ततां परद्रव्यमेव कलयन्ति ये तु ते।
उत्तरन्ति न हि मोहवाहिनीं शुद्धबोधविधुरान्धबुद्धयः।।२२१।।

कितने ही महानुभाव अपनी एकान्त उपादानकी मान्यताका समर्थन करनेके लिए इस कलशका अवतरण दिया करते हैं पर वे श्लोकमें पड़े हुए 'एव' शब्दकी ओर दृष्टिपात नहीं करते। यहाँ अमृतचंद्रसूरि 'एव' शब्दके द्वारा यह प्रकट कर रहे हैं कि जो रागकी उत्पत्ति में परद्रव्यको ही कारण मानते हैं, स्वद्रव्यको नहीं मानते वे मोहनदीको नहीं तैर सकते। रागादिककी उत्पत्तिमें परद्रव्य निमित्त कारण है और स्वद्रव्य उपादान कारण है। जो पुरुष स्वद्रव्यरूप उपादान कारण न मानकर परद्रव्यको ही कारण मानते हैं -- मात्र निमित्त कारणसे ही उनकी उत्पत्ति मानते हैं वे मोहनदीको नहीं तैर सकते। यह ठीक है कि निमित्त, कार्यरूप परिणत नहीं होता परंतु कार्यकी उत्पत्तिमें उसका साहाय्य अनिवार्य आवश्यक है। अंतरंग बहिरंग कारणोंसे कार्यकी उत्पत्ति होती है, यह जिनागमकी सनातन मान्यता है। यहाँ जिस निमित्तके साथ कार्यका अन्वय व्यतिरेक रहता है वही निमित्त शब्दसे विवक्षित है इसका ध्यान रखना चाहिए।

आत्मा परका -- कर्मका कर्ता नहीं है, यह सिद्ध कर जीवको कर्मचेतनासे रहित सिद्ध किया गया है। इस तरह ज्ञानी जीव अपने ज्ञायक स्वभावका ही भोक्ता है, कर्मफलका भोक्ता नहीं है, यह सिद्ध कर उसे कर्मफलचेतनासे रहित सिद्ध किया गया है। ज्ञानी तो एक ज्ञानचेतनासे ही सहित है, उसीके प्रति उसकी स्वत्वबुद्धि रहती है।

इस अधिकारके अंतमें एक बात और बड़ी सुंदर कही गयी है। कुंदकुंद स्वामी कहते हैं कि कितने ही लोग मुनिलिंग अथवा गृहस्थके नाना लिंग धारण करनेकी प्रेरणा इसलिए करते हैं कि ये मोक्षमार्ग हैं, परंतु कोई लिंग मोक्षका मार्ग नहीं है, मोक्षका मार्ग तो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी एकता है। इसलिए --

मोक्खपहे अप्पाणं ठवेहि तं चेव झाहि तं चेया।
तत्थेव विहर णिच्चं मा विहरसु अण्णदव्वेसु।।४१२।।

मोक्षमार्गमें आत्माको लगाओ, उसीका ध्यान करो, उसीका चिंतन करो और उसमें विहार करो। अन्य द्रव्योंमें नहीं।

इस निश्चयपूर्ण कथनका कोई यह फलितार्थ न निकाल ले कि कुंदकुंद स्वामी मुनिलिंग और श्रावकलिंगका निषेध करते हैं। इसलिए वे लगे हाथ अपनी नयविवक्षाको प्रकट करते हैं --

ववहारिओ पुण णओ दोण्णि वि लिंगाणि भणइ मोक्खपहे।
णिच्छयणओ ण इच्छइ मोक्खपहे सव्वलिंगाणि।।४१४।।

परंतु व्यवहार नय दोनों नयोंको मोक्षमार्गमें कहता है और निश्चय नय मोक्षमार्गमें सभी लिंगोंको इष्ट नहीं मानता।

इस तरह विवादके स्थलोंको कुंदकुंद स्वामी तत्काल स्पष्ट करते हुए चलते हैं।जिनागमका कथन नयविवक्षापर अवलंबित है, यह तो सर्वसम्मत बात है, इसलिए व्याख्यान करते समय वक्ता अपनी नयविवक्षाको प्रकट करता चलें और भोक्ता (श्रोता ?) भी उस नयविवक्षासे व्याख्यात तत्त्वको उसी नयविवक्षासे ग्रहण करनेका प्रयास करें तो विसंवाद होनेका अवसर ही नहीं आवे।

यह अधिकार ३०८ से लेकर ४१५ गाथा तक चलता है।

स्याद्वादाधिकार और उपायोपेय भावाधिकार

ये अधिकार अमृतचंद्र स्वामीने स्वरचित आत्मख्याति टीकाके अंगरूप लिखे हैं। इतना स्पष्ट है कि समयप्राभृत या समयसार अध्यात्म ग्रंथ है। अध्यात्म ग्रंथोंका वस्तुतत्त्व सीधा आत्मासे संबंध रखनेवाला होता है। इसलिए उसके कथनमें निश्चयनयका आलंबन प्रधानरूपसे लिया जाता है। परपदार्थसे संबंध रखनेवाले व्यवहारनयका आलंबन गौण रहता है। जो श्रोता दोनों नयके प्रधान और गौण भावपर दृष्टि नहीं रखते उन्हें भ्रम हो सकता है। उनके भ्रमका निराकरण करनेके उद्देश्यसे ही अमृतचंद्र स्वामीने इन अधिकारोंका अवतरण किया है।

स्याद्वाद अधिकारमें उन्होंने स्याद्वादके वाच्यभूत अनेकान्तका समर्थन करनेके लिए तत्-अतत्, सत्-असत्, एक-अनेक, नित्य-अनित्य आदि अनेक नयोंसे आत्मतत्त्वका निरूपण किया है। अंतमें कलशकाव्योंके द्वारा इसी बातका समर्थन किया है। अमृतचंद्र स्वामीने अनेकान्तको परमागमका जीव-- प्राण और समस्त नयोंके विरोधको नष्ट करनेवाला माना है। जैसा कि उन्होंने स्वरचित 'पुरुषार्थसिद्ध्युपाय' ग्रंथके मंगलाचरणमें कहा है --

परमागमस्य जीवं निषिद्धजात्यन्धसिन्धुरविधानम्।
सकलनयविलसितानां विरोधमथनं नमाम्यनेकान्तम्।।२।।

आत्मख्याति टीकाके प्रारंभमें भी उन्होंने यही आकांक्षा प्रकट की है --

अनन्तधर्मणस्तत्वं पश्यन्ती प्रत्यगात्मनः।
अनेकान्तमयी मूर्तिर्नित्यमेव प्रकाशताम्।।२।।

अनेक धर्मात्मक परमात्मतत्त्वके स्वरूपका अवलोकन करनेवाली अनेकान्तमयी मूर्ति निरंतर ही प्रकाशमान रहे।।

इसी अधिकारमें उन्होंने जीवत्वशक्ति, चितिशक्ति आदि ४७ शक्तियोंका निरूपण किया है जो नयविवक्षाके परिज्ञानसे ही सिद्ध होता है।

उपायोपेयाधिकारमें उपायोपायभावकी चर्चा की गयी है, जिसका सार यह है --

पानेयोग्य वस्तु जिससे प्राप्त की जा सकती है वह उपाय है और उस उपायके द्वारा जो वस्तु प्राप्त की जा सकती है वह उपेय है। आत्मारूप वस्तु यद्यपि ज्ञानमात्र वस्तु है तो भी उसमें उपायोपेय भाव विद्यमान है। क्योंकि उस आत्मवस्तुके एक होनेपर भी उसमे साधक और सिद्धके भेदसे दोनों प्रकारका परिणाम देखा जाता है अर्थात् आत्मा ही साधक है और आत्मा ही सिद्ध है। उन दोनों परिणामोंमें जो साधकरूप है वह उपाय कहलाता है और जो सिद्धरूप है वह उपेय कहलाता है। यह आत्मा अनादिकालसे मिथ्यादर्शन-ज्ञान-चारित्रके कारण संसारमें भ्रमण करता है। जबतक व्यवहार रत्नत्रयको निश्चलरूपसे अंगीकार कर अनुक्रमसे अपने स्वरूपानुभवकी वृद्धि करता हुआ निश्चय रत्नत्रयकी पूर्णताको प्राप्त होता है तब तक तो साधकभाव है और निश्चय रत्नत्रयकी पूर्णतासे समस्त कर्मोंका क्षय होकर जो मोक्ष प्राप्त होता है वह सिद्धभाव है। इन दोनों भावरूप परिणमन ज्ञानका ही है, इसलिए वही उपाय है और वही उपेय है। यह गुणकी प्रधानतासे कथन है।

प्रवचनसार

प्रथम संस्कृत टीकाकार श्री अमृतचंद्रसूरिके मतानुसार प्रवचनसारमें २७५ गाथाएँ हैं और वह ज्ञानाधिकार,

ज्ञेयाधिकार तथा चारित्राधिकारके भेदसे तीन श्रुतस्कंधोंमें विभाजित है। प्रथम श्रुतस्कंधमें ९२, दूसरे श्रुतस्कंधमें १०८ और तीसरे श्रुतस्कंधमें ७५ गाथाएँ हैं। द्वितीय संस्कृत टीकाकार श्री जयसेनाचार्यके मतानुसार प्रवचनसारमें ३११ गाथाएँ हैं। जिनमें प्रथम श्रुतस्कंधमें १०१, द्वितीय श्रुतस्कंधमें ११२ और तृतीय श्रुतस्कंधमें ९७ गाथाएँ हैं। इन स्कंधोंमें प्रतिपादित विषयोंकी संक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है --

१. ज्ञानाधिकार

चारित्र दो प्रकारका है -- सराग चारित्र और वीतराग चारित्र। प्रारंभमें इन दोनों चारित्रोंका फल बतलाते हुए कहते हैं कि दर्शन और ज्ञानकी प्रधानतासे युक्त चारित्रसे जीवको देव, धरणेंद्र और चक्रवर्ती आदिके विभवके साथ निर्वाणकी प्राप्ति होती है अर्थात् सराग चारित्रसे स्वर्गादिक और वीतराग चारित्रसे निर्वाण प्राप्त होता है। दोनोंका फल बतलाते हुए फलितार्थ रूपमें यह भाव भी प्रकट किया गया है कि चूँकि जीवका परम प्रयोजन निर्वाण प्राप्त करना है, अतः उसका साधक वीतराग चारित्र ही उपादेय है और स्वर्गादिककी प्राप्तिका साधक सराग चारित्र हेय है।

चारित्रका स्वरूप बतलाते हुए कहा है --

चारित्तं खलु धम्मो धम्मो जो सो समो त्ति णिद्दिट्ठो।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो हु समो।।७।।

अर्थात् चारित्र ही वास्तवमें धर्म है, आत्माका जो समभाव है वह धर्म कहलाता है तथा मोह -- मिथ्यात्व एवं क्षोभ -- राग द्वेषसे रहित आत्माका जो परिणाम है वह समभाव है। इस तरह चारित्र और धर्ममें एकत्व बतलाते हुए कहा है कि आत्माकी जो मोहजन्य विकारोंसे रहित परिणति है वही चारित्र अथवा धर्म है। ऐसा चारित्र जब इस जीवको प्राप्त होता है तभी वह निर्वाणको प्राप्त होता है। यही भाव हिंदीके महान् कवि प. दौलतरामजीने 'छहढाला'में प्रकट किया है -

'जो भाव मोहते न्यारे दृग ज्ञान व्रतादिक सारे।
सो धर्म जबहि जिय धारे तब ही सुख अचल निहारे।'

मोहसे पृथक् जो दर्शन ज्ञान व्रत आदिक आत्माके भाव हैं वे ही धर्म कहलाते हैं। ऐसा धर्म जब यह जीव धारण करता है तब ही अचल -- अविनाशी -- मोक्षसुखको प्राप्त होता है।

धर्मकी इस परिभाषासे, उसका पुण्यसे पृथक्करण स्वयमेव हो जाता है अर्थात् शुभोपयोग परिणतिरूप जो आत्माका पुण्यभाव है वह मोहजन्य विकार होनेसे धर्म नहीं है। उसे निश्चय धर्मका कारण होनेसे व्यवहारसे धर्म कहते हैं।

चारित्ररूप धर्मसे परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोगसे युक्त है तो वह निर्वाण सुखको -- मोक्षके अनंत आनंदको प्राप्त होता है और यदि शुभोपयोगसे सहित है तो स्वर्गसुखको प्राप्त होता है। चूँकि स्वर्गसुख प्राप्त करना ज्ञानी जीवका लक्ष्य नहीं है अतः उसके लिए यह हेय है।अशुभ, शुभ और शद्धके भेदसे उपयोगके तीन भेद हैं। अशुभोपयोगके द्वारा यह जीव कुमनुष्य, तिर्यंच तथा नारकी होकर हजारों दुःखोंको भोगता हुआ संसारमें भ्रमण करता है। तथा शुभोपयोगके द्वारा देव और चक्रवर्ती आदि उत्तम मनुष्य गति के सुख भोगता है। शुद्धोपयोगका फल बतलाते हुए कुंदकुंद स्वामीने शुद्धोपयोगके धारक जीवोंके सुखका कितना हृदयहारी वर्णन किया है। देखिए --

अइसयमादसमुत्थं विसयातीदं अणोवममणंतं।
अव्वुच्छिण्णं च सुहं सुद्धुवयोगप्पसिद्धाणं।।१३।।

शुद्धोपयोगसे प्रसिद्ध -- कृतकृत्यताको प्राप्त हुए अरहंत और सिद्ध परमेष्ठीको जो सुख प्राप्त होता है वह अतिशयपूर्ण है, आत्मोत्थ है, विषयोंसे परे है , अनुपम है, अनंत है तथा कभी व्युच्छिन्न -- नष्ट होनेवाला नहीं है।

शुद्धोपयोगके फलस्वरूप यह जीव उस सर्वज्ञ अवस्थाको प्राप्त करता है जिसमें इसके लिए कुछ भी परोक्ष नहीं रह जाता है। वह लोकालोकके समस्त पदार्थोंको एक साथ जानने लगता है। सर्वज्ञता आत्माका स्वभाव है परंतु वह राग परिणतिके कारण प्रकट नहीं हो पाता। दशम गुणस्थानके अंतमें ज्योंही वह रागपरिणतिका सर्वथा क्षय करता है त्योंही अंतर्मुहूर्तके भीतर नियमसे सर्वज्ञ हो जाता है। आगममें छद्मस्थ वीतरागका काल अंतर्मुहूर्तही बतलाया है जबकि वीतराग सर्वज्ञका काल सिद्ध पर्यायकी अपेक्षा सादि अनंत है। वेदान्त आदि दर्शनोंमें आत्माको व्यापक कहा है, परंतु कुंदकुंद स्वामी ज्ञानकी अपेक्षा ही आत्माको व्यापक कहते हैं। चूँकि आत्मा लोक-अलोकको जानता है अतः वह लोक-अलोकमें व्यापक है। प्रदेश-विस्तारकी अपेक्षा प्राप्त शरीरके प्रमाण ही है।

ज्ञान ज्ञेयको जानता है फिर भी उन दोनोंमें पृथक् भाव है। यह ज्ञानकी स्वच्छताका ही फल है। देखिए, कितना सुंदर वर्णन है --

ण पविट्ठो णाणिट्ठो णाणी णेयेसु रूवमिव चक्खू।
जाणदि पस्सदि णियदं अक्खातीदो जगमसेसं।।२९।।

जिस प्रकार चक्षु रूपको जानता है परंतु रूपमें प्रविष्ट नहीं होता और न रूपही चक्षुमें प्रविष्ट होता है उसी प्रकार इंद्रियातीत ज्ञानका धारक आत्मा समस्त जगत्को जानता है फिर भी उसमें प्रविष्ट नहीं होता है। ज्ञान और ज्ञेयके प्रदेश एक-दूसरेमें प्रविष्ट नहीं होते मात्र ज्ञान-ज्ञेयकी अपेक्षा ही इनमें प्रविष्टका व्यवहार होता है।

केवलज्ञानका धारक शुद्धात्मा, पदार्थोंको जानता हुआ भी उन पदार्थोंके रूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न होता है इसलिए अबंधक कहा गया है। यथार्थमें ज्ञानकी हीनाधिकता बंधका कारण नहीं है किंतु उसके कालमें पायी जानेवाली राग द्वेषरूप परिणति ही बंधका कारण है। चूँकि केवलज्ञानी आत्मा राग द्वेषकी परिणतिसे रहित है अतः अबंधक है। यद्यपि सयोगकेवली अवस्थामें साता वेदनीयका बंध कहा गया है तथापि स्थिति और अनुभाव बंधसे रहित होनेके कारण उसकी विवक्षा नहीं की गयी है। गाथा निम्न प्रकार है --

ण वि परिणमदि ण गेण्हदि उप्पज्जदि णेव तेसु अत्थेसु।
जाणण्णवि ते आदा अबंधगो तेण पण्णत्तो।।५२।।

जिस प्रकार ज्ञान आत्माका अनुजीवी गुण है उसी प्रकार सुख भी आत्माका अनुजीवी गुण है। प्रत्येक अवस्थाके अंदर सुखका असीम सागर लहरा रहा है पर उस ओर आत्माका लक्ष्य नहीं जाता। अज्ञानावस्थामें यह आत्मा शरीरादि परपदार्थोंमें सुखका अन्वेषण करता है और उन्हें सुखका स्थान समझ उनमें रागभाव करता है। आचार्य महाराज आत्माकी इस भूलको निरस्त करनेके लिए कहते हैं कि यह आत्मा स्पर्शनादि इंद्रियोंके द्वारा इष्ट विषयको प्राप्त कर स्वयं स्वभावसे ही सुखरूप परिणमन करता है, शरीर सुखरूप नहीं है और न शरीर सुखका कारण है। शरीरमें वैक्रियिक शरीर सुखोपभोगकी अपेक्षा उत्तम माना जाता है, परंतु वह भी सुखका कारण नहीं है और न सुखका कारण है। जड़रूप शरीरसे चैतन्यगुणके अविनाभावी सुखकी उद्भूति नहीं हो सकती। विषयोंसे सुख नहीं होता, इस विषयमें देखिए कितना स्पष्ट कथन है --

तिमिरहरा जइ दिट्ठी जणस्स दीवेण णत्थि कादव्वं।
तध सोक्खं सयमादा विसया किं तत्थ कुव्वंति।।६७।।

जिस प्रकार जिस जीवकी दृष्टि अंधकारको हरनेवाली होती है उसे दीपकसे क्या प्रयोजन है? इसी प्रकार जिसकी आत्मा स्वयं सुखरूप है उसे विषयोंसे क्या प्रयोजन है?

ज्ञान और सुखका प्रगाढ़ संबंध है। चूँकि अरहंत अवस्थामें अतींद्रिय ज्ञान प्रकट हुआ है अतः अतींद्रिय सुख भी

उनके प्रकट होता है। अनंत ज्ञान होते ही अनंत सुख प्रकट हो जाता है। अनंत सुख आत्मजन्य है, उसमें इंद्रियोंकी सहायता अपेक्षित नहीं होती। यह आत्मजन्य सुख अरहंत तथा सिद्ध अवस्थामें ही प्रकट होता है। स्वाभाविक सुख देवोंके नहीं होता, क्योंकि वे पंचेंद्रियोंके समूहरूप शरीरकी पीड़ासे दुःखी होकर रमणीय विषयोंमें प्रवृत्ति करते हैं। जब तक यह आत्मा सुखानुभवके लिए रमणीय पदार्थोंकी अपेक्षा करता है तब तक उसे स्वाभाविक सुख प्राप्त नहीं हुआ है यह निश्चयसे समझना चाहिए। यह आत्मजन्य सुख शुद्धोपयोगसे ही प्राप्त हो सकता है, शुभोपयोगसे नहीं। शुभोपयोगके द्वारा इंद्र तथा चक्रवर्तीके पदको प्राप्त हुए जीव सुखी जैसे मालूम होते हैं परंतु परमार्थसे सुखी नहीं है। यदि परमार्थसे सुखी होते तो विषयोंमें -- पंचेंद्रियसंबंधी भोगोपभोगोंमें झंपापात नहीं करते।

शुभोपयोगके फलस्वरूप प्राप्त होनेवाले इंद्रियजन्य सुखका वर्णन देखिए कितना मार्मिक है --

सपरं बाधासहियं विच्छिण्णं बंधकारणं विषमं।
जं इंदिएहि लद्धं तं सोक्खं दुक्खमेव तहा।।७३।।

इंद्रियोंसे प्राप्त होनेवाला जो सुख है वह सपर -- पराधीन है, बाधासहित -- क्षुधा तृषा आदिकी बाधासे सहित है, विच्छिन्न -- बीच-बीचमें विनष्ट होता रहता है, बंधका कारण है तथा विषम है। वास्तवमें वह दुःखरूप ही है।

जब इंद्रियजन्य सुखको परमार्थसे दुःखकी श्रेणीमें ही रख दिया तब पुण्य और पापमें अंतर नहीं रह जाता। दोनोंही सांसारिक दुःखके कारण होनेसे समान हैं। सांसारिक दुःखोंसे उत्तीर्ण होकर शाश्वत सुखकी प्राप्तिके लिए तो शुद्धोपयोग ही शरण ग्राह्य है। पुण्य और पापकी समानता को सिद्ध करते हुए कहा है --

ण हि मण्णदि जो एवं णत्थि विशेषो त्ति पुण्णपावाणं।
हिंडदि घोरमपारं संसारं मोहसंछण्णो।।७७।।

पुण्य और पापमें विशेषता नहीं है -- समानता है, ऐसा जो नहीं मानता है वह मोहसे आच्छादित होता हुआ भयंकर अपार संसारमें भ्रमण करता रहता है।

मोहसे किस प्रकार निर्मुक्त हुआ जा सकता है, इसका समाधान करते हुए लिखा है --

जो जाणदि अरहंतं दव्वत्तगुणत्तपज्जयत्तेहिं।
सो जाणदि अप्पाणं मोहो खलु जादि तस्स लयं।।८०।।

जो द्रव्य, गुण और पर्यायकी अपेक्षा अरहंतको जानता है वह आत्माको जानता है और जो आत्माको जानता है उसका मोह नियमसे नाशको प्राप्त होता है। भाव यह है कि मोहसे संबंध छुड़ानेके लिए इस जीवको सबसे पहले शुद्ध आत्मस्वभावकी ओर अपना लक्ष्य बनाना आवश्यक है। ज्योंही यह जीव अपने ज्ञाता द्रष्टा स्वरूपकी ओर लक्ष्य करता है, त्योंही बुद्धिपूर्वक होनेवाले रागादिक भाव नष्ट होने लगते हैं।

कहा भी है --

जीवो ववगदमोहो उवलद्धो तच्चमप्पणो सम्मं।
जहदि जदि रागदोसे सो अप्पाणं लहदि सुद्धं।।८१।।

मोहसे रहित और आत्मासे पृथक् स्वरूपको प्राप्त हुआ जीव यदि राग और द्वेषको छोड़ता है तो शुद्ध आत्माको प्राप्त हो जाता है। आजतक जितने अरहंत हुए हैं वे इसी कर्मोंके विविध अंशों -- चार घातिया कर्मोंको नष्ट कर अरहंत हुए हैं तथा उपदेश देकर अंतमें निर्वाणको प्राप्त हुए हैं।

मोहक्षयका दूसरा उपाय बतलाते हुए कहा है --

जिणसत्थादो अट्ठे पच्चक्खादीहिं बुज्झदो णियमा।
खीयदि मोहोवचयो तम्हा सत्थं समधिदव्वं।।८६।।

जो पुरुष प्रत्यक्षादि प्रमाणोंके द्वारा जिनप्रणीत शास्त्रसे जीवाजीवादि पदार्थोंका ज्ञान प्राप्त करता है उसके मोहका संचय नियमसे नष्ट हो जाता है, इसलिए शास्त्रका अध्ययन करना चाहिए।

द्रव्य, गुण और पर्यायको अर्थ कहते हैं। संसारका प्रत्येक पदार्थ इन तीन रूप ही है अतः इनका ज्ञान लेना आवश्यक है। चूँकि इनका यथार्थ ज्ञान जिनेंद्र प्रतिपादित शास्त्रसे ही हो सकता है इसलिए इन शास्त्रोंका अध्ययन करन आवश्यक है।

मोहक्षयका तीसरा उपाय बतलाते हुए कहा है --

माणप्पगमप्पाणं परं च दव्वत्तणाहिसंबद्धं।
जाणदि यदि णिच्छयदो जो सो मोहक्खयं कुणदि।।८९।।

जो जीव द्रव्यत्वसे संबद्ध ज्ञानस्वरूप आत्माको तथा शरीरादि परद्रव्यको जानता है वह निश्चयसे मोहका क्षय करता है। तात्पर्य यह है कि स्वपरका भेदविज्ञान मोहक्षयका कारण है।

उपर्युक्त पंक्तियोंमें मोहक्षयके जो तीन उपाय बतलाये हैं वे पृथक्-पृथक् न होकर एक-दूसरेसे संबंद्ध हैं। प्रथम उपायमें आत्मलक्ष्यकी ओर जोर दिया गया है और उसका माध्यम अरहंतका ज्ञान बताया गया है अर्थात् अरहंतके द्रव्य गुण पर्याय और अपने द्रव्य गुण पर्यायका तुलनात्मक मनन करनेसे इस जीवका लक्ष्य परसे हटकर स्वकी ओर आकृष्ट होता है और जब स्वकी ओर लक्ष्य आकृष्ट होने लगा तब मोहको नष्ट होनेमें विलंब नहीं लगता। जो मनुष्य दर्पणके माध्यमसे अपने चेहरेपर लगे हुए कालुष्यको देख रहा है वह उसे नष्ट करनेका पुरुषार्थ न करे यह संभव नहीं है। जो जीव मोह -- मिथ्यात्वको नष्ट कर चुकता है वह मोहके आश्रयसे रहनेवाले राग द्वेषको स्थिर नहीं रख सकता। मिथ्यात्व यदि जड़के समान है तो राग द्वेष उसकी शाखाओंके समान हैं। जड़के नष्ट होनेपर शाखाएँ हरी-भरी नहीं रह सकतीं। प्रथम उपायमें इस जीवका लक्ष्य स्वरूपकी ओर आकृष्ट किया गया था परंतु स्वरूपमें लक्ष्यकी स्थिरता आगम ज्ञानके बिना संभव नहीं है इसलिए द्वितीय उपायमें शास्त्राध्ययनकी प्रेरणा की गयी है। मूलतः वीतराग सर्वज्ञ देवके द्वारा प्रतिपादित और परतः संसार-शरीर भोगोंसे निर्विण्ण परमर्षियोंके द्वारा रचित शास्त्रोंके स्वाध्यायसे स्वरूपकी श्रद्धामें बहुत स्थिरता आती है। तृतीय उपायमें स्वपर भेदविज्ञानकी ओर प्रेरित किया है। स्वाध्यायका फल तो स्व -- अपने शुद्ध स्वरूपका जानना ही है। जिसने ग्यारह अंग और नौ पूर्वोंका अध्ययन करके भी स्वको नहीं जाना उसका उतना भारी अध्ययन भी निष्फल ही कहा जाता है। जहाँ स्वका ज्ञान होता है वहाँ परका ज्ञान अवश्य होता है, अतः स्वपर भेदविज्ञानही शास्त्रस्वाध्यायका फल है तथा यही मोहक्षयका प्रमुख साधन है। इस प्रकार तीनों उपायोंमें अपृथक्ता है।

इस स्कंध (अध्याय)के अंतमें कहा गया है --

जो णिहदमोहदिट्ठी आगमकुसलो विरागचरियम्मि।
अब्भुट्ठिदो महप्पा धम्मो त्ति विसेसिदो समणो।।९२।।

जिसने मोहदृष्टि -- मिथ्यात्वको नष्ट कर दिया है, जो आगममें कुशल है -- आगमका यथार्थ ज्ञाता है और विरागचर्या -- वीतराग चारित्रमें उद्यमवंत है ऐसा महान् -- श्रेष्ठ आत्माका धारक श्रमण -- साधु 'धर्म है' इस प्रकार कहा गया है। यहाँ धर्म-धर्मीमें अभेद विवक्षा कर धर्मीको ही धर्म कहा गया है।

ज्ञेयतत्त्वाधिकार

जो ज्ञानका विषय हो उसे ज्ञेय तत्त्व कहते हैं। सामान्य रूपसे ज्ञानका विषय अर्थ है। अर्थ द्रव्यमय है और द्रव्य गुण-पर्यायरूप है। इस तरह विस्तारसे द्रव्य, गुण और पर्यायका त्रिक ही ज्ञानका विषय है, वही ज्ञेय है, इसीका इस द्वितीय श्रुतस्कंधमें वर्णन किया गया है। गुण, सामान्य और विशेषके भेदसे दो प्रकारके होते हैं। अस्तित्व, वस्तुत्व, प्रमेयत्व, अगुरुलघुत्व आदि सामान्य गुण हैं क्योंकि ये सभी द्रव्योंमें पाये जाते हैं और चेतनत्व, मूर्तत्व, अमूर्तत्व आदि विशेष गुण हैं। क्योंकि ये खास-खास द्रव्योंमें ही पाये जाते हैं। गुण, द्रव्यका सहभावी विशेष है और पर्याय क्रमभावी परिणमन है। जो जीव, पर्यायको ही सबकुछ समझकर उसीमें मूढ़ रहता है -- इष्ट-अनिष्ट पर्यायमें राग द्वेष करता है उसे **'पज्जयमूढा हि परसमया'** इन शब्दोंके द्वारा पर्यायमूढ और परसमय कहा गया है। स्वसमय और परसमयका विभाग करते हुए कुंदकुंद स्वामीने कहा है--

जे पज्जयेसु विरदा जीवा परसमयिगत्ति णिद्दिट्ठा।
आदासहावम्मि ठिदा ते सगसमया मुणेयव्वा।।२।।

जो जीव पर्यायोंमें निरत -- लीन हैं वे परसमय कहे गये हैं और जो आत्मस्वभावमें स्थित हैं वे स्वसमय जाननेयोग्य हैं। ज्ञाता, द्रष्टा रहना आत्माका स्वभाव है, रागी द्वेषी होना विभाव है तथा नर नारकादि अवस्थाएँ धारण करना आत्माकी पर्यायें हैं। जो जीव, पदार्थोंका ज्ञाता द्रष्टा है अर्थात् उन्हें विराग भावसे जानता देखता है वह स्वसमय है किंतु जो इससे विपरीत पदार्थोंको जानता हुआ राग द्वेष करता है और उसके फलस्वरूप कर्मबंध कर नर नारकादि पर्यायोंमें भ्रमण करता है वह परसमय है।

द्रव्यका लक्षण बतलाते हुए कहा है

अपरिचत्त सहावेणुप्पादव्वयधुवत्तसंबद्धं।
गुणवं च सपज्जायं जत्तं दव्वत्ति वुच्चंति।।३।।

जो अपने स्वभावको न छोड़ता हुआ उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यसे संबद्ध है अथवा गुण और पर्यायोंसे सहित है उसे द्रव्य कहते हैं। सामान्य रूपसे द्रव्यका लक्षण 'सत्' कहा है और सत् वह है जो उत्पाद व्यय और ध्रौव्यसे तन्मय हो। उत्पादके विना व्यय नहीं हो सकता ओर व्ययके बिना उत्पाद नहीं हो सकता और ध्रौव्यके बिना उत्पाद व्यय -- दोनों नहीं हो सकते। इससे सिद्ध है कि उत्पादादि तीनों परस्पर अविनाभावको प्राप्त हैं। यद्यपि उत्पादादि तीनों पर्यायोंमें होते हैं, परंतु पर्याय द्रव्यसे अभिन्न है इसलिए द्रव्यके कहे जाते हैं। द्रव्य गुणी है सत्ता गुण है। गुणगुणीमें प्रदेशभेद नहीं होता इसलिए इनमें पृथक्त्व नहीं है। परंतु गुण और गुणीका भेद है, संज्ञा लक्षण आदिकी विभिन्नता है इसलिए अन्यत्व विद्यमान है। पृथक्त्व और अन्यत्वका लक्षण इस प्रकार बतलाया है --

पविभत्तपदेसत्तं पुथत्तमिदि सासणं हि वीरस्स।
अण्णत्तमतब्भावो ण तब्भवं भवदि कथमेगं।।१४।।

अविभक्त प्रदेशोंका होना 'पृथक्त्व' है और प्रदेशभेद न होनेपर भी तद्रूप नहीं होना 'अतद्भाव' है।

इस तरह सामान्य रूपसे द्रव्यका लक्षण कहकर उसके चेतन और अचेतनकी अपेक्षा दो भेद किये हैं। चेतन द्रव्य सिर्फ जीव ही है और अचेतन द्रव्य, पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और कालके भेदसे पाँच प्रकारका है। इन्हीं द्रव्योंके लोक और अलोककी तथा मूर्त और अमूर्तकी अपेक्षा भी दो-दो भेद किये हैं। अलोक सिर्फ आकाशरूप है और लोक षड्द्रव्यमय है। मूर्त, पुद्गल द्रव्य है और अमूर्त शेष पाँच द्रव्यरूप है। चूँकि पुद्गल द्रव्य मूर्त है इसलिए उसके

स्पर्श, रस, गंध और रूप नामक गुण भी मूर्त हैं और जीवादि पाँच द्रव्य अमूर्त हैं इसलिए उनके गुण भी अमूर्त हैं।

जीवादिक समस्त द्रव्य अपना-अपना स्वतःसिद्ध अस्तित्व रखते हैं और लोकाकाशमें एक क्षेत्रावगाह रूपसे स्थित होनेपर भी अपनी-अपनी स्वतंत्र सत्ताको नहीं छोड़ते हैं। इन जीवादि द्रव्योंमें काल द्रव्य एकप्रदेशी है क्योंकि वह एकप्रदेशी होकर भी अपना कार्य करनेमें पूर्ण समर्थ है। परंतु अन्य पाँच द्रव्य बहुप्रदेशी है क्योंकि उनका एकप्रदेश स्वद्रव्य रूपसे कार्य करनेमें समर्थ नहीं है अथवा स्वभावसे ही कालद्रव्य एकप्रदेशी और शेष पाँच द्रव्य बहुप्रदेशी हैं। बहुप्रदेशी द्रव्योंको अस्तिकाय कहा है और एकप्रदेशी द्रव्यको अनस्तिकाय कहा है।

यद्यपि जीवद्रव्य स्वभावकी अपेक्षा कर्मरूप पुद्गल द्रव्यके संबंधसे रहित है तथापि अनादिकालसे इनका परस्पर संयोग संबंध चला आ रहा है। कर्मरूप पुद्गल द्रव्यके संबंधसे जीव मलिन हो रहा है और मलिन होनेके कारण बार-बार इंद्रियादि प्राणोंको धारण करता है। देखिए, कितना मार्मिक वचन है --

आदा कम्ममलिमसो धारदि पाणे पुणो पुणो अण्णे।
ण जहदि जाव ममत्तं देहपधाणेसु विसयेसु।।५८।।

कर्मसे मलिन आत्मा जब तक शरीरादि विषयोंमें ममत्वभावको नहीं छोड़ता तब तक बार-बार अन्य प्राणोंको धारण करता रहता है।

इसके विपरीत प्राणधारण करनेसे कौन छूटता है, इसका वर्णन देखिए --

जो इंदियादिविजई भवीय उवओगमप्पगं ज्ञादि।
कम्मेहि सो ण रज्जदि किह तं पाणा अणुचरंति।।५९।।

जो इंद्रियादिका विजयी होकर उपयोगस्वरूप आत्माका ध्यान करता है वह कर्मोंसे रक्त नहीं होता तथा जो कर्मोंसे रक्त नहीं होता, प्राण उसका अनुचरण -- पीछा कैसे कर सकते हैं?

छह द्रव्योंमें प्रयोजनभूत द्रव्य जीव ही है अतः उसका विशेष विस्तारसे वर्णन करना आचार्यको अभीष्ट है। जीव द्रव्यकी विशेषता बतलाते हुए उन्होंने कहा है कि आत्मा -- जीव उपयोगात्मक है अर्थात् उपयोग ही आत्माका लक्षण है। वह उपयोग, ज्ञान और दर्शनके भेदसे दो प्रकारका कहा गया है। यही उपयोग अशुद्ध और शद्धके भेदसे दो प्रकारका होता है। अशुद्ध उपयोगके शुभ और अशुभकी अपेक्षा दो भेद हैं। जीवका जो उपयोग अरहंत, सिद्ध तथा साधु परमेष्ठियोंको जानता है , उनकी श्रद्धा तथा भक्ति करता है तथा अन्य जीवोंपर अनुकंपासे सहित होता है वह शुभ उपयोग कहलाता है और जो विषयकषायोंसे परिपूर्ण है, मिथ्या शास्त्रश्रवण, दुर्ध्यान और दुष्ट जनोंकी गोष्ठीसे सहित है, उग्र है तथा उन्मार्गमें तत्पर है वह अशुभ उपयोग है। तथा जो अशुभ विकल्पसे हटकर मध्यस्थ भावसे अपने ज्ञान दर्शन स्वभावका ध्यान करता है वह शुद्ध उपयोग है। जब जीवके शुभोपयोग होता है तब वह पुण्यका संचय करता है। जब अशुभोपयोग होता है तब पापका संचय करता है और जब शुभ अशुभ -- दोनों उपयोगोंका अभाव होकर जीव स्वयं शुद्धोपयोग होता है तब किसी भी कर्मका संचय नहीं करता। अर्थात् शुद्धोपयोग कर्मबंधका कारण नहीं है।

शुद्धोपयोगी बननेके लिए इस जीवको शरीरादि परद्रव्योंसे पृथग्भावका चिंतन करना होता है। जैसा कि कहा है

नाहं देहो न मणो ण चेव वाणी ण कारणं तेसिं।
कत्ता ण ण कारयिता अणुमंता णेव कत्तीणं।।६८।।

ऐसा चिंतन करना चाहिए कि "मैं शरीर नहीं हूँ। मन नहीं हूँ। वाणी नहीं हूँ। तथा इन सबके जो कारण हैं मैं उनका न कर्ता हूँ, और न अनुमंता ही हूँ।" क्योंकि ये सब पुद्गल द्रव्यके परिणमन हैं, उनका कर्ता मैं कैसे हो सकता हूँ।

पुद्गलके, परमाणु और स्कंधकी अपेक्षा दो भेद हैं। परमाणु एकप्रदेशी है, एक रूप, एक रस, एक गंध और दो स्पर्शों -- शीत उष्ण अथवा स्निग्ध-रूक्षमेंसे एक एकसे सहित है, शब्दरहित है। तथा दो से लेकर संख्यात, असंख्यात और अनंत परमाणुओंका जो पिंड है वह स्कंध कहलाता है। परमाणु, अपने स्निग्ध और रूक्षगुणके कारण दूसरे परमाणुओंके साथ मिलकर स्कंध अवस्थाको प्राप्त होता है। परमाणुमें पाये जानेवाले स्निग्ध और रूक्ष गुणोंके एकसे लेकर अनंत तक अविभाग प्रतिच्छेद होते हैं। इन सभी प्रतिच्छेदोंमें अगुरुलघुगुणरूप अंतरंग कारण और कालद्रव्यरूप बहिरंग कारणके सहयोगसे षड्गुणी हानि और वृद्धि होती रहती है। हानि चलते चलते जब स्निग्ध और रूक्ष गुणका एक अविभाग प्रतिच्छेद रह जाता है तब वह परमाणु जघन्य गुणवाला परमाणु कहलाता है। ऐसे परमाणुका दूसरे परमाणुके साथ बंध नहीं होता। पुनः वृद्धिका दौर शुरू होनेपर जब वह अविभाग प्रतिच्छेद एकसे बढ़कर अधिक संख्याको प्राप्त हो जाता है तब सामान्य अपेक्षासे फिर उस परमाणुका बंध होने लगता है। दो अधिक गुणवाले परमाणुओंमें बंध योग्यता होती है, गुणोंकी समानता होनेपर सदृश गुणवाले परमाणुओंका बंध नहीं होता। यह बंध स्निग्ध स्निग्धका, रूक्ष रूक्षका, तथा स्निग्ध और रूक्षका भी होता है। अविभाग प्रतिच्छेदोंकी संख्या तीन पाँच आदि विषय हो अथवा दो चार आदि सम हो, दोनों ही अवस्थाओंमें बंध होता है। विशेषता इतनी है कि जघन्य गुणवाले परमाणुओंका बंध नहीं होता। इसके लिए कुंदकुंद स्वामीकी निम्न गाथा है --

णिद्धा वा लुक्खा वा अणुपरिणामा समा व विसमा वा।
समदो दुराधिगा जदि वज्झंति हि आदि परिहीणा।।७३।।

अर्थ ऊपरके विवेचनसे स्पष्ट है।

इसी संदर्भमें अमृतचंद्र स्वामीने ७४ वीं गाथाकी संस्कृत टीकामें निम्नांकित प्राचीन श्लोक 'उक्तं च' कहकर उद्धृत किये हैं --

'णिद्धा णिद्धेण बज्झंति लुक्खा लुक्खा य पोग्गला।
णिद्ध लुक्खा य बज्झंति रूवा रूवी य पोग्गला।।'
'णिद्धस्स णिद्धेण दुराहियेण लुक्खस्स लुक्खस्स दुराहियेण।
णिद्धस्स लुक्खेण हवेइ बंधो जहण्णवज्जे विसमे समे वा।।'

पुद्गल परमाणुओंके बंधकी यह प्रक्रिया अनादिकालसे चली आ रही है।

इस प्रकार नोकर्म वर्गणाओंके परस्पर संबंधसे निर्मित शरीरसे ममत्वभाव छोड़कर जो स्थिर रहता है वह कर्म और नोकर्मके संबंधसे दूर हटकर निर्वाण अवस्थाको प्राप्त होता है। नोकर्मरूप शरीरादि परद्रव्योंसे आत्माको पृथक् करनेके लिए उसके शुद्ध स्वरूपपर बार-बार दृष्टि देना चाहिए।

आत्माके साथ कर्मोंका बंध क्यों हो रहा है? इसका समाधान आचार्य महाराजने बहुत ही सारपूर्ण शब्दोंमें दिया है। देखिए --

रत्तो बंधदि कम्मं मुंचदि कम्मेहिं रागरहिदप्पा।
एसो बंधसमासो जीवाणं जाण णिच्छयदो।।८७।।

रागी जीव कर्मोंको बांधता है और रागसे रहित आत्मा कर्मोंसे मुक्त होता है, निश्चय नयसे जीवोंके कर्मबंधका यह संक्षिप्त कथन है।

वास्तवमें जीवकी रागपरिणति ही कर्मबंधका कारण है, अतः आत्माके वीतराग भावका लक्ष्य कर रागको दूर

करनेका पुरुषार्थ करना चाहिए।

'शरीर, धन, सांसारिक सुख-दुःख, शत्रु तथा मित्र आदि, इस जीवके नहीं हैं, क्योंकि ये सब अध्रुव -- विनश्वर हैं। एक उपयोगरूप ध्रुव आत्मा ही आत्माका है' ऐसा विचार कर जो स्वपरका भेदज्ञान करता हुआ 'स्व'का ध्यान करता है वही मोहकी सुदृढ़ गाँठको नष्ट करता है। जो मोहकी गाँठको नष्ट कर चुकता है अर्थात् मिथ्यात्वको छोड़ चुकता है -- 'परपदार्थ सुख-दुःखके कर्ता हैं' इस मिथ्या मान्यताको निरस्त कर चुकता है वही रागद्वेषको नष्ट कर श्रमण अवस्थामें, सुख-दुःखमें समताभाव रखता हुआ अविनाशी स्वाधीन सुखको प्राप्त होता है।

इस प्रकार द्वितीय श्रुतस्कंधमें ज्ञेयतत्त्वोंका विस्तारसे वर्णन कर जीवको स्वयं स्वसन्मुख होनेका उपदेश दिया गयाहै। आत्मासे अतिरिक्त पदार्थ ज्ञेय तो हो सकते हैं, पर ग्राह्य नहीं हो सकते। ग्राह्य एक स्वकीय शुद्ध आत्मा ही हो सकता है।

चारित्राधिकार

चारित्राधिकारका प्रारंभ करते हुए कुंदकुंद स्वामी कहते हैं --

'पडिवज्जइ सामण्णं जदि इच्छसि दुक्खपरिमोक्खं'।।१।।

दुःखोंसे यदि परिमोक्ष -- पूर्ण मुक्ति चाहते हो तो श्रामण् -- मुनिपद धारण करो।

सम्यग्दर्शनसे मोक्षमार्ग शुरू होता है और सम्यक्चारित्रसे उसकी पूर्णता होती है।[१] जबतक सम्यक्चारित्र -- परम यथाख्यात चारित्र नहीं होता तब तक यह जीव मोक्षको प्राप्त नहीं होता। इसलिए मोक्षका साक्षात् मार्ग चारित्र है, यह जानकर चारित्र धारण करनेका प्रयास करना चाहिए। यहाँ इतना स्मरणीय है कि कुंदकुंद स्वामी प्रारंभमें ही चारित्रकी परिभाषा कहते हुए लिख चुके हैं कि मोह और क्षोभसे रहित आत्माकी परिणति ही साम्यभाव है और ऐसा साम्यभाव ही चारित्र कहलाता है। ऐसे चारित्रसे ही कर्मोंका क्षय होकर शाश्वत सुखकी प्राप्ति होती है। चारित्रगुणका पूर्ण विकास मुनिपदमें होता है अतः मुनिपद धारण करनेके लिए आचार्यने भव्यजीवोंको संबोधित किया है। जो भव्य जीव मुनिपदको धारण करनेके लिए उत्सुक होता है उसे सर्वप्रथम क्या करना चाहिए? इसका उल्लेख करते हुए कहा है --

आपिच्छ बंधुवग्गं विमोइदो गुरुकलत्तपुत्तेहिं।
आसिज्ज णाणदंसणचरित्ततववीरियासारं।।२।।

बंधुवर्गसे पूछकर तथा माता पिता स्त्री पुत्रोंसे छुटकारा पाकर ज्ञान, दर्शन, चारित्र, तप और वीर्य इन पाँच आचारोंको प्राप्त करें। बंधुवर्ग तथा माता-पिता आदि गुरुजनोंसे किस प्रकार आज्ञा प्राप्त करे इसका वर्णन अमृतचंद्र स्वामीने बहुत ही सुंदर किया है --

'एवं बन्धुवर्गमापृच्छते -- अहो इदंजनशरीरबन्धुवर्गवर्तिन आत्मानः अस्य जीवस्य आत्मा न किञ्चिदपि युष्माकं भवतीति निश्चयेन यूयं जानीत। तत आपृष्टा यूयं अयमात्मा अद्योदि्भन्नज्ञानज्योतिः आत्मानमेवात्मनोऽनादिबन्धुमुपसर्पति।'

१. अत्राह शिष्यः -- केवलज्ञानोत्पत्तौ मोक्षकारणभूतरत्नत्रयपरिपूर्णतायां सत्यां तस्मिन्नेव क्षणे मोक्षेण भाव्यं सयोग्ययोगिजिनगुणस्थानद्वये कालो नास्तीति। परिहारमाह -- यथाख्यातचारित्रं जातं परं किन्तु परमयथाख्यातं नास्ति। अत्र दृष्टान्तः -- यथा चौरव्यापाराभावेऽपि पुरुषस्य चौरसंसर्गो दोषं जनयति तथा चारित्रविनाशक-चारित्रमोहोदयाभावेऽपि सयोगकेवलिनां निष्क्रियशुद्धात्मचरणविलक्षणो योगत्रयव्यापारश्चारित्रमलं जनयति, योगत्रयगते पुनरयोगिजिने चरमसमयं विहाय शेषघातिकर्मोदयश्चारित्रमलं जनयति, चरमसमये तु मन्दोदये सति चारित्रमलाभावान्मोक्षं गच्छति। -- बृहद्द्रव्यसंग्रहे गाथा १३.

'मुनिपद धारनेके लिए इच्छुक भव्य अपने बंधुवर्गसे पूछता है -- हे इस जनके शरीरसंबंधी बंधुजनोंके शरीरमे रहनेवाले आत्माओ! इस जनका आत्मा आप लोगोंका कुछ भी नहीं है यह आप निश्चयसे जानो, इसीलिए आपसे पूछा जा रहा है। आज इस जनकी ज्ञानज्योति प्रकट हुई है अतएव यह आत्मा अनादि बंधुस्वरूप जो स्वकीय आत्मा है उसीके समीप जाता है।'

इस तरह समस्त लोगोंसे आज्ञा प्राप्त कर गृहबंधनसे मुक्त हो, गुणी तथा कुल रूप वय आदिसे विशिष्ट योग्य गणी -- आचार्यके पास जाकर उनसे प्रार्थना करता है -- हे भगवन्! मुझे स्वीकृत करो -- चरणोंमें आश्रय प्रदान करो। मैंने निश्चय कर लिया है कि मैं अन्य लोगोंका नहीं हूँ और अन्यलोग मेरे नहीं हैं -- मेरा किसीके साथ ममत्वभाव नहीं है, इसलिए मैं यथाजात -- दिगंबर मुद्राका धारक बनना चाहता हूँ।

शिष्यकी योग्यता देखकर आचार्य उसे पाँच महाव्रत, पाँच समिति, पाँच इंद्रियदमन, छह आवश्यक, केशलोच, आचेलक्य, अस्नान, भूमिशयन, अदंतधावन, खड़े-खड़े भोजन करना और दिनमें एक ही बार भोजन करना .... इन अट्ठाईस मूलगुणोंका उपदेश देकर उसे यथाजात -- निर्ग्रंथवेषको प्रदान करते हैं जो मूर्च्छा तथा आरंभ आदिसे रहित है और अपुनर्भव -- मोक्षका कारण है।

मुनिमुद्राको धारण कर भव्य जीव अपने ज्ञानदर्शन स्वभावमें लीन रहता हुआ बाह्यमें अट्ठाईस मूलगुणोंका निरतिचार पालन करता है। वह सदा प्रमाद छोड़कर गमनागमन आदि क्रियाओंको करता है। क्योंकि जिनागमका कथन है कि जीव मरे अथवा न मरे जो अयत्नाचारपूर्वक चलता है उसके हिंसा निश्चित रूपसे होती है और जो यत्नाचारपूर्वक चलता है उसके जीवघात होनेपर भी हिंसाजनित बंध नहीं होता है।

साधुको यह त्याग परनिरपेक्ष -- परपदार्थोंकी अपेक्षासे रहित होकर ही करना चाहिए, क्योंकि जो साधु परपदार्थोंकी अपेक्षा रखता है उसके अभिप्रायकी निर्मलता नहीं हो सकती और अभिप्रायकी निर्मलताके बिना कर्मोंका क्षय नहीं हो सकता। गृहीत प्रवृत्तिमें दोष लगनेपर आचार्यके समीप उसका प्रतिक्रमण करता है और आगामी कालके लिए उस दोषका प्रत्याख्यान करता है।

निर्ग्रंथ साधु आगमका अध्ययन कर अपनी श्रद्धाको सुदृढ़ और चारित्रको निर्दोष बनाता है। आगमके स्वाध्यायकी उपयोगिता बतानेके लिए कुंदकुंद स्वामी कहते हैं --

आगमहीणो समणो णेवप्पाणं परं वियाणादि।
अविजाणंतो अत्थे खवेदि कम्माणि किध भिक्खू।।३३।।

आगमसे रहित साधु निज और परको नहीं जानता तथा जो निज और परको नहीं जानता अर्थात् भेदज्ञानसे रहित है वह कर्मोंका क्षय कैसे कर सकता है?

आगमचक्खू साहू इंदियचक्खूणि सव्वभूदाणि।
देवा य ओहिचक्खू सिद्धा पुण सव्वदो चक्खू।।३४।।

मुनि आगमचक्षु है, संसारके समस्त प्राणी इंद्रियचक्षु हैं, देव अवधिचक्षु हैं और सिद्ध सर्वतश्चक्षु हैं, अर्थात् मुनि आगमसे सब कुछ जानते हैं, संसारके साधारण प्राणी इंद्रियोंसे जानते हैं, देव अवधिज्ञानसे जानते हैं और सिद्ध भगवान् केवलज्ञानके द्वारा समस्त पदार्थोंको जानते हैं।

आगमपुव्वा दिट्ठी ण भवदि जस्सेह संजमो तस्स।
णत्थित्ति भणइ सुत्तं असंजदो हवदि किध समणो।।३६।।

जिसके आगमपूर्वक दृष्टि नहीं है अर्थात् आगमका स्वाध्याय कर जिसने अपनी तत्त्वश्रद्धाको सुदृढ़ नहीं किया है उसके संयम नहीं होता, ऐसा जिनशास्त्र कहते हैं। फिर भी जो असंयमी है -- संयमसे रहित है वह श्रमण -- साधु कैसे हो सकता है?

आगमका अध्ययनमात्र ही कार्यकारी नहीं है, तत्त्वार्थका श्रद्धान भी कार्यकारी है और मात्र श्रद्धान ही कार्यकारी नहीं है उसके साथ संयमका आचरण भी कार्यकारी है। इस विषयको देखिए, कुंदकुंद स्वामी कैसा स्पष्ट करते हैं --

ण हि आगमेण सिज्झदि सद्दहणं जदि ण अत्थि अत्थेसु ।
सद्दहमाणो अत्थे असंजदो वा ण णिव्वादि।।३७।।

यदि पदार्थविषयक श्रद्धान नहीं है तो सिर्फ आगमके ज्ञानसे यह जीव सिद्ध नहीं हो सकता और पदार्थका श्रद्धान करता हुआ भी यदि असंयत है -- संयमसे रहित है तो वह निर्वाणको प्राप्त नहीं हो सकता।

ज्ञानकी महिमा बतलाते हुए कहा है --

जं अण्णाणी कम्मं खवेइ भवसयसहस्सकोडीहिं।
तं णाणी तिहिं गुत्तो खवेइ उस्सासमेत्तेण।।३८।।

अज्ञानी जीव सैकड़ों, हजारों तथा करोड़ों भवमें जिस कर्मको खिपाता है, तीन गुप्तियोंका धारक ज्ञानी जीव उसे उच्छ्वासमात्रमें खिपा देता है। यहाँ 'तीन गुप्तियोंका धारक' इस विशेषणसे सम्यक् चारित्रकी सत्ता अनिवार्य बतलायी गयी है। विना सम्यक् चारित्रके अंग और पूर्वका पाठी जीव भी सर्व कर्मक्षय करनेमें समर्थ नहीं है।

आगमज्ञानका प्रयोजन स्वपरका ज्ञान कर परपदार्थमें मूर्च्छाको छोड़ना है। यदि आगमका ज्ञाता होकर भी कोई परपदार्थोंमें मूर्च्छाको नहीं छोड़ता है तो वह मोक्षको प्राप्त नहीं हो सकता। कुंदकुंद स्वामीके वचन देखिए --

परमाणुपमाणं वा मुच्छा देहादिएसु जस्स पुणो।
विज्जदि जदि सो सिद्धिं ण लहदि सव्वागमधरो वि।।३९।।

जिसके शरीरादि परपदार्थोंमें परमाणुप्रमाण भी मूर्च्छा -- आत्मीय बुद्धि है वह समस्त आगमका धारक होनेपर भी सिद्धिको प्राप्त नहीं होता।

साधुको श्रमण कहते हैं अतः श्रमणकी परिभाषा करते हुए कुंदकुंद स्वामी कहते हैं --

समसत्तुबंधुवग्गो समसुहदुक्खो पसंसणिंदसमो।
समलोट्ठकंचणो पुण जीविदमरणे समो समणो।।४१।।

जो शत्रु और बंधुवर्गमें समानबुद्धि है, जो सुख-दुःख, प्रशंसा तथा निंदामें समान है, पत्थरके ढेले और सुवर्णमें समभाव है तथा जीवन और मरणमें समान है वह श्रमण कहलाता है।

कैसा श्रमण कर्मक्षय कर सकता है? इसका समाधान देखिए --

अत्थेसु जो ण मुज्झदि ण हि रज्जदि णेव दोषमुवयादि।
समणो जदि सो णियदं खवेदि कम्माणि विविधाणि।।४४।।

जो श्रमण परपदार्थोंमें मोहको प्राप्त नहीं होता -- उनमें आत्मबुद्धि नहीं करता और न उनमें राग द्वेष करता है वह निश्चित ही नाना प्रकारके कर्मोंका क्षय करता है।

शुभोपयोगी और शुद्धोपयोगीके भेदसे मुनियोंके दो भेद हैं। इनमें शुद्धोपयोगी मुनि आस्रवसे रहित होते हैं और शेष मुनि आस्रवसे सहित। शुभोपयोगी मुनि अरहंत आदिक परमेष्ठियोंकी भक्ति करते हैं तथा प्रवचन -- परमागमसे

मुक्त शुद्धात्म स्वरूपके उपदेशक महामुनियोंमें गोवत्सके समान वात्सल्यभाव रखते हैं। गुरुजनोंके आनेपर उठकर उनका सत्कार करते हैं, जानेपर अनुगमनके द्वारा उनके प्रति आदर प्रकट करते हैं, दर्शन और ज्ञानका उपदेश देते हैं, शिष्योंको दीक्षा देते हैं, उनका पोषण करते हें, जिनेंद्रपूजाका उपदेश देते हैं, ऋषि मुनि यति और अनगार इन चार प्रकारके मुनिसंघोंका उपकार करते हैं, अपने पदके अनुकूल उनका वैयावृत्त्य करते हैं, रोग अथवा तृषा आदिसे पीड़ित श्रमणके प्रति आत्मीय भाव प्रकट कर उनकी दुःखनिवृत्तिका प्रयास करते हैं, ग्लान वृद्ध, बालक आदि मुनियोंकी सेवाके निमित्त लौकिक जनों -- गृहस्थोंके साथ संभाषण आदि करते हैं। शुभोपयोगी मुनियोंकी यह प्रशस्त चर्या अपुनर्भव अर्थात् मोक्षका साक्षात् कारण नहीं है, परंतु उससे सांसारिक सुखरूप स्वर्गकी प्राप्ति होती है। उनकी यह प्रशस्त चर्या परंपरासे मोक्षका कारण है।

शुद्धोपयोगी मुनि इन सब विकल्पोंसे दूर हटकर शुद्धात्म स्वरूपके चिंतनमें लीन रहते हैं। करणानुयोगकी पद्धतिसे यह शुद्धोपयोग श्रेणिसे प्रारंभ होता है तथा अपनी उत्कृष्ट सीमापर पहुँचकर कर्मक्षयका कारण होता है।

मुनिमुद्रा धारण कर भी जो लौकिक जनोंके संपर्कमें हर्ष मानते हैं तथा उन्मार्गमें प्रवृत्ति करते हैं वे श्रमणाभास हैं तथा अनंत संसारके पात्र होते हैं। भावलिंग सहित मुनिमुद्रा इस जीवको बत्तीस बारसे अधिक धारण नहीं करनी पड़ती, उसीके भीतर वह मोक्षको प्राप्त हो जाता है[१], परंतु मात्र द्रव्यलिंग सहित मुनिमुद्रा धारण करनेकी संख्या निश्चित नहीं है। अनंत बार भी वह यह पद धारण करता है परंतु उसके द्वारा नवम ग्रैवेयकसे अधिकका पद प्राप्त नहीं कर सकता।

अंतमें अमृतचंद्र स्वामीने ४७ नयोंका अवलंबन लेकर आत्माका दिग्दर्शन कराया है। इस तरह प्रवचनसार सचमुच ही प्रवचनसार -- आगमका सार है। इसकी रचना अत्यंत प्रौढ़ सारगर्भित है।

नियमसार

नियमसारमें १८७ गाथाएँ हैं और १२ अधिकार हैं। अधिकारोंके नाम इस प्रकार हैं -- १. जीवाधिकार, २. अजीवाधिकार, ३. शुद्ध भावाधिकार, ४. व्यवहार चारित्राधिकार, ५. परमार्थ प्रतिक्रमणाधिकार, ६. निश्चय प्रत्याख्यानाधिकार, ७. परमालोचनाधिकार, ८. शुद्धनिश्चय प्रायश्चित्ताधिकार, ९. परमसमाध्यधिकार, १०. परम भक्त्यधिकार, ११. निश्चय परमावश्यकाधिकार और १२. शुद्धोपयोगाधिकार।

१. जीवाधिकार

नियमका अर्थ लिखते हुए कुंदकुंदाचार्य लिखते हैं --

णियमेण य कज्जं तण्णियमं णाणदंसणचरित्तं।
विपरीय परिहरत्थं भणिदं खलु सारमिदि वयणं ।।३।।

जो नियमसे करनेयोग्य हों उन्हें नियम कहते हैं। नियमसे करनेयोग्य ज्ञान दर्शन और चारित्र हैं। विपरीत ज्ञान, दर्शन और चारित्रका परिहार करनेके लिए नियम शब्दके साथ सार पदका प्रयोग किया है। इस तरह नियमसारका अर्थ सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र है। संस्कृत टीकाकार श्री पद्मप्रभमलधारी देवने भी कहा है --

'नियमशब्दस्तावत् सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेषु वर्तते, नियमसार इत्यनेन शुद्धरत्नत्रयस्वरूपमुक्तम्।'

---

१. चत्तारि वारमुवसमसेढिं समरुहदि खविदकम्मंसो।
बत्तीसं वाराइं संजममुवलहिय णिव्वादि।।६१९।। -- कर्मकांड

अर्थात् नियम शब्द सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमें आता है तथा नियमसार इस शब्दमें शुद्ध रत्नत्रयका स्वरूप कहा गया है।

जिनशासनमें मार्ग और मार्गका फल इन दो पदार्थोंका कथन है। उनमें मार्ग -- मोक्षका उपाय --सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र कहलाता है और निर्वाण, मार्गका फल कहलाता है। इन्हीं तीनका वर्णन इस ग्रंथमें किया गया है। सर्वप्रथम सम्यग्दर्शनका लक्षण लिखते हुए कहा है --

अत्तागमतच्चाणं सद्दहणादो हवेइ सम्मत्तं।
ववगयअसेसदोसो सयलगुणप्पाह वे अत्तो।।५।।

आप्त, आगम और तत्त्वोंके श्रद्धासे सम्यक्त्व -- सम्यग्दर्शन होता है। जिसके समस्त दोष नष्ट हो गये हैं तथा जो सकल गुणस्वरूप है वह आप्त है। क्षुधा तृषा आदि अठारह दोष कहलाते हैं और केवलज्ञान आदि गुण कहे जाते हैं। आप्त भगवान् क्षुधा तृषा आदि समस्त दोषोंसे रहित हैं तथा केवलज्ञानादि परमविभव -- अनंत गुणरूप ऐश्वर्यसे सहित हैं। यह आप्त ही परमात्मा कहलाता है। इससे विपरीत आत्मा परमात्मा नहीं हो सकता।

आगम और तत्त्वका वर्णन करते हुए लिखा है --

तस्स मुहग्गदवयणं पुव्वावरदोसविरहियं सुद्धं।
आगममिदि परिकहियं तेण दु कहियं हवंति तच्चत्था।।८।।

उन आप्त भगवानके मुखसे उद्गत -- दिव्यध्वनिसे प्रकटित तथा पूर्वापरविरोधरूप दोषसे रहित जो शुद्ध वचन है वह आगम कहलाता है और आगमके द्वारा कथित जो जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म, काल और आकाश हैं ये तत्त्वार्थ हैं। ये तत्त्वार्थ नाना गुण और पर्यायोंसे सहित हैं। इन तत्त्वार्थोंमें स्वपरावभासी होनेसे जीवतत्त्व प्रधान है। उपयोग सुखका लक्षण है। उपयोगके ज्ञानोपयोग और दर्शनीय योगकी अपेक्षा दो भेद हैं। ज्ञानोपयोग स्वभाव और विभावके भेदसे दो प्रकारका है। केवलज्ञान स्वभाव ज्ञानोपयोग है और विभाव ज्ञानोपयोग सम्यग्ज्ञान तथा मिथ्याज्ञानकी अपेक्षा दो प्रकारका है। विभाव सम्यग्ज्ञानोपयोगके मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्ययके भेदसे चार भेद हैं और विभाव मिथ्याज्ञानोपयोगके कुमति, कुश्रुत और कुअवधिकी अपेक्षा तीन भेद हैं। इसी तरह दर्शनोपयोगके भी स्वभाव और विभावकी अपेक्षा दो भेद हैं। उनमें केवल दर्शनोपयोग है तथा चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन और अवधिदर्शन ये तीन दर्शन विभाव दर्शनोपयोग हैं।

पर्याय भी परकी अपेक्षासे सहित और परकी अपेक्षासे रहित, इस तरह दो भेद हैं। अर्थपर्याय और व्यंजनपर्यायके भेदसे भी पर्याय दो प्रकारकी होती है। परके आश्रयसे होनेवाली षड्गुणी हानि-वृद्धिरूप जो संसारी जीवकी परिणति है वह विभाव अर्थ पर्याय है तथा सिद्ध परमेष्ठीकी जो षड्गुणी हानिवृद्धिरूप परिणति है वह जीवकी स्वभाव अर्थ पर्याय है। प्रदेशवत्त्व गुणके विकाररूप जो जीवकी परिणति है अर्थात् जिसमें किसी आकारकी अपेक्षा रक्खी जाती है उसे व्यंजनपर्याय कहते हैं। इसके भी स्वभाव और विभावकी अपेक्षा दो भेद होते हैं। अंतिम शरीरसे किंचिदून जो सिद्ध परमेष्ठीका आकार है वह जीवकी स्वभाव व्यंजन पर्याय है और कर्मोपाधिसे रचित जो नरनारकादि पर्याय है वह विभाव व्यंजन पर्याय है।

व्यवहार नयसे आत्मा पुद्गल कर्मका कर्ता और भोक्ता है तथा अशुद्ध निश्चयनयसे कर्मजनित रागादि भावोंका कर्ता है। संस्कृत टीकाकारने नयविवक्षासे कर्तृत्व और भोक्तृत्व भावको स्पष्ट करते हुए कहा है कि निकटवर्ती अनुपिचरित असद्भूत व्यवहार नयकी अपेक्षा आत्मा द्रव्यकर्मोंका कर्ता है तथा उनके फलस्वरूप प्राप्त होनेवाले सुख दुःखका भोक्ता है। अशुद्ध निश्चय नयकी अपेक्षा समस्त मोह-राग-द्वेषरूप भावकर्मोंका कर्ता है तथा उन्हींका भोक्ता है। अनुपचरित असद्भूत व्यवरहार नयकी अपेक्षा शरीररूप नोकर्मोंका कर्ता और भोक्ता है तथा उपचरित असद्भूत

व्यवहार नयसे घटपटादिका कर्ता और भोक्ता है। जहाँ निश्चय नय और व्यवहार नयके भेदसे नयके दो भेद ही विवक्षित हैं वहाँ आत्मा निश्चयनयकी अपेक्षा अपने ज्ञानादि गुणोंका कर्ता भोक्ता होता है और व्यवहार नयसे रागादि भावकर्मोंका।

श्री पद्मप्रभमलधारी देवने कहा है --

द्वौ हि नयौ भगवदर्हत्परमेश्वरेण प्रोक्तौ द्रव्यार्थिकः पर्यायार्थिकश्चेति। द्रव्यमेवार्थः प्रयोजनमस्येति द्रव्यार्थिकः। पर्याय एव प्रयोजनमस्येति पर्यायार्थिकः। न खलु एकनयायत्तोपदेशो ग्राह्यः किन्तु तदुभयायत्तोपदेशः।

भगवान् अर्हंत परमेश्वरने दो नय कहे हैं -- एक द्रव्यार्थिक और दूसरा पर्यायार्थिक। द्रव्य ही जिसका प्रयोजन है वह द्रव्यार्थिक नय है और पर्याय ही जिसका प्रयोजन है वह पर्यायार्थिक नय है। एक नयके अधीन उपदेश ग्राह्य नहीं है किंतु दोनों नयोंके अधीन उपदेश ग्राह्य है।

यह उल्लेख पीछे किया जा चुका है कि नय वस्तुस्वरूपको समझनेके साधन हैं, वक्ता पात्रकी योग्यता देखकर विवक्षानुसार उभय नयोंको अपनाता है। यह ठीक है कि उपदेशके समय एक नय मुख्य तथा दूसरा नय गौण होता है, परंतु सर्वथा उपेक्षित नहीं होता।

इस परिप्रेक्ष्य में जब त्रैकालिक स्वभावको ग्रहण करनेवाले द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा कथन होता है तब जीव द्र्व्य रागादिक विभाव परिणति तथा नरनारकादिक व्यंजन पर्यायोंसे रहित है यह बात आती है और जब पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा कथन होता है तब जीव इन सबसे सहित है यह बात आती है।

२. अजीवाधिकार

पुद्गल, धर्म, अधर्म, आकाश और काल ये पाँच अजीव पदार्थ हैं। पुद्गल द्रव्य अणु और स्कंधके भेदसे दो प्रकारका होता है। उनमें स्कंधके अतिस्थूल, स्थूल, स्थूलसूक्ष्म, सूक्ष्मसूक्ष्म, सूक्ष्म और अतिसूक्ष्मके भेदसे ६ भेद हैं। पृथिवी, तेल आदि, छाया, आतप आदि, चक्षुके सिवाय चार इंद्रियोंके विषय, कार्मण वर्गणा और द्व्यणुक स्कंध ये अतिस्थूल आदि स्कंधोंके उदाहरण हैं। अणुके कारण अणु और कार्य अणुके भेदसे दो भेद हैं। पृथिवी, जल, अग्नि और वायु इन चार धातुओंकी उत्पत्तिका जो कारण है उसे **कारण परमाणु और कार्य परमाणु** कहते हैं। परमाणुका लक्षण इस प्रकार कहा है --

अत्तादि अत्तमज्झं अत्तंतं णेव इंदिये गेज्झं।
अविभागी जं दव्वं परमाणुं तं विजाणाहि।।२६।।

वही जिसका आदि है, वही मध्य है, वही अंत है, जिसका इंद्रियोंके द्वारा ग्रहण नहीं होता तथा जिसका दूसरा विभाग नहीं हो सकता उसे परमाणु जानना चाहिए।

इस परमाणुमें एक रस, एक रूप, एक गंध और शीत उष्णमेंसे कोई एक तथा स्निग्ध और रूक्षमेंसे कोई एक इस प्रकार दो स्पर्श पाये जाते हैं। दो या उससे अधिक परमाणुओंके पिंडको स्कंध कहते हैं। अणु और स्कंधके भेदसे पुद्गल द्रव्य के दो भेद हैं।

जीव और पुद्गलके गमनका जो निमित्त है उसे धर्मद्रव्य कहते हैं। जीव और पुद्गलकी स्थितिका जो निमित्त है उसे अधर्मद्रव्य कहते हैं। जीवादि समस्त द्रव्योंके अवगाहनका जो निमित्त है उसे आकाश कहते हैं। समस्त द्रव्योंकी अवस्थाओंके बदलनेमें जो सहकारी कारण है वह कालद्रव्य है। यह कालद्रव्य समय और आवलीके भेदसे दो प्रकारका होता है। अथवा अतीत, वर्तमान और भावी (भविष्यत्)की अपेक्षा तीन प्रकारका है। संख्यात आवलियोंसे गुणित सिद्ध राशिका जितना प्रमाण है उतना अतीत काल है। वर्तमानकाल समय मात्र है और भावी (भविष्यत्) काल, समस्त

जीवराशि तथा समस्त पुद्गल द्रव्योंसे अनंतगुणा है।

नियमसारमें कालद्रव्य वर्णनकी ३१ और ३२ वीं गाथामें परमपरागत अशुद्ध पाठ चला आ रहा है। संस्कृत टीकाकारका भी उस ओर लक्ष्य गया नहीं जान पड़ता है। ३१ वीं गाथामें 'तीदो संखेज्जावलिहदसंठाणप्पमाणं तु' ऐसा पाठ नियमसारमें है, परंतु गोम्मटसार जीवकांडमें 'तीदो संखेज्जावलिहदसिद्धाणं पमाणं तु' ऐसा पाठ है। नियमसारकी एतद्विषयक संस्कृत टीका भी भ्रांत मालूम पड़ती है। ३२ वीं गाथामें 'जीवादु पुग्गलादोऽणंतगुणा चावि संपदा समया' ऐसा पाठ है, परंतु इस पाठसे समस्त अर्थ गड़बड़ा गया है। इसका सही पाठ ऐसा है 'जीवादु पुग्गलादोऽणंतगुणा भावि संपदा समया' इस पाठके माननेपर भावी कालका वर्णन भी गाथोक्त हो जाता है और उसका जीवकांड मेल खा जाता है। इस पाठमें गाथाका अर्थ होता है कि भावी काल जीव तथा पुद्गल राशिसे अनंतगुणा है और संपदा अर्थात् सांप्रत -- वर्तमानकाल समयमात्र है। लोकाकाशमें -- लोकाकाशके प्रत्येक प्रदेशोंपर जो कालाणु स्थित हैं वे परमार्थ --निश्चयकाल द्रव्य है। जानकर 'भावि' के स्थानपर 'चावि' के पाठ लेखकोंके प्रमादसे आ गया जान पड़ता है।

धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन चार द्रव्योंका परिणमन सदा शुद्ध ही रहता है परंतु जीव और पुद्गल द्रव्यमें शुद्ध अशुद्ध -- दोनों प्रकारका परिणमन होता है। मूर्त अर्थात् पुद्गल द्रव्यके संख्यात असंख्यात और अनंत प्रदेश होते हैं। धर्म, अधर्म और एक जीव द्रव्यके असंख्यात प्रदेश होते हैं, लोकाकाशके भी असंख्यात प्रदेश हैं परंतु आकाशके अनंत प्रदेश हैं। कालद्रव्य एकप्रदेशी है। उपर्युक्त छह द्रव्योंमें पुद्गल द्रव्य मूर्त है, शेष पाँच द्रव्य अमूर्त हैं। एक जीव द्रव्य चेतन है, शेषपाँच द्रव्य अचेतन हैं। पुद्गलका परमाणु आकाशके जितने अंशको घेरता है उसे प्रदेश कहते हैं।

३. शुद्धभावाधिकार

जब तत्त्वोंको हेय और उपादेय इन दो भेदोंमें विभाजित करते हैं तब परजीवादि बाह्य तत्त्व हेय हैं और कर्मरूप उपाधिसे रहित स्वकीय स्वयं अर्थात् शुद्ध आत्मा उपादेय है। जब तत्त्वोंको हेय उपादेय तथा ज्ञेय तीन भेदोंमें विभाजित करते हैं तब जीवादि बाह्य तत्त्व ज्ञेय हैं, स्वकीय शुद्ध आत्मा उपादेय है और उसका विभाव परिणमन हेय है। तात्पर्य यह है कि आत्मद्रव्यका परिणमन स्वभाव और विभावके भेदसे दो प्रकारका होता है। जो स्वमें स्वके निमित्तसे होता है। वह स्वभाव परिणमन कहलाता है जेसे जीवका ज्ञान दर्शनरूप परिणमन। और जो स्वमें परके निमित्तसे होतै है वह विभाव परिणमन कहलाता है जैसे जीवका रागद्वेषादिरूप परिणमन। इन दोनों प्रकारके परिणमनोंमें स्वभाव परिणमन उपादेय है और विभाव परिणमन हेय है।

शुद्ध भावाधिकारमें आत्माको इन्हीं परिणामोंसे पृथक् सिद्ध करनेके लिए कहा गया है कि निश्चयसे रागादिक विभाव स्थान, मान अपमानके स्थान, सांसारिक सुखरूप हर्षभावके स्थान, सांसारिक दुःखरूप अहर्षभावके स्थान, स्थितिबंध स्थान, प्रकृतिबंध स्थान, प्रदेशबंध स्थान और अनुभागबंध स्थान आत्माके नहीं हैं।[१] क्षायिक क्षायोपशमिक, औपशमिक और औदयिक भावके स्थान आत्माके नहीं हैं। चातुर्गतिक परिभ्रमण, जन्म, जरा, मरण, भय, शोक, कुल, योनि, जीवसमास तथा मार्गणास्थान जीवके नहीं हैं। नहीं होनेका कारण यही एक है कि ये परके निमित्तसे होते हैं। यद्यपि वर्तमानमें ये आत्माके साथ तन्मयीभावको प्राप्त हो रहे हैं तथापि उनका यह तन्मयीभाव त्रैकालिक नहीं है। ज्ञानदर्शनादि गुणोंके साथ जैसा त्रैकालिक तन्मयीभाव है वैसा रागादिकके साथ नहीं है। अग्निके संबंधसे पानीमें जो उष्णता आयी है

---

१. णो खइयभावठाणा णो खयउवसम सहावठाणा य।

ओदइयभावठाणा णो उवसमणे सहावठाणा य।।४१।। -- नियमसार

वह यद्यपि पानीके साथ तन्मयीभावको प्राप्त हुई जान पड़ती है तथापि अग्निका संबंध दूर हो जानेपर नष्ट हो जानेके कारण वह सर्वथा तन्मयीभावको प्राप्त नहीं होती। यही कारण है कि शीत स्पर्श तो पानीका स्वभाव कहा जाता है और उष्ण स्पर्श विभाव।

स्वभावकी दृष्टिसे आत्मा निर्दंड -- मन वचन कायके व्यापाररूप योगसे रहित, निर्द्वंद्व, निर्मम, निष्कलंक, नीराग, निर्द्वेष, निर्मूढ़, निर्भय, निर्ग्रंथ, निःशल्य, निर्दोष, निष्काम, निःक्रोध, निर्मान और निर्मद है। रूप रस गंध स्पर्श, स्त्री-पुरुष-नपुंसक पर्याय, संस्थान तथा संहनन जीवके नहीं है। तात्पर्य यह है कि आत्मा, द्रव्यकर्म भावकर्म और नोकर्मसे रहित है। आत्मा रस रूप गंध और स्पर्शसे रहित है, चेतना गुणवाला है, शब्दरहित है, अलिंगग्रहण है और अनिर्दिष्टसंस्थान है। स्वरूपोपादानकी अपेक्षा आत्मा चेतनागुणसे सहित है और पररूपापोहनकी अपेक्षा रसरूपादिसे रहित है।

स्वभावदृष्टिसे कहा गया है --

जारिसया सिद्धप्पा भवमल्लिय जीव तारिसा होंति।
जरमरणजम्ममुक्का अट्ठगुणालंकिया जेण।।४७।।

अर्थात् जैसे सिद्ध जीव हैं वैसे ही संसारस्थ जीव भी हैं। जैसे सिद्ध जीव जरा मरण और जन्मसे रहित तथा अष्टगुणोंसे अलंकृत हैं वैसे ही संसारी जीव भी जरामरणादिसे रहित तथा अष्ट गुणोंसे अलंकृत हैं। यहाँ इतना स्मरण रखना आवश्यक है कि यह कथन मात्र स्वभावदृष्टिसे है, वर्तमानकी व्यक्ततासे नहीं। संसारी जीवमें सिद्ध परमेष्ठीके समान होनेकी योग्यता है; इसका इतना ही तात्पर्य है। वर्तमानमें जीवका संसारी पर्याय रूप अशुद्ध परिणमन चल रहा है। चूँकि एक कालमें एक ही परिणमन हो सकता है अतः जिस समय जीवका अशुद्ध परिणमन चल रहा है उस समय शुद्ध परिणमनका अभाव ही है परंतु शुद्ध परिणमनकी योग्यता जीवमें सदा रहती है इसलिए अशुद्ध परिणमनके समय भी उसका शुद्ध परिणमन कहा जाता है। वर्तमानमें दुःख भोगते रहनेपर भी संसारी जीवको सिद्धात्माके सदृश कहनेका तात्पर्य इतना है कि आचार्य इस जीवको आत्मस्वरूपकी ओर आकृष्ट करना चाहते हैं। जैसे किसी धनिक व्यक्तिका पुत्र, माता-पिताके मरनेपर स्वकीय संपत्तिका बोध न होनेसे भिखारी बना फिरता है, उसे कोई ज्ञानी पुरुष समझाता है कि तू भिखारी क्यों बन रहा है, तू तो अमुक सेठके समान लक्षाधीश है, अपने धनको प्राप्त कर इस भिखारी दशासे मुक्ति पा। इसी प्रकार अपने ज्ञान दर्शन स्वभावको भूलकर यह जीव वर्तमानकी अशुद्ध परिणतिमें आत्मीय बुद्धि कर दुःखी हो रहा है, उसे ज्ञानी आचार्य समझाते हैं -- अरे भाई! तू तो सिद्ध भगवानके समान है, जन्म-मरणके चक्रको अपना मानकर दुःखी क्यों हो रहा है? आचार्यके उपदेशसे निकट भव्य जीव अपने स्वभावकी ओर लक्ष्य बनाकर सिद्धात्माके समान शुद्ध परिणतिको प्राप्त कर लेते हैं परंतु दीर्घ संसारी जीव स्वभावकी ओर लक्ष्य न देनेके कारण इसी संसारमें परिभ्रमण करते रहते हैं। शुद्धभावाधिकारमें शुद्ध भावकी ओर भी आत्माका लक्ष्य जावे इसी अभिप्रायसे वर्णन किया गया है। यह कथन द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा है। पर्यायार्थिक नयकी अपेक्षा वर्तमानमें जीवकी जो पर्याय है उससे नकारा नहीं किया जा रहा है। मात्र उस ओरसे दृष्टिको हटाकर स्वभावकी ओर लगानेका प्रयास किया जा रहा है।

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक् तप ये चारों उपाय स्वभावसिद्धिको प्राप्त करनेमें परम सहायक हैं। इसीलिए इन्हें प्राप्त करनेका पुरुषार्थ करना चाहिए। विपरीताभिनिवेशसे रहित आत्मतत्त्वका जो श्रद्धान है वह सम्यग्दर्शन है। संशय, विभ्रम तथा अनध्यवसायसे रहित आत्मतत्त्वका जो ज्ञान है वह सम्यग्ज्ञान है। आत्मस्वरूपमें स्थिर रहना सम्यक्चारित्र है और उसीमें प्रतपन करना सम्यक् तप है। यह निश्चय नयका कथन है। चल, मलिन और

अगाढ़ दोषोंसे रहित तत्त्वोंका श्रद्धान करना सम्यग्दर्शन है। हेयोपादेय तत्त्वोंको जानना सम्यग्ज्ञान है। महाव्रतादि रूप आचरण सम्यक्चारित्र है और उपवासादि तप करना सम्यक् तप है। यह व्यवहारनयका कथन है।

कार्यकी उत्पत्ति बहिरंग और अंतरंग कारणोंसे होती है अतः सम्यक्त्वकी उत्पत्तिके बहिरंग और अंतरंग कारणोंका कथन करते हुए कुंदकुंद स्वामीने कहा है --

सम्मत्तस्स णिमित्तं जिणसुत्तं तस्स जाणया पुरिसा।
अंतरहेऊ भणिदा दंसणमोहस्स खय पहुदी।।५३।।

अर्थात् सम्यग्दर्शनका बाह्य निमित्त जिनागम तथा उसके ज्ञाता पुरुष हैं और अंतरंग निमित्त दर्शनमोह कर्मका क्षय आदिक हैं।

अंतरंग निमित्त होनेपर कार्य नियमसे होता है परंतु बहिरंग निमित्तके होनेपर कार्यकी उत्पत्ति होनेका नियम नहीं है। हो भी और नहीं भी हो।

इस अधिकारमें कर्मजनित अशुद्ध भावोंको अनात्मीय बतलाकर शुद्ध भावको आत्मीय बतलाया है।

४. व्यवहार चारित्राधिकार

इस अधिकारमें अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह इन पाँच महाव्रतोंका, ईर्या, भाषा, एषणा, आदाननिक्षेपण और प्रतिष्ठापन इन पाँच समितियोंका, मनोगुप्ति, वचनगुप्ति और कायगुप्ति इन तीन गुप्तियोंका तथा अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु इन पाँच परमेष्ठियोंका स्वरूप बतलाया गया है। हिसा, असत्य, चोरी, व्यभिचार और परिग्रह ये पाँच पापके पनाले हैं। इनके माध्यमसे आत्मामें कर्मोंका आस्रव होता है अतः इनका निरंतर निरोध करना सम्यक्चारित्र है। पाँच पापोंका पूर्ण त्याग हो जानेपर पाँच महाव्रत प्रकट होते हैं, उनकी रक्षाके लिए ईर्या आदि पाँच समितियों और तीन गुप्तियोंका पालन करना आवश्यक है। महाव्रतोंकी रक्षाके लिए प्रवचन -- आगममें इन आठको माताकी उपमा दी गयी है इसीलिए उन्हें अष्ट प्रवचन मातृका कहा गया है। व्यवहार नयसे यह तेरा प्रकारका चारित्र कहा जाता है। इस अधिकारमें इसी व्यवहार चारित्रका वर्णन है।

५. परमार्थ प्रतिक्रमणाधिकार

इस अधिकारमें कर्म और नोकर्मसे भिन्न आत्मस्वरूपका वर्णन करते हुए सर्वप्रथम कहा गया है कि 'मैं नारकी नहीं हूँ, तिर्यंच नहीं हूँ, मनुष्य नहीं हूँ, देव नहीं हूँ, गुणस्थान, मार्गणा तथा जीवसमास नहीं हूँ, न इनका करनेवाला हूँ न करानेवाला हूँ और न अनुमोदना करनेवाला हूँ। बाल वृद्ध आदि अवस्थाएँ तथा राग द्वेष मोह क्रोध मान माया लोभरूप विकारी भाव भी मेरे नहीं हैं। मैं तो एक ज्ञायक स्वभाववाला जीव द्रव्य हूँ।' इस प्रकार भेदाभ्यास करनेसे जीव मध्यस्थ होता है और माध्यस्थ भावसे चारित्र होता है। उस चारित्रको दृढ़ करनेके लिए प्रतिक्रमण होता है। यथार्थमें प्रतिक्रमण किसके होता है? इसका कितना स्पष्ट वर्णन कुंदकुंद स्वामीने किया है? देखिए --

मोत्तूण वयणरयणं रागादी भाववारणं किच्चा।
अप्पाणं जो झायदि तस्स दु होदित्ति पडिकमणं।।८२।।

जो वचनरचनाको छोड़कर तथा रागादिभावोंका निवारण कर आत्माका ध्यान करता है उसके प्रतिक्रमण होता है और ऐसे परमार्थ प्रतिक्रमणके होनेपर ही चारित्र निर्दोष हो सकता है।

६. निश्चय प्रत्याख्यानाधिकार

प्रत्याख्यानका अर्थ है त्याग। वह त्याग विकारी भावोंकाही किया जा सकता है, स्वभावका नहीं -- ऐसा विचार

करता हुआ जो समस्त वचनोंके विस्तारको छोड़कर शुभ-अशुभ भावोंका निवारण करता है तथा आत्माका ध्यान करता है उसीके प्रत्याख्यान होता है। शुभ-अशुभ भाव, इस जीवके आत्मध्यानमें बाधक हैं अतः प्रत्याख्यान करनेवालेको सबसे पहले शुभ-अशुभ भावोंको समझ उन्हें दूर करनेका प्रयास करना चाहिए। निश्चय प्रत्याख्यानकी सिद्धिके लिए आचार्य महाराजने इस प्रकारकी भावनाओंका होना आवश्यक बतलाया है --

ममत्तिं परिवज्जामि निम्ममत्तिमुवट्ठिदो।
आलंबणं च मे आदा अवसेसं च वोसरे।।९९।।

मैं निर्ममत्व भावको प्राप्त कर ममत्व भावको छोड़ता हूँ। मेरा आलंबन आत्मा ही है, शेष आलंबनोंको मैं छोड़ता हूँ।

आदा खु मज्ज णाणे आदा मे दंसणे चरित्ते य।
आदा पच्चक्खाणे आदा मे संवरे जोगे।।१००।।

मेरे ज्ञानमें आत्मा है, मेरे दर्शनमें आत्मा है, मेरे चारित्रमें आत्मा है। मेरे प्रत्याख्यानमें आत्मा है, मेरे संवर तथा योग -- शुद्धोपयोगमें आत्मा है।

एगो मे सासदो अप्पा णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा सव्वे संजोगलक्खणा।।१०२।।

ज्ञान दर्शन स्वभाववाला एक आत्मा ही मेरा है। परपदार्थोंके संयोगसे होनेवाले शेष सब भाव मुझसे बाह्य हैं -- मेरे स्वभावभूत नहीं हैं।

सम्मं मे सव्वभूदेसि वेरं मज्झ ण केणवि।
आसाए वोसरित्ता णं समाहिं पडिवज्जए।।१०४।।

सब जीवोंमें मेरे साम्यभाव है, किसीके साथ मेरा वैरभाव नहीं है, मैं सब आशाओंको छोड़कर निश्चयसे समाधिको प्राप्त होता हूँ।

णिक्कसायस्स दंतस्स सूरस्स ववसायिणो।
संसारभयभीदस्स पच्चक्खाणं सुहं हवे।।१०५।।

जो कषायरहित है, इंद्रियोंका दमन करनेवाला है, शूरवीर है, उद्यमवंत है और संसारके भयसे भीत है उसीके सुखस्वरूप प्रत्याख्यान होता है।

७. परमालोचनाधिकार

परमालोचना किसके होती है? इसका उत्तर देते हुए कहते हैं --

णोकम्मकम्मरहियं विहावगुणपज्जएहिं वदिरित्तं।
अप्पाणं जो झायदि समणस्सालोयणं होदि।।१०७।।

जो नोकर्म और कर्मसे रहित तथा विभावगुण और पर्यायोंसे भिन्न आत्माका ध्यान करता है ऐसे श्रमण -- मुनिके ही आलोचना होती है।

आगममे १. आलोचन, २. आलुंछन, ३. अविकृतीकरण और ४. भावशुद्धिके भेदसे आलोचनाके चार अंग कहे गये हैं। इन अंगोंके पृथक् पृथक् लक्षण इस प्रकार हैं --

जो पस्सदि अप्पाणं समभावे संठवित्तु परिणामं।
आलोयणमिदि जाणह परम जिणंदस्स उवएसं।।१०९।।

जो जीव अपने परिणामको समभावमें स्थापित कर आत्माको देखता है -- अनुभवता है वह आलोचन है ऐसा जिनेंद्र भगवान्का उपदेश जानो।

कम्ममहीरुहमूलच्छेदसमत्थो सकीयपरिणामो।
साहीणो समभावो आलुंछणमिदि समुद्दिट्ठं।।११०।।

कर्मरूप वृक्षका मूलच्छेद करनेमें समर्थ जो समभावरूप स्वाधीन निज परिणाम है वह आलुंछन है।

कम्मादो अप्पाणं भिण्णं भावेइ विमलगुणणिलयं।
मज्झत्थभावणाए वियडीकरणं त्ति विण्णेयं।।१११।।

जो मध्यस्थ भावनामें स्थित हो कर्मसे भिन्न तथा निर्मलगुणोंके आलयरूप अपनी आत्माका ध्यान करता है वह अविकृतीकरण है अर्थात् ऐसा विचार करना कि कर्मोदयजनित विकार मेरे नहीं हैं।

मदमाणमायलोहविवज्जियभावो दु भावसुद्धित्ति।
परिकहियं भव्वाणं लोयालोयप्पदरिसीहिं।।११२।।

मद, मान, माया और लोभसे रहित जो निजका भाव है वही भावशुद्धि है ऐसा सर्वत्र जिनेंद्र भगवान्ने भव्य जीवोंके लिए कहा है।

व्यवहार नयसे भूतकालसंबंधी दोषोंका पश्चात्ताप करना प्रतिक्रमण है। वर्तमानकाल संबंधी दोषोंका निराकरण करना आलोचना है और भविष्यत्काल संबंधी दोषोंका त्याग करना प्रत्याख्यान है। व्यवहार नय संबंधी प्रतिक्रमणादिकी सफलता तब ही है जब निश्चयनयसंबंधी प्रतिक्रमणादि प्राप्त हो जावें।

८. शुद्धनयप्रायश्चित्ताधिकार

व्यवहार दृष्टिसे प्रायश्चित्तके अनेक रूप सामने आते हैं, परंतु निश्चय नयसे उसका क्या रूप होना चाहिए इसका दिग्दर्शन श्री कुंदकुंदाचार्यने इस अधिकारमें किया है। वे कहते हैं कि व्रत, समिति, शील और संयमरूप परिणाम तथा इंद्रियदमनका भावही वास्तविक प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त निरंतर करते रहना चाहिए। आत्मीय गुणोंके द्वारा विकारी भावोंपर विजय प्राप्त करना सच्चा प्रायश्चित्त है। इसीलिए कहा है --

कोहं खमया माणं समद्दवेणज्जवेण मायं च।
संतोसेण य लोहं जयदि खु ए चउविहकसाए।।११५।।

क्षमासे क्रोधको, मार्दवसे मानको, आर्जवसे मायाको और संतोषसे लोभको -- इस प्रकार श्रमण इन चार कषायोंको जीतता है।

कषाय विकारी भाव हैं, उनके रहते हुए प्रायश्चत्तकी कोई प्रतिष्ठा नहीं होती, इसलिए क्षमादि गुणोंके द्वारा कषायरूप विकारी भावोंको जीतनेका उपदेश दिया गया है। इसी अधिकारमें कहा है कि अधिक कहनेसे क्या, उत्कृष्ट तपश्चरण ही साधुओंका प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त उनके अनेक कर्मोंके क्षयका हेतु है। अनंतानंत भवोंमें इस जीवने जो शुभाशुभ कर्मोंका समूह संचित किया है वह तपश्चरणरूप प्रायश्चित्तके द्वारा नष्ट हो सकता है, इसलिए तपश्चरण अवश्य ही करना चाहिए। ध्यान भी प्रायश्चित्तका सर्वोपरि रूप है, क्योंकि यह जीव आत्मस्वरूपके आलंबनसे ही समस्त विकारी भावोंका परिहार कर सकता है। ध्यानका फल बतलाते हुए कहा है कि जो शुभ-अशुभ वचनोंकी रचना तथा

रागादि भावोंका निवारण कर आत्माका ध्यान करता है उसके अवश्य ही प्रायश्चित्त होता है।

९. परमसमाधि अधिकार

आत्मपरिणामोंका स्वरूपमें सुस्थिर होना परमसमाधि है। इसकी प्राप्ति भी आत्मध्यानसे ही होती है। कहा है -

वयणोच्चारणकिरियं परिचत्ता वीयरायभावेण।
जो झायदि अप्पाणं परमसमाही हवे तस्स।।१२२।।

जो मुनि समताभावसे रहित है उसके लिए वनवास, आतापनयोग आदि कायक्लेश, नाना प्रकारके उपवास और अध्ययन तथा मौन आदि क्या लाभ पहुँचा सकते हैं? अर्थात् कुछ भी नहीं। कुंदकुंदके वचन देखिए --

किं काहदि वणवासो कायकिलेसो विचित्त उववासो।
अज्झयणमौणपहुदी समदारहियस्स समणस्स।।१२४।।

सामायिक और परमसमाधिको पर्यायवाचक मानते हुए कुंदकुंद स्वामीने १२५-१३३ तक नौ गाथाओंमें स्पष्ट किया है कि स्थायी सामायिक किसके हो सकती है? परमसमाधिका अधिकारी कौन है? उन गाथाओंका भाव यह है कि जो समस्त सावद्य -- पापसहित कर्मोंसे विरक्त है, तीन गुप्तियोंका धारक है तथा इंद्रियोंका दमन करनेवाला है, जो समस्त त्रस-स्थावर जीवोंमें समताभाव रखता है, जिसकी आत्मा सदा संयम, नियम और तपमें लीन रहती है, राग और द्वेष जिसके विकार उत्पन्न नहीं कर सकते , जो आर्त-रौद्र नामक दुर्ध्यानोंसे सदा दूर रहता है, जो पुण्य और पाप भावका निरंतर त्याग करता है और जो धर्म्य तथा शुक्लध्यानको सतत धारण करता है उसीके स्थायी सामायिक -- परमसमाधि हो सकती है, अन्यके नहीं।

१०. परमभक्ति अधिकार

'भजनं भक्तिः' इस व्युत्पत्तिके अनुसार उपासनाको भक्ति कहते हैं। **'पूज्यानां गुणेष्वनुरागो भक्तिः'** पूज्य पुरुषोंके गुणोंमें अनुराग होना भक्ति है यह भक्तिका वाच्यार्थ है। सर्वश्रेष्ठ भक्ति निर्वृतिभक्ति है अर्थात् मुक्तिकी उपासना है। निर्वृतिभक्ति, योगभक्ति शुद्धस्वरूपके ध्यानसे संपन्न होती है। निर्वृतिभक्ति किसके होती है? इसका समाधान कुंदकुंद स्वामीके शब्दोंमें देखिए --

सम्मत्तणाणचरणे जो भत्तिं कुणइ सावगो समणो।
तस्स दु णिव्वुदिभत्ती होदित्ति जिणेहिं पण्णत्तं।।१३४।।

जो श्रावक अथवा श्रमण सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान अथवा सम्यक्चारित्रकी भक्ति करता है उसीके निर्वृति भक्ति होती है ऐसा जिनेंद्र भगवान्ने कहा है।

योगभक्ति किसके होती है? इसका समाधान देखिए --

रागादीपरिहारे अप्पाणं जो दु जुंजदे साहू।
सो जोगभत्तिजुत्तो इदरस्स य कह हवे जोगो।।१३७।।

जो साधु अपने आपको रागादिके परिहारमें लगाता है अर्थात् रागादि विकारी भावोंपर विजय प्राप्त करता है वही योगभक्तिसे युक्त होता है। अन्य साधुके योग कैसे हो सकता है?

११. निश्चयपरमावश्यकाधिकार

जो अन्यके वश नहीं है वह अवश है तथा अवशका जो कार्य है वह आवश्यक है। अवश -- सदा स्वाधीन रहनेवाला श्रमण ही मोक्षका पात्र होता है। जो साधु शुभ या अशुभ भावमें लीन है वह अवश नहीं है, किंतु अन्यवश है,

उसका कार्य आवश्यक कैसे होगा? जो परभावको छोड़कर निर्मल स्वभाववाले आत्माका ध्यान करता है वह आत्मवश -- स्ववश -- स्वाधीन है, उसका कार्य आवश्यक कहलाता है। आवश्यक प्राप्त करनेके लिए कुंदकुंदस्वामी कितनी महत्त्वपूर्ण देशना देते हैं, देखिए --

आवासं जइ इच्छसि अप्प सहावेसु कुणदि थिरभावं।
तेण दु सामण्णगुणं संपुण्णं होदि जीवस्स।।१४७।।

हे श्रमण! यदि तू आवश्यककी इच्छा करता है तो आत्मस्वभावमें स्थिरता कर, क्योंकि जीवका श्रामण्य -- श्रमणपन उसीसे पूर्ण होता है।

और भी कहा है कि जो श्रमण आवश्यकसे रहित है वह चारित्रसे भ्रष्ट माना जाता है इसलिए पूर्वोक्त विधिसे आवश्यक करना चाहिए। आवश्यकसे सहित श्रमण अंतरात्मा होता है और आवश्यकसे रहित श्रमण बहिरात्मा होता है।

समता, वंदना, स्तुति, प्रतिक्रमण, स्वाध्याय और कायोत्सर्ग ये छह आवश्यक कहलाते हैं, इनका यथार्थ रीतिसे पालन करनेवाला श्रमण ही यथार्थ श्रमण है।

१२ शुद्धोपयोगाधिकार

इस अधिकारके प्रारंभमें ही कुंदकुंद स्वामीने निम्नलिखित महत्त्वपूर्ण गाथा लिखी है --

जाणदि पस्सदि सव्वं ववहारणयेण केवली भगवं।
केवलणाणी जाणदि पस्सदि णियमेण अप्पाणं।।१५९।।

केवलज्ञानी व्यवहार नयसे सबको जानते देखते हैं, परंतु निश्चयनयसे आत्माको ही जानते देखते हैं।

इस कथनका फलितार्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि केवली निश्चयनयसे सर्वज्ञ नहीं हैं, मात्र आत्मज्ञ हैं, क्योंकि आत्मज्ञानमें ही सर्वज्ञता गर्भित है। वास्तवमें आत्मा किसी भी पदार्थको तब ही जानता है जबकि उसका विकल्प आत्मामें प्रतिफलित होता है। जिस प्रकार दर्पणमें प्रतिबिंबित घटपटादि पदार्थ दर्पणरूप ही होते हैं उसी प्रकार आत्मामें प्रतिफलित पदार्थोंके विकल्प आत्मरूप ही होते हैं। परमार्थसे आत्मा उन विकल्पोंसे परिपूर्ण आत्माको ही जानता है अतः आत्मज्ञ कहलाता है। उन विकल्पोंके प्रतिफलित होनेमें लोकालोकके समस्त पदार्थ कारण होते हैं अतः व्यवहारमें उन सबका भी ज्ञाता अर्थात् सर्वज्ञ सर्वदर्शी कहलाता है।

जब जीवका उपयोग -- ज्ञानदर्शन स्वभाव, शुभ-अशुभ रागादिभावोंसे रहित हो जाता है तब वह शुद्धोपयोग कहा जाता है। परिपूर्ण शुद्धोपयोग यथाख्यात चारित्रका अविनाभावी है। यथाख्यात चारित्रसे अविनाभावी शुद्धोपयोगके होनेपर वह जीव अंतर्मुहूर्तके अंदर नियमसे केवलज्ञानी बन जाता है। इस अधिकारमें कुंदकुंद स्वामीने ज्ञान और दर्शनके स्वरूपका सुंदर विश्लेषण किया है।

इसी शुद्धोपयोगके फलस्वरूप जीव अष्ट कर्मोंका क्षय कर अव्याबाध, अनिंद्रिय, अनुपम, पुण्य-पापके विकल्पसे रहित, पुनरागमनसे रहित, नित्य, अचल और परके आलंबनसे रहित निर्वाणको प्राप्त होता है। कर्मरहित आत्मा लोकाग्रतक ही जाता है, क्योंकि धर्मास्तिकायका अभाव होनेसे उसके आगे गमन नहीं हो सकता।

अष्टपाहुड

प्रसिद्ध है कि कुंदकुंद स्वामीने चौरासी पाहुड़ोंकी रचना की थी, पर वे सब उपलब्ध नहीं हैं। संस्कृत टीकाकार श्री श्रुतसागर सूरिको सर्वप्रथम इसके १. दंसणपाहुड, २. चरित्तपाहुड, ३. सुत्तपाहुड, ४. बोधपाहुड, ५. भावपाहुड और

६. मोक्खपाहुड ये छह पाहुड उपलब्ध हुए होंगे इसलिए उन्होंने इनपर संस्कृत टीका लिखकर 'षट्प्राभतम्' के नामसे उनका संकलन कर दिया और माणिकचंद ग्रंथमाला, बंबईसे उसका प्रकाशन हुआ। पीछे चलकर शीलपाहुड और लिंगपाहुड ये दो पाहुड और मिल गये इसलिए पूर्वोक्त छह पाहुडोंमें जोड़कर सबका 'अष्टपाहुड' नामसे संकलन प्रकाशित किया गया। इनपर पं. जयचंद्रजी छाबड़ाने हिंदी वचनिका लिखी तथा बंबई, दिल्ली और मारोठ आदि स्थानोंसे उसका प्रकाशन हुआ। इन सबका संस्कृत और हिंदी टीकासहित एक विशाल संकलन हमारे द्वारा संपादित होकर महावीरजीसे प्रकाशित हो चुका है। ये अष्टपाहुड स्वतंत्र-स्वतंत्र ग्रंथ हैं, परंतु एक संकलनमें प्रकाशित होनेके कारण वे 'अष्टपाहुड' इस एक ग्रंथके रूपमें प्रसिद्ध हो चुके हैं। यहाँ संक्षेपसे इन प्राभृत ग्रंथोंका प्रतिपाद्य विषय निरूपित किया है।

१. दंसणपाहुड

इसमें ३६ गाथाएँ हैं। आत्माके समस्त गुणोंमें सम्यग्दर्शनकी महिमा सबसे महान् है। सम्यग्दर्शन ही धर्मका मूल कारण है ऐसी कुंदकुंद स्वामीकी देशना है। दंसणपाहुडके प्रारंभमें ही वे लिखते हैं --

दंसणमूलो धम्मो उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं।
तं सोऊण सकण्णे दंसणहीणो ण वंदिव्वो।।२।।

जिनेंद्र भगवान्ने शिष्योंके लिए सम्यग्दर्शनमूलक धर्मका उपदेश दिया है सो उसे अपने कानोंसे सुनकर सम्यग्दर्शनसे रहित मनुष्यकी वंदना नहीं करना चाहिए।

जो मनुष्य सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हैं वास्तवमें वे ही भ्रष्ट हैं क्योंकि सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट मनुष्यको निर्वाणकी प्राप्ति नहीं हो सकती है किंतु जो चारित्रसे भ्रष्ट हैं वे सम्यग्दर्शनका अस्तित्व रहनेसे पुनः चारित्रको प्राप्त कर निर्वाण प्राप्त कर सकते हैं। जो मनुष्य सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे भ्रष्ट हैं वे अनेक शास्त्रोंको जानते हुए भी आराधनासे रहित होनेके कारण उसी संसारमें परिभ्रमण करते रहते हैं। सम्यग्दर्शनसे रहित जीव करोड़ों वर्ष तक उग्र तपश्चरण करनेके बाद भी बोधिको प्राप्त नहीं कर सकता जबकि भरत चक्रवर्ती जैसे भव्य जीव दीक्षा लेते ही अंतर्मुहूर्तके अंदर केवलज्ञान प्राप्त कर लेते हैं। जिस प्रकार मूलके नष्ट हो जानेपर वृक्षके परिवारकी वृद्धि नहीं होती उसी प्रकार सम्यक्त्वके नष्ट हो जानेपर मनुष्यकी श्रीवृद्धि नहीं होती, वह निर्वाणको प्राप्त नहीं कर सकता।

स्वयं सम्यक्त्वसे रहित होकर भी जो दूसरे सम्यक्त्वसहित जीवोंसे अपनी पादवंदना कराते हैं वे मरकर लूले और गूँगे होते हैं अर्थात् स्थावर होते हैं तथा उन्हें बोधिकी प्राप्ति दुर्लभ रहती है। इसी प्रकार जो जानकर भी लज्जा भय या गौरवके कारण मिथ्यादृष्टि जीवकी पादवंदना करते हैं वे पापकी ही अनुमोदना करते हैं, उन्हें भी बोधिकी प्राप्ति नहीं होती।

कुंदकुंद स्वामीने बताया है कि सम्यक्त्वसे ज्ञान होता है, ज्ञानसे समस्त पदार्थोंकी उपलब्धि होती है और समस्त पदार्थोंकी उपलब्धिको प्राप्त मनुष्य श्रेय तथा अश्रेयको जानता है। इसी दंसणपाहुडमें सम्यग्दृष्टि जीवका लक्षण बतलाते हुए कहा है कि जो छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पंच अस्तिकाय तथा सात तत्त्वोंका श्रद्धान करता है उसे ही सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए। जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान करना व्यवहार नयसे सम्यग्दर्शन है और आत्माका श्रद्धान करना निश्चय सम्यग्दर्शन है। वह सम्यग्दर्शन समस्त गुणरूपी रत्नोंमें सारभूत है तथा मोक्षमहल की पहली सीढ़ी है।

जो असंयमी है वह वंदनीय नहीं है भले ही वह वस्त्रोंसे रहित हो। वस्त्रका त्याग देना ही संयमकी परिभाषा नहीं है किंतु उसके साथ सम्यग्दर्शनादि गुणोंका प्रकट होना ही संयमकी परिभाषा है। सम्यग्दर्शनादि गुणोंके विना वस्त्ररहित और वस्त्रसहित -- दोनों ही एक समान हैं, उनमें एक भी संयमी नहीं है।

२. चारित्र पाहुड

चारित्र पाहुडमें ४४ गाथाएँ हैं। इनमें चारित्रका निरूपण किया गया है। चारित्र पाहुडका प्रारंभ करते हुए कुंदकुंद महाराज कहते हैं कि मोक्षाराधनाका साक्षात् कारण सम्यक् चारित्र ही है । सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्र आत्माके अविनाशी -- अनंत भाव हैं। इन्हींमें शुद्धता लानेके लिए जिनेंद्र भगवान्ने दो प्रकारके चारित्रका कथन किया है। चारित्रके दो भेद ये हैं -- एक सम्यक्त्वाचरण और दूसरा संयमाचरण। निःशंकित, निःकांक्षित, निर्विचिकित्सित, अमूढ़दृष्टि, उपगूहन, स्थितिकरण, वात्सल्य और प्रभावना ये सम्यक्त्वके आठ अंग हैं। इन आठ अंगोंमें विशुद्धता प्राप्त हुआ सम्यक्त्व **जिन सम्यक्त्व** कहलाता है। ज्ञानसहित जिनसम्यक्त्वका आचरण **सम्यक्त्वाचरण** नामका चारित्र है। इसे **दर्शनाचार** भी कहते हैं। सम्यक्त्वाचरणके सागार और अनगारके भेदसे दो भेद हैं। गृहस्थोंका आचरण **सागाराचरण** और मुनियोंका आचरण **अनगाराचरण** कहलाता है। सागाराचरणके दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्तत्याग, रात्रिभक्तत्याग, ब्रह्मचर्य, आरंभत्याग, परिग्रहत्याग, अनुमतित्याग और उद्दिष्टत्याग ये ग्यारह भेद हैं, इन्हींको ग्यारह प्रतिमा कहते हैं। समंतभद्राचार्यने 'रत्नकरंड श्रावकाचार' में जो ग्यारह प्रतिमाओंका वर्णन किया है उसका मूलाधार यही मालूम होता है सागार संयमाचरण, पाँच अणुव्रत, तीन गुणव्रतके और चार शिक्षाव्रतोंके भेदसे बारह भेदोंमें विभाजित है। उपर्युक्त ग्यारह प्रतिमाओंमें इसी बारह प्रकारके सागाराचरणका पालन होता है।

स्थूलहिंसा, स्थूलमृषा, स्थूल चौर्य तथा परदारसे निवृत्त होना और परिग्रह तथा आरंभका परिमाण करना -- सीमा निश्चित करना ये क्रमशः अहिंसादि पाँच अणुव्रत हैं। दसों दिशाओंमें यातायातका परिमाण करना, अनर्थदंडका त्याग करना और भोगोपभोगकी वस्तुओंका परिमाण करना -- ये तीन गुणव्रत हैं। सामायिक, प्रोषध, अतिथिपूजा और सल्लेखना ये चार शिक्षाव्रत हैं। तत्त्वार्थसूत्रकारने दिग्व्रत, देशव्रत और अनर्थदंडव्रत इन तीनको गुणव्रत तथा सामायिक, प्रोषधोपवास, उपभोग परिभोग परिमाण और अतिथिसंविभाग इन चारको शिक्षाव्रत कहा है। समंतभद्र स्वामीने दिग्व्रत, अनर्थदंडव्रत और भोगोपभोग परिमाण इन्हें तीन गुणव्रत तथा सामायिक, देशावकाशिक, प्रोषधोपवास और वैयावृत्त्य इन्हें चार शिक्षाव्रत कहा है। इन दोनों आचार्योंने सल्लेखनाका वर्णन अलगसे किया है।

पंच इंद्रियोंको वश करना, पंच महाव्रत धारण करना, पंच समितियोंका पालन करना और तीन गुप्तियोंको धारण करना यह अनगाराचरण अर्थात् मुनियोंका चारित्र है। मनोज्ञ और अमनोज्ञ विषयोंमें रागद्वेष न कर मध्यस्थभाव धारण करना स्पर्शनादि पाँच इंद्रियोंका वश करना है। हिंसादि पाँच पापोंका सर्वथा त्याग करना अहिंसादि पाँच महाव्रत हैं। ये महान् प्रयोजनको साधते हैं, महापुरुष इन्हें धारण करते हैं अथवा स्वयं ये महान हैं इसलिए इन्हें महाव्रत कहते हैं। इन अहिंसादि व्रतोंकी रक्षाके लिए पच्चीस भावनाएँ होती हैं। ये वही पच्चीस भावनाएँ हैं जिनके आधारपर तत्त्वार्थसूत्रकारने सप्तमाध्यायमें अहिंसादि व्रतोंकी पाँच पाँच भावनाओंका वर्णन किया है। ईर्या, भाषा, एषणा, आदान और निक्षेपण ये पाँच समितियाँ हैं। ग्रंथांतरोंमें आदाननिक्षेपको एक समिति मानकर प्रतिष्ठापन अथवा व्युत्सर्ग नामकी अलग समिति स्वीकृत की गयी है।

इस तरह संयमाचरणका वर्णन करनेके बाद कुंदकुंद स्वामीने कहा है कि जो जीव परम श्रद्धासे दर्शन, ज्ञान, और चारित्रको जानता है वह शीघ्र ही निर्वाणको प्राप्त होता है।

सुत्तपाहुड [१]

सुत्तपाहुड -- सूत्र प्राभृतमें २७ गाथाएँ हैं। प्रारंभमें सूत्रकी परिभाषा दिखलाते हुए कहा गया है कि अरहंत

१. कुछ ग्रंथोंमें चारित्र पाहुड और सुत्त पाहुड में क्रमभेद है।

भगवानने जिसका अर्थ स्पष्ट रूपसे निरूपण किया है, गणधर देवोंने जिसका गुंफन किया है तथा शास्त्रका अर्थ खोजना ही जिसका प्रयोजन है उसे सूत्र कहते हैं। ऐसे सूत्रके द्वारा साधु पुरुष परमार्थको साधते हैं। सूत्रकी महिमा बतलाते हुए कहा है कि सूत्रको जाननेवाला पुरुष शीघ्र ही भव -- संसारका नाश करता है। जिस प्रकार सूत्र अर्थात् सूतसे रहित सूई नाशको प्राप्त होती है उसी प्रकार सूत्र आगमज्ञानसे रहित मनुष्य नाशको प्राप्त होता है। जो जिनेंद्र प्रतिपादित सूत्रके अर्थको, जीवाजीवादि नाना प्रकारके पदार्थोंको और हेय तथा उपादेयोंको जानता है वही सम्यग्दृष्टि है, निश्चय नयसे आत्माका शुद्ध स्वभाव उपादेय -- ग्रहण करनेके योग्य है और अशुद्ध -- रागादिक विभाव हेय -- छोड़नेके योग्य हैं। व्यवहार नयसे मोक्ष तथा उसके साधक संवर और निर्जरा तत्त्व उपादेय हैं तथा अजीव, आस्रव और बंधतत्त्व हेय हैं। जिनेंद्र भगवान्ने जिस सूत्रका कथन किया है वह व्यवहार तथा निश्चयरूप है। उसे जानकरही योगी वास्तविक सुखको प्राप्त होता है तथा पापपुंज तो नष्ट करता है। सम्यक्त्वके बिना हरिहर तुल्य भी मनुष्य स्वर्ग जाता है और वहाँसे आकर करोड़ों भव धारण करता है, परंतु मोक्षको प्राप्त नहीं होता।

इसी सुत्तपाहुडमें कहा है कि जो मुनि सिंहके समान निर्भय रहकर उत्कृष्ट चारित्र धारण करते हैं, अनेक प्रकारके व्रत उपवास आदि करते हैं, तथा आचार्य आदिके गुरुतर भार धारण करते हैं परंतु स्वच्छंद करते हैं अर्थात् आगमकी आज्ञाका उल्लंघन कर मनचाही प्रवृत्ति करते हैं वे पापको प्राप्त होते हैं तथा मिथ्यादृष्टि कहलाते हैं। कुंदकुंद स्वामीने इस सूत्रपाहुडमें घोषणा की है कि जिनेंद्र भगवान्ने निर्ग्रंथ मुद्राको ही मोक्षमार्ग कहा है, अन्य सब प्रकारके सवस्त्र -- सपरिग्रह वेष मोक्षके अमार्ग हैं। निर्ग्रंथ साधुओंके बालके अग्रभागकी अनीके बराबर भी नहीं है, इसलिए वे एक ही स्थानपर पाणिपात्रमे श्रावकके द्वारा दिये हुए अन्नको ग्रहण करते हैं। मुनि, नग्नमुद्राको धारण कर तिलतुषके बराबर भी परिग्रहको ग्रहण नहीं करते। यदि कदाचित् ग्रहण करते हैं तो उसके फलस्वरूप निगोदको प्राप्त होते हैं। जिनशासनमें तीन लिंग ही कहे गये हैं -- एक निर्ग्रंथ साधुका, दूसरा उत्कृष्ट श्रावकोंका और तीसरा आर्यिकाओंका। इनके सिवाय अन्य लिंग मोक्षमार्गमें ग्राह्य नहीं है। वस्त्रधारी मनुष्य भले ही तीर्थंकर हो, सिद्ध अवस्थाको प्राप्त नहीं हो सकता। तीर्थंकर भी तब ही मोक्षको प्राप्त होते हैं जब वस्त्ररहित होकर निर्गंथ मुद्रा धारण करते हैं। स्त्रीके निर्ग्रंथ दीक्षा संभव नहीं है इसलिए वह उस भवसे मोक्ष प्राप्त नहीं कर सकतीं।

४. बोधपाहुड

इसमें ६२ गाथाएँ हैं। जिनमें आयतन, चैत्यगृह, जिनप्रतिमा, दर्शन, जिनबिंब, जिनमुद्रा, ज्ञान, देव, अर्हंत तथा प्रव्रज्याका स्वरूप समझाया है। प्रव्रज्याका वर्णन करते हुए मुनिचर्याका बहुत ही मार्मिक वर्णन किया है। उन्होंने कहा है कि जो ग्रह तथा परिग्रहके मोहसे रहित है, बाईस परीषहोंको जीतनेवाली है, कषायरहित है तथा पापारंभसे वियुक्त है ऐसी प्रव्रज्या -- दीक्षा हो सकती है। जो शत्रु और मित्रमें समभाव रखती है, प्रशंसा-निंदा, लाभ-अलाभमें समभावसे सहित है तथा तृण और सुवर्णके बीच जिसमें समानभाव होता है वही प्रव्रज्या कहलाती है। जो उत्तम-अनुत्तम घरों तथा दरिद्र तथा संपन्न व्यक्तियोंमें निरपेक्ष है; जिसमे निर्धन और सधन -- सभीके घर आहार लिया जाता है वह प्रव्रज्या है। जिसमें तिलतुषमात्र भी परिग्रह नहीं रहता, सर्वदर्शी भगवान्ने उसीको प्रव्रज्या कहा है। इस बोधपाहुडके अंतमें कुंदकुंद स्वामीने अपने आपको भद्रबाहुका शिष्य बतलाते हुए उनका जयकार किया है। इस संदर्भकी पिछले साम्यमें समन्वयात्मक चर्चा विस्तारसे की गयी है।

५. भावपाहुड

इसमें १६३ गाथाएँ हैं। कुंदकुंद महाराजने मंगलाचरणके बाद कहा है कि भाव ही प्रथम लिंग है, द्रव्यलिंग

परमार्थ नहीं है अर्थात् भावलिंगके बिना द्रव्यलिंग परमार्थकी सिद्धि करनेवाला नहीं है। गुण और दोषोंका कारण भाव ही है। भाव विशुद्धिके लिए बाह्य परिग्रहका त्याग किया जाता है। जो आभ्यंतर परिग्रहसे सहित है उसका बाह्य त्याग निष्फल है। भावरहित साधु यद्यपि कोटिकोटि जन्मतक हाथोंको नीचे लटकाकर तथा वस्त्रका परित्याग कर तपश्चरण करता है तो भी सिद्धिको प्राप्त नहीं होता। भावके बिना इस जीवने नरकादि गतियोंमें दुःख भोगे हैं। भावके बिना इस जीवने अनंत जन्म धारण कर माताओंका इतना दूध पिया है कि उसका परिमाण समुद्रोंके सलिलसे भी अधिक है। भावोंके बिना इस जीवने मरण कर अपनी माताओंको इतना रुलाया है कि उनके नेत्रोंका जल समस्त समुद्रोंके जलसे कहीं अधिक हो जाता है। भावोंके बिना इस जीवने अंतर्मुहूर्तमें छ्यासठ हजार तीन सौ छत्तीस बार जन्ममरण प्राप्त किया है। बाहुबली तथा मधुपिंगके दृष्टांत देकर मुनिको भावशुद्धिके लिए प्रेरित किया गया है। भव्यसेन मुनि अंग और पूर्वके पाठी होकर भी भावश्रमण अवस्थाको प्राप्त नहीं हो सके और शिवभूति मुनि मात्र तुषमाषका बारबार उच्चारण करते हुए केवलज्ञानी बन गये। निष्कर्षके रूपमें कुंदकुंद स्वामीने बतलाया है कि भावसे नग्न हुआ जाता है। बाह्य लिंगरूप मात्र नग्नवेषसे क्या साध्य है? भावसहित द्रव्यलिंगके द्वारा ही कर्मप्रकृतियोंके समूहका नाश होता है।

भावलिंगी साधु कौन होता है? इसके उत्तरमें कहा है -- जो शरीर आदि परिग्रहसे रहित हैं, मान कषायसे पूर्णतया निर्मुक्त है, तथा जिसकी आत्मा आत्मस्वरूपमें लीन है वही साधु भावलिंगी होता है। भावलिंगी साधु विचार करता है कि 'ज्ञानदर्शन लक्षणवाला एक नित्य आत्मा ही मेरा है, कर्मोंके संयोगसे होनेवाले भाव मुझसे बाह्यभाव हैं, वे मेरे नहीं हैं' जिनधर्मकी उत्कृष्टताका वर्णन करते हुए कहा है कि जिस प्रकार रत्नोंमें हीरा और वृक्षोंके समूहमें चंदन उत्कृष्ट हैं उसी प्रकार धर्मोंमें संसारको नष्ट करनेवाला जिनधर्म उत्कृष्ट है। पुण्य और धर्मकी पृथक्ता सिद्ध करते हुए श्री कुंदकुंदाचार्य कहते हैं कि [१] पूजा आदि शुभकार्योंमें व्रतसहित प्रवृत्ति करना पुण्य है, ऐसा जिनमतमें जिनेंद्रदेवने कहा है और मोह तथा क्षोभसे रहित आत्माका जो परिणाम है वह धर्म है। धर्मका यही लक्षण इन्होंने 'चारित्तं खलु धम्मो' इस गाथा द्वारा प्रवचनसारमें कहा है। लोकमें जो पुण्यको धर्म कहा जाता है वह कारणमें कार्यका उपचार कर कहा जाता है।

६. मोक्खपाहुड

इसमें १०६ गाथाएँ हैं। मंगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्यके अनंतर उस अर्थ -- आत्मद्रव्यकी महिमा गायी गयी है जिसे जानकर योगी अव्याबाध अनंत सुखको प्राप्त होता है। वह आत्मद्रव्य, बहिरात्मा, अंतरात्मा और परमात्माके भेदसे तीन प्रकारका कहा गया है। उनमें बहिरात्माको छोड़ने और और अंतरात्माके उपायसे परमात्माके ध्यान करनेकी बात कही गयी है। इंद्रियाँ बहिरात्मा हैं अर्थात् इंद्रियोंके समूहस्वरूप शरीरमें आत्मबुद्धि करना बहिरात्मा है, आत्मसंकल्प अंतरात्मा है और कर्मकलंकसे विमुक्त देव परमात्मा है। बहिरात्मा -- मूढ़दृष्टि जिनस्वरूपसे च्युत होकर स्वकीय शरीरको ही आत्मा समझता है। यही अज्ञान उसके मोहको बढ़ाता है। इसके विपरीत जो योगी शरीरसे निरपेक्ष, निर्द्वंद्व, निर्मल और निरहंकार रहता है वही निर्माणको प्राप्त होता है। परद्रव्यमें रत रहनेवाला जीव नाना प्रकारके कर्मोंसे बँधता है और परद्रव्यसे विरत रहनेवाला नाना कर्मोंसे छूटता है, यह बंध और मोक्षविषयक संक्षेपमय जिनोपदेश है। तपसे स्वर्ग सभी प्राप्त करते हैं, पर जो ध्यानसे स्वर्ग प्राप्त करता है उसका स्वर्ग प्राप्त करना कहलाता है। ऐसा जीव परभवमें शाश्वत सुख -- मोक्षको प्राप्त होता है।

---

१ पूयादिसु वयसहियं पुण्णं हि जिणेहि सासणे भणियं।
मोहक्खोहविहीणो परिणामो अप्पणो धम्मो।।८१।।

व्रत और तपके द्वारा स्वर्ग प्राप्त कर लेना अच्छा है किंतु नरकके दुःख भोगना अच्छा नहीं हुआ, क्योंकि छाया और धूपमें बैठकर इष्ट स्थानकी प्रतीक्षा करनेवालोंमें महान अंतर है।[२] जो व्यवहारमें सोता है वह आत्मकार्यमें जागता है और जो आत्मकार्यमें जागता है वह व्यवहारमें सोता है। जिस प्रकार स्फटिक मणि स्वभावसे शुद्ध है परंतु परद्रव्यके संयोगसे विभिन्न वर्णका हो जाता है उसी प्रकार जीव स्वभावसे शुद्ध है, परंतु परद्रव्यके संयोगसे रागादियुक्त हो जाता है। अज्ञानी जीव उग्र तपके द्वारा अनेक भवोंमें जिन कर्मोंको खपाता है, तीन गुप्तियोंका धारी जीव उन्हें अंतर्मुहूर्तमें खिपा देता है। जिसका ज्ञान चारित्रसे रहित है और जिसका तप सम्यग्दर्शनसे रहित है उसको लिंग ग्रहण -- मुनिवेष धारण करनेसे क्या होनेवाला है? आत्मज्ञानके बिना बहुत शास्त्रोंको पढ़ना बालश्रुत है और आत्मस्वभावके विपरीत चारित्र पालन करना बालचारित्र है।

इत्यादि विविध उपदेशोंके साथ मोक्षका स्वरूप तथा उसकी प्राप्तिके साधन बतलाये गये हैं। इन छह पाहुडोंपर भी श्रुतसागरसूरिकृत संस्कृत टीका है।

७. लिंगपाहुड

इसमे २२ गाथाएँ हैं। मंगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्यकी प्रथम गाथासे इसका पूरा नाम 'श्रमणलिंगपाहुड' है ऐसा प्रकट होता है। श्रमणका अर्थ मुनि है, इसमें मुनियोंके लिंग अर्थात् वेषकी चर्चा की गयी है। बताया गया है कि रत्नत्रय धर्मसे ही लिंग होता है। अर्थात् लिंगकी सार्थकता रत्नत्रयरूप धर्मसे है। मात्र लिंग धारण करनेसे धर्मकी प्राप्ति नहीं होती। जो पापी जीव जिनेंद्रदेवके लिंगको धारण कर लिंगीके यथार्थ भावकी हँसी कराता है वह यथार्थ वेषको नष्ट करता है। जो निर्ग्रंथ लिंग धारण कर नाचता है, गाता है और बजाता है वह पापी पशु है, श्रमण नहीं है। जो लिंग धारण कर दर्शन, ज्ञान और चारित्रको उपधान तथा ध्यानका आश्रय नहीं बनाता है किंतु इससे विपरीत आर्तध्यान करता है वह अनंत संसारी बनता है। जो मुनि होकर कांदर्पी आदि कुत्सित भावनाओंको करता है और भोजनमें रसविषयक गृध्रता करता है वह मायावी पशु है, मुनि नहीं है। जो मुनिलिंग धारण कर अदत्त वस्तुका ग्रहण करता है अर्थात् दातारकी इच्छाके विना अड़कर किसी वस्तुको लेता है तथा परोक्ष दूषण लगाकर दूसरेकी निंदा करता है वह चोरके समान है। जो स्त्रीसमूहके प्रति राग करता है तथा दूसरोंको दोष लगाता है वह पशु है, मुनि नहीं है। जो पुंश्चली स्त्रियोंके घर भोजन करता है तथा उनकी प्रशंसा करता है वह बालस्वभावको प्राप्त होता है और भावसे विनष्ट है अर्थात् द्रव्यलिंगी है। अंतमें कहा गया है कि जो मुनि सर्वज्ञदेवके द्वारा उपदिष्ट धर्मका पालन करता है वही उत्तम स्थानको प्राप्त होता है।

८. सीलपाहुड

इसमें ४० गाथाएँ हैं। प्रथम ही भगवान् महावीरको नमस्कार कर शीलगुणोंके वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा की गयी है। बताया गया है कि शील और ज्ञानमें विरोध नहीं है किंतु सहभाव है। शीलके बिना विषय, ज्ञानको नष्ट कर देते हैं। ज्ञान बड़ी कठिनाईसे जाना जाता है तथा जानकर उसकी भावना और भी अधिक कठिनाईसे होती है। जब तक यह जीव विषयोंमें लीन रहता है तब तक ज्ञानको नहीं जानता और ज्ञानको जाने बिना विषयोंसे विरक्त जीव, पुरातन कर्मोंको नष्ट नहीं कर सकता। चारित्ररहित ज्ञान, दर्शनरहित लिंगग्रहण और संयमरहित तप ये सभी निरर्थक हैं। जिस प्रकार सुहागा

---

२. वर वयतवेहि सग्गो मा दुक्खं होउ निरय इयरेहि।
छायातवट्ठियाणं पडिपालंताण गुरुभेयं।।२५।। -- मोक्षपाहुड
वरं व्रतैः पदं दैवं नाव्रतैर्बत नारकम्।
छायातपस्थयोर्भेदः प्रतिपालयतोर्महान्।। -- इष्टोपदेश

और नमकके लेपसे फूँका हुआ स्वर्ण शुद्ध हो जाता है उसी प्रकार ज्ञानरूपी जलके द्वारा जीव शुद्ध हो जाता है। यदि कोई ज्ञानसे गर्वित होकर विषयोंमें राग करता है तो यह ज्ञानका अपराध नहीं है किंतु उस मंदबुद्धि पुरुषका अपराध है। जो शीलकी रक्षा करते हैं और विषयोंसे विरक्त रहते हैं उन्हें नियमसे निर्वाणकी प्राप्ति होती है। शीलरहित मनुष्यका जन्म निरर्थक है।

वारसणुवेक्खा

इसका संस्कृत नाम द्वादशानुप्रेक्षा है। ९१ गाथाओंके इस ग्रंथमें वैराग्योत्पादक द्वादश अनुप्रेक्षाओंका बहुत ही सुंदर वर्णन हुआ है। 'अनु+प्र+ईक्षणं अनुप्रेक्षा' इस व्युत्पत्तिके अनुसार पदार्थके स्वरूपको प्रकर्षताके साथ बार-बार देखना -- विचार करना अनुप्रेक्षा कहलाती है। ये अनुप्रेक्षाएँ लोकमें बारह भावनाओंके नामसे प्रचलित हैं। कुंदकुंद स्वामीने बारह अनुप्रेक्षाओंका क्रम इस प्रकार रक्खा है --

अद्धुवमसरणमेगत्तमण्णसंसारलोगमसुचित्तं।
आसवसंवरणिज्जरधम्मं बोहिं च चिंतेज्जो।।२।।

१. अध्रुव, २. अशरण, ३. एकत्व, ४. अन्यत्व, ५. संसार, ६. लोक, ७. अशुचित्व, ८. आस्रव, ९. संवर, १०. निर्जरा, ११. धर्म और बोधि -- इन भावनाओंका निरंतर चिंतन करना चाहिए।

तत्त्वार्थसूत्रकार श्री उमास्वामी महाराजने इन अनुप्रेक्षाओंके क्रममें कुछ परिवर्तन किया है --

'अनित्याशरणसंसारैकत्वान्यत्वाशुच्यास्रवसंवरलोकबोधिदुर्लभधर्मस्वाख्याततत्त्वानुचिन्तनमनुप्रेक्षाः।'

१. अनित्य, २. अशरण, ३. संसार, ४. एकत्व, ५. अन्यत्व, ६. अशुचि, ७. आस्रव, ८. संवर, ९. निर्जरा, १०. लोक, ११. बोधिदुर्लभ और १२. धर्म -- इनके स्वरूप चिंतन करना बारह अनुप्रेक्षाएँ हैं।

आज आम जनता में तत्त्वार्थसूत्रकारके द्वारा निर्धारित क्रमही प्रचलित है। संभव है छंदकी परतंत्रताके कारण कुंदकुंदस्वामीको अनुप्रेक्षाओंके क्रममें परिवर्तन करनेके लिए विवश होना पड़ा हो। पर उमास्वामीके सामने गद्यरूप रचना होनेसे छंदकी कोई विवशता नहीं थी।

इस ग्रंथमें अनित्य आदि अनुप्रेक्षाओंके चिंतन द्वारा श्रमणके वैराग्यभावको दृढ

दृढ़ किया गया है। इसकी कुछ गाथाएँ स्वयं कुंदकुंद स्वामीके अन्य ग्रंथोंमें पायी जाती हैं और कितनी ही गाथाएँ उत्तरवर्ती ग्रंथकारोंके द्वारा 'उक्तं च' कहकर उद्धृत की गयी हैं या अपने ग्रंथका अंग ही बना ली गयी हैं। जैसे --

दंसणभट्टा भट्टा दंसणभट्टस्स णत्थि णिव्वाणं।
सिज्झंति चरियभट्टा दंसणभट्टा ण सिज्झंति।।१९।।

यह गाथा दंसणपाहुडकी तीसरी गाथा है।

सव्वे वि पोग्गला खलु एगे भुत्तुज्झिया हु जीवेण।
असुयं अणंतखुत्तो पुग्गलपरियट्टसंसारे।।२५।।
सव्वम्हि लोयखेत्ते कमसो तं णत्थि जं च उप्पण्णं।
उग्गाहणेण बहुसो परिभमिदो खेत्तसंसारे।।२६।।
अवसप्पिणिउवसप्पिणिसमयावलियासु णिरवसेसासु।
जादो मुदो य बहुसो परिभमिदो कालसंसारे।।२७।।

णिरयाउजहण्णादिसु जाव दु उवरिल्लया दु गेवेज्जा।
मिच्छत्तसंसिदेण दु बहुसो वि भवट्ठिदी भमिदो।।२८।।
सव्वे पयडिट्ठिदिओ अणुभागप्पदेसबंधठाणाणि।
जीवो मिच्छत्तवसा भमिदो पुण भाव संसारे।।२९।।

ये गाथाएँ पूज्यपाद स्वामीने सर्वार्थसिद्धि द्वितीयाध्यायके 'संसारिणो मुक्ताश्च' इस सूत्रमें उद्धृत की हैं और उन्हींका अनुसरण जीवकांडकी संस्कृत टीकाकी भव्यमार्गणामें किया गया है।

णिच्चिदरधादु सत्त य तरुदसवियलिंदिएसु छच्चेव।
सुरणिरयतिरियचउरो चोद्दसमणुए सदसहस्सा।। ३५।।

यह गाथा भी सर्वार्थसिद्धिमें पूज्यपादस्वामीने 'सचित्तशीतसंवृताः सेतरा मिश्राश्चैकशस्तद्योनयः' इस सूत्रकी व्याख्यामें उद्धृत की है। यही गाथा जीवकांडकी ८९ वीं गाथा बन गयी है।

इगतीस सत्त चत्तारि दोण्णि एक्केक्कछक्कचदुकप्पे।
तित्तियएक्केकेंदियणामा उडुआदि तेसट्ठी।।४१।।

यह गाथा त्रिलोकसारकी ४६३ वीं गाथा बन गयी है तथा बृहद्द्रव्यसंग्रहकी लोकभावनामें 'उक्तं च' कहकर उद्धृत की गयी है।

तत्त्वार्थसूत्रकारने व्रत-अणुव्रत और महाव्रतोंका शुभास्रवमें वर्णन किया है, परंतु कुंदकुंद स्वामीने

पंचमहव्वयमणसा अविरमणणिरोहणं हवे णियमा।
कोहादि आसवाणं दाराणि कसायरहियपल्लगेहिं।।६२।।

इस गाथा द्वारा कहा है कि अहिंसादि पाँच महाव्रतोंके परिणामसे हिंसादि पाँच प्रकारके अविरमणका निरोध नियमसे हो जाता है अर्थात् इसे संवरका कारण बतलाया है। इसी प्रकार जीवकांड और बृहद् द्रव्यसंग्रहमें भी व्रतको संवरमें परिगणित किया गया है। व्रतमें प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों रहती हैं। तत्त्वार्थसूत्रकारने निवृत्ति अंशको प्रधानता देकर संवरमें सम्मिलित किया है।

शुभोपयोगकी प्रवृत्ति सर्वथा निःसार नहीं है, उससे अशुभोपयोगका निराकरण होता है और शुद्धोपयोगके द्वारा शुभोपयोगका विरोध होता है -- यह भाव कुंदकुंद स्वामीने निम्न गाथामें प्रकट किया है --

सुहजोगस्स पवित्ती संवरणं कुणदि असुहजोगस्स।
सुहजोगस्स णिरोहो सुद्धुवजोगेण संभवदि।।६३।।

निर्जरानुप्रेक्षाकी निम्नलिखित गाथा स्वामीकार्तिकेयानुप्रेक्षाकी १०४ वीं गाथा बन गयी है --

सा पुण दुविहा णेया सकालपक्का तवेण कयमाणा।
चदुगदियाणं पढमा वयजुत्ताणं हवे बिदिया।।६७।।

धर्मभावनाकी निम्नांकित गाथा भी उत्तरवर्ती आचार्योंके द्वारा अपने ग्रंथोंका अंग बनायी गयी है --

दंसणवयसामाइयपोसहसच्चित्तरायभत्ते य।
बम्हारंभपरिग्गह अणुमणमुद्दिट्ठदेसविरदेदे।।६९।।

यह गाथा वसुनन्दिश्रावकाचारमें चतुर्थ नंबरकी गाथा बन गयी है।

उत्तम क्षमादि दश धर्मोंके वर्णनमें कुंदकुंद स्वामीने सत्य धर्मका वर्णन पहले किया है और शौच धर्मका उसके

बाद। परवर्ती ग्रंथकारोंमें किसीने शौचका वर्णन पहले किया है और किसीने सत्यका। जैसे --

परसंतावयकारणवयणं मोत्तूण सपरहिदवयणं।
जो वददि भिक्खु तुरियो तस्स दु धम्मं हवे सच्चं।।७४।।
कंखाभावणिवित्तिं किच्चा वेरग्गभावणाजुत्तो।
जो वट्टदि परममुणी तस्स दु धम्मो हवे सौच्चं।।७५।।

इस 'वारसणुवेक्खा' के अंतमें कुंदकुंद स्वामीने अपना नाम भी दिया है। जैसे --

इदि णिच्छयववहारं जं भणियं कुंदकुंदमुणिणाहे।
जो भावइ सुद्धमणो सो पावइ परमणिव्वाणं।।९१।।

यह रचना अल्पकाय होनेपर भी आत्मकल्यामकी भावनासे परिपूर्ण होनेके कारण अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

भत्तिसंगहो

सिद्धभक्तिकी संस्कृत टीकामें श्री प्रभाचंद्रने लिखा है कि **'संस्कृताः सर्वा भक्तयः पूज्यपादस्वामिकृताः प्राकृतास्तु कुन्दकुन्दाचार्यकृताः।'**

संस्कृत भाषाकी समस्त भक्तियाँ पूज्यपाद स्वामीकृत हैं और प्राकृतकी समस्त भक्तियाँ कुंदकुंदाचार्यकृत हैं। प्रभाचंद्रजीके इस उल्लेखके आधारपर ही यहाँ प्राकृत भाषाकी निम्नलिखित भक्तियोंका संग्रह किया गया है --

१. सिद्धभक्ति, २. श्रुतभक्ति, ३. चारित्रभक्ति, ४. योगिभक्ति, ५. आचार्यभक्ति, ६. निर्वाणभक्ति, ७. पंचपरमेष्ठिभक्ति और ८. तीर्थकरभक्ति।

ये भक्तियाँ प्राकृत पद्यात्मक हैं। इन सबके अंतमें अचलिका रूपमें 'इच्छामि भंते' आदि संक्षिप्त गद्य दिया है। नन्दीश्वर भक्ति और शान्तिभक्ति केवल गद्यमें हैं, इन्हें सम्मिलित कर देनेसे दश भक्तियाँ हो जाती हैं। समाजमें 'दशभक्ति संग्रह' नामसे इनके अनेक संग्रह प्रकाशित हुए हैं। ये भक्तियाँ मुनियोंके नित्यपाठमें सम्मिलित हैं। भक्तियोंका विषय उनके नामसे ही स्पष्ट हैं।

आभार प्रदर्शन

इस तरह हम देखते हैं कि कुंदकुंद स्वामीने अपने समस्त ग्रंथोंमें जो तत्त्वका निरूपण किया है वह मुमुक्षु मानवके लिए अत्यंत ग्राह्य है। कुंदकुंद स्वामीकी वाणी सितोपल -- मिश्रीके समान सब ओरसे -- शब्द, अर्थ और भावकी दृष्टिसे सुमधुर है। इनके ग्रंथोंका स्वाध्याय विद्वत्समाजमें बड़ी श्रद्धासे होता है। कितने ही विद्वानोंमें इन ग्रंथोंके पुण्यपाठकी परंपरा प्रचलित है। पुण्यपाठके समय अर्थपाठपर भी दृष्टि जा सके इस अभिप्रायसे प्रत्येक गाथाओंके नीचे उनका सरल भाषामें संक्षिप्त हिंदी अर्थ दिया गया है। जहाँ आवश्यक प्रतीत हुआ वहाँ भावार्थ भी दिया गया है। प्रस्तावनामें कुंदकुंद स्वामीके जीवनपथका यथाशक्य परिचय दिया गया है। साथ ही प्रत्येक ग्रंथका संक्षिप्त सार भी दिया है। इसे मनोयोगसे पढ़नेपर ग्रंथका संपूर्ण भाव हृदयपर अंकित हो जाता है। प्रत्येक ग्रंथका सार देनेसे यद्यपि प्रस्तावनाका कलेवर बढ़ गया है तो भी ऐतिहासिक गुप्तियोंकी विस्तारकी अपेक्षा इसे देना मैंने सार्थक समझा, क्योंकि जनसाधारण इससे लाभ उठा सकता है। परिशिष्टमें प्रत्येक ग्रंथकी पृथक् पृथक् अनुक्रमणिकाएँ तथा प्रारंभमें प्रत्येक ग्रंथकी पृथक् पृथक् विषयसूचियाँ भी दी गयी हैं इससे प्रत्येक अध्येताको इष्ट विषयके अन्वेषणमें साहाय्य प्राप्त होगा।

प्रस्तावना लेखमें श्रीमान् स्व. आचार्य जुगलकिशोरजी मुख्त्यारके 'पुरातन वाक्यसूची', श्रीमान् पं. कैलाशचंद्र

शास्त्रीके 'कुंदकुंद प्राभृत संग्रह' और श्रीमान डॉ. ए. एन्. उपाध्येके 'प्रवचनसार'की प्रस्तावनासे यथेष्ट सामग्री ली गयी है इसलिए इन सबका मैं अत्यंत आभारी हूँ। इसका प्रकाशन १०८ चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर दि. जैन जिनवाणी जीर्णोद्धारक संस्थाकी ओरसे हो रहा है इसलिए उसके मंत्री श्री. वालचंद देवचंदजी शहा तथा अन्य अधिकारियोंका आभार मानता हूँ। श्रीमान् पं. जिनदासजी शास्त्री सोलापुरने पांडुलिपिका सूक्ष्म दृष्टिसे अवलोकन कर उक्त संस्थाको प्रकाशित करनेकी आज्ञा दी इसलिए उनका आभारी हूँ। श्री ब्रह्मचारिणी पद्मश्री सुमतिबाई शहा सोलापुरका भी आभारी हूँ जिनकी प्रेरणासे इस ग्रंथके प्रकाशनकी ओर संस्थाके मंत्री महोदयका ध्यान आकृष्ट हुआ। श्री. उदयचंद्रजी सर्वदर्शनाचार्य एम्. ए. प्राध्यापक हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी और श्री. पं. महादेवजी चतुर्वेदीने प्रूफ देखकर इसके सुंदर प्रकाशनमें जो सहयोग दिया है उसके लिए उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ। जिनवाणीके संवर्धन, संरक्षण, संशोधन और प्रकाशनमें जो भाग लेते हैं उन सबके प्रति मेरे हृदयमें अगाध श्रद्धाका भाव है।

मैं अल्पज्ञानी तो हूँ ही, साथमें मुझे अनेक कार्योंमें व्यस्त रहना पड़ता है इससे संपादन तथा अनुवादमें त्रुटि रह जाना संभव है इसके लिए मैं ज्ञानी जनोंसे क्षमाप्रार्थी हूँ। मेरे द्वारा जिनवाणीके अर्थमें विपर्यास न हो इसका हृदयमें सदा भय रहता है।

सागर
दीपावली
२४९७ वीरनिर्वाण संवत्

विनीत
पन्नालाल जैन
साहित्याचार्य

विषय-सूची

पंचास्तिकाय

प्रथम स्कंध	गाथा	पृष्ठ
मंगलाचरण	१	३
ग्रंथप्रतिज्ञा	२	३
लोक और अलोकका स्वरूप	३	३
अस्तिकायोंकी गणना	४	३
अस्तिकायका स्वरूप	५	४
द्रव्योंकी गणना	६	४
एकक्षेत्रावगाह होनेपर भी द्रव्य अपना स्वभाव नहीं छोड़ते	७	४
सत्ताका स्वरूप	८	४
द्रव्यका लक्षण	९-१०	५
पर्यायकी अपेक्षा उत्पादादिकी सिद्धि	११	५
द्रव्य और पर्यायका अभेद	१२	५
द्रव्य और गुणका अभेद	१३	५
सात अंगोंका निरूपण	१४	६
गुण और पर्यायोंमें उत्पादादि	१५	६
द्रव्योंके गुण और पर्यायोंका वर्णन	१६	६
दृष्टांतद्वारा उत्पादादिका वर्णन	१७-१८	६
सत्का विनाश और असत्की उत्पत्तिका अभाव	१९	७
ज्ञानावरणादि कर्मोंके अभावसे सिद्ध पर्यायकी प्राप्ति	२०	७
भाव, अभाव, भावाभाव और अभावका वर्णन	२१	७
अस्तिकायोंके नाम	२२	७
कालद्रव्यके अस्तित्वकी सिद्धि	२३	७
कालद्रव्यका लक्षण	२४	८
व्यवहारकालका वर्णन	२५	८
पुद्गलके निमित्तसे व्यवहारकालकी उत्पत्तिका वर्णन	२६	८
जीवका स्वरूप	२७	८
मुक्त जीवका स्वरूप	२८	९
मुक्त जीवकी विशेषता	२९	९
जीव शब्दकी निरुक्ति	३०	९
जीवकी विशेषता	३१-३२	१०
जीव शरीरप्रमाण है	३३	१०
द्रव्यकी अपेक्षा जीवद्रव्य अपने समस्त पर्यायोंमें रहता है	३४	१०
सिद्ध जीवका स्वरूप	३५	११
सिद्ध जीव कार्यकारण व्यवहारसे रहित है	३६	११
मोक्षमें जीवका असद्भाव नहीं है	३७	११
विविध चेतनाकी अपेक्षा जीवके तीन भेद	३८	१२
कर्मफल, कर्म और ज्ञानचेतनाके स्वामी	३९	१२
उपयोगके दो भेद	४०	१२
ज्ञानोपयोगके आठ भेद	४१	१२
दर्शनोपयोगके चार भेद	४२	१२
जीव और ज्ञानमें अभिन्नता	४३	१३
गुण और गुणीमें अभेद	४४	१३
द्रव्य और गुणोंमें भेदाभेदका निरूपण	४५-४६	१३
पृथक्त्व और एकत्वका वर्णन	४७	१३
ज्ञान और ज्ञानीमें सर्वथा भेदका निषेध	४८	१४
ज्ञानके समवायसे आत्मा ज्ञानी है इस मान्यताका निषेध	४९	१४
द्रव्य और गुणोंमें अयुतसिद्धिका वर्णन	५०	१५
दृष्टांत द्वारा ज्ञानदर्शन गुण और जीव में भेदाभेदका वर्णन	५१-५२	१५
जीवकी अनादिनिधनता तथा सादि सांतताका वर्णन	५३	१५
विवक्षावश सत्के विनाश और असत्के उत्पादका कथन	५४	१६
सत्के विनाश और असत्के उत्पादका कारण	५५	१६
जीवके औपशमिकादि भावोंका वर्णन	५६	१६
विवक्षावश औदयिक भावोंका कर्ता जीव है	५७	१७

	गाथा	पृष्ठ
औदयिक भावद्रव्य कर्मकृत है	५८-६०	१७
आत्मा निजभावका कर्ता है, परका नहीं	६१-६२	१८
जब आत्मा कर्ता नहीं है तब उसका फल कैसे भोगता है	६३-६८	१८-१९
संसार परिभ्रमणका कारण	६९	१९
मोक्षप्राप्तिका उपाय	७०	२०
जीवके अनेक भेद	७१-७२	२०
मुक्त जीवोंके ऊर्ध्वगमन स्वभावका वर्णन	७३	२०
पुद्गल द्रव्यके चार भेद	७४	२१
स्कंध आदिके लक्षण	७५	२१
स्कंधके छह भेदोंका वर्णन	७६	२१
परमाणुका लक्षण	७७	२१
परमाणुकी विशेषता	७८	२२
शब्दका कारण	७९	२२
परमाणुकी अन्य विशेषताओं का वर्णन	८०	२२
परमाणुमें रस गंध आदिका वर्णन	८१	२३
पुद्गल द्रव्यका विस्तार	८२	२३
धर्मास्तिकायका वर्णन	८३-८५	२३
अधर्मास्तिकायका वर्णन	८६	२३
धर्मास्तिकाय और अधर्मास्तिकायोंकी विशेषताका वर्णन	८७-८९	२४
आकाशास्तिकायका लक्षण	९०	२४
लोक और अलोकका विभाग	९१	२४
आकाशको ही गति और स्थितिका कारण माननेमें दोष	९२-९५	२५
धर्म, अधर्म और आकाशकी एकरूपता तथा अनेकरूपता	९६	२५
द्रव्योंमें मूर्त और अमूर्त द्रव्यका विभाग	९७	२६
जीव और पुद्गल द्रव्यही क्रियावंत हैं	९८	२६
मूर्तिक और अमूर्तिकका लक्षण	९९	२६
काल द्रव्यका कथन	१००-१०१	२६
जीवादि द्रव्य अस्तिकाय हैं काल नहीं	१०२	२७
पंचास्तिकाय संग्रहके जाननेका फल	१०३-१०४	२७

द्वितीय स्कंध

	गाथा	पृष्ठ
मोक्षमार्गके कथनकी प्रतिज्ञा	१०५	२७
सम्यग्दर्शनादिकी एकता ही मोक्षका मार्ग है	१०६	२८
सम्यग्दर्शनादिका स्वरूप	१०७	२८
नौ पदार्थोंके नाम	१०८	२८
जीवोंके भेद	१०८	२८
स्थावरकायका वर्णन	११०	२८
स्थावर और त्रसका विभाग	१११	२९
पृथिवीकायिक आदि स्थावर एकेंद्रिय जीव हैं	११२	२९
एकेंद्रियोंमें जीवके अस्तित्वका वर्णन	११३	२९
द्वींद्रिय जीवोंका वर्णन	११४	२९
त्रींद्रिय जीवोंका वर्णन	११५	३०
चतुरिंद्रिय जीवोंका वर्णन	११६	३०
पंचेंद्रिय जीवोंका वर्णन	११७-११८	३०
जीवोंका अन्य पर्यायोंमें गमन	११९	३०
संसारी, मुक्त, भव्य तथा अभव्योंका वर्णन	१२०	३१
इंद्रियादिक जीव नहीं है	१२१	३१
जीवकी विशेषता	१२२-१२३	३१
द्रव्योंमें चेतन अचेतनका वर्णन	१२४	३१
अजीवका लक्षण	१२५	३१
शरीररूप पुद्गल और जीवमें पृथक्त्वका वर्णन	१२६-१२७	३२
जीवके संसारभ्रमणका कारण	१२८-१३०	३२
जीवके शुभ अशुभ भावोंका वर्णन	१३१	३२
पुण्य और पापका लक्षण	१३२	३३
कर्म मूर्तिक है	१३३	३६
पूर्व मूर्त कर्मोंके साथ नवीन मूर्त कर्मोंका बंध होता है	१३४	३६
पुण्यकर्मका आस्रव किसके होता है	१३५	३६
प्रशस्त रागका लक्षण	१३६	३६
अनुकंपाका लक्षण	१३७	३४
कालुष्यका लक्षण	१३८	३४
पापास्रवके कारण	१३९-१४०	३४

	गाथा	पृष्ठ
पापास्रवको रोकनेनाले जीवोंका वर्णन	१४१	३४
शुद्धोपयोगी जीवोंका वर्णन	१४२-१४६	४२
कर्मबंधका कारण	१४७-१४८	३६
कर्मबंधके चार प्रत्यय -कारण	१४९	३६
आस्रवनिरोध - संवरका वर्णन	१५०-१५१	३६
ध्यान निर्जराका कारण है	१५२	३६
मोक्षका कारण	१५३	३७
तृतीय स्कंध		
ज्ञान, दर्शन और चारित्रका स्वरूप	१५४	३७
जीवके स्वसमय और परसमयकी अपेक्षा भेद	१५५	३७
परसमयका लक्षण	१५६-१५७	३७-३८
स्वसमयका लक्षण	१५८	३८
स्वसमयका आचरण कौन करता है?	१५९	३८
व्यवहार मोक्षमार्गका वर्णन	१६०	३८
निश्चय मोक्षमार्गका वर्णन	१६१	३८
अभेद रत्नत्रयका वर्णन	१६२-१६३	३८-३९
सम्यग्दर्शनादि ही मोक्षके मार्ग हैं	१६४	३९
पुण्य मोक्षका साक्षात् कारण नहीं है	१६५-१६६	३९
अणुमात्र भी राग स्वसमयका बाधक है	१६७	३९
शुद्धात्म स्वरूपके सिवाय अन्यत्र विषयोंमें चित्तका भ्रमण संवरका बाधक है	१६८-१६९	४०
भक्तिरूप शुभ राग मोक्षप्राप्तिका साक्षात् कारण नहीं है	१७०-१७१	४०
वीतराग आत्मा ही संसारसे पार होता है	१७२	४०
समारोपवाक्य	१७३	४०

समयसार

	गाथा	पृष्ठ
जीवाजीवाधिकार		
मगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्य	१	४५
स्वसमय और परसमयकी अपेक्षा दो भेद	२	४५
एकत्वके निश्चयको प्राप्त स्वसमय सुंदर है और बंधकथा विसंवादिनी है	३	४५
आत्मद्रव्यका एकत्वपना सुलभ नहीं है	४	४६
स्वसमयके दिखानेकी प्रतिज्ञा	५	४६
शुद्धात्मा कौन है? इसका वर्णन	६	४६
ज्ञानीके ज्ञानदर्शन चारित्र व्यवहारसे है	७	४७
व्यवहारके विना परमार्थका उपदेश अशक्य है	८	४७
व्यवहारनय परमार्थका प्रतिपादक किसप्रकार है इसका उत्तर	९-१०	४७
व्यवहारका अनुसरण क्यों नहीं करना चाहिए?	११	४७
शुद्ध निश्चयनयसे जाने हुए जीवाजीवादि पदार्थ ही सम्यक्त्व है	१३	४८
शुद्धनयका स्वरूप	१४	४८
आत्माको अबद्धस्पृष्ट जाननेवाला ही जिनशासनको जानता है	१६	४८
दर्शन ज्ञान चारित्र निरंतर सेवन करनेयोग्य हैं	१६	४९
उक्त बातका दृष्टांत और दार्ष्टांतद्वारा स्पष्टीकरण	१७-१८	४९
आत्मा कबतक अप्रतिबुद्ध रहता है?	१९	४९
अप्रतिबुद्ध और प्रतिबुद्ध जीवका लक्षण	२०-२२	५०
अप्रतिबुद्धको समझानेके लिए उपाय	२३-२५	५०
अज्ञानीका प्रश्न और आचार्यका उत्तर	२६-२७	५१
व्यवहारनयकी अपेक्षा शरीरके स्तवनसे आत्माका स्तवन	२८	५१
व्यवहारस्तवन निश्चयकी दृष्टिसे ठीक नहीं है	२९-३०	५१

	गाथा	पृष्ठ
निश्चयनयसे किस प्रकार होती है?	३१-३३	५२
ज्ञान ही प्रत्याख्यान है इसका दृष्टांत सहित कथन	३४-३५	५२
परपदार्थोंमें भिन्नपना किस प्रकार होता है?	३६-३७	५३
रत्नत्रयरूप परिणत आत्माका चिंतन किस प्रकार होता है?	३८	५३
मिथ्यादृष्टि दुर्बुद्धि जीव आत्माको नहीं जानते हैं	३९-४४	५३-५४
रागादिक भाव चैतन्यसे संबद्ध होनेपर भी पुद्गलके किस प्रकार कहे जाते हैं?	४५	५४
अध्यवसान भाव व्यवहारसे जीवके हैं इसका दृष्टांतसहित कथन	४६-४८	५४-५५
जीवका वास्तविक स्वरूप क्या है?	४९	५५
जीवके रसादिक नहीं हैं	५०-५५	५५-५६
वर्णादिक व्यवहारसे जीवके हैं निश्चयसे नहीं	५६	५६
वर्णादिक जीवके क्यों नहीं हैं इसका उत्तर	५७	५६
दृष्टांतद्वारा व्यवहार और निश्चयका अविरोध	५८-६०	५६-५७
वर्णादिके साथ जीवका तादात्म्य क्यों नहीं है? इसका उत्तर	६१-६६	५७-५८
ज्ञानधन आत्माको छोड़कर अन्यको जीव कहना व्यवहार है	६७	५८
रागादि भाव जीव नहीं है	६८	५८

कर्तृकर्माधिकार

	गाथा	पृष्ठ
जबतक यह जीव आत्मा और आस्रवकी विशेषताको नहीं जानता है तबतक कर्मबंध करता है	६९-७०	५९
कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अभाव कब होता है? इसका उत्तर	७१	५९
ज्ञानभावसे बंधका अभाव किस प्रकार होता है ?	७२	५९
यह जीव आस्रवोंसे किस विधिसे निवृत्त होता है?	७३	६०
भेदज्ञान और आस्रवकी निवृत्ति एक ही समय होती है	७४	६०
ज्ञानी आत्माकी पहिचान	७५	६०
पौद्गलिक कर्मको जाननेवाले जीवका पुद्गलके साथ कर्ता कर्मभाव है या नहीं? इसका उत्तर	७६	६०
अपने परिणामको जाननेवाले जीवका पुद्गलके साथ कर्तृकर्मभाव है या नहीं? इसका उत्तर	७७	६१
पुद्गलकर्मके फलको जाननेवाले जीव पुद्गलके साथ कर्ता कर्मभाव है या नहीं? इसका उत्तर	७८	६१
जीवके परिणामको, अपने परिणामको और अपने परिणामके फलको नहीं जाननेवाले पुद्गल द्रव्यका जीवके साथ कर्तृकर्मभाव है या नहीं? इसका उत्तर	७९	६१
जीव और पुद्गलमें परस्पर निमित्तपना होनेपर भी कर्तृकर्मभाव नहीं है	८०-८१	६१
निश्चयनयसे आत्माके कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्य भावका वर्णन	८२-८३	६१-६२
व्यवहार नयसे आत्माके कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभावका वर्णन	८४	६२
व्यवहार नयका मत दोषयुक्त क्यों है?	८५	६२
दो क्रियाओंका अनुभव करनेवाला जीव मिथ्यादृष्टि क्यों है? इसका उत्तर	८६	६२
मिथ्यात्व आदिका जीव-अजीवके भेदसे दो भेद हैं	८७	६३
मिथ्यात्वादिक अजीव और जीवका पृथक् पृथक् वर्णन	८८	६३
मिथ्यात्व आदि भाव चैतन्यपरिणामके विकार क्यों हैं? इसका उत्तर	८९-९०	६३-६४
जब आत्मा मिथ्यात्वादि तीन विकाररूप परिणमन करता है तब पुद्गल स्वयं कर्मरूप परिणत हो जाता है	९१	६४
अज्ञान ही कर्मोंका करनेवाला है	९२	६४
ज्ञानसे कर्म उत्पन्न नहीं होते	९३	६४
अज्ञानसे कर्म क्यों उत्पन्न होते हैं?		

	गाथा	पृष्ठ
इसका उत्तर	९४-९६	६४-६५
ज्ञानसे जीवका कर्तापन नष्ट होता है	९७	६५
व्यवहारी लोगोंके कथनका निरूपण	९८-९९	६५
निमित्तनैमित्तिक भावसे भी आत्मा घटादि परद्रव्योंका कर्ता नहीं है	१००	६६
ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है	१०१	६६
अज्ञानी भी परभावका कर्ता नहीं है	१०२	६६
परभाव किसीके द्वारा नहीं किया जा सकता	१०३	६६
आत्मा पुद्गल कर्मोंका अकर्ता है	१०४	६६
आत्मा द्रव्यकर्म करता है यह उपचार कथन है	१०५-१०८	६७
यदि पुद्गलकर्मको जीव करता है तो दूसरा कौन करता है?	१०९-११२	६८
जीव और प्रत्ययोंमें एकपना नहीं है	११३-११५	६८
सांख्यमतानुयायी शिष्यके प्रति पुद्गल द्रव्यका परिणाम स्वभाव किस प्रकार सिद्ध होता है?	११६-१२०	६९
सांख्य मतानुयायी शिष्यके प्रति जीवका परिणामीपना किस प्रकार सिद्ध होता है?	१२१-१२५	६९-७०
आत्मा जिस समय जो भाव करता है उस समय वह उसका कर्ता होता है	१२६	७०
अज्ञानमय भावसे क्या होता है और ज्ञानमय भावसे क्या होता है?	१२७	७१
ज्ञानी जीवके ज्ञानमय भाव होता है और अज्ञानी जीवके अज्ञानमय भाव,इसका कारण क्या है?	१२८-१३६	७१-७२
जीवका परिणाम पुद्गलद्रव्यसे जुदा है	१३७-१३८	७२
पुद्गल द्रव्यका कार्यरूप परिणमन जीवसे जुदा है	१३९-१४०	७३
कर्म आत्मामें बद्धस्पृष्ट है या अबद्धस्पृष्ट?		
इसका नयविवक्षासे उत्तर	१४१	७३
समयसार नयपक्षोंसे परे है	१४२	७३
पक्षातिक्रांतका स्वरूप	१४३	७३
पक्षातिक्रांत ही समयसार है	१४४	७३
पुण्यपापाधिकार		
शुभाशुभ कर्मोंका स्वभाव	१४५	७५
शुभाशुभ कर्मबंधके कारण हैं	१४६-१४९	७५
राग बंधका कारण है	१५०	७६
ज्ञानही मोक्षका हेतु है	१५१	७६
परमार्थमें स्थित न रहनेवाले पुरुषोंका तपश्चरण बालतप है	१५२	७६
ज्ञान मोक्षका और अज्ञान बंधका कारण है	१५३	७६
परमार्थसे बाह्य पुरुष अज्ञानसेपुण्यकी इच्छा करते हैं	१५४	७६
परमार्थभूत मोक्षका कारण	१५५	७७
व्यवहारमार्गसे कर्मोंका क्षय नहीं होता	१५६	७७
कर्म, मोक्षके कारणभूत सम्यग्दर्शनादि गुणोंका आच्छादन करते हैं इसका दृष्टांत द्वारा समर्थन	१५७-१५८	७७-७८
आस्रवाधिकार		
आस्रवका स्वरूप	१६४-१६५	७८
ज्ञानी जीवके आस्रवोंका अभाव होता है	१६६	७९
राग, द्वेष, मोह ही आस्रव हैं	१६७	७९
रागिदिरहित शुद्ध भाव असंभव नहीं हैं	१६८	७९
ज्ञानी जीवके द्रव्यास्रवका अभाव है	१६९	७९
ज्ञानी जीव निरास्रव क्यों है?	१७०	८०
ज्ञानगुणका जघन्य परिणाम बंधका कारण कैसे है? इसका उत्तर	१७१-१७२	८०
द्रव्यप्रत्ययके रहते हुए भी ज्ञानी निरास्रव किस प्रकार है? इसका उत्तर	१७३-१८०	८१-८२
संवराधिकार		
संवरका श्रेष्ठ उपाय भेद विज्ञानहै	१८१-१८३	८२
भेदविज्ञानसे शुद्धात्माकी उपलब्धि किस प्रकार होती है? इसका उत्तर	१८४-१८५	८२-८३

	गाथा	पृष्ठ
शुद्धात्माकी उपलब्धिसे ही संवर क्यों होता है? इसका उत्तर	१८६	८३
संवर किस प्रकार होता है? इसका उत्तर	१८७-१८९	८३
संवर किस क्रमसे होता है?	१९०-१९२	८४

निर्जराधिकार

निर्जराका स्वरूप	१९३	८५
भावनिर्जराका स्वरूप	१९४	८५
ज्ञानकी सामर्थ्य	१९५	८५
वैराग्यकी सामर्थ्य	१९६-१९७	८५
सम्यग्दृष्टि जीव सामान्य रूपसे निज और परको इस प्रकार जानता है	१९८	८६
सम्यग्दृष्टि जीव विशेष रूपसे निज और परको इस प्रकार जानता है	१९९-२००	८६
समदृष्टि रागी क्यों नहीं होता है? इसका उत्तर	२०१-२०३	८६-८७
ज्ञानमें भेद क्षयोपशमनिमित्तक है	२०४	८७
यदि कर्मोंसे छुटकारा चाहता है तो ज्ञानको ग्रहण कर	२०५-२०६	८७
ज्ञानी परद्रव्यको ग्रहण क्यों नहीं करता? इसका उत्तर	२०७ -२०८	८८
शरीरादि परद्रव्य मेरा परिग्रह किसी भी प्रकार नहीं है	२०९-२१५	८८-८९
ज्ञानी जीव अनागत भोगोंकी आकांक्षा क्यों नहीं करता?	२१६	८९
ज्ञानी जीव सभी उपभोगोंसे विरक्त रहता है	२१७	९०
ज्ञानी कर्मबंधसे रहित होता है	२१८-२२३	९०-९१
सराग परिणामोंसे बंध और वीतराग परिणामोंसे मोक्ष होता है	२२४-२२७	९१
सम्यग्दृष्टि जीव निःशंक तथा निर्भय रहता है	२२८	९२
निःशंकित अंगका स्वरूप	२२९	९२
निःकांक्षित अंगका स्वरूप	२३०	९२
निर्विचिकित्सित अंगका स्वरूप	२३१	९२
अमूढदृष्टि अंगका स्वरूप	२३२	९३
उपगूहन अंगका स्वरूप	२३३	९३
स्थितिकरण अंगका स्वरूप	२३४	९३
वात्सल्य अंगका स्वरूप	२३५	९३
प्रभावना अंगका स्वरूप	२३६	९३

बंधाधिकार

बंधका कारण रागादि भाव हैं	२३७-२४१	९४
उपयोगमें रागादिभाव न होनेसे सम्यग्दृष्टिके कर्मबंध नहीं होता इसका दृष्टांत द्वारा स्पष्टीकरण	२४२-२४६	९४-९५
अज्ञानी और ज्ञानी जीवकी विचारधारा	२४७	९५
'मैं दूसरेकी हिंसा करता हूँ' इत्यादि विचार अज्ञान क्यों हैं?	२४८-२५९	९५-९७
मिथ्याध्यवसाय बंधका कारण है	२६०-०६१	९७
हिंसाका अध्यवसाय ही हिंसा है	२६२	९८
असत्य वचन आदिका अध्यवसाय भी बंधका कारण है	२६३-२६४	९८
बाह्य वस्तु बंधका कारण नहीं है	२६५	९८
अध्यवसायके अनुसार कार्यकी परिणति नहीं होती	२६६-२६७	९८-९९
रागादिके अध्यवसायसे मोहितहुआ जीव समस्त परद्रव्योंको अपना समझता है	२६८-२६९	९९
अध्यवसानसे रहित मुनि कर्मबंधसे लिप्त नहीं है	२७०	१००
अध्यवसानकी नामावली	२७१	१००
व्यवहार नय निश्चय नयके द्वारा प्रतिषिद्ध है	२७२	१००
अभव्यके द्वारा व्यवहार नयका आश्रय क्यों किया जाता है?	२७३	१००
अभव्य ग्यारह अंगोंका पाठी होकर भी अज्ञानी है	२७४-२७५	१०१-१०२
व्यवहार और निश्चयका स्वरूप तथा प्रतिषेध्य-प्रतिषेधकपना	२७६-२७७	१०१
रागादि होनेका कारण क्या है?	२७८-२७९	१०१

	गाथा	पृष्ठ
ज्ञानी रागादिका कर्ता क्यों नहीं है?	२८०	१०२
अज्ञानी रागादिका कर्ता है	२८१-२८२	१०२
ज्ञानीको रागादिका अकर्ता क्यों कहते हैं? इसका उत्तर	२८३-२८५	१०२-१०३
द्रव्य और भावमें निमित्त नैमित्तिकपनका दृष्टांत द्वारा समर्थन	२८६-२८७	१०३

मोक्षाधिकार

बंधका स्वरूप और कारण जानने मात्रसे मोक्ष नहीं होता	२८८-२९०	१०४
बंधकी चिंता करनेपर भी बंध नहीं कटता	२९१-२९२	१०४
बंधकसे विरक्त रहनेवाला भी कर्ममोक्ष करता है	२९३	१०५
आत्मा और बंध पृथक् पृथक् किससे किये जाते हैं	२९४	१०५
आत्मा और बंधक पृथक् करनेका प्रयोजन	२९५	१०५
प्रज्ञाके द्वारा आत्माका ग्रहण किस प्रकार करना चाहिए?	२९६-३००	१०५-१०६
अपराध बंधका कारण है इसकी दृष्टांत द्वारा सिद्धि	३०१-३०३	१०६
अपराध क्या है?	३०४-३०५	१०७
विषकुंभ और अमृतकुंभ	३०६-३०७	१०८

सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार

आत्मा अकर्ता है इसका दृष्टांतपूर्वक कथन	३०८-३११	१०९
आत्माका ज्ञानावरणादिके साथ बंध होना अज्ञानका माहात्म्य है	३१२-३१३	१०९
आत्मा, अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि कब तक रहता है?	३१४-३१५	११०
अज्ञानी ही कर्मफलका वेदन करता है, ज्ञानी नहीं	३१६	११०
अज्ञानी ही भोक्ता है	३१७	११०
ज्ञानी अभोक्ता ही है	३१८-३२०	११८-१२०
आत्माको कर्ता माननेवाले अज्ञानी हैं	३२१-३२३	१११
	गाथा	पृष्ठ
निश्चय नयसे आत्माका पुद्गल कर्मके साथ कर्ताकर्म संबंध नहीं है	३२४-३२७	११२
जीवके मिथ्यात्व भावका कर्ता कौन है? यह युक्तिसे सिद्ध है	३२८-३३१	११३
इसीका विस्तारसे स्पष्टीकरण	३३२-३४४	११३-११४
क्षणिकवादका निषेध	३४५-३४८	११५
क्षणिकवादका दृष्टांतद्वारा निषेध	३४९-३५५	११६
निश्चय और व्यवहारके कथनका दृष्टांत द्वारा स्पष्टीकरण	३५६-३६५	११७
अज्ञानसे आत्मा अपना ही घात करता है	३६६-३७१	११८
सभी द्रव्य स्वभावसे उपजते हैं	३७२	११९
आत्मा स्वयं ही अज्ञानी और मोही होकर शब्दादिको ग्रहण करता है	३७३-३८२	११९-१२०
प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, आलोचना और चारित्रका स्वरूप	३८३-३८६	१२०-१२१
कर्मफलको जाननेवाला जीव अष्टविध कर्मोंको बाँधता है	३८७-३८९	१२१
ज्ञान, ज्ञेयसे पृथक् है	३९०-४०७	१२२-१२४
लिंग मोक्षका मार्ग नहीं है	४०८-४११	१२४
मोक्षमार्गमें रत रहनेका उपदेश	४११	१२४
बाह्य लिंगोंमें ममता रखनेवाले जीव समयसारको नहीं जानते हैं	४१३	१२५
व्यवहारनय, मुनि और श्रावकके लिंग-वेषको मोक्षमार्ग मानता है, परंतु निश्चयनय नहीं।	४१४	१२५
समयसारके पढ़नेका फल	४१५	१२५

प्रवचनसार

	गाथा	पृष्ठ
मंगलाचरण और गंथका उद्देश्य	१-५	१२९
वीतरागऔर सराग चारित्रका फल	६	१२९
चारित्रका स्वरूप	७	१३०
चारित्र और आत्माकी एकता	८	१३०
जीवकी शुभ, अशुभ और शुद्ध दशाका वर्णन	९	१३०
परिणाम, वस्तुका स्वभाव है	१०	१३०
शुभ और शुद्ध परिणामका फल	११	१३१
अशुभ परिणामका फल अत्यंत हेय है	१२	१३१
शुद्धोपयोगका फल और उसकी प्रशंसा	१३	१३१
शुद्धोपयोगरूप परिणत आत्माका स्वरूप	१४	१३१
शुद्धोपयोगपूर्वक ही शुद्ध आत्मका लाभ होता है	१५	१३१
शुद्धात्मरूप जीव सर्वथा स्वाधीन है	१६	१३२
शुद्धात्मस्वरूपकी नित्यता तथा कथंचित् उत्पादादिका वर्णन	१७	१३२
उत्पादादि तीनों शुद्ध आत्मामें भी होते हैं	१८	१३२
इंद्रियोंके बिना ज्ञान और आनंद कैसे होता है इसका उत्तर	१९	१३२
अतींद्रिय होनेसे शुद्धात्माके शारीरिक सुखदुःख नहीं होते	२०	१३३
केवली भगवान्को अतींद्रिय ज्ञानसे सब वस्तुका प्रत्यक्ष ज्ञान होता है	२१	१३३
केवलीके कुछ भी परोक्ष नहीं है	२२	१३३
आत्मा ज्ञानप्रमाण तथा ज्ञान सर्वव्यापक है	२३	१३४
आत्माको ज्ञानप्रमाण न मानने पर दोष	२४-२५	१३४
ज्ञानकी भाँति आत्मा भी सर्व व्यापक है	२६	१३४
आत्मा और ज्ञानमें एकता तथा अन्यताका विचार	२७	१३४
निश्चयनयसे ज्ञान, न ज्ञेयमें जाता है और न ज्ञेय ज्ञानमें आता है	२८	१३४
व्यवहारसे ज्ञेय ज्ञानमें प्रविष्ट जान पड़ते हैं	२९-३१	१३५-१३६
ज्ञान और पदार्थमें ग्राहकग्राह्य संबंध होनेपर भी दोनों निश्चय नयसे पृथक् हैं	३२	१३६
केवलज्ञानी और श्रुतकेवलीमें समानता	३३-३४	१३६-१३७
आत्मा और ज्ञानमें कर्ता और करणका भेद नहीं है	३५	१३७
ज्ञान क्या है? ज्ञेय क्या है? इसका विवेक	३६	१३७
अतीत-अनागत पर्यायें ज्ञानमें वर्तमान की तरह प्रतिभासित होती हैं	३७	१३८
अविद्यमान पर्यायें भी किसीकी अपेक्षा विद्यमान हैं	३८	१३८
असद्भूत पर्यायें ज्ञानमें प्रत्यक्ष होती हैं इसका पुष्टीकरण	३९	१३८
इंद्रियजन्य ज्ञान अतीत अनागत पर्यायोंको जाननेमें असमर्थ है	४०	१३८
अतींद्रिय ज्ञान सब कुछ जानता है	४१	१३९
अतींद्रिय ज्ञानमें पदार्थाकार परिणमनरू क्रिया नहीं होती	४२	१३९
ज्ञान बंधका कारण नहीं है किंतु		

	गाथा	पृष्ठ
आत्माकी रागद्वेषरूप परिणति ही बंधका कारण है	४३	१३९
रागादिकका अभाव होनेसे केवलीकी धर्मोपदेश आदि क्रियाएँ वंधका कारण नहीं हैं	४४	१३९
अरहंत भगवान्‌के पुण्यकर्मका उदय बंधका कारण नहीं है	४५	१४०
केवलियोंकी तरह सभी जीवोंके स्वभावका घात नहीं होता	४६	१४०
अतींद्रिय ज्ञान सबको जानता है	४७	१४०
जो सबको नहीं जानता वह एकको भी नहीं जानता	४८	१४१
जो एकको नहीं जानता वह सबको नहीं जानता	४९	१४१
क्रमपूर्वक जाननेसे ज्ञानमें सर्व-गतपना सिद्ध नहीं होता	५०	१४१
युगपत् जाननेवाले ज्ञानमें ही सर्वगतपना होता है	५१	१४२
केवलीके ज्ञानक्रिया होनेपर भी बंध नहीं होता	५२	१४२
अमूर्तिक और मूर्तिक ज्ञान तथा सुखकी हेयोपादेयता	५३	१४२
अतींद्रिय सुखका कारण अतींद्रिय ज्ञान उपादेय है	५४	१४३
इंद्रियसुखका कारण इंद्रियज्ञान हेय है	५५	१४३
इंद्रियोंकी अपने विषयमें भी एक साथ प्रवृत्ति होना संभव नहीं है	५६	१४३
इंद्रियज्ञान प्रत्यक्ष नहीं है	५७	१४४
परोक्ष और प्रत्यक्ष ज्ञानका लक्षण	५८	१४४
अतींद्रिय प्रत्यक्ष ज्ञान ही निश्चय सुख है	५९	१४४
अनंत पदार्थोंका जानना केवल-ज्ञानीको खेदका कारण नहीं है	६०	१४४
केवलज्ञान सुखरूप है	६१	१४४
केवलज्ञानियोंके ही परमार्थिक सुख है	६२	१४५
परोक्षज्ञानियोंका इंद्रियजन्य सुख अपारमार्थिक है	६३	१४५
इंद्रियाँ स्वभावसेही दुःखरूप हैं	६४	१४५
शरीर सुखका साधन नहीं है	६५-६७	१४५-१४६
ज्ञान और सुख आत्माका स्वभाव है	६८	१४६
शुभोपयोगीका लक्षण	६९	१४७
जिस प्रकार धनका चाहनेवाला कोई पुरुष पहले राजाको जानकर उसका श्रद्धान करता है और उसके बाद प्रयत्नपूर्वक उसीकी सेवा करता है। इसी प्रकार मोक्षको चाहनेवाले पुरुषके द्वारा जीवरूपी राजा जाननेयोग्य है, श्रद्धान करनेयोग्य है और फिर सेवा करनेयोग्य है।

भावार्थ -- जिस प्रकार राजाके ज्ञान, श्रद्धान और अनुचरण -- सेवाके बिना धन सुलभ नहीं है उसी प्रकार आत्माके ज्ञान, श्रद्धान और अनुचरणके बिना मोक्ष सुलभ नहीं है।।१७-१८।।

यह आत्मा कितने समय तक अप्रतिबुद्ध -- अज्ञानी रहता है? इस प्रश्नका उत्तर देते हैं --

कम्मे णोकम्मम्हि य, अहमिदि अहकं च कम्म णोकम्मं।
जा एसा खलु बुद्धी, अप्पडिबुद्धो हवदि ताव[२]।।१९।।

जब तक इस जीवके कर्म और नोकर्ममें 'मैं कर्म नोकर्मरूप हूँ और ये कर्म नोकर्म मेरे हैं' निश्चयसे ऐसी बुद्धि रहती है तब तक वह अप्रतिबुद्ध -- अज्ञानी रहता है।।१९।।

---

१. तिण्णवि ज. वृ. । २. उन्नीसवीं गाथाके आगे ज. वृ. में निम्न गाथाएँ अधिक व्याख्यात हैं

जीवेव अजीवे वा संपदि समयम्हि जत्थ उवजुत्तो।
तत्थेव बंधमोक्खो होदि समासेण णिद्दिट्ठो।।
जं कुणदि भावमादा कत्ता सो होदि तस्स भावस्स।
णिच्छयदो ववहारा पोग्गलकम्माण कत्तारं।।

आगे अप्रतिबुद्ध और प्रतिबुद्ध जीवका लक्षण कहते हैं --

अहमेदं एदमहं, अहमेदस्सेव होमि मम एदं।
अण्णं जं परदव्वं, सचित्ताचित्तमिस्सं वा।।२०।।
आसि मम पुव्वमेदं, अहमेदं चावि पुव्वकालम्हि।
होदिदि पुणोवि मज्झं, अहमेदं चावि होस्सामि।।२१।।
एयत्तु असंभूदं, आदवियप्पं करेदि संमूढो।
भूदत्थं जाणंतो, ण करेदि दु तं असंमूढो।।२२।।

'चेतन, अचेतन अथवा मिश्ररूप जो कुछ भी परपदार्थ हैं मैं उन रूप हूँ, वे मुझ रूप हैं, मैं उनका हूँ, वे मेरे हैं, पूर्व समयमें वे मेरे थे, मैं उनका था, भविष्यत्में वे फिर मेरे होंगे और मैं उनका होऊँगा' जो पुरुष इस प्रकार मिथ्या आत्मविकल्प करता है वह मूढ है -- अप्रतिबुद्ध है -- अज्ञानी है और जो परमार्थ वस्तु स्वरूपको जानता हुआ उस मिथ्या आत्मविकल्पको नहीं करता है वह अमूढ़ है -- प्रतिबुद्ध है -- ज्ञानी है।

भावार्थ -- जो आत्माको अन्यरूप अथवा अन्यका स्वामी मानता है वह अज्ञानी है और जो आत्माको आत्मरूप तथा परको पररूप जानता है वह ज्ञानी है।।२०-२२।।

आगे अप्रतिबुद्धको समझानेके लिए उपाय कहते हैं --

अण्णाणमोहिदमदी, मज्झमिणं भणदि पुग्गलं दव्वं।
बद्धमबद्धं च तहा, जीवो[१] [२]बहुभावसंजुत्तो।।२३।।
सव्वण्हुणाणदिट्ठो, जीवो उवओगलक्खणो णिच्चं।
किह सो पुग्गलदव्वीभूदो जं भणसि मज्झमिणं।।२४।।
जदि सो पुग्गलदव्वीभूदो जीवत्तमागदं इदरं।
तो [३]सक्को [४]वत्तुं जे, मज्झमिणं पुग्गलं दव्वं।।२५।।

जिसकी बुद्धि अज्ञानसे मोहित हो रही है ऐसा पुरुष कहता है कि यह शरीरादि बद्ध तथा धनधान्यादि अबद्ध पुद्गल द्रव्य मेरा है और यह जीव अनेक भावोंसे संयुक्त है। इसके उत्तरमें आचार्य कहते हैं कि सर्वज्ञके ज्ञानके द्वारा देखा हुआ तथा निरंतर उपयोगलक्षणवाला जीव पुद्गलद्रव्यरूप किस प्रकार हो सकता है? जिससे कि तू कहता है कि यह पुद्गल द्रव्य मेरा है। यदि जीव पुद्गलद्रव्यरूप होता है तो पुद्गल भी जीवपनेको प्राप्त हो जावेगा और तभी यह कहा जा सकेगा कि यह पुद्गलद्रव्य मेरा है। पर ऐसा

---

१. जीवे ज. वृ. । २. बहुभावसंजुत्ते ज. वृ. । ३. सक्का। ४. वुत्तुं ज. वृ. ।

है नहीं।।२३-२५।।

आगे अज्ञानी जीव कहता है --

जदि जीवो ण सरीरं, तित्थयरायरियसंथुदी चेव।
सव्वा वि हवदि मिच्छा, तेण दु आदा हवदि देहो।।२६।।

यदि जीव शरीर नहीं है तो तीर्थंकर तथा आचार्योंकी जो स्तुति है वह सभी मिथ्या होती है। इसलिए हम समझते हैं कि आत्मा शरीर ही है।।२६।।

आगे आचार्य समझाते हैं --

ववहारणयो भासदि, जीवो देहो य हवदि खलु इक्को।
ण दु णिच्छयस्स जीवो, देहो य कदावि एकट्ठो।।२७।।

व्यवहार नय कहता है कि जीव और शरीर एक हैं परंतु निश्चय नयका कहना है कि जीव और शरीर एक पदार्थ कभी नहीं हो सकते।।२७।।

आगे व्यवहार नयसे शरीरका स्तवन और शरीरके स्तघनसे आत्माका स्तवन होता है यह कहते हैं --

इणमण्णं जीवादो, देहं पुग्गलमयं थुणित्तु मुणी।
मण्णदि हु संथुदो, वंदिदो मए केवली भयवं।।२८।।

जीवसे भिन्न पुद्गलमय शरीरकी स्तुति कर मुनि यथार्थमें ऐसा मानता है कि मैंने केवली भगवानकी स्तुति की और वंदना की।।२८।।

आगे शरीरके स्तवनसे आत्माका स्तवन मानना निश्चयकी दृष्टिमें ठीक नहीं है --

तं णिच्छये ण जुज्जदि, ण सरीरगुणा हि होंति केवलिणो।
केवलिगुणे थुणदि जो, सो तच्चं केवलिं थुणदि।।२९।।

उक्त स्तवन निश्चयकी दृष्टिमें ठीक नहीं है, क्योंकि शरीरके गुण केवलीके गुण नहीं हैं। जो केवलीके गुणोंकी स्तुति करता है वही यथार्थमें केवलीकी स्तुति करता है।।२९।।

आगे प्रश्न है कि जब आत्मा शरीरका अधिष्ठाता है तब शरीरके स्तवनसे आत्माका स्तवन निश्चय नयकी दृष्टिमें ठीक क्यों नहीं है? इस प्रश्न के उत्तरमें कहते हैं कि --

णयरम्मि वण्णिदे जह, ण वि रण्णो वण्णणा कदा होदि।
देहगुणे थुव्वंते, ण केवलिगुणा थुदा होंति।।३०।।

जिसप्रकार नगरका वर्णन करनेपर राजाका वर्णन किया हुआ नहीं होता उसी प्रकार शरीरके गुणोंका स्तवन होनेपर केवलीके गुण स्तुत नहीं होते।।

जिस प्रकार नगर जुदा है, राजा जुदा है, उसी प्रकार शरीर जुदा है और उसमें रहनेवाला केवली जुदा है अतः शरीरके स्तवनसे केवलीका स्तवन निश्चय नय ठीक नहीं मानता है।।३०।।

आगे निश्चय नयसे स्तुति किस प्रकार होती है यह कहते हैं --

जो इंदिये जिणत्ता, णाणसहावाधिअं मुणदि आदं।
तं खलु जिदिंदियं ते, भणंति जे णिच्छिदा साहू।।३१।।

जो इंद्रियोंको जीतकर ज्ञानस्वभावसे अधिक आत्माको जानता है उसे नियमसे, जो निश्चय नयमें स्थित साधु हैं वे जितेंद्रिय कहते हैं।।३१।।

यही बात फिर कहते हैं --

जो मोहं तु जिणित्ता, णाणसहावाधियं मुणइ आदं।
तं जिदमोहं साहुं, परमट्ठवियाणया विंति।।३२।।

जो मोहको जीतकर ज्ञानस्वभावसे अधिक आत्माको जानता है उस साधुको परमार्थके जाननेवाले मुनि जितमोह कहते हैं।।३२।।

यही बात फिर कहते हैं --

जिदमोहस्स दु जइया, खीणो मोहो हविज्ज साहुस्स।
तइया हु खीणमोहो, भण्णदि सो णिच्छयविदूहिं।।३३।।

मोहको जीतनेवाले साधुका मोह जिस समय क्षीण हो जाता है -- नष्ट हो जाता है उस समय निश्चयके जाननेवाले मुनियोंके द्वारा वह क्षीणमोह कहा जाता है।।३३।।

आगे ज्ञान ही प्रत्याख्यान है यह कहते हैं --

सव्वे भावा जम्हा, पच्चक्खाई परेत्ति [1]णादूणं।
तम्हा पच्चक्खाणं, णाणं णियमा मुणेयव्वं[2]।।३४।।

चूँकि ज्ञानी जीव अपने सिवाय समस्त भावोंको पर हैं ऐसा जानकर छोड़ता है इसलिए ज्ञानको ही नियमसे प्रत्याख्यान जानना चाहिए।।३४।।

आगे इस विषय को दृष्टांतद्वारा स्पष्ट करते हैं --

जह णाम कोवि पुरिसो, परदव्वमिणंति जाणिदुं चयदि।
तह सव्वे परभावे, णाऊण विमुंचदे णाणी।।३५।।

जिस प्रकार कोई पुरुष 'यह परद्रव्य है' ऐसा जानकर उसे छोड़ देता है उसी प्रकार ज्ञानी जीव समस्त परभावोंको ये पर हैं ऐसा जानकर छोड़ देता है।।३५।।

१. णादूण ज. वृ. । २. मुणेदव्वं ज. वृ. ।

आगे परपदार्थोंसे भिन्नपना किस प्रकार प्राप्त होता है यह कहते हैं --

णत्थि मम को वि मोहो, बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को।
तं मोहणिम्ममत्तं, समयस्स वियाणया विंति।।३६।।

जो ऐसा जाना जाता है कि 'मोह मेरा कोई भी नहीं है, मैं तो एक उपयोगरूप ही हूँ' उसे आगमके जाननेवाले मोहसे निर्ममत्वपना कहते हैं।।३६।।

आगे इसी बातको फिरसे कहते हैं --

णत्थि मम धम्मआदी, बुज्झदि उवओग एव अहमिक्को।
तं धम्मणिम्ममत्तं, समयस्स वियाणया विंति।।३७।।

जो ऐसा जाना जाता है कि धर्म आदि द्रव्य मेरे नहीं हैं, मैं तो एक उपयोगरूप हूँ उसे आगमके जाननेवाले धर्मादि द्रव्योंसे निर्ममत्वपना कहते हैं।।३७।।

आगे रत्नत्रयरूप परिणत आत्माका चिंतन किस प्रकार होता है यह कहते हैं --

अहमिक्को खलु सुद्धो, दंसणणाणमइयो सदाऽरूवी।
णवि अत्थि मज्झ किंचिवि, अण्णं परमाणुमित्तं पि।।३८।।

निश्चयसे मैं एक हूँ, शुद्ध हूँ, दर्शनज्ञानमय हूँ, सदा अरूपी हूँ, परमाणुमात्र भी अन्य द्रव्य मेरा कुछ नहीं है।।३८।।

इस प्रकार जीवाजीवाधिकारमें पूर्वरंग समाप्त हुआ।

***

आगे मिथ्यादृष्टि दुर्बुद्धि जीव आत्माको नहीं जानते यह कहते हैं --

अप्पाणमयाणंता, मूढा दु परप्पवादिणो केई।
जीवं अज्झवसाणं, कम्मं च तहा परूविंति।।३९।।
अवरे अज्झवसाणेसु, तिव्वमंदाणुभावगं जीवं।
मण्णंति तहा अवरे, णोकम्मं चावि जीवोत्ति।।४०।।
कम्मस्सुदयं जीवं, अवरे कम्माणुभायमिच्छंति।
तिव्वत्तणमंदत्तण,गुणेहिं जो सो हवदि जीवो।।४१।।
जीवो कम्मं उहयं, दोण्णि वि खलु केवि जीवमिच्छंति।
अवरे संजोगेण दु, कम्माणं जीवमिच्छंति।।४२।।

एवंविहा बहुविहा, परमप्पाणं वदंति दुम्मेहा।
ते ण परमट्ठवाइहि, णिच्छयवाईहिं णिद्दिट्ठा।।४३।।

आत्माको न जाननेवाले और परको आत्मा कहनेवाले कितने ही पुरुष अध्यवसानको तथा कर्मको जीव कहते हैं। अन्य कितने ही पुरुष अध्यवसान भावोंमें तीव्र अथवा मंद अनुभागगतको जीव कहते हैं। अन्य लोग नोकर्मको जीव मानते हैं। कोई कर्मके उदयको जीव मानते हैं। कोई ऐसी इच्छा करते हैं कि कर्मोंका जो अनुभाग तीव्र अथवा मंद भावसे युक्त है वह जीव है। कोई जीव तथा कर्म दोनों मिले हुएको ही जीव मानते है। और अन्य कोई कर्मोंके संयोगसे ही जीव इष्ट करते हैं -- मानते हैं। इस प्रकार बहुतसे दुर्बुद्धि जन परको आत्मा कहते हैं परंतु वे निश्चयवादियोंके द्वारा परमार्थवादी नहीं कहे गये हैं।।३९-४३।।

ऐसा कहनेवाले सत्यार्थवादी क्यों नहीं हैं? इसका उत्तर कहते हैं --

एए सव्वे भावा, पुग्गलदव्वपरिणामणिप्पण्णा।
केवलिजिणेहिं भणिया, कह ते जीवो त्ति [१]वच्चंति।।४४।।

ये सभी भाव पुद्गल द्रव्यके परिणमनसे उत्पन्न हुए हैं ऐसा केवली जिनेंद्र भगवानके द्वारा कहा गया है। फिर वे जीव हैं यह किस प्रकार कहा जा सकता है?।।४४।।

जबकि रागादि भाव चैतन्यसे संबंध रखते हैं तब उन्हें पुद्गलके किस प्रकार कहा जाता है? इसका उत्तर कहते हैं --

अट्ठविहं पि य कम्मं, सव्वं पुग्गलमयं जिणा विंति।
जस्स फलं तं [२]वुच्चइ, दुक्खं ति विपच्चमाणस्स।।४५।।

पककर उदयमें आनेवाले जिस कर्मका प्रसिद्ध फल दुःख कहा जाता है वह आठों प्रकारका कर्म सब पुद्गलमय है ऐसा जिनेंद्रदेव कहते हैं।

भावार्थ -- यह आत्मा कर्मका उदय होनेपर दुःखरूप परिणमता है और जो दुःखरूप भाव है वह अध्यवसान है। इसलिए दुःखरूप भावमें चेतनपनेका भ्रम उपजता है। वास्तवमें दुःखरूप भाव चेतन नहीं है, कर्मजन्य है अतः जड़ ही है।।४५।।

आगे शिष्य प्रश्न करता है कि यदि अध्यवसानादि भाव पुद्गलस्वभाव हैं तो उन्हें दूसरे ग्रंथोंमें जीवरूप क्यों कहा गया है? इसका उत्तर कहते हैं --

ववहारस्स दरीसण,मुवएसो वण्णिदो जिणवरेहिं।
जीवा एदे सव्वे, अज्झवसाणादओ भावा।।४६।।

१. उच्चंति ज. वृ. । २. वुच्चदि ज. वृ. ।

ये सब अध्यवसानादिक भाव जीव हैं ऐसा जिनेंद्रदेवने वर्णन किया है वह व्यवहार नयका मत है।।४६।।

आगे यह व्यवहार किस दृष्टांतमें प्रवृत्त हुआ यह कहते हैं --

राया हु णिग्गदो त्तिय, एसो बलसमुदयस्स आदेसो।
ववहारेण दु उच्चदि, तत्थेको णिग्गदो राया।।४७।।
एमेव य ववहारो, अज्झवसाणादिअण्णभावाणं।
जीवोत्ति कदो सुत्ते, तत्थेको णिच्छिदो जीवो।।४८।।

जैसे कोई राजा सेनासहित निकला। यहाँ सेनाके समूहको यह कहना कि 'यह राजा निकला है' व्यवहार नयसे कहा जाता है। यथार्थमें उनमें राजा तो एक ही निकला है। इसी प्रकार अध्यवसानादि भावोंको 'यह जीव है' ऐसा जो आगममें कहा गया है वह व्यवहार नयसे कहा गया है, निश्चयसे तो उनमें जीव एक ही है।।४७-४८।।

तो फिर जीवका वास्तविक स्वरूप क्या है? इसका उत्तर कहते हैं --

अरसमरूवमगंधं, अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं।
जाण अलिंगग्गहणं, जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं।।४९।।

जो रसरहित है, रूपरहित है, गंधरहित है, अव्यक्त है, चेतनागुणसे सहित है, शब्दरहित है, जिसका किसी चिह्न अथवा इंद्रियद्वारा ग्रहण नहीं होता और जिसका आकार कहनेमें नहीं आता उसे जीव जीव जानो।।४९।।

आगे जीवके रसादि नहीं हैं यह कहते हैं --

जीवस्स णत्थि वण्णो, णवि गंधो णवि रसो णवि य फासो।
णवि रूवं ण सरीरं, ण वि संठाणं ण संहणणं।।५०।।
जीवस्स णत्थि रागो, णवि दोसो णेव विज्जदे मोहो।
णो पच्चया ण कम्मं, णोकम्मं चावि से णत्थि।।५१।।
जीवस्स णत्थि वग्गो, ण वग्गणा णेव फड्डया केई।
णो अज्झप्पट्ठाणा, णेव य अणुभायठाणाणि।।५२।।
जीवस्स णत्थि केई, जोयट्ठाणा य बंधठाणा वा।
णेव य उदयट्ठाणा, ण मग्गणट्ठाणया केई।।५३।।
णो ठिदिबंधट्ठाणा, जीवस्स ण संकिलेसठाणा वा।
णेव विसोहिट्ठाणा, णो संजमलद्धिठाणा वा।।५४।।

णेव य जीवट्ठाणा, ण गुणट्ठाणा य अत्थि जीवस्स।
जेण दु एदे सव्वे, पुग्गलदव्वस्स परिणामा।।५५।।

जीवके न वर्ण है, न गंध, न रस है न स्पर्श है, न [१]रूप है न शरीर है, न संस्थान है, न संहनन है, न राग है, न द्वेष है, न मोह है, न [२]प्रत्यय है, न कर्म है, न वर्ग है, न वर्गणा है, न कोई स्पर्धक है, न अध्यवसाय स्थान है, न अनुभाग स्थान है, न कोई योगस्थान है, न बंधस्थान है, न उदयस्थान है, न मार्गणास्थान है, न स्थितिबंधस्थान है, न संक्लेशस्थान है, न संयमलब्धिस्थान है, न जीवसमास है और न गुणस्थान है। क्योंकि ये सब पुद्गल द्रव्यके परिणाम हैं।।५०-५५।।

आगे शिष्य प्रश्न करता है कि यदि ये वर्णादि भाव जीवके नहीं हैं तो अन्य ग्रंथोंमें उन्हें जीवका क्यों कहा है? इसका समाधान करते हैं --

ववहारेण दु एदे, जीवस्स हवंति वण्णमादीया।
गुणठाणंताभावा, ण दु केई णिच्छयणयस्स।।५६।।

ये वर्णको आदि लेकर गुणस्थानपर्यंत भाव व्यवहारनयसे जीवके होते हैं, परंतु निश्चयनयसे कोई भी भाव जीवके नहीं हैं।।५६।।

आगे निश्चयनयसे वर्णादि जीवके क्यों नहीं हैं? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

एएहि य संबंधो, जहेव खीरोदयं मुणेदव्वो।
ण य हुंति तस्स ताणि दु, उवओगगुणाधिगो जम्हा।।५७।।

इन वर्णादि भावोंके साथ जीवका संबंध दूध और पानीके समान जानना चाहिए अर्थात् जिस प्रकार दूध और पानी पृथक् पृथक् होनेपर भी एक क्षेत्रावगाह होनेसे एकरूप मालूम होते हैं उसी प्रकार जीव और वर्णादि भाव पृथक् पृथक् होनेपर भी एक क्षेत्रावगाह होनेसे एकरूप जान पड़ते हैं। वास्तवमें वे उसके नहीं हैं, क्योंकि जीव उपयोगगुणसे अधिक है अर्थात् वर्णादिकी अपेक्षा जीवके उपयोगगुण अधिक रहता है जो कि जीवको वर्णादिसे पृथक् सिद्ध करता है।।५७।।

आगे दृष्टांतके द्वारा व्यवहार और निश्चयनयका अविरोध प्रकट करते हैं --

पंथे मुस्संतं पस्सिदूण लोगा भणंति ववहारी।
मुस्सदि एसो पंथो, ण य पंथो मुस्सदे कोई।।५८।।
तहजीवे कम्माणं, णोकम्माणं च पस्सिदुं वण्णं।
जीवस्स एस वण्णो, जिणेहि ववहारदो उत्तो।।५९।।

१. यत्स्पर्शादिसामान्यपरिणाममात्रं रूपं तन्नास्ति जीवस्य -- अमृताख्याति।

२. मिथ्यात्वाविरतिकषाययोगलक्षणाः प्रत्ययाः।।

[१]गंधरसफासरूवा, देहो संठाणमाइया जे य।
सव्वे ववहारस्स य, णिच्छयदण्हू ववदिसंति।।६०।।

जैसे मार्गमें लुटते पुरुषको देखकर लोग कहने लगते हैं कि यह मार्ग लुटता है। यथार्थमें विचार किया जाय तो कोई मार्ग नहीं लुटता। उसमें जानेवाले पुरुष ही लुटते हैं। वैसे ही जीवमें कर्मों और नोकर्मोंका वर्ण देखकर 'जीवका यह वर्ण है' ऐसा व्यवहारनय से जिनदेवने कहा है। इसी प्रकार गंध, रस, स्पर्श, रूप, शरीर, संस्थान आदि जो कुछ हैं वे सब व्यवहार नयसे जीवके हैं ऐसा निश्चयके देखनेवाले कहते हैं।।५८-६०।।

आगे वर्णादिके साथ जीवका तादात्म्य क्यों नहीं है? इसका उत्तर कहते हैं --

तत्थभवे जीवाणं, संसारत्थाण होंति वण्णादी।
संसारपमुक्काणं, णत्थि हु[२] वण्णादओ केई।।६१।।

वर्णादिक संसारमें स्थित जीवोंके उस संसारी दशामें होते हैं। संसारके छूटे हुए जीवोंके निश्चयसे वर्णादिक कुछ भी नहीं हैं।।

भावार्थ -- यदि वर्णादिके साथ जीवका तादात्म्य संबंध रहता तो मुक्त अवस्थामें भी उसका सद्भाव पाया जाना चाहिए, परंतु पाया नहीं जाता। इससे सिद्ध है कि जीवके साथ वर्णादिका तादात्म्य संबंध नहीं है, किंतु संयोग संबंध है जो कि पृथक् सिद्ध दो वस्तुमें होता है।।६१।।

आगे वर्णादिके साथ जीवका तादात्म्य संबंध मानने में अन्य दोष प्रकट करते हैं --

जीवो चेव हि एदे, सव्वे भावात्ति मण्णसे जदि हि।
जीवस्साजीवस्स य, णत्थि विसेसो दु दे कोई।।६२।।

यदि तू ऐसा मानता है कि ये वर्णादिक भाव सभी जीव हैं तो तेरे मतमें जीव और अजीवका कुछ भेद नहीं रहेगा।।६२।।

आगे संसारअवस्थामें ही जीवका वर्णादिके साथ तादात्म्य है ऐसा अभिप्राय होनेपर भी यही दोष आता है यह कहते हैं --

जदि संसारत्थाणं, जीवाणं तुज्झ होंति वण्णादी।
तम्हा संसारत्था, जीवा रूवित्तमावण्णा।।६३।।
एवं पुग्गलदव्वं, जीवो तह लक्खणेण मूढमदी।
णिव्वाणमुवगदो वि य, जीवत्तं पुग्गलो पत्तो।।६४।।

---

१. एवं रसगंधफासा संठाणादीय जे समुद्दिट्ठा ज. वृ. । २. दु ज. वृ. ।

यदि संसारमें स्थित जीवोंके तेरे मतमें वर्णादिक तादात्म्यरूपसे होते हैं तो इस कारण संसारस्थित जीव रूपीपनेको प्राप्त हो गये और ऐसा होनेपर पुद्गल द्रव्य जीव सिद्ध हुआ। तथा हे दुर्बुद्धे! लक्षणकी समानतासे निर्वाणको प्राप्त हुआ पुद्गल ही जीवपनेको प्राप्त हो जावेगा।

भावार्थ -- जिसका ऐसा अभिप्राय है कि संसार अवस्थामें जीवका वर्णादिके साथ तादात्म्य संबंध है उसके मतमें जीव संसारी दशामें रूपी हो जावेंगे और चूँकि रूपीपना पुद्गल द्रव्यका असाधारण लक्षण है इसलिए पुद्गल द्रव्य जीवपनेको प्राप्त हो जायेगा। इतना ही नहीं, ऐसा होनेपर मोक्ष अवस्थामें भी पुद्गल द्रव्य ही स्वयं जीव हो जायेगा, क्योंकि द्रव्य सभी अवस्थाओं में अपने अविनश्वर स्वभावसे उपलक्षित रहता है। इस प्रकार पुद्गलसे भिन्न जीवद्रव्यका अभाव होनेसे जीवका अस्तित्व ही समाप्त हो जायेगा। अतः निश्चित हुआ कि वर्णादिक भाव पुद्गल द्रव्यके हैं। जीवका उनके साथ तादात्म्यसंबंध न मुक्त दशामें सिद्ध होता और न संसारी दशामें।।६३-६४।।

आगे इसी बातको स्पष्ट करते हैं --

एक्कं च दोण्णि तिण्णि य, चत्तारि य पंच इंदिया जीवा।
बादर पज्जत्तिदरा, पयडीओ णामकम्मस्स।।६५।।
एदेहिं य णिव्वत्ता, जीवट्ठाणाउ करणभूदाहिं।
पयडीहिं पुग्गलमइहिं, ताहिं कहं भण्णदे जीवो।।६६।।

एकेंद्रिय, द्वींद्रिय, त्रींद्रिय, चतुरिंद्रिय, पंचेंद्रिय जीव तथा बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त ये सभी नामकर्मकी प्रकृतियाँ हैं। करणस्वरूप इन प्रकृतियोंके द्वारा ही जीवसमास रचे गये हैं। अतः उन पुद्गलरूप प्रकृतियोंके द्वारा रचे हुएको जीव कैसे कहा जा सकता है? ।।६५-६६।।

आगे कहते हैं कि ज्ञानधन आत्माको छोड़कर अन्यको जीव कहना सो सब व्यवहार है --

पज्जत्तापज्जत्ता, जे सुहुमा बादरा य जे चेव।
देहस्स जीवसण्णा, सुत्ते ववहारदो उत्ता।।६७।।

जो पर्याप्त और अपर्याप्त तथा सूक्ष्म और बादर आदि जितनी शरीरकी जीव संज्ञाएँ हैं वे सभी आगममें व्यवहार नयसे कही गयी हैं।।६७।।

आगे यह भी निश्चित ही है कि रागादि भाव जीव नहीं हैं यह कहते हैं --

मोहण कम्मस्सुदया, दु वण्णिया[1] जे इमे गुणट्ठाणा।
ते कह हवंति जीवा, जे[2] णिच्चमचेदणा उत्ता।।६८।।

---

१. वण्णिदा ज. वृ. । २. ते ज. वृ. ।

जो ये गुणस्थान हैं वे मोहकर्मके उदयसे होते हैं इस प्रकार वर्णन किये गये हैं। जो निरंतर अचेतन कहे गये हैं वे जीव कैसे हो सकते हैं?।।६८।।

इस प्रकार जीवाजीवाधिकार पूर्ण हुआ।

***

कर्तृकर्माधिकारः

आगे कहते हैं कि जब तक यह जीव, आत्मा और आस्रवकी विशेषताको नहीं जानता है तब तक अज्ञानी हुआ आस्रवमें लीन रहता हुआ कर्मबंध करता है --

जाव ण वेदि विसेसंतरं तु आदाऽसवाण दोण्हं पि।
अण्णाणी तावदु सो, कोधादिसु वट्टदे जीवो।।६९।।
कोधादिसु वट्टंतस्स, तस्स कम्मस्स संचओ होदी।
जीवस्सेवं बंधो, भणिदो खलु सव्वदरसीहिं।।७०।।

यह जीव जबतक आत्मा और आस्रव इन दोनोंमें विशेष अंतर नहीं जानता है तब तक वह अज्ञानी हुआ क्रोधादि आस्रवोंमें प्रवृत्त रहता है और क्रोधादि आस्रवोंमें प्रवृत्त रहनेवाले जीवके कर्मोंका संचय होता है। इस प्रकार जीवके कर्मोंका बंध सर्वज्ञ जिनेंद्रदेवने निश्चयसे कहा है।।६९-७०।।

आगे, इस कर्ताकर्मकी प्रवृत्तिका अभाव कब होता है? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

जइया इमेण जीवेण, अप्पणो आसवाण य तहेव।
णादं होदि विसेसंतरं तु तइया ण बंधो से।।७१।।

जिस समय इस जीवको आत्मा तथा कर्मोंका विशेष अंतर ज्ञात हो जाता है उसी समय उसके बंध नहीं होता है।।७१।।

आगे पूछते हैं कि ज्ञानभावसे ही बंधका अभाव किस प्रकार हो जाता है? इसका उत्तर कहते हैं --

णादूण आसवाणं, असुचित्तं च विवरीयभावं च।
दुक्खस्स कारणं ति य, तदो णियत्तिं कुणदि जीवो।।७२।।

आस्रवोंका अशुचिपना और विपरीतपना तथा ये दुःखके कारण हैं ऐसा जानकर यह जीव उनसे निवृत्ति करता है।।७२।।

आगे यह जीव किस विविध विधिसे निवृत्त होता है यह कहते हैं --

अहमिक्को खलु सुद्धो, णिम्ममओ णाणदंसण-समग्गो।
तम्हि ठिओ[१] तच्चित्तो, सव्वे एए[२] खयं णेमि।।७३।।

ज्ञानी जीव ऐसा विचार करता है कि मैं निश्चयसे एक हूँ, शुद्ध हूँ, ममतारहित हूँ और ज्ञान-दर्शनसे परिपूर्ण हूँ। उसी ज्ञान-दर्शन स्वभावमें स्थिर होता हुआ तथा उसीमें चित्त लगाता हुआ मैं इन सब क्रोधादि आस्रवोंको क्षय प्राप्त करता हूँ अर्थात् इसका नाश करता हूँ।।७३।।

आगे भेदज्ञान और आस्रवकी निवृत्ति एक ही समय होती है यह कहते हैं --

जीवणिबद्धा एए, अधुव अणिच्चा तहा असरणा य।
दुक्खा दुक्खफला त्ति य, णादूण णिवत्तए[३] तेहिं।।७४।।

जीवके साथ बँधे हुए ये आस्रव अध्रुव हैं, अनित्य हैं, शरणरहित हैं, दुःख हैं और दुःखके फलस्वरूप हैं। ऐसा जानकर ज्ञानी जीव उनसे निवृत्ति करता है।।७४।।

आगे ज्ञानी आत्माकी पहचान बतलाते हैं --

कम्मस्स य परिणामं, णोकम्मस्स य तहेव परिणामं।
ण करेइ एयमादा, जो जाणदि सो हवदि णाणी।।७५।।[४]

जो आत्मा कर्मके परिणामको और नोकर्मके परिणामको नहीं करता है, केवल जानता है, वह ज्ञानी है।

मोह तथा रागद्वेष आदि अंतर्विकार कर्मके परिणाम हैं और स्पर्श, रस, गंध, वर्ण, शब्द, नोकर्मके परिणाम हैं। ज्ञानी जीव अपने आपको इनका करनेवाला कभी नहीं मानता, वह सिर्फ उदासीन भावसे इसको जानता मात्र है। ज्ञानी जीव कर्म तथा नोकर्मके परिणामको जानता ही है, उनमें राग द्वेष आदिकी कल्पना नहीं करता है। यही उसकी पहचान है।।७५।।

आगे पौद्गलिक कर्मको जाननेवाले जीवका पुद्गलके साथ कर्तृ कर्मभाव है कि नहीं? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

णवि परिणमइ ण गिण्हइ, उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाये।
णाणी जाणंतो वि हु, पुग्गलकम्मं अणेयविहं।।७६।।

---

१. किदो ज. वृ. । २. एदे ज. वृ. । ३. णिवदत्ते तेसु ज. वृ. ।

४. ७५ वीं गाथाके बाद ज. वृ. में निम्न गाथा अधिक मिलती है --

कत्ता आदा भणिदो ण य कत्ता केण सो उवाएण।
धम्मादी परिणामे जो जाणदि सो हवदि णाणी।।

ज्ञानी जीव अनेक प्रकारके पौद्गलिक कर्मोंको जानता हुआ भी निश्चयसे परद्रव्य तथा परपर्यायस्वरूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न ही होता है।।७६।।

आगे अपने परिणामको जाननेवाले जीवका पुद्गलके साथ कर्तृ-कर्मभाव है अथवा नहीं? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

णवि परिणमदि ण गिण्हदि, उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाये।
णाणी जाणंतो वि हु, सगपरिणामं अणेयविहं।।७७।।

ज्ञानी जीव अनेक प्रकारके अपने परिणामोंको जानता हुआ भी परद्रव्य तथा पर पर्यायरूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न होता है।।७७।।

आगे पुद्गल कर्मके फलको जाननेवाले जीवका पुद्गलके साथ कर्तृकर्मभाव है अथवा नहीं? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

णवि परिणमदि ण गिण्हदि, उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
णाणी जाणंतो वि हु, पुग्गलकम्मण्फलमणंतं।।७८।।

ज्ञानी जीव अनंत पुद्गलकर्मके फलको जानता हुआ भी पर द्रव्य और पर पर्यायस्वरूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न ही होता है।७८।।

आगे जीवके परिणामको, अपने परिणामको और अपने परिणामके फलको नहीं जाननेवाले पुद्गल द्रव्यका जीवके साथ कर्तृकर्मभाव है अथवा नहीं? इस प्रश्नका उत्तर कहते हैं --

णवि परिणमदि ण गिण्हदि, उप्पज्जदि ण परदव्वपज्जाए।
पुग्गलदव्वं पि तहा, परिणमइ सएहिं भावेहिं।।७९।।

पुद्गल द्रव्य भी परद्रव्य तथा परपर्यायरूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न होता है। वह जीवके ही समान अपने भावोंसे परिणमन करता है।।७९।।

आगे कहते हैं कि यद्यपि जीव और पुद्गलके परिणाममें परस्पर निमित्तमात्रपना है तथापि उन दोनोंमें कर्तृकर्मभाव नहीं है --

जीवपरिणामहेदुं, कम्मत्तं पुग्गला परिणमंति।
पुग्गलकम्मणिमित्तं, तहेव जीवो वि परिणमइ।।८०।।
णवि कुव्वइ कम्मगुणे, जीवो कम्मं तहेव जीवगुणे।
अण्णोण्णणिमित्तेण दु, परिणामं जाण दोण्हंपि।।८१।।
एएण कारणेण दु, कत्ता आदा सएण भावेण।
पुग्गलकम्मकयाणं, ण दु कत्ता सव्वभावाणं।।८२।।

जिस प्रकार पुद्गल द्रव्य, जिसमें जीवके रागादिक परिणाम निमित्त हैं ऐसे कर्मपनेरूप परिणमन करते हैं उसीप्रकार जीव भी, जिनमें पुद्गलादिक दर्शनमोह तथा चारित्रमोह आदि कर्म निमित्त हैं ऐसे रागादिभावरूप परिणमन करते हैं। फिर भी जीव कर्मके गुणोंको नहीं करता है और कर्म जीवके गुणोंको नहीं करता है। दोनोंका परिणमन परस्परके निमित्तसे होता है, ऐसा जानो। इस कारणसे आत्मा अपने भावोंका कर्ता है, पुद्गल कर्मके द्वारा किये हुए समस्त भावोंका कर्ता नहीं है।।८०-८२।।

आगे निश्चय नयसे आत्माके कर्तृकर्मभाव और भोक्तृभोग्यभावका वर्णन करते हैं --

णिच्छयणयस्स एवं, आदा अप्पाणमेव हि करेदि।
वेदयदि पुणो तं चेव, जाण अत्ता दु अत्ताणं।।८३।।

निश्चय नयका ऐसा मत है कि आत्मा अपनेको ही करता है और अपनेको ही भोगता है ऐसा जानो।।८३।।

आगे व्यवहार नयसे आत्माके कर्तृकर्मभाव और भोक्तृकर्मभावका उल्लेख करते हैं --

ववहारस्स दु आदा, पुग्गलकम्मं करेइ णेयविहं।
तं चेव पुणो वेयइ, पुग्गलकम्मं अणेयविहं।।८४।।

व्यवहार नयका यह मत है कि आत्मा अनेक प्रकारके पुद्गल कर्मको करता है और अनेक प्रकारके उसी पुद्गल कर्मको भोगता है।।८४।।

आगे व्यवहार नयके मतको दूषित ठहराते हैं --

जदि पुग्गलकम्ममिणं, कुव्वदि तं चेव वेदयदि आदा।
[१]दोकिरियावादित्तं, पसजदि सम्मं जिणावमदं।।८५।।

यदि जीव इस पुद्गलकर्मको करता है और उसीको भोगता है तो द्विक्रियावादित्वका प्रसंग आता है और वह प्रसंग जिनेंद्रदेवको संमत नहीं।

भावार्थ -- दो द्रव्योंकी क्रियाएँ भिन्न ही होती हैं। जड़की क्रिया चेतन नहीं करता और चेतन जड़की क्रियाएँ नहीं करता। जो पुरुष एक द्रव्यको दो क्रियाओंका कर्ता मानता है वह मिथ्यादृष्टि है, क्योंकि दो द्रव्योंकी क्रिया एक द्रव्यके मानना यह जिनका मत नहीं है।।८५।।

आगे दो क्रियाओंका अनुभव करनेवाला पुरुष मिथ्यादृष्टि क्यों है? इसका समाधान करते हैं --

जम्हा दु अत्तभावं, पुग्गलभावं च दोवि कुव्वंति।
तेण दु मिच्छादिट्ठी, दोकिरियावादिणो हुंति।।८६।।

१. दो किरिया।

जिस कारण आत्मभाव और पुद्गलभाव दोनोंको आत्मा करता है ऐसा कहते हैं इसलिए द्विक्रियावादी मिथ्यादृष्टि हैं।

भावार्थ -- जो ऐसा मानते हैं कि आत्मा आत्मपरिणाम और पुद्गलपरिणाम दोनोंका ही कर्ता है वे एकके दो क्रियाओंके कहनेवाले हैं। ऐसा नियम है कि उपादानरूपसे एक द्रव्य एक द्रव्यका ही कर्ता हो सकता है, अनेक द्रव्योंका नहीं। जो एक द्रव्यको अनेक द्रव्योंका कर्ता मानते हैं वे वस्तुमर्यादाके लोपी होनेसे मिथ्यादृष्टि हैं।।८६।।[१]

आगे मिथ्यात्व आदिके जीव-अजीवके भेदसे दो भेद हैं ऐसा वर्णन करते हैं --

मिच्छत्तं पुण दुविहं, जीवमजीवं तहेव अण्णाणं।
अविरदि जोगो मोहो, कोधादीया इमे भावा।।८७।।

और वह मिथ्यात्व दो प्रकारका है -- एक जीव मिथ्यात्व और दूसरा अजीव मिथ्यात्व। इसी प्रकार अज्ञान, अविरति, मोह तथा क्रोधादि कषाय ये सभी भाव जीव अजीवके भेदसे दो प्रकारके हैं।

भावार्थ -- द्रव्यकर्मके उदयसे जीवमें जो मिथ्यात्व आदिका विभावभावरूप परिणमन होता है वह जीव चेतनका विकार होनेसे जीवरूप है तथा उस विभावभावका कारण जो द्रव्यकर्म है वह पुद्गलात्मक होनेसे अजीवरूप है।।८७।।

आगे जो मिथ्यात्वादिक जीव अजीव कहे गये हैं वे कौन हैं? उनका पृथक् पृथक् वर्णन करते हैं --

पुग्गल कम्मं मिच्छं, जोगो अविरदि अण्णाणमज्जीवं।
उवओगो अण्णाणं, अविरइ मिच्छं च जीवो दु।।८८।।

जो मिथ्यात्व, योग, अविरति तथा अज्ञान अजीव हैं वे पुद्गल कर्म हैं और जो अज्ञान, अविरति तथा मिथ्यात्व जीव हैं वे उपयोगरूप हैं।।८८।।

मिथ्यात्व आदि भाव चैतन्य परिणामके विकार क्यों हैं? इसका उत्तर कहते हैं --

उवओगस्स अणाई, परिणामा तिण्णि मोहजुत्तस्स।
मिच्छत्तं अण्णाणं, अविरदिभावो य णायव्वो।।८९।।

मोहसे युक्त उपयोगके तीन परिणाम अनादिकालीन हैं। वे मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति भाव जानना चाहिए।।८९।।

---

१. ८६ वीं गाथाके आगे ज. वृ.में निम्नांकित गाथा अधिक व्याख्यात है --

पुग्गलकम्मणिमित्तं जह आदा कुणदि अप्पणो भावं।
पुग्गलकम्मणिमित्तं तह वेदयदि अप्पणो भावं।।

आगे आत्मा इन तीन प्रकारके परिणामरूप विकारोंका कर्ता है यह कहते हैं --

एएसु य उवओगो, तिविहो सुद्धो णिरंजणो भावो।
जं सो करेदि भावं, उवओगो तस्स सो कत्ता।।९०।।

मिथ्यात्व, अज्ञान और अविरति इन तीनोंका अनादि निमित्त होनेपर आत्माका उपयोग निश्चय नयसे शुद्ध, निरंजन तथा एक होकर मिथ्यात्व आदि तीन भावरूप परिणमन करता है। वह आत्मा इन तीनोंमेंसे जिस भावको करता है वह उसीका कर्ता होता है।।९०।।

आगे कहते हैं कि जब आत्मा मिथ्यात्व आदि तीन विकाररूप परिणमन करता है तब पुद्गल द्रव्य स्वयं कर्मरूप परिणमन हो जाता है --

जं कुणइ भावमादा, कत्ता सो होदि तस्स भावस्स।
कम्मत्तं परिणमदे, तम्हि सयं पुग्गलं दव्वं।।९१।।

आत्मा जिस भावको करता है वह उस भावका कर्ता होता है और आत्माके कर्ता होनेपर पुद्गल द्रव्य स्वयं कर्मरूप परिणत हो जाता है।।९१।।

आगे अज्ञान ही कर्मोंका करनेवाला है यह कहते हैं --

परमप्पाणं कुव्वं, अप्पाणं पि य परं करिंतो सो।
अण्णाणमओ जीवो, कम्माणं कारगो होदि।।९२।।

परको अपना और अपनेको परका करता हुआ अज्ञानी जीव ही कर्मोंका कर्ता होता है।।९२।।

आगे ज्ञानसे कर्म नहीं उत्पन्न होता यह कहते हैं --

परमप्पाणमकुव्वं, अप्पाणं पि य परं अकुव्वंतो।
सो णाणमओ जीवो, कम्माणमकारओ होदि।।९३।।

जो जीव परको अपना नहीं करता और अपनेको पर नहीं करता वह ज्ञानमय है। ऐसा जीव कर्मोंका कर्ता नहीं होता है।।९३।।

आगे अज्ञानसे कर्म क्यों उत्पन्न होते हैं? इसका उत्तर देते हैं --

तिविहो एसुवओगो, [१]अप्पवियप्पं करेइ कोहो हं।
कत्ता तस्सुवओगस्स, होइ सो अत्तभावस्स।।९४।।

यह तीन प्रकारका उपयोग अपनेमें विकल्प करता है कि मैं क्रोधरूप हूँ [२] उस अपने उपयोग भावका वह कर्ता होता है।।९४।।

---

१. अस्स वियप्पं ज. वृ. । २. एवमेव च क्रोधपदपरिवर्तनेनमानमायालोभमोहरागद्वेषकर्म नोकर्ममनोवचनकाय-श्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि ज. वृ. ।

आगे इसी प्रकार और भी विकल्प करता है यह कहते हैं --

तिविहो एसुवओगो, [१] अप्पवियप्पं करेदि धम्माई।
कत्ता तस्सुवओगस्स, होदि सो अत्तभावस्स।।९५।।

यह तीन प्रकारका उपयोग धर्मादि आत्म विकल्प करता है। अर्थात् उन्हें अपना मानता है उस अपने उपयोगभावका वह कर्ता होगा।।९५।।

आगे यह सब अज्ञानकी महिमा है यह कहते हैं --

एवं पराणि दव्वाणि, अप्पयं कुणदि मंदबुद्धीओ।
अप्पाणं अवि य परं, करेइ अण्णाणभावेण।।९६।।

इस प्रकार अज्ञानी जीव अज्ञानभावसे परद्रव्योंको अपनी करता है और आत्मद्रव्यको पररूप करता है।।९६।।

आगे इस कारण यह निश्चित हुआ कि ज्ञानसे जीवका कर्तापन नष्ट होता है, यह कहते हैं --

एदेण दु सो कत्ता, आदा णिच्छयविदूहिं परिकहिदो।
एवं खलु जो जाणदि, सो मुंचदि सव्वकत्तित्तं।।९७।।

निश्चयके जाननेवालोंने कहा है कि इस अज्ञानभावसे ही जीव कर्ता होता है। इसे जो जानता है वह यथार्थमें सब प्रकारका कर्तृत्व छोड़ देता है।।९७।।

व्यवहारी लोग जो ऐसा कहते हैं कि --

ववहारेण दु [२] एवं, करेदि घडपडरथाणि दव्वाणि।
करणाणि य कम्माणि य, णोकम्माणीह विविहाणि।।९८।।

आत्मा व्यवहारसे घट पट रथ इन वस्तुओंको, चक्षुरादि इंद्रियोंको, ज्ञानावरणादि कर्मोंको और इस लोकमें स्थित अनेक प्रकारके नोकर्मोंको -- शरीरोंको करता है।।९८।।

वह ठीक नहीं है --

जदि सो परदव्वाणि य, करिज्ज णियमेण तम्मओ होज्ज।
जम्हा ण तम्मओ तेण, सो ण तेसिं हवदि कत्ता।।९९।।

यदि वह आत्मा पर द्रव्योंको करे तो नियमपूर्वक तन्मय हो जाय, परंतु चूँकि तन्मय नहीं होता इसलिए वह उनका कर्ता नहीं है।

---

१. अस्स वियप्पं -- असद्विकल्पं ज. वृ. । २. अत्र आदा इत्यपि पाठः।

भावार्थ -- जिसका जिसके साथ व्याप्य-व्यापक भाव होता है वही उसका कर्ता होता है। आत्माका घट पटादि परवस्तुओंके साथ व्याप्य-व्यापक भाव त्रिकालमें भी नहीं होता अतः वह उनका कर्ता व्यवहारसे भी कैसे हो सकता है?।।९९।।

आगे कहते हैं कि निमित्त नैमित्तिक भावसे भी आत्मा घटादि पर द्रव्योंका कर्ता नहीं है --

जीवो ण करेदि घडं, णेव पडं णेव सेसगे दव्वे।
जोगुवओगा उप्पादगा य [१]तेसिं हवदि कत्ता।।१००।।

जीव न घटको करता है न पटको करता है और न शेष - अन्य द्रव्योंको करता है। जीवके योग और उपयोग ही घट पटादिके कर्ता हैं -- उनके उत्पादनमें निमित्त हैं। यह जीव उन्हीं योग और उपयोगका कर्ता है।।१००।।

आगे ज्ञानी ज्ञानका ही कर्ता है यह कहते हैं --

जे पुग्गल दव्वाणं, परिणामा होंति णाणआवरणा।
ण करेदि ताणि आदा, जो जाणदि सो हवदि णाणी।।१०१।।

जो ज्ञानावरणादिक पुद्गल द्रव्योंके परिणाम हैं उन्हें आत्मा नहीं करता है। जो उन्हें केवल जानता है वह ज्ञानी है।।१०१।।

आगे अज्ञानी भी परभावका कर्ता नहीं है यह कहते हैं --

जं भावं सुहमसुहं, करेदि आदा स तस्स खलु कत्ता।
तं तस्स होदि कम्मं, सो तस्स दु वेदगो अप्पा।।१०२।।

आत्मा जिस शुभ अशुभ भावको करता है निश्चयसे वह उसका कर्ता होता है। वह भाव उस आत्माका कर्म होता है और वह आत्मा उस भावरूप कर्मका भोक्ता होता है।।१०२।।

आगे कहते हैं कि परभाव किसीके द्वारा नहीं किया जा सकता --

जे जम्हि [२]गुणो दव्वे, सो अण्णम्हि दु ण संकमदि दव्वे।
सो अण्णमसंकंतो, कह तं परिणामए दव्वं।।१०३।।

जो गुण जिस द्रव्यमें रहता है वह अन्य द्रव्यमें संक्रांत नहीं होता -- बदलकर अन्य द्रव्यमें नहीं जाता। फिर अन्य द्रव्यमें संक्रांत नहीं होनेवाला गुण अन्य द्रव्यको कैसे परिणमा सकता है?।।१०३।।

इस कारण यह सिद्ध हुआ कि आत्मा पुद्गल कर्मोंका अकर्ता है यह कहते हैं --

दव्वगुणस्स य आदा, ण कुणदि पुग्गलमयम्हि कम्मम्हि।
तं उभयमकुव्वंतो, तम्हि कहं तस्स सो कत्ता।।१०४।।

१. सो तेसिं ज. वृ. । २. गुणे इत्यात्मख्यातिसम्मतः पाठः।

आत्मा पुद्गलमय कर्ममें द्रव्य तथा गुणको नहीं करता है फिर उसमें उन दोनोंको नहीं करता हुआ वह आत्मा उस पुद्गलमय कर्मका कर्ता कैसे हो सकता है?।।१०४।।

आगे, आत्मा द्रव्यकर्म करता है यह जो कहा जाता है वह केवल उपचार है ऐसा कहते हैं -

जीवम्हि हेदुभूदे, बंधस्स दु पस्सिदूण परिणामं।
जीवेण कदं कम्मं, भण्णदि उवयारमेत्तेण।।१०५।।

जीवके निमित्त रहते हुए कर्मबंधका परिणाम देखकर उपचारमात्रसे ऐसा कहा जाता है कि जीवने कर्म किये हैं।।१०५।।

आगे इस उपचारको दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करते हैं --

जोधेहिं कदे जुद्धे, राएण कदंति जंपदे लोगो।
तह ववहारेण कदं, णाणावरणादि जीवेण।।१०६।।

जिस प्रकारसे योद्धाओंके द्वारा युद्ध किये जानेपर लोग ऐसा कहते हैं कि युद्ध राजाने किया है, इसी प्रकार व्यवहारसे ऐसा कहा जाता है कि जीवने ज्ञानावरणादि कर्म किये हैं।।१०६।।

इससे यह बात सिद्ध हुई कि --

उप्पादेदि करेदि य, बंधदि परिणामएदि गिण्हदि य।
आदा पुग्गलदव्वं, ववहारणयस्स वत्तव्वं।।१०७।।

आत्मा पुद्गल द्रव्यको उत्पन्न करता है, बाँधता है, परिणमाता है तथा ग्रहण करता है यह सब व्यवहार नय कहता है।।१०७।।

आगे इसी बातको दृष्टांतके द्वारा स्पष्ट करते हैं --

जह राया ववहारा, दोसगुणुप्पादगोत्ति आलविदो।
तह जीवो ववहारा, दव्वगुणुप्पादगो भणिदो।।१०८।।

जिस प्रकार राजा दोष और गुणका उत्पादक है ऐसा व्यवहारसे कहा गया है उसी प्रकार जीव, द्रव्य और गुणका उत्पादक है ऐसा व्यवहारसे कहा गया है।

भावार्थ -- जिस प्रकार प्रजामें दोष और गुण स्वयं उत्पन्न होते हैं परंतु व्यवहार ऐसा होता है कि ये दोष और गुण राजाने उत्पन्न किये हैं, उसी प्रकार पुद्गल द्रव्यमें ज्ञानावरणादि कर्मरूप परिणमन स्वयं होता है, परंतु व्यवहार ऐसा होता है कि ये ज्ञानावरणादि कर्म जीवने किये हैं।।१०८।।

आगे कोई प्रश्न करता है कि यदि पुद्गल कर्मको जीव नहीं करता है तो दूसरा कौन करता है? इसका उत्तर कहते हैं --

सामण्णपच्चया खलु, चउरो भण्णंति बंधकत्तारो।
मिच्छत्तं अविरमणं, कसायजोगा य बोद्धव्वा।।१०९।।
तेसिं पुणो वि य इमो, भणिदो भेदो दु तेरस वियप्पो।
मिच्छादिट्ठी आदी, जाव सजोगिस्स चरमंतं।।११०।।
एदे अचेदणा खलु, पुग्गलकम्मुदयसंभवा जम्हा।
ते जदि करंति कम्मं, णवि तेसिं वेदगो आदा।।१११।।
गुणसण्णिदा दु एदे, कम्मं कुव्वंति पच्चया जम्हा।
तम्हा जीवोऽकत्ता, गुणा य कुव्वंति कम्माणि।।११२।।

यथार्थमें चार सामान्य प्रत्यय बंधके करनेवाले कहे जाते हैं। वे चार मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग जानना चाहिए। फिर उन प्रत्ययोंका यह भेद तेरह भेदरूप कहा गया है जो कि मिथ्यादृष्टिको आदि लेकर सयोगकेवली पर्यंत है। ये सब भेद चूँकि पुद्गलकर्मके उदयसे होते हैं इसलिए यथार्थमें अचेतन हैं। यदि ये कर्म करते हैं तो आत्मा उनका भोक्ता नहीं होता। ये प्रत्यय गुणसंज्ञावाले हैं क्योंकि कर्म करते हैं। इससे यह सिद्ध हुआ कि जीव कर्मोंका अकर्ता है और गुण ही कर्म करते हैं।।१०९-११२।।

आगे कहते हैं कि जीव और प्रत्ययोंमें एकपना नहीं है --

जह जीवस्स अणण्णुवओगो कोहो वि तह जदि अणण्णो।
जीवस्साजीवस्स य, एवमणण्णत्तमावण्णं।।११३।।
एवमिह जो दु जीवो, सो चेव दु णियमदो तहाजीवो।
अयमेयत्ते दोसो, पच्चयणोकम्मकम्माणं।।११४।।
अह दे अण्णो कोहो, अण्णुवओगप्पगो हवदि चेदा।
जह कोहो तह पच्चय, कम्मं णोकम्ममवि अण्णं।।११५।।

जिस प्रकार उपयोग जीवसे अनन्य है -- अभिन्न है -- एकरूप है उसी प्रकार यदि क्रोध भी अनन्य माना जावे तो ऐसा माननेसे जीव तथा अजीवमें एकताकी आपत्ति आती है और इस आपत्तिसे इस लोकमें जो जीव है वही नियमसे अजीव हो जायेगा। क्रोधके साथ जीवकी एकता माननेमें जो दोष आता है वही दोष मिथ्यात्वादि चार प्रत्यय, नोकर्म तथा कर्मोंके साथ एकता माननेमें भी आता है। इस दोषसे बचनेके लिए यदि तुम्हारा यह मत हो कि क्रोध अन्य है और उपयोगात्मक आत्मा अन्य है तो जिस प्रकार क्रोधको अन्य मानते हो उसी प्रकार प्रत्यय, कर्म तथा नोकर्मको भी अन्य मानो।।११३-११५।।

आगे सांख्य मतानुयायी शिष्यके प्रति पुद्गलद्रव्यका परिणामस्वभाव सिद्ध करते हैं --

जीवेण सयं बद्धं, ण सयं परिणमदि कम्मभावेण।
जइ पुग्गलदव्वमिणं, अप्परिणामी तदा होदि।।११६।।
कम्मइयवग्गणासु य, अपरिणमंतीसु कम्मभावेण।
संसारस्स अभावो, पसज्जदे संखसमओ वा।।११७।।
जीवो परिणामयदे, पुग्गलदव्वाणि कम्मभावेण।
ते सयमपरिणमंते, कहं तु परिणामयदि चेदा [१]।।११८।।
अह सयमेव हि परिणमदि कम्मभावेण पुग्गलं दव्वं।
जीवो परिणामयदे, कम्मं कम्मत्तमिदि मिच्छा।।११९।।
णियमा कम्मपरिणदं, कम्मं चि य होदि पुग्गलं दव्वं।
तह तं णाणावरणाइपरिणदं मुणसु तच्चेव।।१२०।।

पुद्गल द्रव्य जीवमें न तो स्वयं बँधा है और न कर्मभावसे स्वयं परिणमन करता है, यदि ऐसा माना जाय तो वह अपरिणामी हो जायेगा और कार्मण वर्गणाएँ जब कर्मरूप परिणमन नहीं करेंगी तो संसारका अभाव हो जायेगा अथवा सांख्यमतका प्रसंग आ जायेगा। इससे बचनेके लिए यदि यह मानो कि जीव, पुद्गल द्रव्यको कर्मरूप परिणमन कराता है तो जो पुद्गल द्रव्य स्वयं परिणमन नहीं करता है उसे आत्मा कैसे परिणमन करा सकता है? यदि यह कहो कि पुद्गल द्रव्य कर्मरूप स्वयं परिणमन करता है तो यह कहना मिथ्या हो जायेगा कि जीव कर्मको कर्मत्व रूपसे परिणमन कराता है। इससे यह सिद्ध हुआ कि पुद्गल द्रव्य कर्मरूप परिणत हुआ नियमसे कर्मरूप होता है। ऐसा होनेपर ज्ञानावरणादिरूप परिणत पुद्गलद्रव्यको ही कर्म जानो।।११६-१२०।।

आगे सांख्यमतानुयायी शिष्यके प्रति जीवका परिणामीपना सिद्ध करते हैं --

ण सयं बद्धो कम्मे, ण सयं परिणमदि कोहमादीहिं।
जइ एस तुज्झ जीवो, अप्परिणामी तदा होदी।।१२१।।
अपरिणमंतम्हि सयं, जीवे कोहादिएहिं भावेहिं।
संसारस्स अभावो, पसज्जदे संखसमओ वा।।१२२।।
पुग्गलकम्मं कोहो, जीवं परिणामएदि कोहत्तं।
तं सयमपरिणमंतं, कहं णु परिणामयदि कोहो।।१२३।।

---

१. णाणी इत्यपि पाठः।

अह समयप्पा परिणमदि, कोहभावेण एस दे बुद्धी।
कोहो परिणामयदे, जीवं कोहत्तमिदि मिच्छा।।१२४।।
कोहुवजुत्तो कोहो, माणुवजुत्तो य माणमेवादा।
माउवजुत्तो माया, लोहुवजुत्तो हवदि लोहो।।१२५।।[१]

यदि तेरा ऐसा मत है कि यह जीव कर्मोंमें न स्वयं बँधा है और न क्रोधादिरूप स्वयं परिणमन करता है तो अपरिणामी हो जायेगा और जब जीव क्रोधादिरूप स्वयं परिणमन नहीं करेगा तो संसारका अभाव हो जायेगा अथवा सांख्यमतका प्रसंग आ जायेगा। इससे बचनेके लिए यदि यह कहेगा कि पुद्गलकर्मरूप क्रोध, जीवको क्रोधरूप परिणमाता है तो उसके उत्तरमें कहना यह है कि जब जीव स्वयं परिणमन नहीं करता है तब उसे क्रोध कैसै परिणमायेगा? अथवा तुम्हारा यह अभिप्राय हो कि आत्मा स्वयं क्रोधभावसे परिणमन करता है तो क्रोध नामक द्रव्यकर्म, जीवको क्रोधरूप परिणमाता है यह कहना मिथ्या सिद्ध होगा। इस कथनसे यह बात सिद्ध हुई कि जब आत्मा क्रोधसे उपयुक्त होता है तब क्रोध ही है, जिस समय मानसे उपयुक्त होता है उस समय मान ही है, जब मायासे उपयुक्त होता है तब माया ही है और जब लोभसे उपयुक्त होता है तब लोभ ही है।।१२१-१२५।।

आगे कहते हैं कि आत्मा जिस समय जो भाव करता है उस समय वह उसका कर्ता होता है --

जं कुणदि भावमादा, कत्ता सो होदि तस्स कम्मस्स[२]**।**
णाणिस्स दु णाणमओ, अण्णाणमओ अणाणिस्स।।१२६।।

आत्मा जिस भावको करता है उस भावरूप कर्मका कर्ता होता है। वह भाव ज्ञानी जीवके ज्ञानमय होता है और अज्ञानी जीवके अज्ञानमय होता है।।१२६।।

आगे ज्ञानमय भावसे क्या होता है और अज्ञानमय भावसे क्या होता है? इसका उत्तर कहते

---

१. १२५ वीं गाथाके आगे ज. वृ. में निम्नलिखित ३ गाथाओंकी व्याख्या अधिक की गयी है --

जो संगं तु मुइत्ता जाणदि उवओगमप्पगं सुद्धं।
तं णिसंगं साहुं परमट्ठवियाणया विंति।।
जो मोहं तु मुइत्ता णाणसहावाधियं मुणदि आदं।
तं जिदमोहं साहुं परमट्ठवियाणया विंति।।
जो धम्मं तु मुइत्ता जाणदि उवओगमप्पगं सुद्धं।
तं धम्मसंगमुक्कं परमट्ठवियाणया विंति।।

२. भावस्स ज. वृ.

हैं --

अण्णाणमओ भावो, अण्णाणिओ कुणदि तेण कम्माणि।
णाणमओ णाणिस्स दु, ण कुणदि तम्हा दु कम्माणि।।१२७।।

अज्ञानी जीवके अज्ञानमय भाव होता है इसलिए वह कर्मोंको करता है और ज्ञानी जीवके ज्ञानमय भाव होता है इसलिए कर्मोंको नहीं करता है।।१२७।।

आगे ज्ञानी जीवके ज्ञानमय ही भाव होता है, अन्य नहीं। इसी प्रकार अज्ञानी जीवके अज्ञानमय ही भाव होता है, अन्य नहीं। ऐसा नियम क्यों है? इसका उत्तर कहते हैं --

णाणमया भावाओ, णाणमया चेव जायदे भावो।
जम्हा तम्हा णाणिस्स, सव्वे भावा हु णाणमया।।१२८।।
अण्णाणमया भावा, अण्णाणो चेव जायए भावो।
जम्हा तम्हा भावा, अण्णाणमया अणाणिस्स।।१२९।।

चूँकि ज्ञानमय भावसे ज्ञानमय भावही उत्पन्न होता है इसलिए ज्ञानी जीवके सभी भाव ज्ञानमय ही होते हैं और अज्ञानमय भावसे अज्ञानमय भाव ही उत्पन्न होता है इसलिए अज्ञानी जीवके सभी भाव अज्ञानमय ही होते हैं।।१२८-१२९।।

आगे यही बात दृष्टांतसे सिद्ध करते हैं --

कणयमया भावादो, जायंते कुंडलादयो भावा।
अयमयया भावादो, तह जायंते तु कडयादी।।१३०।।
अण्णाणमया भावा, अणाणिणो बहुविहा वि जायंते।
णाणिस्स दु णाणमया, सव्वे भावा तहा होंति।।१३१।।

जिस प्रकार सुवर्णमय भावसे सुवर्णमय कुंडलादि भाव होते हैं और लोहमय भावसे लोहमय कटकादि भाव होते हैं उसी प्रकार अज्ञानमय भावसे अनेक प्रकारके अज्ञानमय भाव होते हैं और ज्ञानीके ज्ञानमय भावसे सभी ज्ञानमय भाव होते हैं।।१३०-१३१।।

आगे अज्ञान आदिका स्वरूप बतलाते हुए उक्त बातको स्पष्ट करते हैं --

अण्णाणस्स स उदओ, जं जीवाणं अतच्चउवलद्धी।
मिच्छत्तस्स दु उदओ, जीवस्स असद्दहाणत्तं।।१३२।।
उदओ असंजमस्स दु, जं जीवाणं हवेइ अविरमणं।
जो दु कलुसोवओगो, जीवाणं सो कसाउदओ।।१३३।।

तं जाण जोगउदअं, जो जीवाणं तु चिट्ठउच्छाहो।
सोहणमसोहणं वा, कायव्वो विरदिभावो वा।।१३४।।
एदेसु हेदुभूदेसु, कम्मइयवग्गणागयं जं तु।
परिणमदे अट्ठविहं, णाणावरणादिभावेहिं।।१३५।।
तं खलु जीवणिबद्धं, कम्मइयवग्गणागयं जइया।
तइया दु होदि हेदू, जीवो परिणामभावाणं।।१३६।।

जीवोंके जो अतत्त्वोपलब्धि है -- तत्त्वोंका मिथ्या जानना है वह अज्ञानका उदय है और जीवके जो तत्त्वका अश्रद्धानपना है वह मिथ्यात्वका उदय है। जीवोंके जो विरतिका अभाव है -- अत्यागभाव है वह असंयमका उदय है। जीवोंके जो मलिन उपयोग है वह कषायका उदय है और जीवोंके जो शुभ अशुभ कार्यरूप अथवा उनकी निवृत्तिरूप चेष्टाका उत्साह है उसे योगका उदय जानो। हेतुभूत इन प्रत्ययोंके रहनेपर कार्मण वर्गणारूपसे आया हुआ जो द्रव्य है वह ज्ञानावरणादि भावोंसे आठ प्रकार परिणमन करता है। कार्मण वर्गणामें आया हुआ द्रव्य जिस समय निश्चयसे जीवके साथ बँधता होता है उस समय उन अज्ञानादि भावोंका कारण जीव होता है।।१३२-१३६।।

आगे कहते हैं कि जीवका परिणाम पुद्गल द्रव्यसे जुदा है --

जीवस्स दु कम्मेण य, सह परिणामा हु होंति रागादी।
एवं जीवो कम्मं, च दो वि रागादिमावण्णा।।१३७।।
एकस्स दु परिणामा, जायदि जीवस्स रागमादीहिं।
ता कम्मोदयहेदूहिं, विणा जीवस्स परिणामो।।१३८।।

यदि ऐसा माना जाय कि जीवके जो रागादि परिणाम हैं वे कर्मके साथ होते हैं तो ऐसा माननेसे जीव तथा कर्म दोनों ही रागादि भावको प्राप्त हो जायेंगे और ऐसा होनेपर पुद्गलमें भी चेतनपना प्राप्त हो जायेगा जो कि प्रत्यक्ष विरुद्ध है। यदि इस दोषसे बचनेके लिए ऐसा माना जाय कि रागादि परिणाम एक जीवके होते हैं तो कर्मोदयरूप हेतुके बिना जीवके परिणाम हो जायेंगे और उस दशामें मुक्त जीवके भी उनका सद्भाव अनिवार्य हो जायेगा।

इन गाथाओंका द्वितीय व्याख्यान इस प्रकार है --

यदि ऐसा माना जाय कि जीवके रागादि परिणाम कर्मोंके साथ ही होते हैं तो ऐसा माननेसे जीव तथा कर्म दोनों ही रागादिभावको प्राप्त होते हैं। इसलिए यह सिद्ध हुआ कि रागादिरूप परिणाम एक जीवके ही उत्पन्न होता है। वह कर्मका उदयरूप निमित्त कारणसे पृथक् एक जीवका ही परिणाम है।।१३७-१३८।।

आगे कहते हैं कि पुद्गल द्रव्यका कर्मरूप परिणमन जीवसे जुदा है --

जइ जीवेण सहच्चिय, पुग्गलदव्वस्स कम्मपरिणामो।
एवं पुग्गलजीवा, हु दोवि कम्मत्तमावण्णा।।१३९।।
एकस्स दु परिणामो, पुग्गलदव्वस्स कम्मभावेण।
ता जीवभावहेदूहिं, विणा कम्मस्स परिणामो।।१४०।।

यदि ऐसा माना जाय कि पुद्गलद्रव्यका जो कर्मरूप परिणाम है वह जीवके साथ ही होता है तो ऐसा माननेपर पुद्गल और जीव दोनों ही कर्मभावको प्राप्त हो जायेंगे इसलिये यह सिद्ध हुआ कि कर्मरूपसे परिणाम एक पुद्गल द्रव्यके ही होता है और वह परिणाम जीवभावरूप निमित्त कारणसे पृथक् पुद्गल कर्मका ही है।।१३९-१४०।।

आगे पूछते हैं कि कर्म आत्मामें बद्ध स्पृष्ट है या अबद्ध स्पृष्ट? इसका उत्तर नयविभागसे कहते हैं --

जीवे कम्मं बद्धं, पुट्ठं चेदि ववहारणयभणिदं।
सुद्धणयस्स दु जीवे, अबद्धपुट्ठं हवइ कम्मं।।१४१।।

जीवसे कर्म बद्ध है तथा स्पृष्ट है यह व्यवहार नयका कहना है और कर्म जीवसे अबद्ध स्पृष्ट है यह शुद्ध नय -- निश्चय नय का वचन है।।१४१।।

आगे कहते हैं कि ये दोनों नयपक्ष हैं। समयसार इन नयपक्षोंसे परे है --

कम्मं बद्धमबद्धं, जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।
पक्खातिक्कंतो पुण, भण्णदि जो सो समयसारो।।१४२।।

जीवमें कर्म बँधे हुए हैं अथवा नहीं बँधे हुए हैं ऐसा तो नयपक्ष जानो और जो इस पक्षसे अतिक्रांत -- दूरवर्ती कहा जाता है वह समयसार है।।१४२।।

आगे पक्षातिक्रांतका क्या स्वरूप है? यह कहते हैं --

दोण्हवि णयाण भणियं, जाणइ णवरं तु समयपडिबद्धो।
ण दु णयपक्खं गिण्हदि, किंचिवि णयपक्खपरिहीणो।।१४३।।

जो पुरुष अपने शुद्ध आत्मासे प्रतिबद्ध हो दोनों ही नयोंके कथनको केवल जानता है किंतु किसी भी नयपक्षको ग्रहण नहीं करता वह नयपक्षसे परिहीन है -- पक्षातिक्रांत है।।१४३।।

आगे पक्षातिक्रांत ही समयसार है यह कहते हैं --

सम्मद्दंसणणाणं, एदं लहदित्ति णवरि ववदेसं।
सव्वणयपक्खरहिदो, भणिदो जो सो समयसारो।।१४४।।

जो सब नयपक्षोंसे रहित है वही समयसार कहा गया है। यह समयसार ही केवल सम्यग्दर्शन ज्ञान इस नामको प्राप्त होता है।।१४४।।

इस प्रकार कर्तृकर्म नामका द्वितीय अधिकार पूर्ण हुआ।

***

पुण्यपापाधिकारः

अपने शुभाशुभ कर्मके स्वभावका वर्णन करते हैं --

कम्ममसुहं कुसीलं, सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं।
किह तं होदि सुसीलं, जं संसारं पवेसेदि।।१४५।।

अशुभ कर्मको कुशील और शुभ कर्मको सुशील जानो। परंतु जो जीवको संसारमें प्रवेश कराता है वह सुशील कैसे हो सकता है?।।१४५।।

आगे दोनों ही कर्म सामान्यरूपसे बंधके कारण हैं यह सिद्ध करते हैं --

सौवण्णियम्हि णियलं, बंधदि कालायसं च जह पुरिसं।
बंधदि एवं जीवं, सुहमसुहं वा कदं कम्मं।।१४६।।

जिस प्रकार लोहेकी बेड़ी पुरुषको बाँधती है और सुवर्णकी भी बाँधती है इसी प्रकार किया हुआ शुभ अथवा अशुभ कर्म जीवको बाँधता ही है।।१४६।।

आगे दोनों ही कर्मोंका निषेध करते हैं --

तम्हा दु कुसीले हिय, रायं मा कुणह मा व संसग्गं।
साधीणो हि विणासो, कुसीलसंसग्गरायेण।।१४७।।

इसलिए हे मुनिजन हो! उन दोनों कुशीलोंसे राग मत करो अथवा संसर्ग भी मत करो, क्योंकि कुशीलके संसर्ग और रागसे स्वाधीनताका विनाश होता है।।१४७।।

आगे इसी बातको दृष्टांत द्वारा सिद्ध करते हैं --

जह णाम कोवि पुरिसो, कुच्छियसीलं जणं वियाणित्ता।
वज्जेदि तेण समयं, संसग्गं रायकरणं च।।१४८।।
एमेव कम्मपयडी, सील सहावं हि कुच्छिदं णाउं।
वज्जंति परिहरंति य, तस्संसग्गं सहावरया।।१४९।।

जिस प्रकार कोई मनुष्य निंदित स्वभाववाले किसी मनुष्यको जानकर उसके साथ संगति और राग करना छोड़ देता है उसी प्रकार स्वभावमें रत रहनेवाले मनुष्य कर्मप्रकृतियोंके शीलस्वभावको निंदनीय जानकर उसके साथ राग छोड़ देते हैं और उसकी संगतिका भी परिहार कर देते हैं।।१४८-१४९।।

आगे राग ही बंधका कारण है यह कहते हैं --

रत्तो बंधदि कम्मं, मुंचदि जीवो विरागसंपत्तो[१]।
एसो जिणोवदेसो, तम्हा कम्मेसु मा रज्ज।।१५०।।

रागी जीव कर्मको बाँधता है और वैराग्यको प्राप्त हुआ कर्मसे छूटता है यह जिनेंद्र भगवानका उपदेश है, इसलिए कर्मोंमें राग मत करो।।१५०।।

आगे ज्ञान ही मोक्षका हेतु है यह सिद्ध करते हैं --

परमट्ठो खलु समओ, सुद्धो जो केवली मुणी णाणी।
तम्हि ठिदा सहावे, मुणिणो पावंति णिव्वाणं।।१५१।।

निश्चयसे परमार्थरूप जीवका स्वरूप यह है कि जो शुद्ध है, केवली है, मुनि है, ज्ञानी है ये जिसके नाम हैं उस स्वभावमें स्थित हुए मुनि निर्वाणको प्राप्त होते हैं।

भावार्थ -- मोक्षका उपादान कारण आत्मा है और आत्मा परमार्थसे ज्ञानस्वभाववाला है, इसलिए ज्ञान ही मोक्षका हेतु है।।१५१।।

आगे परमार्थमें स्थित नहीं रहनेवाले पुरुषोंका तपश्चरणादिक बालतप तथा बालव्रत है ऐसा कहते हैं --

परमट्ठम्हि दु अट्ठिदो, जो कुणदि तवं वदं च धारेई।
तं सव्वं बालतवं, बालवदं विंति सव्वण्हू।।१५२।।

जो मुनि ज्ञानस्वरूप आत्मामें स्थित न होकर तप करते हैं और व्रत धारण करते हैं उस सब तप और व्रतको सर्वज्ञ देव बालतप और बालव्रत कहते हैं।।१५२।।

आगे ज्ञान मोक्षका और अज्ञान बंधका कारण है यह नियम करते हैं --

वदणियमाणि धरंता, सीलाणि तहा तवं च कुव्वंता।
परमट्ठबाहिरा जे [२], णिव्वाणं ते ण विंदंति।।१५३।।

जो मनुष्य परमार्थसे बाह्य हैं वे व्रत और नियमोंको धारण करते हुए तथा शील और तपको करते हुए भी मोक्षको नहीं पाते हैं।।१५३।।

आगे फिर भी पुण्यकर्मका पक्षपात करनेवालोंको समझानेके लिए कहते हैं --

परमट्ठबाहिरा जे, ते अण्णाणेण पुण्णमिच्छंति।
संसारगमणहेदुं, वि मोक्खहेउं अजाणंता।।१५४।।

जो मनुष्य परमार्थसे बाह्य हैं अर्थात् परमार्थभूत ज्ञानस्वरूप आत्माके अनुभवसे दूर हैं वे

१. संपण्णो।

२. जेण तेण ते होंति अण्णाणी ज. वृ. ।

अज्ञानसे पुण्यकी इच्छा करते हैं। यद्यपि वह पुण्य संसारगमनका कारण है तो भी उसकी इच्छा करते हैं। ऐसे जीव मोक्षका हेतु जो ज्ञानस्वरूप आत्मा है उसे नहीं जानते हैं।।१५४।।

आगे ऐसे जीवोंको परमार्थभूत मोक्षका कारण दिखलाते हैं --

जीवादीसद्दहणं, सम्मत्तं तेसिमधिगमो णाणं।
रायादीपरिहरणं, चरणं एसो दु मोक्खपहो।।१५५।।

जीवादि पदार्थोंका श्रद्धान करना सम्यक्त्व है, उनका ठीक ठीक जानना ज्ञान है और रागादिका त्याग करना चारित्र है। यह सम्यक्त्व, ज्ञान तथा चारित्र ही मोक्षका मार्ग है।।१५५।।

आगे व्यवहार मार्गसे कर्मका क्षय नहीं होता यह कहते हैं --

मोत्तूण णिच्छयट्ठं, ववहारेण विदुसा पवट्टंति।
परमट्ठमस्सिदाण दु, जदीण कम्मक्खओ विहिओ।।१५६।।

विद्वान निश्चयनयके विषयको छोड़कर व्यवहारसे प्रवृत्ति करते हैं, परंतु कर्मोंका क्षय परमार्थका आश्रय करनेवाले यतीश्वरोंके ही कहा गया है।।१५६।।

आगे कर्म मोक्षके कारणभूत सम्यग्दर्शनादि गुणोंका आच्छादन करते हैं यह दृष्टांत द्वारा सिद्ध करते हैं --

वत्थस्स सेदभावो, जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
मिच्छत्तमलोच्छण्णं, तह सम्मत्तं खु णायव्वं।।१५७।।
वत्थस्स सेदभावो, जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
अण्णाणमलोच्छण्णं, तह णाणं होदि[1] णायव्वं।।१५८।।
वत्थस्स सेदभावो, जह णासेदि मलमेलणासत्तो।
कसायमलोच्छण्णं, तह चारित्तं होदि णायव्वं।।१५९।।

जिस प्रकार वस्त्रका श्वेतपना मलके मिलनेसे लिप्त हुआ नष्ट हो जाता है उसी प्रकार सम्यग्दर्शन मिथ्यादर्शनरूपी मलसे आच्छादित हो नष्ट हो जाता है यह निश्चयसे जानना चाहिए। जिस प्रकार वस्त्रका श्वेतपना मलके मिलनेसे आसक्त हुआ नष्ट हो जाता है उसी प्रकार अज्ञानरूपी मलसे आच्छादित हुआ जीवका ज्ञान नष्ट हो जाता है ऐसा जानना चाहिए। तथा जिस प्रकार वस्त्रका श्वेतपना मलके मिलनेसे आसक्त हुआ नष्ट हो जाता है उसी प्रकार कषायरूपी मलसे आच्छादित चारित्र गुण नष्ट हो रहा है यह भी जानना चाहिए।।१५७-१५९।।

---

१. होदिं ज . वृ.

आगे कर्मका स्वयमेव बंधपना सिद्ध करते हैं --

सो सव्वणाणदरिसी, कम्मरएण णियेण वच्छण्णो।
संसारसमावण्णो, ण विजाणादि सव्वदो सव्वं।।१६०।।

वह सबको जानने देखनेवाला आत्मा अपने कर्मरूपी रजसे आच्छादित हुआ संसार दशाको प्राप्त हो रहा है और सब तरहसे सब वस्तुओंको नहीं जानता है।।१६०।।

आगे कर्म सम्यग्दर्शनादि मोक्षके कारणोंको घातते हैं ऐसा निरूपण करते हैं --

सम्मत्तपडिणिबद्धं, मिच्छत्तं जिणवरेहिं परिकहियं।
तस्सोदयेण जीवो, मिच्छादिट्ठित्ति णायव्वो।।१६१।।
णाणस्स पडिणिबद्धं, अण्णाणं जिणवरेहिं परिकहियं।
तस्सोदयेण जीवो, अण्णाणी होदि णायव्वो।।१६२।।
चारित्तपडिणिबद्धं, कसायं जिणवरेहि परिकहियं।
तस्सोदयेण जीवो, अचरित्तो होदि णायव्वो।।१६३।।

सम्यक्त्वको रोकनेवाला मिथ्याकर्म है ऐसा जिनेंद्र भगवानने कहा है, उसके उदयसे जीव मिथ्यादृष्टि हो जाता है ऐसा जानना चाहिए। ज्ञानको रोकनेवाला अज्ञान है ऐसा जिनेंद्र भगवानने कहा है, उसके उदयसे जीव अज्ञानी होता है ऐसा जानना चाहिए।।१६१-१६३।।

इस प्रकार पुण्यपापका प्ररूपण करनेवाला तीसरा अधिकार पूर्ण हुआ।

***

आस्रवाधिकारः

आगे आस्रवका स्वरूप कहते हैं --

मिच्छत्तं अविरमणं, कसायजोगा य सण्णसण्णा दु।
बहुविहभेया जीवे, तस्सेव अणण्णपरिणामा।।१६४।।
णाणावरणादीयस्स, ते दु कम्मस्स कारणं होंति।
तेसिंपि होदि जीवो, य रागदोसादिभावकरो।।१६५।।

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चेतन अचेतनके भेदसे दो प्रकारके हैं। उनमें जो चेतनरूप हैं वे जीवमें बहुत भेदोंको लिये हुए हैं तथा जीवके अभिन्न परिणामस्वरूप हैं। और जो अचेतनरूप हैं वे ज्ञानावरणादि कर्मोंके कारण होते हैं। तथा उन मिथ्यात्वादि अचेतन भावोंका कारण रागद्वेषादि भावोंका करनेवाला जीव है।।१६४-१६५।।

आगे ज्ञानी जीवके उन आस्रवोंका अभाव होता है ऐसा कहते हैं --

णत्थि दु आसवबंधो, सम्मादिट्ठिस्स आसवणिरोहो।
संते पुव्वणिबद्धे, जाणदि सो ते अबंधंतो।।१६६।।

सम्यग्दृष्टि जीवके आस्रव बंध नहीं है, किंतु आस्रवका निरोध है। वह सत्तामें स्थित पहलेके बँधे हुए कर्मोंको केवल जानता है, नवीन बंध नहीं करता है।।१६६।।

आगे राग द्वेष मोह ही आस्रव हैं ऐसा नियम करते हैं --

भावो रागादिजुदो, जीवेण कदो दु बंधगो भणिदो।
रायादिविप्पमुक्को, अबंधगो जाणगो णवरिं।।१६७।।

जीवके द्वारा किया हुआ जो भाव रागादिसे सहित है वह बंधका करनेवाला कहा गया है और जो रागादिसे रहित है वह बंधका नहीं करनेवाला है, किंतु जाननेवाला है।।१६७।।

आगे रागादि रहित शुद्ध भाव असंभव नहीं हैं यह दिखलाते हैं --

पक्के फलम्हि पडिए, जह ण फलं वज्झए पुणो विंटे।
जीवस्स कम्मभावे, पडिए ण पुणोदयमुवेई[१]।।१६८।।

जिस प्रकार किसी वृक्षादिका फल पककर जब नीचे गिर जाता है तब वह फिर बोंडीके साथ संबंधको प्राप्त नहीं होता इसी प्रकार जीवका कर्मभाव जब पककर गिर जाता है -- निर्जीर्ण हो चुकता है तब फिर उदयको प्राप्त नहीं होता।।१६८।।

आगे ज्ञानी जीवके द्रव्यास्रवका अभाव दिखलाते हैं --

पुहवीपिंडसमाणा, पुव्वणिबद्धा दु पच्चया तस्स।
कम्मसरीरेण दु ते, बद्धा सव्वेपि णाणिस्स।।१६९।।

उस पूर्वोक्त ज्ञानी जीवके अज्ञान अवस्थासे बँधे हुए द्रव्यास्रवरूप सभी प्रत्यय पृथिवीके पिंडके समान हैं और कार्मण शरीरके साथ बँधे हुए हैं।।१६९।।

आगे ज्ञानी जीव निरास्रव क्यों हैं? यह कहते हैं --

---

१. मुवेहि ज. वृ. ।

चउविह अणेयभेयं, बंधंते [१] णाणदंसणगुणेहिं।
समये समये जम्हा, तेण [२] अबंधोत्ति णाणी दु।।१७०।।

जिस कारण पहले कहे हुए मिथ्यात्व आदि चार प्रत्यय ज्ञान दर्शनादि गुणोंसे अनेक भेद लिये हुए कर्मोंको प्रत्येक समय बाँधते हैं इसलिए ज्ञानी अबंधरूप ही है।।१७०।।

आगे ज्ञानगुणका परिणाम बंधका कारण कैसे है? इसका उत्तर देते हैं --

जम्हा दु जहण्णादो, णाणगुणादो पुणोवि परिणमदि।
अण्णत्तं णाणगुणो, तेण दु सो बंधगो भणिदो।।१७१।।

जिस कारण ज्ञानगुण फिर भी जघन्य ज्ञानगुणसे अन्यपनेरूप परिणमता है इस कारण वह ज्ञान गुण कर्मबंधका करनेवाला कहा गया है।।

भावार्थ --क्षायोपशमिक ज्ञान एक ज्ञेयके ऊपर अंतर्मुहूर्त ही ठहरता है, पीछे अवश्य ही किसी अन्य ज्ञेयका अवलंबन करता है इस कारण स्वरूपमें भी वह अंतर्मुहूर्त ही ठहर सकता है। इसलिए ऐसा अनुमान है कि यथाख्यात चारित्र अवस्थाके नीचे रागपरिणामका सद्भाव अवश्य रहता है। उस रागके सद्भावसे बंध भी होता है। अतः इस गाथामें ज्ञानगुणको जघन्य भाव बंधका कारण कहा गया है।।१७१।।

आगे ऐसा होनेपर ज्ञानी निरास्रव क्यों होता है? इसका उत्तर कहते हैं --

दंसणणाणचरित्तं, जं परिणमदे जहण्णभावेण।
णाणी तेण दु बज्झदि, पुग्गलकम्मेण विविहेण।।१७२।।

जिस कारण दर्शन ज्ञान चारित्र जघन्य भावसे परिणमन करते हैं उस कारण ज्ञानी अनेक प्रकारके पुद्गल कर्मोंसे बँधता है।

भावार्थ -- ज्ञानीको निरास्रव कहनेका कारण यह है कि जब तक इसके क्षयोपशम ज्ञान है तब तक बुद्धिपूर्वक अज्ञानमय राग द्वेष मोहका अभाव है इसलिए निरास्रव है और क्षायोपशमिक ज्ञानके समय दर्शनज्ञानचारित्र जघन्य भावसे परिणमन करते हैं इसलिए अपूर्ण ज्ञानका देखना जानना आचरण करना संभव नहीं होता। दर्शन ज्ञान चारित्रका जो जघन्य भाव का परिणमन होता है उससे ऐसा जान पड़ता है कि इसके अबुद्धिपूर्वक कर्मकलंक विद्यमान है और उससे बंध भी होता है परंतु वह चारित्रमोहके उदयजन्य बंध है, अज्ञानभावजन्य नहीं है। केवलज्ञान होनेपर यह जीव साक्षात् निरास्रव होता है। यद्यपि केवलज्ञान होनेपर भी सयोगकेवली अवस्थामें योगनिमित्तक सातावेदनीयका आस्रव आगममें कहा गया है, परंतु स्थितिबंधादिसे शून्य होनेके कारण उसकी विवक्षा नहीं की गयी है।।१७२।।

आगे द्रव्य प्रत्ययके रहते हुए भी ज्ञानी निरास्रव किस प्रकार है? इसका उत्तर कहते हैं --

---

१. अणाणदंसणगुणेहिं इति पाठान्तरं केचन पठन्ति ज. वृ. । २. अबंधुत्ति।

सव्वे पुव्वणिबद्धा, दु पच्चया संति सम्मदिट्ठिस्स।
उवओगप्पाओगं, बंधंते कम्मभावेण।।१७३।।
संती दु णिरवभोज्जा, बाला इच्छी जहेव पुरुसस्स।
बंधदि ते उवभोज्जे, तरुणी इच्छी जह णरस्स।।१७४।।
होदूण णिरुवभोज्जा, तह बंधदि जह हवंति उवभोज्जा।
सत्तट्ठविहा भूदा, णाणावरणादिभावेहिं।।१७५।।
एदेण कारणेण दु, सम्मादिट्ठी अबंधगो होदि।
आसवभावाभावे, ण पच्चया बंधगा भणिदा।।१७६।।

यद्यपि सम्यग्दृष्टि जीवके पूर्वमें बाँधे हुए सभी मिथ्यात्व आदि प्रत्यय विद्यमान हैं, तथापि विपाकावस्थाद्वारा उपभोगमें आनेपर ही वे रागादि भावोंसे नवीन कर्मोको बाँधते हैं। जिस प्रकार बाला स्त्री जब तक निरुपभोग्य रहती है तब तक वह पुरुषको स्नेहपाशसे नहीं बाँधती, परंतु वही स्त्री तरुणी होकर जब उपभोगके योग्य हो जाती है तब पुरुषको स्नेहपाशसे बाँध लेती है। इसी प्रकार मिथ्यात्वादि प्रत्यय जब तक निरुपभोग रहते हैं अर्थात् विपाकावस्थाको प्राप्त नहीं होते हैं तब तक वे बंध नहीं करते, परंतु जब विपाकावस्थामें आनेसे उपभोग्य हो जाते हैं तब वे रागादि भावोंके द्वारा सात या आठ प्रकारके ज्ञानावरणादि कर्मोंको बाँधने लगते हैं अर्थात् जब आयु कर्मके बंधका अवसर होता है तब आठ कर्मोंको और उसके अनवसरमें सात कर्मोंको बाँधने लगते हैं। इसी कारणसे सम्यग्दृष्टि जीव अबंधक होता है क्योंकि रागादि रूप आस्रवभावके अभावमें प्रत्यय बंधक नहीं कहे गये हैं। १७३-१७६।।

आगे इसीका समर्थन करते हैं --

रागो दोसो मोहो, य आसवा णत्थि सम्मदिट्ठिस्स।
तम्हा आसवभावेण, विणा हेदू ण पच्चया होंति।।१७७।।
हेदू चदुवियप्पो, अट्ठवियप्पस्स कारणं भणिदं।
तेसिं पि य रागादी, तेसिमभावे ण बज्झंति।।१७८।।

राग, द्वेष, मोह ये आस्रव सम्यग्दृष्टिके नहीं हैं इसलिए आस्रवभावके विना द्रव्य प्रत्यय कर्मबंधके कारण नहीं हैं। मिथ्यात्वादि चार प्रकारका हेतु आठ प्रकारके कर्मबंधका कारण कहा गया है और उन चार प्रकारके हेतुओंके कारण रागादि भाव हैं। सम्यग्दृष्टिके चूँकि रागादिका अभाव है अतः उसके कर्मबंध नहीं होता है।।१७७-१७८।।

आगे इसी बातको दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करते हैं --

जह पुरिसेणाहारो, गहिओ परिणमइ सो अणेयविहं।
मंसवसारुहिरादी, भावे उयरग्गिसंजुत्तो।।१७९।।
तह णाणिस्स दु पुव्वं, जे बद्धा पच्चया बहुवियप्पं।
बज्झंते कम्मं ते, णय परिहीणा उ ते जीवा।।१८०।।

जिस प्रकार पुरुषके द्वारा ग्रहण किया हुआ आहार उदराग्निसे संयुक्त होकर अनेक प्रकार मांस, चर्बी, रुधिर आदि भावोंरूप परिणमन करता है उसी प्रकार ज्ञानीके पहले बँधे हुए जो प्रत्यय द्रव्यास्रव हैं वे बहुत भेदोंवाले कर्मोंको बाँधते हैं। वे जीव शुद्ध नयसे छूट जाते हैं।।१७९-१८०।।

इस प्रकार आस्रवका प्ररूपण करनेवाला चतुर्थ अंक पूर्ण हुआ।

***

संवराधिकारः

आगे संवराधिकारमें सर्वप्रथम कर्मोंके संवरका श्रेष्ठ उपाय जो भेदविज्ञान है उसकी प्रशंसा करते हैं --

उवओए उवओगो, कोहादिसु णत्थि कोवि उवओगो।
कोहे कोहो चेव हि, उवओगे णत्थि खलु कोहो।।१८१।।
अट्ठवियप्पे कम्मे, णोकम्मे चावि णत्थि उवओगो।
उवओगम्हि य कम्मं, णोकम्मं चावि णो अत्थि।।१८२।।
एयं तु अविवरीदं, णाणं जइआ उ होदि जीवस्स।
तइया ण किंचि कुव्वदि, भावं उवओगसुद्धप्पा।।१८३।।

उपयोगमें उपयोग है, क्रोधादिमें कोई उपयोग नहीं है। क्रोधमें क्रोध ही है, निश्चयसे उपयोगमें क्रोध नहीं है। आठ प्रकारके कर्ममें और नोकर्ममें उपयोग नहीं है तथा उपयोगमें कर्म और नोकर्म नहीं है। जिस समय जीवके यह अविपरीत ज्ञान होता है उस समय वह उपयोगसे शुद्धात्मा होता हुआ उपयोगके बिना अन्य कुछ भी भाव नहीं करता है।।१८१-१८३।।

आगे भेदविज्ञानसे ही शुद्धात्माकी उपलब्धि किस प्रकार होती है? इसका उत्तर कहते हैं --

जह कणयमग्गितवियं, पि कणयहावं ण तं परिच्चयइ।
तह कम्मोदयतविदो, ण जहदि णाणी उ णाणित्तं।।१८४।।

एवं जाणइ णाणी, अण्णाणी मुणदि रायमेवादं।
अण्णाणतमोच्छण्णो, आदसहावं अयाणंतो।।१८५।।

जिस प्रकार सुवर्ण अग्निसे तपाये जानेपर भी सुवर्णपनेको नहीं छोड़ता है उसी प्रकार कर्मोदयसे तप्त हुआ ज्ञानी ज्ञानीपनेको नहीं छोड़ता है। ज्ञानी इस प्रकार जानता है परंतु अज्ञानी चूँकि अज्ञानरूपी अंधकारसे आच्छादित है अतः आत्मस्वभावको नहीं जानता हुआ रागको ही आत्मा मानता है।।१८४-१८५।।

आगे शुद्धात्माकी उपलब्धिसे ही संवर क्यों होता है? इसका उत्तर कहते हैं --

सुद्धं तु वियाणंतो, सुद्धं चेवप्पयं लहदि जीवो।
जाणंतो दु असुद्धं, असुद्धमेवप्पयं लहइ।।१८६।।

शुद्ध आत्माको जानता हुआ जीव शुद्ध ही आत्माको पाता है और अशुद्ध आत्माको जानता हुआ जीव अशुद्ध ही आत्माको पाता है।।१८६।।

आगे संवर किस प्रकार होता है? इसका उत्तर कहते हैं --

अप्पाणमप्पणा रुंधिऊण दो पुण्णपावजोएसु।
दंसणणाणम्हि ठिदो, इच्छाविरओ य अण्णम्हि।।१८७।।
जो सव्वसंगमुक्को, झायदि अप्पाणमप्पणो अप्पा।
णवि कम्मं णोकम्मं, चेदा चिंतेदि एयत्तं।।१८८।।
अप्पाणं झायंतो, दंसणणाणमओ अणण्णमओ।
लहइ अचिरेण अप्पाणमेव सो कम्मपविमुक्कं।।१८९।।

जो जीव अपने आत्माको अपने आपके द्वारा शुभअशुभरूप दोनों योगोंसे रोककर दर्शनज्ञानमें स्थित हुआ अन्य पदार्थोंमें इच्छारहित है तथा समस्त परिग्रहसे रहित होता हुआ आत्माके द्वारा आत्माका ही ध्यान करता है। कर्म और नोकर्मका ध्यान नहीं करता, किंतु चेतनारूप होकर एकत्व[१] भावका चिंतन करता है वह आत्माका ध्यान करनेवाला, दर्शनज्ञानमय तथा अन्यवस्तुरूप नहीं होनेवाला जीव शीघ्र ही कर्मोंसे रहित आत्माको ही प्राप्त करता है।।१८७-१८९।।*

---

१. एकोऽहं निर्ममः शुद्धो ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः।
बाह्याः संयोगजा भावा मत्तः सर्वेऽपि सर्वथा।। ज. वृ.।

* १८९ गाथाके आगे ज. वृ. में निम्नांकित दो गाथाओंकी व्याख्या अधिक की गयी है --
उवदेसेण परोक्खं रूवं जह पस्सिदूण णादेदि।
भण्णदि तहेव घिप्पदि जीवो दिट्ठो य णादो य।।
कोविदिदच्छो साहू संपडिकाले भणिज्ज रूवमिणं।
पच्चक्खमेव दिट्ठं परोक्खणाणे पवट्टंतं।। ज. वृ.।

आगे किस क्रमसे संवर होता है यह कहते हैं --

तेसिं हेऊ [१] भणिदा, अज्झवसाणाणि सव्वदरिसीहिं।
मिच्छत्तं अण्णाणं, अविरयभावो य जोगो य।।१९०।।
हेउ अभावे णियमा, जायदि णाणिस्स आसवणिरोहो।
आसवभावेण विणा, जायदि कम्मस्स वि णिरोहो।।१९१।।
कम्मस्साभावेण य, णोकम्माणं पि जायइ णिरोहो।
णोकम्मणिरोहेण य, संसारणिरोहणं होइ।।१९२।।

पूर्वमें कहे हुए उन रागद्वेषादि आस्रवोंके हेतु सर्वज्ञदेवने मिथ्यात्व, अज्ञान, अविरतभाव और योग ये चार अध्यवसानभाव कहे हैं। ज्ञानी जीवके इन हेतुओंका अभाव होनेके कारण नियमसे आस्रवका निरोध होता है, आस्रवभावके विना कर्मोंका भी निरोध हो जाता है, कर्मोंका अभाव होनेसे नोकर्मोंका भी निरोध हो जाता है और नोकर्मोंका निरोध होनेसे संसारका निरोध हो जाता है।।१९०-१९२।।

इस प्रकार पाँचवाँ संवर अधिकार पूर्ण हुआ।।

*

१. हेदू ज. वृ.

निर्जराधिकारः

आगे निर्जराका स्वरूप कहते हैं --

उवभोगमिंदियेहिं, दव्वाणं चेदणाणमिदराणं।
जं कुणदि सम्मदिट्ठी, तं सव्वं णिज्जरणिमित्तं।।१९३।।

सम्यग्दृष्टि जीव जो इंद्रियोंके द्वारा चेतन और अचेतन द्रव्योंका उपभोग करता है वह सब ही निर्जराका निमित्त है।।१९३।।

आगे भावनिर्जराका स्वरूप बतलाते हैं --

दव्वे उवभुंजंते, णियमा जायदि सुहं च दुक्खं वा।
तं सुहदुक्खमुदिण्णं, वेदयदि अहणिज्जरं जादि।।१९४।।

जब जीव उदयागत द्रव्यकर्मका उपभोग करता है तब नियमसे सुख दुःख उत्पन्न होते हैं। सम्यग्दृष्टि जीव उत्पन्न हुए उस सुख दुःखका सिर्फ वेदन करता है, किंतु तन्मय नहीं होता है इसलिए वह निर्जराको प्राप्त होता है।।१९४।।

आगे ज्ञानकी सामर्थ्य दिखाते हैं --

जस विसमुवभुज्जंतो, वेज्जो पुरिसो ण मरणमुवयादि।
पोग्गलकम्मस्सुदयं, तह भुंजदि णेव बज्झए णाणी।।१९५।।

जिस प्रकार वैद्य विषका उपभोग करता हुआ भी मरणको प्राप्त नहीं होता है उसी प्रकार ज्ञानी जीव यद्यपि पुद्गल कर्मके उदयका उपभोग करता है तो भी बंधको प्राप्त नहीं होता।।१९५।।

आगे वैराग्यकी सामर्थ्य दिखाते हैं --

जह मज्जं पिवमाणो, अरदिभावेण मज्जदि ण पुरिसो।
दव्वुवभोगे अरदो, णाणी विण बज्झदि तहेव।।१९६।।

जिस प्रकार अरतिभावसे प्रीतिके बिना ही मदिराको पीनेवाला पुरुष मत्त नहीं होता है उसी प्रकार द्रव्यकर्मके उपभोगमें रत नहीं होनेवाला ज्ञानी पुरुष बंधको प्राप्त नहीं होता है।।१९६।।

आगे यही बात दिखलाते हैं --

सेवंतोवि ण सेवइ, असेवमाणोवि सेवगो कोई।
पगरणचेट्ठा कस्सवि, ण य पायरणोत्ति सो होई[१]।।१९७।।

---

१. होदि ज. वृ. ।

कोई पुरुष विषयोंका सेवन करता हुआ भी सेवन नहीं करता है और कोई सेवन न करता हुआ भी सेवन करनेवाला है। जैसे किसी मनुष्यके कार्य करनेकी चेष्टा तो है अर्थात् प्रकरण संबंधी समस्त कार्य करता है परंतु वह प्रकरणका स्वामी है ऐसा नहीं होता।।१९७।।

आगे सम्यग्दृष्टि जीव सामान्यरूपसे निज और परको इसप्रकार जानता है यह कहते हैं --

उदयविवागो विविहो, कम्माणं वण्णिओ जिणवरेहिं।
ण दु ते मज्झ सहावा, जाणगभावो दु अहमिक्को।।१९८।।

कर्मोंके जो विविध प्रकारके उदयरस जिनेंद्रभगवानने कहे हैं वे मेरे स्वभाव नहीं हैं, मैं तो एक ज्ञायकभावरूप हूँ।

आगे सम्यग्दृष्टि जीव विशेषरूपसे निज और परके उदयको इस प्रकार जानता है यह कहते हैं --

पुग्गलकम्मं [१]रागो, तस्स विवागोदओ हवदि एसो।
ण दु एस मज्झ भावो, जाणगभावो हु अहमिक्को।।१९९।।

राग नामका पुद्गल कर्म है। यह रागभाव उसीके विपाकका उदय है। यह मेरा स्वभाव नहीं है, मैं तो एक ज्ञायकभावरूप हूँ।।१९९।। [२]

आगे इसका फलितार्थ कहते हैं --

एवं [३]सम्मद्दिट्ठी, अप्पाणं मुणदि जाणयसहावं।
उदयं कम्मविवागं, य मुअदि तच्चं वियाणंतो।।२००।।

इस प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव अपने आपको ज्ञायक स्वभाव जानता है और तत्त्वको -- वस्तुके यथार्थ स्वरूपको जानता हुआ उदयागत रागादिभावको कर्मका विपाक जानकर छोड़ता है।।२००।।

आगे सम्यग्दृष्टि रागी क्यों नहीं होता है? इसका उत्तर कहते हैं --

परमाणुमित्तयं पि हु, रायादीणं तु विज्जदे जस्स।
ण वि सो जाणदि अप्पाणयं तु सव्वागमधरोवि।।२०१।।

---

१. कोहो ज. वृ. ।

एवमेव च रागपदपरिवर्तनेन द्वेषमोहक्रोधमानमायालोभकर्मनोकर्ममनोवचनकायश्रोत्रचक्षुर्घ्राणरसनस्पर्शनसूत्राणि षोडश व्याख्येयानि।। ज. वृ.

२. ज. वृ. में १९९ के आगे निम्न गाथा अधिक उपलब्ध है --

कह एस तुज्झ ण हवदि विविहो कम्मोदयफलविवागो।
परदव्वाणुवओगो ण दु देहो हवदि अण्णाणी।।

३. सम्माइट्ठं ज. वृ. ।

अप्पाणमयाणंतो, अणप्पयं चावि सो अयाणंतो।
कह होदि सम्मदिट्ठी, जीवाजीवे अयाणंतो।।२०२।। जुम्मं

निश्चयसे जिस जीवके रागादिका परमाणुमात्र भी -- लेशमात्र भी विद्यमान है वह सर्वागमका धारी होकर भी आत्माको नहीं जानता है। और जो आत्माको नहीं जानता है वह आत्मासे भिन्न परपदार्थको भी नहीं जानता है। इसप्रकार जो जीव अजीव दोनोंको नहीं जानता है वह सम्यग्दृष्टि कैसे हो सकता है? ।।२०१-२०२।।

आगे वह पद क्या है? इसका उत्तर देते हैं --

आदम्हि दव्वभावे, [१]अपदे मोत्तूण गिण्ह [२]तह णियदं।
थिरमेगमिमं भावं, उवलब्भंतं सहावेण।।२०३।।

आत्मामें पर निमित्तसे हुए अपदरूप द्रव्यभावरूप सभी भावोंको छोड़कर निश्चिंत स्थिर एक तथा स्वभाव द्वारा उपलभ्यमान इस चैतन्यमात्र भावको तू ग्रहण कर।।२०३।।

आगे कहते हैं कि ज्ञान सामान्य रूपसे एक प्रकारका ही है। उसमें जो भेद हैं वे क्षयोपशम निमित्तसे हैं --

आभिणिसुदोहिमणकेवलं च तं होदि एक्कमेव पदं।
सो एसो परमट्ठो, जं लहिदुं णिव्वुदिं जादि।।२०४।।

मतिज्ञान, श्रुतज्ञान, अवधिज्ञान, मनःपर्ययज्ञान और केवलज्ञान ये जो ज्ञानके भेद हैं वे वास्तवमें एकही पद हैं -- एक ही सामान्य ज्ञानस्वरूप हैं। और यही परमार्थ है जिसे पाकर जीव निर्वाणको प्राप्त होता है।।२०४।।

आगे इसी अर्थका उपदेश करते हैं --

णाणगुणेण विहीणा, एयं तु पयं बहूवि ण लहंति।
तं गिण्ह [३]णियदमेदं, जदि इच्छसि कम्मपरिमोक्खं।।२०५।।

यदि तू कर्मसे सर्वथा छुटकारा चाहता है तो इस निश्चित ज्ञानको ग्रहण कर, क्योंकि ज्ञानगुणसे रहित बहुत पुरुष इस पदको नहीं पाते हैं।।२०५।।

आगे फिर इसी बातको पुष्ट करते हैं --

एदम्हि रदो णिच्चं, संतुट्ठो होहि णिच्चमेदम्हि।
एदेण होहि तित्तो, होहदि तुह उत्तमं सोक्खं।।२०६।।

---

१. अथिरे ज. वृ. । २. तव ज. वृ.। ३. सुपदमेदं ज. वृ.।

हे भव्य! तू निरंतर इस ज्ञानमें रत हो, इसीमें निरंतर संतुष्ट रह, इसीसे तृप्त हो, क्योंकि ऐसा करनेसे ही तुझे उत्तम सुख होगा।।२०६।।

आगे ज्ञानी परद्रव्यको क्यों नहीं ग्रहण करता? इसका उत्तर कहते हैं --

को णाम भणिज्ज बुहो, परदव्वं मम[1] इमं हवदि दव्वं।
अप्पाणमप्पणो परिगहं तु णियदं वियाणंतो।।२०७।।

नियमसे आत्माको ही अपना परिग्रह माननेवाला कौन विद्वान् ऐसा कहेगा कि यह परद्रव्य मेरा द्रव्य है?।।२०७।।

आगे युक्ति द्वारा इसका समर्थन करते हैं --

मज्झं परिग्गहो जइ, तदो अहमजीवदं तु गच्छेज्ज।
णादेव अहं जम्हा, तम्हा ण परिग्गहो मज्झ।।२०८।।

यदि परद्रव्य मेरा परिग्रह हो तो मैं अजीवपनेको प्राप्त हो जाऊँ, पर चूँकि मैं ज्ञाता हूँ अतः परद्रव्य मेरा परिग्रह नहीं है।।२०८।।

आगे शरीरादि परद्रव्य मेरा परिग्रह किसी भी प्रकार नहीं हो सकता यह कहते हैं --

छिज्जदु वा भिज्जदु वा, णिज्जदु वा अहव जादु विप्पलयं।
जम्हा तम्हा गच्छदु, लहवि हु ण परिग्गहो मज्झ।।२०९।।

ज्ञानी जीव ऐसा विचार करता है कि शरीरादि परद्रव्य छिद जावे, भिद जावे, कोई इसे ले जावे, अथवा विनाशको प्राप्त हो जावे अथवा जिस तिस तरह चली जावे तो भी मेरा परिग्रह नहीं है।।२०९।।

आगे इस अपरिग्रह भावको दृढ़ करनेके लिए पृथक् पृथक् वर्णन करते हैं --

अपरिग्गहो अणिच्छो, भणिदो णाणी य णिच्छदे धम्मं।
अपरिग्गहो दु धम्मस्स जाणगो तेण सो होई।।२१०।।

ज्ञानी परिग्रह रहित है इसलिए इच्छासे रहित कहा गया है। वह चूँकि इच्छारहित है अतः धर्मकी इच्छा नहीं करता। इसीलिए उसके धर्मका परिग्रह नहीं है, वह केवल धर्मका ज्ञायक है।।२१०।।

अपरिग्गहो अणिच्छो, भणिदो णाणी य णिच्छदि अधम्मं।
अपरिग्गहो अधम्मस्स, जाणगो तेण सो होई।।२११।।

ज्ञानी परिग्रहहीन तथा इच्छारहित कहा गया है इसलिए वह अधर्मकी इच्छा नहीं करता। उसके अधर्मका परिग्रह नहीं है, वह तो सिर्फ अधर्मका ज्ञायक है।।२११।।[2]

---

१. ममिमदं ज. वृ.। २. २११ वीं गाथाके आगे ज. वृ. में निम्नांकित गाथा अधिक है --

धम्मच्छि अधम्मच्छी आयासं सुत्तमंगपुव्वेसु।
संगं च तहा णेयं देवमणुअत्तिरिय णेरइयं।।

अपरिग्गहो अणिच्छो, भणिदो [१] णाणी य णिच्छदे असणं।
अपरिग्गहो दु असणस्स, जाणगो तेण सो होई।।२१२।।

ज्ञानी परिग्रहहीन तथा इच्छारहित कहा गया है इसलिए वह भोजनकी इच्छा नहीं करता। उसके भोजनका परिग्रह नहीं है, वह तो सिर्फ भोजनका ज्ञायक है।।२१२।।

अपरिग्गहो अणिच्छो, भणिदो णाणी य णिच्छदे पाणं।
अपरिग्गहो दु पाणस्स, जाणगो तेण सो होई।।२१३।।

ज्ञानी परिग्रहहीन तथा इच्छारहित कहा गया है इसलिए वह पानकी इच्छा नहीं करता। उसके पानका परिग्रह नहीं है, वह तो सिर्फ पानका ज्ञायक है।।२१३।।

आगे कहते हैं कि ज्ञानी जीव इसी प्रकार अन्य परजन्य भावोंकी इच्छा नहीं करता है --

एमादिए [२] दु विविहे, सव्वे भावे य णिच्छदे णाणी।
जाणगभावो णियदो, णीरालंबो दु सव्वत्थ।।२१४।।

इनको आदि लेकर विविध प्रकारके समस्त भावोंको ज्ञानी जीव नहीं चाहता है। वह नियमसे ज्ञायकभाव है और अन्य सब वस्तुओं में आलंबनरहित है।।२१४।।

उप्पण्णोदयभोगी [३], विओगबुद्धीए तस्स सो णिच्चं।
कंखामणागयस्स य, उदयस्स ण कुव्वए णाणी।।२१५।।

ज्ञानी जीवके वर्तमानकालीन उदयका भोग निरंतर वियोगबुद्धिसे उपलक्षित रहता है अर्थात् वर्तमान भोगको नश्वर समझकर वह उसमें परिग्रहबुद्धि नहीं करता और अनागत -- भविष्यत्कालीन भोगकी वह आकांक्षा नहीं करता।

भावार्थ -- भोग तीन प्रकारका है -- १. अतीत, २. वर्तमान और ३. अनागत। उनमें जो अतीत हो चुका है उसमें परिग्रह बुद्धि होना शक्य नहीं है। वर्तमान भोगको ज्ञानी जीव वियुक्त हो जानेवाला मानता है इसलिए उसमें परिग्रहभाव धारण नहीं करता तथा अनागत भोगमें आकांक्षारहित होता है। इसलिए तत्संबंधी परिग्रह भी उसके संभव नहीं है। इस प्रकार स्वसंवेदन ज्ञानी जीव निष्परिग्रह है यह बात सिद्ध होती है।।२१५।।

आगे ज्ञानी जीव भोगकी आकांक्षा क्यों नहीं करता? इसका उत्तर देते हैं --

जो वेददि वेदिज्जदि, समए-समए विणस्सदे उहयं।
तं जाणगो दु णाणी, उभयं पि ण कंखइ कयावि।।२१६।।

---

१. भणिदो असणं तु णिच्छदे णाणी। ज. वृ.। २. इव्वादु एदु ज. वृ.। ३. उप्पोदयभोगे ज. वृ.।

जो वेदन करता है और जिसका वेदन किया जाता है वे दोनों भाव समय समयमें नष्ट होते रहते हैं। अर्थात् वेद्य-वेदक भाव क्रमसे होते हैं, अतः एक समयसे अधिक देरतक अवस्थित नहीं रहते। ज्ञानी जीव उन दोनों भावोंको जाननेवाला ही है, वह उनकी कभी भी आकांक्षा नहीं करता है।।२१६।।

आगे इस प्रकारके सभी उपभोगोंसे ज्ञानी विरक्त रहता है यह कहते हैं --

बंधुवभोगणिमित्ते, अज्झवसाणोदएसु णाणिस्स।
संसारदेहविसएसु, णेव उप्पज्जदे रागो।।२१७।।

बंध और उपभोगके निमित्तभूत, संसार और शरीरविषयक अध्यवसानके जो उदय हैं उनमें ज्ञानी जीवके राग उत्पन्न नहीं ही होता है।।२१८।।

आगे ज्ञानी कर्मबंधसे रहित होता है यह कहते हैं --

णाणी रागप्पजहो, सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।
णो लिप्पदि रजएण दु, कद्दममज्झे जहा कणयं।।२१८।।
अण्णाणी पुण रत्तो, सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो।
लिप्पदि कम्मरएण दु, कद्दममज्झे जहा लोहं।।२१९।। [१]

ज्ञानी सब द्रव्योंमें रागका छोड़नेवाला है, इसलिए कर्मके मध्यगत होनेपर भी कर्मरूपी रजसे उस प्रकार लिप्त नहीं होता जिस प्रकार कि कीचड़के बीचमें पड़ा हुआ सोना। परंतु अज्ञानी सब द्रव्योंमें रागी है अतः कर्मोंके मध्यगत होता हुआ कर्मरूपी रजसे उस प्रकार लिपा होता है जिस प्रकार कि कीचड़के बीचमें पड़ा हुआ लोहा।।२१८-२१९।। [१]

आगे इसी बातको शंखके दृष्टांतसे स्पष्ट करते हैं --

भुंजंतस्सवि विविहे, सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।
संखस्स सेदभावो, णवि सक्कदि किण्णगो काउं।।२२०।।
तह णाणिस्स वि विविहे, सच्चित्ताचित्तमिस्सिए दव्वे।
भुंजंतस्सवि णाणं, ण सक्कमण्णाणदं णेदुं।।२२१।।

---

१. २१९ वीं गाथाके आगे ज. वृ. में निम्नलिखित श्लोकोंकी व्याख्या अधिक उपलब्ध है --

णागफलीए मूलं णाइणितोएण गब्भणागेण।
णागं होइ सुवण्णं धम्मंतं भच्छवाएण।।
कम्मं हवेइ किट्टं रागादि कालिया अह विभाओ।
सम्मंणाणचरणं परमोसहमिदि वियाणाहि।।
झाणं हवेइ अग्गी तवमरणं भत्तली समक्खादो।
जीवो हवेइ लोहं धमियव्वो परम जोईहिं।।

जइया स एव संखो, सेद सहावं तयं पजहिदूण।
गच्छेज्ज किण्हभावं, तइया सुक्कत्तणं पजहे।।२२२।।[१]
तह णाणी वि हु जइया, णाणसहावं तयं पजहिऊण।
अण्णाणेण परिणदो, तइया अण्णाणदं गच्छे।। २२३।।

जिस प्रकार यद्यपि शंख विविध प्रकारके सचित्त अचित्त और मिश्र द्रव्योंका भक्षण करता है तो भी उसका श्वेतपना काला नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार यद्यपि ज्ञानी विविध प्रकारके सचित्त अचित्त और मिश्र द्रव्योंका उपभोग करता है तो भी उसका ज्ञान अज्ञानताको प्राप्त नहीं कराया जा सकता। और जिस समय वही शंख उस श्वेत स्वभावको छोड़कर कृष्ण भावको प्राप्त हो जाता है उस समय वह जिस श्वेतपनेको छोड़ देता है उसी प्रकार ज्ञानी जिस समय उस ज्ञानस्वभावको छोड़कर अज्ञानस्वभावसे परिणत होता है उस समय अज्ञानभावको प्राप्त हो जाता है।

भावार्थ -- ज्ञानीके परकृत बंध नहीं है, वह आपही जब अज्ञानरूप परिणमन करता है तब स्वयं निजके अपराधसे बंधदशाको प्राप्त होता है।।२२०-२२३।।

आगे सराग परिणामोंसे बंध और वीतराग परिणामोंसे मोक्ष होता है यह दृष्टांत तथा दार्ष्टांतके द्वारा स्पष्ट करते हैं --

पुरिसो जह कोवि इह, वित्तिणिमित्तं तु सेवए रायं।
तो सोवि देदि राया, विविहे भोए सुहुप्पाए।।२२४।।
एमेव जीवपुरिसो, कम्मरयं सेवदे सुहणिमित्तं।
तो सोवि देइ कम्मो, विविहे भोए सुहुप्पाए।।२२५।।
जह पुण सो चिय पुरिसो, वित्तिणिमित्तं ण सेवदे रायं।
तो सो ण देइ राया, विविहे भोए सुहुप्पाए।।२२६।।
एमेव सम्मदिट्ठी, विसयत्थं सेवए ण कम्मरयं।
तो सो ण देइ कम्मो, विविहे भोए सुहुप्पाए।।२२७।।

जिस प्रकार इस लोकमें कोई पुरुष आजीविकाके निमित्त राजाकी सेवा करता है तो राजा भी उसके लिए सुख उपजानेवाले विविध प्रकारके भोग देता है, इसी प्रकार जीव नामा पुरुष सुखके निमित्त

---

१. २२२ और २२३ के मध्य ज. वृ. में निम्न गाथा अधिक उपलब्ध है --
जह संखो पोग्गलदो जइया सुक्कत्तणं पजाहेदूण।
गच्छेज्ज किण्हभावं तइया सुक्कत्तणं पजहे।।

कर्मरूपी रजकी सेवा करता है तो वह कर्मरूपी रज भी उसके लिए सुख उपजानेवाले विविध प्रकारके सुख देता है। जिस प्रकार वही पुरुष वृत्ति के निमित्त राजा की सेवा नहीं करता है तो राजा उसके लिए सुख उपजानेवाले विविध प्रकारके भोग नहीं देता है इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव विषयोंके लिए कर्मरूपी रज की सेवा नहीं करता है तो वह कर्मरूपी रज भी उसके लिए सुख उपजानेवाले विविध प्रकारके भोग नहीं देता है।।२२४-२२७।।

आगे सम्यग्दृष्टि जीव निःशंक तथा निर्भय होता है यह कहते हैं --

सम्मद्दिट्ठी जीवा, णिस्संका होंति णिब्भया तेण।
सत्तभयविप्पमुक्का, जम्हा तम्हा दु णिस्संका।।२२८।।

सम्यग्दृष्टि जीव चूँकि शंकारहित होते हैं इसलिए निर्भय हैं और चूँकि सप्तभयसे रहित हैं इसलिए शंकारहित हैं।

भावार्थ -- निर्भयता और निःशंकपनेमें परस्पर कार्यकारण भाव है।।२२८।।

आगे निःशंकित अंगका स्वरूप कहते हैं --

जो चत्तारिवि पाए, छिंदंति ते [१]कम्मबंधमोहकरे।
सो णिस्संको चेदा, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२२९।।

जो आत्मा कर्मबंधके कारण मोहके करनेवाले उन मिथ्यात्व आदि पापोंको काटता है उसे निःशंक सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२२९।।

आगे निःकांक्षित अंगका स्वरूप कहते हैं --

[२]जो दु ण करेदि कंखं, कम्मफलेसु तह सव्वधम्मेसु।
सो णिक्कंखो चेदा, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३०।।

जो आत्मा कर्मोंके फलोंमें तथा वस्तुके स्वभावभूत समस्त धर्मोंमें वांछा नहीं करता है उसे निःकांक्षित सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३०।।

आगे निर्विचिकित्सित अंगका स्वरूप कहते हैं --

जो ण करेदि जुगुप्पं, चेदा सव्वेसिमेव धम्माणं।
सो खलु णिव्विदिगिच्छो[३], सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३१।।

जो जीव वस्तुके सभी धर्मोंमें ग्लानि नहीं करता उसे निश्चयसे निर्विचिकित्सित सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३१।।

आगे अमूढदृष्टि अंगका स्वरूप कहते हैं --

---

१. मोहबाध करे ज. वृ. । २. जो ण करेदि दु कंखं ज. वृ. । ३. गिंछो ज. वृ. ।

[१]जो हवइ असंमूढो, चेदा सद्दिट्ठि सव्वभावेसु।
सो खलु अमूढदिट्ठी, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३२।।

जो जीव सब भावोंमें मूढ़ नहीं होता हुआ यथार्थ दृष्टिवाला होता है उसे निश्चयसे अमूढ़दृष्टि सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३२।।

आगे उपगूहन अंग का लक्षण कहते हैं --

जो सिद्धभत्तिजुत्तो, उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं।
सो [२]उवगूहणकारी, सम्मादिट्ठी [३]मुणेयव्वो।।२३३।।

जो सिद्धभक्तिसे युक्त हो समस्त धर्मोंका उपगूहन करनेवाला हो उसे उपगूहन अंगका धारी सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३३।।

आगे स्थितिकरण अंगका लक्षण कहते हैं --

उम्मंगं गच्छंतं, [४]सगंपि मग्गे ठवेदि जो चेदा।
सो ठिदिकरणाजुत्तो, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३४।।

जो जीव न केवल परको किंतु उन्मार्गमें जानेवाले अपने आत्माको भी समीचीन मार्गमें स्थापित करता है उसे स्थितिकरण अंगसे युक्त सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३४।।

आगे वात्सल्य अंगका स्वरूप कहते हैं --

जो कुणदि वच्छलत्तं, तियेह [५] साहूण मोक्खमग्गम्मि।
सो वच्छलभावजुदो, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३५।।

जो जीव, आचार्य उपाध्याय तथा साधुरूप मुनियोंके त्रिकमें और सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र स्वरूप मोक्षमार्गमें वत्सलता करता है उसे वात्सल्यभावसे युक्त सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३५।।

आगे प्रभावना अंगका स्वरूप कहते हैं --

विज्जारहमारूढो, मणोरहपहेसु[६] भमइ जो चेदा।
सो जिणणाणपहावी, सम्मादिट्ठी मुणेयव्वो।।२३६।।

जो जीव विद्यारूपी रथपर आरूढ होकर मनरूपी रथके मार्गमें भ्रमण करता है उसे जिनेंद्रदेवके ज्ञानकी प्रभावना करनेवाला सम्यग्दृष्टि जानना चाहिए।।२३६।।

इस प्रकार निर्जराधिकार पूर्ण हुआ।

*

१. जो हवदि अंमूढो चेदा सव्वेसु कम्मभावेसु। ज. वृ.। २. उपगूहणगारी ज. वृ.। ३. मुणेदव्वो ज. वृ.।
४. शिवमग्गे ज. वृ.। ५. तिण्हे ज. वृ.। ६. मणोहरएसु हणदि जो चेदा ज. वृ.।

बन्धाधिकारः

आगे बंधका कारण कहते हैं

जह णाम कोवि पुरिसो, णेहभत्तो दु रेणुबहुलम्मि।
ठाणम्मि ठाइदूण य, करेइ सत्थेहि वायामं।।२३७।।
छिंददि भिंददि य तहा, तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।
सच्चित्ताचित्ताणं, करेइ दव्वाणमुवघायं।।२३८।।
उवघायं कुव्वंतस्स, तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतिज्ज हु, किं पच्चयगो दु रयबंधो।।२३९।।
जो सो दु णेहभावो, तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं, ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं।।२४०।।
एवं मिच्छादिट्ठी, वट्टंतो बहुविहासु चिट्ठासु।
रायाई उवओगे, कुव्वंतो लिप्पइ रयेण।।२४१।।

यह प्रकट है कि जिस प्रकार शरीरमें तेल लगाये हुए कोई पुरुष बहुत धूलिवाले स्थानमें स्थित होकर शस्त्रोंद्वारा व्यायाम करता है तथा ताल तमाल केला बाँस अशोक आदि वृक्षोंको छेदता है भेदता है, सचित्त अचित्त पदार्थोंका उपघात करता है। इस प्रकार नाना प्रकारके करणोंसे उपघात करनेवाले उस पुरुषके निश्चयसे विचारो कि रजका बंध किंनिमित्तक है? उस मनुष्यमें जो स्नेहभाव है अर्थात् तेल के संबंधसे जो चिकनाई है उसीसे रजका बंध होता है यह निश्चयसे जानना चाहिए, शरीरकी अन्य चेष्टाओंसे रजका बंध नहीं होता है। इसी प्रकार मिथ्यादृष्टि जीव जो कि बहुत प्रकारकी चेष्टाओंमें वर्तमान है तथा अपने उपयोगमें रागादि भावोंको कर रहा है कर्मरूपी रजसे लिप्त होता है।।२३७-२४१।।

आगे उपयोगमें रागादिभाव न होनेसे सम्यग्दृष्टिके कर्मबंध नहीं होता है यह उदाहरण द्वारा स्पष्ट करते हैं --

जह पुण सो चेव णरो, णेहे सव्वम्हि अवणिये संते।
रेणुबहुलम्मि ठाणे, करेदि सत्थेहिं वायामं।।२४२।।
छिंददि भिंददि य तहा, तालीतलकयलिवंसपिंडीओ।
सच्चित्ताचित्ताणं, करेइ दव्वाणमुवघायं।।२४३।।

उवघायं कुव्वंतस्स, तस्स णाणाविहेहिं करणेहिं।
णिच्छयदो चिंतिज्जहु, किंपच्चयगो ण रयबंधो।।२४४।।
जो सो दुणेहभावो, तम्हि णरे तेण तस्स रयबंधो।
णिच्छयदो विण्णेयं, ण कायचेट्ठाहिं सेसाहिं।।२४५।।
एवं सम्मादिट्ठी, वट्टंतो बहुविहेसु जोगेसु।
अकरंतो उवओगे, रागाइ ण लिप्पइ रयेण।।२४६।।

जिस प्रकार फिर वही पुरुष समस्त चिकनाईके दूर किये जानेपर बहुत धूलिवाले स्थानमें शस्त्रोंद्वारा व्यायाम करता है तथा ताल तमाल केला बाँस अशोक आदि वृक्षोंको छेदता है भेदता है, सचित्त-अचित्त पदार्थोंका उपघात करता है। यहाँ नाना प्रकारके करणोंसे उपघात करनेवाले उस पुरुषके निश्चयसे विचारो कि रजका बंध नहीं हो रहा है सो किंनिमित्तक है? उस मनुष्यमें जो चिकनाई थी उसीसे रजका बंध होता था, शरीरकी अन्य चेष्टाओंसे नहीं। यह निश्चयसे जानना चाहिए। अब चूँकि उस चिकनाईका अभाव हो गया है अतः रजका बंधभी दूर हो गया है। इसी प्रकार सम्यग्दृष्टि जीव जो कि यद्यपि बहुत प्रकारके योगोंमें -- मन वचन कायके व्यापारोंमें प्रवर्तमान है तथापि उपयोगमें रागादि भाव नहीं करता है इसलिए कर्मरूपी रजसे लिप्त नहीं होता है।।२४२-२४६।।

आगे अज्ञानी और ज्ञानी जीवकी विचारधारा प्रकट करते हैं --

जो मण्णदि हिंसामि य, हिंसिज्जामि य परेहिं सत्तेहिं।
सो मूढो अण्णाणी, णाणी एत्तो दु विवरीदो।।२४७।।

जो पुरुष ऐसा मानता है कि मैं पर जीवको मारता हूँ और पर जीवोंके द्वारा मैं मारा जाता हूँ वह मूढ़ है, अज्ञानी है और जो इससे विपरीत है वह ज्ञानी है।।२४७।।

आगे उक्त विचार अज्ञान क्यों है? इसका उत्तर देते हैं --

आउक्खयेण मरणं, जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
आउं ण हरेसि तुमं, कह ते मरणं कयं तेसिं।।२४८।।
[१] आउक्खयेण मरणं, जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
आउं न हरंति तुहं, कह ते मरणं कयं तेहिं।।२४९।।

जीवोंका मरण आयुके क्षयसे होता है ऐसा जिनेंद्रदेवने कहा है, तुम किसी जीवकी आयुका हरण नहीं करते हो, फिर तुमने मरण कैसे किया? आयुके क्षयसे जीवोंका मरण होता है ऐसा जिनेंद्रदेवने कहा है।

---

१. यह गाथा ज. वृ. में नहीं है।

परजीव तुम्हारी आयुका हरण नहीं कर सकते, तब फिर उनके द्वारा तुम्हारा मरण किस तरह किया जा सकता है?।।२४८-२४९।।

आगे मरणसे विपरीत जीवित रहनेका जो अध्यवसाय है वह भी अज्ञान है ऐसा कहते हैं -

[१]जो मण्णदि जीवेमि य, जीविज्जामि य परेहिं सत्तेहिं।
सो मूढो अण्णाणी, णाणी एत्तो दु विपरीदो।।२५०।।

जो ऐसा मानता है कि मैं पर जीवोंको जीवित करता हूँ और पर जीवोंके द्वारा मैं जीवित होता हूँ वह मूढ़ है, अज्ञानी है और इससे जो विपरीत है वह ज्ञानी है।।२५०।।

आगे उक्त विचार अज्ञान क्यों है? इसका उत्तर कहते हैं --

आऊदयेण जीवदि, जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।
आउं च ण देसि तुमं, कहं तए जीवियं कयं तेसिं।।२५१।।
[२]आऊदयेण जीवदि, जीवो एवं भणंति सव्वण्हू।
आउं च ण दिंति तुहं, कहं णु ते जीवियं कयं तेहिं।।२५२।।

जीव आयु के उदयसे जीवित रहता है ऐसा सर्वज्ञदेव कहते हैं। तुम किसीको आयु नहीं देते फिर तुमने उसका जीवन कैसे किया? आयुके उदयसे जीव जीवित रहता है ऐसा सर्वज्ञदेव कहते हैं। तुम्हें कोई आयु नहीं देता फिर उनके द्वारा तुम्हारा जीवन कैसे किया गया?।।२५१-२५२।।

आगे किसीको दुःखी-सुखी करनेका जो विचार है उसकी भी यही गति है यह कहते हैं --

जो अप्पणा दु मण्णदि, दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्तेति।
सो मूढो अण्णाणी, णाणी सत्तो दु विवरीदो।।२५३।।

जो ऐसा मानता है कि मैं अपने द्वारा दूसरे जीवोंको दुःखी-सुखी करता हूँ, वह मूढ़ है, अज्ञानी है और इससे जो विपरीत है वह ज्ञानी है।।२५३।।

आगे उक्त विचार अज्ञान क्यों है? इसका उत्तर देते हैं --

[३]कम्मोदएण जीवा, दुक्खिद सुहिदा हवंति जदि सव्वे।
कम्मं च ण देसि तुमं, दुक्खिदसुहिदा कहं कया ते।।२५४।।
कम्मोदएण जीवा, दुक्खिद सुहिदा हवंति जदि सव्वे।
कम्मं च ण दिंति तुहं, कदोसि कहं दुक्खिदो तेहिं।।२५५।।

---

१. यह गाथा ज. वृ.में नहीं है। २. यह गाथा भी ज. वृ. में नहीं है।

३.'कम्मणिमित्तं सव्वे दुक्खिदसुहिवा हवंति जदि सत्ता' ज. वृ.

कम्मोदएण जीवा, दुक्खिद सुहिदा हवंति जदि सव्वे।
कम्मं च ण दिंति तुहं, कह तं सुहिदो कदो तेहिं।।२५६।।

सब जीव कर्मके उदयसे यदि दुःखी-सुखी होते हैं तो तू उन्हें कर्म नहीं देता है, फिर तेरे द्वारा वे कैसे दुःखी-सुखी किये गये? यदि कर्मके उदयसे सब जीव दुःखी-सुखी होते हैं तो अन्य जीव तुझे कर्म तो देते नहीं, फिर उनके द्वारा तू दुःखी कैसे किया गया? यदि समस्त जीव कर्मके उदयसे दुःखी-सुखी होते हैं तो अन्य जीव तुझे कर्म तो देते नहीं, फिर तू उनके द्वारा सुखी कैसे किया गया?।।२५४-२५६।।

आगे इसी अर्थको फिर कहते हैं --

जो मरइ जो य दुहिदो, जायदि कम्मोदयेण सो सव्वो।
तम्हा दु मारिदो दे, दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा।।२५७।।
जो ण मरदि ण य दुहिदो, [१]सो वि य कम्मोदयेण चेव खलु।
तम्हा ण मारिदो णो, दुहाविदो चेदि ण हु मिच्छा।।२५८।।

जो मरता है और जो दुःखी होता है वह सब अपने कर्मोदयसे होता है इसलिए अमुक व्यक्ति तेरे द्वारा मारा गया तथा अमुक व्यक्ति दुःखी किया गया यह अभिप्राय क्या मिथ्या नहीं है? मिथ्या ही है। जो नहीं मरता है और नहीं दुःखी होता है वह सब यथार्थमें अपने कर्मोदयसे होता है इसलिए अमुक व्यक्ति तेरे द्वारा नहीं मारा गया, नहीं दुःखी किया गया वह अभिप्राय क्या मिथ्या नहीं है? मिथ्या ही है।।२५७-२५८।।

आगे उक्त विचार ही बंधके कारण हैं यह कहते हैं --

एसा दु जा मई दे, दुक्खिद-सुहिदे करेमि सत्तेति।
एसा दे मूढमई, सुहासुहं बंधए कम्मं।।२५९।।

मैं जीवोंको दुःखी और सुखी करता हूँ यह जो बुद्धि है सो मूढ़ बुद्धि है। यह मूढ़ बुद्धि ही शुभ अशुभ कर्मोंको बाँधती है।।२५९।।

आगे मिथ्याध्यवसाय बंधका कारण है यह कहते हैं --

दुक्खिदसुहिदे सत्ते, करेमि जं एवमज्झवसिदं ते।
तं पावबंधगं वा, पुण्णस्स व बंधगं होदि।।२६०।।
मारेमि जीवावेमि य, सत्ते जं एवमज्झवसिदं ते।
तं पावबंधगं वा, पुण्णस्स व बंधगं होदि।।२६१।।

मैं जीवोंको दुःखी-सुखी करता हूँ यह जो तेरा अध्यवसाय है सो वह ही पापका बंध करनेवाला

---

१. सो वि य कम्मोदेण खलु जीवो ज. वृ.

अथवा पुण्यका बंध करनेवाला होता है। मैं सब जीवोंको मारता हूँ अथवा जीवित करता हूँ यह जो तेरा अध्यवसाय है वही पापका बंध करनेवाला अथवा पुण्यका बंध करनेवाला होता है।।२६०-२६१।।

आगे हिंसाका अध्यवसाय ही हिंसा है यह कहते हैं --

अज्झवसिदेण बंधो, सत्ते [१]मारेउ मा व [२]मारेउ।
एसो बंधसमासो, जीवाणं णिच्छयणयस्स।।२६२।।

अध्यवसायसे बंध होता है, जीवोंको मारो अथवा मत मारो। यह निश्चय नयकी अपेक्षा जीवोंके बंधका संक्षेप है।।२६२।।

आगे हिंसाके अध्यवसायके समान असत्य वचन आदिका अध्यवसाय भी बंधका कारण है यह कहते हैं --

एवमलिये अदत्ते, अबंभचेरे परिग्गहे चेव।
कीरइ अज्झवसाणं, जं तेण दु बज्झए पावं।।२६३।।
तहवि य सच्चे दत्ते, बंभे अपरिग्गहत्तणे चेव।
कीरइ अज्झवसाणं, जं तेण दु बज्झए पुण्णं।।२६४।।

इसी प्रकार असत्य, चौर्य, अब्रह्म और परिग्रहके विषयमें जो अध्यवसाय किया जाता है उससे पापका बंध होता है तथा सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रहपनेके विषयमें जो अध्यवसाय किया जाता है उससे पुण्यका बंध होता है।।२६३-२६४।।

आगे कहते हैं कि बाह्य वस्तु बंधका कारण नहीं है --

वत्थुं पडुच्च जं पुण, अज्झवसाणं तु होइ जीवाणं।
ण य वत्थुदो दु बंधो, अज्झवसाणेण बंधोत्थि।।२६५।।

जीवोंके जो अध्यवसान है वह वस्तुके अवलंबनसे होता है, वस्तुसे बंध नहीं होता है। किंतु अध्यवसानसे बंध होता है।।२६५।।

आगे जीव जैसा अध्यवसाय करता है वैसी कार्यकी परिणति नहीं होती यह कहते हैं --

दुक्खिदसुहिदे जीवे, करेमि बंधेमि तह विमोचेमि।
जा एसा मूढमई, णिरत्थया सा हु दे मिच्छा।।२६६।।

मैं जीवोंको दुःखी-सुखी करता हूँ, बँधाता हूँ अथवा छुड़ाता हूँ यह जो तेरी मूढ़ बुद्धि है वह निरर्थक है, इसलिए निश्चयसे मिथ्या है।।२६६।।

---

१. मारेहि ज. वृ.। २. मारेहि ज. वृ.।

आगे अध्यवसान स्वार्थक्रियाकारी किस प्रकार नहीं है यह कहते हैं --

अज्झवसाणणिमित्तं, जीवा बज्झंति कम्मणा जदि हि।
मुच्चंति मोक्खमग्गे, ठिदा य ता किं करोसि तुमं।।२६७।।[१]

यदि जीव अध्यवसानके कारण कर्मसे बँधते हैं और मोक्षमार्गमें स्थित हुए कर्मसे छूटते हैं तो इसमें तू क्या करता है?

भावार्थ -- यह जो बाँधने-छोड़नेका अध्यवसान है उसने परमें कुछ भी नहीं किया। क्योंकि इसके न होनेपर जीव अपने सराग-वीतराग परिणामोंसे ही बंध-मोक्षको प्राप्त होता है और इसके होनेपर भी जीव अपने सराग-वीतराग परिणामोंके अभावमें बंध-मोक्षको प्राप्त नहीं होता। इसलिए अध्यवसान परमें अकिंचित्कर होनेसे स्वार्थक्रियाकारी नहीं है।।२६७।।

आगे रागादिके अध्यवसानसे मोहित हुआ जीव समस्त परद्रव्योंको अपना समझता है यह कहते हैं --

सव्वे करेइ जीवो, अज्झवसाणेण तिरियणेरइए।
देवमणुये य सव्वे, पुण्णं पावं च णेयविहं।।२६८।।
धम्माधम्मं च तहा, जीवाजीवे अलोयलोयं च।
सव्वे करेइ जीवो, अज्झवसाणेण अप्पाणं।।२६९।।

जीव अध्यवसानके द्वारा समस्त तिर्यंच, नारकी, देव, मनुष्य पर्यायोंको अपना करता है, अनेक प्रकारके पुण्य-पापको अपना करता है तथा धर्म, अधर्म, जीव, अजीव, अलोक व लोक सभीको अपना करता है।।२६८-२६९।।

आगे कहते हैं कि जिन मुनियोंके उक्त अध्यवसान नहीं है वे कर्मबंधसे लिप्त नहीं हैं --

---

१. २६७ की गाथाके आगे ज. वृ. में निम्नांकित गाथा अधिक पाये जाते हैं --

कायेण दुक्खवेमिय, सत्ते एवं जु जं मदिं कुणसि।
सवावि एस मिच्छा, दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।
वाचाए दुक्खवेनिय, सत्ते एवं तु जं मदिं कुणसि।
सवावि एस मिच्छा, दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।
मणसावि दुक्खवेमिय, सत्ते एवं तु जं मदिं कुणसि।
सवावि एस मिच्छा, दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।
सच्छेण दुक्खवेमिय, सत्ते एवं तु जं मदिं कुणसि।
सवावि एस मिच्छा, दुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।।
कायेण च वाचा वा मणेण सुहिदे करेमि सत्तेति।
एवं पि हवदि मिच्छा सुहिदा कम्मेण जदि सत्ता।। ज. वृ.

एदाणि णत्थि जेसिं, अज्झवसाणाणि एवमादीणी।
ते असुहेण सुहेण व, कम्मेण मुणी ण लिप्पंति[१]।।२७०।।

ये तथा इस प्रकारके अन्य अध्यवसान जिन मुनियोंके नहीं होते वे मुनि अशुभ अथवा शुभ कर्मसे लिप्त नहीं होते हैं।।२७०।।

आगे अध्यवसानकी नामावली कहते हैं --

बुद्धी ववसाओ वि य, अज्झवसाणं मई य विण्णाणं।
एकट्ठमेव सव्वं, चित्तं भावो य परिणामो।।२७१।।

बुद्धि, व्यवसाय, अध्यवसान, मति, विज्ञान, चित्त, भाव और परिणाम ये सब एकार्थ ही हैं -- इनमें अर्थभेद नहीं है।।२७१।।

आगे व्यवहारनय निश्चयनयके द्वारा प्रतिषिद्ध है यह कहते हैं --

एवं ववहारणओ, पडिसिद्धो जाण णिच्छयणयेण।
[२]णिच्छयणयासिदा पुण, मुणिणो पावंति णिव्वाणं।।२७२।।

इस प्रकार व्यवहार नय निश्चय नय के द्वारा प्रतिषिद्ध है ऐसा जानो। जो मुनि निश्चय नयके आश्रित हैं वे मोक्षको पाते हैं।।२७२।।

आगे अभव्यके द्वारा व्यवहार नयका आश्रय क्यों किया जाता है? इसका उत्तर कहते हैं -

वदसमिदीगुत्तीओ, सीलतवं जिणवरेहिं पण्णत्तं।
कुव्वंतोवि अभव्वो, अण्णाणी मिच्छादिट्ठी दु।।२७३।।

अभव्य जीव, जिनेंद्र भगवानके द्वारा कहे हुए व्रत, समिति, गुप्ति, शील तथा तपको करता हुआ भी अज्ञानी और मिथ्यादृष्टि ही रहता है।।२७३।।

आगे कोई पूछता है कि अभव्यके तो ग्यारह अंग तकका ज्ञान होता है उसे अज्ञानी क्यों कहते हो? इसका उत्तर देते हैं --

मोक्खं असद्दहंतो, अभवियसत्तो दु जो अधीएज्ज।
पाठो ण करदि गुणं, असद्दहं तस्स णाणं तु।।२७४।।

मोक्ष तत्त्वकी श्रद्धा न करनेवाला अभव्य जो अध्ययन करता है उसका वह अध्ययन उसका कुछ

---

१. इसके आगे ज. वृ. में निम्न गाथा अधिक है --

जा संकप्पवियप्पो ता कम्मं कुणदि असुहसुहजणयं।
अप्पसरूवा रिद्धी जाव ण हियए परिप्फुरइ।। ज. वृ.

२. णिच्छयणसल्लीण ज. वृ.

भी गुण-लाभ नहीं करता है, क्योंकि उसके ज्ञानकी श्रद्धा नहीं है।।२७४।।

आगे फिर कोई पूछता है कि उसके धर्मका श्रद्धान तो है, उसका निषेध कैसे करते हो? इसका उत्तर देते हैं --

सद्दहदि य पत्तेदि य, रोचेदि य तह[१] पुणो य फासेदि ।
धम्मं भोगणिमित्तं, ण दु[२] सो कम्मक्खयणिमित्तं।।२७५।।

वह अभव्य जीव धर्मका श्रद्धान करता है, प्रतीति करता है, रुचि करता है और अनुष्ठानरूपसे स्पर्श करता है, परंतु भोगमें निमित्तभूत धर्मका श्रद्धान आदि करता है। कर्मक्षयमें निमित्तभूत धर्मका श्रद्धानादि नहीं करता।

भावार्थ -- अभव्य जीव शुभ-योगरूप धर्मका श्रद्धानादि करता है जो कि सांसारिक भोगोंका कारण है। शुद्धोपयोगरूप धर्मका श्रद्धानादि नहीं करता जो कि कर्मक्षयका कारण है।।२७५।।

आगे व्यवहारको प्रतिषेध्य और निश्चयको प्रतिषेधक कहा सो इनका क्या स्वरूप है? यह कहते हैं --

आयारादि णाणं, जीवादी दंसणं च विण्णेयं।
[३]छज्जीवणिकं च तहा, भणइ चरित्तं तु ववहारो।।२७६।।
आदा खु मज्झ [४]णाणं, आदा में दंसण[५] [६]चरित्तं च।
आदा पच्चक्खाणं[७], आदा मे संवरो[८] जोगो[९]।।२७७।।

आचारांग आदि शास्त्र ज्ञान है, जीवादि तत्त्वोंको दर्शन जानना चाहिए, यह निकायके जीव चारित्र हैं ऐसा व्यवहार नय कहता है। और निश्चयसे मेरा आत्मा ही ज्ञान है, मेरा आत्मा ही दर्शन और चारित्र है, मेरा आत्मा ही प्रत्याख्यान है तथा मेरा आत्मा ही संवर और योग है ऐसा निश्चय नय कहता है।।२७६-२७७।।

आगे रागादिके होनेमें कारण क्या है? इसका उत्तर देते हैं --

जह फलिहमणी सुद्धो, ण सयं परिणमइ रायमाईहिं।
रंगिज्जदि अण्णेहिं दु, सो रत्तादीहिं दव्वेहिं।।२७८।।
एवं णाणी सुद्धो, ण सयं परिणमइ रायमाईहिं।
राइज्जदि अण्णेहिं दु, सो रागादीहिं दोसेहिं।।२७९।।

---

१. पुणो वि ज. वृ.। २. हु ज. वृ.। ३. छज्जीवाणं रक्खा ज. वृ.। ४. णाणे । ५. दंसणे। ६.चरित्ते। ७. पच्चक्खाणे। ८. संवरे। ९. जोगे ज. वृ.।

जैसे स्फटिकमणि स्वयं शुद्ध है, वह राग-लालिमा आदिरूप स्वयं परिणमन नहीं करता, किंतु अन्य लाल आदि द्रव्योंसे लाल आदि रंग रूप हो जाता है। इसी प्रकार ज्ञानी स्वयं शुद्ध है, वह राग-प्रीति आदि रूप स्वयं परिणमन नहीं करता किंतु अन्य रागादि दोषोंसे रागादि रूप हो जाता है।।२७८-२७९।।

आगे ज्ञानी रागादिका कर्ता क्यों नहीं है? इसका उत्तर देते हैं --

ण[१] य रायदोस मोहं, कुव्वदि णाणी कसायभावं वा।
सयमप्पणो ण सो तेण कारगो तेसि भावाणं।।२८०।।

ज्ञानी स्वयं राग द्वेष मोह तथा कषायभावको नहीं करता है इसलिए वह उन भावोंका कर्ता नहीं है।। २८०।।

आगे अज्ञानी रागादिका कर्ता है यह कहते हैं --

रायम्हि य दोसम्हि य, कसायकम्मेसु चेव जे भावा।
[२]तेहिं दु परिणमंतो, रायाई बंधदि पुणोवि।।२८१।।

राग, द्वेष और कषाय कर्मके होनेपर जो भाव होते हैं उनसे परिणमता हुआ अज्ञानी जीव रागादिको बार बार बाँधता है।।२८१।।

आगे उक्त कथनसे जो बात सिद्ध हुई उसे कहते हैं --

रायम्हि य दोसम्हि य, कसायकम्मेसु चेव जे भावा।
[३]तेहिं दु परिणमंतो, रायाई बंधदे चेदा।।२८२।।

राग, द्वेष और कषाय कर्मके रहते हुए जो भाव होते हैं उनसे परिणमता आत्मा रागादिको बाँधता है।।२८२।।

आगे कोई प्रश्न करता है कि जब अज्ञानीके रागादिक फिर कर्मबंधके कारण हैं तब ऐसा क्यों कहा जाता है कि आत्मा रागादिकका अकर्ता ही है? इसका समाधान करते हैं --

अपडिक्कमणं दुविहं, अपच्चक्खाणं तहेव विण्णेयं।
[४]एएणुवएसेण य, अकारओ वण्णिओ चेया।।२८३।।
अपडिक्कमणं दुविहं, दव्वे भावे तहा अपच्चक्खाणं।
[५]एएणुवएसेण य, अकारओ वण्णिओ चेया।।२८४।।

---

१. णवि ज. वृ. २. ते सम ज. वृ.। ३. ते मम दु ज. वृ.। ४. एदेणुवदेसेण दु अकारगो वण्णिदो चेदा। ज. वृ.।
५. एदेणुवदेसेण दु अकारगो वण्णिदो चेदा। ज. वृ.।

[१]जावं अपडिक्कमणं, अपच्चखाणं च दव्वभावाणं।
[२]कुव्वइ आदा तावं, कत्ता सो होइ णायव्वो।।२८५।।

जिस प्रकार अप्रतिक्रमण दो प्रकारका है उसी प्रकार अप्रत्याख्यान भी दो प्रकारका जानना चाहिए। इस उपदेशसे आत्मा अकारक कहा है। अप्रतिक्रमण दो प्रकार है -- एक द्रव्यमें दूसरा भावमें। इसी प्रकार अप्रत्याख्यान भी दो प्रकारका है -- एक द्रव्यमें दूसरा भावमें। इस उपदेशसे आत्मा अकारक है। जब आत्मा द्रव्य और भाव में अप्रतिक्रमण और अप्रत्याख्यान करता है तबतक वह आत्मा कर्ता होता रहता है यह जानना चाहिए।।२८३-२८५।।

आगे द्रव्य और भावमें जो निमित्त नैमित्तिकपना है उसे उदाहरणद्वारा स्पष्ट करते हैं --

[३]आधाकम्माईया, पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा।
कह ते कुव्वइ णाणी, परदव्वगुणा उ जे णिच्चं।।२८६।।
आधाकम्मं उद्देसियं, च पुग्गलसयं इमं दव्वं।
कह तं मम होइ कयं, जं णिच्चमचेयणं उत्तं।।२८७।।

अधःकर्मको आदि लेकर पुद्गल द्रव्यके जो दोष हैं उन्हें ज्ञानी कैसे कर सकता है? क्योंकि ये निरंतर परद्रव्यके गुण हैं। और यह जो अधःकर्म तथा उद्देश्यसे उत्पन्न हुआ पुद्गल द्रव्य है वह मेरा कैसे हो सकता है? वह तो निरंतर अचेतन कहा गया है।

भावार्थ -- जो आहार पापकर्मके द्वारा उत्पन्न हो उसे अधःकर्मनिष्पन्न कहते हैं और जो आहार किसीके निमित्त बना हो उसे औद्देशिक कहते हैं। मुनिधर्ममें उक्त दोनों प्रकारके आहार दोषपूर्ण माने गये हैं। ऐसे आहारको जो सेवन करता है उसके वैसे ही भाव होते हैं, क्योंकि लोकमें प्रसिद्ध है कि जो जैसा अन्न खाता है उसकी बुद्धि वैसी ही होती है। इस प्रकार द्रव्य और भावका निमित्त नैमित्तिकपना जानना चाहिए। द्रव्यकर्म निमित्त हैं और उसके उदयमें होनेवाले रागादि भाव नैमित्तिक हैं। अज्ञानी जीव परद्रव्यको ग्रहण करता है -- उसे अपना मानता है, इसलिए उसके रागादिभाव होते हैं। उनका वह कर्ता भी होता है और उसके फलस्वरूप कर्मका बंध भी करता है, परंतु ज्ञानी जीव किसी परद्रव्यको ग्रहण नहीं करता -- अपना नहीं मानता। इसलिए उसके तद्विषयक रागादिभाव उत्पन्न नहीं होते। उनका यह कर्ता नहीं होता और फलस्वरूप नूतन कर्मोंका बंध नहीं करता।।२८६-२८७।।

इस प्रकार बंधाधिकार पूर्ण हुआ।

*

१.जाव ण पच्चक्खाणं अपडिक्कमणं तु दव्वभावाणं २. कुव्वदि आदा तावदु कत्ता सो होदि णादव्वो। ज. वृ. ।

३. आधाकम्मादीया पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा। कहमणुमण्णदि अण्णेण कीरमाणा परस्स गुणा।।
आधाकम्मं उद्देसियं च पोग्गल मयं इमं सव्वं। कह तं मम कारविदं जं णिच्चं मचेदणं वुत्तं।। ज. वृ.

मोक्षाधिकारः

आगे जो पुरुष बंधका स्वरूप जानकर ही संतुष्ट हो जाते हैं, उसके नष्ट करनेका प्रयास नहीं करते उनके मोक्ष नहीं होता यह कहते हैं --

जह णाम कोवि पुरिसो, बंधणायम्हि चिरकालपडिबद्धो।
तिव्वं मंदसहावं, कालं च वियाणए तस्स।।२८८।।
जइ णवि कुणइ च्छेदं, ण मुच्चए तेण बंधणवसो सं।
कालेण उ बहुएणवि, ण सो णरो पावइ विमोक्खं।।२८९।।
इय कम्मबंधणाणं, [१]पएसठिइपयडिमेवमणुभागं।
जाणंतो वि ण मुच्चइ, [२]मुच्चइ सो चेव जइ सुद्धो।।२९०।।

जिस प्रकार कोई पुरुष बंधनमें बहुत कालका बँधा हुआ उस बंधनके तीव्र मंद स्वभाव तथा समयको जानता है, परंतु उसका छेदन नहीं करता है तो वह पुरुष बंधनका वशीभूत हुआ बहुत कालमें भी उससे मोक्ष - छुटकारा नहीं पाता है उसी प्रकार जो पुरुष कर्मबंधके प्रदेश, स्थिति, प्रकृति तथा अनुभाग रूप भेदोंको जानता हुआ भी उनका छेदन नहीं करता वह कर्मबंधनसे मुक्त नहीं होता है। यदि वह शुद्ध होता है -- रागादि भावोंको दूर कर अपनी परिणतिको निर्मल बनाता है तो मुक्त होता है।।२८८-२९०।।

आगे बंधकी चिंता करनेपर भी बंध नहीं कटता है यह कहते हैं --

जह बंधे चिंतंतो, बंधणबद्धो ण [३]पावइ विमोक्खं।
तह बंधे चिंतंतो, जीवोवि ण [४]पावइ विमोक्खं।।२९१।।

जैसे बंधनसे बँधा हुआ पुरुष बधनकी चिंता करता हुआ भी उससे मोक्ष -- छुटकारा नहीं पाता, उसी प्रकार कर्मबंधकी चिंता करता हुआ जीव भी उससे मोक्षको नहीं पाता है।।२९१।।

आगे तो फिर मोक्षका कारण क्या है? इसका उत्तर देते हैं --

जह बंधे [५]छित्तूण य, बंधणबद्धो उ [६]पावइ विमोक्खं।
तह बंधे [७]चित्तूण य, जीवो [८]संपावइ विमोक्खं।।२९२।।

---

१. पदेशपयडिट्ठिदीय ज. वृ.।
२. मुंचदि सव्वे जदि विसुद्धो। ज. वृ.। (मुंचदि सव्वे जदि स बंधे) पाठान्तरम्। ज. वृ.।
३-४. पावदि। ज. वृ.। ५. मुत्तूण य। ६. पावदि। ७. मुत्तूण य। ८. संपावदि ज. वृ.।

जिस प्रकार बंधनसे बँधा हुआ पुरुष बंधनोंको छेदकर मोक्षको पाता है उसी प्रकार जीव कर्मबंधनोंको छेदकर मोक्षको पाता है।।२९२।।

आगे क्या यही मोक्षका हेतु है या अन्य कुछ भी? इसका उत्तर देते हैं --

बंधाणं च सहावं, वियाणिओ अप्पणो सहावं च।
बंधेसु [1]जो विरज्जदि, सो कम्मविमोक्खणं [2]कुणई।।२९३।।

जो बंधोंका स्वभाव और आत्माका स्वभाव जानकर बंधोंमें विरक्त होता है वह कर्मोंका मोक्ष करता है।।२९३।।

आगे पूछते हैं कि आत्मा और बंध पृथक् पृथक् किससे किये जाते हैं --

जीवो बंधो य तहा, छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं।
पण्णाछेदणएण [3]उ, छिण्णा णाणत्तमावण्णा।।२९४।।

जीव और बंध ये दोनों अपने-अपने नियम लक्षणोंसे बुद्धिरूपी छैनीके द्वारा इस प्रकार छेदे जाते हैं कि वे नानापनेको प्राप्त हो जाते हैं।।२९४।।

आगे कोई पूछता है कि आत्मा और बंधको द्विधा करके क्या करना चाहिए? इसका उत्तर कहते हैं --

जीवो बंधो य तहा, छिज्जंति सलक्खणेहिं णियएहिं।
बंधो छेएवव्वो[4], सुद्धो अप्पा य घेत्तव्वो।।२९५।।

अपने अपने निश्चित लक्षणोंके द्वारा जीव और बंधको उस तरह भिन्न करना चाहिए जिस तरह कि बंध छिद जावे और शुद्ध आत्माका ग्रहण हो जावे।।२९५।।

आगे कहते हैं कि आत्मा और बंधको द्विधा करनेका यही प्रयोजन है कि बंधको छोड़कर शुद्ध आत्माका ग्रहण हो जावे --

कह सो घिप्पइ[5] अप्पा, पण्णाए सो उ घिप्पए[6] अप्पा।
जह पण्णाइ विहत्तो, तह पण्णाएव घित्तव्वो।।२९६।।

शिष्य पूछता है कि उस आत्माका ग्रहण किस प्रकार होता है? आचार्य उत्तर देते हैं कि प्रज्ञाके द्वारा उस आत्माका ग्रहण होता है। जिस प्रकार प्रज्ञासे उसे पहले भिन्न किया था उसी प्रकार प्रज्ञासे ही उसे ग्रहण करना चाहिए।।२९६।।

आगे पूछते हैं कि प्रज्ञाके द्वारा आत्माका ग्रहण किस प्रकार करना चाहिए? --

---

१. जो ण रज्जदि ज. वृ.। २. कुणदि ज. वृ.। ३. दु ज. वृ.। ४. छेदेदव्वो ज. वृ.। ५. घिप्पदि ज. वृ.। ६. घिप्पदे ज.वृ.।

पण्णाए घित्तव्वो, जो चेदा सो अहं तु णिच्छयदो।
अवसेसा जे भावा, ते मज्झ परेत्ति णायव्वा।।२९७।।

जो चेतनस्वरूप आत्मा है वह निश्चयसे मैं हूँ इस प्रकार प्रज्ञाके द्वारा ग्रहण करना चाहिए और बाकी जो भाव हैं वे मुझसे परे हैं ऐसा जानना चाहिए।।२९७।।

आगे मैं ज्ञाता दृष्टा हूँ ऐसा प्रज्ञाके द्वारा ग्रहण करना चाहिए --

पण्णाए घित्तव्वो, जो दट्ठा अहं तु णिच्छयओ।
अवसेसा जे भावा, ते मज्झ परेत्ति णायव्वा।।२९८।।
पण्णाए घित्तव्वो, जो आदा सो अहं तु णिच्छयदो।
अवसेसा जे भावा, ते मज्झ परेत्ति णादव्वा।।२९९।।

प्रज्ञाके द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिए कि जो द्रष्टा है -- देखनेवाला है वह निश्चयसे मैं हूँ और अवशिष्ट जो भाव हैं वे मुझसे पर हैं ऐसा जानना चाहिए। प्रज्ञाके द्वारा इस प्रकार ग्रहण करना चाहिए कि जो ज्ञाता है निश्चयसे मैं हूँ, बाकी जो भाव हैं वे मुझसे पर हैं ऐसा जानना चाहिए।।२९८-२९९।।

आगे इसी बातका समर्थन करते हैं --

को णाम भणिज्ज बुहो, [१]णाउं सव्वे पराइए भावे।
मज्झमिणंति य वयणं, जाणंतो अप्पयं सुद्धं।।३००।।

शुद्ध आत्माको जानता हुआ कौन ज्ञानी समस्त परभावोंको जानकर ऐसे वचन कहेगा कि ये भाव मेरे हैं? अर्थात् कोई नहीं।।३००।।

आगे अपराध बंधका कारण है यह दृष्टांत द्वारा सिद्ध करते हैं --

[२]थेयाई अवराहे, कुव्वदि जो सो उ[३] संकिदो भमइ।
मा वज्झेज्जं[४] केणवि, चोरोत्ति जणम्मि[५] वियरंतो।।३०१।।
जो ण कुणइ[६] अवराहे, सो णिस्संको दु जणवए भमदि।
ण वि तस्स वज्झिदुं[७] जे, चिंता उप्पज्जदि कयाइ[८]।।३०२।।
एवं हि सावराहो, वज्झामि अहं तु संकिदो चेया[९]।
जइ[१०] पुण णिरवराहो, णिस्संकोहं ण वज्झामि।।३०३।।

---

१. णाउं सव्वे परोदए भावे ज. वृ.। २. तेयादी। ३. ससंकिदो। ४. वज्झेहं। ५. जणसि। ६. कुणदि। ७. वज्झिद। ८. कयावि। ९. चेदा। १०. जो ज. वृ. ।

जो पुरुष चोरी आदि अपराधोंको करता है वह इस प्रकार शंकित होकर घूमता है कि मैं मनुष्योंमें विचरण करता हुआ 'चोर है' यह समझकर बाँधा न जाऊँ? इसके विपरीत जो अपराध नहीं करता वह निःशंक होकर देशमें घूमता है, उसे बँधनेकी चिंता कभी भी उत्पन्न नहीं होती। इस प्रकार यदि मैं अपराध सहित हूँ तो बँधूँगा इस शंकासे युक्त आत्मा रहता है। और यदि मैं निरपराध हूँ तो निःशंक हूँ और कर्मोंसे बंधको प्राप्त नहीं होऊँगा।।३०१-३०३।।

आगे यह अपराध क्या है? इसका उत्तर देते हैं --

संसिद्धिराधसिद्धं, [१]साधियमाराधियं च एयट्ठं।
अवगयराधो जो खलु, चेया सो होइ अवराधो।।३०४।।
[२]जो पुण णिरवराधो, चेया णिस्संकिओ उ सो होइ।
आराहणए णिच्चं, वट्टेइ अहं ति जाणंतो।।३०५।।

संसिद्धि, राध, सिद्ध, साधित और आराधित ये सब एकार्थ हैं। इसलिए जो आत्मा राधसे रहित हो वह अपराध है। और जो आत्मा निरपराध है -- अपराधसे रहित है वह निःशंकित है तथा 'मैं हूँ' इस प्रकार जानता हुआ निरंतर आराधनासे युक्त रहता है।

भावार्थ -- शुद्ध आत्माकी सिद्धि अथवा साधनको राध कहते हैं। जिसके यह नहीं है वह आत्मा सापराध है और जिसके यह हो वह निरपराध है। सापराध पुरुषके बंधकी शंका संभव है इसलिए वह अनाराधक है और निरपराध पुरुष निःशंक हुआ अपने उपयोगमें लीन होता है उस समय बंधकी चिंता नहीं होती। वह सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र तथा तपका एकभावरूप जो निश्चय आराधना है उसका आराधक होता है।।३०४-३०५।।

आगे कोई प्रश्न करता है कि शुद्ध आत्माकी उपासनासे क्या फल है? क्योंकि प्रतिक्रमणादिके द्वारा ही सापराध आत्मा शुद्ध हो जाती है। अप्रतिक्रमण आदिसे अपराध दूर नहीं होता इसलिए उन्हें अन्यत्र विषकुंभ कहा है और प्रतिक्रमण आदिसे अपराध दूर हो जाता है इसलिए अमृतकुंभ कहा है[३]। इसका उत्तर कहते हैं --

---

१. ..... 'साधिदमाराधिकं च एयट्ठो। अवगदराधो जो खलु चेदा सो होदि अवराहो ' ज. वृ।

२. यह गाथा ज. वृ. में नहीं है।

३. उक्तं च व्यवहारसूत्रे आ. वृ. , तथा चोक्ते चिरन्तनप्रायश्चित्तग्रन्थे --

अपडिक्कमणं अपरिसरणं अप्पडिहारो अधारणा चेव।
अणियत्ती य अणिंदा अगरुहा सोहीय विसकुंभो।।१।।
पडिकमणं पडिसरणं परिहरणं धारणा णियत्ती य।
णिंदा गरुहा सोही अट्ठविहो अमयकुंभो दु।।

पडिकमणं पडिसरणं, परिहारो धारणा णियत्ती[१] य।
णिंदा गरहा सोही, अट्ठविहो होइ विसकुंभो।।३०६।।
अपडिकमणं अपडिसरणं अप्परिहारो अधारणा चेव।
अणियत्ती य अणिंदा, गरहा सोही अमयकुंभो।।३०७।।

प्रतिक्रमण, प्रतिसरण, परिहार, धारणा, निवृत्ति, निंदा, गर्हा और शुद्धि इस तरह आठ प्रकारका विषकुंभ[२] होता है और अप्रतिक्रमण, अप्रतिसरण, अपरिहार, अधारणा, अनिवृत्ति, अनिंदा, अगर्हा और अशुद्धि इस तरह आठ प्रकारका अमृतकुंभ होता है।।

भावार्थ -- यद्यपि द्रव्य प्रतिक्रमणादि दोषके मेंटनेवाले हैं परंतु शुद्ध आत्माका स्वरूप प्रतिक्रमणादि रहित है। शुद्ध आत्माके आलंबनके बिना द्रव्य प्रतिक्रमणादि दोषस्वरूप ही है। मोक्षमार्गमें उसी व्यवहार नय का आलंबन ग्राह्य माना गया है जो निश्चय की अपेक्षा से सहित होता है। अज्ञानी जीव के प्रतिक्रमणादि विषकुंभ तो हैं ही, परंतु ज्ञानी जीवके भी व्यवहार चारित्र में जो प्रतिक्रमणादि कहे हैं वे भी निश्चय कर विषकुंभ ही हैं, यथार्थमें आत्मा प्रतिक्रमणादि रहित शुद्ध अप्रतिक्रमणादि स्वरूप है ऐसा जानना चाहिए।।३०६-३०७।।

इस प्रकार मोक्षाधिकार समाप्त हुआ।

*

१. परिहरणं धारणा णियत्ती य। ज. वृ.

सर्वविशुद्ध ज्ञानाधिकार

आगे आत्मा अकर्ता है यह दृष्टांतपूर्वक कहते हैं --

दवियं जं उपज्जइ, गुणेहिं तं तेहिं जाणसु अणण्णं।
जह कडयादीहिं दु, पज्जएहिं कणयं अणण्णमिह।।३०८।।
जीवस्साजीवस्स दु[1], जे परिणामा दु देसिया[2] सुत्ते।
तं जीवमजीवं वा, तेहिमणण्णं वियाणाहि।।
ण कुदोचि वि उप्पण्णो, जम्हा कज्जं ण तेण सो आदा।
उप्पादेदि ण किंचिवि, कारणमवि तेण ण स होइ।।३१०।।
कम्मं पडुच्च कत्ता, कत्तारं तह पडुच्च कम्माणि।
उप्पज्जंति[3] य णियमा, सिद्धी दु ण दीसए[4] अण्णा।।३११।।

इस लोकमें जिसप्रकार सुवर्ण अपने कटकादि पर्यायोंसे अनन्य -- अभिन्न है उसी प्रकार जो द्रव्य जिन गुणोंसे उत्पन्न होता है उसे उन गुणोंसे अनन्य -- अभिन्न जानो। आगममें जीव और अजीव द्रव्यके जो पर्याय कहे गये हैं जीव और अजीव द्रव्यको उनसे अभिन्न जानो। चूँकि आत्मा किसीसे उत्पन्न नहीं हुआ है इसलिए कार्य नहीं है और न किसीको उत्पन्न करता है इसलिए वह कारण भी नहीं है। कर्मको आश्रय कर कर्ता होता है और कर्ताको आश्रय कर कर्म उत्पन्न होते हैं ऐसा नियम है। कर्ता कर्मकी सिद्धि अन्यप्रकार नहीं देखी जाती।।३०८-३११।।

आगे आत्माका ज्ञानावरणादि कर्मोंके साथ जो बंध होता है वह अज्ञानका माहात्म्य है यह कहते हैं --

[5]चेया उ पयडीयट्ठं, उप्पज्जइ विणस्सइ।
पयडीवि चेययट्ठं, उप्पज्जइ विणस्सइ।।३१२।।
एवं बंधो उ दुण्हं पि, अण्णोण्णप्पच्चया हवे।
अप्पणो पयडीए य, संसारो तेण जायए[6]।।३१३।।

आत्मा ज्ञानावरणादि कर्म प्रकृतियों के निमित्तसे उत्पन्न होता है तथा विनाशको प्राप्त होता है और प्रकृति भी आत्माके लिए उत्पन्न होती है तथा विनाशको प्राप्त होती है। इस प्रकार दोनों आत्मा और प्रकृति

---

१. य। २. देसिदा ३. उप्पज्जंते। ४. दिस्सदे ज. वृ.। ५. चेदा ज. वृ.। ६. अनुष्टुप् छन्दः।

के परस्पर निमित्तसे बंध होता है और उस बंधसे संसार उत्पन्न होता है।।३१२-३१३।।

आगे कहते हैं कि जब तक आत्मा प्रकृतिके निमित्त उपजना विनशना नहीं छोड़ता है तब तक अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि और असंयत रहता है --

जा एसो पयडीयट्टं, चेया णेव विमुंचए।
अयाणओ हवे ताव, मिच्छाइट्ठी असंजओ।।३१४।।
जया विमुंचए चेया, कम्मफ्फलमणंतयं।
तया विमुत्तो हवइ, जाणओ पासओ मुणी।।३१५।।

यह आत्मा जब तक प्रकृतिके निमित्तसे उपजना विनशना नहीं छोड़ता है तब तक अज्ञानी, मिथ्यादृष्टि और असंयमी होता है तथा जब आत्मा अनंत कर्मफलको छोड़ देता है तब बंधसे रहित हुआ ज्ञाता, द्रष्टा और मुनि - संयमी होता है।।३१४-३१५।।

आगे अज्ञानी ही कर्मफलका वेदन करता है , ज्ञानी नहीं यह कहते हैं --

अण्णाणी कम्मफलं, पयडिसहावट्ठिओ दु वेदेइ[१]।
णाणी पुण कम्मफलं, जाणइ[२] उदियं ण वेदेइ।।३१६।।

प्रकृतिके स्वभावमें स्थित हुआ अज्ञानी जीव कर्मके फलको भोगता है और ज्ञानी जीव उदयागत कर्मफलको जानता है, भोगता नहीं है।।३१६।।[३]

आगे अज्ञानी भोक्ता ही है ऐसा नियम करते हैं --

ण मुयइ पयडिमभव्वो, सुट्ठु वि अज्झाइऊण सत्थाणि।
गुडदुद्धंपि पिवंता, ण पण्णया णिव्विसा हुंति।।३१७।।

अभव्य अच्छी तरह शास्त्रोंको पढ़कर भी प्रकृतिको नहीं छोड़ता है, क्योंकि साँप गुड़ और दूध पीकर भी निर्विष नहीं होते।।३१७।।

आगे ज्ञानी अभोक्ता ही है यह नियम करते हैं --

णिव्वेयसमावण्णो, णाणी कम्मफ्फलं वियाणेइ[४]।
महुरं कडुयं बहुविहमवेयओ[५] तेण सो होई।।३१८।।

---

१. वेदेदि ज. वृ.। २. जाणदि उदिदं ण वेदेदि ज. वृ.।
३. इसके आगे ज. वृ. में निम्न गाथा अधिक है --
जो पुण णिरावराहो चेदा णिस्संकिदो दु सो होदि।
आहणाए णिच्चं वट्टदि अहमिदि वियाणंतो।।
४. वियाणादि ज. वृ.। ५. मवेदको तेण पण्णत्तो ज. वृ।

वैराग्यको प्राप्त हुआ ज्ञानी जीव अनेक प्रकारके [१]मधुर - शुभ और कटुक [२]- अशुभ कर्मोंके फलको जानता है इसलिए वह अवेदक -- अभोक्ता होता है।।३१८।।

आगे इसी अर्थका समर्थन करते हैं --

णवि कुव्वइ[३] णवि वेयइ[४] णाणी कम्माइं[५] बहुपयाराइ[६]।
जाणइ[७] पुण कम्मफलं, बंधं पुण्णं च पावं च।। ३१९।।

ज्ञानी बहुत प्रकारके कर्मोंको न तो करता है और न भोगता है, परंतु कर्मके बंधको और पुण्य-पापरूपी कर्मके फलको जानता है।।३१९।।

आगे इसी बातको दृष्टांत द्वारा स्पष्ट करते हैं --

[८]दिट्ठि जहेव णाणं, अकारयं तह अवेदयं चेव।
[९]जाणइ य बंधमोक्खं, कम्मुदयं णिज्जरं चेव।।३२०।।

जिस प्रकार नेत्र पदार्थोंको देखता मात्र है, उनका कर्ता और भोक्ता नहीं है उसी प्रकार ज्ञान, बंध और मोक्षको तथा कर्मोदय और निर्जराको जानता मात्र है, उनका कर्ता और भोक्ता नहीं है।।३२०।।

आगे आत्माको जो कर्ता मानते हैं वे अज्ञानी हैं और उन्हें मोक्ष नहीं प्राप्त होता यह कहते हैं --

लोयस्स[१०] कुणइ[११] विण्हू, सुरणारयतिरियमाणुसे सत्ते।
समणाणंपि य अप्पा, जइ[१२] कुव्वइ[१३] छव्विहे काये[१४]।।३२१।।
लोगसमणाणमेयं, सिद्धंतं [१५]जइ ण दीसइ विसेसो।।
लोयस्स[१६] कुणइ[१७] विण्हू समणाणवि[१८] अप्पओ कुणइ[१९]।।।३२२।।
एवं ण कोवि मोक्खो[२०], दीसइ[२१] लोयसमणाण दोण्हंपि।
णिच्चं कुव्वंताणं, सदेवमणुयासुरे[२२] लोए[२३]।।३२३।।

लोक सामान्य -- जनसाधारण का कहना है कि देव नारकी तिर्यंच और मनुष्यरूप प्राणियोंको विष्णु करता है, फिर मुनियोंका भी यह सिद्धांत हो जावे कि छह प्रकारके कायको -- षट् कायिक जीवोंको

---

१. शुभकर्मफलं बहुविधं गुडखण्डशर्करामृतरूपेण मधुरं जानाति।
२. अशुभकर्मफलं निम्बकाञ्जीरविषहालाहलरूपेण कटुकं जानाति। ज. वृ.।
३. कुव्वदि। ४. वेददि। ५. कम्माइ ६. बहुपयाराइ। ७. जाणदि ज. वृ.। ८. दिट्ठी सयंपि ज. वृ.। ९. जाणदि ज. वृ.। १०. लोगस्स। ११. कुणदि। १२. जदि। १३. कुव्वदि। १४. काए। १५. पडि ण दिस्सदि विसेसो। १६. लोगस्स। १७. कुणदि। १८. समणाणं। १९. कुणदि। २०. मुक्खो। २१. दीसदि दुण्हं समणलोयाणं। २२. सदेव मणुआसुरे। २३. लोगे ज. वृ.।

आत्मा करता है तो लोक सामान्य और मुनियोंका एक ही सिद्धांत हो जावे, उनमें कुछ भी विशेषता न दिखे, क्योंकि लोकसामान्यके मतसे विष्णु करता है और मुनियोंके मतसे आत्मा करता है। इस तरहकी मान्यता होनेपर लोक सामान्य और युक्ति दोनोंको ही मोक्ष नहीं दिखेगा, क्योंकि दोनों ही देव मनुष्य असुर सहित लोकोंको निरंतर करते रहते हैं।

भावार्थ -- जो आत्माको कर्ता मानते हैं वे मुनि होनेपर भी लौकिक जनके समान हैं, क्योंकि लौकिक जन ईश्वरको कर्ता मानते हैं और मुनिजन आत्माको कर्ता मानते हैं। इस प्रकार दोनोंको ही मोक्षका अभाव प्राप्त होता है।।३२१-३२३।।

आगे निश्चयनय से आत्माका पुद्गल द्रव्यके साथ कर्तृ-कर्म संबंध नहीं है तब उनका कर्ता कैसे होगा? यह कहते है --

ववहारभासिएण[१] उ[२], परदव्वं मम भणंति [३]अविदियत्था।
जाणंति णिच्चयेण उ[४], ण य मह परमाणुमित्तमवि[५] किंचि।।३२४।।
जह कोवि णरो जंपइ[६], अम्हं[७] गामविसयणयररट्ठं[८]।
ण य होंति[९] ताणि तस्स उ[१०], भणइ[११] य मोहेण सो अप्पा।।३२५।।
एमेव मिच्छदिट्ठी, णाणी णिस्संसयं हवइ एसो।
जो परदव्वं मम इदि, जाणंतो अप्पयं कुणइ।। ३२६।।
तम्हा ण मेत्ति णिच्चा[१२], [१३]दोण्हं वि एयाण कत्तविवसायं।
परदव्वे जाणंतो, जाणिज्जो दिट्ठिरहियाणं[१४]।।३२७।।

पदार्थके यथार्थ स्वरूपको न जाननेवाले पुरुष व्यवहारनयके वचनसे कहते हैं कि 'परद्रव्य मेरा है' और जो निश्चय नयसे पदार्थोंको जानते हैं वे कहते हैं कि 'परमाणु मात्र भी कोई परद्रव्य मेरा नहीं है।' तहाँ व्यवहार नयका कहना ऐसा है कि जैसे कोई पुरुष कहता है कि 'हमारा ग्राम है, देश है, नगर है और राष्ट्र है', वास्तवमें विचार किया जाय तो ग्रामादिक उसके नहीं हैं, वह आत्मा मोहसे ही मेरा मेरा कहता है। इस प्रकार जो परद्रव्यको मेरा है ऐसा जानता हुआ उसे आत्ममय करता है वह ज्ञानी निःसंदेह मिथ्यादृष्टि है। इसलिए ज्ञानी 'परद्रव्य मेरा नहीं है' ऐसा जानकर परद्रव्यमें इन लोक साधारण तथा मुनियों -- दोनोंके ही कर्तृव्यवसायको जानता हुआ जानता है कि ये सम्यग्दर्शनसे रहित हैं।।३२४-३२७।।

आगे जीवके मिथ्यात्वभाव है उसका कर्ता कौन है? यह युक्तिसे सिद्ध करते हैं --

---

१. .... भासिदेण। २. दु। ३. विदिदच्छा। ४. दु। ५. मित्त मम। ज. वृ.।६. जपदि। ७. अम्हाणं ८. .... पुररट्ठं। ९. हुंति। १०. दु। ११. भणदि। १२. णच्चा। १३. दुण्हं एदाण कत्तिववसाओ। १४. दिट्ठिरहिदाणं। ज. वृ.।

मिच्छत्तं जइ पयडी, मिच्छाइट्ठी करेइ अप्पाणं।
तम्हा अचेदणा दे, पयडी णाणु कारगोपत्तो[१]।।३२८।।
अहवा एसो जीवो, पुग्गलदव्वस्स कुणइ मिच्छत्तं।
तम्हा पुग्गलदव्वं, मिच्छाइट्ठी ण पुण जीवो।।३२९।।
अह जीवो पयडी तह, पुग्गलदव्वं कुणंति मिच्छत्तं।
तम्हा दोहिय कदं, तं दोण्णिवि भुंजंति तस्स फलं।।३३०।।
अह ण पयडी ण जीवो, पुग्गलदव्वं करेदि मिच्छत्तं।
तम्हा पुग्गलदव्वं, मिच्छत्तं तं तु ण हु मिच्छा।।३३१।।

यदि मिथ्यात्व नामा प्रकृति आत्माको मिथ्यादृष्टि करती है ऐसा माना जाय तो अचेतन प्रकृति तुम्हारे मतमें जीवके मिथ्याभावको करनेवाली ठहरी ऐसा बनता नहीं है। अथवा ऐसा माना जाय कि यह जीव ही पुद्गल द्रव्यके मिथ्यात्वको करता है तो ऐसा माननेसे पुद्गल द्रव्य मिथ्यादृष्टि सिद्ध हुआ, न कि जीव, ऐसा नहीं बनता। अथवा ऐसा माना जाय कि जीव और प्रकृति ये दोनों पुद्गल द्रव्यके मिथ्यात्व करते हैं तो दोनोंके द्वारा किये हुए उसके फलको दोनों ही भोगें ऐसा ठहरा, सो यह भी नहीं बनता। अथवा ऐसा माना जाय कि पुद्गल नामा मिथ्यात्वको न तो प्रकृति करती है और न जीव ही, तो भी पुद्गल द्रव्य ही मिथ्यात्व हुआ, सो ऐसा मानना क्या यथार्थमें मिथ्या नहीं है? अर्थात् मिथ्या ही है।

भावार्थ -- मिथ्यात्व प्रकृतिके उदयसे आत्मामें जो अतत्त्वश्रद्धानरूप भाव उत्पन्न होता है उसका कर्ता अज्ञानी जीव है, परंतु इसके निमित्तसे पुद्गल द्रव्यमें मिथ्यात्वकर्मकी शक्ति उत्पन्न होती है।।३२८-३३१।।

आगे इसी बातको विस्तारसे कहते हैं --

कम्मेहि दु अण्णाणी, किज्जइ णाणी तहेव कम्मेहिं।
कम्मेहिं सुवाविज्जइ, जग्गाविज्जइ तहेव कम्मेहिं।।३३२।।
कम्मेहि सुहाविज्जइ, दुक्खाविज्जइ तहेव कम्मेहिं।
कम्मेहि य मिच्छत्तं, णिज्जइ णिज्जइ असंजमं चेव।।३३३।।
कम्मेहि भमाडिज्जइ, उड्ढमहो चावि तिरियलोयं य।
कम्मेहि चेव किज्जइ, सुहासुहं जित्तियं किंचि।।३३४।।

---

१. इसके आगे ज. वृ. में निम्न गाथा अधिक है --
सम्मत्ता जदि पयडी सम्मादिट्ठी करेदि अप्पाणं।
तम्हा अचेदणा दे पयडी णाणु कारगोपत्तो।।

जम्हा कम्मं कुव्वइ, कम्मं देई हरत्ति जं किंचि।
तम्हा उ सव्वे जीवा, अकारया हुंति आवण्णा।।३३५।।
पुरुसिच्छियाहिलासी, इच्छीकम्मं च पुरिसमहिलसइ।
एसा आयरियपरं,परागया एरिसि दु सुई।।३३६।।
तम्हा ण कोवि जीवो, अबंभचारी उ अम्ह उवएसे।
जम्हा कम्मं चेव हि, कम्मं अहिलसइ इदि भणियं।।३३७।।
जम्हा घाएइ परं, परेण घाइज्जइ य सा पयडी।
एएणच्छेण किर, भण्णइ परघायणामित्ति।।३३८।।
तम्हा ण कोवि जीवो, बघायओ अत्थि अम्ह उवदेसे।
जम्हा कम्मं चेव हि, कम्मं घाएदि इदि भणियं।।३३९।।
एवं संखुवएसं, जे उ परूविंति एरिसं समणा।
तेसिं पयडी कुव्वइ, अप्पा य अकारया सव्वे।।३४०।।
अहवा मणसि मज्झं, अप्पा अप्पाणमप्पणो कुणई।
एसो मिच्छसहावो, तुम्हं एयं मुणंतस्स।।३४१।।
अप्पा णिच्चो असंखिज्जपदेसो देसिओ उ समयम्हि।
णवि सो सक्कइ तत्तो, हीणो अहिओ य काउं जे।।३४२।।
जीवस्स जीवरूवं, विच्छरदो जाण लोगमित्तं हि।
तत्तो सो किं हीणो, अहिओ व कहं कुणइ दव्वं।।३४३।।
अह जाणओ उ भावो, णाणसहावेण अत्थि इत्ति मयं।
तम्हा णवि अप्पा अप्पयं तु सयमप्पणो कुणइ।।३४४।।

जीव कर्मोंके द्वारा अज्ञानी किया जाता है उसी तरह कर्मोंके द्वारा ज्ञानी होता है। कर्मोंके द्वारा सुलाया जाता है उसी प्रकार कर्मोंके द्वारा जगाया जाता है। कर्मोंके द्वारा सुखी किया जाता है उसी प्रकार कर्मोंके द्वारा दुःखी किया जाता है। कर्मोंके द्वारा मिथ्यात्वको प्राप्त किया जाता है, कर्मोंके द्वारा असंयमको प्राप्त कराया जाता है। कर्मोंके द्वारा ऊर्ध्वलोक अधोलोक और तिर्यग्लोकमें घुमाया जाता है। और जो कुछ भी शुभाशुभ कार्य है वह सब कर्मोंके द्वारा किया जाता है। क्योंकि कर्महो करता है और कर्म ही देता है तथा जो कुछ हरा जाता है वह कर्म ही हरता है, इसलिए सभी जीव अकारक प्राप्त हुए अर्थात् जीव कर्ता न

होकर कर्म ही कर्ताको प्राप्त हुआ। यह आचार्य परंपरासे आयी हुई ऐसी श्रुति है कि पुरुषवेद कर्म स्त्रीकी इच्छा करता है और स्त्रीवेद नामा कर्म पुरुषकी चाह करता है, अतः कोई भी जीव अब्रह्मचारी नहीं है। हमारे उपदेशमें तो ऐसा ही है कि धर्म ही कर्मको चाहता है ऐसा कहा गया है। जिस कारण जीव दूसरेको मारता है और दूसरेके द्वारा मारा जाता है वह भी प्रकृति ही है। इस अर्थमें यह बात कही जाती है कि यह परघात नामक प्रकृति है, अतः हमारे उपदेशमें कोई भी जीव उपघात करनेवाला नहीं है, क्योंकि कर्महीं कर्मको घातता है ऐसा कहा गया है। इस प्रकार जो कोई मुनि ऐसे सांख्य मतका प्ररूपण करते हैं उनके प्रकृति ही करती है और सब आत्मा अकारक -अकर्ता है। अथवा तू ऐसा मानेगा कि मेरा आत्मा मेरे आत्माको करता है तो ऐसा जाननेवाले तुम्हारा यह मिथ्यास्वभाव है, क्योंकि आत्मा नित्य असंख्यातप्रदेशी आगममें कहा गया है। उन असंख्यात प्रदेशोंसे वह हीनाधिक नहीं किया जा सकता। जीवका जीवरूप विस्तारकी अपेक्षा निश्चयसे लोकप्रमाण जानो। वह जीवद्रव्य उस परिमाणसे क्या हीन तथा अधिक कैसे कर सकता है। अथवा ऐसा मानिए कि ज्ञायकभाव ज्ञानस्वभाव कर स्थित है तो उस मान्यतासे यह सिद्ध हुआ कि आत्मा अपने स्वभाव कर स्थिर रहता है और उसी हेतुसे यह सिद्ध हुआ कि आत्मा अपने आपको स्वयमेव नहीं करता है।।३३२-३४४।।

आगे क्षणिकवादको स्पष्ट कर उसका निषेध करते हैं --

केहिंचि दु पज्जएहिं, विणस्सए णेव केहिचि दु जीवो।
जम्हा तम्हा कुव्वदि, सो वा अण्णो व णेयंतो।।३४५।।
केहिंचि दु पज्जएहिं, विणस्सए णेव केहिंचि दु जीवो।
जम्हा तम्हा वेददि, सो वा अण्णो व णेयंतो।।३४६।।
जो चेव कुणइ सो चिय, ण वेयए जस्स एस सिद्धंतो।
सो जीवो णायव्वो, मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।।३४७।।
अण्णो करेइ अण्णो, परिभुंजइ जस्स एस सिद्धंतो।
सो जीवो णादव्वो, मिच्छादिट्ठी अणारिहदो।।३४८।।

यतः जीव नामा पदार्थ कितनी ही पर्यायोंसे विनष्ट होता है और कितनी ही पर्यायोंसे विनष्ट नहीं होता इसलिए वही करता है अथवा अन्य करता है ऐसा एकांत नहीं है। यतः जीव कितनी ही पर्यायोंसे विनष्ट होता है और कितनी ही पर्यायोंसे विनष्ट नहीं होता इसलिए वही जीव भोगता है अथवा अन्य भोगता है ऐसा एकांत नहीं है। इसके विपरीत जिसका ऐसा सिद्धांत है कि जो करता है वह नहीं भोगता है, वह जीव मिथ्यादृष्टि है तथा अर्हंत मतसे बाह्य है ऐसा जानना चाहिए। इसी प्रकार जिसका ऐसा सिद्धांत है कि अन्य करता है और दूसरा कोई भोगता है वह जीव भी मिथ्यादृष्टि तथा अर्हंत मतसे बाह्य जानना

चाहिए।।३४५-३४८।।

आगे इसी बातको दृष्टांतसे कहते हैं --

जह सिप्पिओ उ कम्मं, कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ।
तह जीवोवि य कम्मं, कुव्वदि ण य तम्मओ होइ।।३४९।।
जह सिप्पिओ उ करणेहिं, कुव्वइ ण य सो उ तम्मओ होइ।
तह जीवो करणेहिं, कुव्वइ ण य तम्मओ होइ।।३५०।।
जह सिप्पिओ उ करणाणि गिण्हइ ण सो उ तम्मओ होइ।
तह जीवो करणाणि उ, गिण्हइ ण य तम्मओ होइ।।३५१।।
जह सिप्पिउ कम्मफलं, भुंजदि ण य सो उ तम्मओ होइ।
तह जीवो कम्मफलं, भुंजइ ण य तम्मओ होइ।।३५२।।
एवं ववहारस्स उ, वत्तव्वं दरिसणं समासेण।
सुणु णिच्छयस्स वयणं, परिणामकयं तु जं होई।।३५३।।
जह सिप्पिओ उ चिट्ठं, कुव्वइ हवइ य तहा अणण्णो से ।
तह जीवोवि य कम्मं, कुव्वइ हवइ य अणण्णी से।।३५४।।
जह चिट्ठं कुव्वतो, उ सिप्पिओ णिच्च दुक्खिओ होई।
तत्तो सिया अणण्णो, तह चेट्ठंतो दुही जीवो।।३५५।।

जिस प्रकार सुनार आदि शिल्पी आभूषण आदि कर्मको करता है परंतु वह आभूषणादिसे तन्मय नहीं होता उसी प्रकार जीव भी पुद्गलात्मक कर्मको करता है परंतु उससे तन्मय नहीं होता। जिस प्रकार शिल्पी हथौड़ा आदि करणोंसे कर्म करता है परंतु वह उनसे तन्मय नहीं होता उसी प्रकार जीव भी योग आदि करणोंसे कर्म करता है परंतु तन्मय नहीं होता। जिस प्रकार शिल्पी करणोंको ग्रहण करता है परंतु तन्मय नहीं होता उसी प्रकार जीव करणोंको ग्रहण करता है परंतु तन्मय नहीं होता। जिस प्रकार शिल्पी आभूषणादि कर्मोंके फलको भोगता है परंतु तन्मय नहीं होता उसी प्रकार जीव भी कर्मके फलको भोगता है परंतु तन्मय नहीं होता। इस प्रकार व्यवहारका दर्शन - मत संक्षेपसे कहनेयोग्य है। अब निश्चयके वचन सुनो जो कि अपने परिणामोंसे किये हुए होते हैं। जिस प्रकार शिल्पी चेष्टा करता है परंतु उस चेष्टासे अनन्य - अभिन्न - तद्रूप रहता है उसी प्रकार जीव भी कर्म करता है परंतु वह उन कर्मोंसे -- रागादिरूप परिणामोंसे अनन्य - अभिन्न रहता है। तथा जिस प्रकार शिल्पी चेष्टा करता हुआ निरंतर दुःखी होता है और उस दुःखसे अभिन्न रहता है उसी प्रकार चेष्टा करता हुआ जीव भी निरंतर दुःखी होता है और उस

दुःखसे कथंचित् अनन्य - अभिन्न रहता है।।३४९-३५५।।

आगे निश्चय व्यवहारके इस कथनको दृष्टांत द्वारा दस गाथाओंसे स्पष्ट करते हैं --

जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ।
तह जाणओ दु ण परस्स जाणओ जाणओ सो दु।।३५६।।
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया य सा होइ।
तह पासओ दु ण परस्स पासओ पासओ सो दु।।३५७।।
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होइ।
तह संजओ दु ण परस्स संजओ संजओ सो दु।।३५८।।
जह सेडिया दु ण परस्स सेडिया सेडिया दु सा होदि।
तह दंसणं दु ण परस्स दंसणं दंसणं तं तु।।३५९।।
एवं तु णिच्छयणयस्स भासियं णाणदंसणचरित्ते।
सुणु ववहारणयस्स य, वत्तव्वं से समासेण।।३६०।।
जह परदव्वं सेडिदि, हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं जाणइ, णाया वि सयेण भावेण।।३६१।।
जह परदव्वं सेडिदि, हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं पस्सइ, जीवोवि सयेण भावेण।।३६२।।
जह परदव्वं सेडदि, हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं विजहइ, णायावि सयेण भावेण।।३६३।।
जह परदव्वं सेडदि, हु सेडिया अप्पणो सहावेण।
तह परदव्वं सद्दहइ, सम्मदिट्ठी सहावेण।।३६४।।
एवं ववहारस्स दु, विणिच्छओ णाणदंसणचरित्ते।
भणिओ अण्णेसु वि पज्जएसु एमेव णायव्वो।।३६५।।

जिस प्रकार खड़िया दीवाल आदि परपदार्थोंको सफेद करनेवाली है इसलिए खड़िया नहीं है वह स्वयं ही खड़ियारूप है उसी प्रकार जीव परका ज्ञायक होनेसे ज्ञायक नहीं है किंतु स्वयं ही ज्ञायकरूप है। जिस प्रकार खड़िया परपदार्थोंको सफेद करनेवाली होनेसे खड़िया नहीं है किंतु स्वयं खड़िया है उसी प्रकार जीव परका दर्शक -- देखनेवाला होनेसे दर्शक नहीं है, किंतु स्वयं दर्शक है। जिस प्रकार खड़िया परपदार्थोंको

सफेद करनेवाली होनेसे परकी नहीं है उसी प्रकार जीव परको त्यागनेसे संयत नहीं है, किंतु स्वयं संयतरूप है। जिस प्रकार खड़िया परकी होनेसे खड़िया नहीं है, किंतु स्वयं खड़ियारूप है उसी प्रकार जीव परका श्रद्धानी होनेसे श्रद्धानरूप नहीं है, किंतु स्वयं श्रद्धानरूप है। ऐसा ज्ञान, दर्शन तथा चारित्रके विषयमें निश्चय नयका कथन है। अब व्यवहार नयका जो वचन है उसे संक्षेपसे सुनो। जिस प्रकार खड़िया अपने स्वभावकर दीवाल आदि परपदार्थोंको सफेद करती है उसी प्रकार ज्ञाता आत्मा परपदार्थोंको अपने स्वभावके द्वारा जानता है। जिस प्रकार खड़िया परपदार्थको सफेद करनेसे खड़िया नहीं है, वह स्वयं खड़िया है उसी प्रकार आत्मा स्वयं परद्रव्यको देखता है इसलिए द्रष्टा नहीं है, किंतु स्वस्वभावसे दर्शक होनेसे दर्शक है। जिस प्रकार खड़िया अपने स्वभावसे परपदार्थको सफेद करती है उसी प्रकार ज्ञाता आत्मा भी अपने स्वभावसे परपदार्थको त्यागता है। जिस प्रकार खड़िया अपने स्वभावसे परद्रव्यको सफेद करती है उसी प्रकार सम्यग्दृष्टि स्वभावसे परद्रव्यका श्रद्धान करता है। इस प्रकार ज्ञान-दर्शन-चारित्रके विषयमें व्यवहारका निश्चय कहा। इसी तरह अन्य पर्यायोंके विषयमें भी जानना चाहिए।।३६-३५६-३६५।।

आगे अज्ञानसे आत्मा अपना ही घात करता है यह कहते हैं --

दंसणणाणचरित्तं, किंचिवि णत्थि दु अचेयणे विसये।
तम्हा किं घादयदे, चेदयिदा तेसु विसएसु।।३६६।।
दंसणणाणचरित्तं, किंचिवि णत्थि दु अचेयणे कम्मे।
तम्हा किं घादयदे, चेदयिदा तेसु कम्मेसु।।३६७।।
दंसणणाणचरित्तं, किंचिवि णत्थि दु अचेयणे काये।
तम्हा किं घादयदे, चेदयिदा तेसु कायेसु।।३६८।।
णाणस्स दंसणस्स य, भणिओ[१] घाओ[२] तहा चरित्तस्स।
[३]णवि तहिं पुग्गलदव्वस्स, कोवि घाओ उ णिद्दिट्ठो।।३६९।।
जीवस्स जे गुणा केइ, णत्थि खलु ते परेसु दव्वेसु।
तम्हा सम्माइट्ठिस्स[४], णत्थि रागो उ विसएसु।।३७०।।
रागो दोसो मोहो, जीवस्सेव[५] य अणण्णपरिणामा।
एएण[६] कारणेण उ[७], सद्दादिसु णत्थि रागादि।।३७१।।

दर्शन ज्ञान चारित्र, अचेतन विषयोंमें कुछ भी नहीं हैं इसलिए उन विषयोंमें आत्मा क्या घात करे?

---

१. भणिदो। २. घादो ३. णवि तम्हि कोवि पुग्गलदव्वे घादो दु णट्ठिदो। ४. सम्मादिट्ठिस्स ५. जीवस्स दु जे अणण्णपरिणामा। ६. एदेण। ७. दु ज. वृ. ।

दर्शन ज्ञान चारित्र अचेतन कर्ममें कुछ भी नहीं हैं इसलिए आत्मा उन कर्मोंमें क्या घात करे? दर्शन ज्ञान चारित्र अचेतन कायमें कुछ भी नहीं हैं इसलिए आत्मा उन कायोंमें क्या घात करे? घात, ज्ञान दर्शन तथा चारित्रका कहा गया है, वहाँ पुद्गल द्रव्यका तो कुछ भी घात नहीं कहा। जो कुछ जीवके गुण हैं वे निश्चयकर परद्रव्योंमें नहीं हैं। यही कारण है कि सम्यग्दृष्टिके विषयोंमें राग ही नहीं है। राग द्वेष मोह ये सब जीवके ही अभिन्न परिणाम हैं इसलिए रागादिक शब्दादि विषयोंमें नहीं हैं।।३६६-३७१।।

आगे कहते हैं कि सभी द्रव्य स्वभावसे ही उपजते हैं --

अण्णदविएण अण्णदवियस्स ण कीरए[१] गुणुप्पाओ
तम्हा उ[२] सव्वदव्वा, उप्पंज्जंते सहावेण।।३७२।।

अन्य द्रव्यके द्वारा अन्य द्रव्यका गुणोत्पाद नहीं किया जाता इसलिए यह सिद्धांत है कि सभी द्रव्य अपने स्वभावसे ही उत्पन्न होते हैं।।३७२।।

आगे इस बातको प्रकट करते हैं कि जो स्पर्शादि विषय हैं वे पुद्गलरूप परिणमन करते हैं। आत्मासे 'तुम मुझे ग्रहण करो या न करो' ऐसा कुछ भी नहीं कहते। आत्मा स्वयं ही अज्ञानी तथा मोही हुआ उन्हें ग्रहण करता है --

[३]णिंदियसंथुयवयणाणि, पोग्गला परिणमंति [४]बहुयाणि।
ताणि सुणिऊण रूसदि, तूसदि य अहं पुणो भणिदो।।३७३।।
पोग्गलदव्वं [५]सद्दत्तपरिणयं तस्स जइ[६] गुणो अण्णो।
तम्हा ण तुमं भणिओ, किंचिवि किं [७]रूससि [८]अबुद्धो।।३७४।।
असुहो सुहो व सद्दो, ण तं भणइ सुणसु मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, सोयविसयमागयं सद्दं।।३७५।।
असुहं सुहं च रूवं, ण तं भणइ पिच्छ मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, चक्खुविसयमागयं रूवं।।३७६।।
असुहो सुहो व गंधो, ण तं भणइ जिग्घ मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, घाणविसयमागयं गंधं।।३७७।।
असुहो सुहो व रसो, ण तं भणइ रसय मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, रसणविसयमागयं तु रसं।।३७८।।

---

१. कीरदे गुणविघादो ज. वृ. । २. दु ज. वृ. । ३. णिंदिदसंथुद। ४. बहुगाणि। ५. सद्दत्तहपरिणदं । ६. जदि । ७. रूससे। ८. अबुहो।

असुहो सुहो व फासो, ण तं भणइ फुससु मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, कायविसयमागयं फासं।।३७९।।
असुहो सुहो व गुणो, ण तं भणइ बुज्झ मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, बुद्धिविसयमागयं तु गुणं।।३८०।।
असुहं सुहं व दव्वं, ण तं भणइ बुज्झ मंति सो चेव।
ण य एइ विणिग्गहिउं, बुद्धिविसयमागयं दव्वं।।३८१।।
[१]एयं तु जाणिऊण, उवसमं णेव गच्छई मूढो।
णिग्गहमणा परस्स य, सयं च बुद्धिं सिवमपत्तो।।३८२।।

बहुत प्रकारके निंदा और स्तुतिरूप जो वचन हैं उन रूप पुद्गल परिवर्तन करते हैं। उन्हें सुनकर अज्ञानी जीव यह मानता हुआ कि ये शब्द मुझसे कहे गये हैं रुष्ट होता है और संतुष्ट होता है। शब्दस्वरूप परिणत हुआ पुद्गल द्रव्य है, शब्दत्व उसीका गुण है और तुझसे भिन्न है। इसलिए तुझसे कुछ नहीं कहा गया है। तू अज्ञानी हुआ क्यों रोष करता है? शुभ अथवा अशुभ शब्द तुझसे ऐसा नहीं कहता कि तू मुझे सुन और श्रोत्रेंद्रियके विषयको प्राप्त हुए शब्दको ग्रहण करनेके लिए वह आत्मा भी नहीं आता। अशुभ अथवा शुभ रूप तुझसे ऐसा नहीं कहता कि तू मुझे देख और न चक्षुके विषयको प्राप्त हुए रूपको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अशुभ अथवा शुभ गंध तुझसे यह नहीं कहता कि तू मुझे सूँघ और न घ्राणके विषयको प्राप्त हुए गंधको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अशुभ अथवा शुभ रस तुझसे नहीं कहता कि तू मुझे चख और न रसना इंद्रियके विषयको प्राप्त हुए रसको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अशुभ अथवा शुभ स्पर्श तुझसे नहीं कहता कि तू मेरा स्पर्श कर और न स्पर्शन इंद्रियके विषयको प्राप्त हुए स्पर्शको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अशुभ अथवा शुभ गुण तुझसे नहीं कहता कि तू मुझे समझ और न बुद्धिके विषयको प्राप्त हुए गुणको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अशुभ अथवा शुभ द्रव्य तुझसे नहीं कहता कि तू मुझे जानो और न बुद्धिके विषयको प्राप्त हुए द्रव्यको ग्रहण करनेके लिए आत्मा ही आता है। अज्ञानी जीव यह जानकर भी उपशमभावको प्राप्त नहीं होता और परपदार्थके ग्रहण करनेका मन करता है, सो ठीक ही है क्योंकि स्वयं कल्याणरूप बुद्धिको प्राप्त नहीं हुआ है।।३७३-३८२।।

आगे प्रतिक्रमण प्रत्याख्यान आलोचना और चारित्रका स्वरूप बतलाते हैं --

कम्मं जं पुव्वकयं, सुहासुहमणेयवित्थरविसेसं।
तत्तो णियत्तए अप्पयं तु जो सो पडिक्कमणं।।३८३।।

१. एवं तु जाणि दव्वस्स उवसमेणेव गच्छदे । ज. वृ. ।

कम्मं जं सुहमसुहं, जम्हि य भावम्हि वज्झइ भविस्सं।
तत्तो णियत्तए जो, सो पच्चक्खाणं हवइ चेया।।३८४।।
जं सुहमसुहमुदिण्णं, संपडि य अणेयवित्थरविसेसं।
तं दोसं जो चेयइ, सो खलु आलोयणं चेया[१]।।३८५।।
[२]णिच्चं पच्चक्खाणं, कुव्वइ णिच्चं य पडिक्कमदि जो।
[३]णिच्चं आलोचेयइ, सो हु चरित्तं हवइ चेया[४]।।३८६।।

पूर्वकालमें किये हुए शुभाशुभ अनेक विस्तारविशेषको लिये हुए जो ज्ञानावरणादि कर्म हैं उनसे जो जीव अपने आत्माको छुड़ाता है वह प्रतिक्रमण है। जिस भावके होनेपर जो शुभाशुभ कर्म भविष्यमें बँधनेवाले हैं उनसे जो ज्ञानी निवृत्त होता है वह प्रत्याख्यान है। अनेक विस्तारविशेषको लिये जो शुभाशुभ कर्म वर्तमानमें उदयको प्राप्त है दोषरूप उस कर्मको जो ज्ञानी अनुभवता है -- उससे स्वामित्वभावको छोड़ता है वह निश्चयसे आलोचना है। तथा इस प्रकार जो आत्मा नित्य प्रतिक्रमण करता है, नित्य प्रत्याख्यान करता है और नित्य आलोचना करता है वह निश्चयसे चारित्र है।।३८३-३८६।।

आगे जो कर्मफलको अपना तथा अपना किया हुआ मानता है वह अष्टविध कर्मोंका बंध करता है यह कहते हैं --

वेदंतो कम्मफलं, अप्पाणं कुणइ जो दु कम्मफलं।
सो तं पुणोवि बंधइ, बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं।।३८७।।
वेदंतो कम्मफलं, मए कयं मुणइ जो दु कम्मफलं।
सो तं पुणोवि बंधइ बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं।।३८८।।
वेदंतो कम्मफलं, सुहिदो दुहिदो य हवदि जो चेदा।
सो तं पुणोवि बंधइ, बीयं दुक्खस्स अट्ठविहं।।३८९।।

जो जीव कर्मफलका वेदन करता हुआ कर्मफलको आपरूप करता है -- अपना मानता है वह दुःखके बीज स्वरूप आठ प्रकारके कर्मको फिर भी बाँधता है। कर्मफलका वेदन करता हुआ जो जीव कर्मफलको अपना किया हुआ मानता है वह दुःखके बीज स्वरूप आठ प्रकारके कर्मको फिर भी बाँधता है। जो जीव कर्मफलका वेदन करता हुआ सुखी दुःखी होता है वह दुःखके बीज स्वरूप आठ प्रकारके कर्मको फिर भी बाँधता है।।३८७-३८९।।

आगे ज्ञान ज्ञेयसे पृथक् है यह कहते है --

---

१. चेदा। २. णिच्चं पच्चक्खीणं कुव्वदि णिच्चं पि दो पडिक्कमदि। ३. णिच्चं आलोचेदिय ४. चेदा ज. वृ.

सत्थं णाणं ण हवइ, जम्हा सत्थं ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं सत्थं जिणा विंति।।३९०।।
सद्दो णाणं ण हवइ, जम्हा सद्दो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं सद्दं जिणा विंति।।३९१।।
रूवं णाणं ण हवइ, जम्हा रूवं ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं रूवं जिणा विंति।।३९२।।
वण्णो णाणं ण हवइ, जम्हा वण्णो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं वण्णं जिणा विंति।।३९३।।
गंधो णाणं ण हवइ, जम्हा गंधो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं गंधं जिणा विंति।।३९४।।
ण रसो ण हवदि णाणं, जम्हा दु रसो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, रसं य अण्णं जिणा विंति।।३९५।।
फासो णाणं ण हवइ, जम्हा फासो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं फासं जिणा विंति।।३९६।।
कम्मं णाणं ण हवइ, जम्हा कम्मं ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं कम्मं जिणा विंति।।३९७।।
धम्मो णाणं ण हवइ, जम्हा धम्मो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं धम्मं जिणा विंति।।३९८।।
णाणमधम्मो ण हवइ, जम्हाऽधम्मो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णमधम्मं जिणा विंति।।३९९।।
कालो णाणं ण हवइ, जम्हा कालो ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं णाणं, अण्णं कालं जिणा विंति।।४००।।
आयासं पि ण णाणं , जम्हायासं ण याणए किंचि।
तम्हा अण्णं यासं, अण्णं णाणं जिणा विंति।।४०१।।
णज्झवसाणं णाणं, अज्झवसाणं अचेदणं जम्हा।
तम्हा अण्णं णाणं, अज्झवसाणं तहा अण्णं।।४०२।।

जम्हा जाणइ णिच्चं, तम्हा जीवो दु जाणओ णाणी।
णाणं च जाणयादो, अव्वदिरित्तं मुणेयव्वं।।४०३।।
णाणं सम्मादिट्ठिं, दु संजमं सुत्तमंगपुव्वगयं।
धम्माधम्मं च तहा, पव्वज्जं अब्भुवंति बुहा।।४०४।।

शास्त्र ज्ञान नहीं है, क्योंकि शास्त्र कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और शास्त्र अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। शब्द ज्ञान नहीं है, क्योंकि शब्द कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और शब्द अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। रूप ज्ञान नहीं है, क्योंकि रूप कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और रूप अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। वर्ण ज्ञान नहीं है, क्योंकि वर्ण कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और वर्ण अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। गंध ज्ञान नहीं है, क्योंकि गंध कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और गंध अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। रस ज्ञान नहीं है, क्योंकि रस कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और रस अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। स्पर्श ज्ञान नहीं है, क्योंकि स्पर्श कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है औरस्पर्श अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। कर्म ज्ञान नहीं है, क्योंकि कर्म कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और कर्म अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। धर्मास्तिकाय ज्ञान नहीं है, क्योंकि धर्मास्तिकाय कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और धर्मास्तिकाय अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। अधर्मास्तिकाय ज्ञान नहीं है, क्योंकि अधर्मास्तिकाय कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और अधर्मास्तिकाय अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। कालद्रव्य ज्ञान नहीं है, क्योंकि कालद्रव्य कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और कालद्रव्य अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। आकाश भी ज्ञान नहीं है, क्योंकि आकाश कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और आकाश अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। अध्यवसान ज्ञान नहीं है, क्योंकि अध्यवसान कुछ भी जानता नहीं है इसलिए ज्ञान अन्य है और अध्यवसान अन्य है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं। चूँकि जीव निरंतर जानता है इसलिए ज्ञायक है तथा ज्ञान है और ज्ञान ज्ञायकसे अव्यतिरिक्त -- अभिन्न है ऐसा जानना चाहिए। इस प्रकार ज्ञान ही सम्यग्दृष्टि है, संयम है, अंगपूर्वगत सूत्र है, धर्म अधर्म है तथा दीक्षा है ऐसा बुधजन अंगीकार करते हैं।।३९०-४०४।।

अत्ता जस्सामुत्तो[१], ण हु सो आहारओ[२] हवइ[३] एवं।
आहारो खलु मुत्तो, जम्हा सो पुग्गलमओ उ[४]।।४०५।।
णवि सक्कइ घित्तुं जं, ण[५] विमोत्तुं जं य जं परदव्वं।
सो कोवि य तस्स गुणो,[६]पाउग्गिओ विस्ससो वावि।।४०६।।

१. जस्स अमुत्तो। २. आहारगो। ३. हवदि। ४. दु। ५. ण मुंचदे चेव जं परं दव्वं। ज. वृ.। ६. पाउग्गिय ज. वृ.।

तम्हा उ[१] जो विसुद्धो, चेया[२] सो णेव गिण्हए[३] किंचि।
णेव विमुंचइ[४] किंचिवि, जीवाजीवाण दव्वाणं।।४०७।।

इस प्रकार जिसका आत्मा अमूर्तिक है वह निश्चयसे आहारक नहीं होता, क्योंकि आहार मूर्तिक है तथा पुद्गलमय है। जो परद्रव्य न ग्रहण किया जा सकता है और न छोड़ा जा सकता है वह आत्माका कोई प्रायोगिक अथवा वैस्रसिक गुण ही है। इससे यह सिद्ध हुआ कि जो विशुद्ध आत्मा है वह जीव अजीव द्रव्यमेंसे कुछ भी न ग्रहण करता है और न कुछ छोड़ता ही है।।४०५-४०७।।

आगे कहते हैं कि लिंग मोक्षमार्ग नहीं है --

पासंडीलिंगाणि व, गिहलिंगाणि व बहुप्पयाराणि।
घित्तुं वदंति मूढा, लिंगमिणं मोक्खमग्गोत्ति।।४०८।।
ण हु होदि मोक्खमग्गो, लिंगं जं देहणिम्ममा अरिहा।
लिंगं मुइत्तु दंसणणाणचरित्ताणि सेयंति।।४०९।।

बहुत प्रकारके पाखंडिलिंगों अथवा गृहस्थलिंगोंको ग्रहण कर मूढ़ जन ऐसा कहते हैं कि यह लिंग मोक्षका मार्ग है। परंतु लिंग मोक्षका मार्ग नहीं है, क्योंकि अर्हंत देव भी देहसे निर्ममत्व हो तथा लिंग छोड़कर सम्यग्दर्शन सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी ही सेवा करते हैं।। ४०८-४०९।।

आगे इसी बातको दृढ़ करते हैं --

ण वि एस मोक्खमग्गो, पाखंडीगिहिमयाणि लिंगाणि।
दंसण णाणचरित्ताणि, मोक्खमग्गं जिणा विंति।।४१०।।

जो पाखंडी और गृहस्थरूप लिंग है वह मोक्षमार्ग नहीं है। जिनेंद्र भगवान दर्शन ज्ञान और चारित्रको ही मोक्षमार्ग कहते हैं।।४१०।।

तम्हा जहित्तु लिंगे, सागारणगारएहिं वा गहिए।
दंसणणाणचरित्ते, अप्पाणं जुंज मोक्खपहे।।४११।।

इसलिए गृहस्थों और मुनियोंके द्वारा गृहीत लिंगोंको छोड़कर दर्शन ज्ञान चारित्रस्वरूप मोक्षमार्गमें आत्माको लगाओ।।४११।।

आगे इसी मोक्षमार्गमें निरंतर रत रहो यह उपदेश देते हैं --

मोक्खपहे अप्पाणं, ठवेहि तं [५] चेव झाहि तं चेव।
तत्थेव विहर णिच्चं, मा विहरसु अण्णदव्वेसु।।४१२।।

---

१. दु। २. च्चेदा। ३. गिण्हदे। ४. विमुंचदि ज. वृ. ५. चेदयहि झायहि तं चेव। ज. वृ.

हे भव्य! तू पूर्वोक्त मोक्षमार्गमें आत्माको लगा, उसीका ध्यान कर, उसीका चिंतन कर, उसीमें निरंतर विहार कर। अन्य द्रव्योंमें विहार मत कर।।४१२।।

आगे कहते हैं कि जो बाह्य लिंगोंमें ममताबुद्धि रखते हैं वे समयसारको नहीं जानते हैं --

[१]पाखंडीलिंगेसु व, गिहलिंगेसु व बहुप्पयारेसु।
कुव्वंति जे ममत्तं, तेहिं ण णायं[२] समयसारं।।४१३।।

जो बहुत प्रकारके पाखंडी लिंगों और गृहस्थलिंगोंमें ममता करते हैं उन्होंने समयसारको नहीं जाना है।।४१३।।

आगे कहते हैं कि व्यवहार नय दोनों लिंगोंको मोक्षमार्ग बतलाता है, परंतु निश्चय नय किसी लिंगको मोक्षमार्ग नहीं कहता --

ववहारिओ पुण णओ, दोण्णि वि लिंगाणि भणइ मोक्खपहे।
णिच्छयणओ ण[३] इच्छइ, मोक्खपहे[४] सव्वलिंगाणि।।४१४।।

व्यवहार नय तो मुनि और श्रावकके भेदसे दोनों ही प्रकारके लिंगोंको मोक्षमार्ग कहता है, परंतु निश्चय नय सभी लिंगोंको मोक्षमार्गमें इष्ट नहीं करता।।४१५।।

आगे श्री कुंदकुंदाचार्य देव समयप्राभृत ग्रंथको पूर्ण करते हुए उसके फलकी सूचना करते हैं --

जो समयपाहुडमिणं, पडिहूणं[५] अत्थतच्चदो णाउ[६]
अत्थे ठाही[७] चेया[८], सो [९]होही उत्तमं सोक्खं।।४१५।।

जो भव्यपुरुष इस समयप्राभृतको पढ़कर तथा अर्थ और तत्त्वको जानकर इसके अर्थमें स्थित रहेगा वह उत्तम सुखस्वरूप होगा।।४१५।।

इस प्रकार सर्वविशुद्ध ज्ञानका प्ररूपक नवम अंक पूर्ण हुआ।

*

---

१. पाखंडिय ज. वृ.। २. णादं ज. वृ.। ३. णेच्छदि ज. वृ.। ४. मुक्ख पहे ज. वृ.। ५. पठिदूणय ज. वृ.। ६. णादु ज. वृ.। ७. ठाहिदि ज. वृ.। ८. चेदा ज. वृ.। ९. पावदि ज. वृ.।

प्रवचनसार

*

प्रवचनसार

अब मंगलाचरण और ग्रंथका उद्देश्य कहते हैं

एस सुरासुरमणुसिंदवंदिदं धोदघाइकम्ममलं।
पणमामि वड्ढमाणं, तित्थं धम्मस्स कत्तारं।।१।।
सेसे पुण तित्थयरे, ससव्वसिद्धे विसुद्धसब्भावे।
समणे य णाणदंसण,चरित्ततववीरियायारे।।२।
ते ते सव्वे समगं, समगं पत्तेगमेव पत्तेयं।
वंदामि य वट्टंते, अरहंते माणुसे खेत्ते।।३।।
किच्चा अरहंताणं, सिद्धाणं तह णमो गणहराणं।
अज्झावयवग्गाणं, साहूणं चेव सव्वेसिं।।४।।
तेसिं विसुद्धदंसणणाणपहाणासमं समासेज्ज।
उवसंपयामि सम्मं, जत्तो णिव्वाणसंपत्ती।।५।। [पणगं]

यह मैं कुंदकुंदाचार्य, सुर असुर और मनुष्योंके इंद्रोंसे वंदनीय, घातिकर्म रूप मलको नष्ट करनेवाले और धर्मतीर्थके कर्ता श्री वर्धमान स्वामीको नमस्कार करता हूँ।।१।। इसके अनंतर समस्त सिद्धोंसे सहित विशुद्ध स्वभावके धारक अवशिष्ट तेईस तीर्थंकरोंको और ज्ञान दर्शन चारित्र तप एवं वीर्याचारके धारक श्रमणों --आचार्यादि महामुनियोंको नमस्कार करता हूँ।।२।। फिर मनुष्य क्षेत्र -- अढ़ाई द्वीपमें वर्तमान जितने अरहंत परमेष्ठी हैं उन सबको एक साथ अथवा पृथक् पृथक् रूपसे प्रत्येककी वंदना करता हूँ।।३।। इस प्रकार समस्त अरहंतों, सिद्धों, गणधरों, उपाध्यायों और साधुओंको नमस्कार कर तथा उनके विशुद्ध दर्शन ज्ञान प्रधान आश्रमको प्राप्त हो मैं उस साम्य भावको प्राप्त होता हूँ जिससे कि निर्वाण -- परमाह्लाद रूप मोक्षकी प्राप्त होती है।।४-५।।

आगे वीतराग और सरागचारित्र का फल बतलाते हैं --

संपज्जदि णिव्वाणं, देवासुरमणुयरायविहवेहिं।
जीवस्स चरित्तादो, दंसणणाणप्पहाणादो।।६।।

जीवको दर्शन ज्ञानप्रधान चारित्रसे देवेंद्र धरणेंद्र और चक्रवर्ती आदिके वैभवके साथ निर्वाणकी प्राप्ति होती है।

वीतराग और सरागके भेदसे चारित्र दो प्रकारका है। उनमेंसे वीतराग चारित्रसे निर्वाणकी प्राप्ति होती है और सराग चारित्रसे देवेंद्र आदिका वैभव प्राप्त होता है।।६।।

आगे चारित्रका स्वरूप कहते हैं --

चारित्तं खलु धम्मो, धम्मो जो सो समोत्ति णिद्दिट्ठो।
मोहक्खोहविहीणो, परिणामो अप्पणो हि समो।।७।।

निश्चयसे चारित्र धर्मको कहते हैं, शम अथवा साम्यभावको धर्म कहा है और मोह -- मिथ्यादर्शन तथा क्षोभ -- राग द्वेषसे रहित आत्माका परिणाम शम अथवा साम्यभाव कहलाता है।।७।।

आगे चारित्र और आत्माकी एकता सिद्ध करते हैं --

परिणमदि जेण दव्वं, तक्कालं[1] तम्मयत्ति पण्णत्तं।
तम्हा धम्मपरिणदो, आदा धम्मो मुणेयव्वो[2]।।८।।

द्रव्य जिस कालमें जिस रूप परिणमन करता है उस कालमें वह उसी रूप हो जाता है ऐसा जिनेंद्र भगवानने कहा है इसलिए धर्मरूप परिणत आत्मा धर्म हो जाता है --चारित्र हो जाता है ऐसा जानना चाहिए।

अब जीवकी शुभ अशुभ और अशुद्ध दशाका निरूपण करते हैं --

जीवो परिणमदि जदा, सुहेण असुहेण वा सुहो असुहो।
सुद्धेण तदा सुद्धो, हवदि हि परिणामसब्भावो।।९।।

जीव जिस समय शुभ अथवा अशुभरूप परिणमन करता है उस समय शुभ अथवा अशुभ हो जाता है और जिस समय शुद्धरूप परिणमन करता है उस समय उसके शुद्ध रूप परिणामका सद्भाव हो जाता है।।९।।

आगे परिणाम वस्तुका स्वभाव है ऐसा निश्चय करते हैं --

णत्थि विणा परिणामं, अत्थो अत्थं विणेह परिणामो।
दव्वगुणपज्जयत्थो, अत्थो अत्थित्तणिव्वत्ता।।१०।।

पर्यायके बिना अर्थ नहीं होता और अर्थके बिना पर्याय नहीं रहता। द्रव्य गुण और पर्यायमें स्थित रहनेवाला अर्थ ही अस्तित्वगुणसे युक्त होता है। जिस प्रकार कटक कुंडलादि पदार्थोंके बिना सुवर्ण नहीं रह सकता और सुवर्णके बिना कटक कुंडलादि पर्याय नहीं रह सकते उसी प्रकार पर्यायोंके बिना कोई भी पदार्थ नहीं रह सकता और पदार्थके बिना कोई भी पर्याय नहीं रह सकते। तात्पर्य यह है कि जो पदार्थ द्रव्य गुण और पर्यायमें स्थित रहता है -- सामान्य विशेषात्मक होता है उसीका सद्भाव होता है। सामान्य और

१. तक्काले ज. वृ. । २. मुणेदव्वो ज. वृ. ।

विशेष -- द्रव्य और पर्याय परस्पर निरपेक्ष होकर नहीं रह सकते।।१०।।

आगे शुभ और शुद्ध परिणामका फल कहते हैं --

धम्मेण परिणदप्पा, अप्पा जदि सुद्धसंपओगजुदो।
पावदि णिव्वाणसुहं, सुहोवजुत्तो व सग्गसुहं।।११।।

धर्म अर्थात् चारित्रगुणरूप जिसका आत्मा परिणत हो रहा है ऐसा जीव यदि शुद्धोपयोगसे सहित है तो निर्वाणसुखको पाता है और यदि शुभोपयोगसे सहित है तो स्वर्गसुखको प्राप्त करता है।।११।।

आगे अशुभ परिणामका फल अत्यंत हेय है ऐसा कहते हैं --

असुहोदयेण आदा, कुणरो तिरियो भवीय णेरइयो।
दुक्खसहस्सेहिं सदा, अभिंधुदो भमइ अच्चंतं।।१२।।

अशुभोपयोग परिणमन करनेसे जीव खोटा मनुष्य, तिर्यंच और नारकी होकर हजारों दुःखोंसे दुःखी होता हुआ सदा संसारमें अत्यंत भ्रमण करता रहता है। अशुभोपयोगमें चारित्रका अल्पमात्र भी संबंध नहीं होता इसलिए यह जीव अशुभ कर्मोंका बंध कर दुर्गतियोंमें निरंतर भ्रमण करता रहता है।।१२।।

आगे शुद्धोपयोगका फल बतलाते हुए उसकी प्रशंसा करते हैं --

अइसयमादसमुत्थं, विसयातीदं अणोवममणंतं।
अव्वुच्छिण्णं च सुहं, सुद्धुवओगप्पसिद्धाणं।।१३।।

शुद्धोपयोगसे निष्पन्न अरहंत सिद्ध भगवानको अतिशय रूप -- सबसे अधिक, आत्मासे उत्पन्न, विषयातीत, अनुपम, अनंत और अनंतरित सुख प्राप्त होता है।।१३।।

आगे शुद्धोपयोगरूप परिणत आत्माका स्वरूप कहते हैं --

सुविदिदपदत्थसुत्तो, संजमतवसंजुदो विगदरागो।
समणो समसुहदुक्खो, भणिदो सुद्धोवओगोत्ति।।१४।।

जिसने जीवाजीवादि पदार्थ और उनके प्रतिपादक शास्त्रको अच्छी तरह जान लिया है, जो संयम और तपसे सहित है, जिसका राग नष्ट हो चुका है और जो सुख-दुःखमें समता परिणाम रखता है ऐसा श्रमण -- मुनि शुद्धोपयोगका धारक कहा गया है।।१४।।

आगे शुद्धोपयोगपूर्वक ही शुद्ध आत्माका लाभ होता है ऐसा कहते हैं --

उवओगविसुद्धो जो, विगदावरणंतरायमोहरओ।
भूदो सयमेवादा, जादि परं णेयभूदाणं।।१५।।

जो जीव उपयोगसे विशुद्ध है अर्थात् शुद्धोपयोगका धारण करनेवाला है वह स्वयं ही ज्ञानावरण, दर्शनावरण, अंतराय और मोहरूपी रजको नष्ट करता हुआ ज्ञेयभूत -- समस्त पदार्थोंके पारको प्राप्त होता

है -- त्रिकालवर्ती समस्त पदार्थोंको जानता है।।१५।।

आगे शुद्धात्मस्वरूप जीव सर्वथा स्वाधीन है ऐसा निरूपण करते हैं --

तह सो लद्धसहावो, सव्वण्हू सव्वलोगपदिमहिदो।
भूदो सयमेवादा, हवदि सयंभुत्ति णिद्दिट्ठो।।१६।।

इस प्रकार शुद्धोपयोगके द्वारा जिसे आत्मस्वभाव प्राप्त हुआ है ऐसा जीव स्वयं ही सर्वज्ञ तथा समस्त लोकके अधिपतियों द्वारा पूजित होता हुआ स्वयंभू हो जाता है ऐसा कहा गया है।।१६।।

आगे शुद्ध आत्मस्वभावकी नित्यता तथा कथंचित् उत्पाद व्यय ध्रौव्यता दिखलाते हैं --

भंगविहीणो य भवो, संभवपरिवज्जिदो विणासो हि।
विज्जदि तस्सेव पुणो, ठिदिसंभवणाससमवायो।।१७।।

जो जीव स्वयंभू पदको प्राप्त हुआ है उसीका उत्पाद विनाशरहित है और विनाश उत्पादरहित है अर्थात् उसकी जो शुद्ध दशा प्रकट हुई है उसका कभी नाश नहीं होगा और जो अज्ञान दशाका नाश हुआ है उसका कभी उत्पाद नहीं होगा। इतना होनेपर भी उसके स्थिति उत्पाद और नाशका समवाय रहता है क्योंकि वस्तु प्रत्येक क्षण उत्पाद व्यय और ध्रौव्यात्मक रहती है।।१७।।

आगे उत्पादादि तीनों शुद्ध आत्मामें भी होते हैं ऐसा कथन करते हैं --

उप्पादो य विणासो, विज्जदि सव्वस्स अत्थजादस्स।
पज्जाएण दु केणवि, अत्थो[१] खलु होदि सब्भूदो[२]।।१८।।

निश्चयसे पदार्थसमूहका किसी पर्यायकी अपेक्षा उत्पाद होता है, किसी पर्यायकी अपेक्षा विनाश होता है और किसी पर्यायकी अपेक्षा वह पदार्थ सद्भूत अर्थात् ध्रौव्यरूप होता है। अँगूठी आदि पर्यायकी अपेक्षा विनाश होता है और पीतता आदि पर्यायकी अपेक्षा वह ध्रौव्यरूप रहता है इसी प्रकार समस्त द्रव्योंमें समझना चाहिए।।१८।।[३]

आगे इंद्रियोंके विना ज्ञान ओर आनंद किस प्रकार होते हैं ? ऐसा संदेह दूर करते हैं --

पक्खीणघादिकम्मो, अणंतवरवीरिओ अधिकतेजो।
जादो अदिंदिओ सो, णाणं सोक्खं च परिणमदि।।१९।।

---

१. अट्ठो २. संभूदो ज. वृ.।

३. घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम्।
शोकप्रमोदमाध्यस्थ्यं जनो याति सहेतुकम्।।५९।।
पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रतः।
अगोरसव्रतो नोभे तस्मात्तत्त्वं त्रयात्मकम्।। ६०।। -- आप्तमीमांसा समन्तभद्रस्य।

शुद्धोपयोगकी सामर्थ्यसे जिसके घातिया कर्म नष्ट हो चुके हैं, क्षायोपशमिक ज्ञान और दर्शनसे संपृक्त होनेके कारण जो अतींद्रिय हुआ है, समस्त अंतरायका क्षय हो जानेसे जिसके अनंत उत्कृष्ट वीर्य प्रकट हुआ है और ज्ञानावरण तथा दर्शनावरणके अत्यंत क्षयसे जिसके केवलज्ञान तथा केवलदर्शनरूप अधिक तेज जागृत हुआ है वह शुद्धात्मा ही स्वयं ज्ञान तथा सुख रूप परिणमन करने लगता है। इस प्रकार ज्ञान और सुख आत्माके स्वभाव ही हैं। चूँकि स्वभाव परकी अपेक्षा नहीं रखता इसलिए शुद्धात्माके इंद्रियोंके बिना ही ज्ञान और सुख संभव हैं।।१९।।[१]

आगे अतींद्रिय होनेसे शुद्धात्माके शारीरिक सुख-दुःख नहीं होते हैं ऐसा कथन करते हैं --

सोक्खं वा पुण दुक्खं, केवलणाणिस्स णत्थि देहगदं।
जम्हा अदिंदियत्तं, जादं तम्हा दु तं णेयं।।२०।।

चूँकि केवलज्ञानीके अतींद्रियपना प्रकट हुआ है इसलिए उनके शरीरगत सुख और दुःख नहीं होते ऐसा जानना चाहिए।।२०।।

आगे केवली भगवानको अतींद्रिय ज्ञानसे ही सब वस्तुका प्रत्यक्ष ज्ञान होता है यह कहते हैं --

परिणमदो खलु णाणं, पच्चक्खा सव्वदव्वपज्जाया।
सो णेव ते विजाणदि, [२]ओग्गहपुव्वाहिं किरियाहिं।।२१।।

केवलज्ञानरूप परिणमन करनेवाले केवली भगवानके समस्त द्रव्य और उनकी समस्त पर्यायें सदा प्रत्यक्ष रहती हैं। वे अवग्रह आदिरूप क्रियाओंसे द्रव्य तथा पर्यायोंको नहीं जानते हैं।।२१।।

आगे केवलीके कुछ परोक्ष नहीं है ऐसा कहते हैं --

णत्थि परोक्खं किंचिवि, समंत सव्वक्खगुणसमिद्धस्स।
अक्खातीदस्स सदा, सयमेव हि णाणजादस्स।।२२।।

जो समस्त आत्माके प्रदेशोंमें स्पर्श रस गंधरूप और शब्दज्ञानरूप समस्त इंद्रियोंके गुणोंसे समृद्ध हैं, अथवा आत्माके समस्त गुणोंसे संपन्न हैं[३], इंद्रियोंसे अतीत हैं तथा स्वयं ही सदा ज्ञानरूप परिणत हो रहे हैं ऐसे केवली भगवानके कुछ भी पदार्थ परोक्ष नहीं हैं -- वे त्रिकाल और लोकालोकवर्ती समस्त पदार्थोंको यगपद् जानते हैं।।२२।।

---

१. १९ वीं गाथाके आगे जयसेन वृत्तिमें निम्नलिखित गाथा अधिक है --
तं सव्वट्ठवरिट्ठं इट्ठं अमरासुरप्पहाणेहिं।
ये सद्दहंति जीवा तेसिं दुक्खाणि खीयंति।। -- ज. वृ.

२. उग्गहपुव्वाहिं ज. वृ.।

३. अथवा द्वितीयव्याख्यानं -- अक्ष्णोति ज्ञानेन व्याप्नोतीत्यक्ष आत्मा तद्गुणसमृद्धस्य ज. वृ.।

आगे आत्माको ज्ञानप्रमाण और ज्ञानको सर्वव्यापक दिखलाते हैं -

आदा णाणपमाणं, णाणं णेयप्पमाणमुद्दिट्ठं।
णेयं लोगालोगं, तम्हा णाणं तु सव्वगयं।।२३।।

आत्मा ज्ञानके बराबर और ज्ञान ज्ञेयके बराबर कहा गया है। ज्ञेय लोक तथा अलोक है इसलिए ज्ञान सर्वगत है।।

'प्रत्येक द्रव्य अपने गुण और पर्यायोंके बराबर होता है' ऐसा आगमका वचन होनेसे आत्मा अपने ज्ञानगुणके बराबर ही है, न उससे हीन है और न अधिक। ज्ञानगुण ज्ञेय अर्थात् जाननेयोग्य पदार्थके बराबर होता है और ज्ञेय लोक तथा अलोकके समस्त पदार्थ हैं। अर्थात् ज्ञान उन्हें जानता है इसलिए विषयकी अपेक्षा सर्वगत -- सर्वव्यापक है।।२३।।

आगे आत्माको ज्ञानप्रमाण न माननेपर दो पक्ष उपस्थित कर उन्हें दूषित करते हैं --

णाणप्पमाणमादा, ण हवदि जस्सेह तस्स सो आदा।
हीणो वा अधिगो वा, णाणादो हवदि धुवमेव।। २४।।
हीणो जदि सो आदा, तण्णाणमचेदणं ण जाणादि।
अधिगो वा णाणादो, णाणेण विणा कहं णादि।।२५।। जुगलं

इस लोकमें जिसके मतमें आत्मा ज्ञानप्रमाण नहीं होता है उसके मतमें वह आत्मा निश्चय ही ज्ञानसे हीन अथवा अधिक होगा। यदि आत्मा ज्ञानसे हीन है तो वह ज्ञान चेतनके साथ समवाय न होनेसे अचेतन हो जायेगा और उस दशामें पदार्थको नहीं जान सकेगा। इसके विरुद्ध यदि आत्मा ज्ञानसे अधिक है तो वह ज्ञानातिरिक्त आत्मा ज्ञानके विना पदार्थको किस प्रकार जान सकेगा? जब कि ज्ञान ही जाननेका साधन है।।२४-२५।।

आगे ज्ञानकी भाँति आत्मा भी सर्वव्यापक है ऐसा सिद्ध करते हैं --

सव्वगदो जिणवसहो, सव्वेवि य तग्गया जगदि अट्ठा।
णाणमयादो य जिणो, विसयादो तस्स ते भणिदा।।२६।।

ज्ञानमय होनेसे जिनश्रेष्ठ सर्वज्ञ भगवान सर्वगत अर्थात् सर्वव्यापक हैं और उन भगवानके विषय होनेसे उससे तन्मय रहनेवाला सर्वज्ञ भी सर्वव्यापक है यह सिद्ध हुआ।।२६।।

आगे आत्मा और ज्ञानमें एकता तथा अन्यताका विचार करते हैं --

णाणं अप्पत्ति मदं, वट्टदि[१] णाणं विणा ण अप्पाणं।
तम्हा णाणं अप्पा, अप्पा णाणं व अण्णं वा।।२७।।

१. वट्टइ ज. वृ. ।

ज्ञान आत्मा है ऐसा माना गया है, चूँकि ज्ञान आत्माके विना नहीं होता इसलिए ज्ञान आत्मा है और आत्माके सिवाय अन्य गुणोंका भी आश्रय है अतः ज्ञानरूप भी है और अन्यरूप भी है।

आत्मा अनंत गुणोंका पिंड है, ज्ञान उन अनंत गुणोंमें एक प्रधान गुण है और आत्माके सिवाय अन्यत्र नहीं पाया जाता है, इसलिए गुणगुणीमें अभेद विवक्षा कर ज्ञानको आत्मा कह दिया है। परंतु आत्मा जिस प्रकार ज्ञान गुणका आधार है उसी प्रकार अन्य गुणोंका भी आधार है। इसलिए ज्ञानगुणके आधारकी अपेक्षा आत्मा ज्ञानरूप है तथा अन्य गुणोंके आधारकी अपेक्षा ज्ञानरूप नहीं भी है।।२७।।

आगे ज्ञान न तो ज्ञेयमें जाता है और न ज्ञेय ज्ञानमें जाता है ऐसा प्ररूपण करते हैं --

णाणी णाणसहावो, अत्था[१] णेयापगा हि णाणिस्स।
रूवाणि व चक्खूणं, णेवण्णोण्णेसु वट्टंति।।२८।।

निश्चयसे आत्मा ज्ञानस्वभाववाला है और पदार्थ उस ज्ञानी -- आत्माके ज्ञेयस्वरूप हैं। जिस प्रकार रूपी पदार्थ चक्षुओंमें प्रविष्ट नहीं होते और चक्षु रूपी पदार्थोंमें प्रविष्ट नहीं होते उसी प्रकार ज्ञेय ज्ञानी आत्मामें प्रविष्ट नहीं है और ज्ञानी ज्ञेय पदार्थोंमें प्रविष्ट नहीं है। पृथक् रहकर ही इन दोनोंमें ज्ञेय-ज्ञायक संबंध है।।

आगे यद्यपि निश्चयसे ज्ञानी-ज्ञेयोंमें -- पदार्थोंमें प्रविष्ट नहीं होता है तो व्यवहारसे प्रविष्टके समान जान पड़ता है ऐसा कथन करते हैं --

ण पविट्ठो णाविट्ठो, णाणी णेयेसु रूवमिव चक्खू।
जाणदि पस्सदि णियदं, अक्खातीदो जगमसेसं।।२९।।

इंद्रियातीत अर्थात् अतींद्रिय ज्ञानसहित आत्मा जाननेयोग्य पदार्थोंमें प्रविष्ट नहीं होता और प्रविष्ट नहीं होता सर्वथा ऐसा भी नहीं है, व्यवहारकी अपेक्षा प्रविष्ट होता भी है। वह रूपी पदार्थको नेत्रकी तरह समस्त संसारको निश्चित रूपसे जानता है।

जिस प्रकार चक्षु रूपी पदार्थमें प्रविष्ट नहीं होता फिर भी वह उसे देखता है इसी प्रकार आत्मा जाननेयोग्य पदार्थमें प्रविष्ट नहीं होता फिर भी वह उसे जानता है। परंतु दृश्य-दर्शक संबंध होनेकी अपेक्षा व्यवहारसे जिस प्रकार चक्षु रूपी पदार्थमें प्रविष्ट हुआ कहलाता है उसी प्रकार ज्ञेय-ज्ञायक संबंध होनेकी अपेक्षा व्यवहारसे आत्मा प्रविष्ट हुआ कहलाता है।।२९।।

आगे व्यवहारसे ज्ञान पदार्थोंमें प्रवर्तता है ऐसा उदाहरणपूर्वक कहते हैं --

रदणमिह इंदणीलं, दुद्धज्झसियं जहा सभासाए।
अभिभूय तंपि दुद्धं, वट्टदि तह णाणमत्थेसु।।३०।।

इस लोकमें जिस प्रकार दूधमें डुबाया हुआ इंद्रनील मणि अपनी कांतिसे उस दूधको अभिभूत

करके -- नीला बनाकर रहता है उसी प्रकार ज्ञान भी पदार्थोंको अभिभूत कर -- ज्ञानरूप बनाकर उनमें रहता है।

यथार्थमें इंद्रनील मणि अपने आपमें ही रहता है, दूधमें जो नीलाकार परिणमन हो रहा है वह दूधका ही है, परंतु इंद्रनील मणिके संबंधसे होनेके कारण उपचारसे इंद्रनील मणिका कहलाता है, इसी प्रकार ज्ञान सदा ज्ञानरूप ही रहता है परंतु वह अपनी स्वच्छताके कारण दर्पणकी तरह घटपदादि पदार्थ रूप हो जाता है। ज्ञानमें जो घटपटादि पदार्थोंका आकार प्रतिफलित होता है वह यथार्थमें ज्ञानका ही है, परंतु पदार्थोंके निमित्तसे होता है इसलिए पदार्थोंका कहलाता है। पदार्थ ज्ञानमें प्रतिबिंबित होते हैं इसी अपेक्षा 'ज्ञान पदार्थोंमें व्याप्त रहता है' ऐसा व्यवहार होता है।।३०।।

आगे व्यवहारसे पदार्थ ज्ञानमें रहते हैं यह बतलाते हैं --

जदि ते ण संति अत्था, णाणे णाणं, ण होदि सव्वगयं।
सव्वगयं वा णाणं, कहं ण णाणट्ठिया अत्था[१]।।३१।।

यदि वे पदार्थ ज्ञानमें नहीं रहते हैं ऐसा माना जाय तो ज्ञान सर्वगत नहीं हो सकता और यदि ज्ञान सर्वगत है ऐसा माना जाता है तो पदार्थ ज्ञानमें स्थित क्यों न माने जावें? अवश्य माने जावें।

आगे यद्यपि ज्ञानका पदार्थोंके साथ ग्राहक-ग्राह्य संबंध है तथापि निश्चयसे दोनों पृथक् हैं ऐसा बतलाते हैं --

गेण्हदि णेव ण मुंचदि, ण परं परिणमदि केवली भगवं।
पेच्छदि समंतदो सो, जाणदि सव्वं णिरवसेसं।।३२।।

केवली भगवान् परपदार्थोंको न ग्रहण करते हैं न छोड़ते हैं और न उनरूप परिणमन ही करते हैं, फिर भी वे समस्त पदार्थोंको संपूर्ण रूपसे सर्वांग ही देखते हैं और जानते हैं।

यद्यपि निश्चयनयसे केवली भगवान् किन्हीं परपदार्थोंका ग्रहण तथा त्याग आदि नहीं करते तथापि व्यवहार नयसे वे समस्त पदार्थोंके ज्ञाता द्रष्टा कहे जाते हैं।।३२।।

आगे केवलज्ञानी और श्रुतकेवलीमें समानता बतलाते हैं --

जो हि सुदेण विजाणदि, अप्पाणं जाणगं सहावेण।
तं सुयकेवलिमिसिणो, भणंति लोगप्पदीवयरा।।३३।।

निश्चयसे जो पुरुष श्रुतज्ञानके द्वारा स्वभावसे ही जाननेवाले अपने आत्माको जानता है उसे लोकको प्रकाशित करनेवाले ऋषि श्रुतकेवली कहते हैं।।

जिस प्रकार केवलज्ञानी एक साथ परिणत समस्त चैतन्य विशेषसे शोभायमान केवलज्ञानके

१. अट्ठा ज. वृ. ।

द्वारा अनादिनिधन, कारणरहित, असाधारण और स्वसंवेदन ज्ञानकी महिमा सहित केवल आत्माको अपने आपमें वेदन करता है -- अनुभव करता है उसी प्रकार श्रुतकेवली भी क्रमशः परिणमन करनेवाली कुछ चैतन्य शक्तियोंसे सुशोभित श्रुतज्ञानसे पूर्वोक्त विशिष्ट आत्माको अपने आपमें वेदन करता है, इसलिए इन दोनोंमें वस्तुस्वरूप जाननेकी अपेक्षा समानता है, सिर्फ प्रत्यक्ष परोक्ष और ज्ञायक शक्तियोंके तारतम्यकी अपेक्षा ही विशेषता है।।३३।।

आगे श्रुतके निमित्तसे ज्ञानमें जो भेद होता है उसे दूर करते हैं --

सुत्तं जिणोवदिट्ठं , पोग्गलदव्वप्पगेहिं वयणेहिं।
[१]तज्जाणणा हि णाणं, सुत्तस्स य जाणणा भणिया।।३४।।

पुद्गल द्रव्यस्वरूप वचनोंके द्वारा जिनेंद्र भगवानने जो उपदेश दिया है वह द्रव्यश्रुत है, निश्चयसे उसका जानना भावश्रुत ज्ञान है और व्यवहारसे कारणमें कार्यका उपचार कर उस द्रव्यश्रुतको भी ज्ञान कहा है। इस उल्लेखसे यह सिद्ध हुआ कि सूत्रका ज्ञान श्रुतज्ञान कहलाता है, यदि कारणभूत श्रुतकी उपेक्षा कर दी जावे तो ज्ञान ही अवशिष्ट रहता है। वह ज्ञान केवली और श्रुतकेवलीके आत्मसंवेदनके विषयमें तुल्य ही रहता है। अतः उनके ज्ञानमें श्रुतनिमित्तक विशेषता नहीं होती।।३४।।

आगे आत्मा और ज्ञानमें कर्ता और करणगत भेदको दूर करते हैं --

जो जाणदि सो णाणं, ण हवदि णाणेण जाणगो आदा।
णाणं परिणमदि सयं, अट्ठा णाणट्ठिया सव्वे।।३५।।

जो जानता है वह ज्ञान है, आत्मा ज्ञानके द्वारा ज्ञायक नहीं है, किंतु वह स्वयं ही ज्ञानरूप परिणमन करता है और सब पदार्थ ज्ञानमें स्वयं स्थित रहते हैं।

आत्मा ज्ञप्तिक्रियाका कर्ता है और ज्ञान स्वयं उसका करण है। आत्मा गुणी है, ज्ञान गुण है। गुण-गुणीमें प्रदेशभेद नहीं है इसलिए आत्मा ही ज्ञान है और ज्ञान ही आत्मा है। जिस प्रकार अग्नि और उष्णतामें अभेद है उसी प्रकार आत्मा और ज्ञानमें अभेद है।।३५।।

आगे ज्ञान क्या है? और ज्ञेय क्या है? इसका विवेक करते हैं --

तम्हा णाणं जीवो, णेयं दव्वं तिधा समक्खादं।
दव्वंति पुणो आदा, परं च परिणामसंबद्धं।।३६।।

चूँकि जीव और ज्ञानमें अभेद है अतः जीव ज्ञानस्वरूप है और अतीत अनागत वर्तमान अथवा उत्पाद व्यय ध्रौव्यके तीन प्रकार परिणमन करनेवाला द्रव्य ज्ञेय है -- ज्ञानका विषय है। फिर जीव तथा पुद्गल आदि पाँच अजीव पदार्थ परिणमनसे संबद्ध होनेके कारण द्रव्य इस व्यवहारको प्राप्त होते हैं।

---

१. तं जाणणा

ज्ञान आत्मस्वरूप है परंतु ज्ञेय आत्मा और अनात्माके भेदसे दो प्रकारका है।।३६।।

आगे अतीत अनागत पर्यायें वर्तमानकी तरह ज्ञानमें प्रतिभासित होती हैं ऐसा कथन करते हैं --

तक्कालिगेव सव्वे, सदसब्भूदा हि पज्जया तासिं।
वट्टंते ते णाणे, विसेसदो दव्वजादीणं।।३७।।

उन प्रसिद्ध जीव-पुद्गलादिक द्रव्यजातियोंके वे समस्त विद्यमान और अविद्यमान पर्याय निश्चयसे ज्ञानमें अपनी-अपनी विशेषता लिये हुए वर्तमान कालसंबंधी पर्यायोंकी तरह विद्यमान रहते हैं।

ज्ञान चित्रपटके समान है। जिस प्रकार चित्रपटमें भूत भविष्यत् और वर्तमान काल संबंधी वस्तुओंके चित्र युगपत् प्रतिभासित रहते हैं उसी प्रकार ज्ञानमें भी भूत भविष्यत् और वर्तमान काल संबंधी द्रव्य पर्याय प्रतिभासित होते रहते हैं।।३७।।

आगे अविद्यमान पर्याय किसी अपेक्षासे विद्यमान है ऐसा बतलाते हैं --

जे णेव हि संजाया, जे खलु णट्ठा भवीय पज्जाया।
ते होंति असब्भूया, पज्जाया णाणपच्चक्खा।।३८।।

निश्चयसे जो पर्याय उत्पन्न नहीं हुए हैं और जो उत्पन्न होकर नष्ट हो गये हैं वे अतीत और अनागत काल संबंधी समस्त पर्याय यद्यपि असद्भूत पर्याय हैं -- वर्तमानमें अविद्यमान रूप हैं तथापि ज्ञानमें प्रत्यक्ष होनेसे कथंचित् सद्भूत हैं।।३८।।

आगे असद्भूत पर्यायें ज्ञानमें प्रत्यक्ष हैं इसीको पुष्ट करते हैं --

यदि पच्चक्खमजादं, पज्जायं पलयिदं ण णाणस्स।
ण हवदि वा तं णाणं, दिव्वंति हि के परूविंति।।३९।।

यदि अजात -- अनुत्पन्न और प्रलयित -- विनष्ट पर्याय केवलज्ञानके प्रत्यक्ष नहीं होते तो उसे 'यह दिव्य ज्ञान है -- सबसे उत्कृष्ट ज्ञान है' ऐसा कौन प्ररूपण करते हैं। केवलज्ञानकी उत्कृष्टता इसीमें है कि वह अतीत-अनागत पर्यायोंको भी प्रत्यक्षवत् स्पष्ट जानता है।।३९।।

आगे इंद्रियजन्य ज्ञान अतीत अनागत पर्यायोंके जाननेमें असमर्थ है ऐसा कहते हैं --

अत्थं[१] अक्खणिवदिदं, ईहापुव्वेहिं जे विजाणंति ।
तेसिं परोक्खभूदं, णादुमसक्कंति पण्णत्तं।।४०।।

जो जीव इंद्रियगोचर पदार्थको ईहा-अवाय-धारणापूर्वक जानते हैं उन्हें परोक्ष पदार्थ -- असद्भूत पर्यायका जानना अशक्य है ऐसा जिनेंद्र भगवानने कहा है।।४०।।

१. अट्ठं ज. वृ. ।

आगे अतींद्रिय ज्ञान सब कुछ जानता है ऐसा कहते हैं --

अपदेसं सपदेसं, मुत्तममुत्तं च पज्जयमजादं।
पलयं गदं च जाणदि, तं णाणमदिंदियं भणियं।।४१।।

जो ज्ञान प्रदेशरहित कालाणु अथवा परमाणुको, प्रदेशसहित पंचास्तिकायोंको, मूर्त अर्थात् पुद्गलको अमूर्त अर्थात् मूर्तिरहित शुद्ध जीवादि द्रव्योंको अनुत्पन्न और विनष्ट पर्यायोंको जानता है वह अतींद्रिय ज्ञान कहा गया है।।४१।।

आगे अतींद्रिय ज्ञानमें पदार्थाकार परिणमन रूप क्रिया नहीं होती ऐसा कहते हैं --

परिणमदि णेयमट्ठं, णादा जदि णेव खाइगं तस्स।
णाणंति तं जिणिंदा, खवयंतं कम्ममेवुत्ता।।४२।।

यदि ज्ञाता आत्मा ज्ञेय पदार्थके प्रति संकल्प-विकल्परूप परिणमन करता है तो उसके क्षायिक ज्ञान नहीं है, इसके विपरीत जिनेंद्र भगवानने उस आत्माको कर्मका अनुभव करनेवाला अर्थात् संसारी ही कहा है।।४२।।

आगे ज्ञान बंधका कारण नहीं है, किंतु ज्ञेयमें जो राग-द्वेषरूप आत्माकी परिणति है वह बंधका प्रत्यक्ष कारण है ऐसा कहते हैं --

उदयगदा कम्मंसा, जिणवरवसहेहिं णियदिणा भणिया।
तेसु हि मुहिदो रत्तो, दुट्ठो वा बंधमणुहवदि।।४३।।

जिनेंद्र भगवानने कहा है कि संसारी जीवके नियमपूर्वक कर्मोंके अंश प्रतिसमय उदयमें आते रहते हैं। जो जीव उन उदयागत कर्मांशोंमें मोही रागी अथवा द्वेषी होता है वह बंधका अनुभव करता है।।४३।।

आगे रागादिका अभाव होनेसे केवली भगवानकी धर्मोपदेश आदि क्रियाएँ बंधका कारण नहीं हैं ऐसा कहते हैं --

ठाणणिसेज्जविहारा, धम्मुवएसो य णियदयो तेसिं।
अरहंताणं काले, मायाचारोव्व इच्छीणं।।४४।।

जिस प्रकार स्त्रियोंके मायाचार रूप प्रवृत्ति स्वभावसे ही होती है उसी प्रकार अरहंत भगवानके अरहंत अवस्थाके कालमें स्थान-विहार करते-करते रुक जाना, निषद्या -- समवसरणमें आसीन होना, विहार -- आर्यक्षेत्रोंमें विहार करना और धर्मोपदेश देना ये कार्य स्वभावसे ही होते हैं।

चूँकि भगवानके मोहका उदय नहीं होता इसलिए उनकी समस्त क्रियाएँ इच्छाके अभावमें होती हैं और इसीलिए वे उनके बंधका कारण नहीं होतीं।।४४।।

आगे अरहंत भगवानके पुण्यकर्मका उदय बंधका कारण नहीं है यह कहते हैं --

पुण्णफला अरहंता, तेसिं किरिया पुणो हि ओदयिगा[१]।
मोहादीहिं विरहिदा, तम्हा सा खाइगत्ति मदा।।४५।।

अरहंत भगवान् तीर्थंकर नामक पुण्य प्रकृतिके फल हैं अर्थात् अरहंत पद तीर्थंकर नामक पुण्यप्रकृतिके उदयसे होता है और उनकी शारीरिक तथा वाचनिक क्रिया निश्चयसे कर्मोदयजन्य है, तथापि वह क्रिया मोह राग द्वेषादि भावोंसे रहित है इसलिए क्षायिक मानी गयी है।

यद्यपि औदयिक भाव बंधके कारण होते हैं तथापि मोहका उदय साथ न होनेसे अरहंत भगवान् के औदयिक भाव बंधके प्रति अकिंचित्कर रहते हैं।।४५।।

आगे केवलियोंकी तरह सभी जीवोंके स्वभावका कभी विघात नहीं होता ऐसा कहते हैं --

जदि सो सुहो व असुहो, ण हवदि आदा सयं सहावेण।
संसारोवि ण विज्जदि, सव्वेसिं जीवकायाणं।।४६।।

यदि वह आत्मस्वभावसे शुभ अथवा अशुभरूप नहीं होवे तो समस्त जीवोंके संसार ही नहीं होवे। जिस प्रकार स्फटिकमणि जपा तथा तपिच्छ आदि फूलोंके संसर्गसे लाल तथा नीला परमणमन करन् लगता है उसी प्रकार यह आत्मा परिणामी होनेके कारण शुभ अशुभ कर्मोदयका निमित्त मिलनेसे शुभ अशुभरूप परिणमन करने लगता है। केवली भगवानके शुभ अशुभ कर्मोंका उदय छूट जाता है इसलिए उन्हें शुभ अशुभरूप परिणमनसे रहित कहा है, परंतु संसारी जीवोंके वह निमित्त विद्यमान रहता है इसलिए उन्हें शुभ अशुभ परिणमनसे सहित माना गया है। यदि केवली भगवान् की तरह संसारके प्रत्येक प्राणीको शुभ अशुभ परिणमनसे रहित मान लिया जाये तो उनके संसारका अभाव हो जावे -- वे नित्यमुक्त कहलाने लगें, परंतु ऐसा मानना प्रत्यक्ष विरुद्ध है। अतः केवलीके सिवाय अन्य संसारी जीवोंके शुभ अशुभ परिणमन माना जाता है।।४६।।

आगे पहले कहा गया अतींद्रिय ज्ञान ही सब पदार्थोंको जानता है ऐसा कहते हैं --

जं तक्कालियमिदरं, जाणदि जुगवं समंतदो सव्वं।
अत्थं विचित्तविसमं, तं णाणं खाइयं भणियं।।४७।।

जो ज्ञान सर्वांगसे वर्तमान भूत भविष्यत् कालसंबंधी पर्यायोंसे सहित, विविध तथा मूर्तिक अमूर्तिकके भेदसे विषमताको लिये हुए समस्त पदार्थोंको एक साथ जानता है उसे क्षायिक ज्ञान कहा गया है।।४७।।

आगे जो सबको नहीं जानता वह एकको भी नहीं जानता इस विचारको निश्चित करते हैं --

---

१. ओदइया ज. वृ. ।

जो ण विजाणदि जुगवं, अत्थे तेकालिके[१] तिहुवणत्थे।
णादुं तस्स ण सक्कं, सपज्जयं दव्वमेकं वा।।४८।।

जो पुरुष तीन लोकमें स्थित तीन कालसंबंधी समस्त पदार्थोंको एकसाथ नहीं जानता उसके अनंत पर्यायोंसे सहित एक द्रव्यको भी जाननेकी शक्ति नहीं है।

जिस प्रकार दाह्य -- इंधनको जलानेवाली अग्नि स्वयं दाह्यके आकार परिणत हो जाती है उसी प्रकार ज्ञेयोंको जाननेवाला आत्मा स्वयं ज्ञेयाकार परिणत हो जाता है। केवलज्ञानी अनंत ज्ञेयोंको जानते हैं इसलिए उनके आत्मामें अनंत ज्ञेयोंके आकार दर्पणमें घटपटादि के समान प्रतिबिंबित रहते हैं। अतः जो केवलज्ञानके द्वारा प्रकाश्य अनंत पदार्थोंको नहीं जानता वह उनके प्रतिबिंबाधार आत्माको भी नहीं जानता।।४८।।

आगे जो एकको नहीं जानता वह सबको नहीं जानता ऐसा निश्चयय कहते हैं --

दव्वं अणंतपज्जयमेक्कमणंताणि दव्वजादाणि।
ण विजाणदि जदि जुगवं, कधं सो सव्वाणि जाणादि।।४९।।

जो अनंत पर्यायोंवाले एक -- आत्मद्रव्यको नहीं जानता है वह अंतरहित संपूर्ण द्रव्योंके समूहको कैसे जान सकता है? जिस आत्मामें अनंत ज्ञेयोंके आकार प्रतिफलित हो रहे हैं वही समस्त द्रव्योंको जान सकता है। तात्पर्य यह हुआ कि जो एकको जानता है वह सबको जानता है और जो सबको जानता है वह एकको जानता है। यहाँ एकसे तात्पर्य केवलज्ञानविशिष्ट आत्मा से हैं[२]।।४९।।

आगे क्रमपूर्वक जाननेसे ज्ञानमें सर्वगतपना सिद्ध नहीं हो सकता ऐसा सिद्ध करते हैं --

उप्पज्जदि जदि णाणं, कमसो [३]अत्थे पडुच्च णाणिस्स।
तं णेव हवदि णिच्चं, ण [४]खाइगं णेव [५]सव्वगदं।।५०।।

यदि ज्ञानी -- आत्माका ज्ञान क्रमसे पदार्थोंका अवलंबन कर उत्पन्न होता है तो वह न नित्य है, न क्षायिक है और न सर्वगत -- समस्त पदार्थोंको जाननेवाला ही है। उत्तर पदार्थका आलंबन मिलनेपर पूर्व पदार्थके आलंबनसे होनेवाला ज्ञान नष्ट हो जाता है इसलिए वह नित्य नहीं हो सकता। ज्ञानावरण कर्मके क्षयसे प्रकट होनेवाला ज्ञान सदा उपयोगात्मक रहता है, उसमें क्रमवर्तित्व संभव नहीं है। यह क्रमवर्तित्व क्षायोपशमिक ज्ञानमें ही संभव है। इसी प्रकार जो ज्ञान क्रमवर्ती होता है वह समीप होता है। वह एक कालमें संसारके समस्त पदार्थोंको नहीं जान सकता है।।५०।।

आगे एक साथ प्रवृत्ति होनेसे ही ज्ञानमें सर्वगतपना सिद्ध होता है ऐसा निरूपण करते हैं -

---

१. तिक्कालिगे ज. वृ. । २. 'एको भावः सर्वभावस्वभावः सर्वे भावा एकभावस्वभावः। एको भावस्तत्त्वतो येन बुद्धः सर्वे भावास्तत्त्वतस्तेन बुद्धाः।।' ३. अट्ठे ज. वृ. । ४. खाइयं ज. वृ. । ५. सव्वगयं ज. वृ. ।

[१]तेक्कालणिच्चविसमं, सकलं सव्वत्थ संभवं चित्तं।
जुगवं जाणदि जोण्हं, अहो हि णाणस्स माहप्पं।।५१।।

जिनेंद्र भगवानका ज्ञान अतीतादि तीन कालोंसे सदा विषम, लोक-अलोकमें सर्वत्र विद्यमान, नानाजातिके समस्त पदार्थोंको एक साथ जानता है। निश्चयसे क्षायिक ज्ञानका विचित्र माहात्म्य है।।५१।।

आगे केवलीके ज्ञानक्रिया न होनेपर भी बंध नहीं होता है यह निरूपण करते हैं --

ण वि परिणमदि य गेण्हदि, उप्पज्जदि णेव तेसु अत्थेसु[२]।
जाणण्णवि ते आदा, अबंधगो तेण पण्णत्तो।।५२।।

केवलज्ञानी शुद्धात्मा चूँकि उन पदार्थोंको जानता हुआ भी उन रूप न परिणमन करता है, न उन्हें ग्रहण करता है और न उनमें उत्पन्न ही होता है, इसलिए वह अबंधक -- बंधरहित कहा गया है[३]।। ५२।।

इति ज्ञानाधिकारः

*

आगे ज्ञानसे अभिन्नरूप सुखका वर्णन करते हुए आचार्य महाराज ज्ञान और सुखमें कौनसा ज्ञान तथा सुख छोड़नेयोग्य है और कौनसा ज्ञान तथा सुख ग्रहण करनेयोग्य है? इसका विचार करते हैं --

[४]अत्थि अमुत्तं मुत्तं, अदिंदियं इंदियं च अत्थेसु।
णाणं च तथा सोक्खं, जं तेसु परं च तं णेयं।।५३।।

पदार्थोंके विषयमें जो ज्ञान अतींद्रिय होता है वह अमूर्तिक है और जो इंद्रियजन्य होता है वह मूर्तिक कहलाता है। इसी प्रकार अतींद्रिय और इंद्रियजन्य सुख भी क्रमशः अमूर्तिक तथा मूर्तिक होता है। इन दोनोंमें जो उत्कृष्ट है वही उपादेय है।

मूर्तिक ज्ञान और सुख क्षायोपशमिक उपयोग शक्तियों तथा क्षायोपशमिक इंद्रियोंसे उत्पन्न होता है अतः पराधीन होनेसे कादाचित्क है, क्रमसे प्रवृत्त होता है, प्रतिपक्षीसे सहित है, हानि-वृद्धिसे युक्त है

---

१. तिक्काल ज. वृ. । २. अट्ठेसु ज. वृ. ।

पुद्गलकी स्वभाव पर्याय और विभाव पर्यायका वर्णन

अण्णणिरावेक्खो जो, परिणामो सो सहावपज्जायो।
खंधसरूवेण पुणो, परिणामो सो विहावपज्जायो।।२८।।

जो अन्यनिरपेक्ष परिणाम है वह स्वभावपर्याय है और स्कंधरूपसे जो परिणाम है वह विभाव पर्याय है।

भावार्थ -- पुद्गल द्रव्यका परमाणुरूप जो परिणमन है वह अन्य परमाणुओंसे निरपेक्ष होनेके कारण स्वभाव पर्याय है और स्कंधरूप जो परिणमन है वह अन्य परमाणुओंसे सापेक्ष होनेके कारण विभाव पर्याय है।।२८।।

परमाणुमें द्रव्यरूपताका वर्णन

पोग्गलदव्वं उच्चइ, परमाणू णिच्छएण इदरेण।
पोग्गलदव्वेत्ति पुणो, ववदेसो होदि खंधस्स।।२९।।

निश्चय नयसे परमाणुको पुद्गल द्रव्य कहा जाता है और व्यवहारसे स्कंधके 'पुद्गल द्रव्य है' ऐसा व्यपदेश होता है।

भावार्थ -- पुद्गल द्रव्यके परमाणु और स्कंधकी अपेक्षा दो भेद हैं। दोनों भेदोंमें द्रव्य और पर्यायरूपता है, क्योंकि द्रव्यके बिना पर्याय नहीं रहता और पर्यायके बिना द्रव्य नहीं रहता ऐसा आगमका उल्लेख है। यहाँ निश्चयनयकी अपेक्षा परमाणुको द्रव्य और स्कंधको पर्याय कहा गया है। स्कंधमें जो पुद्गल द्रव्यका व्यवहार होता है अथवा परमाणुमें जो पर्यायका व्यवहार होता है उसे व्यवहार नयका विषय बताया है, एतावता नयविवक्षासे दोनोंमें उभयरूपता है।।२९।।

धर्म, अधर्म और आकाश द्रव्यका लक्षण

गमणणिमित्तं धम्ममधम्मं ठिदि जीवपुग्गलाणं च।
अवगहणं आयासं, जीवादीसव्वदव्वाणं।।३०।।

जो जीव और पुद्गलोंके गमनका निमित्त है वह धर्म है। जो जीव और पुद्गलोंकी स्थितिका निमित्त है वह अधर्म है। तथा जो जीवादि समस्त द्रव्योंके अवगाहनका निमित्त है वह आकाश है।

भावार्थ -- छह द्रव्योंमें सिर्फ जीव और पुद्गल द्रव्यमें क्रिया है, शेष चार द्रव्य क्रियारहित हैं। जिनमें क्रिया होती है उन्हींमें क्रियाका अभाव होनेपर स्थितिका व्यवहार होता है। इस तरह जीव और पुद्गल इन दो द्रव्योंकी क्रियामें जो प्रेरक तत्त्व है वह धर्म द्रव्य है तथा उन्हीं दो द्रव्योंमें जो अप्रेरक निमित्त है वह अधर्म द्रव्य है। अवगाहन समस्त द्रव्योंका होता है इसलिए आकाशका लक्षण बतलाते हुए कहा गया है कि जो जीवादि समस्त द्रव्योंके अवगाहन स्थान देनेमें निमित्त है वह आकाश द्रव्य है।।३०।।

व्यवहारकालका वर्णन

समयावलिभेदेण दु, दुवियप्पं अहव होइ तिवियप्पं।
तोदो संखेज्जावलिहदसंठाणप्पमाणं तु ।।३१।।

समय और आवलिके भेदसे व्यवहार कालके दो भेद हैं अथवा अतीत, वर्तमान और भविष्यत्के भेदसे तीन भेद हैं। उनमें काल, आवलि तथा हतसंस्थान अर्थात् संस्थानसे रहित सिद्धोंका जितना प्रमाण है उतना है।

भावार्थ -- व्यवहारकालसे समय और आवलिकी अपेक्षा दो भेद हैं। इनमें समय काल द्रव्यकी सबसे लघु पर्याय है। असंख्यात समयोंकी एक आवलि होती है। यहाँ आवलि, निमेष, काष्ठा, कला, नाड़ी, दिन रात आदिका उपलक्षण है। दूसरी विधिसे कालके भूत, वर्तमान और भविष्यत्की अपेक्षा तीन भेद हैं। इनमें भूतकाल संख्यात आवलि तथा सिद्धोंके बराबर है[1]।।३१।।

भविष्यत् तथा वर्तमान कालका लक्षण और निश्चयकालका स्वरूप

जीवा दु पुग्गलादोऽणंतगुणा भावि[2] संपदा समया।
लोयायासे संति य, परमट्ठो सो हवे कालो।।३२।।

भावी अर्थात् भविष्यत् काल जीव तथा पुद्गलसे अनंतगुणा है। संप्रति अर्थात् वर्तमान काल समयमात्र है। लोकाकाशके प्रदेशोंपर जो कालाणु हैं वह परमार्थ अर्थात् निश्चय काल है।।३२।।

जीवादि द्रव्योंके परिवर्तनका कारण तथा धर्मादि चार द्रव्योंकी स्वभाव गुणपर्यायरूपताका वर्णन

जीवादीदव्वाणं, परिवट्टणकारणं हवे कालो।
धम्मादिचउण्णाणं, सहावगुणपज्जया होंति।।३३।।

जीवादि द्रव्योंके परिवर्तनका कारण काल है। धर्मादिक चार द्रव्योंके स्वभाव गुण पर्यायें होती हैं।

---

१. यहाँ 'तीदो संखेज्जावलिहदसंठाणप्पमाणं तु' इस पाठके बदले गोम्मटसार जीवकांड में 'तीदो संखेज्जावलिहदसिद्धाणं पमाणं तु' ऐसा पाठ है जिसका अर्थ होता है -- संख्यात आवलिसे गुणित सिद्धोंका जितना प्रमाण है उतना अतीत काल है।

२. मुद्रित प्रतियोंमें 'चावि' पाठ है जोकि त्रुटिपूर्ण जान पड़ता है। वर्तमान और भविष्यत् कालका लक्षण जीवकांडमें भी इस प्रकार बताया है --

समओ दु वट्टमाणो जीवादो सव्वपुग्गलातो वि।
भावी अणंतगुणिदो इदि ववहारो हवे कालो।।५७८।।

वर्तमान काल समयमात्र है और भावीकाल जीवों तथा समस्त पुद्गल द्रव्योंसे अनंतगुणा है। इस प्रकार व्यवहार कालका वर्णन है।

भावार्थ --जीवादिक द्रव्योंमें जो समय-समयमें वर्तनारूप परिणमन होता है उसका निमित्त कारण काल द्रव्य है। धर्म, अधर्म, आकाश और काल इन चार द्रव्योंके जो गुण तथा पर्याय हैं वे सदा स्वभावरूप ही होते हैं, उनमें विभावरूपता नहीं आती।।३३।।

अस्तिकाय तथा उसका लक्षण

एदे छद्दव्वाणि य कालं मोत्तूण अत्थिकायत्ति।
णिद्दिट्ठा जिणसमये काया हु बहुपदेसत्तं।।३४।।

काल द्रव्यको छोड़कर ये छह द्रव्य जिनशासनमें 'अस्तिकाय' कहे गये हैं। बहुप्रदेशीपना कायद्रव्यका लक्षण है।

भावार्थ -- जिनागममें काल द्रव्यको छोड़कर शेष जीव, पुद्गल, धर्म, अधर्म और आकाश ये पाँच द्रव्य अस्तिकाय कहे कहे हैं। जिनमें बहुत प्रदेश हों उन्हें अस्तिकाय कहते हैं। काल द्रव्य एकप्रदेशी है अतः वह अस्तिकायमें सम्मिलित नहीं है।।३४।।

किस द्रव्यके कितने प्रदेश हैं इसका वर्णन

संखेज्जासंखेज्जाणंतपदेसा हवंति मुत्तस्स।
धम्माधम्मस्स पुणो, जीवस्स असंखदेसा हु।।३५।।
लोयायासे ताव, इदरस्स अणंतयं हवे देसा।
कालस्स ण कायत्तं, एयपदेसो हवे जम्हा।।३६।।

मूर्त अर्थात् पुद्गल द्रव्यके संख्यात, असंख्यात और अनंत प्रदेश होते हैं। धर्म, अधर्म तथा एक जीव द्रव्यके असंख्यात प्रदेश हैं। लोकाकाशमें धर्मादिकके समान असंख्यात प्रदेश हैं, परंतु अलोकाकाशमें अनंत प्रदेश हैं। काल द्रव्यमें कायपना नहीं है, क्योंकि वह एकप्रदेशी है।।३५-३६।।

द्रव्योंमें मूर्तिक तथा अमूर्तिक चेतनाका अभाव

पुग्गलदव्वं मोत्तं, मुत्तिविरहिया हवंति सेसाणि।
चेदणभावो जीवो, चेदणगुणवज्जिया सेसा।।३७।।

पुद्गल द्रव्य मूर्तिक है, शेष द्रव्य अमूर्तिक हैं। जीव द्रव्य चेतन है और शेष द्रव्य चेतनागुणसे रहित हैं।।३७।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें
अजीवाधिकार नामका दूसरा अधिकार समाप्त हुआ।।२।।

***

३
शुद्ध भावाधिकार

हेय उपादेय तत्त्वोंका वर्णन

जीवादिबहित्तच्चं, हेयमुवादेयमप्पणो अप्पा।
कम्मोपाधिसमुब्भवगुणपज्जाएहिं वदिरित्तो।।३८।।

जीवादि बाह्यतत्त्व हेय हैं -- छोड़नेके योग्य हैं और कर्मरूप उपाधिसे उत्पन्न होनेवाले गुण तथा पर्यायोंसे रहित आत्मा आत्माके लिए उपादेय है -- ग्रहण करनेके योग्य है।।३८।।

निर्विकल्प तत्त्वका स्वरूप

णो खलु सहावठाणा, णो माणवमाणभावठाणा वा।
णो हरिसभावठाणा, णो जीवस्साहरिस्सठाणा वा।।३९।।

निश्चयसे जीवके स्वभावस्थान (विभाव स्वभावके स्थान) नहीं हैं, मान अपमान भावके स्थान नहीं हैं, हर्षभावके स्थान नहीं हैं तथा अहर्षभावके स्थान नहीं हैं।।३९।।

णो ठिदिबंधट्ठाणा, जीवस्स ण उदयठाणा वा।
जो अणुभागट्ठाणा, जीवस्स ण उदयठाणा वा।।४०।।

जीवके स्थितिबंधस्थान नहीं है, प्रकृतिस्थान नहीं है, प्रदेशस्थान नहीं है, अनुभागस्थान नहीं है और उदयस्थान नहीं है।

भावार्थ -- प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशकी अपेक्षा बंधके चार भेद हैं सो जीवके चारोंही प्रकारके बंधस्थान नहीं हैं। जब बंधस्थान नहीं हैं तब उनके उदयस्थान कैसे हो सकते हैं? वास्तवमें बंध और उदयकी अवस्था व्यवहारनयसे है, यहाँ निश्चयनयकी प्रधानतासे उसका निषेध किया गया है।।४०।।

णो खइयभावठाणा, णो खयउवसमसहावठाणा वा।
ओदइयभावठाणा, णो उवसमणे सहावठाणा वा।।४१।।

जीवके क्षायिक भावके स्थान नहीं हैं, क्षायोपशमिक स्वभावके स्थान नहीं हैं, औदयिक भावके स्थान नहीं है और औपशमिक स्वभावके स्थान नहीं हैं।

भावार्थ -- कर्मोंकी क्षय, क्षयोपशम, उपशम और उदयरूप अवस्थाओंमें होनेवाले भाव क्रमसे क्षायिक, क्षायोपशमिक, औपशमिक और औदयिक भाव कहलाते हैं। ये परनिमित्तसे होनेके कारण जीवके

स्वभावस्थान नहीं हैं। निश्चयनय जीवके कर्मबंधको स्वीकृत नहीं करता इसलिए कर्मोंके निमित्तसे होनेवाली अवस्थाएँ भी जीवकी नहीं हैं।।४१।।

चउगइभवसंभमणं, जाइजरामरणरोयसोका य।
कुलजोणिजीवमग्गणठाणा जीवस्स णो संति।।४२।।

जीवके चतुर्गतिरूप संसारमें परिभ्रमण, जन्म, जरा, मरण, रोग, शोक, कुल, योनि, जीवस्थान और मार्गणास्थान नहीं हैं।।४२।।

णिद्दंडो णिद्वंदो, णिम्ममो णिक्कलो णिरालंबो।
णीरागो णिद्दोसो, णिम्मूढो णिब्भयो अप्पा।।४३।।

आत्मा निर्दंड -- मन वचन कायके व्यापारसे रहित है, निर्द्वंद्व है, निर्मम है, निष्कल -- शरीररहित है, निरालंब है, नीराग है, निर्मूढ़ है और निर्भय है।।४३।।

णिग्गंथो णीरागो, णिस्सल्लो सयलदोसणिम्मुक्को।
णिक्कामो णिक्कोहो, णिम्माणो णिम्मदो अप्पा।।४४।।

आत्मा निर्ग्रंथ है, नीराग है, निःशल्य है, सकल दोषोंसे निर्मुक्त है, निष्काम है, निष्क्रोध है, निर्मान है और निर्मद है।।४४।।

वण्णरसगंधफासा, थीपुंसणओसयादिपज्जाया।
संठाणा संहणणा, सव्वे जीवस्स णो संति।।४५।।

वर्ण, रस, गंध, स्पर्श, स्त्री, पुरुष, नपुंसकादि पर्याय, संस्थान और संहननादि पर्याय ये सभी जीवके नहीं हैं।।४५।।

तब फिर जीव कैसा है?

अरसमरूवमगंधं, अव्वत्तं चेदणागुणसमुद्दं।
जाण अलिंगग्गहणं, जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं।।४६।।

जीवको रसरहित, रूपरहित, गंधरहित (अतएव बाह्यमें) अव्यक्त -- अप्रकट, चेतनागुणसे सहित, शब्दरहित, लिंग अर्थात् इंद्रियोंके द्वारा अग्राह्य और किसी निर्दिष्ट आकारसे रहित जानो।।४६।।

जारिसिया सिद्धप्पा, भवमल्लिय जीव तारिसा होंति।
जरमरणजम्ममुक्का, अट्ठगुणालंकिया जेण।।४७।।

जैसे सिद्धात्माएँ हैं वैसे ही संसारी जीव हैं, क्योंकि (स्वभावदृष्टिसे भी) जरा, मरण और जन्मसे रहित तथा सम्यक्त्वादि आठ गुणोंसे अलंकृत हैं।।४७।।

असरीरा अविणासा, अणिंदिया णिम्मला विसुद्धप्पा।

जह लोयग्गे सिद्धा, तह जीवा संसिदी णेया।।४८।।

जिस प्रकार लोकाग्रमें स्थित सिद्ध भगवान् शरीररहित, अविनाशी, अतींद्रिय, निर्मल और विशुद्धात्मा हैं उसी प्रकार (स्वभावदृष्टिसे) संसारमें स्थित जीव जो शरीररहित, अविनाशी, अतींद्रिय, निर्मल और विशुद्धात्मा हैं।।४८।।

एदे सव्वे भावा, ववहारणयं पडुच्च भणिदा दु।
सव्वे सिद्धसहावा, शुद्धणया संसिदी जीवा।।४९।।

वास्तवमें ये सब भाव व्यवहारनयकी अपेक्षा कहे गये हैं। शुद्ध नयसे संसारमें रहनेवाले सब जीव सिद्ध स्वभाववाले हैं।

भावार्थ -- यद्यपि संसारी जीवकी वर्तमान पर्याय दूषित है तो भी उसे द्रव्य स्वभावकी अपेक्षा सिद्ध भगवान्के समान कहा गया है।।४९।।

परद्रव्य हेय है और स्वद्रव्य उपादेय है

पुव्वुत्तसयलभावा, परदव्वं परसहावमिदि हेयं।
सगदव्वमुवादेयं, अंतरतच्चं हवे अप्पा।।५०।।

पहले कहे हुए समस्त भाव परद्रव्य तथा परस्वभाव हैं, इसलिए हेय हैं -- छोड़नेके योग्य हैं और आत्मा अंतस्तत्त्व -- स्वभाव तथा स्वद्रव्य है अतः उपादेय है।।५०।।

सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानके लक्षण तथा उनकी उत्पत्ति के कारण

विवरीयाभिणिवेसविवज्जियसद्दहणमेव सम्मत्तं।
संसयविमोहविब्भमविवज्जियं होदि सण्णाणं।।५१।।
चलमलिणमगाढत्तविवज्जियं सद्दहणमेव सम्मत्तं।
अधिगमभावो णाणं, हेयोपादेयतच्चाणं।।५२।।
सम्मत्तस्स णिमित्तं, जिणसुत्तं तस्स जाणया पुरिसा।
अंतरहेऊ भणिदा, दंसणमोहस्स खयपहुदी।।५३।।
सम्मत्तं सण्णाणं, विज्जदि मोक्खस्स होदि सुण चरणं।
ववहारणिच्चएण दु, तम्हा चरणं पवक्खामि।।५४।।
ववहारणयचरित्ते, ववहारणयस्स होदि तवचरणं ।
णिच्छयणयचारित्ते, तवचरणं होदि णिच्छयदो।।५५।।

विपरीत अभिप्रायसे रहित श्रद्धान ही सम्यक्त्व है तथा संशय, विपर्यय और अनध्यवसायसे रहित

ज्ञान ही सम्यग्ज्ञान है।।५१।।

(अथवा) चल, मलिन और अगाढत्व दोषोंसे रहित श्रद्धान ही सम्यक्त्व है और हेयोपादेय तत्त्वोंका ज्ञान होना ही सम्यग्ज्ञान है।।५२।।

सम्यक्त्वका बाह्य निमित्त जिनसूत्र -- जिनागम और उसके ज्ञायक पुरुष हैं तथा अंतरंग निमित्त दर्शनमोहनीय कर्मका क्षय आदि कहा गया है।

भावार्थ -- निमित्त कारणके दो भेद हैं -- एक बहिरंग निमित्त और दूसरा अंतरंग निमित्त। सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका बहिरंग निमित्त जिनागम और ज्ञाता पुरुष हैं तथा अंतरंग निमित्त दर्शनमोहनीय अर्थात् मिथ्यात्व, सम्यङ्मिथ्यात्व तथा सम्यक्त्व प्रकृति एवं अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया, लोभ इन प्रकृतियोंका उपशम, क्षय और क्षयोपशमका होना है। बहिरंग निमित्तके मिलनेपर कार्यकी सिद्धि होती भी है और नहीं भी होती, परंतु अंतरंग निमित्तके मिलनेपर कार्यकी सिद्धि नियमसे होती है।।५३।।

सम्यक्त्व और सम्यग्ज्ञान तो मोक्षके लिए हैं ही। सुन, सम्यक्चारित्र भी मोक्षके लिए है इसलिए मैं व्यवहार और निश्चय नयसे सम्यक्चारित्रको कहूँगा।

भावार्थ -- मोक्षप्राप्तिके लिए जिस प्रकार सम्यक्त्व और सम्यग्ज्ञान आवश्यक कहे गये हैं उसी प्रकार सम्यक्चारित्रको आवश्यक कहा गया है, इसलिए यहाँ व्यवहार और निश्चय दोनों नयोंके आलंबनसे सम्यक्चारित्रको कहूँगा।।५४।।

व्यवहार नयके चारित्रमें व्यवहार नयका तपश्चरण होता है और निश्चयनयके चारित्रमें निश्चय नयका तपश्चरण होता है।

भावार्थ -- व्यवहार नयसे पापक्रियाके त्यागको चारित्र कहते हैं इसलिए इस चारित्रमें व्यवहार नयके विषयभूत अनशन-ऊनोदर आदिको तप कहा जाता है। तथा निश्चय नयसे निजस्थितिमें अविचल स्थितिको चारित्र कहा जाता है इसलिए इस चारित्रमें निश्चयनयके विषयभूत सहज निश्चयनयात्मक परमभाव स्वरूप परमात्मामें प्रतपनको तप कहा गया है।।५५।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें शुद्धभावाधिकार
नामका तीसरा अधिकार समाप्त हुआ।।३।।

***

४

व्यवहारचारित्राधिकार

अहिंसा महाव्रतका स्वरूप

कुलजोणिजीवमग्गणठाणाइसु जाणिऊण जीवाणं।
तस्सारंभणियत्तणपरिणामो होइ पढमवदं।।५६।।

कुल, योनि, जीवसमास तथा मार्गणास्थान आदिमें जीवोंका ज्ञान कर उनके आरंभसे निवृत्तिरूप जो परिणाम है वह पहला अहिंसा महाव्रत है।

सत्य महाव्रतका स्वरूप

रागेण व दोसेण व, मोहेण व मोसभासपरिणामं।
जो पजहदि साहु सया, बिदियवयं होइ तस्सेव।।५७।।

जो साधु रागसे , दोषसे अथवा मोहसे असत्य भाषाके परिणामको छोड़ता है उसीके सदा दूसरा सत्य महाव्रत होता है।।५७।।

अचौर्य महाव्रतका स्वरूप

गामे वा णयरे वा, रण्णे वा पेच्छिऊण परमत्थं।
जो मुचदि गहणभावं, तिदियवदं होदि तस्सेव।।५८।।

जो ग्राममें, नगरमें अथवा वनमें परकीय वस्तुको देखकर उसके ग्रहणके भावको छोड़ता है उसीके तीसरा अचौर्य महाव्रत होता है।।५८।।

ब्रह्मचर्य महाव्रतका स्वरूप

दट्ठूण इच्छिरूवं, वांछाभावं णिवत्तदे तासु।
मेहुणसण्ण विवज्जिय, परिणामो अह तुरीयवदं।।५९।।

जो स्त्रियोंके रूपको देखकर उनमें वांछाभावको छोड़ता है अथवा मैथुन संज्ञासे रहित जिसके परिणाम हैं उसीके चौथा महाव्रत होता है।।५९।।

परिग्रहत्याग महाव्रतका स्वरूप

सव्वेसिं गंथाणं, तागो णिरवेक्खभावणापुव्वं।
पंचमवदमिदि भणिदं, चारित्तभरं वहंतस्स।।६०।।

निरपेक्ष भावनापूर्वक अर्थात् संसारसंबंधी किसी भोगोपभोग अथवा मान सम्मानकी इच्छा नहीं

रखते हुए समस्त परिग्रहोंका जो त्याग है, चारित्रके भारको धारण करनेवाले मुनिका वह पाँचवाँ परिग्रहत्याग महाव्रत कहा गया है।।६०।।

ईर्यासमितिका स्वरूप

पासुगमग्गेण दिवा, अवलोगंतो जुगप्पमाणं हि।
गच्छइ पुरदो समणो, इरियासमिदी हवे तस्स।।६१।।

जो साधु दिनमें प्रासुक -- जीवजंतुररहित मार्गसे युगप्रमाण -- चार हाथ प्रमाण भूमिको देखता हुआ आगे चलता है उसके ईर्या समिति होती है।।६१।।

भाषासमितिका स्वरूप

पेसुण्णहासकक्कसपरणिंदप्पप्पसंसियं वयणं।
परिचत्ता सपरहिदं, भासासमिदी वदंतस्स।।६२।।

पैशुन्य - चुगली, हास्य, कर्कश, परनिंदा और आत्मप्रशंसारूप वचनको छोड़कर स्वपर हितकारी वचनको बोलनेवाले साधुके भाषासमिति होती है।।६२।।

एषणासमितिका स्वरूप

कदकारिदाणुमोदणरहिदं तह पासुगं पसत्थं च ।
दिण्णं परेण भत्तं, समभुत्ती एसणासमिदी।।६३।।

परके द्वारा दिये हुए, कृत कारित अनुमोदनासे रहित, प्रासुक तथा प्रशस्त आहारको ग्रहण करनेवाले साधुके एषणासमिति होती है।।६३।।

आदाननिक्षेपण समितिका स्वरूप

पोथइकमंडलाइं, गहणविसग्गेसु पयतपरिणामो।
आदावणणिक्खेवणसमिदी होदित्ति णिद्दिट्ठा।।६४।।

पुस्तक तथा कमंडलु आदिको ग्रहण करते समय अथवा रखते समय जो प्रमादरहित परिणाम है वह आदान-निक्षेपण समिति होती है ऐसा कहा गया है।।६४।।

प्रतिष्ठापन समितिका स्वरूप

पासुगभूमिपदेसे, गूढे रहिए परोपरोहेण।
उच्चारादिच्चागो, पइठासमिदी हवे तस्स।।६५।।

परकी रुकावटसे रहित, गूढ और प्रासुक भूमिप्रदेशमें जिसके मल आदिकका त्याग हो उसके प्रतिष्ठापन समिति होती है।।६५।।

मनोगुप्तिका लक्षण

कालुस्समोहसण्णारागद्दोसाइअसुहभावाणं।
परिहारो मणगुत्ती, ववहारणयेण परिकहियं।।६६।।

कलुषता, मोह, संज्ञा, राग, द्वेष आदि अशुभ भावोंका जो त्याग है उसे व्यवहार नयसे मनोगुप्ति कहा गया है।।६६।।

वचनगुप्तिका लक्षण

थीराजचोरभत्तकहादिवयणस्स पावहेउस्स।
परिहारो वचगुत्ती, अलीयादिणियत्तिवयणं वा।।६७।।

पापके कारणभूत स्त्री, राज, चोर और भोजन कथा आदि संबंधी वचनोंका परित्याग अथवा असत्य आदिके त्यागरूप जो वचन वह वचनगुप्ति है।।६७।।

कायगुप्तिका लक्षण

बंधणछेदणमारण, आकुंचण तह पसारणादीया।
कायकिरियाणियत्ती, णिद्दिट्ठा कायगुत्तित्ति।।६८।।

बाँधना, छेदना, मारना, सकोड़ना तथा पसारना आदि शरीरसंबंधी क्रियाओंसे निवृत्ति होना कायगुप्ति कही गयी है।।६८।।

निश्चयनयसे मनोगुप्ति और वचनगुप्तिका स्वरूप

जा रायादिणियत्ती, मणस्स जाणीहि तम्मणोगुत्ती।
अलियादिणियत्तिं वा, मोणं वा होइ वदिगुत्ती।।६९।।

मनकी जो रागादि परिणामोंसे निवृत्ति है उसे मनोगुप्ति जानो और असत्यादिकसे निवृत्ति अथवा मौन धारण करना वचनगुप्ति है।।६९।।

निश्चयनयसे कायगुप्तिका स्वरूप

कायकिरियाणियत्ती, काउस्सग्गो सरीरगे गुत्ती।
हिंसाइणियत्ती वा, सरीरगुत्तित्ति णिद्दिट्ठा।।७०।।

शरीरसंबंधी क्रियाओंका त्याग करना अथवा कायोत्सर्ग करना कायगुप्ति है अथवा हिंसादि पापोंसे निवृत्ति होना कायगुप्ति है ऐसा कहा गया है।।७०।।

अर्हत् परमेश्वरका स्वरूप

घणघाइकम्मरहिया, केवलणाणाइ परमगुणसहिया।
चोत्तिसअदिसअजुत्ता, अरिहंता एरिसा होंति।।७१।।

घन -- अत्यंत अहितकारी घातिया कर्मोंसे रहित, केवलज्ञानादि परम गुणोंसे सहित और चौंतीस अतिशयोंसे सहित ऐसे अरहंत होते हैं।।७१।।

सिद्ध परमेष्ठीका स्वरूप

णट्ठट्ठकम्मबंधा, अट्ठमहागुणसमण्णिया परमा।
लोयग्गठिदा णिच्चा, सिद्धा ते एरिसा होंति।।७२।।

जिन्होंने अष्ट कर्मोंका बंध नष्ट कर दिया है, जो आठ महागुणोंसे सहित हैं, उत्कृष्ट हैं, लोकके अग्रभागमें स्थित हैं तथा नित्य हैं वे ऐसे सिद्ध परमेष्ठी होते हैं।।७२।।

आचार्य परमेष्ठीका स्वरूप

पंचाचारसमग्गा, पंचिंदियदंतिदप्पणिद्दलणा।
धीरा गुणगंभीरा, आयरिया एरिसा होंति।।७३।।

जो पाँच प्रकारके (दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप और वीर्य) आचारोंसे परिपूर्ण हैं, पाँच इंद्रियरूपी हस्तियोंके गर्वको चूर करनेवाले हैं, धीर हैं तथा गुणोंसे गंभीर हैं ऐसे आचार्य होते हैं।।७३।।

उपाध्याय परमेष्ठीका स्वरूप

रयणत्तयसंजुत्ता, जिणकहियपयत्थदेसया सूरा।
णिक्कंखभावसहिया, उवज्झाया एरिसा होंति।।७४।।

जो रत्नत्रय (सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र) से संयुक्त हैं, जो जिनेंद्र भगवान्के द्वारा कहे हुए पदार्थोंका उपदेश करनेवाले हैं, शूरवीर हैं, परिषह आदिके सहनेमें समर्थ हैं तथा निष्कांक्षभावसे सहित हैं अर्थात् जो उपदेशके बदले किसी पदार्थकी इच्छा नहीं रखते हैं ऐसे उपाध्याय होते हैं।।७४।।

साधु परमेष्ठीका स्वरूप

वावारविप्पमुक्का, चउव्विहाराहणासयारत्ता।
णिग्गंथा णिम्मोहा, साहू एदेरिसा होंति।।७५।।

जो व्यापारसे सर्वथा रहित हैं, चार प्रकारकी (दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप) आराधनाओंमें सदा लीन रहते हैं, परिग्रह रहित हैं तथा निर्मोह हैं ऐसे साधु होते हैं।।७५।।

व्यवहारनयके चारित्रका समारोप कर निश्चयनयके चारित्रका वर्णन करनेकी प्रतिज्ञा

एरिसयभावणाए, ववहारणयस्स होदि चारित्तं।
णिच्छयणयस्स चरणं, एत्तो उड्ढं पवक्खामि।।७६।।

इस प्रकारकी भावनासे व्यवहार नयका चारित्र होता है, अब इसके आगे निश्चय नयके चारित्रको कहूँगा।।७६।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंद आचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें व्यवहारचारित्राधिकार नामका चौथा अधिकार समाप्त हुआ।।४।।

५

परमार्थप्रतिक्रमणाधिकार

णाहं णारयभावो, तिरियत्थो मणुवदेवपज्जाओ।
कत्ता ण हि कारइदा, अणुमंता णेव कत्तीणं।।७७।।
णाहं मग्गणठाणो, णाहं गुणठाण जीवठाणो ण।
कत्ता ण हि कारइदा, अणुमंता णेव कत्तीणं।।७८।।
णाहं बालो वुड्ढो, ण चेव तरुणो ण कारणं तेसिं।
कत्ता ण हि कारइदा, अणुमंता णेव कत्तीणं।।७९।।
णाहं रागो दोसो, ण चेव मोहो ण कारणं तेसिं।
कत्ता ण हि कारइदा, अणुमंता णेव कत्तीणं।।८०।।
णाहं कोहो माणो, ण चेव माया ण होमि लोहोहं।
कत्ता ण हि कारइदा, अणुमंता णेव कत्तीणं।।८१।।

मैं नारक पर्याय, तिर्यंच पर्याय, मनुष्य पर्याय अथवा देव पर्याय नहीं हूँ। निश्चयसे मैं उनका न कर्ता हूँ, न करानेवाला हूँ और न करनवालोंकी अनुमोदना करनेवाला हूँ।।७७।।

मैं मार्गणास्थान नहीं हूँ, गुणस्थान नहीं हूँ और न जीवस्थान हूँ। निश्चयसे मैं उनका न करनेवाला हूँ, न करानेवाला हूँ और न करनेवालोंकी अनुमोदना करनेवाला हूँ।।७८।।

मैं बालक नहीं हूँ, वृद्ध नहीं हूँ, तरुण नहीं हूँ और न उनका कारण हूँ। निश्चयसे मैं उनका न करनेवाला हूँ, न करानेवाला हूँ और न करनेवालोंकी अनुमोदना करनेवाला हूँ।।७९।।

मैं राग नहीं हूँ, द्वेष नहीं हूँ, मोह नहीं हूँ और न उनका कारण हूँ। निश्चयसे मैं उनका न करनेवाला हूँ, न करानेवाला हूँ और करनंवालोंकी अनुमोदना करनेवाला नहीं हूँ।।८०।।

मैं क्रोध नहीं हूँ, मान नहीं हूँ, माया नहीं हूँ और लोभ नहीं हूँ। मैं उनका करनेवाला नहीं हूँ, करानेवाला नहीं हूँ और करनेवालोंकी अनुमोदना करनेवाला नहीं हूँ।।८१।।

एरिसभेदब्भासे, मज्झत्थो होदि तेण चारित्तं।
तं दढकरणणिमित्तं, पडिक्कमणादी पवक्खामि।।८२।।

इस प्रकारके भेदज्ञानका अभ्यास होनेपर जीव मध्यस्थ होता है और उस मध्यस्थभावसे चारित्र होता है। आगे उसी चारित्रमें दृढ़ करनेके लिए प्रतिक्रमण आदिको कहूँगा।।८२।।

प्रतिक्रमण किसके होता है?

मोत्तूण वयणरयणं, रागादीभाववारणं किच्चा।
अप्पाणं जो झायदि, तस्स दु होदित्ति पडिकमणं।।८३।।

जो वचनोंकी रचनाको छोड़कर तथा रागादिभावोंका निवारणकर आत्माका ध्यान करता है उसके प्रतिक्रमण होता है।।८३।।

आराहणाइ वट्टइ, मोत्तूण विराहणं विसेसेण।
सो पडिकमणं उच्चइ, पडिक्कमणमओ हवे जम्हा।।८४।।

जो विराधनाको विशेष रूपसे छोड़कर आराधनामें वर्तता है वह साधु प्रतिक्रमण कहा जाता है, क्योंकि वह प्रतिक्रमणमय है।

भावार्थ -- यहाँ अभेद विवक्षाके कारण प्रतिक्रमण करनेवाले साधुको ही प्रतिक्रमण कहा गया है।।८४।।

मोत्तूण अणायारं, आयारे जो दु कुणदि थिरभावं।
सो पडिकमणं उच्चइ, पडिकमणमओ हवे जम्हा।।८५।।

जो साधु अनाचारको छोड़कर आचारमें स्थिरभाव करता है वह प्रतिक्रमण कहा जाता है, क्योंकि वह प्रतिक्रमणमय होता है।।८५।।

उम्मग्गं परिचत्ता, जिणमग्गे जो दु कुणदि थिरभावं।
सो पडिकमणं उच्चइ, पडिकमणमओ हवे जम्हा।।८६।।

जो उन्मार्गको छोड़कर जिनमार्गमें स्थिरभाव करता है वह प्रतिक्रमण कहलाता है, क्योंकि वह प्रतिक्रमणमय होता है।।८६।।

मोत्तूण सल्लभावं, णिस्सल्ले जो दु साहु परिणमदि।
सो पडिकमणं उच्चइ, पडिकमणमओ हवे जम्हा।।८७।।

जो साधु शल्यभावको छोड़कर निःशल्यभावमें परिणमन करता है -- उसरूप प्रवृत्ति करता है वह प्रतिक्रमण कहा जाता है, क्योंकि वह प्रतिक्रमणमय है।।८७।।

चत्ता ह्यगुत्तिभावं, तिगुत्तिगुत्तो हवेइ जो साहू।
सो पडिकमणं उच्चइ, पडिकमणमओ हवे जम्हा।।८८।।

जो साधु अगुप्तिभावको छोड़कर तीन गुप्तियोंसे गुप्त -- सुरक्षित रहता है वह प्रतिक्रमण कहा जाता है, क्योंकि वह प्रतिक्रमणमय होता है।।८८।।

मोत्तूण अट्टरुद्दं, झाणं जो झादि धम्मसुक्कं वा।
सो पडिकमणं उच्चइ, जिणवरणिद्दिट्ठसुत्तेसु।।८९।।

जो आर्त और रौद्र ध्यानको छोड़कर धर्म्य अथवा शुक्ल ध्यान करता है वह जिनेंद्र भगवान्के द्वारा कथित शास्त्रोंमें प्रतिक्रमण कहा जाता है।।८९।।

मिच्छत्तपहुदिभावा, पुव्वं जीवेण भाविया सुइरं।
सम्मत्तपहुदिभावा, अभाविया होंति जीवेण।।९०।।

जीवने पहले चिरकालतक मिथ्यात्व आदि भाव भाये हैं। सम्यक्त्व आदि भाव जीवने नहीं भाये हैं।।९०।।

मिच्छादंसणणाणचरित्तं चइऊण णिरवसेसेण।
सम्मत्तणाणचरणं, जो भावइ सो पडिक्कमणं।।९१।।

जो संपूर्ण रूपसे मिथ्यादर्शन, मिथ्याज्ञान और मिथ्याचारित्रको छोड़कर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रकी भावना करता है वह प्रतिक्रमण है।।९१।।

आत्मध्यान ही प्रतिक्रमण है

उत्तमअट्ठं आदा, तम्हि ठिदा हणदि मुणिवरा कम्मं।
तम्हा दु झाणमेव हि, उत्तमअट्ठस्स पडिकमणं।।९२।।

उत्तमार्थ आत्मा है, उसमें स्थिर मुनिवर कर्मका घात करते हैं इसलिए उत्तमार्थ -- उत्कृष्ट पदार्थ आत्माका ध्यान करना ही प्रतिक्रमण है।।९२।।

झाणणिलीणो साहू, परिचागं कुणइ सव्वदोसाणं।
तम्हा दु झाणमेव हि, सव्वदिचारस्स पडिकमणं।।९३।।

ध्यानमें विलीन साधु सब दोषोंका परित्याग करता है इसलिए निश्चयसे ध्यान ही सब अतिचारों -- समस्त दोषोंका प्रतिक्रमण है।।९३।।

व्यवहार प्रतिक्रमणका वर्णन

पडिकमणणामधेये, सुत्ते जह वण्णिदं पडिक्कमणं।
तह णच्चा जो भावइ, तस्स सदा होइ पडिक्कमणं।।९४।।

प्रतिक्रमण नामक शास्त्रमें जिस प्रकार प्रतिक्रमणका वर्णन किया है उसे जानकर जो उसकी भावना करता है उस समय उसके प्रतिक्रमण होता है।।९४।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें परमार्थप्रतिक्रमण नामका
पाँचवाँ अधिकार पूर्ण हुआ।।५।।

***

६

निश्चयप्रत्याख्यानाधिकार

मोत्तूण सयलजप्पमणागयसुहमसुहवारणं किच्चा।
अप्पाणं जो झायदि, पच्चक्खाणं हवे तस्स।।९५।।

जो समस्त वचनजालको छोड़कर तथा आगामी शुभ-अशुभका निवारण कर आत्माका ध्यान करता है उसके प्रत्याख्यान होता है।।९५।।

आत्माका ध्यान किस प्रकार किया जाता है?

केवलणाणसहावो, केवलदंसणसहाव सुहमइओ।
केवलसत्तिसहावो, सोहं इदि चिंतए णाणी।।९६।।

ज्ञानी जीवको इस प्रकार चिंतन करना चाहिए कि मैं केवलज्ञानस्वभाव हूँ, केवलदर्शनस्वभाव हूँ, सुखमय हूँ और केवलशक्तिस्वभाव हूँ।

भावार्थ -- ज्ञान, दर्शन, सुख और वीर्य ही मेरे स्वभाव हैं, अन्य भाव विभाव हैं। इस प्रकार ज्ञानी जीव आत्माका ध्यान करते हैं।।९६।।

णियभावं णइ मुच्चइ, परभावं णेव गेण्हए केइं।
जाणदि पस्सदि सव्वं, सोहं इदि चिंतए णाणी।।९७।।

जो निजभावको नहीं छोड़ता है, परभावको कुछ भी ग्रहण नहीं करता है, मात्र सबको जानता देखता है वह मैं हूँ, इस प्रकार ज्ञानी जीवको चिंतन करना चाहिए।।९७।।

पयडिट्ठिदिअणुभागप्पदेसबंधेहिं वज्जिदो अप्पा।
सोहं इदि चिंतिज्जो, तत्थेव य कुणदि थिरभावं।।९८।।

प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेश बंधोंसे रहित जो आत्मा है वही मैं हूँ इस प्रकार चिंतन करता हुआ ज्ञानी जीव उसी आत्मामें स्थिरभावको करता है।।९८।।

ममत्तिं परिवज्जामि, णिम्ममत्तिमुवट्ठिदो।
आलंबणं च मे आदा, अवसेसं च वोसरे।।९९।।

मैं ममत्वको छोड़ता हूँ और निर्ममत्वमें स्थित होता हूँ, मेरा आलंबन आत्मा है और शेष सबका परित्याग करता हूँ।।९९।।

आदा खु मज्झ णाणे, आदा मे दंसणे चरित्ते य।
आदा पच्चक्खाणे, आदा मे संवरे जोगे।।१००।।

निश्चयसे मेरा आत्मा ही ज्ञानमें है, मेरा आत्माही दर्शन और चारित्रमें है, आत्मा ही प्रत्याख्यानमें है और आत्मा ही संवर तथा योग -- शुद्धोपयोगमें है।

भावार्थ -- गुण-गुणीमें अभेद कर आत्माहीको ज्ञान, दर्शन, चारित्र, प्रत्याख्यान, संवर तथा शुद्धोपयोगरूप कहा है।।१००।।

जीव अकेला ही जन्म मरण करता है

एगो य मरदि जीवो, एगो य जीवदि सयं।
एगस्स जादि मरण, एगो सिज्झदि णीरयो।।१०१।।

यह जीव अकेला ही मरता है और अकेला ही स्वयं जन्म लेता है। एकका मरण होता है और एक ही कर्मरूपी रजसे रहित होता हुआ सिद्ध होता है।।१०१।।

ज्ञानी जीवकी भावना

एको मे सासदो अप्पा, णाणदंसणलक्खणो।
सेसा मे बाहिरा भावा, सव्वे संजोगलक्खणा।।१०२।।

ज्ञान दर्शनवाला, शाश्वत एक आत्मा ही मेरा है। संयोगलक्षणवाले शेष समस्त भाव मुझसे बाह्य हैं।।१०२।।

आत्मगत दोषोंसे छूटने का उपाय

जं किंचि मे दुच्चरितं, सव्वं तिविहेण वोसरे।
सामाइयं तु तिविहं, करेमि सव्वं णिरायारं।।१०३।।

मेरा जो कुछ भी दुश्चारित्र -- अन्यथा प्रवर्तन है उस सबको त्रिविध -- मन वचन कायसे छोड़ता हूँ और जो त्रिविध (सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि के भेदसे तीन प्रकारका) चारित्र है उस सबको निराकार -- निर्विकल्प करता हूँ।।१०३।।

सम्मं मे सव्वभूदेसु, वेरं मज्झं ण केणवि।
आसाए वोसरित्ता णं, समाहि पडिवज्जए।।१०४।।

मेरा सब जीवोंमें साम्यभाव है, मेरा किसीके साथ वैर नहीं है। वास्तवमें आशाओंका परित्याग कर समाधि प्राप्त की जाती है।।१०४।।

निश्चय प्रत्याख्यानका अधिकारी कौन है?

णिक्कसायस्स दंतस्स, सूरस्स ववसायिणो।
संसारभयभीदस्स, पच्चक्खाणं सुहं हवे।।१०५।।

जो निष्कषाय है, इंद्रियोंका दमन करनेवाला है, समस्त परिषहोंको सहन करनेमें शूरवीर है, उद्यमशील है तथा संसारके भयसे भीत है उसीके सुखमय प्रत्याख्यान -- निश्चय प्रत्याख्यान होता है।।

एवं भेदब्भासं, जो कुव्वइ जीवकम्मणो णिच्च।
पच्चक्खाणं सक्कदि, धरिदे सो संजदो णियमा ।।१०६।।

इस प्रकार जो निरंतर जीव और कर्मके भेदका अभ्यास करता है वह संयत -- साधु नियमसे प्रत्याख्यान धारण करनेको समर्थ है।।१०६।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें निश्चयप्रत्याख्यानाधिकार नामका छठवाँ अधिकार पूर्ण हुआ।।६।।

***

७

परमालोचनाधिकार

आलोचना किसके होती है ?

णोकम्मकम्मरहियं, विहावगुणपज्जएहिं वदिरित्तं।
अप्पाणं जो झायदि, समणस्सालोयणं होदि।।१०७।।

जो नोकर्म और कर्मसे रहित तथा विभावगुणपर्यायोंसे भिन्न आत्माका ध्यान करता है उस साधुके आलोचना होती है।।१०७।।

आलोचनाके चार रूप

आलोयणमालुंछणवियडीकरणं च भावसुद्धी य।
चउविहमिह परिकहियं, आलोयणलक्खणं समए।।१०८।।

आलोचन, आलुंछन, अविकृतीकरण और भावशुद्धि इस तरह आगममें आलोचनाका लक्षण चार प्रकारका कहा गया है।।१०८।।

आलोचनका स्वरूप

जो पस्सदि अप्पाणं, समभावे संठवित्तु परिणामं।
आलोयणमिदि जाणह, परमजिणंदस्स उवएसं।।१०९।।

जो जीव अपने परिणामको समभावमें स्थापित कर अपने आत्माको देखता है -- उसके वीतरागभावका चिंतन करता है वह आलोचन है ऐसा परम जिनेंद्रका उपदेश जानो।।१०९।।

आलुंछनका स्वरूप

कम्ममहीरुहमूलच्छेदसमत्थो सकीय परिणामो।
साहीणो समभावो, आलुंछणमिदि समुद्दिट्ठं।।११०।।

कर्मरूप वृक्षका मूलच्छेद करनेमें समर्थ, स्वाधीन, समभावरूप जो अपना परिणाम है वह आलुंछन इस नामसे कहा गया है।.११०।।

अविकृतीकरणका स्वरूप

कम्मादो अप्पाणं, भिण्णं भावेइ विमलगुणणिलयं।
मज्झत्थभावणाए, वियडीकरणं त्ति विण्णेयं।।१११।।

जो मध्यस्थभावनामें कर्मसे भिन्न तथा निर्मलगुणोंके निवासस्वरूप आत्माकी भावना करता है उसकी वह भावना अविकृतीकरण है ऐसा जानना चाहिए।।१११।।

भावशुद्धिका स्वरूप

मदमाणमायलोहविवज्जियभावो दु भावसुद्धि त्ति।
परिकहियं भव्वाणं, लोयालोयप्पदरिसीहिं।।११२।।

भव्य जीवोंका मद, मान, माया और लोभसे रहित जो भाव है वह भावशुद्धि है ऐसा लोकालोकको देखनेवाले सर्वज्ञ भगवान्ने कहा है।।११२।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें
परमालोचनाधिकार नामका सातवाँ अधिकार समाप्त हुआ।।७।।

***

८

शुद्धनिश्चयप्रायश्चित्ताधिकार

निश्चय प्रायश्चित्तका स्वरूप

वदसमिदिसीलसंजमपरिणामो करणणिग्गहो भावो।
सो हवदि पायछित्तं, अणवरयं चेव कायव्वो।।११३।।

व्रत, समिति, शील और संयमरूप परिणाम तथा इंद्रियनिग्रहरूप जो भाव है वह प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त निरंतर करनेयोग्य है।।११३।।

कोहादिसगब्भावक्खयपहुदिभावणाए णिग्गहणं।
पायच्छित्तं भणिदं, णियगुणचिंता य णिच्छयदो।।११४।।

क्रोधादिक स्वकीय विभाव भावोंके क्षय आदिककी भावनामें लीन रहना तथा निजगुणोंका चिंतन करना निश्चयसे प्रायश्चित्त कहा गया है।।११४।।

कषायोंपर विजय प्राप्त करनेका उपाय

कोहं खमया माणं, समद्दवेणज्जवेण मायं च।
संतोसेण य लोहं, जयदि खु ए चहुविहकसाए।।११५।।

क्रोधसे क्षमाको, मानको स्वकीय मार्दव धर्मसे, मायाको आर्जवसे और लोभको संतोषसे इस तरह चार कषायोंको जीव निश्चयसे जीतता है।।११५।।

निश्चय प्रायश्चित्त किसके होता है?

उक्किट्ठो जो बोहो, णाणं तस्सेव अप्पणो चित्तं।
जो धरइ मुणी णिच्चं, पायच्छित्तं हवे तस्स।।११६।।

उसी आत्माका जो उत्कृष्ट बोध, ज्ञान अथवा चिंतन है उसे जो मुनि निरंतर धारण करता है उसके प्रायश्चित्त होता है।।११६।।

किं बहुणा भणिएण दु, वरतवचरणं महेसिणं सव्वं।
पायच्छित्तं जाणह, अणेयकम्माण खयहेऊ।।११७।।

बहुत कहनेसे क्या? महर्षियोंका जो उत्कृष्ट तपश्चरण है उस सबको तू अनेक कर्मोंके क्षयका कारण प्रायश्चित्त जान।।११७।।

तप प्रायश्चित्त क्यों है?

णंताणंतभवेण, समज्जिअसुहअसुहकम्मसंदोहो।
तवचरणेण विणस्सदि, पायच्छित्तं तवं तम्हा।।११८।।

क्योंकि अनंतानंत भवोंके द्वारा उपार्जित शुभ-अशुभ कर्मोंका समूह तपश्चरणके द्वारा विनष्ट हो जाता है इसलिए तप प्रायश्चित्त है।।११८।।

ध्यान ही सर्वस्व क्यों है?

अप्पसरूवालंबणभावेण दु सव्वभावपरिहारं।
सक्कदि काउं जीवो, तम्हा झाणं हवे सव्वं।।११९।।

आत्मस्वरूपका अवलंबन करनेवाले भावसे जीव समस्त विभाव भावोंका निराकरण करनेमें समर्थ होता है इसलिए ध्यान ही सबकुछ है।।११९।।

सुहअसुहवयणरयणं, रायादीभाववारणं किच्चा।
अप्पाणं जो झायदि, तस्स दु णियमं हवे णियमा।।१२०।।

शुभ-अशुभ वचनोंकी रचना तथा रागादिक भावोंका निवारण कर जो आत्माका ध्यान करता है उसके नियमसे नियम अर्थात् रत्नत्रय होता है।।१२०।।

कायोत्सर्ग किसके होता है?

कायाईपरदव्वे, थिरभावं परिहरत्तु अप्पाणं।
तस्स हवे तणुसग्गं, जो झायइ णिव्विअप्पेण।।१२१।।

जो शरीर आदि परद्रव्यमें स्थिरभावको छोड़कर निर्विकल्प रूपसे आत्माका ध्यान करता है उसके कायोत्सर्ग होता है।।१२१।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें शुद्ध निश्चय प्रायश्चित्ताधिकार नामका आठवाँ अधिकार समाप्त हुआ।।८।।

***

९

परमसमाध्यधिकार

वयणोच्चारणकिरियं, परिचत्ता वीयरायभावेण।
जो झायदि अप्पाणं, परमसमाही हवे तस्स।।१२२।।

जो वचनोच्चारणकी क्रियाको छोड़कर वीतराग भावसे आत्माका ध्यान करता है उसके परमसमाधि होती है।।१२२।।

संयमणियमतवेण दु, धम्मज्झाणेण सुक्कझाणेण।
जो झायइ अप्पाणं, परमसमाही हवे तस्स।।१२३।।

जो संयम, नियम और तपसे तथा धर्म्यध्यान और शुक्लध्यानके द्वारा आत्माका ध्यान करता है उसके परमसमाधि होती है।।१२३।।

समताके बिना सब व्यर्थ है --

किं काहदि वणवासो, कायकलेसो विचित्तउववासो।
अज्झयणमोणपहुदी, समदा रहियस्स समणस्स।।१२४।।

समताभावसे रहित साधुका वनवास, कायक्लेश, नाना प्रकारका उपवास तथा अध्ययन और मौन आदि धारण करना क्या करता है? कुछ नहीं।।१२४।।

स्थायी सामायिक व्रत किसके होता है?

विरदो सव्वसावज्जे, तिगुत्तो पिहिदिंदिओ।
तस्स सामाइगं ठाइ, इदि केवलिसासणे।।१२५।।

जो समस्त सावद्य -- पापसहित कार्योंमें विरत है, तीन गुप्तियोंको धारण करनेवाला है तथा जिसने इंद्रियोंको निरुद्ध कर लिया है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्‌के शासनमें कहा गया है।।१२५।।

जो समो सव्वभूदेसु, थावरेसु तसेसु वा।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१२६।।

जो स्थावर अथवा त्रस सब जीवोंमें समभाववाला है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्‌के शासनमें कहा गया है।।१२६।।

जस्स सण्णिहिदो अप्पा, संजमे णियमे तवे।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१२७।।

जिसका आत्मा संयम, नियम तथा तपमें सन्निहित रहता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१२७।।

जस्स रागो दु दोसो दु, विगडिं ण जणेदि दु।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१२८।।

राग और द्वेष जिसके विकार उत्पन्न नहीं करते हैं उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१२८।।

जो दु अट्ट च रुद्दं च, झाणं वच्चेदि णिच्चसा।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१२९।।

जो निरंतर आर्त और रौद्र ध्यानका परित्याग करता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१२९।।

जो दु पुण्णं च पावं च, भावं वच्चेदि णिच्चसा।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१३०।।

जो निरंतर पुण्य और पापरूप भावको छोड़ता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१३०।।

जो दु हस्सं रई सोगं, अरतिं वज्जेदि णिच्चसा ।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१३१।।
जो दुगंछा भयं वेदं, सव्वं वज्जदि णिच्चसा।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१३२।।

जो निरंतर हास्य, रति, शोक और अरतिका परित्याग करता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१३१।।

जो निरंतर जुगुप्सा, भय और सब प्रकारके वेदोंको छोड़ता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली भगवान्के शासनमें कहा गया है।।१३२।।

जो दु धम्मं च सुक्कं, झाणं झाएदि णिच्चसा।
तस्स सामाइगं ठाई, इदि केवलिसासणे।।१३३।।

जो निरंतर धर्म्य और शुक्ल ध्यानका ध्यान करता है उसके स्थायी सामायिक होता है ऐसा केवली

भगवान्‌के शासनमें कहा गया है।।१३३।।

इस तरह श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें परमसमाध्यधिकार नामक
नौवाँ अधिकार समाप्त हुआ।।९।।

***

१०

परमभक्त्यधिकार

सम्मत्तणाणचरणे, जो भत्तिं कुणइ सावगो समणो।
तस्स दु णिव्वुदिभत्ती, होदि त्ति जिणेहि पण्णत्तं।।१३४।।

जो श्रावक अथवा मुनि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रमें भक्ति करता है उसे निवृत्ति भक्ति -- मुक्तिकी प्राप्ति होती है ऐसा जिनेंद्र भगवान्‌ने कहा है।।१३४।।

मोक्खंगयपुरिसाणं, गुणभेदं जाणिऊण तेसिंपि।
जो कुणदि परमभत्तिं, ववहारणयेण परिकहियं।।१३५।।

मोक्षको प्राप्त करनेवाले पुरुषोंके गुणभेदको जानकर उनकी भी परम भक्ति करता है उसे भी निवृत्ति भक्ति -- मुक्तिकी प्राप्ति होती है ऐसा व्यवहारनयसे कहा गया है।।१३५।।

मोक्खपहे अप्पाणं, ठविऊण य कुणदि णिव्वुदी भत्ती।
तेण दु जीवो पावइ, असहायगुणं णियप्पाणं।।१३६।।

मोक्षमार्गमें अपने आपके स्थापित कर जो निवृत्ति भक्ति -- मुक्ति की आराधना करता है उससे जीव असहाय -- स्वापेक्ष गुणोंसे युक्त निज आत्माको प्राप्त करता है।।१३६।।

रायादीपरिहारे, अप्पाणं जो दु जुंजदे साहू।
सो जोगभत्तिजुत्तो, इदरस्स य कह हवे जोगो।।१३७।।

जो साधु अपने आत्माको रागादिकके परित्यागमें लगाता है वह योगभक्तिसे युक्त है, अन्य साधुके योग कैसे हो सकता है?।।१३७।।

सव्वविअप्पाभावे, अप्पाणं जो दु जुंजदे साहू।
सो जोगभत्तिजुत्तो, इदरस्स य किह हवे जोगो।।१३७।।

जो साधु अपने आत्माको समस्त विकल्पोंके अभावोंमें लगाता है वह योग भक्तिसे युक्त है, अन्य साधुके योग किस प्रकार हो सकता है?।।१३८।।

योगका लक्षण

विवरीयाभिणिवेसं, परिचत्ता जोण्हकहियतच्चेसु।
जो जुंजदि अप्पाणं, णियभावे सो हवे जोगो।।१३९।।

जो विपरीत अभिप्रायको छोड़कर जिनेंद्रदेव द्वारा कथित तत्त्वोंमें अपने आपको लगाता है उसका वह निजभाव ही योग है।।१३९।।

उसहादिजिणवरिंदा, एवं काऊण जोगवरभत्तिं।
णिव्वुदिसुहमावण्णा, तम्हा धरु जोगवरभत्तिं।।१४०।।

ऋषभादि जिनेंद्र इस प्रकार योगकी उत्तम भक्ति कर निर्वाणके सुखको प्राप्त हुए हैं इसलिए तू भी योगकी उत्तम भक्तिको धारण कर।।१४०।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंद स्वामी विरचित नियमसार ग्रंथमें परमभक्त्यधिकार नामका
दसवाँ अधिकार समाप्त हुआ।।१०।।

***

११

निश्चयपरमावश्यकाधिकार

आवश्यक शब्दकी निरुक्ति

जो ण हवदि अण्णवसो, तस्स दु कम्मं भणंति आवासं।
कम्मविणासणजोगो, णिव्वुदिमग्गो त्ति पिज्जुत्तो।।१४१।।

जो अन्यके वशमें नहीं होता उसके कार्यको आवश्य (आवश्यक) कहते हैं। कर्मोंका नाश करनेवाला जो योग है वही निवृति -- निर्वाणका मार्ग है ऐसा कहा गया है।।१४१।।

आवश्यक युक्तिका निरुक्तार्थ

ण वसो अवसो अवसस्स कम्म वावस्सयं त्ति बोधव्वा।
जुत्ति त्ति उवाअं ति य, णिरवयवो होदि णिज्जेत्ति।।१४२।।

जो अन्यके वश नहीं है वह अवश है और अवशका जो कर्म है वह आवश्यक (आवश्य) है ऐसा ा चाहिए। युक्ति इसका अर्थ उपाय है। आवश्यककी जो युक्ति है वह आवश्यक युक्ति है। इस तरह

आवश्यक युक्ति शब्दका संपूर्ण निरुक्ति अर्थ है।

भावार्थ -- शब्दसे निकलनेवाले अर्थको निरुक्ति कहते हैं। यहाँ आवश्यक युक्ति शब्द का ऐसा ही अर्थ बतलाया गया है।।१४२।।

वट्टदि जो सो समणो, अण्णवसो होदि असुहभावेण।
तम्हा तस्स दु कम्मं, आवस्सयलक्खणं ण हवे।।१४३।।

जो साधु अशुभ भावसे प्रवृत्ति करता है वह अन्य वश है इसलिए उसका कार्य आवश्यक नामसे युक्त नहीं है।

भावार्थ -- अवश साधुका कार्य आवश्यक है, अन्यवश साधुका कार्य आवश्यक नहीं है।।१४३।।

जो चरदि संजदो खलु, सुहभावे सो हवेइ अण्णवसो।
तम्हा तस्स दु कम्मं, आवासयलक्खणं ण हवे।।१४४।।

जो साधु निश्चयसे शुभ भावमें प्रवृत्ति करता है वह अन्यवश है इसलिए उसका कर्म आवश्यक नामवाला नहीं है।

भावार्थ -- एकसौ तैंतालीस तथा एकसौ चवालीसवीं गाथामें कहा गया है कि जो साधु शुभ और अशुभ भावोंमें प्रवृत्ति करता है वह अवश नहीं है, किंतु अन्यवश है। इसलिए उसका जो कर्म है वह आवश्य अथवा आवश्यक नहीं कहला सकता है।।१४४।।

दव्वगुणपज्जयाणं, चित्तं जो कुणइ सो वि अण्णवसो।
मोहंधयारववगयसमणा कहयंति एरिसयं।।१४५।।

जो साधु द्रव्य, गुण और पर्यायोंके मध्यमें अपना चित्त लगाता है अर्थात् उनके विकल्पमें पड़ता है वह भी अन्यवश है ऐसा मोहरूपी अंधकारसे रहित मुनि कहते हैं।।१४५।।

आत्मवश कौन है?

परिचत्ता परभावं, अप्पाणं झादि णिम्मलसहावं।
अप्पवसं सो होदि हु, तस्स दु कम्मं भणंति आवासं।।१४६।।

जो परपदार्थको छोड़कर निर्मल स्वभाववाले आत्माका ध्यान करता है वश आत्मवश है। निश्चयसे उसके कर्मको आवश्यक कर्म कहते हैं।।१४६।।

शुद्ध निश्चय आवश्यक प्राप्तिका उपाय

आवासं जइ इच्छसि, अप्पसहावेसु कुणदि थिरभावं।
तेण दु सामण्णगुणं, संपुण्णं होदि जीवस्स।।१४७।।

यदि तू आवश्यककी इच्छा करता है तो आत्मस्वभावमें अत्यंत स्थिर भावको कर। उस

जीवका श्रामण्यगुण -- मुनिधर्म पूर्ण होता है।।१४७।।

आवश्यक करनेकी प्रेरणा

आवासएण हीणो, पब्भट्ठो होदि चरणदो समणो।
पुव्वुत्तकमेण पुणो, तम्हा आवासयं कुज्जा।।१४८।।

क्योंकि आवश्यकसे रहित साधु चारित्रसे अत्यंत भ्रष्ट है इसलिए पूर्वोक्त क्रमसे आवश्यक करना चाहिए।।१४८।।

आवासएण जुत्तो, समणो सो होदि अंतरंगप्पा।
आवासय परिहीणो, समणो सो होदि बहिरप्पा।।१४९।।

जो साधु आवश्यक कर्मसे युक्त है वह अंतरात्मा है और जो आवश्यक कर्मसे रहित है वह बहिरात्मा है।।१४९।।

अंतरबाहिरजप्पे, जो वट्टइ सो हवेइ बहिरप्पा।
जप्पेसु जो ण वट्टइ, सो उच्चइ अंतरंगप्पा।।१५०।।

जो साधु अंतर्जल्प और बाह्य जल्पमें वर्तता है वह बहिरात्मा है और जो (किसी भी प्रकारके) जल्पोंमें नहीं वर्तता है वह अंतरात्मा कहा जाता है।।१५०।।

जो धम्मसुक्कझाणम्हि परिणदो सोवि अंतरंगप्पा।
झाणविहीणो समणो, बहिरप्पा इदि विजाणीहि।।१५१।।

जो धर्म्यध्यान और शुक्लध्यानमें परिणत है वह भी अंतरात्मा है। ध्यानविहीन साधु बहिरात्मा है ऐसा जान।।१५१।।

प्रतिक्रमण आदि क्रियाओंकी सार्थकता

पडिकमणपहुदि किरियं, कुव्वंतो णिच्छयस्स चारित्तं।
तेण दु विरागचरिए, समणो अब्भुट्ठिदो होदि।।१५२।।

प्रतिक्रमण आदि क्रियाओंको करनेवालेके निश्चय चारित्र होता है और उस निश्चय चारित्रसे साधु वीतराग चारित्रमें उद्यत होता है।

भावार्थ -- यहाँ प्रतिक्रमण आदि क्रियाओंकी सार्थकता बतलाते हुए कहा गया है कि जो साधु प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान तथा आलोचना आदि क्रियाओंको करता रहता है उसीके निश्चय चारित्र होता है और उस निश्चय चारित्रके द्वारा ही साधु वीतराग चारित्रमें आरूढ़ होता है।।१५२।।

वयणमयं पडिकमणं, वयणमयं पच्चखाण णियमं च।
आलोयण वयणमयं, तं सव्वं जाण सज्झाउं।।१५३।।

जो वचनमय प्रतिक्रमण, वचनमय प्रत्याख्यान और वचनमय आलोचना है उस सबको तू स्वाध्याय जान।

भावार्थ -- प्रतिक्रमण आदिके पाठ बोलना स्वाध्यायमें गर्भित हैं।।१५३।।

जदि सक्कदि कादुं जे, पडिकमणादिं करेज्ज झाणमयं।
सत्तिविहीणो जा जइ, सद्दहणं चेव कायव्वं।।१५४।।

हे मुनिशार्दूल! यदि करनेकी सामर्थ्य है तो तुझे ध्यानमय प्रतिक्रमणादि करना चाहिए और यदि शक्तिसे रहित है तो तुझे तब तक श्रद्धान ही करना चाहिए।।१५४।।

जिणकहियपरमसुत्ते, पडिकमणादिय परीक्खऊण फुडं।
मोणव्वएण जोई, णियकज्जं साहये णिच्चं।।१५५।।

जिनेंद्रदेवके द्वारा कहे हुए परमागममें प्रतिक्रमणादिकी अच्छी तरह परीक्षा कर योगीको निरंतर मौनव्रतसे निजकार्य सिद्ध करना चाहिए।।१५५।।

विवाद वर्जनीय है

णाणाजीवा णाणाकम्मं णाणाविहं हवे लद्धी।
तम्हा वयणविवादं, सगपरसमएहिं वज्जिज्जो।।१५६।।

नाना जीव हैं, नाना कर्म हैं और नाना प्रकारकी लब्धियाँ हैं, इसलिए स्वधर्मियों और परधर्मियोंके साथ वचनसंबंधी विवाद वर्जनीय है -- छोड़नेके योग्य है।।१५६।।

सहजतत्त्वकी आराधनाकी विधि

लद्धूणं णिहि एक्को, तस्स फलं अणुहवेइ सुजणत्तें।
तह णाणी णाणणिहिं, भुंजेइ चइत्तु परतत्तिं।।१५७।।

जिस प्रकार कोई एक मनुष्य निधिको पाकर स्वजन्मभूमिमें स्थित हो उसका फल भोगता है उसी प्रकार ज्ञानी जीव ज्ञानरूपी निधिको पाकर परसमूहको छोड़ उसका अनुभव करता है।।१५७।।

सव्वे पुराणपुरिसा, एवं आवासयं य काऊण।
अपमत्तपहुदिठाणं, पडिवज्ज य केवली जादा।।१५८।।

समस्त पुराणपुरुष इस प्रकार आवश्यक कर अप्रमत्तादिक स्थानोंको प्राप्त करके केवली हुए हैं।

भावार्थ -- जितने पुराणपुरुष अबतक केवली हुए हैं वे सब पूर्वोक्त विधिसे प्रमत्तविरत नामक छठवें गुणस्थानमें आवश्यक कर्मको करके अप्रमत्तादि गुणस्थानोंको प्राप्त हुए हैं और तदनंतर केवली हुए हैं।।१५८।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसार ग्रंथमें निश्चयपरमावश्यकाधिकार नामका ग्यारहवाँ अधिकार पूर्ण हुआ।।११।।

***

१२

शुद्धोपयोगाधिकार

निश्चय और व्यवहार नयसे केवलीकी व्याख्या

जाणदि पस्सदि सव्वं, ववहारणएण केवली भगवं।
केवलणाणी जाणदि, पस्सदि णियमेण अप्पाणं।।१५९।।

व्यवहार नयसे केवली भगवान् सबको जानते और देखते हैं, परंतु निश्चय नयसे केवलज्ञानी अपने आपको जानते देखते हैं।।१५९।।

केवलज्ञान और केवलदर्शन साथ साथ होते हैं

जुगवं वट्टइ णाणं, केवलणाणिस्स दंसणं च तहा।
दिणयरपयासतापं, जह वट्टइ तह मुणेयव्वं।।१६०।।

जिसप्रकार सूर्यका प्रकाश और प्रताप एक साथ वर्तता है उसी प्रकार केवलज्ञानीका ज्ञान और दर्शन एकसाथ वर्तता है ऐसा जानना चाहिए।

भावार्थ -- छद्मस्थ जीवोंके पहले दर्शन होता है उसके बाद ज्ञान होता है, परंतु केवली भगवान्के दर्शन और ज्ञान दोनों साथही होते हैं।।१६०।।

ज्ञान और दर्शनके स्वरूपकी समीक्षा

णाणं परप्पयासं, दिट्ठी अप्पप्पयासया चेव।
अप्पा सपरपयासो, होदि त्ति हि मण्णसे जदि हि।।१६१।।

ज्ञान परप्रकाशक है, दर्शन स्वप्रकाशक है और आत्मा स्वपरप्रकाशक है ऐसा यदि तू वास्तवमें मानता है (तो यह तेरी विरुद्ध मान्यता है।) ।।१६१।।

णाणं परप्पयासं, तइया णाणेण दंसणं भिण्णं।
ण हवदि परदव्वगयं, दंसणमिदि वण्णिदं तम्हा।।१६२।।

यदि ज्ञान परप्रकाशक ही है तो दर्शन ज्ञानसे भिन्न सिद्ध होगा क्योंकि दर्शन परद्रव्यगत नहीं होता

ऐसा पूर्वसूत्रमें कहा गया है।।१६२।।

अप्पा परप्पयासो, तइया अप्पेण दंसणं भिण्णं।

ण हवदि परदव्वगयं, दंसणमिदि वण्णिदं तम्हा।।१६३।।

यदि आत्मा परप्रकाशक ही है तो दर्शन आत्मासे भिन्न होगा क्योंकि दर्शन परद्रव्यगत नहीं होता ऐसा पहले कहा गया है।।१६३।।

णाणं परप्पयासं, ववहारणयेण दंसणं तम्हा।

अप्पा परप्पयासो, ववहारणयेण दंसणं तम्हा।।१६४।।

व्यवहारनयसे ज्ञान परप्रकाशक है इसलिए दर्शन परप्रकाशक है और आत्मा व्यवहारनयसे परप्रकाशक है इसलिए दर्शन परप्रकाशक है।।१६४।।

णाणं अप्पपयासं, णिच्छयणयएण दंसणं तम्हा।

अप्पा अप्पपयासो, णिच्छयणयएण दंसणं तम्हा।।१६५।।

निश्चयनयसे ज्ञान स्वप्रकाशक है इसलिए दर्शन स्वप्रकाशक है और निश्चयनयसे आत्मा स्वप्रकाशक है इसलिए दर्शन स्वप्रकाशक है।।१६५।।

अप्पसरूवं पेच्छदि, लोयालोयं ण केवली भगवं।

जइ कोइ भणइ एवं, तस्स य किं दूसणं होइ।।१६६।।

केवली भगवान् निश्चयसे आत्मस्वरूपको देखते हैं, लोक-अलोकको नहीं देखते हैं, यदि ऐसा कोई कहता है तो उसे क्या दूषण है? अर्थात् नहीं है।।१६६।।

प्रत्यक्ष ज्ञानका वर्णन

मुत्तममुत्तं दव्वं, चेयणमियरं सगं च सव्वं च।

पेच्छंतस्स दु णाणं, पच्चक्खमणिंदियं होइ।।१६७।।

मूर्त, अमूर्त, चेतन, अचेतन द्रव्य तथा स्व और समस्त परद्रव्यको देखनेवाला ज्ञान प्रत्यक्ष एवं अतींद्रिय होता है।।१६७।।

परोक्ष ज्ञानका वर्णन

पुव्वुत्तसयलदव्वं, णाणागुणपज्जएण संजुत्तं।

जो ण य पेच्छइ सम्मं, परोक्खदिट्ठी हवे तस्स।।१६८।।

जो नाना गुण और पर्यायोंसे संयुक्त पूर्वोक्त समस्त द्रव्योंको अच्छी तरह नहीं देखता है उसकी दृष्टि परोक्ष दृष्टि है अर्थात् उसका ज्ञान परोक्ष ज्ञान है।।१६८।।

लोयालोयं जाणइ, अप्पाणं णेव केवली भगवं।
जइ कोइ भणइ एवं, तस्स य किं दूसणं होइ।।१६९।।

केवली भगवान् (व्यवहारसे) लोकालोकको जानते हैं, आत्माको नहीं, ऐसा यदि कोई कहता है तो क्या उसका दूषण है? अर्थात् नहीं है।।१६९।।

णाणं जीवसरूवं, तम्हा जाणेइ अप्पगं अप्पा।
अप्पाणं ण वि जाणदि, अप्पादो होदि विदिरित्तं।।१७०।।

ज्ञान जीवका स्वरूप है इसलिए आत्मा आत्माको जानता है, यदि ज्ञान आत्माको न जाने तो वह आत्मासे भिन्न -- पृथक् सिद्ध हो।।१७०।।

अप्पाणं विणु णाणं, णाणं विणु अप्पगो ण संदेहो।
तम्हा सपरपयासं, णाणं तह दंसणं होदि।।१७१।।

आत्माको ज्ञान जानो और ज्ञान आत्मा है ऐसा जानो, इसमें संदेह नहीं है इसलिए ज्ञान तथा दर्शन दोनों स्वपरप्रकाशक हैं।।१७१।।

केवलज्ञानीके बंध नहीं है

जाणंतो पस्संतो, ईहा पुव्वं ण होइ केवलिणो।
केवलणाणी तम्हा, तेण दु सोऽबंधगो भणिदो।।१७२।।

जानते देखते हुए केवलीके पूर्वमें इच्छा नहीं होती इसलिए वे केवलज्ञानी अबंधक -- बंधरहित कहे गये हैं।

भावार्थ -- बंधका कारण इच्छा है, मोह कर्मका सर्वथा क्षय होनेसे केवलीके जानने देखनेके पहले कोई इच्छा नहीं होती और इच्छाके बिना उनके बंध नहीं होता।।१७२।।

केवलीके वचन बंधके कारण नहीं हैं

परिणामपुव्ववयणं, जीवस्स य बंधकारणं होई।
परिणामरहियवयणं, तम्हा णाणिस्स ण हि बंधो।।१७३।।
ईहापुव्वं वयणं, जीवस्स य बंधकारणं होई।
ईहारहियं वयणं, तम्हा णाणिस्स ण हि बंधो।।१७४।।

परिणामपूर्वक -- अभिप्रायपूर्वक वचन जीवके बंधका कारण है। क्योंकि ज्ञानीका वचन परिणामरहित है इसलिए उसके बंध नहीं होता।।१७३।।

इच्छापूर्वक वचन जीवके बंधका कारण होता है, क्योंकि ज्ञानी जीवका वचन इच्छारहित है

इसलिए उसके बंध नहीं होता।।१७४।।

ठाणणिसेज्जविहारा, ईहापुव्वं ण होइ केवलिणो।
तम्हा ण होइ बंधो, साकट्ठं मोहणीयस्स।।१७५।।

केवलीके खड़े रहना, बैठना और विहार करना इच्छापूर्वक नहीं होते हैं, इसलिए उन्हें तन्निमित्तक बंध नहीं होता। बंध उसके होता है जो मोहके उदयसे इंद्रियजन्य विषयोंके सहित होता है।।१७५।।

कर्मक्षयसे मोक्ष प्राप्त होता है

आउस्स खएण पुणो, णिण्णासो होइ सेसपयडीणं।
पच्छा पावइ सिग्घं, लोयग्गं समयमेत्तेण।।१७६।।

आयुके क्षयसे केवलीके समस्त प्रकृतियोंका क्षय हो जाता है, पश्चात् वे समयमात्रमें शीघ्र ही लोकाग्रको प्राप्त कर लेते हैं।।१७६।।

कारण परमतत्त्वका स्वरूप

जाइजरमरणरहियं, परमं कम्मट्ठवज्जियं सुद्धं।
णाणाइचउसहावं, अक्खयमविणासमच्छेयं।।१७७।।

वह कारणपरमतत्त्व जन्म जरा और मरणसे रहित है, उत्कृष्ट है, आठ कर्मोंसे वर्जित है, शुद्ध है, ज्ञानादिक चार गुणरूप स्वभावसे सहित है, अक्षय है, अविनाशी है और अच्छेद्य -- छेदन करनेके अयोग्य है।।१७७।।

अव्वाबाहमणिंदियमणोवमं पुण्णपावविणिमुक्कं।
पुणरागमणविरहियं, णिच्चं अचलं अणालंबं।।१७८।।

वह कारणपरमतत्त्व अव्याबाध, अनिंद्रिय, अनुपम, पुण्य-पापसे निर्मुक्त, पुनरागमनसे रहित, नित्य, अचल और अनालंब -- परके आलंबनसे रहित है।।१७८।।

निर्वाण कहाँ होता है?

णवि दुःखं णवि सुक्खं, णवि पीडा णेव विज्जदे बाहा।
णवि मरणं णवि जणणं, तत्थेव य होइ णिव्वाणं।।१७९।।

जहाँ न दुःख है, न सांसारिक सुख है, न पीड़ा है, न बाधा है, न मरण है और न जन्म है, वहीं निर्वाण होता है।।१७९।।

ण वि इंदिय उवसग्गा, ण वि मोहो विम्हियो ण णिद्दा य।
णय तिण्हा णेव छुहा, तत्थेव य होइ णिव्वाणं।।१८०।।

जहाँ न इंद्रियाँ हैं, न उपसर्ग है, न मोह है, न विस्मय है, न तृषा है और न क्षुधा है वहीं निर्वाण होता है।।१८०।।

ण वि कम्मं णोकम्मं, णवि चिंता णेव अट्टरुद्दाणि।
णवि धम्मसुक्कझाणे, तत्थेव य होइ णिव्वाणं।।१८१।।

जहाँ न कर्म है, न नोकर्म है, न चिंता है, न आर्त-रौद्र ध्यान है और न धर्म्य शुक्ल ध्यान हैं, वहीं निर्वाण होता है।।१८१।।

सिद्ध भगवान्का स्वरूप

विज्जदि केवलणाणं, केवलसोक्खं च केवलं विरयं।
केवलदिट्ठि अमुत्तं अत्थित्तं सपदेसत्तं।।१८२।।

उन सिद्ध भगवान्के केवलज्ञान है, केवलसुख है, केवलवीर्य है, केवलदर्शन है, अमूर्तिकपना है, अस्तित्व है तथा प्रदेशोंसे सहितपना है।।१८२।।

निर्वाण और सिद्धमें अभेद

णिव्वाणमेव सिद्धा, सिद्धा णिव्वाणमिदि समुद्दिट्ठा।
कम्मविमुक्को अप्पा, गच्छइ लोयग्गपज्जंत्तं।।१८३।।

निर्वाण ही सिद्ध हैं और सिद्ध ही निर्वाण हैं ऐसा कहा गया है। कर्मसे विमुक्त आत्मा लोकाग्रपर्यंत जाता है।।१८३।।

कर्मविमुक्त आत्मा लोकाग्रपर्यंत ही क्यों जाता है?

जीवाणं पुग्गलाणं, गमणं जाणेहि जाव धम्मत्थी।
धम्मत्थिकायभावे, तत्तो परदो ण गच्छंति।।१८४।।

जीव और पुद्गलोंका गमन जहाँ तक धर्मास्तिकाय है वहाँ तक होता है। लोकाग्रके आगे धर्मास्तिकायका अभाव होनेसे कर्ममुक्त आत्माएँ नहीं जाती हैं।।१८४।।

ग्रंथका समारोप

णियमं णियमस्स फलं, णिद्दिट्ठं पवयणस्स भत्तीए।
पुव्वावरविरोधो जदि, अवणीय पूरयंतु समयण्हा।।१८५।।

इस ग्रंथमें प्रवचनकी भक्तिसे नियम और नियमका फल दिखलाया गया है। इसमें यदि पूर्वापर विरोध हो तो आगमके ज्ञाता पुरुष उसे दूर कर पूर्ति करें।।१८५।।

ईसाभावेण पुणो, केई णिंदंति सुंदरं मग्गं।
तेसिं वयणं सोच्चाऽभत्तिं मा कुणह जिणमग्गे।।१८६।।

और कितने ही लोग ईर्ष्याभावसे सुंदर मार्गकी निंदा करते हैं, इसलिए उनके वचन सुनकर जिनमार्गमें अभक्ति -- अश्रद्धा न करो।।१८६।।

णियभावणाणिमित्तं, मए कदं णियमसारणामसुदं।
णच्चा जिणोवदेसं, पुव्वावरदोसणिम्मुक्कं।।१८७।।

मैने पूर्वापर दोषसे रहित जिनोपदेशको जानकर निजभावनाके निमित्त यह नियमसार नामका शास्त्र रचा है।।१८७।।

इस प्रकार श्री कुंदकुंदाचार्य विरचित नियमसारमें शुद्धोपयोगाधिकार नामका
बारहवाँ अधिकार समाप्त हुआ।।१२।।

*

अष्टपाहुड

*

अष्टपाहुड

दर्शनपाहुड

काउण णमुक्कारं, जिणवरवसहस्स वड्ढमाणस्स।
दंसणमग्गं वोच्छामि, जहाकमं समासेण।।१।।

मैं आद्य जिनेंद्र श्री ऋषभदेव तथा अंतिम जिनेंद्र श्री वर्द्धमान स्वामीको नमस्कार कर क्रमानुसार संक्षेपसे सम्यग्दर्शनके मार्गको कहूँगा।।१।।

दंसणमूलो धम्मो, उपइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं।
तं सोऊण सकण्णे, दंसणहीणो ण वंदिव्वो।।२।।

श्री जिनेंद्र भगवान्ने शिष्योंके लिए दर्शनमूल धर्मका उपदेश दिया है इसलिए उसे अपने कानोंसे सुनो। जो सम्यग्दर्शनसे रहित है वह वंदना करनेयोग्य नहीं है।।२।।

दंसणभट्टा भट्टा, दंसणभट्टस्स णत्थि णिव्वाणं।
सिज्झंति चरियभट्टा, दंसणभट्टा ण सिज्झंति।।३।।

जो सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हैं वे ही वास्तवमें भ्रष्ट हैं, क्योंकि सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट मनुष्यको मोक्ष प्राप्त नहीं होता। जो सम्यक्चारित्रसे भ्रष्ट हैं वे सिद्ध हो जाते हैं परंतु जो सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हैं वे सिद्ध नहीं हो सकते।।३।।

सम्मत्तरयणभट्टा, जाणंता बहुविहाइं सत्थाइं।
आराहणाविरहिया, भमंति तत्थेव तत्थेव।।४।।

जो सम्यक्त्वरूपी रत्नसे भ्रष्ट हैं वे बहुत प्रकारके शास्त्रोंको जानते हुए भी आराधनाओंसे रहित होनेके कारण उसी संसारमें भ्रमण करते रहते हैं।।४।।

सम्मत्तविरहियाणं, सुट्ठु वि उग्गं तवं चरंताणं।
ण लहंति बोहिलाहं, अवि वाससहस्सकोडीहिं।।५।।

जो मनुष्य सम्यग्दर्शनसे रहित हैं वे भले ही करोड़ों वर्षोंतक उत्तमतापूर्वक कठिन तपश्चरण करें तो भी उन्हें रत्नत्रय प्राप्त नहीं होता है।।५।।

सम्मत्तणाणदंसणबलवीरियवड्ढमाण जे सव्वे।
कलिकलुसपावरहिया, वरणाणी होंति अइरेण।।६।।

जो पुरुष सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, बल और वीर्यसे वृद्धिको प्राप्त हैं तथा कलिकाल संबंधी मलिन पापसे रहित हैं वे सब शीघ्र ही उत्कृष्ट ज्ञानी हो जाते हैं।।६।।

सम्मत्तसलिलपवहे, णिच्चं हियए पवट्टए जस्स।
कम्मं वालुयवरणं, बंधुच्चिय णासए तस्स।।७।।

जिस मनुष्यके हृदयमें सम्यक्त्वरूपी जलका प्रवाह निरंतर प्रवाहित होता है उसका पूर्वबंधसे संचित कर्मरूपी बालूका आवरण नष्ट हो जाता है।।७।।

जे दंसणेसु भट्ठा, णाणे भट्ठा चरित्तभट्ठा य।
ऐदे भट्ठविभट्ठा, सेसं पि जणं विणासंति।।८।।

जो मनुष्य दर्शनसे भ्रष्ट हैं, ज्ञानसे भ्रष्ट हैं और चारित्रसे भ्रष्ट हैं वे भ्रष्टोंमें भ्रष्ट हैं -- अत्यंत भ्रष्ट हैं तथा अन्य जनोंको भी भ्रष्ट करते हैं।।८।।

जो कोवि धम्मसीलो, संजमतवणियमजोयगुणधारी।
तस्स य दोस कहंता, भग्गा भग्गत्तणं दिंति।।९।।

जो कोई धर्मात्मा संयम, तप, नियम और योग आदि गुणोंका धारक है उसके दोषोंको कहते हुए क्षुद्र मनुष्य स्वयं भ्रष्ट हैं तथा दूसरोंको भी भ्रष्टता प्रदान करते हैं।।९।।

जह मूलम्मि विणट्ठे, दुमस्स परिवार णत्थि परवड्ढी।
तह जिणदंसणभट्ठा, मूलविणट्ठा ण सिज्झंति।।१०।।

जैसे जड़के नष्ट हो जानेपर वृक्षके परिवारकी वृद्धि नहीं होती वैसे ही जो पुरुष जिनदर्शनसे भ्रष्ट हैं वे मूलसे विनष्ट हैं -- उनका मूल धर्म नष्ट हो चुका है, अतः ऐसे जीव सिद्ध अवस्थाको प्राप्त नहीं हो पाते हैं।।१०।।

जह मूलाओ खंधो, साहापरिवार बहुगुणो होई।
तह जिणदंसणमूलो, णिद्दिट्ठो मोक्खमग्गस्स।।११।।

जिस प्रकार वृक्षकी जड़से शाखा आदि परिवारसे युक्त कई गुणा स्कंध उत्पन्न होता है उसी प्रकार मोक्षमार्गकी जड़ जिनदर्शन -- जिनधर्मका श्रद्धान है ऐसा कहा गया है।।११।।

जे दंसणेसु भट्ठा, पाए पाडंति दंसणधराणं।
ते होंति लुल्लमूआ, बोही पुण दुल्लहा तेसिं।।१२।।

सुहेण भावितं ज्ञानं, दुहे जादे विणस्सदि।
तम्हा जहाबलं जोई, अप्पा दुक्खेहि भावए।।६२।।

सुखसे वासित ज्ञान दुःख उत्पन्न होनेपर नष्ट हो जाता है इसलिए योगीको यथाशक्ति आत्माको दुःखसे वासित करना चाहिए।।६२।।

आहारासणणिद्दजियं च काऊण जिणवरमएण।
झायव्वो णियअप्पा, णाऊण गुरुपसाएण।।६३।।

आहार, आसन और निद्राको जीतकर जिनेंद्र देवके मतानुसार गुरुओंके प्रसादसे निज आत्माको जानना चाहिए और उसीका ध्यान करना चाहिए।।६३।।

अप्पा चरित्तवंतो, दंसणणाणेण संजुदो अप्पा।
सो झायव्वो णिच्चं, णाऊण गुरुपसाएण।।६४।।

आत्मा चारित्रसे सहित है, आत्मा दर्शन और ज्ञानसे युक्त है, इस प्रकार गुरुके प्रसादसे जानकर उसका नित्य ही ध्यान करना चाहिए।।६४।।

दुक्खे णज्जइ अप्पा, अप्पा णाऊण भावणा दुक्खं।
भावियसहावपुरिसो, विसएसु विरुच्चए दुक्खं।।६५।।

प्रथम तो आत्मा दुःखसे जाना जाता है, फिर जानकर उसकी भावना दुःखसे होती है, फिर आत्मस्वभावकी भावना करनेवाला पुरुष दुःखसे विषयोंमें विरक्त होता है।।६५।।

ताम ण णज्जइ अप्पा, विसएसु णरो पवट्टए जाम।
विसए विरत्तचित्तो, जोई जाणेइ अप्पाणं।।६६।।

जब तक मनुष्य विषयोंमें प्रवृत्ति करता है तब तक आत्मा नहीं जाना जाता अर्थात् आत्मज्ञान नहीं होता। विषयोंसे विरक्तचित्त योगी ही आत्माको जानता है।।६६।।

अप्पा णाऊण णरा, केई सब्भावभावपब्भट्ठा।
हिंडंति चाउरंगं, विसएसु विमोहिया मूढा।।६७।।

आत्माको जानकर भी कितने ही लोग सद्भावकी भावनासे -- निजात्मभावनासे भ्रष्ट होकर विषयोंसे मोहित होते हुए चतुर्गतिरूप संसारमें भटकते रहते हैं।।६७।।

जे पुण विसयविरत्ता, अप्पा णाऊण भावणासहिया।
छंडंति चाउरंगं, तवगुणजुत्ता ण संदेहो।।६८।।

और जो विषयोंसे विरक्त होते हुए आत्माको जानकर उसको भावनासे सहित रहते हैं वे तपरूपी गुण अथवा तप और मूलगुणोंसे युक्त होकर चतुरंग -- चतुर्गतिरूप संसारको छोड़ देते हैं इसमें संदेह नहीं है।।६८।।

परमाणुपमाणं वा, परदव्वे रदि हवेदि मोहादो।
सो मूढो अण्णाणी, आदसहावस्स विवरीदो।।६९।।

जिसकी अज्ञानवश परद्रव्यमें परमाणुप्रमाण भी रति है वह मूढ़ है, अज्ञानी है और आत्मस्वभावसे विपरीत है।।६९।।

अप्पा झायंताणं, दंसणसुद्धीण दिढचरित्ताणं।
होदि धुवं णिव्वाणं, विसएसु विरत्तचित्ताणं।।७०।।

जो आत्माका ध्यान करते हैं, जिनके सम्यग्दर्शनकी शुद्धि विद्यमान है, जो दृढ़ चारित्रके धारक हैं तथा जिनका चित्त विषयोंसे विरक्त है ऐसे पुरुषोंको निश्चित ही निर्वाण प्राप्त होता है।।७०।।

जेण रागे परे दव्वे, संसारस्स हि कारणं।
तेणावि जोइणो णिच्च, कुज्जा अप्पे सभावणा।।७१।।

जिस स्त्री आदि पर्यायसे परद्रव्यमें राग होनेपर वह राग संसारका कारण होता है योगी उसी पर्यायसे निरंतर आत्मामें आत्मभावना करता है।।७१।।

भावार्थ -- साधारण मनुष्य स्त्रीको देखकर उसमें राग करता है जिससे उसके संसारकी वृद्धि होती है, परंतु योगी -- ज्ञानी मनुष्य स्त्रीको देखकर विचार करता है कि जिस प्रकार मेरा आत्मा अनंत केवलज्ञानमय है उसी प्रकार इस स्त्रीका आत्मा भी अनंत केवलज्ञानमय है। यह स्त्री और मैं -- दोनोंही केवलज्ञानमय हैं। इस कारण यह स्त्री भी मेरी आत्मा है, मुझसे पृथक् इसमें है ही क्या? जिससे स्नेह करूँ।

(पं. जयचंद्रजीने अपनी वचनिकामें 'जेण रागो परे दव्वे' ऐसा पाठ स्वीकृत कर यह अर्थ प्रकट किया है -- चूँकि परद्रव्यसंबंधी राग संसारका कारण है इसलिए रोगीको निरंतर आत्मामें ही भावना करनी चाहिए। परंतु इस अर्थमें 'तेणावि -- तेनापि' यहाँ तेन शब्दके साथ दिये हुए अपि शब्दकी निरर्थकता सिद्ध होती है।)

णिंदाए य पसंसाए, दुक्खे य सुहएसु च।
सत्तूणं चेव बंधूणं, चारित्तं समभावदो।।७२।।

निंदा और प्रशंसा, दुःख और सुख तथा शत्रु और मित्रमें समभावसे ही चारित्र होता है।।७२।।

यह ध्यानके योग्य समय नहीं है इस मान्यताका निराकरण करते हैं --

चरियावरिया वदसमिदिवज्जिया सुद्धभावपब्भट्ठा।
केई जंपंति णरा, ण हु कालो झाणजोयस्स।।७३।।

जो चारित्रको आवरण करनेवाले चारित्रमोहनीय कर्मसे युक्त हैं, व्रत और समितिसे रहित हैं तथा शुद्ध भावसे च्युत हैं ऐसे कितने ही मनुष्य कहते हैं कि यह ध्यानरूप योगका समय नहीं है अर्थात् इस समय

ध्यान नहीं हो सकता है।।७३।।

सम्मत्तणाणरहिओ, अभव्वजीवो हु मोक्खपरिमुक्को।
संसारसुहे सुरदो, ण हु कालो भणइ झाणस्स।।७४।।

जो सम्यक्त्व तथा सम्यग्ज्ञानसे रहित है, जिसे कभी मोक्ष नहीं होता है तथा जो संसारसंबंधी सुखमें अत्यंत रत है ऐसा अभव्य जीव ही कहता है कि यह ध्यानका काल नहीं है, अर्थात् इस समय ध्यान नहीं हो सकता।।७४।।

पंचसु महव्वदेसु य, पंचसु समिदीसु तीसु गुत्तीसु।
जो मूढो अण्णाणी, ण हु कालो भणइ झाणस्स।।७५।।

जो पाँच महाव्रतों, पाँच समितियों तथा तीन गुप्तियोंके विषयमें मूढ़ है और अज्ञानी है वही कहता है कि यह ज्ञानका काल नहीं है, अर्थात् इस समय ध्यान नहीं हो सकता।।७५।।

भरहे दुःसमकाले, धम्मज्झाणं हवेइ साहुस्स।
तं अप्पसहावठिदे, ण हु मण्णइ सो हु अण्णाणी।।७६।।

भरत क्षेत्रमें दुःषम नामक पंचम कालमें मुनिके धर्म्यध्यान होता है तथा वह धर्म्यध्यान आत्मस्वभावमें स्थित साधुके होता है ऐसा जो नहीं मानता वह अज्ञानी है।।७६।।

अज्ज वि तिरयणसुद्धा, अप्पा झाएवि लहइ इंदत्तं।
लोयंतियदेवत्तं, तत्थ चुआ णिव्वुदिं जंति।।७७।।

आज भी रत्नत्रयसे शुद्धताको प्राप्त हुए मनुष्य आत्माका ध्यान कर इंद्रपद तथा लौकांतिक देवोंके पदको प्राप्त होते हैं और वहाँसे च्युत होकर निर्वाणको प्राप्त होते हैं।।७७।।

जे पावमोहियमई, लिंगं घेत्तूण जिणवरिंदाणं।
पावं कुणंति पावा, ते चत्ता मोक्खमग्गम्मि।।७८।।

जो पापसे मोहितबुद्धि मनुष्य जिनेंद्रदेवका लिंग धारण कर पाप करते हैं वे पापी मोक्षमार्गसे पतित हैं।।७८।।

जे पंचचेलसत्ता, गंथग्गाहीय जायणासीला।
आधाकम्मम्मि रया, ते चत्ता मोक्खमग्गम्मि।।७९।।

जो पाँच[१] प्रकारके वस्त्रोंमें आसक्त हैं, परिग्रहको ग्रहण करनेवाले हैं, याचना करते हैं तथा अधःकर्म -- निंद्य कर्ममें रत हैं वे मुनि मोक्षमार्गसे पतित हैं।।

१. १. अंडज -- कोशा आदि। २. बुंडज -- सूती वस्त्र। ३. वल्कज -- सन तथा जूट आदिसे निर्मित। ४. चर्मज -- चमड़ेसे उत्पन्न और ५. रोमज -- ऊनी वस्त्र। ये पाँच प्रकारके वस्त्र हैं।

णिग्गंथमोहमुक्का, बावीसपरीसहा जियकसाया।
पावारंभविमुक्का, ते गहिया मोक्खमग्गम्मि।।८०।।

जो परिग्रहसे रहित हैं, पुत्र-मित्र आदिके मोहसे मुक्त हैं, बाईस परीषहोंको सहन करनेवाले हैं, कषायोंको जीतनेवाले हैं तथा पाप और आरंभसे दूर हैं वे मोक्षमार्गमें अंगीकृत हैं।।८०।।

उद्धद्धमज्झलोए, केई मज्झं ण अइयमेगागी।
इयभावणाए जोई, पावंति हु सासयं मोक्खं।।८१।।

ऊर्ध्व, मध्य और अधोलोकमें कोई जीव मेरे नहीं हैं, मैं अकेला ही हूँ इस प्रकारकी भावनासे योगी शाश्वत -- अविनाशी सुखको प्राप्त होते हैं।।८१।।

देवगुरूणं भत्ता, णिव्वेयपरंपरा विचिंतंता।
झाणरया सुचरित्ता, ते गहिया मोक्खमग्गम्मि।।८२।।

जो देव और गुरुके भक्त हैं, वैराग्यकी परंपराका विचार करते रहते हैं, ध्यानमें तत्पर रहते हैं तथा शोभन -- निर्दोष आचारका पालन करते हैं वे मोक्षमार्गमें अंगीकृत हैं।।८२।।

णिच्छयणयस्स एवं, अप्पा अप्पम्मि अप्पणे सुरदो।
सो होदि हु सुचरित्तो, जोई सो लहइ णिव्वाणं।।८३।।

निश्चय नयका ऐसा अभिप्राय है कि जो आत्मा आत्माके लिए, आत्मामें तन्मयीभावको प्राप्त है वही सुचारित्र -- उत्तम चारित्र है। इस चारित्रको धारण करनेवाला योगी निर्वाणको प्राप्त होता है।।८३।।

पुरिसायारो अप्पा, जोई वरणाणदंसणसमग्गो।
जो झायदि सो जोई, पावहरो भवदि णिद्दंदो।।८४।।

पुरुषाकार अर्थात् मनुष्यशरीरमें स्थित जो आत्मा योगी बनकर उत्कृष्ट ज्ञान और दर्शनसे पूर्ण होता हुआ आत्माका ध्यान करता है वह पापोंको हरनेवाला तथा निर्द्वंद्व होता है।।८४।।

एवं जिणेहिं कहियं, सवणाणं सावयाण पुण पुणसु।
संसारविणासयरं, सिद्धियरं कारणं परमं।।८५।।

इस प्रकार जिनेंद्र भगवान्के द्वारा बार-बार कहे हुए वचन मुनियों तथा श्रावकोंके संसारको नष्ट करनेवाले तथा सिद्धिको प्राप्त करानेवाले उत्कृष्ट कारणस्वरूप हैं।।८५।।

गहिऊण य सम्मत्तं, सुनिम्मलं सुरगिरीव निक्कंपं।
तं झाणे झाइज्जइ, सावय दुक्खक्खयट्ठाए।।८६।।

हे श्रावक! (हे सम्यग्दृष्टि उपासक अथवा हे मुने!) अत्यंत निर्मल और मेरुपर्वतके समान

निश्चल सम्यग्दर्शनको ग्रहण कर दुःखोंका क्षय करनेके लिए ध्यानमें उसीका ध्यान किया जाता है।।८६।।

सम्मत्तं जो झायदि, सम्माइट्ठी हवेइ सो जीवो।
सम्मत्तपरिणदो उण, खवेइ दुट्ठट्ठकम्माणि।।८७।।

जो जीव सम्यक्त्वका ध्यान करता है वह सम्यग्दृष्टि हो जाता है और सम्यक्त्वरूप परिणत हुआ जीव दुष्ट आठ कर्मोंका क्षय करता है।।८७।।

किं बहुणा भणिएणं, जे सिद्धा णरवरा गए काले।
सिज्झिहहि जे वि भविया, तं जाणह सम्ममाहप्पं।।८८।।

अधिक कहनेसे क्या? अतीत कालमें जितने श्रेष्ठ पुरुष सिद्ध हुए हैं और भविष्यत् कालमें जितने सिद्ध होंगे उस सबको तुम सम्यग्दर्शनका ही माहात्म्य जानो।।८८।।

ते धण्णा सुकयत्था, ते सूरा ते वि पंडिया मणुया।
सम्मत्तं सिद्धियरं, सिवणे वि य मइलियं जेहिं।।८९।।

वे ही मनुष्य धन्य हैं, वे ही कृतकृत्य हैं, वे ही शूरवीर हैं और वे ही पंडित हैं जिन्होंने सिद्धिको प्राप्त करानेवाले सम्यक्त्वको स्वप्नमें भी मलिन नहीं किया।।८९।।

हिंसारहिए धम्मे, अट्ठारहदोसवज्जिए देवे।
णिग्गंथे पावयणे, सद्दहणं होइ सम्मत्तं।।९०।।

हिंसारहित धर्म, अठारह दोषरहित देव, निर्ग्रंथ गुरु और अर्हत्प्रवचन -- समीचीन शास्त्रमें जो श्रद्धा है वह सम्यग्दर्शन है।।९०।।

जहजायरूवरूवं, सुसंजयं सव्वसंगपरिचत्तं।
लिंगं ण परोवेक्खं, जो मण्णइ तस्स सम्मत्तं।।९१।।

दिगंबर मुनिका लिंग (वेष) यथाजात -- तत्काल उत्पन्न हुए बालकके समान होता है, उत्तम संयमसे सहित होता है, सब परिग्रहसे रहित होता है और परकी अपेक्षासे रहित होता है, ऐसा जो मानता है उसके सम्यक्त्व होता है।।९१।।

कुच्छियदेवं धम्मं, कुच्छियलिंगं च वंदए जो दु।
लज्जाभयगारवदो, मिच्छादिट्ठी हवे सो हु।।९२।।

जो लज्जा, भय, गारवसे कुत्सित देव, कुत्सित धर्म और कुत्सित लिंगकी वंदना करता है वह मिथ्यादृष्टि होता है।।९२।।

सपरावेक्खं लिंगं, राई देवं असंजयं वंदे।
माणइ मिच्छादिट्ठी, ण हु मण्णइ सुद्धसम्मत्तो।।९३।।

परकी अपेक्षासे सहित लिंगको तथा रागी और असंयत देवको वंदना करता हूँ ऐसा मिथ्यादृष्टि मानता है, शुद्ध सम्यग्दृष्टि जीव नहीं।।९३।।

सम्माइट्ठी सावय, धम्मं जिणदेवदेसियं कुणदि।
विवरीयं कुव्वंतो, मिच्छादिट्ठी मुणेयव्वो।।९४।।

सम्यग्दृष्टि श्रावक अथवा मुनि जिनदेवके द्वारा उपदेशित धर्मको करता है। जो विपरीत धर्मको करता है उसे मिथ्यादृष्टि जानना चाहिए।।९४।।

मिच्छादिट्ठी जो सो, संसारे संसरेइ सुहरहिओ।
जम्मजरमरणपउरे, दुक्खसहस्साउले जीवो।।९५।।

जो मिथ्यादृष्टि जीव है वह जन्म जरा और मरणसे युक्त तथा हजारों दुःखोंसे परिपूर्ण संसारमें दुःखी होता हुआ भ्रमण करता है।।९५।।

सम्मगुण मिच्छदोसो, मणेण परिभाविऊण तं कुणसु।
जं ते मणस्स रुच्चइ, किं बहुणा पलविएणं तु।।९६।।

सम्यक्त्व गुण है और मिथ्यात्व दोष है ऐसा मनसे विचार करके तेरे मनके लिए जो रुचे वह कर, अधिक कहनेसे क्या लाभ है?।।९६।।

बाहिरसंगविमुक्को, ण वि मुक्को मिच्छभाव णिग्गंथो।
किं तस्स ठाणमउणं, ण वि जाणदि अप्पसमभावं।।९७।।

जो साधु बाह्य परिग्रहसे तो छूट गया है परंतु मिथ्यात्वभावसे नहीं छूटा है उसका कायोत्सर्गके लिए खड़ा होना अथवा मौनसे रहना क्या है? अर्थात् कुछ भी नहीं है, क्योंकि वह आत्माके समभावको तो जानता ही नहीं है।।९७।।

मूलगुणं छित्तूण य, बाहिरकम्मं करेइ जो साहू।
सो ण लहइ सिद्धिसुहं, जिणलिंगविराधगो णिच्चं।।९८।।

जो साधु मूलगुणोंको छेद कर बाह्य कर्म करता है वह सिद्धिके सुखको नहीं पाता। वह तो निरंतर जिनलिंगकी विराधना करनेवाला माना गया है।।९८।।

किं काहिदि बहिकम्मं, किं काहिदि बहुविहं च खवणं च।
किं काहिदि आदावं, आदसहावस्स विवरीदो।।९९।।

जो साधु आत्मस्वभावसे विपरीत है, मात्र बाह्य कर्म उसका क्या कर देगा? और आतापनयोग क्या कर देगा? अर्थात् कुछ नहीं।।९९।।

जदि पढदि बहुसुदाणि य, जदि काहिदि बहुविहे य चारित्ते।
तं बालसुदं चरणं, हवेइ अप्पस्स विवरीदं।।१००।।

यदि ऐसा मुनि अनेक शास्त्रोंको पढ़ता है तथा नाना प्रकारके चारित्रोंका पालन करता है तो उसकी वह सब प्रवृत्ति आत्मस्वरूपसे विपरीत होनेके कारण बालश्रुत और बाल चारित्र कहलाती है।।१००।।

वेरग्गपरो साहू, परदव्वपरम्मुहो य सो होदि।
संसारसुहविरत्तो, सगसुद्धसुहेसु अणुरत्तो।।१०१।।

जो साधु वैराग्यमें तत्पर होता है वह परद्रव्यसे पराङ्मुख रहता है, इसी प्रकार जो साधु संसारसुखसे विरक्त रहता है वह स्वकीय शुद्ध सुखमें अनुरक्त होता है।।१०१।।

गुणगणविहूसियंगो, हेयोपादेयणिच्छिदो साहू।
झाणज्झयणे सुरदो, सो पावइ उत्तमं ठाणं।।१०२।।

गुणोंके समूहसे जिसका शरीर शोभित है, जो हेय और उपादेय पदार्थोंका निश्चय कर चुका है तथा ध्यान और अध्ययनमें जो अच्छी तरह लीन रहता है वही साधु उत्तम स्थानको प्राप्त होता है।।१०१।।

णविएहिं जं णविज्जइ, झाइज्जइ झाइएहि अणवरयं।
थुव्वंतेहि थुणिज्जइ, देहत्थं किं पि तं मुणह।।१०३।।

दूसरोंके द्वारा नमस्कृत इंद्रादि देव जिसे नमस्कार करते हैं, दूसरोंके द्वारा ध्यान किये गये तीर्थंकर देव जिसका निरंतर ध्यान करते हैं और दूसरोंके द्वारा स्तूयमान -- स्तुत किये गये तीर्थंकर भी जिसकी स्तुति करते हैं, शरीरके मध्यमें स्थित उस अनिर्वचनीय आत्मतत्त्वको तुम जानो।।१०३।।

अरुहा सिद्धायरिया, उज्झाया साहु परमेट्ठी।
ते वि हु चिट्ठहि आदे, तम्हा आदा हु मे सरणं।।१०४।।

अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पाँच परमेष्ठी हैं। ये पाँचों परमेष्ठी भी जिस कारण आत्मामें स्थित हैं उस कारण आत्मा ही मेरे लिए शरण हो।।१०४।।

सम्मत्तं सण्णाणं, सच्चारित्तं हि सत्तवं चेव।
चउरो चिट्ठहि आदे, तम्हा आदा हु मे सरणं।।१०५।।

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक्तप ये चारों आत्मामें स्थित हैं, इसलिए आत्मा ही मेरे लिए शरण है।।१०५।।

एवं जिणपण्णत्तं, मोक्खस्स य पाहुडं सुभत्तीए।
जो पढइ सुणइ भावइ, सो पावइ सासयं सोक्खं।।१०६।।

इस प्रकार जिनेंद्र भगवान्‌के द्वारा प्रणीत इस मोक्षप्राभृतको जो उत्तम भक्तिसे पढ़ता है, सुनता है और इसकी भावना करता है वह शाश्वत सुख -- अविनाशी मोक्षसुखको प्राप्त होता है।।१०६।।

इस प्रकार कुंदकुंदाचार्य विरचित मोक्षप्राभृत समाप्त हुआ।

*

लिंगप्राभृतम्

काऊण णमोकारं, अरहंताणं तहेव सिद्धाणं
वोच्छामि समणलिंगं, पाहुडसत्थं समासेण।।१।।

मैं अरहंतों तथा सिद्धोंको नमस्कार कर संक्षेपसे मुनिलिंगका वर्णन करनेवाले प्राभृत शास्त्रको कहूँगा।।१।।

धम्मेण होइ लिंगं, ण लिंगमत्तेण धम्मसंपत्ती।
जाणेहि भावधम्मं, किं ते लिंगेण कायव्वो।।२।।

धर्मसे लिंग होता है, लिंगमात्र धारण करनेसे धर्मकी प्राप्ति नहीं होती। इसलिए भावको धर्म जानो, भावरहित लिंगसे तुझे क्या कार्य है?

भावार्थ -- लिंग अर्थात् शरीरका वेष धर्मसे होता है। जिसने भावके बिना मात्र शरीरका वेष धारण किया है उसके धर्मकी प्राप्ति नहीं होती, इसलिए भाव ही धर्म है। भावके बिना मात्र वेष कार्यकारी नहीं है।।२।।

जो पावमोहिदमदी, लिंगं घेत्तूण जिणवरिंदाणं।
उवहसइ लिंगि भावं, लिंगं णासेदि लिंगीणं।।३।।

जिसकी बुद्धि पापसे मोहित हो रही है ऐसा जो पुरुष जिनेंद्रदेवके लिंगको -- नग्न दिगंबर वेषको ग्रहण कर लिंगीके यथार्थ भावकी हँसी करता है वह सच्चे वेषधारियोंके वेषको नष्ट करता है अर्थात् लजाता है।।३।।

णच्चदि गायदि तावं, वायं वाएदि लिंगरूवेण।
सो पावमोहिदमदी, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।।४।।

जो मुणी लिंग धारण कर नाचता है, गाता है अथवा बाजा बजाता है वह पापसे मोहितबुद्धि पशु है,

मुनि नहीं।।४।।

सम्मूहदि रक्खेदि य, अट्टं झाएदि बहुपयत्तेण।
सो पावमोहिदमदी, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।।५।।

जो बहुत प्रकारके प्रयत्नोंसे परिग्रहको इकट्ठा करता है, उसकी रक्षा करता है तथा आर्तध्यान करता है वह पापसे मोहितबुद्धि पशु है, मुनि नहीं।।५।।

कलहं वादं जूवा, णिच्चं बहुमाणगव्विओ लिंगी।
वच्चदि णरयं पावो, करमाणो लिंगिरूवेण।।६।।

जो पुरुष मुनिलिंगका धारक होकर भी निरंतर अत्यधिक गर्वसे युक्त होता हुआ कलह करता है, वादविवाद करता है अथवा जुवा खेलता है वह चूँकि मुनिलिंगसे ऐसे कुकृत्य करता है अतः पापी है और नरक जाता है।।६।।

पावोपहदिभावो, सेवदि य अबंभु लिंगिरूवेण।
सो पावमोहिदमदी, हिंडदि संसारकांतारे।।७।।

पापसे जिसका यथार्थभाव नष्ट हो गया है ऐसा जो साधु मुनिलिंग धारण कर अब्रह्मका सेवन करता है वह पापसे मोहितबुद्धि होता हुआ संसाररूपी अटवीमें भ्रमण करता रहता है।।७।।

दंसणणाणचरित्ते, उवहाणे जइ ण लिंगरूवेण।
अट्टं झायदि झाणं, अणंतसंसारिओ होदी।।८।।

जो मुनिलिंग धारण कर सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको उपधान अर्थात् आश्रय नहीं बनाता है तथा आर्तध्यान करता है वह अनंतसंसारी होता है।।८।।

जो जोडदि विव्वाहं, किसिकम्मवणिज्जजीवघादं च।
वच्चदि णरयं पावो, करमाणो लिंगिरूवेण।।९।।

जो मुनिका लिंग रखकर भी दूसरोंके विवाहसंबंध जोड़ता है तथा खेती और व्यापारके द्वारा जीवोंका घात करता है वह चूँकि मुनिलिंगके द्वारा इस कुकृत्यको करता है अतः पापी है और नरक जाता है।।९।।

चोराण मिच्छवाण य, जुद्ध विवादं च तिव्वकम्मेहिं।
जंतेण दिव्वमाणो, गच्छदि लिंगी णरयवासं।।१०।।

जो लिंगी चोरों तथा झूठ बोलनेवालोंके युद्ध और विवादको कराता है तथा तीव्रकर्म -- खरकर्म अर्थात् हिंसावाले कार्योंसे यंत्र अर्थात् चौपड़ आदिसे क्रीड़ा करता है वह नरकवासको प्राप्त होता है।।१०।।

दंसणणाणचरित्ते, तवसंजमणियमणिच्चकम्मम्मि।
पीडयदि वट्टमाणो, पावदि लिंगी णरयवासं।।११।।

जो मुनिवेषी दर्शन, ज्ञान, चारित्र तप तथा तप संयम नियम और नित्य कार्योंमें प्रवृत्त होता हुआ दूसरे जीवोंको पीड़ा पहुँचाता है वह नरकवासको प्राप्त होता है।।११।।

कंदप्पाइय वट्टइ, करमाणो भोयणेसु रसगिद्धिं।
माई लिंगविवाई, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।।१२।।

जो पुरुष मुनिवेषी होकर भी कांदर्पी आदि कुत्सित भावनाओंको करता है तथा भोजनमें रससंबंधी लोलुपताको धारण करता है वह मायाचारी मुनिलिंगको नष्ट करनेवाला पशु है, मुनि नहीं।।१२।।

धावदि पिंडणिमित्तं, कलहं काऊण भुंजदे पिंडं।
अवरुपरूई संतो, जिणमग्गि ण होइ सो समणो।।१३।।

जो आहारके निमित्त दौड़ता है, कलह कर भोजनको ग्रहण करता है और उसके निमित्त दूसरेसे ईर्ष्या करता है वह जिनमार्गी श्रमण नहीं है।।१३।।

भावार्थ -- इस कालमें कितने ही लोग जिनलिंगमें भ्रष्ट होकर अर्धपालक हुए फिर उनमें श्वेतांबरादिक हुए। उन्होंने शिथिलाचारका पोषण कर लिंगकी प्रवृत्ति विकृत कर दी। उन्हींका यहाँ निषेध समझना चाहिए। उनमें अब भी कोई ऐसे साधु हैं जो आहारके निमित्त शीघ्र दौड़ते हैं -- ईर्यासमितिको भूल जाते हैं और गृहस्थके घरसे लाकर दो-चार संमिलित बैठकर खाते हैं और बँटवारामें सरस-नीरस आनेपर परस्पर कलह करते हैं तथा इस निमित्तको लेकर दूसरोंसे ईर्ष्या भी करते हैं। सो ऐसे साधु जिनमार्गी नहीं हैं।।१३।।

गिण्हदि अदत्तदाणं, परणिंदा वि य परोक्खदूसेहिं।
जिणलिंगं धारंतो, चोरेण व होइ सो समणो।।१४।।

जो मनुष्य जिनलिंगको धारण करता हुआ भी बिना दी हुई वस्तुको ग्रहण करता है तथा परोक्षमें दूषण लगा-लगाकर दूसरेकी निंदा करता है वह चोरके समान है, साधु नहीं है।।१४।।

उप्पडदि पडदि धावदि, पुढवीओ खणदि लिंगरूवेण।
इरियावह धावंतो, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।।१५।।

जो मुनिलिंग धारण कर चलते समय कभी उछलता है, कभी दौड़ता है और कभी पृथिवीको खोदता है वह पशु है, मुनि नहीं।।१५।।

बंधे णिरओ संतो, सस्सं खंडेदि तह य वसुहं पि।
छिंददि तरुगण बहुसो, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।। १६।।

जो किसीके बंधमें लीन होकर अर्थात् उसका आज्ञाकारी बनकर धान कूटता है, पृथिवी खोदता है और वृक्षोंके समूहको छेदता है वह पशु है, मुनि नहीं।।

भावार्थ -- यह कथन साधुओंकी अपेक्षा है। जो साधु वनमें रहकर स्वयं धान तोड़ते हैं, उसे कूटते हैं, अपने आश्रममें वृक्ष लगाने आदिके उद्देश्यसे पृथिवी खोदते हैं तथा वृक्ष लता आदिको छेदते हैं वे पशुके तुल्य हैं, उन्हें हिंसा पापकी चिंता नहीं, ऐसा मनुष्य साधु नहीं कहला सकता।।१६।।

रागो (रागं) करेदि णिच्चं, महिलावग्गं परं च दूसेदि।
दंसणणाणविहीणो, तिरिक्खजोणी ण सो समणो।। १७।।

जो स्त्रियोंके समूहके प्रति निरंतर राग करता है, दूसरे निर्दोष प्राणियोंको दोष लगाता है तथा स्वयं दर्शन-ज्ञानसे रहित है वह पशु है, साधु नहीं।।१७।।

पव्वज्जहीणगहिणं, णेहं सीसम्मि वट्टदे बहुसो।
आयारविणयहीणो, तिरिक्खजोणी ण सो सवणो।।१८।।

जो दीक्षासे रहित गृहस्थ शिष्यपर अधिक स्नेह रखता है तथा आचार और विनयसे रहित है वह तिर्यंच है, साधु नहीं।।१८।।

भावार्थ -- कोई-कोई साधु अपने गृहस्थ शिष्यपर अधिक स्नेह रखते हैं, अपने पदका ध्यान न कर उसके घर जाते हैं, सुख-दुःखमें आत्मीयता दिखाते हैं तथा स्वयं मुनिके योग्य आचार तथा पूज्य पुरुषोंकी विनयसे रहित होते हैं। आचार्य कहते हैं कि वे मुनि नहीं है, किंतु पशु हैं।।१८।।

एवं सहिओ मुणिवर, संजदमज्झम्मि वट्टदे णिच्चं।
बहुलं पि जाणमाणो, भावविणट्ठो ण सो सवणो।।

हे मुनिवर! ऐसी खोटी प्रवृत्तियोंसे सहित मुनि यद्यपि संयमी जनोंके बीचमें रहता है और बहुत ज्ञानवान् भी है तो भी वह भावसे विनष्ट है अर्थात् भावलिंगसे रहित है -- यथार्थ मुनि नहीं है।।१९।।

दंसणणाणचरित्ते, महिलावग्गम्मि देदि वोपट्ठो।
पासत्थ वि हु णियट्ठो, भावविणट्ठो ण सो समणो।।२०।।

जो स्त्रियोंमें विश्वास उपजाकर उन्हे दर्शन ज्ञान और चारित्र देता है वह पार्श्वस्थ मुनिसे भी निकृष्ट है तथा भावलिंगसे शून्य है, वह परमार्थ मुनि नहीं है।

भावार्थ -- जो मुनि अपने पद का ध्यान न कर स्त्रियोंसे संपर्क बढ़ाता है, उन्हें पासमें बैठाकर पढ़ाता है तथा दर्शन चारित्र आदिका उपदेश देता है वह पार्श्वस्थ नामक भ्रष्ट मुनिसे भी अधिक निकृष्ट है। जब मुनि एकांतमें आर्यिकाओंसे भी बात नहीं करते। सात हाथ की दूरीपर दो या दोसे अधिक संख्यामें बैठी हुई आर्यिकाओंसे ही धर्मचर्चा करते हैं, उनके प्रश्नोंका समाधान करते हैं, तब गृहस्थस्त्रियोंको एकदम

पासमें बैठाकर उनसे संपर्क बढ़ाना मुनिपदके अनुकूल नहीं है। ऐसा मुनि भावलिंगसे शून्य है अर्थात् द्रव्यलिंगी है, परमार्थमुनि नहीं है।।२०।।

पुंश्चलिघरि जसु भुंजइ, णिच्चं संथुणदि पोसए पिंडं।
पावदि बालसहावं, भावविणट्ठो ण सो सवणो।।२१।।

जो साधु व्यभिचारिणी स्त्रीके घर आहार लेता है, निरंतर उसकी स्तुति करता है तथा पिंडको पालता है अर्थात् उसकी स्तुति कर निरंतर आहार प्राप्त करता है वह बालस्वभावको प्राप्त होता है तथा भावसे विनष्ट है, वह मुनि नहीं है।।२१।।

इय लिंगपाहुडमिणं, सव्वं बुद्धेहि देसियं धम्मं।
पालेहि कट्ठसहियं, सो गाहदि उत्तमं ठाणं।।२२।।

इस प्रकार यह लिंगप्राभृत नामका समस्त शास्त्र ज्ञानी गणधरादिके द्वारा उपदिष्ट है। इसे जानकर जो कष्टसहित धर्मका पालन करता है अर्थात् कष्ट भोगकर भी धर्मकी रक्षा करता है वह उत्तम स्थानको प्राप्त होता है।।२२।।

इस प्रकार कुंदकुंदाचार्य विरचित लिंगप्राभृत समाप्त हुआ।

*

शीलप्राभृतम्

वीरं विसालणयणं, रत्तुप्पलकोमलस्समप्पायं।
तिविहेण पणमिऊणं, सीलगुणाणं णिसामेह।।१।।

(बाह्यमें) जिनके विशाल नेत्र हैं तथा जिनके पाँव लाल कमलके समान कोमल हैं (अंतरंग पक्षमें) जो केवलज्ञानरूपी विशाल नेत्रोंके धारक हैं तथा जिनका कोमल एवं राग द्वेषसे रहित वाणीका समूह रागको दूर करनेवाला है उन महावीर भगवान्को मन वचन कायसे प्रणाम कर शीलके गुणोंको अथवा शील और गुणोंका कथन करता हूँ।।१।।

सीलस्स य णाणस्स य, णत्थि विरोहो बुधेहि णिद्दिट्ठो।
णवरि य सीलेण विणा, विसया णाणं विणासंति।।२।।

विद्वानोंने शीलका और ज्ञानका विरोध नहीं कहा है, किंतु यह कहा है कि शीलके विना विषय ज्ञानको नष्ट कर देते हैं।।

भावार्थ -- शील और ज्ञानका विरोध नहीं है, किंतु सहभाव है। जहाँ शील होता है वहाँ ज्ञान अवश्य होता है और शील न हो तो पचेंद्रियोंके विषय ज्ञानको नष्ट कर देते हैं।।२।।

दुक्खेणज्जहि णाणं, णाणं णाऊण भावणा दुक्खं।
भावियमई व जीवो, विसएसु विरज्जए दुक्खं।।३।।

प्रथम तो ज्ञान ही दुःख से जाना जाता है, फिर यदि कोई ज्ञानको जानता भी है तो उसकी भावना दुःखसे होती है, फिर कोई जीव उसकी भावना भी करता है तो विषयोंमें विरक्त दुःखसे होता है।।३।।

ताव ण जाणदि णाणं, विसयबलो जाव वट्टए जीवो।
विसए विरत्तमेत्तो, ण खवेइ पुराइयं कम्मं।।४।।

जबतक जीव विषयोंके वशीभूत रहता है तबतक ज्ञानको नहीं जानता और ज्ञानके बिना मात्र विषयोंसे विरक्त हुआ जीव पुराने बँधे हुए कर्मोंका क्षय नहीं करता।।४।।

णाणं चरित्तहीणं, लिगग्गहणं च दंसणविहूणं।
संजमहीणो य तवो, जइ चरइ णिरत्थयं सव्वं।।५।।

यदि कोई साधु चारित्ररहित ज्ञानका, सम्यग्दर्शनरहित लिंगका और संयमरहित तपका आचरण करता है तो उसका यह सब आचरण निरर्थक है।

भावार्थ -- हेय और उपादेयका ज्ञान तो हुआ परंतु तदनुरूप चारित्र न हुआ तो वह ज्ञान किस कामका? मुनिलिंग तो धारण किया, परंतु सम्यग्दर्शन न हुआ तो वह मुनिलिंग किस कामका? इसी तरह तप भी किया परंतु जीवरक्षा अथवा इंद्रियवशीकरणरूप संयम नहीं हुआ तो वह तप किस कामका? इस सबका उद्देश्य कर्मक्षय करके मोक्ष प्राप्त करना है परंतु उसकी सिद्धि न होनेसे सबका निरर्थकपना दिखाया है।।५।।

णाणं चरित्तसुद्धं, लिंगग्गहणं च दंसणविसुद्धं।
संजमसहिदो य तवो, थोवो वि महाफलो होइ।।६।।

चारित्रसे शुद्ध ज्ञान, दर्शनसे शुद्ध लिंगधारण और संयमसे सहित तप थोड़ा भी हो तो भी वह महाफलसे युक्त होता है।।६।।

णाणं णाऊण णरा, केई विसयाइभावसंसत्ता।
हिंडंति चादुरगदिं, विसएसु विमोहिया मूढा।।७।।

जो कोई मनुष्य ज्ञानको जानकर भी विषयादिक भावमें आसक्त रहते हैं वे विषयोंमें मोहित रहनेवाले मूर्ख प्राणी चतुर्गतिरूप संसारमें भ्रमण करते रहते हैं।।७।।

जे पुण विसयविरत्ता, णाणं णाऊण भावणासहिदा ।
छिंदंति चादुरगदिं, तवगुणजुत्ता ण संदेहो।।८।।

किंतु जो ज्ञानको जानकर उसकी भावना करते हैं अर्थात् पदार्थके स्वरूपको जानकर उसका चिंतन करते हैं और विषयोंसे विरक्त होते हुए तपश्चरण तथा मूलगुण और उत्तरगुणोंसे युक्त होते हैं वे चतुर्गतिरूप संसारको छेदते हैं -- नष्ट करते हैं इसमें संदेह नहीं है।।८।।

जह कंचणं विसुद्धं, धम्मइयं खंडियलवणलेवेण।
तह जीवो वि विसुद्धं, णाण विसलिलेण विमलेण।।९।।

जिस प्रकार सुहागा और नमकके लेपसे युक्त कर फूँका हुआ सुवर्ण विशुद्ध हो जाता है उसी प्रकार ज्ञानरूपी निर्मल जलसे यह जीव भी विशुद्ध हो जाता है।।९।।

णाणस्स णत्थि दोसो, कापुरिसाणो वि मंदबुद्धीणो।
जे णाणगव्विदा होऊणं विसएसु रज्जंते।।१०।।

जो पुरुष ज्ञानके गर्वसे युक्त हो विषयोंमें राग करते हैं वह उनके ज्ञानका अपराध नहीं है, किंतु मंदबुद्धिसे युक्त उन कापुरुषोंका ही अपराध है।।१०।।

णाणेण दंसणेण य, तवेण चरिएण सम्मसहिएण।
होहदि परिणिव्वाणं, जीवाणं चरितसुद्धाणं।।११।।

निर्दोष चारित्र पालन करनेवाले जीवोंको सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक् तप और सम्यक्चारित्रसे निर्वाण प्राप्त होता है।।

भावार्थ -- जैनागममें सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन, सम्यक्तप और सम्यक्चारित्र इन चार आराधनाओंसे मोक्षप्राप्ति होती है ऐसा कहा गया है, परंतु ये चारों आराधनाएँ उन्हीं जीवोंके मोक्षका कारण होती हैं जो चारित्रसे शुद्ध होते हैं अर्थात् प्रमाद छोड़कर निर्दोष चारित्रका पालन करते हैं।।११।।

सीलं रक्खंताणं, दंसणसुद्धाण दिढचरित्ताणं।
अत्थि धुवं णिव्वाणं, विसएसु विरत्तचित्ताणं।।१२।।

जो शीलकी रक्षा करते हैं, जो शुद्ध दर्शन -- निर्दोष सम्यक्त्वसे सहित हैं, जिनका चारित्र दृढ़ है और जो विषयोंसे विरक्तचित्त रहते हैं उन्हें निश्चित ही निर्वाणकी प्राप्ति होती है।।१२।।

विसएसु मोहिदाणं, कहियं मग्गं पि इट्ठदरिसीणं।
उम्मग्गं दरिसीणं, णाणं पि णिरत्थयं तेसिं।।१३।।

जो मनुष्य इष्ट -- लक्ष्यको देख रहे हैं वे वर्तमानमें भले ही विषयोंमें मोहित हों, तो भी उन्हें मार्ग

प्राप्त हो गया है ऐसा कहा गया है, परंतु जो उन्मार्गको देख रहे हैं अर्थात् लक्ष्यसे भ्रष्ट हैं उनका ज्ञान भी निरर्थक है।

भावार्थ -- एक मनुष्य दर्शन मोहनीयका अभाव होनेसे श्रद्धा गुणके प्रकट हो जानेपर लक्ष्य -- प्राप्तव्य मार्गको देख रहा है, परंतु चारित्र मोहका तीव्र उदय होनेसे उस मार्गपर चलनेके लिए असमर्थ है तो भी कहा जाता है कि उसे मार्ग मिल गया, परंतु दूसरा मनुष्य अनेक शास्त्रोंका ज्ञाता होनेपर भी मिथ्यात्वके उदयके कारण गंतव्य मार्गको न देख उन्मार्गको ही देख रहा है तो ऐसे मनुष्यका वह भारी ज्ञान भी निरर्थक होता है।।१३।।

कुमयकुसुदपसंसा, जाणंता बहुविहाइं सत्थाणि।
सीलवदणाणरहिदा, ण हु ते आराधया होंति।।१४।।

जो नाना प्रकारके शास्त्रोंको जानते हुए मिथ्यामत और मिथ्या श्रुतकी प्रशंसा करते हैं तथा शील, व्रत और ज्ञानसे रहित हैं वे स्पष्ट ही आराधक नहीं हैं।।१४।।

रूवसिरिगव्विदाणं, जुव्वणलावण्णकंतिकलिदाणं।
सीलगुणवज्जिदाणं, णिरत्थयं माणुसं जम्मं।।१५।।

जो मनुष्य सौंदर्यरूपी लक्ष्मीसे गर्वीले तथा यौवन, लावण्य और कांतिसे युक्त हैं, किंतु शीलगुणसे रहित हैं उनका मनुष्य जन्म निरर्थक है।।१५।।

वायरणछंदवइसेसियववहारणायसत्थेसु।
वेदेऊण सुदेसु य, तेसु सुयं उत्तमं सीलं।।१६।।

कितने ही लोग व्याकरण, छंद, वैशेषिक, व्यवहार -- गणित तथा न्यायशास्त्रोंको जानकर श्रुतके धारी बन जाते हैं परंतु उनका श्रुत तभी श्रुत है जब उनमें उत्तम शील भी हो।।१६।।

सीलगुणमंडिदाणं, देवा भवियाण वल्लहा होंति।
सुदपारयपउरा णं, दुस्सीला अप्पिला लोए।।१७।।

जो भव्य पुरुष शीलगुणसे सुशोभित हैं उनके देव भी प्रिय होते हैं अर्थात् देव भी उनका आदर करते हैं और जो शीलगुणसे रहित हैं वे श्रुतके पारगामी होकर भी तुच्छ -- अनादरणीय बने रहते हैं।।१७।।

भावार्थ -- शीलवान जीवोंकी पूजा प्रभावना मनुष्य तो करते ही हैं, परंतु देव भी करते देखे जाते हैं। परंतु दुःशील अर्थात् खोटे शीलसे युक्त मनुष्योंको अनेक शास्त्रोंके ज्ञाता होनेपर भी कोई पूछता नहीं है, वे सदा तुच्छ बने रहते हैं। यहाँ 'अल्प'का अर्थ संख्यासे अल्प नहीं किंतु तुच्छ अर्थ है। संख्याकी अपेक्षा तो दुःशील मनुष्य ही अधिक हैं, शीलवान नहीं।

सव्वे वि य परिहीणा, रूवविरूवा वि वदिदसुवया वि।
सीलं सेसु सुसीलं, सुजीविदं माणुसं तेसिं।।१८।।

जो सभीमें हीन हैं अर्थात् हीन जातिके हैं, रूपसे विरूप हैं अर्थात् कुरूप हैं और जिनकी अवस्था बीत गयी है अर्थात् वृद्धावस्थासे युक्त हैं -- इन सबके होनेपर भी जिनके सुशील है अर्थात् जो उत्तम शीलके धारक हैं उनका मनुष्यपना सुजीवित है -- उनका मनुष्यभव उत्तम है।।

भावार्थ -- जाति, रूप तथा अवस्थाकी न्यूनता होनेपर भी उत्तम शील मनुष्यके जीवनको सफल बना देता है। इसलिए सुशील प्राप्त करना चाहिए।।१८।।

जीवदया दम सच्चं, अचोरियं बंभचेरसंतोसे।
सम्मद्दंसणणाणं, तओ य सीलस्स परिवारो।।१९।।

जीवदया, इंद्रियदमन, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, संतोष, सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्तप ये सब शीलके परिवार हैं।।१९।।

सीलं तवो विसुद्धं, दंसणसुद्धी य णाणसुद्धी य।
सीलं विसयाण अरी, सीलं मोक्खस्स सोपाणं।।२०।।

शील विशुद्ध तप है, शील दर्शनकी शुद्धि है, शील ही ज्ञानकी शुद्धि है, शील विषयोंका शत्रु है और शील मोक्षकी सीढ़ी है।।२०।।

जह विशुद्ध लुद्धविसदो, तह थावरजंगमाण घोराणं।
सव्वेसिं पि विणासदि, विसयविसं दारुणं होई।।२१।।

जिस प्रकार विषय, लोभी मनुष्यको विष देनेवाले हैं -- नष्ट करनेवाले हैं उसी प्रकार भयंकर स्थावर तथा जंगम -- त्रस जीवोंका विष भी सबको नष्ट करता है, परंतु विषयरूपी विष अत्यंत दारुण होता है।

भावार्थ -- जिस प्रकार हाथी, मीन, भ्रमर, पतंग तथा हरिण आदिके विषय उन्हें विषकी भाँति नष्ट कर देते हैं उसी प्रकार स्थावरके विष मोहरा, सोमल आदि और जंगम अर्थात् साँप, बिच्छू आदि भयंकर जीवोंके विष विष सभीको नष्ट करते हैं। इस प्रकार जीवोंको नष्ट करनेकी अपेक्षा विषय और विषमें समानता है, परंतु विचार करनेपर विषयरूपी विष अत्यंत दारुण होता है। क्योंकि विषसे तो जीवका एक भव ही नष्ट होता है और विषयसे अनेक भव नष्ट होते हैं।।२१।।

बार एकम्मि य जम्मे, मरिज्ज विसवेयणाहदो जीवो।
विसयविसपरिहया णं, भमंति संसारकांतारे।।२२।।

विषकी वेदनासे पीड़ित हुआ जीव एक जन्ममें एक ही बार मरणको प्राप्त होता है परंतु विषयरूपी

विषसे पीड़ित हुए जीव संसाररूपी अटवीमें निश्चयसे भ्रमण करते रहते हैं।।२२।।

णरएसु वेयणाओ, तिरिक्खए माणुएसु दुक्खाइं।
देवेसु वि दोहग्गं, लहंति विसयासता जीवा।।२३।।

विषयासक्त जीव नरकोंमें वेदनाओंको, तिर्यंच और मनुष्योंमें दुःखोंको तथा देवोंमें दौर्भाग्यको प्राप्त होते हैं।।२३।।

तुसधम्मंतबलेण य, जह दव्वं ण हि णराण गच्छेदि।
तवसीलमंत कुसली, खवंति विसयं विसं व खलं।।२४।।

जिस प्रकार तुषोंके उड़ा देनेसे मनुष्योंका कोई सारभूत द्रव्य नष्ट नहीं होता उसी प्रकार तप और शीलसे युक्त कुशल पुरुष विषयरूपी विषको खलके समान दूर छोड़ देते हैं।

भावार्थ -- तुषको उड़ा देनेवाला सूपा आदि तुषध्मत् कहलाता है, उसके बलसे मनुष्य सारभूत द्रव्यको बचाकर तुषको उड़ा देता है -- फेंक देता है उसी प्रकार तप और उत्तम शीलके धारक पुरुष ज्ञानोपयोगके द्वारा विषयभूत पदार्थोंके सारको ग्रहण कर विषयोंको खलके समान दूर छोड़ देते हैं। तप और शीलसे सहित ज्ञानी जीव इंद्रियोंके विषयको खलको समान समझते हैं। जिस प्रकार इक्षुका रस ग्रहण कर लेनेपर छिलका फेंक दिये जाते हैं उसी प्रकार विषयोंका सार जानना था सो ज्ञानी जीव इस सारको ग्रहण कर छिलकेके समान विषयोंका त्याग कर देता है। ज्ञानी मनुष्य विषयोंको ज्ञेयमात्र जान उन्हें जानता तो है परंतु उनमें आसक्त नहीं होता।

अथवा एक भाव यह भी प्रकट होता है कि कुशल मनुष्य विषयको दुष्ट विषयके समान छोड़ देते हैं।।२४।।

वट्टेसु य खंडेसु य, भद्देसु य विसालेसु अंगेसु।
अंगेसु य पप्पेसु य, सव्वेसु य उत्तमं सीलं।।२५।।

इस मनुष्यके शरीरमें कोई एक अंग वृत्त अर्थात् गोल है, कोई खंड अर्थात् अर्धगोलाकार है, कोई भद्र अर्थात् सरल है और कोई विशाल अर्थात् चौड़ा है सो इन अंगोंके यथास्थान प्राप्त होनेपर भी सबमें उत्तम अंग शील ही है।

भावार्थ -- शीलके बिना मनुष्यके समस्त अंगोंकी शोभा निःसार है इसलिए विवेकी जन शीलकी और ही लक्ष्य रखते हैं।।२५।।

पुरिसेण वि सहियाए, कुशमयमूढेहि विसयलोलेहिं।
संसारे भमिदव्वं, अरयघरट्टं व भूदेहिं।।२६।।

मिथ्यामतमें मूढ़ हुए कितने ही विषयोंके लोभी मनुष्य ऐसा कहते हैं कि हमारा पुरुष -- ब्रह्म तो

निर्विकार है। विषयोंमें प्रवृत्ति भूतचतुष्टयकी होती है इसलिए उनसे हमारा कुछ बिगाड़ नहीं है, क्योंकि उस भूतचतुष्टरूप शरीरके साथ पुरुष -- ब्रह्मको भी अरघटकी घड़ीके समान संसारमें भ्रमण करना पड़ता है।

भावार्थ -- जब तक यह जीव शरीरके साथ एकीभावको प्राप्त हो रहा है तब तक शरीरके साथ इसे भी भ्रमण करना पड़ता है। इसलिए मिथ्यामतके चक्रमें पड़कर अपनी विषयलोलुपताको बढ़ाना श्रेयस्कर नहीं है।।२६।।

आदेहि कम्मगंठी, जावद्धा विसयरायमोहेहिं।
तं छिंदंति कयत्था, तवसंजमसीलयगुणेण।।२७।।

विषयसंबंधी राग और मोहके द्वारा आत्मामें जो कर्मोंकी गाँठ बाँधी गयी है उसे कृतकृत्य -- ज्ञानी पुरुष तप संयम और शीलरूप गुणके द्वारा छेदते हैं।।२७।।

उदधी व रदणभरिदो, तवविणयसीलदाणरयणाणं।
सोहे तोय ससीलो, णिव्वाणमणुत्तरं पत्तो।।२८।।

जिस प्रकार समुद्र रत्नोंसे भरा होता है तो भी तोय अर्थात् जलसे ही शोभा देता है उसी प्रकार यह जीव भी तप विनय शील दान आदि रत्नोंसे युक्त है तो भी शीलसे सहित होता ही सर्वोत्कृष्ट निर्वाणको प्राप्त होता है।

भावार्थ -- तप विनय आदिसे युक्त होनेपर भी यदि मोह और क्षोभसे रहित समता परिणामरूपी शील प्रकट नहीं होता है तो मोक्षकी प्राप्ति नहीं होती इसलिए शीलको प्राप्त करना चाहिए।।२८।।

सुणहाण गद्दहाण य, गोपसुमहिलाण दीसदे मोक्खो।
जे सोधंति चउत्थं, पिच्छिज्जंता जणेहि सव्वेहिं।।२९।।

सब लोग देखो, क्या कुत्ते, गधे, गाय आदि पशु तथा स्त्रियोंको मोक्ष देखनेमें आता है? अर्थात् नहीं आता। किंतु चतुर्थ पुरुषार्थ अर्थात् मोक्षका जब साधन करते हैं उन्हींका मोक्ष देखा जाता है।

भावार्थ -- बिना शीलके मोक्ष नहीं होता है। यदि शीलके बिना भी मोक्ष होता तो कुत्ते, गधे, गाय आदि पशु और स्त्रियोंको भी मोक्ष होता, परंतु नहीं होता। यहाँ काकु द्वारा आचार्यने 'दृश्यते' क्रियाका प्रयोग किया है इसलिए उसका निषेधपरक अर्थ होता है। अथवा 'चउत्थं' के स्थानपर 'चउक्कं' पाठ ठीक जान पड़ता है, उसका अर्थ होता है -- क्रोधादि चार कषायोंको शोधते हैं -- दूर करते हैं अर्थात् कषायोंको दूर कर शीलसे वीतराग भावसे सहित होते हैं वे ही मोक्ष को प्राप्त करते हैं।।२९।।

जइ विसयलोलएहिं, णाणीहि हविज्ज साहिदो मोक्खो।
तो सो सुरत्तपुत्तो, दसपुव्वीओ वि किं गदो णरयं।।३०।।

यदि विषयोंके लोभी ज्ञानी मनुष्य मोक्षको प्राप्त कर सकते होते तो दशपूर्वोंका पाठी रुद्र नरक

क्यों जाता?

भावार्थ -- विषयोंके लोभी मनुष्य शीलसे रहित होते हैं अतः ग्यारह अंग और नौ पूर्वका ज्ञान होनेपर भी मोक्षसे वंचित रहते हैं। इसके विपरीत शीलवान् मनुष्य अष्ट प्रवचन मातृकाके जघन्य ज्ञानसे भी अंतर्मुहुर्तके भीतर केवलज्ञानी होकर मोक्ष प्राप्त कर सकता है। शीलकी -- वीतरागभावकी कोई अद्‌भुत महिमा है।।३०।।

जइ णाणेण विसोहो, सीलेण विणा बुहेहि णिद्दिट्ठो।
दस्स पुव्विस्स य भावो, ण किं पुण णिम्मलो जादो।।३१।।

यदि विद्वान् शीलके बिना मात्र ज्ञानसे भावको शुद्ध हुआ कहते हैं तो दश पूर्वके पाठी रुद्रका भाव निर्मल -- शुद्ध क्यों नहीं हो गया?

भावार्थ -- मात्र ज्ञानसे भावकी निर्मलता नहीं होती। भावकी निर्मलताके लिए राग, द्वेष और मोहके अभाव की आवश्यकता होती है। राग, द्वेष और मोहके अभावसे भावकी जो निर्मलता होती है वही शील कहलाती है। इस शीलसे ही जीवका कल्याण होता है।।३१।।

जाए विसयविरत्तो, सो गमयदि नरयवेयणां पउरां।
ता लेहदि अरुहपयं, भणियं जिन वड्ढमाणेण।।३२।।

जो विषयोंसे विरक्त है वह नरककी भारी वेदनाको दूर हटा देता है तथा अरहंतपदको प्राप्त करता है ऐसा वर्धमान जिनेंद्रने कहा है।

भावार्थ -- जिनागममें ऐसा कहा है कि तीसरे नरक तकसे निकलकर जीव तीर्थंकर हो सकता है सो सम्यग्दृष्टि मनुष्य नरकमें रहता हुआ भी अपने सम्यक्त्वके प्रभावसे नरककी उस भारी वेदनाका अनुभव नहीं करता -- उसे अपनी नहीं मानता और वहाँसे निकलकर तीर्थंकर पदको प्राप्त होता है, यह सब शीलकी ही महिमा है।।३२।।

एवं बहुप्पयारं, जिणेहिं पच्चक्खणाणदरिसीहिं।
सीलेण य मोक्खपयं, अक्खातीदं च लोयणाणेहि।।३३।।

इस प्रकार प्रत्यक्ष ज्ञान और प्रत्यक्ष दर्शनसे युक्त लोकके ज्ञाता जिनेंद्र भगवान्‌ने अनेक प्रकारसे कथन किया है कि अतींद्रिय मोक्षपद शीलसे प्राप्त होता है।।३३।।

सम्मत्तणाणदंसणतववीरियपंचयारमप्पाणं।
जलणो वि पवणसहिदो, डहंति पोराणयं कम्मं।।३४।।

सम्यक्त्व, ज्ञान, दर्शन, तप और वीर्य ये पाँच आचार पवनसहित अग्निके समान जीवोंके पुरातन कर्मोंको दग्ध कर देते हैं।।३४।।

णिद्दड्ढअट्ठकम्मा, विसयविरत्ता जिदिंदिया धीरा।
तवविणयसीलसहिदा, सिद्धा सिद्धिगदिं पत्ता।।३५।।

जिन्होंने इंद्रियोंको जीत लिया है, जो विषयोंसे विरक्त हैं, धीर हैं अर्थात् परिषहादिके आनेपर विचलित नहीं होते हैं जो तप विनय और शीलसे सहित हैं ऐसे जीव आठ कर्मोंको समग्ररूपसे दग्ध कर सिद्धि गतिको प्राप्त होते हैं। उनकी सिद्ध संज्ञा है।।३५।।

लावण्णसीलकुसलो, जम्ममहीरुहो जस्स सवणस्स।
सो सीलो य महप्पा, भमित्थ गुणवित्थरो भविए।।३६।।

जिस मुनिका जन्मरूपी वृक्ष लावण्य है और शीलसे कुशल है वह शीलवान् है, महात्मा है तथा उसके गुणोंका विस्तार लोकमें व्याप्त होता है।

भावार्थ -- जिस मुनिका जन्म जीवोंको अत्यंत प्रिय है तथा समताभावरूप शीलसे सुशोभित है वही मुनि शीलवान् कहलाता है और उसीके गुण लोकमें विस्तारको प्राप्त होते हैं।।३६।।

णाणं झाणं जोगो, दंसणसुद्धी य वीरियावत्तं।
सम्मत्तदंसणेण य, लहंति जिणसासणे बोहिं।।३७।।

ध्यान, योग और दर्शनकी शुद्धि -- निरतिचार प्रवृत्ति ये सब वीर्यके आधीन हैं और सम्यग्दर्शनके द्वारा जीव जिनशासनसंबंधी बोधि -- रत्नत्रयरूप परिणतिको प्राप्त होते हैं।

भावार्थ -- आत्मामें वीर्यगुणका जैसा विकास होता है उसीके अनुरूप ज्ञान, ध्यान, योग और दर्शनकी शुद्धता होती है तथा सम्यग्दर्शनके द्वारा जीव जिनशासनमें बोधि -- रत्नत्रयका जैसा स्वरूप बतलाया है उसरूप परिणतिको प्राप्त होते हैं।।३७।।

जिणवयणगहिदसारा, विसयविरत्ता तवोधणा धीरा।
सीलसलिलेण ण्हावा, ते सिद्धालयसुहं जंति।।३८।।

जिन्होंने जिनेंद्रदेवके वचनोंसे सार ग्रहण किया है, जो विषयोंसे विरक्त हैं, जो तपको धन मानते हैं, धीर वीर हैं और जिन्होंने शीलरूपी जलसे स्नान किया है वे सिद्धालयके सुखको प्राप्त होते हैं।।३८।।

सव्वगुणखीणकम्मा, सुहदुक्खविवज्जिदा मणविसुद्धा।
पप्फोडियकम्मरया, हवंति आराहणापयडा।।३९।।

जिन्होंने समस्त गुणोंसे कर्मोंको क्षीण कर दिया है, जो सुख और दुःखसे रहित हैं, मनसे विशुद्ध हैं और जिन्होंने कर्मरूपी धूलिको उड़ा दिया है ऐसे आराधनाओंको प्रकट करनेवाले होते हैं।।३९।।

अरहंते सुहभत्ती, सम्मत्तं दंसणेण सुविसुद्धं।
सीलं विसयविरागो, णाणं पुण केरिसं भणियं।।४०।।

अरहंत भगवान्में शुभ भक्ति होना सम्यक्त्व है, यह सम्यक्त्व तत्त्वार्थश्रद्धानसे अत्यंत शुद्ध है और विषयोंसे विरक्त होना ही शील है। ये दोनों ही ज्ञान हैं, इनसे अतिरिक्त ज्ञान कैसा कहा गया है?

भावार्थ -- सम्यक्त्व और शीलसे सहित जो ज्ञान है वही ज्ञान, ज्ञान है। इनसे रहित ज्ञान कैसा? अन्य मतोंमें ज्ञानको सिद्धिका कारण कहा गया है परंतु जिस ज्ञानके साथ सम्यक्त्व तथा शील नहीं है वह अज्ञान है, उस अज्ञानरूप ज्ञानसे मुक्ति नहीं हो सकती।।४०।।

इस प्रकार कुंदकुंदाचार्य विरचित शीलप्राभृत समाप्त हुआ।

***

द्वादशानुप्रेक्षा

*

बारसणुपेक्खा (द्वादशानुप्रेक्षा)

मंगलाचरण और प्रतिज्ञावाक्य

णमिऊण सव्वसिद्धे, झाणुत्तमखविददीहसंसारे।
दस दस दो दो व जिणे, दस दो अणुपेहणं वोच्छे।।१।।

जिन्होंने उत्तम ध्यानके द्वारा दीर्घ संसारका नाश कर दिया है ऐसे समस्त सिद्धों तथा चौबीस तीर्थंकरोंको नमस्कार कर बारह अनुप्रेक्षाओंको कहूँगा।।१।।

बारह अनुप्रेक्षाओंके नाम

अद्धुवमसरणमेगत्तमण्णसंसारलोगमसुचित्तं।
आसवसंवरणिज्जर, धम्मं बोहिं च चिंतेज्जो।२।।

अध्रुव, अशरण, एकत्व, अन्यत्व, संसार, लोक, अशुचित्व, आस्रव, संवर, निर्जरा, धर्म और बोधि इन बारह अनुप्रेक्षाओंका चिंतन करना चाहिए।।२।।

अध्रुव अनुप्रेक्षा

वरभवणजाणवाहणसयणासणदेवमणुवरायाणं।
मादुपिदुसजणभिच्चसंबंधिणो य पिदिवियाणिच्चा।।३।।

उत्तम भवन, यान, वाहन, शयन, आसन, देव, मनुष्य, राजा, माता, पिता, कुटुंबी और सेवक आदि सभी अनित्य तथा पृथक् हो जानेवाले हैं।।३।।

सामग्गिंदियरूवं, आरोग्गं जोव्वणं बलं तेजं।
सोहग्गं लावण्णं, सुरधणुमिव सस्सयं ण हवे।।४।।

सब प्रकारकी सामग्री -- परिग्रह, इंद्रियाँ, रूप, नीरोगिता, यौवन, बल, तेज, सौभाग्य और सौंदर्य ये सब इंद्रधनुष्यके समान -- शाश्वत रहनेवाले नहीं हैं अर्थात् नश्वर है।।४।।

जलबुब्बुदसक्कधणुखणरुचिघणसोहमिव थिरं ण हवे।
अहमिंदट्ठाणाहिं, बलदेवप्पहुदिपज्जाया।।५।।

अहमिंद्रके पद और बलदेव आदिकी पर्यायें जलके बबूले, इंद्रधनुष्य, बिजली और मेघकी शोभाके समान -- स्थिर रहनेवाली नहीं हैं।।५।।

जीवणिबद्धं देहं, खीरोदयमिव विणस्सदे सिग्घं।
भोगोपभोगकारणदव्वं णिच्चं कहं होदि।।६।।

जब दूध और पानीकी तरह जीवके साथ मिला हुआ शरीर शीघ्र नष्ट हो जाता है तब भोगोपभोगका कारणभूत द्रव्य-- स्त्री आदि परिकर नित्य कैसे हो सकता है? ।।६।।

परमट्ठेण दु आदा, देवासुरमणुवरायविभवेहिं।
वदिरित्तो सो अप्पा, सस्सदमिदि चिंतए णिच्चं।।७।।

परमार्थसे आत्मा देव, असुर और नरेंद्रोंके वैभवोंसे भिन्न है और वह आत्मा शाश्वत है ऐसा निरंतर चिंतन करना चाहिए।।७।।

अशरणानुप्रेक्षा

मणिमंतोसहरक्खा, हयगयरहओ य सयलविज्जाओ।
जीवाणं ण हि सरणं, तिसु लोए मरणसमयम्हि।।८।।

मरणके समय तीनों लोकोंमें मणि, मंत्र, औषधि, रक्षक सामग्री, हाथी, घोड़े, रथ और समस्त विद्याएँ जीवोंके लिए शरण नहीं हैं अर्थात् मरणसे बचानेमें समर्थ नहीं हैं।।८।।

सग्गो हवे हि दुग्गं, भिच्चा देवा य पहरणं वज्जं।
अइरावणो गइंदो, इंदस्स ण विज्जदे सरणं।।९।।

स्वर्ग ही जिसका किला है, देव सेवक हैं, वज्र शस्त्र है और ऐरावत गजराज है उस इंद्रका भी कोई शरण नहीं है -- उसे भी मृत्युसे बचानेवाला कोई नहीं है।।९।।

णवणिहि चउदहरयणं, हयमत्तगइंदचाउरंगबलं।
चक्केसस्स ण सरणं, पेच्छंतो कद्दये काले।।१०।।

नौ निधियाँ, चौदह रत्न, घोड़े, मत्त हाथी और चतुरंगिणी सेना चक्रवर्तीके लिए शरण नहीं हैं। देखते-देखते काल उसे नष्ट कर देता है।।१०।।

जाइजरामरणरोगभयदो रक्खेदि अप्पणो अप्पा।
तम्हा आदा सरणं, बंधोदयसत्तकम्मवदिरित्तो।।११।।

जिस कारण आत्मा ही जन्म, जरा, मरण, रोग और भयसे आत्माकी रक्षा करता है उस कारण बंध उदय और सत्तारूप अवस्थाको प्राप्त कर्मोंसे पृथक् रहनेवाला आत्मा ही शरण है -- आत्माकी निष्कर्म अवस्था ही उसे जन्म जरा आदिसे बचानेवाली है।।११।।

अरुहा सिद्धायरिया, उवझाया साहु पंचपरमेट्ठी।
ते वि हु चिट्ठदि आदे, तम्हा आदा हु मे सरणं।।१२।।

अरहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु ये पाँच परमेष्ठी हैं। चूँकि ये परमेष्ठी भी आत्मामें निवास करते हैं अर्थात् आत्मा स्वयं पंच परमेष्ठीरूप परिणमन करता है इसलिए आत्मा ही मेरा शरण है।।१२।।

सम्मत्तं सण्णाणं, सच्चारित्तं च सत्तवो चेव।
चउरो चिट्ठदि आदे, तम्हा आदा हु मे सरणं।।१३।।

चूँकि सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक्चारित्र और सम्यक् तप ये चारों भी आत्मामें स्थित हैं इसलिए आत्मा ही मेरा शरण है।।१३।।

एक्को करेदि कम्मं, एक्को हिंडदि य दीहसंसारे।
एक्को जायदि मरदि य, तस्स फलं भुंजदे एक्को।।१४।।

जीव अकेला ही कर्म करता है, अकेला ही दीर्घ संसारमें भ्रमण करता है, अकेला ही जन्म लेता है, अकेला ही मरता है और अकेला ही कर्मका फल भोगता है।।१४।।

एक्को करेदि पावं, विसयणिमित्तेण तिव्वलोहेण।
णिरयतिरिएसु जीवो, तस्स फलं भुंजदे एक्को।।१५।।

विषयोंके निमित्त तीव्र लोभसे जीव अकेला ही पाप करता है और नरक तथा तिर्यंच गतिमें अकेला ही उसका फल भोगता है।।१५।।

एक्को करेदि पुण्णं, धम्मणिमित्तेण पत्तदाणेण।
मणुवदेवेसु जीवो, तस्स फलं भुंजदे एक्को।।१६।।

धर्मके निमित्त पात्रदानके द्वारा जीव अकेला ही पुण्य करता है और मनुष्य तथा देवोंमें अकेला ही उसका फल भोगता है।।१६।।

पात्रके तीन भेदों तथा अपात्रका वर्णन

उत्तमपत्तं भणियं, सम्मत्तगुणेण संजुदो साहू।
सम्मादिट्ठी सावय, मज्झिमपत्तो हु विण्णेओ।।१७।।
णिद्दिट्ठो जिणसमये, अविरदसम्मो जहण्णपत्तो त्ति।
सम्मत्तरयणरहिओ, अपत्तमिदि संपरिक्खेज्जो।।१८।।

सम्यक्त्वरूप गुणसे युक्त साधुको उत्तम पात्र कहा गया है, सम्यग्दृष्टि श्रावकको मध्यम पात्र जानना चाहिए, जिनागममें अविरत सम्यग्दृष्टिको जघन्य पात्र कहा गया है और जो सम्यग्दर्शनरूपी रत्नसे रहित है वह अपात्र है। इस प्रकार पात्र और अपात्रकी परीक्षा करनी चाहिए।।१७-१८।।

दंसणभट्टा भट्टा, दंसणभट्टस्स णत्थि णिव्वाणं।
सिज्झंति चरियभट्टा, दंसणभट्टा ण सिज्झंति।।१९।।

जो सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हैं वे ही भ्रष्ट हैं। सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट मनुष्यका मोक्ष नहीं होता। जो चारित्रसे भ्रष्ट हैं वे तो (पुनः चारित्रके धारण करनेपर) सिद्ध हो जाते हैं, परंतु जो सम्यग्दर्शनसे भ्रष्ट हैं वे सिद्ध नहीं हो सकते।

भावार्थ -- जो मनुष्य सम्यग्दृष्टि तो है परंतु चारित्रमोहका तीव्र उदय आ जानेके कारण चारित्रसे भ्रष्ट हो गया है वह पुनः चारित्रको धारण कर मोक्ष प्राप्त कर लेता है परंतु जो सम्यग्दर्शनसे भी भ्रष्ट हो गया है उसका मोक्ष प्राप्त करना सरल नहीं है।।१९।।

एक्कोहं णिम्ममो सुद्धो, णाणदंसणलक्खणो।
सुद्धेयत्तमुपादेयमेवं चिंतेइ संजदो।।२०।।

मैं अकेला हूँ, ममत्वसे रहित हूँ, शुद्ध हूँ तथा ज्ञान-दर्शनरूप लक्षणसे युक्त हूँ इसलिए शुद्ध एकत्वभाव ही उपादेय है -- ग्रहण करनेके योग्य है। इस प्रकार संयमी साधुको सदा विचार करते रहना चाहिए।।२०।।

अन्यत्वानुप्रेक्षा

मादापिदरसहोदरपुत्तकलत्तादिबंधुसंदोहो।
जीवस्स ण संबंधो, णियकज्जवसेण वट्टंति।।२१।।

माता, पिता, सगा भाई, पुत्र तथा स्त्री आदि बंधुजनों -- इष्ट जनोंका समूह जीवसे संबंध रखनेवाला नहीं है। ये सब अपने कार्यके वश साथ रहते हैं।।२१।।

अण्णो अण्णं सोयदि, मदो वि मम णाहगो त्ति मण्णंतो।
अप्पाणं ण हु सोयदि, संसारमहण्णवे बुड्ढं।।२२।।

यह मेरा स्वामी था, यह मर गया इस प्रकार मानता हुआ अन्य जीव अन्य जीवके प्रति शोक करता है परंतु संसाररूपी महासागरमें डूबते हुए अपने आपके प्रति शोक नहीं करता।।२२।।

अण्णं इमं सरीरादिगं पि होज्ज बाहिरं दव्वं।
णाणं दंसणमादा, एवं चिंतेहि अण्णत्तं।।२३।।

यह जो शरीरादिक बाह्य द्रव्य है वह सब मुझसे अन्य है, ज्ञान दर्शन ही आत्मा है अर्थात् ज्ञान दर्शन ही मेरे हैं। इस प्रकार अन्यत्व भावनाका चिंतन करो।।२३।।

संसारानुप्रेक्षा

पंचविहे संसारे, जाइजरामरणरोगभयपउरे।
जिणमग्गमपेच्छंतो, जीवो परिभमदि चिरकालं।।२४।।

जिन भगवानके द्वारा प्रणीत मार्गकी प्रतीतिको नहीं करता हुआ जीव, चिरकालसे जन्म, जरा, मरण, रोग और भयसे परिपूर्ण पाँच प्रकारके संसारमें परिभ्रमण करता रहता है। द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव और भाव ये पाँच परिवर्तन ही पांच प्रकारका संसार कहलाते हैं।।२४।।

द्रव्यपरिवर्तनका स्वरूप

सव्वे वि पोग्गला खलु, एगे भुत्तुज्झिया हि जीवेण।
असयं अणंतखुत्तो, पुग्गलपरियट्टसंसारे।।२५।।

पुद्गलपरिवर्तन (द्रव्यपरिवर्तन)रूप संसारमें इस जीवने अकेले ही समस्त पुद्गलोंको अनंत बार भोगकर छोड़ दिया है।।२५।।

क्षेत्रपरिवर्तनका स्वरूप

सव्वम्हि लोयखेत्ते, कमसो तं णत्थि जं ण उप्पण्णं।
उग्गाहणेण बहुसो, परिभमिदो खेत्तसंसारे।।२६।।

समस्त लोकरूपी क्षेत्रमें ऐसा कोई स्थान नहीं है जहाँ यह क्रमसे उत्पन्न न हुआ हो। समस्त अवगाहनाओंके द्वारा इस जीवने क्षेत्र संसारमें अनेक बार भ्रमण किया है।

भावार्थ -- क्षेत्रपरिवर्तनके स्वक्षेत्र परिवर्तन और परक्षेत्र परिवर्तनकी अपेक्षा दो भेद हैं। समस्त लोकाकाशमें क्रमसे उत्पन्न हो लेनेसे जितना समय लगता है वह स्वक्षेत्रपरिवर्तन है और क्रमसे जघन्य अवगाहनासे लेकर उत्कृष्ट अवगाहना तक धारण करनेमें जितना समय लगता है उतना परक्षेत्रपरिवर्तन है। इस गाथामें दोनों प्रकारके क्षेत्रपरिवर्तनोंकी चर्चा हो रही है।।२६।।

कालपरिवर्तनका स्वरूप

अवसप्पिणिउवसप्पिणिसमयावलियासु णिरवसेसासु।
जादो मुदो य बहुसो, परिभमिदो कालसंसारे।।२७।।

यह जीव अवसर्पिणी और उत्सर्पिणी कालकी समस्त समयावलियोंमें उत्पन्न हुआ है तथा मरा है। इस तरह इसने काल संसारमें अनेक बार परिभ्रमण किया है।।२७।।

भवपरिवर्तनका स्वरूप

णिरयाउजहण्णादिसु, जाव दु उवरिल्लया दु गेवेज्जा।
मिच्छत्तसंसिदेण दु, बहुसो वि भवट्ठिदी भमिदो।।२८।।

मिथ्यात्वके आश्रयसे इस जीवने नरककी जघन्य आयु से लेकर उपरिम ग्रैवेयक तककी भवस्थितिको धारण कर अनेक बार भ्रमण किया है।

भावार्थ -- नरक, तिर्यंच, मनुष्य और देवगतिमें जघन्यसे लेकर उत्कृष्ट आयु तकको क्रमसे प्राप्त कर लेनेमें जितना समय लगता है उतने समयको भवपरिवर्तन कहते हैं। नरक गतिकी जघन्य स्थिति दस हजार वर्षकी तथा उत्कृष्ट स्थिति तैंतीस सागरकी है। मनुष्य और तिर्यंच गतिकी जघन्य स्थिति अंतर्मुहूर्तकी और उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्यकी है। तथा देवगतिकी जघन्य स्थिति दस हजार वर्षकी और उत्कृष्ट स्थिति तैंतीस सागरकी है। परंतु मिथ्यादृष्टि जीवकी उत्पत्ति देवगतिमें इकतीस सागर की आयुसे युक्त उपरिम ग्रैवेयक तक ही होती है। इसलिए देवगतिमें भवस्थितिकी अंतिम मर्यादा ग्रैवेयक तक ही बतलायी गयी है।।२८।।

भावपरिवर्तनका स्वरूप

सव्वे पयडिट्ठिदिओ, अणुभागपदेसबंधठाणाणि।
जीवो मिच्छत्तवसा, भमिदो पुण भावसंसारे।।२९।।

इस जीवने मिथ्यात्वके वश समस्त कर्मप्रकृतियोंकी सब स्थितियों, सब अनुभागबंधस्थानों और सब प्रदेशबंध स्थानोंको प्राप्त कर बार-बार भाव संसारमें परिभ्रमण किया है।

भावार्थ -- ज्ञानावरणादि समस्त कर्मप्रकृतियोंके जघन्य स्थितिबंधसे लेकर उत्कृष्ट स्थितिबंध तकके योग्य समस्त कषायाध्यवसायस्थान, समस्त अनुभागाध्यवसायस्थान और समस्त योगस्थानोंको प्राप्त कर लेना भावसंसार है। ये पाँचों परिवर्तन ही पाँच प्रकारके संसार हैं। इन संसारोंमें जीवका परिभ्रमण मिथ्यात्वके कारण होता है।।२९।।

पुत्तकलत्तणिमित्तं, अत्थं अज्जयदि पापबुद्धीए।
परिहरदि दयादाणं, सो जीवो भमदि संसारे।।३०।।

जो जीव पुत्र तथा स्त्रीके निमित्त पापबुद्धिसे धन कमाता है और दयादानका परित्याग करता है वह संसारमें भ्रमण करता है।।३०।।

मम पुत्तं मम भज्जा, मम धणधण्णो त्ति तिव्वकंखाए।
चइऊण धम्मबुद्धिं, पच्छा परिपडदि दीहसंसारे।।३१।।

जो जीव, यह मेरा पुत्र है, यह मेरी स्त्री है, यह मेरा धनधान्य है इस प्रकारकी तीव्र आकांक्षासे धर्मबुद्धिको छोड़ता है वह पीछे दीर्घ संसारमें पड़ता है।।३१।।

मिच्छोदयेण जीवो, णिंदंतो जोण्हभासियं धम्मं।
कुधम्मकुलिंगकुतित्थं, मण्णंतो भमदि संसारे।।३२।।

मिथ्यात्वके उदयसे यह जीव जिनेंद्र भगवान्‌के द्वारा कथित धर्मकी निंदा करता हुआ तथा कुलिंग और कुतीर्थको मानता हुआ संसारमें भ्रमण करता है।।३२।।

हंतूण जीवरासिं, महुमंसं सेविऊण सुरयाणं।
परदव्वपरकलत्तं, गहिऊण य भमदि संसारे ।।३३।।

जीवराशिका घात कर, मधु मांस और मदिराका सेवन कर तथा परद्रव्य और परस्त्रीको ग्रहण कर यह जीव संसारमें भ्रमण करता है।।३३।।

जत्तेण कुणइ पावं, विसयणिमित्तं च अहणिसं जीवो।
मोहंधयारसहियो, तेण दु परिपडदि संसारे।।३४।।

मोहरूपी अंधकारसे सहित जीव विषयोंके निमित्त यत्नपूर्वक पाप करता है और उससे संसारमें पड़ता है।।३४।।

णिच्चिदरधादुसत्तय, तरुदसवियलिंदिएसु छच्चेव।
सुरणिरयतिरियचउरो, चौद्दस मणुए सदसहस्सा।।३५।।

नित्य निगोद, इतर निगोद, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक इन छह प्रकारके जीवोंमें प्रत्येककी सात सात लाख, प्रत्येक वनस्पतिकायिककी दस लाख, विकलेंद्रियोंकी छह लाख, देव, नारकी तथा पंचेंद्रिय तिर्यंचोंमें प्रत्येककी चार-चार लाख और मनुष्योंकी चौदह लाख इस प्रकार सब मिलाकर चौरासी लाख योनियाँ हैं। इनमें संसारी जीव भ्रमण करता है।।३५।।

संजोगविप्पजोगं, लाहालाहं सुहं च दुक्खं च।
संसारे भूदाणं, होदि हु माणं तहावमाणं च।।३६।।

संसारमें जीवोंको संयोग वियोग, लाभ अलाभ, सुख दुःख तथा मान अपमान प्राप्त होते हैं।।३६।।

कम्मणिमित्तं जीवो, हिंडदि संसारघोरकांतारे।
जीवस्स ण संसारो, णिच्चयणयकम्मविम्मुक्को।।३७।।

कर्मोंके निमित्तसे यह जीव संसाररूपी भयानक वनमें भ्रमण करता है, किंतु निश्चय नयसे जीव कर्मोंसे रहित है इसलिए उसका संसार भी नहीं है।

भावार्थ -- जीवके संसारी और मुक्त भेद व्यवहार नयसे बनते हैं, निश्चय नयसे नहीं बनते, क्योंकि निश्चय नयसे जीव और कर्म दोनों भिन्न भिन्न द्रव्य हैं।।३७।।

संसारमदिक्कंतो, जीवोवादेयमिति विचिंतेज्जो।
संसारदुहक्कंतो, जीवो सो हेयमिति विचिंतेज्जो।।३८।।

संसारसे छूटा हुआ जीव उपादेय है ऐसा विचार करना चाहिए और संसारके दुःखोंसे आक्रांत जीव छोड़नेयोग्य हैं ऐसा चिंतन करना चाहिए।।३८।।

लोकानुप्रेक्षा

जीवादिपयट्ठाणं, समवाओ सो णिरुच्चए लोगो।
तिविहो हवेइ लोगो, अहमज्झिमउड्ढभेएण।।३९।।

जीव आदि पदार्थोंका जो समूह है वह लोक कहा जाता है। अधोलोक, मध्यमलोक और ऊर्ध्वलोक के भेदसे लोक तीन प्रकारका होता है।।३९।।

णिरया हवंति हेट्ठा, मज्झे दीवंबुरासयो संखा।
सग्गो तिसट्ठिभेओ, एत्तो उड्ढो हवे मोक्खो।।४०।।

नीचे नरक है, मध्यमें असंख्यात द्वीपसमुद्र हैं ऊपर त्रेसठ भेदोंसे युक्त स्वर्ग हैं और इनके ऊपर मोक्ष है।।४०।।

स्वर्गके त्रेसठ भेदोंका वर्णन

इगतीस सत्त चत्तारि दोण्णि एक्केक्क छक्क चदुकप्पे।
तित्तिय एक्केंकेंदियणामा उडुआदि तेसट्ठी।।४१।।

सौधर्म और ऐशान कल्पमें इकतीस, सनत्कुमार और माहेंद्र कल्पमें सात, ब्रह्म और ब्रह्मोत्तर कल्पमें चार, लांतव और कापिष्ठ कल्पमें दो, शुक्र और महाशुक्र कल्पमें एक, शतार और सहस्रार कल्पमें एक तथा आनत प्राणत और अच्युत इन चार अंतके कल्पोंमें छह इस तरह सोलह कल्पोंमें कुल ५२ पटल हैं। इनके आगे अधोग्रैवेयक, मध्यम ग्रैवेयक और उपरिम ग्रैवेयकोंके त्रिकमें प्रत्येकके तीन अर्थात् नौ ग्रैवेयकोंके नौ, अनुदिशोंका एक और अनुत्तर विमानोंका एक पटल है। इस तरह सब मिलाकर ऋतु आदि त्रेसठ पटल हैं।।४१।।

असुहेण णिरयतिरियं, सुहउवजोगेण दिविजणरसोक्खं।
सुद्धेण लहइ सिद्धिं, एवं लोयं विचिंतिज्जो।।४२।।

अशुभोपयोगसे नरक और तिर्यंच गति प्राप्त होती है, शुभोपयोगसे देव और मनुष्यगतिका सुख मिलता है और शुद्धोपयोगसे जीव मुक्तिको प्राप्त होता है -- इस प्रकार लोकका विचार करना चाहिए।।४२।।

अशुचित्वानुप्रेक्षा

अट्ठीहिं पडिबद्धं, मंसविलित्तं तएण ओच्छण्णं।
किमिसंकुलेहिं भरियमचोक्खं देहं सयाकालं।।४३।।

यह शरीर हड्डियोंसे बना है, मांससे लिपटा है, चर्मसे आच्छादित है, कीटसंकुलोंसे भरा है और

सदा मलिन रहता है।।४३।।

दुग्गंध बीभच्छं, कलिमलभरिदं अचेयणं मुत्तं।
सडणप्पडणसहावं, देहं इदि चिंतए णिच्चं।।४४।।

यह शरीर दुर्गंधसे युक्त है, घृणित है, गंदे मलसे भरा हुआ है, अचेतन है, मूर्तिक है तथा सड़ना और गलना स्वभावसे सहित है ऐसा सदा चिंतन करना चाहिए।।४४।।

रसरुहिरमंसमेदट्ठीमज्जसंकुलं पुत्तपूयकिमिबहुलं।
दुग्गंधमसुचि चम्ममयमणिच्चमचेयणं पडणं।। ४५।।

यह शरीर रस, रुधिर, मांस, चर्बी, हड्डी तथा मज्जासे युक्त है। मूत्र, पीब और कीड़ोंसे भरा है, दुर्गंधित है, अपवित्र है, चर्ममय है, अनित्य है, अचेतन है और पतनशील है -- नश्वर है।।४५।।

देहादो वदिरित्तो, कम्मविरहिओ अणंतसुहणिलयो।
चोक्खो हवेइ अप्पा, इदि णिच्चं भावणं कुज्जा।।४६।।

आत्मा इस शरीरसे भिन्न है, कर्मरहित है, अनंत सुखोंका भंडार है तथा श्रेष्ठ है इस प्रकार निरंतर भावना करनी चाहिए।।४६।।

आस्रवानुप्रेक्षा

मिच्छत्तं अविरमणं, कसायजोगा य आसवा होंति।
पण पण चउ तिय भेदा, सम्मं परिकित्तिदा समए।।४७।।

मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये आस्रव हैं। उक्त मिथ्यात्व आदि आस्रव क्रमसे पाँच, पाँच, चार और तीन भेदोंसे युक्त हैं। आगममें इनका अच्छी तरह वर्णन किया गया है।।४७।।

मिथ्यात्व तथा अविरतिके पाँच भेद

एयंतविणयविवरियसंसयमण्णाणमिदि हवे पंच।
अविरमणं हिंसादी, पंचविहो सो हवइ णियमेण।।४८।।

एकांत, विनय, विपरीत, संशय और अज्ञान यह पाँच प्रकारका मिथ्यात्व है तथा हिंसा आदिके भेदसे पाँच प्रकारकी अविरति नियमसे होती है।।४८।।

चार कषाय और तीन योग

कोहो माणो माया, लोहो वि य चउव्विहं कसायं खु।
मण वचिकाएण पुणो, जोगो तिवियप्पमिदि जाणे।।४९।।

क्रोध, मान, माया और लोभ यह चार प्रकारकी कषाय है। तथा मन, वचन और कायके भेदसे

योगके तीन भेद हैं यह जानना चाहिए।।४९।।

असुहेदरभेदेण दु, एक्केक्कं वण्णिदं हवे दुविहं।
आहारादी सण्णा, असुहमणं इदि विजाणेहि।।५०।।

मन वचन काय इन तीनों योगोंमेंसे प्रत्येक योग अशुभ और शुभके भेदसे दो प्रकारका कहा गया है। आहार आदि संज्ञाओंका होना अशुभ मन है ऐसा जानो।।५०।।

किण्हादि तिण्णि लेस्सा, करणजसोक्खेसु सिद्धपरिणामो।
ईसा विसादभावो, असुहमणं त्ति य जिणा वेंति।।५१।।

कृष्णादि तीन लेश्याएँ, इंद्रियजन्य सुखोंमें तीव्र लालसा, ईर्ष्या तथा विषादभाव अशुभ मन है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं।।५१।।

रागो दोसो मोहो, हास्सादिणोकसायपरिणामो।
थूलो वा सुहुमो वा, असुहमणो त्ति य जिणा वेंति।।५२।।

राग, द्वेष, मोह तथा हास्यादिक नोकषायरूप परिणाम चाहे स्थूल हों चाहे सूक्ष्म, अशुभ मन है ऐसा जिनेंद्रदेव जानते हैं।।५२।।

भत्थित्थिरायचोरकहाओ वयणं वियाण असुहमिदि।
बंधणछेदणमारणकिरिया सा असुहकायेत्ति।।५३।।

भक्तकथा, स्त्रीकथा, राजकथा और चोरकथा अशुभ वचन है ऐसा जानो। तथा बंधन, छेदन और मारणरूप जो क्रिया है वह अशुभ काय है।।५३।।

मोत्तूण असुहभावं, पुव्वुत्तं णिरवसेसदो दव्वं।
वदसमिदिसीलसंजमपरिणामं सुहमणं जाणे।।५४।।

पहले कहे हुए अशुभ भाव तथा अशुभ द्रव्यको व्रत, समिति, शील और संयमरूप परिणामोंका होना शुभ मन है ऐसा जानो।।५४।।

संसारछेदकारणवयणं सुहवयणमिदि जिणुद्दिट्ठं।
जिणदेवादिसु पूजा, सुहकायं त्ति य हवे चेट्ठा।।५५।।

जो वचन संसारका छेद करनेमें कारण है वह शुभ वचन है ऐसा जिनेंद्र भगवान्ने कहा है। तथा जिनेंद्रदेव आदिकी पूजारूप जो चेष्टा -- शरीरकी प्रवृत्ति है वह शुभकाय है।।५५।।

जम्मसमुद्दे बहुदोसवीचिए दुःखजलचराकिण्णे।
जीवस्स परिब्भमणं, कम्मासवकारणं होदि।।५६।।

अनेक दोषरूपी तरंगोंसे युक्त तथा दुःखरूपी जलचर जीवोंसे व्याप्त संसाररूपी समुद्रमें जीवका जो परिभ्रमण होता है वह कर्मास्रवके कारण होता है। अर्थात् कर्मास्रवके कारण ही जीव संसारसमुद्रमें परिभ्रमण करता है।।५६।।

कम्मासवेण जीवो, बूडदि संसारसागरे घोरे।
जं णाणवसं किरिया, मोक्खणिमित्तं परंपरया।।५७।।

कर्मास्रवके कारण जीव संसाररूपी भयंकर समुद्रमें डूब रहा है। जो क्रिया ज्ञानवश होती है वह परंपरासे मोक्षका कारण होती है।।५७।।

आसवहेदू जीवो, जम्मसमुद्दे णिमज्जदे खिप्पं।
आसवकिरिया तम्हा, मोक्खणिमित्तं ण चिंतेज्जो।।५८।।

आस्रवके कारण जीव संसाररूपी समुद्रमें शीघ्र डूब जाता है इसलिए आस्रवरूप क्रिया मोक्षका निमित्त नहीं है ऐसा विचार करना चाहिए।

भावार्थ -- अशुभास्रवरूप क्रिया तो मोक्षका कारण है ही नहीं, परंतु शुभास्रवरूप क्रिया भी मोक्षका कारण नहीं है ऐसा चिंतन करना चाहिए।।५८।।

पारंपज्जाएण दु, आसवकिरियाए णत्थि णिव्वाणं।
संसारगमणकारणमिदि णिंदं आसवो जाण।।५९।।

परंपरासे भी आस्रवरूप क्रियाके द्वारा निर्वाण नहीं होता। आस्रव संसारगमनका ही कारण है। इसलिए निंदनीय है ऐसा जानो।।५९।।

पुव्वुत्तासवभेदा, णिच्छयणयएण णत्थि जीवस्स।
उहयासवणिम्मुक्कं, अप्पाणं चिंतए णिच्चं।।६०।।

पहले जो आस्रवके भेद कहे गये हैं वे निश्चयनयसे जीवके नहीं हैं, इसलिए आत्माको दोनों प्रकारके आस्रवोंसे रहित ही निरंतर विचारना चाहिए।।६०।।

संवरानुप्रेक्षा

चलमलिनमगाढं च, वज्जिय सम्मत्तदिढकवाडेण।
मिच्छत्तासवदारणिरोहो होदि त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठं।।६१।।

चल, मलिन और अगाढ़ दोषको छोड़कर सम्यक्त्वरूपी दृढ़ कपाटोंके द्वारा मिथ्यात्वरूपी आस्रवद्वारका निरोध हो जाता है ऐसा जिनेंद्रदेवने कहा है।।

भावार्थ -- चल, मलिन और अगाढ़ ये सम्यग्दर्शनके दोष हैं। इनका अभाव हो जानेपर सम्यग्दर्शनमें दृढ़ता आती है। मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चार आस्रव हैं। यहाँ मिथ्यात्वके निमित्तसे

होनेवाले आस्रवको द्वारकी तथा सम्यग्दर्शनको सुदृढ़ कपाटकी उपमा दी गयी है और उस उपमाके द्वारा कहा गया है कि सम्यग्दर्शनरूपी सुदढ़ कपाटोंसे मिथ्यात्वके निमित्तसे होनेवाले आस्रवरूप द्वारका निरोध हो जाता है। आस्रवका रुक जाना ही संवर कहलाता है।।६१।।

पंचमहव्वयमणसा, अविरमणणिरोहणं हवे णियमा।
कोहादि आसवाणं, दाराणि कसायरहियपल्लगेहि।।६२।।

पंचमहाव्रतोंसे युक्त मनसे अविरतिरूप आस्रवका निरोध नियमसे हो जाता है और क्रोधादि कषायरूप आस्रवोंके द्वार कषायके अभावरूप फाटकोंसे रुक जाते हैं -- बंद हो जाते हैं।।६२।।

सुहजोगस्स पवित्ती, संवरणं कुणदि असुहजोगस्स।
सुहजोगस्स णिरोहो, सद्धुवजोगेण संभवदि।।६३।।

शुभयोगकी प्रवृत्ति अशुभ योगका संवर करती है और शुद्धोपयोगके द्वारा शुभयोगका निरोध हो जाता है।।६३।।

सुद्धुवजोगेण पुणो, धम्मं सुक्कं च होदि जीवस्स।
तम्हा संवरहेदू, झाणो त्ति विचिंतए णिच्चं।।६४।।

शुद्धोपयोगसे जीवके धर्म्यध्यान और शुक्लध्यान होते हैं, इसलिए ध्यान संवरका कारण है ऐसा निरंतर विचार करना चाहिए।।६४।।

जीवस्स ण संवरणं, परमट्ठणएण सुद्धभावादो।
संवरभावविमुक्कं, अप्पाणं चिंतए णिच्चं।।६५।।

परमार्थ नय -- निश्चय नयसे जीवके संवर नहीं है क्योंकि वह शुद्ध भावसे सहित है। अतएव आत्माको सदा संवरभावसे रहित विचारना चाहिए।।६५।।

बंधपदेसग्गलणं, णिज्जरणं इदि जिणेहि पण्णत्तं।
जेण हवे संवरणं, तेण दु णिज्जरणमिदि जाण।।६६।।

बँधे हुए कर्मोंका गलना निर्जरा है ऐसा जिनेंद्र भगवान्ने कहा है। जिस कारणसे संवर होता है उसी कारणसे निर्जरा होती है।।६६।।

सा पुण दुविहा णेया, सकालपक्का तवेण कयमाणा।
चदुगदियाणं पढमा, वयजुत्ताणं हवे बिदिया।।६७।।

फिर वह निर्जरा दो प्रकारकी जाननी चाहिए -- एक अपना उदयकाल आनेपर कर्मोंका स्वयं पककर झड़ जाना और दूसरी तपके द्वारा की जानेवाली। इनमें पहली निर्जरा तो चारों गतियोंके जीवोंकी

होती है और दूसरी निर्जरा व्रती जीवोंके होती है।।६७।।

धर्मानुप्रेक्षा

एयारसदसभेयं, धम्मं सम्मत्तपुव्वयं भणियं।
सागारणगाराणं, उत्तमसुहसंपजुत्तेहिं।।६८।।

उत्तम सुखसे संपन्न जिनेंद्र भगवान्ने कहा है कि गृहस्थों तथा मुनियोंका वह धर्म क्रमसे ग्यारह और दश भेदोंसे युक्त है तथा सम्यग्दर्शनपूर्वक होता है।

भावार्थ -- आत्माकी निर्मल परिणतिको धर्म कहते हैं। वह धर्म गृहस्थ और मुनिके भेदसे दो प्रकारका होता है। गृहस्थधर्मके दर्शन प्रतिमा आदि ग्यारह भेद हैं और मुनिधर्मके उत्तम क्षमा आदि दस भेद हैं। इन दोनों प्रकारके धर्मोंके पहले सम्यग्दर्शनका होना आवश्यक है, उसके बिना धर्मका प्रारंभ नहीं होता।।६८।।

गृहस्थके ग्यारह धर्म

दंसणवयसामाइयपोसहसच्चित्तरायभत्ते य।
बम्हारंभपरिग्रह, अणुमणमुद्दिट्ठ देसविरदेदे।।६९।।

दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्तत्याग, रात्रिभक्तव्रत, ब्रह्मचर्य, आरंभत्याग, परिग्रहत्याग, अनुमतित्याग और उद्दिष्टत्याग ये देशविरत अर्थात् गृहस्थके भेद हैं।।६९।।

उत्तमखममद्दवज्जवसच्चसउच्चं च संजमं चेव।
तवचागमकिंचण्हं, बम्हा इदि दसविहं होदि।।७०।।

उत्तम क्षमा, उत्तम मार्दव, उत्तम आर्जव, उत्तम सत्य, उत्तम शौच, उत्तम संयम, उत्तम तप, उत्तम त्याग, उत्तम आकिंचन्य और उत्तम ब्रह्मचर्य ये मुनिधर्मके दश भेद हैं।।७०।।

उत्तम क्षमाका लक्षण

कोहुप्पत्तिस्स पुणो, बहिरंगं जदि हवेदि सक्खादं।
ण कुणदि किंचि वि कोहो, तस्स खमा होदि धम्मो त्ति।।७१।।

यदि क्रोधकी उत्पत्तिका साक्षात् बहिरंग कारण हो फिर भी जो कुछ भी क्रोध नहीं करता उसके क्षमा धर्म होता है।।७१।।

मार्दव धर्मका लक्षण

कुलरूवजादिबुद्धिसु, तपसुदसीलेसु गारवं किंचि।
जो ण वि कुव्वदि समणो, मद्दवधम्मं हवे तस्स।।७२।।

जो मुनि कुल, रूप, जाति, बुद्धि, तप, श्रुत तथा शीलके विषयमें कुछ भी गर्व नहीं करता उसके

मार्दव धर्म होता है।।७२।।

आर्जव धर्मका लक्षण

मोत्तूण कुडिलभावं, णिम्मलहिदएण चरदि जो समणो।
अज्जवधम्मं तइओ, तस्स दु संभवदि णियमेण।।७३।।

जो मुनि कुटिलभावको छोड़कर निर्मल हृदयसे आचरण करता है उसके नियमसे तीसरा आर्जव धर्म होता है।।७३।।

सत्यधर्मका लक्षण

परसंतावणकारणवयणं मोत्तूण सपरहिदवयणं।
जो वददि भिक्खु तुरियो, तस्स दु धम्मं हवे सच्चं।।७४।।

दूसरोंको संताप करनेवाले वचनको छोड़कर जो भिक्षु स्वपरहितकारी वचन बोलता है उसके चौथा सत्यधर्म होता है।।७४।।

शौच धर्मका लक्षण

कंखाभावणिवित्तिं, किच्चा वेरग्गभावणाजुत्तो।
जो वट्टदि परममुणी, तस्स दु धम्मो हवे सोच्चं।।७५।।

जो उत्कृष्ट मुनि कांक्षा भावसे निवृत्ति कर वैराग्यभावसे रहता है उससे शौचधर्म होता है।।७५।।

संयमधर्मका लक्षण

वदसमिदिपालणाए, दंडच्चाएण इंदियजएण।
परिणममाणस्स पुणो, संजमधम्मो हवे णियमा।।७६।।

मन वचन कायकी प्रवृत्तिरूप दंडको त्यागकर तथा इंद्रियोंको जीतकर जो व्रत और समितियोंसे पालनरूप प्रवृत्ति करता है उसके नियमसे संयमधर्म होता है।।७६।।

उत्तम तपका लक्षण

विसयकसायविणिग्गहभावं काऊण झाणसज्झाए।
जो भावइ अप्पाणं, तस्स तवं होदि णियमेण।।७७।।

विषय और कषायके विनिग्रहरूप भावको करके जो ध्यान और स्वाध्यायके द्वारा आत्माकी भावना करता है उसके नियमसे तप होता है।।७७।।

णिव्वेगतियं भावइ, मोहं चइऊण सव्वदव्वेसु।
जो तस्स हवे चागो, इदि भणिदं जिणवरिंदेहिं।।७८।।

जो समस्त द्रव्योंके विषयमें मोहका त्याग कर तीन प्रकारके निर्वेदकी भावना करता है उसके त्याग धर्म होता है, ऐसा जिनेंद्रदेवने कहा है।।७८।।

आकिंचन्य धर्मका लक्षण

होऊण य णिस्संगो, णियभावं णिग्गहित्तु सुदुहदं।
णिद्दंदेण दु वट्टदि, अणयारो तस्स किंचण्हं।।७९।।

जो मुनि निःसंग -- निष्परिग्रह होकर सुख और दुःख देनेवाले अपने भावोंका निग्रह करता हुआ निर्द्वंद्व रहता है अर्थात् किसी इष्ट-अनिष्टके विकल्पमें नहीं पड़ता उसके आकिंचन्य धर्म होता है।।७९।।

ब्रह्मचर्य धर्मका लक्षण

सव्वंगं पेच्छंतो, इत्थीणं तासु मुयदि दुब्भावं।
सो बम्हचेरभावं, सक्कदि खलु दुद्धरं धरिदुं।।८०।।

जो स्त्रियोंके सब अंगोंको देखता हुआ उनमें खोटे भावको छोड़ता है अर्थात् किसी प्रकारके विकार भावको प्राप्त नहीं होता वह निश्चयसे अत्यंत कठिन ब्रह्मचर्य धर्मको धारण करनेके लिए समर्थ होता है।।८०।।

सावयधम्मं चत्ता, जदिधम्मे जो हु वट्टए जीवो।
सो णय वज्जदि मोक्खं, धम्मं इदि चिंतए णिच्चं।।८१।।

जो जीव श्रावक धर्मको छोड़कर मुनिधर्म धारण करता है वह मोक्षको नहीं छोड़ता है अर्थात् उसे मोक्षकी प्राप्ति होती है इस प्रकार निरंतर धर्मका चिंतन करना चाहिए।

भावार्थ -- गृहस्थ धर्म परंपरासे मोक्षका कारण है और मुनिधर्म साक्षात् मोक्षका कारण है इसलिए यहाँ गृहस्थके धर्मको गौण कर मुनिधर्मकी प्रभुता बतलानेके लिए कहा गया है कि जो गृहस्थधर्मको छोड़कर मुनिधर्ममें प्रवृत्त होता है वह मोक्षको नहीं छोड़ता अर्थात् उसे मोक्ष अवश्य प्राप्त होता है।।८१।।

णिच्छयणएण जीवो, सागारणगारधम्मदो भिण्णो।
मज्झत्थभावणाए, सुद्धप्पं चिंतए णिच्चं।।८२।।

निश्चयनयसे जीव गृहस्थधर्म और मुनिधर्मसे भिन्न है इसलिए दोनों धर्मोंमें मध्यस्थ भावना रखते हुए निरंतर शुद्ध आत्माका चिंतन करना चाहिए।

भावार्थ -- मोह और लोभसे रहित आत्माकी निर्मल परिणतिको धर्म कहते हैं। गृहस्थ धर्म तथा मुनिधर्म उस निर्मल परिणतिके प्रकट होनेमें सहायक होनेसे धर्म कहे जाते हैं, परमार्थसे धर्म नहीं है इसलिए दोनोंमें माध्यस्थ भाव रखते हुए शुद्ध आत्माके चिंतनकी ओर आचार्यने यहाँ प्रेरणा दी है।।८२।।

बोधिदुर्लभ भावना

उप्पज्जदि सण्णाणं, जेण उवाएण तस्सुवायस्स।
चिंता हवेइ बोहो, अच्चंतं दुल्लहं होदि।।८३।।

जिस उपायसे सम्यग्ज्ञान उत्पन्न होता है उस उपायकी चिंता बोधि है, यह बोधि अत्यंत दुर्लभ है।

भावार्थ -- सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्रको बोधि कहते हैं, इसकी दुर्लभताका विचार करना सो बोधिदुर्लभभावना है।।८३।।

कम्मुदयजपज्जायां, हेयं खाओवसमियणाणं तु।
सगदव्वमुवादेयं, णिच्छयत्ति होदि सण्णाणं।।८४।।

कर्मोदयसे होनेवाली पर्याय होनेके कारण क्षायोपशमिक ज्ञान हेय है और आत्मद्रव्य उपादेय है ऐसा निश्चय होना सम्यग्ज्ञान है।।८४।।

मूलुत्तरपयदीओ, मिच्छत्तादी असंखलोगपरिमाणा।
परदव्वं सगदव्वं, अप्पा इदि णिच्छयणएण।।८५।।

मिथ्यात्वको आदि लेकर असंख्यात लोकप्रमाण जो कर्मोंकी मूल तथा उत्तर प्रकृतियाँ हैं वे परद्रव्य हैं और आत्मा स्वद्रव्य है ऐसा निश्चयनयसे कहा जाता है।

भावार्थ -- ज्ञायक स्वभावसे युक्त आत्मा स्वद्रव्य है और उसके साथ लगे हुए जो नोकर्म द्रव्यकर्म तथा भावकर्म हैं वे सब परद्रव्य हैं ऐसा निश्चयनयसे जानना चाहिए।।८५।।

एवं जायदि णाणं, हेयमुवादेय णिच्चये णत्थि।
चिंतिज्जइ मुणि बोहिं, संसारविरमणट्ठे य।।८६।।

इस प्रकार स्वद्रव्य और परद्रव्यका चिंतन करनेसे हेय और उपादेयका ज्ञान हो जाता है अर्थात् परद्रव्य हेय है और स्वद्रव्य उपादेय है। निश्चयनयमें हेय और उपादेयका विकल्प नहीं है। मुनिको संसारका विराम करनेके लिए बोधिका विचार करना चाहिए।।८६।।

बारस अणुवेक्खाओ, पच्चक्खाणं तहेव पडिकमणं।
आलोयणं समाहिं, तम्हा भावेज्ज अणुवेक्खं।।८७।।

ये बारह अनुप्रेक्षाएँ ही प्रत्याख्यान, प्रतिक्रमण, आलोचना, और समाधि हैं इसलिए इन अनुप्रेक्षाओंकी निरंतर भावना करनी चाहिए।८७।।

रत्तिदिवं पडिकमणं, पच्चक्खाणं समाहि सामइयं।
आलोयणं पकुव्वदि, जदि विज्जदि अप्पणो सत्तिं।।८८।।

यदि अपनी शक्ति है तो रातदिन प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान, समाधि और आलोचना करनी चाहिए।।८८।।

मोक्खगया जे पुरिसा, अणाइकालेण बारअणुवेक्खं।
परिभाविऊण सम्मं, पणमामि पुणो पुणो तेसिं।।८९।।

जो पुरुष अनादिकालसे बारह अनुप्रेक्षाओंको अच्छी तरह चिंतन कर मोक्ष गये हैं मैं उन्हें बार बार प्रणाम करता हूँ।।८९।।

किं पलविएण बहुणा, जे सिद्धा णरवरा गये काले।
सिज्झिहदि जेवि भविया, तं जाणह तस्स माहप्पं।।९०।।

बहुत कहनेसे क्या लाभ है? भूतकालमें जो श्रेष्ठ पुरुष सिद्ध हुए हैं और जो भविष्यत् कालमें सिद्ध होवेंगे उसे अनुप्रेक्षाका महत्त्व जानो।।९०।।

इदि णिच्छयववहारं, जं भणियं कुंदकुंदमुणिणाहे।
जो भावइ सुद्धमणो, सो पावइ परमणिव्वाणं।।९१।।

इस प्रकार कुंदकुंद मुनिराजने निश्चय और व्यवहारका आलंबन लेकर जो कहा है, शुद्ध हृदय होकर जो उसकी भावना करता है वह परम निर्वाणको प्राप्त होता है।।९१।।

इस प्रकार कुंदकुंदाचार्यविरचित बारसणुपेक्खा -- बारह अनुप्रेक्षा ग्रंथमें
बारह अनुप्रेक्षाओंका वर्णन समाप्त हुआ।

***

भक्तिसंग्रह

*

भक्तिसंग्रह

१. तीर्थंकर भक्ति

थोस्सामि हं जिणवरे, तित्थयरे केवली अणंत जिणे।
णरपवरलोयमहिए, विहुयरयमले महप्पण्णे।।१।।

जो कर्मरूप शत्रुओंको जीतनेवालोंमें श्रेष्ठ हैं, केवलज्ञानसे युक्त हैं, अनंत संसारको जीतनेवाले हैं, लोकश्रेष्ठ चक्रवर्ती आदि जिनकी पूजा करते हैं, जिन्होंने ज्ञानावरण दर्शनावरण नामक रजरूपी मलको दूर कर दिया है तथा जो महाप्राज्ञ -- उत्कृष्ट ज्ञानवान् हैं ऐसे तीर्थंकरोंकी स्तुति करूँगा।।१।।

लोयस्सुज्जोययरे, धम्मं तित्थंकरे जिणे वंदे।
अरहंते कित्तिस्से, चउवीसं चेव केवलिणो।।२।।

मैं लोकको प्रकाशित करनेवाले तथा धर्मरूपी तीर्थके कर्ता जिनोंको नमस्कार करता हूँ। और अरहंत पदको प्राप्त केवलज्ञानी चौबीस तीर्थंकरोंका कीर्तन करूँगा।।२।।

उसहमजियं च वंदे, संभवमभिणंदणं च सुमइं च।
पउमप्पहं सुपासं, जिणं च चंदप्पहं वंदे।।३।।

मैं ऋषभ, अजित, संभव, अभिनंदन और सुमति जिनेंद्रकी वंदना करता हूँ। इसी प्रकार पद्मप्रभ, सुपार्श्व और चंद्रप्रभ भगवान्को नमस्कार करता हूँ।।३।।

सुविहिं च पुप्फयंतं, सीयल सेयं च वासुपूज्यं च।
विमलमणंतं भयवं, धम्मं संति च वंदामि।।४।।

मैं सुविधि अथवा पुष्पदंत, शीतल, श्रेयांस, वासुपूज्य, विमल, अनंत, धर्म और शांतिनाथ भगवान्को नमस्कार करता हूँ।।४।।

कुंथुं च जिणवरिंदं, अरं च मल्लिं च सुव्वयं च णमिं।
वंदामि रिट्ठणेमिं, तह पासं वड्ढमाणं च।।५।।

मैं कुंथु, अर, मल्लि, मुनिसुव्रत, नमि, अरिष्टनेमि, पार्श्व और वर्धमान जिनेंद्रको नमस्कार करता हूँ।।५।।

एवं मए अभित्थुया, विहुयरयमला पहीणजरमरणा।।
चउवीसं पि जिणवरा, तित्थयरा मे पसीयंतु।।६।।

इस प्रकार मेरे द्वारा जिनकी स्तुति की गयी है, जिन्होंने आवरणरूपी मलको नष्ट कर दिया है, जिनके जरा और मरण नष्ट हो गये हैं तथा जो जिनोंमें श्रेष्ठ हैं ऐसे चोवीस तीर्थंकर मेरे ऊपर प्रसन्न हों।।६।।

कित्तिय वंदिय महिया, एदे लोगोत्तमा जिणा सिद्धा।
आरोग्गणाणलाहं, दिंतु समाहिं च मे बोहिं।।७।।

जो मेरे द्वारा कीर्तित, वंदित और पूजित हैं, लोकमें उत्तम हैं तथा कृतकृत्य हैं ऐसे ये जिनेंद्र -- चौवीस भगवान् मेरे लिए आरोग्यलाभ, ज्ञानलाभ, समाधि और बोधि प्रदान करें।।७।।

चंदेहि णिम्मलयरा, आइच्चेहिं अहिय पयासंता।
सायरमिव गंभीरा, सिद्धा सिद्धिं मम दिसंतु।।८।।

जो चंद्रोंसे अधिक निर्मल हैं, सूर्योंसे अधिक प्रभासमान हैं, समुद्रके समान गंभीर हैं तथा सिद्ध पदको प्राप्त हुए हैं ऐसे चौबीस जिनेंद्र मेरे लिए सिद्धि प्रदान करें।।८।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! चउवीसतित्थयरभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, पंच महाकल्लाणसंपण्णाणं अट्ठमहापाडिहेरसहियाणं चउतीसातिसयविसेससंजुत्ताणं बत्तीसदेविंदमणिमउडमत्थयमहिदाणं बलदेव-वासुदेव-चक्कहर-रिसि-मुणि-जइ-अणगारोव गूढाणं थुइसहस्सणिलयाणं उसहाइ वीर पच्छिम मंगल महापुरिसाणं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ती हो मज्झं।।

हे भगवन्! जो मैंने चौबीस तीर्थंकर भक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो पाँच कल्याणकोंसे संपन्न हैं, आठ महाप्रातिहार्योंसे सहित हैं, चौंतीस अतिशयविशेषोंसे सहित हैं, बत्तीस इंद्रोंके मणिमय मुकुटोंसे युक्त मस्तकोंसे जिनकी पूजा होती है, बलदेव, नारायण, चक्रवर्ती, ऋषि, मुनि, यति और अनगार इन चारों प्रकारके मुनियोंसे जो परिवृत हैं, तथा हजारों स्तुतियोंके जो घर हैं ऐसे ऋषभादि महावीर पर्यंतके मंगलमय महापुरुषोंकी मैं निरंतर अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे दुःखोंका क्षय हो, कर्मोंका क्षय हो,रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेंद्र भगवान्के गुणोंकी संप्राप्ति हो।

***

२. सिद्धभक्ति

अट्ठविहकम्ममुक्के, अट्ठगुणड्ढे अणोवमे सिद्धे।
अट्ठमपुढविणिविट्ठे, णिट्ठियकज्जे य वंदिमो णिच्चं।।१।।

जो आठ प्रकारके कर्मोंसे मुक्त हैं, जो आठ गुणोंसे संपन्न हैं, अनुपम हैं, अष्टम पृथिवीमें स्थित हैं तथा अपने समस्त कार्यको जिन्होंने समाप्त किया है ऐसे सिद्धोंको मैं नित्य नमस्कार करता हूँ।।१।।

तित्थयरेदरसिद्धे, जलथलआयासणिव्वुदे सिद्धे।
अंतयडेदरसिद्धे, उक्कस्सजहण्णमज्झियोगाहे।।२।।
उड्ढमहतिरियलोए, छव्विहकाले य णिव्वुदे सिद्धे।
उवसग्गणिरुवसग्गे, दीवोदहिणिव्वुदे य वंदामि।।३।।

जो तीर्थंकर होकर सिद्ध हुए हैं, जो तीर्थंकर न होकर सिद्ध हुए हैं, जो जलसे, स्थलसे अथवा आकाशसे निर्वाणको प्राप्त हुए हैं, जो अंतकृत् होकर सिद्ध हुए, जो अंतकृत् न होकर सिद्ध हुए, जो उत्कृष्ट, जघन्य और मध्यम अवगाहनासे सिद्ध हुए हैं, जो ऊर्ध्वलोक, अधोलोक व तिर्यग्लोकसे सिद्ध हुए हैं, जो छह प्रकारके कालोंमें निर्वाणको प्राप्त हुए हैं, जो उपसर्ग सहकर अथवा बिना उपसर्गके सिद्ध हुए हैं, तथा जो द्वीप अथवा समुद्रसे निर्वाणको प्राप्त हुए हैं ऐसे समस्त सिद्धोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।२-३।।

पच्छायडेय सिद्धे, दुग्गतिगचदुणाण पंचचदुरजमे।
परिपडिदा परिपडिदे, संजमसम्मत्तणाणमादीहिं।।४।।
साहरणासाहरणे, समुग्घादेदरे य णिव्वादे।
ठिद पलियंक णिसण्णो, विगयमले परपणाणगे वंदे।।५।।

जिन्होंने दो[१], तीन[२] अथवा चार[३] ज्ञानोंके पश्चात् केवलज्ञान प्राप्त कर सिद्ध पद प्राप्त किया है, जिन्होंने पाँचों अथवा परिहारविशुद्धिसे रहित शेष चार संयमोंसे सिद्ध पद प्राप्त किया है, जो संयम, सम्यक्त्व तथा ज्ञान आदिके द्वारा पतित होकर अथवा बिना पतित हुए सिद्ध हुए हैं, जो संहरणसे अथवा संहरणके बिना ही सिद्ध हुए हैं, अथवा उपसर्गवश साभरण अथवा निराभरण सिद्ध हुए, जो समुद्घातसे अथवा समुद्घातके बिना ही निर्वाणको प्राप्त हुए, जो खड्गासन अथवा पल्यंकासनसे बैठकर सिद्ध हुए हैं, जिन्होंने कर्ममलको नष्ट कर दिया है और जो उत्कृष्ट केवलज्ञानको प्राप्त हैं ऐसे समस्त सिद्धोंको नमस्कार करता हूँ।।४-५।।

---

१ मतिज्ञान और श्रुतज्ञान। २. मतिज्ञान, श्रुतज्ञान और अवधिज्ञान अथवा मति, श्रुत और मनःपर्यय ज्ञान। ३. मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय ज्ञान।

पुंवेदं वेदंता, जे पुरिसा खवगसेढिमारूढा।
सेसोदयेण वि तहा, झाणुवजुत्ता य ते हु सिज्झंति।।६।।

जो पुरुष भावपुरुष वेदका अनुभव करते हुए क्षपक श्रेणिपर आरूढ़ हुए अथवा भावस्त्री अथवा भावनपुंसक वेदके उदयसे क्षपक श्रेणिपर आरूढ़ हुए वे शुक्लध्यानमें तल्लीन होते हुए सिद्ध अवस्थाको प्राप्त होते हैं।।६।।

पत्तेयसयंबुद्धा, बोहियबुद्धा य होंति ते सिद्धा।
पत्तेयं पत्तेयं, समयं समयं पडिवदामि सदा।।७।।

जो प्रत्येकबुद्ध, स्वयंबुद्ध अथवा बोधितबुद्ध होकर सिद्ध होते हैं उन सबको पृथक् पृथक् अथवा एक साथ मैं सदा नमस्कार करता हूँ।

भावार्थ -- जो वैराग्यका कोई कारण देखकर विरक्त होते हैं वे प्रत्येकबुद्ध कहलाते हैं। जो किसी कारणके बिना देखे ही स्वयं विरक्त होते हैं वे स्वयंबुद्ध कहलाते हैं और भोगोंमें आसक्त रहनेवाले जो मनुष्य दूसरोंके द्वारा समझाये जानेपर विरक्त होते हैं वे बोधितबुद्ध कहलाते हैं।।७।।

पण णव दु अट्ठवीसा, चउ तियणवदि य दोण्णि पंचेव।
वावण्णहीणविसया, पयडि विणासेण होंति ते सिद्धा।।८।।

पाँच, नौ, दो, अट्ठाईस, चार, तिरानवे, दो और पाँच इस प्रकार क्रमसे ज्ञानावरणादि कर्मोंकी बावन कम दो सौ अर्थात् एकसौ अड़तालीस प्रकृतियोंके क्षयसे वे सिद्ध होते हैं।।८।।

अइसयमव्वाबाहं, सोक्खमणंतं अणोवमं परमं।
इंदियविसयातीदं, अप्पत्तं अच्चयं च ते पत्ता।।९।।

वे सिद्ध भगवान् अतिशय, अव्याबाध, अनंत, अनुपम, उत्कृष्ट, इंद्रियविषयोंसे अतीत, अप्राप्त -- जो पहले कभी प्राप्त नहीं हुआ था तथा स्थायी सुखको प्राप्त हुए हैं।।९।।

लोगग्गमत्थयत्था, चरमसरीरेण ते हु किंचूणा।
गयसित्थमूसगब्भे, जारिस आयार तारिसायारा।।१०।।

वे सिद्ध भगवान् लोकाग्रके मस्तकपर विराजमान हैं, चरम शरीरसे किंचित् न्यून हैं तथा जिसके भीतरका मोम गल गया है ऐसे साँचेके भीतरी भागका जैसा आकार होता है वैसे आकारसे युक्त हैं।।१०।।

जरमरणजम्मरहिया, ते सिद्धा मम सुभत्तिजुत्तस्स।
दिंतु वरणाणलाहं, बुहयण परियत्थणं परमसुद्धं।।११।।

जरा, मरण और जन्मसे रहित वे सिद्ध भगवान् समीचीन भक्तिसे युक्त मुझ कुंदकुंदको बुधजनोंके

द्वारा प्रार्थित तथा परम शुद्ध उत्कृष्ट ज्ञानका लाभ दें।।११।।

किच्चा काउस्सग्गं, चतुरट्ठयदोषविरहियं सुपरिसुद्धं।
अइभत्तिसंपउत्तो, जो वंदइ लहु लहइ परमसुहं।।१२।।

जो बत्तीस दोषोंसे रहित, अत्यंत शुद्ध कायोत्सर्ग करके अतिशय भक्तिसे युक्त होता हुआ वंदना करता है वह शीघ्र ही परमसुखको प्राप्त होता है।।१२।।

अंचलिका

इच्छामि भंते सिद्धिभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं सम्मणाणसम्मदंसण-सम्मचारित्तजुत्ताणं, अट्ठविहकम्मविप्पमुक्काणं, अट्ठगुणसंपण्णाणं, उड्ढलोयमत्थयम्मि पयट्ठियाणं, तव सिद्धायणं, संजमसिद्धाणं, अतीताणागदवट्टमाणकालत्तयसिद्धाणं, सव्वसिद्धाणं, णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

हे भगवन्! मैने जो सिद्धभक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्रसे युक्त हैं, आठ प्रकारके कर्मोंसे सर्वथा रहित हैं, आठ गुणोंसे सहित हैं, ऊर्ध्वलोकके अग्रभागपर स्थित हैं, नयसे सिद्ध हैं, संजमसे सिद्ध हैं, अतीत अनागत और वर्तमान कालसंबंधी सिद्ध हैं, ऐसे समस्त सिद्धोंकी मैं नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ, मेरे दुःखोंका क्षय हो, कर्मोंका क्षय हो, रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेंद्र भगवान्के गुणोंकी संप्राप्ति हो।

***

३. श्रुतभक्ति

सिद्धवरसासणाणं, सिद्धाणं कम्मचक्कमुक्काणं।
काऊण णमुक्कारं, भत्तीए णमामि अंगाइं।।१।।

जिनका उत्कृष्ट शासन लोकमें प्रसिद्ध है तथा जो कर्मोंके चक्रसे मुक्त हो चुके हैं ऐसे सिद्धोंको नमस्कार कर मैं भक्तिपूर्वक बारह अंगोंको नमस्कार करता हूँ।।१।।

अंगोंके नाम

आयारं सुद्दयणं, ठाणं समवाय वियाहपण्णत्ती।
णादा धम्मकहाओ, उवासयाणं च अज्झयणं।।२।।
वंदे अंतयडदसं, अणुत्तरदसं च पण्हवायरणं।
एयारसमं च तहा, विवायसुत्तं णमंसामि।।३।।
परियम्मसुत्तपढयाणुओगपुव्वगयचूलिया चेव।
पवरवरदिट्ठिवादं, तं पंचविहं पणिवदामि।।४।।
उप्पायपुव्वभग्गायणीय वीरियत्थि णत्थि य पवादं।
णाणासच्चपवादं, आदा कम्मपवादं च।।५।।
पच्चक्खाणं विज्जाणुवादकल्लाणणामवरपुव्वं।
पाणावायं किरियाविसालमध लोयबिंदुसारसुदं।।६।।

आचार, सूत्रकृत, स्थान, समवाय, व्याख्याप्रज्ञप्ति, ज्ञातृधर्मकथा, उपासकाध्ययन, अंतःकृद्दश, अनुत्तरोपपाददश, प्रश्नव्याकरण तथा ग्यारहवें विपाकसूत्र अंगको नमस्कार करता हूँ।।२-३।।

परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका ये पाँच दृष्टिवाद अंगके भेद हैं। मैं उक्त पाँच प्रकारके उत्कृष्ट दृष्टिवाद अंगको नमस्कार करता हूँ।।४।।

उत्पादपूर्व, अग्रायणीय, वीर्यप्रवाद, अस्तिनास्तिप्रवाद, ज्ञानप्रवाद, सत्यप्रवाद, आत्मप्रवाद, कर्मप्रवाद, प्रत्याख्यान, विद्यानुवाद, कल्याणनामपूर्व, प्राणवाद, क्रियाविशाल और लोकबिंदुसार ये चौदह पूर्व हैं।।५-६।।

पूर्वोंमें वस्तुनामक अधिकारोंकी संख्या

दस चउदस अट्ठारस, बारस तह य दोसु पुव्वेसु।
सोलस वीसं तीसं, दसमम्मि य पण्णरसवत्थू।।७।।
एदेसिं पुव्वाणं, जावदिओ वत्थुसंगहो भणिओ।
सेसाणं पुव्वाणं, दस दस वत्थू पडिवदामि।।८।।

पहले पूर्वमें दस, दूसरे पूर्वमें चौदह, तीसरे पूर्वमें आठ, चौथे पूर्वमें अठारह, पाँचवें और छठवें इन दो पूर्वोंमें बारह बारह, सातवें पूर्वमें सोलह, आठवें पूर्वमें बीस, नौवें पूर्वमें तीस, दसवें पूर्वमें पंद्रह और शेष चार पूर्वोंमें दस-दस वस्तु नामक अधिकार हैं। इन पूर्वोंमें जितने वस्तु अधिकारोंका संग्रह किया गया है मैं उन सबको नमस्कार करता हूँ।।७-८।।

वस्तुमें प्राभृतोंकी संख्या

एक्केक्कम्मि य वत्थू, वीसं वीसं च पाहुडा भणिया।
विसमसमावि य वत्थू, सव्वे पुण पाहुडेवि समा।।९।।

एक एक वस्तु नामक अधिकारमें बीस-बीस पाहुड कहे गये हैं। वस्तु अधिकार तो विषम और सम दोनों प्रकारके हैं जैसे किसीमें चौदह किसीमें अठारह और किन्हींमें बारह-बारह आदि। परंतु प्राभृतोंकी अपेक्षा सब वस्तु अधिकार समान हैं अर्थात् सब वस्तु अधिकारोंमें प्राभृतोंकी संख्या एक समान बीस-बीस है।।९।।

चौदह पूर्वोंमें वस्तुओं और प्राभृतोंकी संख्या

पुव्वाणं वत्थुसयं, पंचाणउदी हवंति वत्थूओ।
पाहुड तिण्णि सहस्सा णवयसया चउदसाणं पि।।१०।।

चौदह पूर्वोंके एकसौ पंचानवे वस्तु अधिकार होते हैं और पाहुड तीन हजार नौ सौ होते हैं।।१०।।

एव मए सुदपवरा, भत्तीराएण सत्थुया तच्चा।
सिग्घं मे सुदलाहं, जिणवरवसहा पयच्छंतु।।११।।

इस प्रकार मैंने भक्तिके रागसे द्वादशांगरूप श्रेष्ठ श्रुतका स्तवन किया। जिनवर वृषभ देव मुझे शीघ्र ही श्रुतका लाभ देवें।।११।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! सुदभत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, अंगोवंगपइण्णए पाहुड परियम्मि सुत्त पढमाणुओग पुव्वगय चूलिया चेव सुत्तत्थवथुइ धम्मकहाइयं णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिनगुणसंपत्ति होउ मज्झं।।

हे भगवन्! मैंने जो श्रुतभक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। अंग, उपांग, प्रकीर्णक, प्राभृत, परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत, चूलिका तथा सूत्र, स्तव, स्तुति तथा धर्मकथा आदिकी नित्यकाल अर्चा करता हूँ, पूजन करता हूँ, वंदना करता हूँ, उन्हें नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखोंका क्षय हो, रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और मेरे लिए जिनेंद्र भगवान्के गुणोंकी संप्राप्ति हो।।

***

४. चारित्रभक्ति

तिलोए सव्वजीवाणं, हिदं धम्मोवदेसिणं।
वड्ढमाणं महावीरं, वंदित्ता सव्ववेदिणं।।१।।
घादिकम्मविघादत्थं, घादिकम्मविणासिणा।
भासियं सव्वजीवाणं चारित्तं पंचभेददो।।२।।

तीनों लोकोंमें समस्त जीवोंका हित करनेवाले, धर्मोपदेशक, सर्वज्ञ, वर्धमान महावीरको वंदना करके चारित्र भक्ति कहता हूँ। घातिया कर्मका विनाश करनेवाले महावीर भगवानने घातिया कर्मोंका विघात करनेके लिए भव्य जीवोंको पाँच प्रकारका चारित्र कहा है।।१-२।।

पाँच प्रकारका चारित्र

सामाइयं तु चारित्तं, छेदोवट्ठावणं तहा।
तं परिहारविसुद्धिं च, संजमं सुहुमं पुणो।।३।।
जहाखादं तु चारित्तं, तहाखादं तु तं पुणो।
किच्चाहं पंचहाहारं, मंगलं मलसोहणं।।४।।

सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि, सूक्ष्मसांपराय और यथाख्यात यह पाँच प्रकारका चारित्र है। इनमें यथाख्यातको तथाख्यात भी कहते हैं। मैं मलका शोधन करनेवाले और मंगलस्वरूप पाँच प्रकारका चारित्र धारण कर मुक्तिसंबंधी सुखको प्राप्त करता है।। ३-४।।

मुनियोंके मूलगुण तथा उत्तरगुण

अहिंसादीणि उत्ताणि, महव्वयाणि पंच य।
समिदीओ तदो पंच, पंच इंदियणिग्गहो।।५।।
छब्भेयावास भूसिज्जा, अण्हाणत्तमचेलदा।
लोयत्ति ठिदिभुत्तिं च, अदंतधावणमेव च।।६।।
एयभत्तेण संजुत्ता, रिसिमूलगुणा तहा।
दसधम्मा तिगुत्तीओ, सीलाणि सयलाणि च।।७।।
सव्वेवि य परीसहा, उत्तुत्तरगुणा तहा।
अण्णो वि भासिया संता, तेसिं हाणि मए कया।।८।।

अहिंसा आदि पाँच महाव्रत कहे गये हैं, पाँच समितियाँ, पाँच इंद्रियोंका निग्रह, छह आवश्यक, भूमिशयन, अस्नान, अचेलता -- वस्त्ररहितपना, लोच करना, स्थितिभक्ति -- खड़े-खड़े आहार लेना, अदंतधावन और एकभक्त -- एक बार भोजन करना ये मुनियोंके मूलगुण कहे गये हैं। दश धर्म, तीन गुप्तियाँ, समस्त प्रकारके शील और सब प्रकारके परिषहसे उत्तरगुण कहे गये हैं, इनके सिवाय और भी उत्तरगुण कहे गये हैं। यदि उनका पालन करते हुए मैंने उनकी हानि की तो -- ।।८-९।।

जइ राएण दोसेण, मोहेणाणादरेण वा।
वंदित्ता सव्वसिद्धाणं, संजदा वा मुमुक्खुणा।।९।।
संजदेण मए सम्मं, सव्वसंजममाविणा।
सव्वसंजमसिद्धीओ, लब्भदे मुत्तिजं सुखं।।१०।।

यदि रागसे, द्वेषसे, मोहसे अथवा अनादरसे उक्त मूलगुणों अथवा उत्तरगुणोंसे तो हानि पहुँची हो तो सम्यक् रीतिसे संपूर्ण संयमका पालन करनेवाले मुझ संयमी मुमुक्षुको, सब सिद्धोंका नमस्कार कर उस हानिका परित्याग करना चाहिए, क्योंकि सकल संयमसे मुक्तिसंबंधी सुख प्राप्त होता है।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! चारित्तभत्ति काउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाणुजोयस्स, सम्मत्ता हिट्ठियस्स, सव्वपहाणस्स, णिव्वाणमग्गस्स, कम्मणिज्जरफलस्स, खमाहारस्स, पंचमहव्वयसंपुण्णस्स, त्रिगुत्तिगुत्तस्स, पंचसमिदिजुत्तस्स, णाणज्झाणसाहणस्स, समयाइपवेसयस्स, सम्मचारित्तस्स णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।।

हे भगवन्! मैंने जो चारित्रभक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञानरूप उद्योत -- प्रकाशसे सहित है, सम्यग्दर्शनसे अधिष्ठित -- युक्त है, सबमें प्रधान है, मोक्षका मार्ग है, कर्मनिर्जरा ही जिसका फल है, क्षमा ही जिसका आधार है, जो पाँच महाव्रतोंसे परिपूर्ण है, तीन गुप्तियोंसे गुप्त -- सुरक्षित है, पाँच समितियोंसे सहित है, ज्ञान और ध्यानका साधन है तथा आगम आदिमें प्रवेश करानेवाला है ऐसे सम्यक्चारित्रकी मैं नित्य ही अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। इसके फलस्वरूप मेरे दुःखोंका क्षय हो, कर्मोंका क्षय हो, मुझे रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और मुझे जिनेंद्र भगवान्के गुणोंकी संप्राप्ति हो।

***

५. योगिभक्ति

थोस्सामि गुणधराणं, अणयाराणं गुणेहि तच्चेहिं।
अंजलिमउलियहत्थो, अभिवंदंतो सविभवेण।।१।।

अंजलिद्वारा दोनों हाथोंको मुकुलित कर अपनी सामर्थ्यके अनुसार वंदना करता हुआ मैं गुणोंके धारक अनगारों -- योगियों-- मुनियोंकी परमार्थभूत गुणोंके द्वारा स्तुति करता हूँ।

सम्मं चेव य भावे, मिच्छाभावे तहेव बोद्धव्वा।
चइऊण मिच्छभावे, सम्मामि उवट्ठिदे वंदे।।२।।

मुनि दो प्रकारके जानना चाहिए -- एक, समीचीन भावोंसे संपन्न, -- भावलिंगी और दो, मिथ्याभावसे संपन्न -- द्रव्यलिंगी। इनमें मिथ्याभाववाले -- द्रव्यलिंगियोंको छोड़कर समीचीन भाववाले -- भावलिंगी मुनियोंकी वंदना करता हूँ।।२।।

दोदोसविप्पमुक्के, तिदंडविरदे तिसल्लपरिशुद्धे।
तिण्णिमगारवरहिदे, तिरयणसुद्धे णमंसामि।।३।।

जो राग और द्वेष -- इन दो दोषोंसे रहित हैं, जो मन वचन कायकी प्रवृत्तिरूप तीन दंडोंसे विरत हैं, जो माया मिथ्या और निदान इन तीन शल्योंसे अत्यंत शुद्ध अर्थात् रहित हैं, जो ऋद्धिगारव रसगारव और सातगारव इन तीन गारवोंसे रहित हैं तथा तीन करण -- मन वचन कायकी प्रवृत्तिसे शुद्ध हैं उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।३।।

चउविहकसायमहणे, चउगइसंसारगमणभयभीए।
पंचासवपडिविरदे, पंचिंदियणिज्जिदे वंदे।।४।।

जो चार प्रकारकी कषायोंका मनन करनेवाले हैं, जो चतुर्गतिरूप संसारके गमनरूप भयसे भीत हैं, जो मिथ्यात्व आदि पाँच प्रकारके आसवसे विरत हैं और पंच इंद्रियोंको जिन्होंने जीत लिया है ऐसे मुनियोंकी मैं वंदना करता हूँ।।४।।

छज्जीवदयापण्णे, छडायदणविवज्जिदे समिदभावे।
सत्तभयविप्पमुक्के, सत्ताणभयंकरे वंदे।।५।।

जो छह कायके जीवोंपर दयालु हैं, जो छह अनायतनों (कुगुरु, कुदेव, कुधर्म और इनके सेवकों)से रहित हैं, जो शांत भावोंको प्राप्त हैं, जो सात प्रकार (इसलोक, परलोक, अकस्मात्, वेदना, अत्राण, अगुप्ति और मरण)के भयोंसे मुक्त हैं तथा जो जीवोंको अभय प्रदान करनेवाले हैं ऐसे मुनियोंको मैं

नमस्कार करता हूँ।।५।।

णट्ठट्ठमयट्ठाणे, पणट्ठकम्मट्ठणट्ठसंसारे।
परमट्ठणिट्ठियट्ठे, अट्ठगुणड्ढीसरे वंदे।।६।।

जिन्होंने ज्ञान-पूजा-कुल-जाति-बल-ऋद्धि-तप और शरीर संबंधी आठ मदोंको नष्ट कर दिया है, जिन्होंने ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंको तथा संसारको नष्ट कर दिया है, परमार्थ -- मोक्ष प्राप्त करना ही जिनका ध्येय है और जो अणिमा महिमा आदि आठ गुणरूपी ऋद्धियोंके स्वामी हैं उन मुनियोंको मैं वंदना करता हूँ।।६।।

णव बंभचेरगुत्ते, णव णयसब्भावजाणवो वंदे।
दहविहधम्मट्ठाई, दससंजमसंजदे वंदे।।७।।

जो मन वचन काय और कृत कारित अनुमोदनाके भेदसे नौ प्रकारके ब्रह्मचर्यसे सुरक्षित हैं तथा जो नौ प्रकार (द्रव्यार्थिक और पर्यायार्थिक तथा उनके नैगम-संग्रह आदि सात भेद इस तरह नौ)के नयोंके सद्भावको जाननेवाले हैं ऐसे मुनियोंको वंदना करता हूँ। इसी प्रकार जो उत्तम क्षमा आदि दश प्रकारके धर्मोंमें स्थित हैं तथा जो दश प्रकार (एकेंद्रियादि पाँच प्रकारके रक्षा करना तथा स्पर्शनादि पाँच इंद्रियोंको वश करना इस तरह दस भेदवाले) संयमसे सहित हैं उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।७।।

एयारसंगसुदसायरपारगे बारसंगसुदणिउणे।
बारसविहतवणिरदे, तेरसकिरियादरे वंदे।।८।।

जो ग्यारह अंगरूपी श्रुतसागरके पारगामी हैं, जो बारह अंगरूप श्रुतमें निपुण हैं, जो बारह प्रकारके तपमें लीन हैं तथा जो तेरह प्रकारकी क्रियाओं (पाँच महाव्रत, पाँच समिति और तीन गुप्तियों) का आदर करनेवाले हैं उन मुनियोंको वंदना करता हूँ।।८।।

भूदेसु दयावण्णे, चउदस चउदससु गंथपरिसुद्धे।
चउदसपुव्वपगब्भे, चउदसमलवज्जिदे वंदे।।९।।

जो एकेंद्रियादि चौदह जीवसमासरूप जीवोंपर दयाको प्राप्त हैं, जो मिथ्यात्व आदि चौदह प्रकारके अंतरंग परिग्रहसे रहित होनेके कारण अत्यंत शुद्ध हैं, जो चौदह पूर्वोंके पाठी हैं तथा जो चौदह मलोंसे रहित हैं ऐसे मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।९।।

वंदे चउत्थभत्तादि जाव छम्मासखवणपडिवण्णे।
वंदे आदावंते, सूरस्स य अहिमुहट्ठिदे सूरे।।१०।।

जो चतुर्थभक्त अर्थात् एक दिनके उपवाससे लेकर छह मास तकके उपवास करते हैं उन मुनियोंको

मै नमस्कार करता हूँ। जो दिनके आदि और अंतमें सूर्यके सम्मुख स्थित होकर तपस्या करते हैं तथा कर्मोंका निर्मूलन करनेमें जो शूर हैं उन मुनियोंको वंदना करता हूँ।।१०।।

बहुविहपडिमट्ठायी, णिसिज्जवीरासणेक्कवासी य।
अणिट्ठीवकंडुयवदे, चत्तदेहे य वंदामि।।११।।

जो अनेक प्रकारके प्रतिमायोगोंसे स्थित रहते हैं, जो निषद्या, वीरासन और एक पार्श्व आदि आसन धारण करते हैं, जो नहीं थूकते तथा नहीं खुजलानेका व्रत धारण करते हैं तथा शरीरसे जिन्होंने ममत्वभाव छोड़ दिया है ऐसे मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।११।।

ठाणी मोणवदीए, अब्भोवासी य रुक्खमूली य।
धुदकेससंसुलोमे, णिप्पडियम्मे य वंदामि।।१२।।

जो खड़े होकर ध्यान करते हैं, मौन व्रतका पालन करते हैं, शीतकालमें आकाशके नीचे निवास करते हैं, वर्षा ऋतुमें वृक्षके मूलमें निवास करते हैं, जो केश तथा डाढ़ी और मूँछके बालोंका लोच करते हैं तथ जो रोगादिके प्रतीकारसे रहित हैं ऐसे मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१२।।

जल्लमल्ललित्तगत्ते, वंदे कम्ममलकलुसपरिसुद्धे।।
दीहणहमंसुलोमे, तवसिरिभरिये णमंसामि।।१३।।

जल्ल (सर्वांगमल) और मल्ल (एक अंगका मल)से जिनका शरीर लिप्त है, जो कर्मरूपी मलसे उत्पन्न होनेवाली कलुषतासे रहित हैं, जिनके नख तथा डाढ़ी-मूँछोंके बाल बढ़े हुए हैं और जो तपकी लक्ष्मीसे परिपूर्ण हैं उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१२।।

णाणोदयाहिसित्ते, सीलगुणविहूसिदे तपसुगंधे।
ववगयरायसुदड्ढे, सिवगइपहणायगे वंदे।।१४।।

जो ज्ञानरूप जलसे अभिषिक्त हैं, शीलरूपी गुणोंसे विभूषित हैं, तपसे सुगंधित हैं, रागरहित हैं, श्रुतसे सहित हैं और मोक्षगतिके नायक हैं उन मुनियोंको मैं वंदना करता हूँ।।१४।।

उग्गतवे दित्ततवे, तत्ततवे महातवे य घोरतवे।
वंदामि तवमहंते, तवसंजमइड्ढिसंजुत्ते।।१५।।

जो उग्रतप, दीप्ततप, तप्ततप, महातप और घोरतपको धारण करनेवाले हैं, जो तपके कारण इंद्रादिके द्वारा पूजित हैं तथा जो तप, संयम और ऋद्धियोंसे सहित हैं उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१५।।

आमोसहिए खेलोसहिए जल्लोसहिए तवसिद्धे।
विप्पोसहिए सव्वोसहिए वंदामि तिविहेण।।१६।।

जो आमौषधि, खेलौषधि, जल्लौषधि, विप्रुष् औषधि और सर्वौषधिके धारक हैं तथा तपसे प्रसिद्ध अथवा कृतकत्य हैं उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१६।।

अमयमहुखीरसप्पिसवीए अक्खीणमहाणसे वंदे।
मणबलि-वचबलि-कायबलिणो य वंदामि तिविहेण।।१७।।

अमृतस्रावी, मधुस्रावी, क्षीरस्रावी, सर्पिःस्रावी (घृतस्रावी) ऋद्धियोंके धारक, अक्षीणमहानस ऋद्धिके धारक तथा मनोबल, वचनबल और कायबल ऋद्धिके धारक मुनियोंको मैं तीन प्रकारसे -- मन वचन कायसे नमस्कार करता हूँ।।१७।।

वरकुट्ठबीयबुद्धी, पदाणुसारी य भिण्णसोदारे।
उग्गहईहसमत्थे, सुत्तत्थविसारदे वंदे।।१८।।

उत्कृष्ट कोष्ठबुद्धि, बीजबुद्धि, पदानुसारी और संभिन्नश्रोतृत्व ऋद्धिके धारक, अवग्रह और ईहा ज्ञानमें समर्थ तथा सूत्रके अर्थमें निपुण मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१८।।

आभिणिबोहिय सुद ओहिणाणि मणणाणि सव्वणाणी य।
वंदे जगप्पदीवे, पच्चक्खपरोक्खणाणी य।।१९।।

मतिज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी और सर्वज्ञानी अर्थात् केवलज्ञानी इस तरह जगत्को प्रकाशित करनेके लिए प्रदीपस्वरूप प्रत्यक्षज्ञानी तथा परोक्षज्ञानी मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।१९।।

आयासतंतुजलसेढिचारणे जंघचारणे वंदे।
विउवणइड्ढिपहाणे, विज्जाहरपण्णसवणे य।।२०।।

आकाश, तंतु, जल तथा पर्वतकी अटवी आदिका आलंबन लेकर चलनेवाले मुनियोंको, जंघाचारण ऋद्धिके धारक, विक्रिया ऋद्धिके धारक, विद्याधर मुनियोंको और प्रज्ञाश्रमण ऋद्धिके धारक मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।२०।।

गइचउरंगुलगमणे, तहेव फलफुल्लचारणे वंदे।
अणुवमतवमहंते, देवासुरवंदिदे वंदे।।२१।।

मार्गमें चार अंगुल ऊपर गमन करनेवाले, फल और फूलोंपर चलनेवाले, अनुपम तपसे पूजनीय तथा देव और असुरोंके द्वारा वंदित मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।२१।।

जियभयउवसग्गे जियइंदियपरीसहे जियकसाए।
जियरागदोसमोहे, जियसुहदुक्खे णमंसामि।।

जिन्होंने भयको जीत लिया है, उपसर्गको जीत लिया है, इंद्रियोंको जीत लिया है, परीषहोंको जीत

लिया है, कषायोंको जीत लिया है, राग द्वेष और मोहको जीत लिया है तथा सुख और दुःखको जीत लिया है उन मुनियोंको मैं नमस्कार करता हूँ।।२२।।

एवं मए अभित्थुया, अणयारा रागदोसपरिसुद्धा।
संघस्स वरसमाहिं, मज्झवि दुक्खक्खयं दिंतु।।२३।।

इस प्रकार मेरे द्वारा स्तुत तथा राग द्वेषसे विशुद्ध -- रहित मुनि, संघको उत्तम समाधि प्रदान करें और मेरे भी दुःखोंका क्षय करें।।२३।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! योगिभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, अड्ढाइज्जदीवदोसमुद्देसु पण्णारसकम्मभूमिसु आदावणरुक्खमूलअब्भोवासठाणमोणवीरासणेक्कपास - कुक्कुडासणचउत्थपक्खखवणादियोगजुत्ताणं सव्वसाहूणं णिच्चकालं अंचेमि पूजेमि वंदामि णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिनगुणसंपत्ति होऊ मज्झं।।

हे भगवन्! मैंने योगिभक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है। उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। अढ़ाई द्वीप, दो समुद्रों तथा पंद्रह कर्मभूमियोंमें आतापनयोग, वृक्षमूलयोग, अभ्रावास (खुले आकाशके नीचे बैठना)योग, मौन, वीरासन, एकपार्श्व, कुक्कुटासन, उपवास तथा पक्षोपवास आदि योगोंसे युक्त समस्त साधुओंकी नित्य ही अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे कर्मोंका क्षय हो, रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और जिनेंद्र भगवान्के गुणोंकी संप्राप्ति हो।

***

६. आचार्यभक्ति

देसकुलजाइसुद्धा, विसुद्धमणवयणकायसंजुत्ता।
तुम्हं पायपयोरुहमिह मंगलमत्थु मे णिच्चं।।१।।

देश, कुल और जातिसे विशुद्ध तथा विशुद्ध मन, वचन, कायसे संयुक्त हे आचार्य! तुम्हारे चरणकमल मुझे इस लोकमें नित्य ही मंगलरूप हों।।१।।

सगपरसमयविदण्हू, आगमहेदूहिं चावि जाणित्ता।
सुसमत्था जिणवयणे, विणये सत्ताणुरूवेण।।२।।

वे आचार्य स्वसमय और परसमयके जानकार होते हैं, आगम और हेतुओंके द्वारा पदार्थोंको जानकर जिनवचनोंके कहनेमें अत्यंत समर्थ होते हैं और शक्ति अथवा प्राणियोंके अनुसार विनय करनेमें समर्थ रहते हैं।।२।।

बालगुरुवुड्ढसेहे, गिलाणथेरे य खमणसंजुत्ता।
वट्टावयगा अण्णे, दुस्सीले चावि जाणित्ता।।३।।

वे आचार्य बालक, गुरु, वृद्ध, शैक्ष्य, रोगी और स्थविर मुनियोंके विषयमें क्षमासे सहित होते हैं तथा अन्य दुःशील शिष्योंको जानकर सन्मार्गमें वर्ताते हैं -- लगाते हैं।।३।।

वदसमिदिगुत्तिजुत्ता, मुत्तिपहे ठावया पुणो अण्णे।
अज्झावयगुणणिलये, साहुगुणेणावि संजुत्ता।।४।।

वे आचार्य व्रत, समिति और गुप्तिसे सहित होते हैं, अन्य जीवोंको मुक्तिके मार्गमें लगाते हैं, उपाध्यायोंके गुणोंके स्थान होते हैं तथा साधु परमेष्ठीके गुणोंसे संयुक्त रहते हैं।।४।।

उत्तमखमाए पुढवी, पसण्णभावेण अच्छजलसरिसा।
कम्मिंधणदहणादो, अगणी वाऊ असंगादो।।५।।

वे आचार्य उत्तम क्षमासे पृथिवीके समान, निर्मल भावोंसे स्वच्छ जलके सदृश हैं, कर्मरूपी ईंधनके जलानेसे अग्निस्वरूप है तथा परिग्रहसे रहित होनेके कारण वायुरूप हैं।।५।।

गयणमिव णिरुवलेवा, अक्खोवा सायरुव्व मुणिवसहा।
एरिसगुणणिलयाणं, पायं पणमामि सुद्धमणो।।६।।

वे मुनिश्रेष्ठ -- आचार्य आकाशकी तरह निर्लेप और सागरकी तरह क्षोभरहित होते हैं। ऐसे गुणोंके घर आचार्य परमेष्ठीके चरणोंको मैं शुद्ध मनसे नमस्कार करता हूँ।।६।।

संसारकाणणे पुण, बंभममाणेहि भव्वजीवेहिं।
णिव्वाणस्स हु मग्गो, लद्धो तुमं पसाएण।।७।।

हे आचार्य! संसाररूपी अटवीमें भ्रमण करनेवाले भव्य जीवोंने आपके प्रसादसे निर्वाणका मार्ग प्राप्त किया है।।७।।

अविसुद्धलेस्सरहिया, विसुद्धलेस्साहि परिणदा सुद्धा।
रुद्दट्ठे पुण चत्ता, धम्मे सुक्के य संजुत्ता।।८।।

वे आचार्य अविशुद्ध अर्थात् कृष्ण, नील और कापोत लेश्यासे रहित तथा विशुद्ध अर्थात पीत, पद्म और शुक्ल लेश्याओंसे युक्त होते हैं। रौद्र तथा आर्तध्यानके त्यागी और धर्म्य तथा शुक्लध्यानसे सहित होते हैं।।८।।

उग्गहईहावायाधारणगुणसंपदेहिं संजुत्ता।
सुत्तत्थभावणाए, भावियमाणेहिं वंदामि।।९।।

वे आचार्य आगमके अर्थकी भावनासे भाव्यमान अवग्रह, ईहा, अवाय और धारणा नामक गुणरूपी संपदाओंसे संयुक्त होते हैं। उन्हें मैं नमस्कार करता हूँ।।९।।

तुम्हं गुणगणसंथुदि, अजाणमाणेण जो मया वुत्तो।
देउ मम बोहिलाहं, गुरुभत्तिजुदत्थओ णिच्चं।।१०।।

हे आचार्य! आपके गुणसमूहकी स्तुतिको न जानते हुए मैने जो बहुत भारी भक्तिसे युक्त स्तवन कहा है वह मेरे लिए निरंतर बोधिलाभ -- रत्नत्रयकी प्राप्ति प्रदान करे।।१०।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! आयरियभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं, सम्मणाणसम्मदंसणसम्मचारित्तजुत्ताणं पंचविहाचाराणं आयरियाणं, आयारादिसुदणाणोवदेसयाणं उवज्झायाणं, तिरयणगुणपालणरयाणं सव्वसाहूणं, णिच्चकालं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिनगुणसंपत्ति होउ मज्झं।।

हे भगवन्! मैंने आचार्यभक्तिसंबंधी कायोत्सर्ग किया है। उसकी आलोचना करना चाहता हूँ। जो सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन और सम्यक्चारित्रसे युक्त हैं तथा पाँच प्रकारके आचारका पालन करते हैं ऐसे आचार्योंकी, आचारांग आदि श्रुतज्ञानका उपदेश देनेवाले उपाध्यायोंकी और रत्नत्रयरूपी गुणोंके पालन करनेमें लीन समस्त साधुओंकी मैं निरंतर अर्चा करता हूँ, पूजा करता हूँ, वंदना करता हूँ, नमस्कार करता हूँ। उसके फलस्वरूप मेरे दुःखोंका क्षय हो, कर्मोंका क्षय हो , रत्नत्रयकी प्राप्ति हो, सुगतिमें गमन हो, समाधिमरण हो और मेरे लिए जिनेंद्रभगवान्के गुणोंकी प्राप्ति हो।।

***

७. निर्वाणभक्ति

अट्ठावयम्मि उसहो, चंपाए वासुपुज्जजिणणाहो।
उज्जंते णेमिजिणो, पावाए णिव्वुदो महावीरो।।१।।

अष्टापद (कैलास पर्वत)पर ऋषभनाथ, चंपापुरमें वासुपूज्य जिनेंद्र, ऊर्जयंत गिरि(गिरनार पर्वत)पर

नेमिनाथ और पावापुरमें महावीर स्वामी निर्वाणको प्राप्त हुए हैं।।१।।

वीसं तु जिणवरिंदा, अमरासुरवंदिदा धुव्वकिलेसा।
संमेदे गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।२।।

जो देव और असुरोंके द्वारा वंदित हैं तथा जिन्होंने समस्त क्लेशोंको नष्ट कर दिया है ऐसे बीस जिनेंद्र सम्मेदाचलके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए हैं, उन सबको नमस्कार हो।।२।।

सत्तेव य बलभद्दा, जदुवणरिंदण अट्ठकोडीओ।
गजपंथे गिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।३।।

सात बलभद्र और आठ करोड़ यादववंशी राजा गजपंथा गिरिके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए हैं, उन्हें नमस्कार हो।।३।।

वरदत्तो य वरंगो, सायरदत्तो य तारवरणयरे।
आहुट्ठयकोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।४।।

वरदत्त, वरांग, सागरदत्त और साढ़े तीन करोड़ मुनिराज तारवर नगरमें निर्वाणको प्राप्त हुए हैं, उन्हें नमस्कार हो।।४।।

णेमिसामी पज्जुण्णो, संबुकुमारो तहेव अणिरुद्धो।
बाहत्तर कोडीओ, उज्जंते सत्तसया सिद्धा।।५।।

नेमिनाथ स्वामी, प्रद्युम्न, शंबुकुमार, अनिरुद्ध और बहत्तर करोड़ सात सौ मुनि ऊर्जयंत गिरि पर सिद्ध हुए हैं।।५।।

रामसुआ विण्णि जणा, लाडणरिंदाण पंचकोडीओ।
[१]पावागिरिवरसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।६।।

रामचंद्रके दो पुत्र, लाट देशके पाँच करोड़ राजा पावागिरिके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।६।।

पंडुसुआ तिण्णि जणा, दविडणरिंदाण अट्ठकोडीओ।
सित्तुंजयगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।७।।

पांडुके तीन पुत्र (युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन) और आठ करोड़ द्रविड़ राजा शत्रुंजय गिरिके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो।।७।।

---

१. पावाए गिरिसिहरे -- इति क्रियाकलापे पाठः।

[१]रामहणूसुग्गीवो, गवयगवक्खो य णील महणीला।
णवणवदीकोडीओ, तुंगीगिरिणिव्वुदे वंदे।।८।।

राम, हनूमान, सुग्रीव, गवय, गवाक्ष, नील, महानील तथा निन्यानवे करोड़ मुनिराज तुंगी पर्वतसे निर्वाणको प्राप्त हुए, उन्हें वंदना करता हूँ।।८।।

[२]अंगाणंगकुमारा, विक्खापंचद्धकोडिरिसिसहिया।
सुवण्णगिरिमत्थयत्थे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।९।।

अंग और अनंगकुमार साढ़े पाँच करोड़ प्रसिद्ध मुनियोंके साथ सोनागिरिके शिखरसे निर्वाणको प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो।।९।।

दसमुहराअस्स सुआ, कोडीपंचद्धमुणिवरे सहिया।
रेवाउहयतडग्गे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१०।।

दशमुख राजा अर्थात् रावणके पुत्र साढ़े पाँच करोड़ मुनियोंके साथ रेवा नदीके दोनों तटोंसे मोक्षको प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो।।१०।।

[३]रेवाणइए तीरे, पच्छिमभायम्मि सिद्धवरकूडे।
दो चक्की दह कप्पे, आहुट्ठयकोडि णिव्वुदे वंदे।।११।।

रेवा नदीके तीरपर पश्चिम भागमें स्थित सिद्धवरकूटपर दो चक्रवर्ती, दस कामदेव और साढ़े तीन करोड़ मुनिराज निर्वाणको प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार करता हूँ।।११।।

वडवाणीवरणयरे, दक्खिणभायम्मि चूलगिरिसिहरे।
इंदजियकुंभकण्णो, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१२।।

वडवानी नगरके दक्षिण भागमें स्थित चूलगिरिके शिखरपर इंद्रजित् और कुंभकर्ण निर्वाणको प्राप्त हुए, उन्हें नमस्कार हो।।१२।।

---

१. रामो सुग्गीव हणुओ इति पुस्तकान्तरे पाठः।

२. णंगाणंगकुमारा कोडिपंचद्ध मुणिवरा सहिया।
सुवण्णवरगिरिसिहरे णिव्वाणगया णमो तेसिं।।९।। इति पाठान्तरम्।

३. अन्यत्र पुस्तके त्वेवं पाठः
रेवातडम्मि तीरे दक्खिणभायम्मि सिद्धवरकूडे।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाणगया णमो तेसिं।।
रेवातडम्मि तीरे संभवणाथस्स केवलुप्पत्ती।
आहुट्ठयकोडीओ णिव्वाणगया णमो तेसिं।।

पावागिरिवरसिहरे, सुवण्णभद्दाइ मुणिवरा चउरो।
चेलणाणईतडग्गे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१३।।

चेलना नदीके तटपर पावागिरिके उत्कृष्ट शिखरपर सुवर्णभद्र आदि चार मुनिराज मोक्षको प्राप्त हुए । उन्हें नमस्कार हो।।१३।।

फलहोडीवरगामे, पच्छिमभायम्मि दोणगिरिसिहरे।
गुरुदत्ताइ मुणिंदा, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१४।।

फलहोडी नामक उत्कृष्ट ग्रामके पश्चिम भागमें द्रोणगिरिके शिखरपर गुरुदत्त आदि मुनिराज निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१४।।

णायकुमारमुणिंदो, वालिमहावालि चेव अज्झेया।
अट्ठावयगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१५।।

नागकुमार मुनिराज, वाली और महावाली कैलास पर्वतके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१५।।

अच्चलपुरवरणयरे, ईसाणभाए मेढगिरिसिहरे।
आहुट्ठयकोडीओ, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१६।।

अचलपुर (एलिचपुर) नामक उत्कृष्ट नगरकी ऐशान दिशामें मेढ़गिरि (मुक्तागिरि) के शिखरपर साढ़े तीन करोड़ मुनिराज मोक्षको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१६।।

[1]वंसत्थलम्मि णयरे, पच्छिमभायम्मि कुंथगिरिसिहरे।
कुलदेसभूसणमुणी, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१७।।

वंशस्थल नगरके पश्चिम भागमें स्थित कुंथगिरि (कुंथलगिरि) के शिखरपर कुलभूषण देशभूषण मुनि निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१७।।

जसहररायस्स सुआ, पंचसया कलिंगदेसम्मि।
कोडिसिला कोडिमुणी, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१८।।

यशोधर राजाके पाँचसौ पुत्र और एक करोड़ मुनि कलिंग देशमें स्थित कोटिशिलासे निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१८।।

[2]पासस्स समवसरणे, गुरुदत्तवरदत्तपंचरिसिपमुहा।
रिस्सिंदीगिरिसिहरे, णिव्वाणगया णमो तेसिं।।१९।।

---

१. वंसत्थलवरणियडे इति पाठान्तरम्।

२. 'पासस्स समवसरणे सहिया वरदत्तमुणिवरा पंच' इति पाठान्तरम्।

भगवान् पार्श्वनाथके समवसरणमें गुरुदत्त वरदत्त आदि पाँच मुनिराज रेशंदीगिरिके शिखरपर निर्वाणको प्राप्त हुए। उन्हें नमस्कार हो।।१९।।

जे जिणु जित्थु तत्था, जे दु गया णिव्वुदिं परमं।
ते वंदामि य णिच्चं, तियरणसुद्धो णमंसामि।।२०।।

जो जिन जहाँ जहाँसे परमनिर्वाणको प्राप्त हुए हैं मैं उनकी वंदना करता हूँ तथा त्रिकरण -- मन वचन कायसे शुद्ध होकर उन्हें नमस्कार करता हूँ।।२०।।

सेसाणं तु रिसीणं, णिव्वाणं जम्मि जम्मि ठाणम्मि।
ते हं वंदे सव्वे, दुक्खक्खयकारणट्ठाए।।२१।।

शेष मुनियोंका निर्वाण जिस-जिस स्थानपर हुआ है दुःखोंका क्षय करनेके लिए मैं उन सबको नमस्कार करता हूँ।।२१।।

अंचलिका

इच्छामि भंते! परिणिव्वाणभत्तिकाउस्सग्गो कओ तस्सालोचेउं। इमम्मि अवसप्पिणीए पच्छिमे भाए आहुट्ठमासहीणे वासचउक्कम्मि सेसकम्मि, पावाए णयरीए कत्तियमासस्स किण्हचउद्दसिए रत्तीए सादीए नक्खत्ते पच्चूसे भयवदो महदिमहावीरो वड्ढमाणो सिद्धिं गदो, तिसु वि लोएसु भवणवासियवाणविंतरजोइसियकप्पवासियत्ति चउव्विहा देवा सपरिवारा दिव्वेण गंधेण, दिव्वेण पुप्फेण, दिव्वेण धूवेण, दिव्वेण चुण्णेण, दिव्वेण वासेण, दिव्वेण ण्हाणेण णिच्चकालं अच्चंति, पूजंति, वंदंति, णमंसंति, परिणिव्वाणमहाकल्लाणपुज्जं अंचेमि, पूजेमि, वंदामि, णमंसामि, दुक्खक्खओ, कम्मक्खओ, बोहिलाहो, सुगइगमणं, समाहिमरणं, जिणगुणसंपत्ति होउ मज्झं।

